शास्त्रविदो विदुः ॥ इति रामे प्रवदति श्वा वै वचनमब्रवीत् ॥ ६९ ॥ यदि तुष्टोऽसि मे राम यदि देयो वरो मम ॥ प्रयच्छ ब्राह्मणस्यास्य कौलपत्यं नराधिप ॥ कुलानां ब्राह्मणादिकुलानां पतिः कुलपतिः कुलपतेर्भावः कौलपत्यम् ॥ १७० ॥ कालिंजरे तु रामेण कौलपत्येऽभिषेचितः ॥ प्रययौ ब्राह्मणो हृष्टो गजस्कन्धेन सोऽर्चितः ॥ ७१ ॥ अथ ते रामसचिवाः स्मयमानावचोऽब्रुवन् ॥ वरोऽयं दत्त एतस्य नायं शापो महात्मनः ॥७२॥ एवमुक्तः स्वसचिवै रामो वचनमब्रवीत् ॥ न यूयं गतितत्त्वज्ञाः श्वा वै जानाति कारणम् ॥७३॥ अथ पृष्टस्तु रामेण सारमेयोऽब्रवीदिदम् ॥ आसीदहं कुलपती राम शिष्टान्नभोजनः ॥ ७४ ॥ देवद्विजातिपूजां च दासीदासेषु राघव ॥ संविभागी शुभरतिर्देवद्रव्यस्य भक्षिता ॥ ७५ ॥ विनीतः शीलसंपन्नः सर्वसत्त्वहिते रतः ॥ सोऽहं प्राप्त इमां घोरामवस्थामधमां गतिम् ॥ ७६ ॥ एष क्रोधान्वितो विप्रस्त्यक्तधर्माऽहिते-रतः ॥ क्रूरो नृशंसः पुरुषो विद्वन्मानी न धार्मिकः ॥ ७७ ॥ कुलानि पातयत्येव सप्त सप्त च राघव ॥ तस्मात्सर्वास्ववव-

लगे कि ब्राह्मण अदंड्य है कैसा करना उतनेमें श्वान कहता है कि ॥६९॥ हे राम ! जो आप मेरेपर प्रसन्न हो तो एक वरदान देव वह ऐसा कि इस ब्राह्मणको कालिंजर प्रांतमें कौलपत्य देव ॥१७०॥ तब रामचन्द्रने कौसलपत्यका अभिषेक किया । पूजा किये तब वो ब्राह्मण हाथीके ऊपर बैठके बडे आनन्दसे कालिंजरको चला गया ॥७१॥ तब सभाके लोक आश्चर्यकरके पूछनलगे कि हे राम ! आपने यह कुछ दंड नहीं दिया ॥७२॥ तब राम कहते हैं कि तुम इस तत्त्वको नहीं जानते कुत्ता खूब समझता है ॥ ७३ ॥ अब रामजीने कुत्तेसे पूछा तो वह श्वान कहने लगा हे राम ! पूर्व जन्ममें मैं कुलपति था देव ब्राह्मण पूजाका दासीदासके धनका विभागी था देवद्रव्यका भोग करताथा सो मैं उस दोषसे यह अधम श्वान योनिको प्राप्त भया इस वास्ते यह ब्राह्मण बडा क्रोधी विद्वत्ताका अभिमानी अधर्मी अपनी इक्कीस पीढीको डुबाता है उसवास्ते ब्राह्मणादिकके ऊपर अधिकारीपना नहीं करना और जिस-

स्थासु कौलपत्यं न कारयेत् ॥ ७८ ॥ य इच्छेन्नरकं गन्तुं सपुत्रपशुबांधवः॥देवेष्वधिकृतः स स्याद्गोषु वा ब्राह्मणेषु च ॥ ॥ ७९ ॥ ब्रह्मस्वं देवताद्रव्यं स्त्रीणां बालधनं तथा ॥ दत्तं हरति यो भूय इष्टैः सह विनश्यति ॥ १८० ॥ इत्येवं निंदितं शास्त्रे विप्राध्यक्षत्वमेव हि ॥ वंशपरंपराप्राप्तं कर्तव्यं नीति-मार्गतः ॥ ८१ ॥ अथ ज्ञातिज्ञानप्रशंसा–आचारे व्यवहारे च प्रायश्चित्ते विशेषतः ॥ ज्ञात्वा ज्ञातिविवेकं च द्विजः पूज्यत्व-मर्हति ॥ ८२ ॥ अथ ज्ञात्युत्पत्तिज्ञानमवश्यं कर्तव्यं तत्राह-सह्याद्रिखंडे–क्वाहं कोऽहं कुलं किं मे संबंधः कीदृशो मम ॥ स्वस्वधर्मो न लुप्येत ह्येवं संचिन्तयेद्बुधः ॥ ८३ ॥ नारदो ब्रह्मबीजाय मम चेत्यूचिवान् बुधः ॥ वर्णावरं जनं दृष्ट्वा लोक-शिक्षार्थमुद्यतः ॥ ८४ ॥ पाद्मे पातालखंडे–श्रुत्वा जानाति शास्त्रार्थं पूर्वापरविवेचनात् ॥ पूर्वपक्षमपाकृत्य सिद्धांतार्थाव गाहनात् ॥८५॥ स्वतो वा परतो वापि प्रत्यक्षाद्यनुमानतः ॥

को सकुटुम्ब नरकमें जाना होवे उसने गौदेव ब्राह्मणका अधिकारपना और उनका कररूपी धनलेना ॥ ७४ ॥ ७५ ॥ ७६ ॥ ७७ ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ देव ब्राह्मण स्त्री बालक इनको दियाहुवा धन फिर हरण करेगा तो नष्ट होवेगा ॥१८०॥ ऐसा शास्त्रमें ब्राह्मणाध्यक्षत्वका दोष है परंतु वंशपरंपरासे आया होवे तो करना सो केवल नीतिसे करना । कैसा सब ज्ञातिवालोंने तो ऐसा जानना।कि सबोंके ऊपर ये अपने अधि-कारी हैं इनके कहनेमे चलना वो अधिकारीने अहंकार न लायके सबोंका ।जिसमें कल्याण होवे ऐसा विचार करके सबोंकी अर्ज बता करके काम चलाना अपने अधिकारसे अहंकारसे दंड या ज्ञातिबहिष्कारादिक नहीं करना सबके अधीन रहनेसे ब्राह्मणाध्यक्षत्व दोष नहीं होनेका ॥ ८१ ॥ अब ज्ञातीकी उत्पत्ति जानना अवश्य है सो कहते हैं धर्म शास्त्रके आचार व्यवहार प्रायश्चित्त इनके निर्ण-योंके वास्ते जातिविवेक जानना अवश्य है और वो ब्राह्मण पूज्य होता है ॥ ८२ ॥ और मैं कहांका हूं? कौन ज्ञातीका हूं?मेरा कुल कैसा है ? और सम्बन्ध कैसाहै ? यह सब पंडितको अवश्य विचार करना चाहिये ॥८३॥८४॥ ब्राह्मणने अपनी बुद्धिसे वा दूसरेके कहनेसे वा प्रत्यक्ष अनुभव देखके वा अनुमानसे शास्त्ररूपी समुद्रका मंथन

षष्ठाऽध्यितत्त्वमंथानं प्राप्नुयाच्च श्रुतेर्बलात् ॥ ८६ ॥ द्विजन्मानो भवेयुः स्म स्वात्मवृत्तांतवेदिनः ॥ आत्मनो ज्ञातिवृत्तान्तं यो न जानाति सत्पुमान् ॥ ८७ ॥ ज्ञातीनां समवायार्थं पृष्टः सन्मूकतां व्रजेत् ॥ तस्मादसत्त्वसंधानभिया भव्यत्वहेतवे ॥ ८८ ॥ आत्मनः सर्ववृत्तान्तं विज्ञेयमिदमादरात् ॥ स्वज्ञातिपूर्वजानां यो न विजानाति संभवम् ॥ ८९ ॥ स भवेत्पुंश्चलीपुत्रसदृशः पित्रवेदकः ॥ पित्रज्ञानकुलीनानां सतीपुत्रप्रसंगिनाम् ॥ १९० ॥ अवश्यं ज्ञातिविज्ञानमिव तत्रस्थदेहिनाम्॥ततस्तादात्म्यविज्ञानं यो विजानाति पंडितः ॥ ॥ ९१ ॥ पूर्वजानाम सज्ज्ञातिसम्भवः स भवेन्महान् ॥ उन्मुखः समवायेषु परस्वेषु च संभवेत् ॥ ९२ ॥ कृते प्रश्ने वदन्स्वेषामुत्तरं पंडितो जनः ॥ गोत्रप्रवरशाखादिगोत्रदैवतसंग्रहम् ॥ ९३ ॥ स्थापनास्थानतादात्म्यं स्थापकस्यादिलक्षणम् ॥ विज्ञातव्यं स्वशुद्ध्यर्थं सद्भिः सुकृतहेतवे ॥ ९४ ॥ तथा स्थलप्रकाशे-गोत्रशाखावटंकं च वेदं देवीं गणाधिपम् ॥ शिवभैरवशर्मेति नैव जानाति वाडवः ॥ ९५ ॥ अथ ज्ञातिशब्दार्थः प्रतिपाद्यते पाद्मे एकलिंगिमाहात्म्ये--सूत उवाच ॥ मुनीश जातयः प्रोक्ता धर्मशास्त्रेषु सर्वतः ॥ सपिंडा गोत्रस-

करके पूर्वापर विचार करके अपना वृत्तांत अवश्य जानना चाहिये ॥ ८५ ॥ ८६ ॥ और जो अपना उत्पत्ति वृंत्तांत नहीं जानता सो ज्ञातीकी प्रश्न सभामें मूकत्व दशाको पाताहै और जारिणी पुत्रकी योग्यता उसकी होतीहै इसवास्ते अपने तरफ अज्ञानता आवेगी उस भयके लिये और ज्ञातिसंबंध जाननेसे बडापना होगा इस हेतुके लिये अवश्य यह उत्पत्ति प्रसंग देखना ॥८७॥९२॥ और सुकृत होनेके वास्ते गोत्र १ प्रवर २ शाखा ३ अवटंक ४ कुलदेवी ५ गणपति ६ शिव ७ भैरव८शम९ स्थापनका कारण१० स्थानका माहात्म्य११स्थापन करनेवालेका लक्षण१२इत्यादि सब अवश्य देखना यह जाननेसे ब्राह्मण जानना ॥९३ ॥ ९४ ॥ ९५ ॥ अब ज्ञाति शब्दका अर्थ

बन्धप्रवरस्थानदायिनः ॥ ९६ ॥ येषां जन्मविरामादिसूतकाशौचवृत्तयः ॥ दायित्वेन भवेयुस्ते ज्ञातयश्चैकवंशजाः ॥ ॥ ९७ ॥ ब्राह्मणो ब्राह्मणस्य स्यात्क्षत्त्रं क्षत्त्रस्य सर्वदा॥वैश्यो वैश्यस्य विज्ञेयो ज्ञातिः शूद्रस्य शूद्रकः ॥ ९८ ॥ सामान्येन परिज्ञेयःसदाचारादिलक्षणैः ॥ परज्ञातिरनाचारिस्वज्ञातिरपि सर्वथा ॥ ९९ ॥ अनेकवंशजातानां ज्ञातित्वमतमुच्यते ॥ सपिंडसंभवस्यादिरादित्वसरगोत्रजः ॥२००॥ समवायः परिःज्ञेयो ज्ञातिधर्मेण यः सदा ॥ धर्माः समानवृत्तीनां ज्ञातीनां न कदाचन ॥१॥ तत्राऽसमानधर्मेषु यौनपिंडो निषिध्यते। यौनपिंडात्सपिंडस्योपादानस्यानुसंभवात् ॥ २ ॥ समधर्मेषु तस्मात्तु यौनेपिंडो विधीयते ॥ स्थापितस्थलवृत्तीनां ज्ञातिभेदः कलौ युगे ॥ ३॥ संकरत्वनिषेधाय वर्तते शिष्टसंग्रहात्॥ अज्ञातोत्पत्तिभावानां भूयस्त्वे सति सान्वयः ॥ ४ ॥ सांकर्य्यवहारोऽत्र मास्तु तस्मात् स्थितिः कृता ॥ स्थानस्थापितभेदेन स्थानस्थापकनामभिः ॥ ५ ॥ समवायो भवेज्ज्ञाति सज्ज्ञातिः स्यात्कलौ युगे अतो विधिविधानार्थं धर्मजिज्ञासया स्वयम् ॥ ६ ॥ अथ गौडद्रविडब्राह्मणानां परस्परं भोजननिर्णयः । केचनाधुनिकाः शास्त्रमतमनवलंब्य स्वबुद्ध्यैव भोजने योग्यायोग्य

कहतेहैं धर्मशास्त्रमें ज्ञाति शब्दसे सपिंड सगोत्र संबंध।जिनका एक है।।९६।।सूतक वा अशौच जिनका होताहैजिनका दायविभाग है एक वंशस्थ हैं उनका ग्रहण करतेहैं९७ और सामान्य मत दूसरा यहहै कि ब्राह्मणकी ज्ञाति ब्राह्मणहैं क्षत्रिय क्षत्रियकी वैश्य वैश्यकी शूद्र शूद्रकी ज्ञाति जानना ।।९८।।९९।।२००।।१।।२।।परंतु कलियुगमें वर्णसंकर दोष होगा सो न होना उस भयके लिये।३।।शिष्ट संप्रदायसे स्थान और स्थापना करनेवालेके भेदसे ज्ञातिशब्द व्यवहार स्थापन ।कियाहै सो विवाहमें ग्रहण करना।४५। ॥६।। अब गौड द्रविड जो ब्राह्मणहैं उनके परस्पर भोजनका ।निर्णय कहतेहैं वर्तमान कालमें ।कितनेक लोक जो हैं सो शास्त्रमतका विचार न करके केवल अपनी बुद्धिकी

कल्पयंति तन्न युक्तं किंतु शास्त्रमतेनैव व्यवहारः कर्तव्यः ॥ उक्तं पाद्मेपातालखण्डे–परज्ञातिद्विजानां यः कुरुते भोजनं गृहे ॥ सोऽपि दंड्यः प्रयत्नेन मर्यादारक्षणाय च ॥ ७ ॥ यत्र कन्या प्रदातव्या तत्र कार्यं हि भोजनम् ॥ पूर्वं समाश्रितो मार्गः कलौ त्याज्यः प्रयत्नतः ॥ ८ ॥ पूर्वमेवं प्रसंगोऽभूत्सर्व-जातिषु भोजनम् ॥ वृद्धपरंपराप्राप्तं कलौ त्याज्यं द्विजोत्तमैः ॥ ॥ ९ ॥ भेदो यद्यपि न प्रोक्तो धमशास्त्रे द्विजोत्तमैः ॥ तथापि भोजनं कार्यं स्वज्ञातिषु सदा बुधैः ॥ २१० ॥ यथा मन्वा-दिभिः प्रोक्तं चातुर्वर्ण्यस्य वाडवैः ॥ कन्याप्रतिग्रहं कार्यं तद्वर्ज्यं कलियोगतः ॥ ११ ॥ तथा भोजनसंसर्गः स्वज्ञा-तिषु विशिष्यते ॥ ज्ञातिशब्दस्यार्थःपूर्वकथितः तत्रापि पञ्चद्र-विडमध्ये परस्परं भोजने न दोषः न प्रायश्चित्तं परंत्वाचार-शुद्धिः परीक्ष्या ॥ १२ ॥ एवं हि पंचगौडानां मिथो भोजन-मिष्यते ॥ तथापि तत्र वैचित्र्यं दृश्यते बहुधा भुवि ॥

चातुर्यतासे इस जातीके साथ जीमेंगे वो जातीके साथ नहीं जीमेंगे ऐसा निर्णय करते हैं, परंतु वो निर्णय बरोबर नहीं है आगे सविस्तर कहते हैं अपनी जातिकी मर्यादारक्षण करनेके वास्ते परज्ञातिके घरको जो ब्राह्मण भोजन करेगा तो वो दंड योग्य है ॥ ७ ॥ इसवास्ते मुख्य शास्त्रार्थ यह है कि जहाँ कन्या देना वहां भोजन करना अन्यत्र नहीं पूर्व तीन युगोंमें दश ब्राह्मणोंका परस्पर भोजनका व्यवहार था परंतु कलियुगमें नहीं है ॥ ८ ॥ ९ ॥ यद्यपि धर्मशास्त्रमें ब्राह्मणके घर भोजन करनेसे दोष नहीं कह तथापि स्वजातिमें भोजन करना ॥ १० ॥ जैसा ब्राह्मणने चारोंवर्णोंकी कन्याके साथ पाणिग्रहण करना ऐसा मन्वादिकोंने कहा हैं परन्तु कालियुगमें नहीं ॥ ११ ॥ वैसा भोजनका व्यवहार जानना तत्रापि कर्नाटक तैलंग द्रविड महाराष्ट्र गुर्जर इनका परस्पर पंक्तिभोजन हुआ तो दोष नहीं है फक्त आचार शुद्धि देखना ॥ १२ ॥ और वैसा सारस्वत मैथिल कान्य-कुब्ज गौड उत्कल आदिगौडोंका परस्पर भोजनका दोष नहीं है परन्तु उनका कच्चीपक्कीका व्यवहार बहुत चमत्कारिक है जैसे सारस्वत अन्य ब्राह्मणके हाथका सिद्धान्न नहीं लेनेके और यजमान लोवाणे जो हैं उनके हाथका सिद्धान्न सब लेवेंगे वैसे पुष्कर ब्राह्मणकाभी पक्कीका व्यवहार है और सनाढ्यादिकों-

॥ १३ ॥ गौडानां द्रविडानां च न मिथो भोजनं स्मृतम् ॥ कृतं चेद्दोष एवात्र तेषां पातित्यदर्शनात् ॥ १४ ॥ अनाचार-प्रसंगेन मांडव्यस्य च शापतः ॥ १५ ॥ तथा चोक्तं पाद्मे । कायस्थोत्पत्तिप्रसंगे--कलौ शापो मयाः दत्तः सर्वेषां संभवि-ष्यति ॥ १६ ॥ माथुराणां विशेषेण तेषां धर्मः प्रणश्यति ॥ एवमेव हि गौडानां कायजानां च शौनक ॥ १७ ॥ ऋषि-शापाभिभूतानां पातित्यं च कलौ युगे १८ ॥ इति तत्र च स्वेस्वे पत्तने केचनाविद्वांसो ग्रामसिंहाः स्वार्थलोभेन पंचद्र-विडमध्येऽपि कैश्चित्सह भोजनं कुर्वंति कैश्चित्सह भोजनेन मत्सराः दंडं कुर्वन्ति न तु तत्त्वविदश्चते ॥ १९ ॥ सांप्रतं व्यवहारस्य दर्शनात्प्रब्रवीम्यहम् ॥ यथा गुर्जरदेशे महाराष्ट्र-हस्तेन गुर्जराः भोजनं कुर्वन्ति न महाराष्ट्राः ॥ २२० ॥ एवं महाराष्ट्रदेशे गुर्जरहस्तेन महाराष्ट्रा भोजनं कुर्वंति न गुर्जराः ॥ २१ ॥ किंच कर्णाटकद्रविडांध्रदेशेषु कर्णाटकद्रविड-तैलंगगुर्जराणां सर्वेषां भोजनव्यहारो दृश्यते ॥ २२ ॥ गुर्जरदेशे तैःसहभोजनव्यवहारः कृतश्चेज्ज्ञातयो दंड कुर्वंति ॥ ॥ २३ ॥ श्रीमालिनः भार्गवत्रैविद्याः नागराश्च स्वस्वसमूह-मध्ये तिष्ठंतः संतः अन्यज्ञातिना सह भोजनेन दण्डं कुर्वंति ॥ ॥ २४ ॥ मुम्बापुरीपुण्यपत्तनौरंगाबादभागनगरादिग्रामेषु

काभी विचित्र मार्ग है शूद्रने रोटी आदि तैयार करके चुलेपर रखदेना अपने अपने हाथसे उतारलेना ऐसा अनेक मार्ग हैं ग्रंथविस्तार भयसे नहीं लिखता ॥१३॥ उस वास्ते गौड द्रविडका परस्पर भोजन व्यवहार नहीं है किये दोष तो है कायसे जो एक अनाचार दूसरा कर्मभ्रष्ट पातित्यता ऐसे कारणसे भोजन व्यवहार नहीं करना॥१४॥ और सांप्रतकालमें अपने अपने गावोंमें पंडितेतर ग्रामसिंह पुरुष जो हैं सो धनके लोभसे और अन्नभोजनके लोभसे पंचद्राविडमेंभी कितनेक ज्ञातिके साथ भोजन करते हैं और श्रेष्ठता मानते हैं कितनेकके साथ भोजन करनेसे दंड करतेहैं वे तत्त्ववेता नहीं जानते हालमें जो व्यवहार चल रह्या है सो गद्यपद्य श्लोकसे स्पष्टार्थ है ॥१५॥

स्वस्ववर्गस्याल्पत्वात्सर्वैस्सहः सर्वैंभोजनं कुर्वन्ति ॥ २५ ॥ इत्याद्यनेकविधविधिरयं स्वाभाविकः नत्वत्र प्रमाणमस्ति ॥ ॥ २६ ॥ अतएव च सारांशं प्रवक्ष्यामि शृणुष्व तत् ॥ द्रविडैर्द्रविडेष्वेव गौडैर्गौडेषु चैव हि ॥ २७ ॥ तथा स्वज्ञाति मध्येऽपि यत्र षट्कर्मशुद्धिता ॥ तथाचारपरत्वं च तद्धस्तेन च भोजने ॥२८॥ कृते न कोऽपि दोषोऽत्र इति मे निश्चयो मतः ॥ यत्र कन्या तत्र हविः पक्षः श्रेष्ठतरः स्मृतः ॥ २९ ॥ अथ वणिक्शब्दस्यार्थमाह हरिकृष्णः–सांप्रतं वणिजः सर्वे ब्राह्मणा द्रव्यलोभिनः ॥ वणिक्शब्देन वैश्यत्वं वणिजां स्थापयंति हि ॥ ३० ॥ केचित्सच्छूद्रकत्त्वं च तत्प्रमाण-द्वयस्य च ॥ निर्णयं संप्रवक्ष्यामि पूर्वशास्त्रानुसारतः ॥ ३१ ॥ वाणिक्शब्देन वैश्यत्वे किं प्रमाणमितिस्थिते ॥ ग्रथांन्तरीय

॥१६॥१७॥१८॥१९॥२२०॥२१॥२२॥२३॥२४॥२५॥२६॥ अब सारांश भोजनका यह है कि पंचद्रविडोंने पंचद्रविडमें पंचगौड पंचगौडोंमें॥२७॥ और स्वस्वज्ञातिमें भी जहां ब्राह्मण अपने स्वकर्मनिष्ठ आचार सम्पन्न होवें उसके हाथसे भोजन करनेका दोष नहीं है ॥२८॥ परंतु जहां कन्या देना वहां भोजन करना बहुत शुद्ध मार्ग शास्त्रोक्त है ॥२९॥ अब वाणिक शब्दका अर्थ कहते हैं सांप्रतकालमें वणिकश-ब्दसे सब बनियें और द्रव्यलोभी ब्राह्मण बानियोंके ठिकाने वैश्यवर्ण स्थापन करते हैं ॥ ३३० ॥ और कितनेक सच्छूद्रवर्ण स्थापन करतेहैं परंतु वाणिक शब्दसे केवल सच्छूद्र है ऐसा भी नहीं है ॥ और वैश्य भी नहीं है जो जो जाति हैं उनके उत्पत्तिग्रन्थ देखनेसे स्पष्ट मालुम होता है उसमें भी जैनमतकी प्रवलतासे वर्णाश्रम धर्म नष्ट हुआ उस दिनसे क्षात्रिय वैश्य शूद्रोंका संकर होगया है । बाद श्रीशंकरा-चार्य और श्रीगोस्वामी श्रीवल्लभाचार्यजीके प्राकट्यसे इन तीनोंका कुछ थोडा धर्म चला है । अभी भी जो अपना वर्ण धर्म करनेकी इच्छा होवे तो बृहन्नारद पुराणोक्त पतितसावित्रीका विधान करनेसे अधिकार होवेगा ॥ ३१ ॥ वणिक

श्लोकादीन् वक्ष्यामि शृणुतादरात् ॥ ३२ ॥ श्रीवाल्मीकीय रामायणे बालकांडे वर्णपरत्वेन श्रवणफलकथनप्रस्तावे श्रीवाल्मीकिः-पठन् द्विजो वागृषभवत्वमीयात्स्यात्क्षत्रियो भूमिपतित्वमीयात् ॥ वणिग्जनः पण्यफलत्वमीयाज्जनश्चशूद्रोऽपि महत्त्वमीयात् ॥ ३३ ॥ स्कांदोपपुराणे कल्याणखण्डे पोरवालश्रीमालिवणिजो वैश्यत्वं प्रत्यक्षतया प्रतिपादितं वर्तते ॥ ॥ ३४ ॥ वणिकशब्देन सच्छूद्रास्तत्प्रमाणमथो ब्रुवे ॥ ब्रह्मवैवर्ते ब्रह्मखण्डे-गोपनापितभिल्लाश्च तथा मोदककूबरौ ॥ ॥ ३५ ॥ तांबूलिस्वर्णकाराश्च तथा वाणिक्जातयः ॥ इत्येवमाद्या विप्रेन्द्र सच्छूद्राः परिकीर्तिताः ॥ ३६ ॥ तथा च शूद्रकमलाकरे-शूद्रस्य द्विजशुश्रूषा तयाजीवन् वणिक् स्मृतः ॥ स्कांदोक्तबालखिल्यादिखण्डेषु च प्रकीर्तितम् ॥ ३७ ॥ बाल खिल्यादिखण्डेषु झारोलादिशावालादिवणिजां सच्छूद्रत्वं प्रतिपादितमतः केवलवणिक्शब्देनैव वैश्यत्वं शूद्रत्वं वोत्पत्तिग्रन्थमविज्ञाय ये कल्पयिष्यंति तेऽपिपंडितेतरशिरोमणय इत्यलमतिविस्तरेण ॥ ३८ ॥ किं च ब्राह्मणाः स्वधर्मत्यागिनः वणिजश्च स्वमुखेनैव वैश्यत्वं प्रतिपादयति । तत्र न तेषां दोषः किन्तु कलिदोष एव ॥ ३९ ॥ तदुक्तं पाद्मे-अतः परं भविष्यं यच्छृण्वंतु मुनयः कलौ ॥ ब्राह्मणा वेद रहिताः शिष्टाचारविवर्जिताः ॥ २४० ॥ शूद्राचार्या लोभयुक्ताः परस्परविरोधिनः ॥ ब्राह्मणा वृत्तिहीनाश्च शूद्रसेवा-

शब्दका विशेष शब्दार्थ मूलमें स्पष्ट है ॥३२॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ ॥३८॥ अब ब्राह्मण अपने स्वकर्मसे भ्रष्ट हुवेहैं और बनियें शूद्र होके वैश्य बनके बैठेहैं सो उनका दोष नहीं है किन्तु कलियुगका दोष है ॥३९॥ ब्राह्मण और बनिये अपना मुख्य उत्पत्तिस्थान को छोडके धनलोभके लिये देशोंदेशोंमें जायके स्वधर्मभ्रष्ट

परायणाः ॥ ४१ ॥ वणिजो देशेदेशे च गमिष्यंति धनार्थिनः ॥ वैश्यवृत्तियुताः सर्वे द्विजसेवनवार्जिताः ॥ ४२ ॥ अथ गुर्जरादिवणिक्षु शाशब्दस्य प्रयोजनमाह हरिकृष्णः । गुर्जरादिषु शाशब्दः किमर्थं प्रोच्यते बुधैः ॥ तस्याहं कारणं वक्ष्ये श्रुत्वा लोकमुखादिदम् ॥ ४३ ॥ कलौ श्रीराजनगरे पादशाहस्य योगतः ॥ श्रीलक्ष्मीश्च प्रसन्नाभूच्छाशब्दस्थिर-

होवेंगे ऐसा भविष्य कथानक कह्याहै ॥ २४० ॥ ४१ ॥ ४२ ॥ अब गुजराती आदि बनियोंमें शा० किसनदास शा० रणछोडदास ऐसा जो कहते हैं उसमें शा कहनेका क्या कारणहै सो कहतेहैं शा कहते साहुकार धनवान् धनका व्यापार करताहै उसको कहतेहैं । तब "जागो जागो साहुकार" यह चार अक्षर लिखनेका आलस्य आताहै इसवास्ते उस चार अक्षरमें सा अक्षर पाहिला लियाहै इससे सा कहतेहैं ॥ ४३ ॥ इस कलियुगके अंदर राजनगरमें एक बादशाह हता उसने शा०ईश्वरदास ऐसा बानियेका नाम सुनके मनमें विचार किया जो मैं तो पादशाह कहते चतुर्थांश शा कहा जाताहै और यह बानिये पूरे शाह कहे जातेहैं इसवास्ते इनका शाहपना छुडालेना ऐसा विचार करके सब बानियोंको बुलायके कहा कि मैं पादशाह और तुम शाह पूरे इसवास्ते मैं जो कहूं वो शिक्केके छप्पन करोड रुपये लायके देव तो तुमारा शापना खरा है नहीं तो शा कहना छोडदेव वो सुनके अच्छा कहके सब बानिये इकट्ठे मिलके बडा विचार करने लगे कि राजा कौनसा शिक्का मांगेंगे और हम कहांसे लायके देवेंगे ऐसा जगह २विचार करने लगे तो वहां एक तेलीकी दुकान लोहासा शिरमाली बानियें की थी । वो लोहासाने उनका विचार सुनके पूछा कि भाई मुझको कहो तुम लोग सब क्या विचार करते हो तब वो लोग हँसने लगे कि जिसकी दुकानमें बूंदभर तेल तो है नहीं और अपना विचार पूछता है इस वास्ते इसको क्या कहना फिर वह तेली और पूछने लगा तब वो लोकोंने सब वृत्तांय कहा सो सुनके लोहासा कहने लगा कि तुम सब पहिले मेरे घरको जीमनेको आवो बाद तुम्हारा काम मैं करूंगा । वो बात सुनके सब आश्चर्य करने लगे कि देखो तो सही क्या होता है सबोंका एक विचार होके लोहासाके पिछाडी सब लोग गये लोहासाका घर गांवके बाहर एकांतमें था सो सब बानियोंको बिलमें लेगया वहां देखे तो लाखों मनुष्य बैठे ऐसी बडी सुन्दर जगा है सो देखके सब आश्चर्य करने लगे बाद दूसरे दिन सारे शहरके बानियें जीमनेको आये अमृतसरीखे पदार्थ जीमे लोहासाको महालक्ष्मी प्रसन्न थी अपने स्वहस्तसे महालक्ष्मीने सबोंको भोज्य पदार्थ परोसे थेभोजन किये बाद सबोंने प्रार्थनाकी तब लोहासाके घरसे राजदरबारतक गाडे लगा दिये और एक शिक्केके छप्पन करोड

कारिणी ॥ ४४ ॥ अथ शास्त्रदृष्टिर्बलीयसीत्यस्य निर्णय-माह श्रीकृष्णः -विवाहव्रतबंधादिकर्मसु ब्राह्मणादयः ॥ शास्त्र-मार्गं परित्यज्य रूढिमार्गपरायणाः ॥ ४५ ॥ कार्यं कुर्वंति तेषां वै प्रार्थना मम चादरात् ॥ पापाधिक्यकरां रूढिं त्यक्त्वा पुण्यविवृद्धिदाम् ॥ ४६ ॥ कुर्वंतु सज्जनास्सर्वे येन सौख्यम-

रुपये देके कहा कि और दूसरा कौनसा शिक्का चाहिये । तब पादशाहने वो कोरे शिक्केके रुपये देखके हाथ जोडके कहा कि तुम पूरे शाह हो मुझको मान्य है ऐसा गुजराती आदि बानियोंमें शाह कहनेका जो कारण सो फिर कोई कारणके लिये महालक्ष्मीका कोप भया सो यह धर्मीबनियोंको छोडके श्रावकी बानियोंके घरमें विराजमान भई ॥ ४४ ॥ अब ब्राह्मणादिक लोकोंमें विवाह व्रतबंधादिक कर्म होते हैं उनमें शास्त्र संमत पुण्यकारक कर्मको छोडके जिसमें द्रव्य खर्च बहुत होवे पुण्य थोडा होवे और कर्म भ्रष्टता होवे ऐसे काममें जो लोक प्रवृत्त होते हैं ॥४५॥ और पूछे तो 'श्मशानविवाहयोर्ग्रामःप्रमाणमिति श्रुतिः' 'शास्त्राद्रूढिर्बलीयसी इति स्मृतिः' ऐसा प्रमाण बोलते हैं और यह वचनसे भी रूढिमार्ग बलवान् है परन्तु जो रूढि शास्त्रसे विरुद्ध न होके अधर्म न होके जिस रूढिमें पुण्यकर्मकी वृद्धि होवे वो रूढि-मार्गको सज्जन लोकोंने मान्य करना बाकी जिस रूढिमें पुण्य क्षीण होके पाप वृद्धिंगत होवे वहां " शास्त्राद्रूढिर्बलीयसी " यह वचन प्रवृत्त करना नहीं और ऐसे ठिकाने जो वो वचनकी प्रवृत्ति करेंगे तो इस वचनका मूल इनने देखा नहीं ऐसा जानता हूं " शास्त्राद्रूढिर्बलीयसी " यह वचन कहां प्रवर्तक होता है उसके ऊपर एक दृष्टांत कहता हूं कि पंकज शब्दका अर्थ शास्त्रसे देखे तो 'पंकात्कर्दमाज्जातं पंकजं' कीचडसे जो पैदा हुवा उसको पंकज कहना तब कीचडसे तो दर्दुरी अद्रक हलदी अरबी कमल शाली धान्य इत्यादि पदार्थ होता है परन्तु उनको पंकज नहीं कहते फक्त कमलको पंकज कहते हैं । और दूसरा दृष्टांत 'त्रिफलं त्रयाणां फलानां समाहारः त्रिफलं' इसका अर्थ यह है कि तीन फल एक ठिकाने जहां होवें उसको त्रिफला कहना परन्तु वैसा नहीं है फक्त रूढिमें त्रिफला शब्दसे हैडे बहेडे आंवले लेना ऐसे शास्त्रमें अनेक पद हैं सो शास्त्रसे अर्थ होता होवे परन्तु जो रूढिमें प्रवृत्त होवे वो लेना जैसा पंकज कहते कमल लेना शालि धान्य नहीं लेना । इस वास्ते कह्या है कि 'शास्त्राद्रूढिर्बलीयसी' यह वचन प्रमाण है परन्तु वर्तमान-कालमें जो लोक हैं सो अपने स्वार्थके वास्ते " शास्त्राद्रूढिर्बलीयसी " यह पद भिन्न विषय प्रतिपादक है । तथापि स्वार्थमें ग्रहण करके अच्छे शास्त्रज्ञ पुरुषको दूषण देते हैं ॥ ४६ ॥ इस वास्ते वह सज्जन लोकोंको हाथ जोडके

वाप्नुयुः॥ इति मे प्रार्थनाऽभीक्ष्णं प्रसार्य करसंपुटौ॥ ४७ ॥ रूढिमार्गस्य सूक्ष्मत्वमविचार्याऽबुधा जनाः ॥ कर्म कुर्वंति तेषां वै वैफल्यं भवति ध्रुवम्॥४८॥ज्ञानदेवस्य विप्रस्य दुर्गा- देवीप्रसादतः॥पुत्रे जाते भूषणं च दूषणं वापि योगतः ॥४९॥

मेरी प्रार्थना है कि जिस रूढिसे इह लोक परलोकमें सुख होवे और जैसा पूर्वदेशी ब्राह्मण मत्स्याहार करते हैं गुर्जरमें चर्मोदक पान करते हैं यह परंपरागत मार्ग है परंतु इसके त्याग करनेसे पाप नहीं होनेका पुण्य होगा ॥ ४७ ॥ और कितनेक पंडित नरशिरोमणि जो हैं वो अपने वंशकी रूढिका सूक्ष्म विचार न करके रूढि- मार्ग करे जाते हैं। उसमें घात होता है ॥ ४८ ॥ उसपर एक कथा कहता हूं एक ज्ञानदेव ब्राह्मण था उसके संतान नहीं होती थी। सो विरक्त होके गांवके बाहर एक दुर्गादेवीका मंदिर था और उसके सामने पानीकी बावडी थी वहां स्नान करके नित्य देवीका पूजन करता था । सो एकादिन देवीकी प्रार्थना किया कि मेरा पुत्र जो होगा तो उसका विवाह कब करूंगा कि पहिले आपकी पूजा करके यह बावडीके ऊपरसे कुदाऊंगा ऐसी मानता लेके घरको गया। बाद देवीकी कृपासे पूजाके पुण्यसे बरस ९ के अंदर वो ज्ञानदेवके पुत्र चार भये वह देवीकी मानता फक्त पहिले छोकरेकी थी सो बापको मालुम थी दूसरेको मालुम नहीं थी। फिर बापने मनमें विचार करके उस बड़े छोकरेको दौडके कुदानेका अभ्यास करवाया ऐसे नित्य अभ्यास करनेसे बारह बरसका वो लडका हुवा तब दस हाथीकी बावडीसे चार हाथ ज्यादा कूदे वैसा पक्का हुवा फिर जिस बखत विवा- हका समय आया उस बखत चार ज्ञाति भाइयोंके हाथ जोडके कहा कि मेरा कुलाचार करने देव बाद लग्न लगाना ऐसा कहके वो दुर्गादेवीके पास जायके छोकरेके हाथसे पूजा करवाये वो बावडी कुदवायके लग्न लगाये फिर थोडे दिनमें वो बाप तो मरगया पीछे वो बडा छोकरा अपने छोटे भाईका विवाह करने लगा तब जैसा कुलाचारको करता था वैसा कुलाचार करने गया और वो बावडीको कुदाने गया सो वो छोटा भाई अंदर गिरके मरगया सो सारे गांवमें हाहा- कार हो गया कि कुलाचारकी कुछ रीत भूल गये उससे छोकरा मरगया परंतु छोकरेको कूदनेका अभ्यास नहीं था ऐसा कोईने जाना नहीं और कईकादिन गये बाद तीसरे भाईके और चौथे भाईके विवाहके बखत वो कुलाचार करने गये सो तीनों भाईका प्राणगया बाद वो ज्ञानदेवका बडा जो लडका था उसको एक पुत्र था उसका विवाहका समय आया उस बखत गावमें बडा विचार पडा उतनेमें एक पंडित ज्ञातिभेद कुलाचार भेद ग्रंथोंको जाननेवाला आया उसने उस ज्ञानदेव ब्राह्मणका सब आद्यंत वृत्तांत सुनके खुलासा

देशाचारःकुलाचारोःज्ञात्याचारो विशेषतः॥कर्तव्यो विदुषा तत्र सारासारं विचार्य च ॥ २५० ॥ तस्माद्दूढिं परित्यज्य

किया कि फक्त पहिले छोकरेकी यह मानता थी और अभ्याससे बावडी कूदी जाती है इसवास्ते तुमको जो भक्तिसे करना होवे तो फक्त दुर्गादेवीका पूजन करो यह बात सुनके वैसा किये बाद वंशकी वृद्धि हुई ॥ ४९ ॥ पंडित ब्राह्मणने देशका आचार कुलका आचार अपनी ज्ञातिका आचार करना परंतु उससे आगे अपनेको सुख होगा या दुःख होगा इसका विचार करके करना उसमें भी हलके लोक शब्दका अर्थ भी बराबर करते नहीं जैसा कोई दाक्षिणी ब्राह्मणने गुजराती ब्राह्मणसे पूछा कि तुम्हारी स्त्रियां कच्छ नहीं करतीं (बाँधतीं) और तुम शूद्रोदक पान करते हो यह बडा अनाचार है तब वह लोक उनको उत्तर ऐसा देते हैं कि हमारा देशाचार है तब यह बात सुनके बडा आश्चर्य होता है कि देशाचार कहते देशका जो आचार धर्म उसको देशाचार कहना तो यह शूद्रोदकपान तो अनाचार है तब देशाचार कहना उनका भाषण व्यर्थ है कुलाचारमें जो दुष्ट रूढि उसका लक्षण तो ज्ञानदेवकी वार्तामें पूर्वमें कहा वैसा ज्ञातिका अनाचार किसीमें ऐसा है कि विवाहमें नव ज्ञाति जिमाना और अवांतरभी दूसरे कर्म उससे द्रव्य खर्च बहुत करना परंतु विवाहकी वेदोक्त विधि क्या है ? और उसमें क्या चाहिये ? अपनी शाखा कौनसी है ? क्या सूत्र है ? उसका विचार न यजमान करता है और न उपाध्याय करता है । वैसा मरणमें एकादशाहादि तीन दिनोंमें १००रुपयेसे हजार तक खर्च भोजनमें करते हैं परंतु वह मृतप्राणीके अडतालीस ४८ श्राद्ध यथा सांग हुये या नहीं उसका विचार नहीं क ते तब विवाह यज्ञोपवीत मरणादिक कर्ममें रूढिके लिये द्रव्य बहुत लगता है और कर्ममें हीनता होती है और कर्ज करके जो ज्ञातिकी रूढि संपादन किये बाद वह कर्ज फेडनेको फिर अपना ब्रह्मकर्म छोडके द्रव्यके वास्ते घातपातादिक करता है उसमें भी जो मृत होगया तो ऋणमें रहता है इसवास्ते ज्ञानी पुरुषने अपनी ज्ञाति रूढि बरोबर न हुई तो दूषण नहीं है परंतु अपना ब्रह्मकर्म वेदोक्त संस्कारादिक कर्ममें दूषण नहीं लेना तब ज्ञातिवाले नाम रक्खेंगे तो उन लोकोंको मूर्ख समझना क्योंकि जो वो निंदक पुरुषको पूछना कि अपनी ज्ञातिमें रीति सब देशमें यही है वा फिरती है जो सब देशमें उस ज्ञातिकी रीति एक होवे तो वह रीति करना अवश्य है और प्रत्येक गांवमें अपनी बुद्धिसे जो रूढि चलाई है वह अवश्य त्याग करना और ज्ञाति एक और जो ज्ञातिव्यवहार करके बडा अहंकार मानता है तब उसका अहंकार व्यर्थ है क्योंकि जो ऐसा जगत्में कौन है कि फक्त अपनी संपूर्ण ज्ञातिका मान्य करेगा और भोजन देगा ॥२५०॥ इस वास्ते यह लोक परलोकमें जो दुःख शोक

दुःखशोकादिदायिनीम् ॥ इहामुत्र च भो विप्र स्वकर्मनिरतो भव ॥ ५१ ॥ कर्मणैवहि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः ॥ इत्युक्तत्वात्सदा विप्रैः कर्तव्यं स्वस्वकर्म च ॥ ५२ ॥ श्रीभागवते–कर्मनिष्ठा द्विजाः केचित्तपोनिष्ठा नृपाःपरे ॥ स्वाध्यायेऽन्ये प्रवचने एके च ज्ञानयोगयोः ॥ ५३ ॥ ब्राह्मणेष्वपि वेदज्ञा ह्यर्थज्ञोऽभ्यधिकस्ततः ॥ अर्थज्ञः संशयच्छेत्ता ततः श्रेयांश्च कर्मकृत् ॥ ५४ ॥ हरिकृष्णः–कर्मणोत्तमतां यांति कर्महीनाः पतंत्यधः ॥ अत्रापि मूलवाक्यानि संलिखामि शृणुष्व तत् ॥ ५५ ॥ अथ कर्मभिरेव वर्णविभागे प्रमाणमाह--श्रीभागवतम्--आदौ कृतयुगे वर्णो नृणां हंस इतीरितः ॥ कृतकृत्या प्रजा जात्या तस्मात्कृतयुगं विदुः ॥ ॥५६॥भारते शांतिपर्वणि--न विशेषोऽस्ति वर्णानां सर्वब्राह्मसिदं जगत् ॥ ब्रह्मणा पूर्वसृष्टं हि कर्मभिर्वर्णतां गतम् ॥ ॥ ५७ ॥ वसिष्ठस्मृतौ--योगस्तपो दमो दानं सत्यं शौचं दया श्रुतम् ॥ विद्याविज्ञानमास्तिक्यमेतद्ब्राह्मणलक्षणम् ॥ ५८ ॥ भगवद्गीतायां–शमोदमस्तपः शौचं क्षांतिरार्जवमेव

देनेवाली रूढि उसका त्याग करके अपने स्वकर्ममें निष्ठ होके रहो ॥ ५१ ॥ कर्ममार्गसे जनकादिक सिद्धि पाये हैं ऐसा कहाहै इससे हे ब्राह्मणो ! तुमने अपना स्वस्वकर्म करना ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ श्रीभागवतमें कहाहै कि स्वकर्म करनेवाला सबसे श्रेष्ठ है ॥ ५४ ॥ कर्मकी प्राबल्यसे क्षत्रियादिक ब्राह्मणताको पातेहैं और कर्म त्याग करनेसे ब्राह्मणादिक वर्ण क्षत्रियादिक हीनवर्णको पातेहैं इसके ऊपर मूलवचनभी आगे लिखताहूँ ॥ ५५ ॥ अब कर्मसे वर्णका निश्चय कहते हैं । पाहिले सर्व लोक एकही जातिके थे, परंतु फिर कर्मके भेदसे चारवर्ण भये ॥ ५६ ॥ जातिका वस्तुतः भेद नहीं है यह सब जगह ब्राह्म है । कायसे जो ब्रह्मद्वारा प्रथम उत्पन्न भया कर्मद्वारा जातिभेद भया है ॥५७॥ जिस मनुष्यमें जिस प्रकारके गुण होवें उनका लक्षण धर्मशास्त्रमेंसे लिखतेहैं । योग तप इंद्रियदमन दान सत्य शौच दया बहुश्रवण विद्या विज्ञान आस्तिक्य यह सब ब्राह्मणके लक्षणहैं॥५८॥शम दम शौच क्षमा सरलता ज्ञान विज्ञान और आस्तिक्य

च ॥ ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम् ॥ ५९ ॥ सद्धर्मसूत्रे ३।४३–आचार्या अध्यापका याजकाः साधवो मुनयश्च ब्राह्मणाः ॥ २६० ॥ भारते मोक्षपर्वणि–कामभोगप्रियास्तीक्ष्णाः क्रोधना प्रियसाहसाः ॥ त्यक्तस्वधर्मारक्तांगास्ते द्विजाः क्षत्त्रतां गताः ॥ ६१ ॥ भगवद्गीता–शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम् ॥ दानमीश्वरभावश्च क्षात्त्रं कर्म स्वभावजम् ॥ ६२ ॥ सद्धर्मसूत्रे–राजानो राजकर्मचारिणो रक्षकाश्च क्षत्त्रियाः ॥ ६३ ॥ भारते मोक्षधर्मे–गोभ्यो वृत्तिं समास्थाय पीताः कृष्युपजीविनः ॥ स्वधर्मान्नानुतिष्ठंति ते द्विजा वैश्यतां गताः ॥ ६४ ॥ भगवद्गीता–कृषिगोरक्षवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम् ॥ ६५ ॥ सद्धर्मसूत्रे–वित्तोपार्जककृषकशिल्पिवणिज्यादयो वैश्याः ॥ ६६ ॥ भारते मोक्षधर्मे–हिंसानृतक्रियालुब्धाः सर्वकर्मोपजीविनः ॥ कृष्णाः शौचपरिभ्रष्टास्ते द्विजाः शूद्रतां गताः ॥ ६७ ॥ भगवद्गीता–परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्यापि स्वभावजम् ॥ ६८ ॥ सद्धर्म-

यह ब्राह्मणके स्वाभाविक कर्म हैं ॥ ५९ ॥ आचार्य अध्यापक याजक साधु-मुनि ब्राह्मण कहे जातेहैं ॥ २६० ॥ विषयभोगमें आसक्त उग्र और कोपन स्वभाव साहस प्रिय स्वधर्मच्युत रजोगुणविशिष्ट ब्राह्मण क्षात्रियभये ॥ ६१ ॥ शूरता तेज धैर्य पटुता युद्धमेंसे नहीं भागना दान और प्रभुता यह क्षात्रियके स्वाभाविक कर्म हैं ॥ ६२ ॥ राजा राजकर्म करनेवाले और रक्षक क्षात्रिय कहेजातेहैं ॥ ६३ ॥ जे सर्व द्विज रजोगुण और तमोगुण मिश्रित पशुपालन वैसी कृषी जिनकी उपजीविका और स्वधर्मका अनुष्ठान करते नहीं वे ब्राह्मण वैश्य भये ॥ ६४ ॥ खेती करना गौको पालन और व्यापार करना यह वैश्यका स्वाभाविक कर्महै ॥ ६५ ॥ अन्नादिकको उत्पन्न करनेवाले खेडत शिल्प वाणिकादिक वैश्य कहे जातेहैं॥६६॥जे सर्वद्विज हिंसा और मिथ्या कर्ममें लुब्ध जीविकाके वास्ते सर्वकर्म करतेहैं और तमोगुणविशिष्ट वैसे शौचाचार भ्रष्ट हैं वे ब्राह्मण शूद्र भये ॥६७॥सेवारूप कर्म शूद्रका स्वाभाविक कर्म है ॥६८ ॥ शारिरिक सेवा करनेवाले

सूत्रम् २। ४६। सेवकाः शूद्राः ॥६९॥ भगवद्गीता-चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ॥ २७० ॥ महाभारते शांतिपर्वणि १८८ अध्याये भरद्वाज उवाच-चातुर्वर्ण्यस्य वर्णेन यदि वर्णो विभिद्यते ॥ सर्वेषां खलु वर्णानां दृश्यते वर्णसंकरः ॥ ७१ ॥ कामः क्रोधो भयं लोभः शोकश्चिंता क्षुधा श्रमः ॥ सर्वेषां च प्रभवति कस्माद्वर्णो विभज्यते ॥ ७२ ॥ जंगमानामसंख्येयाः स्थावराणां च जातयः ॥ तेषां हि विधिवर्णानां कुतो वर्णविनिश्चयः ॥ ७३ ॥ भृगुरुवाच ॥ न विशेषोऽस्ति वर्णानां सर्वं ब्रह्ममिदं जगत् ॥ ब्रह्मणा पूर्वसृष्टं हि कर्मभिर्वर्णतां गतम् ॥ ७४ ॥ मनुसंहितायां दशमे अध्याये-शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम् ॥ क्षत्रियाज्जातमेवं हि विद्याद्वैश्यात्तथैव च ॥ ७५ ॥ युधिष्ठिरं प्रति वैशम्पायनवचनम्-क्षांत्यादिभिर्गुणैर्युक्तस्त्यक्तदंडो निरामिषः ॥ न हंति सर्वभूतानि प्रथमं ब्रह्मलक्षणम् ॥ ७६ ॥ यदा सर्वं परद्रव्यं पथि वा यदि वा गृहे ॥ आदत्तं नैव गृह्णाति द्वितीयं ब्रह्मलक्ष-

शूद्र कहेजाते हैं ॥६९॥ गुण कर्मके विभागसे चार वर्णका धर्म मैंने किया ॥२७०॥ ऐसे ऊपर लिखेहुये प्रमाणोंसे स्पष्ट मालूम होताहै कि पूर्वमें गुण ऊपरसे जातिभेद हुआ है भृगु ऋषिने प्रथम ऐसा कहा कि ब्रह्मदेवसे चारि जाति पैदा भई उसके वर्ण भिन्न भिन्न थे तब भरद्वाजने प्रश्न किया कि चार वर्णोंका भेद जो रंगऊपरसे होवे सो सब जातिमें वर्ण संकर रंगकी मिलनता दिखती है ॥ ७१ ॥ ऐसी काम वासना क्रोध भय लोभ शोक चिंता क्षुधा श्रम यह सबोंके समान हैं तब जाति कैसी पिछाननी ॥७२ पशु पक्षी वृक्ष पाषाणादिक अनेक जातिहैं तब वर्णनिश्चय कैसा होता है सो कहो॥७३॥ तब भृगु कहते हैं। जातिभेद भूलसे नहीं है। सब जगत् ब्रह्महै कार्यसे जो ब्रह्मद्वारा उत्पन्न भयाहै कर्मके योगसे वर्णभेद भया है॥७४॥ पूर्व कर्म और चरित्रगुणसे ब्राह्मण शूद्र होते हैं शूद्र ब्राह्मण होतेहैं। उस ऊपर मनुसंहिता प्रमाण स्पष्ट है ॥७५॥ क्षांति इत्यादि गुणोंसे युक्त दंड और आमिषभोजन जिसने त्याग किया कोई जीवकी हिंसा करता नहीं यह ब्राह्मणका प्रथम लक्षण है ॥ ७६ ॥ और जो दूसरेके द्रव्यको रस्तेमें होवे या घरमें होवे परन्तु दिये विना लेवे नहीं यह

णम् ॥७७॥ त्यक्त्वा क्रूरस्वभावं तु निर्ममो निष्परिग्रहः ॥ मुक्तश्चरति यो नित्यं तृतीयं ब्रह्मलक्षणम् ॥ ७८ ॥ देवमानुषनारीणांतिर्यग्योनिगतेष्वपि ॥ मैथुनंहिसदात्यक्तश्चतुर्थंब्रह्मलक्षणम् ॥ ७९ ॥ सत्यं शौचं दया शौचं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ॥ सर्वभूतदया शौचं तपः शौचं च पंचमम् ॥ २८० ॥ पंचलक्षणसंपन्न ईदृशो यो भवेद्द्विजः ॥ तमहं ब्राह्मणं ब्रूया शेषाः शूद्रा युधिष्ठिर ॥८१॥ न कुलेन न जात्या वा क्रियाभिर्ब्राह्मणो भवेत् ॥ चांडालोऽपि हि वृत्तस्थो ब्राह्मणः स युधिष्ठिर ॥ ॥ ८२ ॥ एकवर्णमिदं पूर्णं विश्वमासीद्युधिष्टिर ॥ कर्मक्रियाविशेषेण चातुर्वर्ण्यं प्रतिष्ठितम् ॥ ८३ ॥ सर्वे वै योनिजा मर्त्याः सर्वे मूत्रपुरीषिणः ॥ एकेंद्रियेंद्रियार्थाश्च तस्माच्छीलगुणो द्विजः ॥ ८४ ॥ शूद्रोऽपि शीलसम्पन्नो गुणवान् ब्राह्मणो भवेत् ॥ ब्राह्मणोऽपि क्रियाहीनः शूद्रात्प्रत्यवरो भवेत् ॥८५॥ पंचेन्द्रियार्णवं घोरं यदि शूद्रोऽपि तीर्णवान् ॥

ब्राह्मणका दूसरा लक्षण है ॥ ७७ ॥ क्रूर स्वभावको त्याग करके ममता और परिग्रह रहित होयके मुक्तबन्ध होयके चलता है यह ब्राह्मणका तीसरा लक्षण है ॥ ७८ ॥ जिसने सदा मैथुन त्याग किया है वो ब्राह्मणका ४ चौथा लक्षण है ॥७९॥ सत्यशौच १ दयाशौच २ इन्द्रिय जीतना शौच ३ सर्व जीवोंके ऊपर दया शौच ४ और स्वधर्मानुष्ठान तप शौच ५ ॥ २८० ॥ ऐसा पांच शौच लक्षण संपन्न जो द्विज है उसको ब्राह्मण कहता हूं। बाकीके शूद्र जानना ॥ ८१ ॥ कुल और जाति और क्रियासे ब्राह्मण होता नहीं चंडालभी जो उत्तम गुणयुक्त होवे तो वो ब्राह्मण है ॥ ८२ ॥ हे युधिष्ठिर ! एकवर्णसे यह विश्व पहिले भरा हुवा था कर्म और क्रियाकी विशेषतासे चार वर्णका धर्म स्थापित भया ॥ ८३ ॥ सर्व मनुष्य योनिसे पैदाभयेहैं और सब मूत्र पुरीष करने वाले हैं। और एकही प्रकारकी सबकी इंद्रियां हैं और विषय भी सबके एकही तरहके हैं। इस वास्ते शील और गुणसे ब्राह्मण होता है ॥ ८४ ॥ शीलवान् और गुणवान् शूद्रभी होवे तथापि ब्राह्मण होता है और ब्राह्मण होके क्रियाहीन होवे तो शूद्रसे भी कम होताहै ॥ ॥ ८५ ॥ पंचेंद्रियरूपी घोर समुद्रको जो कभी शूद्र तर जावे तो हे युधिष्ठिर!उसको

तस्मै दानं प्रदातव्यमप्रमेयं युधिष्ठिर ॥ ८६ ॥ न जातिर्दृश्यते राजन् गुणाः कल्याणकारकाः ॥ जीवितं यस्य धर्मार्थे परार्थ यस्य जीवितम् ॥ ८७ ॥ अहोरात्रं चरेत्क्रांतिं तं देवा ब्राह्मणं विदुः॥ परित्यज्य गृहावासं ये स्थिता मोक्षकांक्षिणः ॥ ॥८८॥ कामेष्वसक्ताः कौंतेय ब्राह्मणास्ते युधिष्ठिर ॥ अहिंसानिर्म्ममत्वं वा सतः कृत्यस्य वर्ज्जनम् ॥ ८९ ॥ रागद्वेषनिवृत्तत्वमेतद्ब्राह्मणलक्षणम् ॥ क्षमा दया दमो दानं सत्यं शौचं स्मृतिर्घृणा ॥ २९० ॥ विद्या विज्ञानमास्तिक्यमेतद्ब्राह्मणलक्षणम् ॥ यदा न कुरुते पापं सर्वभूतेषु दारुणम् ॥ कायेन मनसा वाचा ब्रह्म संपद्यते तदा ॥ ९१ ॥ महाभारते वनपर्वणि अजगरोपाख्याने—शूद्रे तु यद्भवेल्लक्ष्म द्विजे तच्च न विद्यते ॥ न वै शूद्रो भवेच्छूद्रो ब्राह्मणो न च ब्राह्मणः ॥ ९२ ॥ श्रीभागवते सप्तमस्कंधे—यस्य यल्लक्षणं प्रोक्तं पुंसां वर्णाभिव्यंजकम् ॥ यदन्यत्रापि दृश्येत तत्तेनैव विनिर्दिशेत् ॥ ९३ ॥ भारते आनुशासनिके पार्वतीं प्रति शिवः—घात्यं न घातको

दान देवे ॥ ८६ ॥ जाति देखनेमें आती नहीं गुण जो हैं वोई कल्याणकारक हैं जिसका जीना धर्मके वास्ते, जिसका जीना परोपकारके वास्ते, रात्रादिन जो अच्छे काम करता है उसको देवता ब्राह्मण जानते हैं ॥८७॥ घरका निवास छोडके मुमुक्षु नाम मेरा मोक्ष होवे ऐसी आशा करके जो बैठेहैं कामतृष्णासे जो आसक्त नहींहैं हे राजा ! वे ब्राह्मण हैं ॥८८॥ हिंसा और ममताका त्याग और समान भावमें स्थिति दुष्टकर्मका त्याग रागद्वेषकी निवृत्ति यह ब्राह्मणके लक्षण हैं ॥८९॥ क्षमादिक ग्यारह पदार्थ सेवन करना यह भी ब्राह्मणके लक्षण हैं ॥८९॥ जिस बखत जीवमात्रके विषे अपने देहसे मनसे वाणीसे पापकर्ता नहीं तब ब्रह्मगतिको प्राप्त होताहै॥९१॥ पूर्वोक्त लक्षण शूद्रमें होवे और ब्राह्मणमें न होय तो वह शूद्र शूद्र नहीं है और वह ब्राह्मण ब्राह्मण नहींहै॥९२॥जिस पुरुषका जो वर्ण द्योतक लक्षण कहनेमें आया है वो लक्षण जो कभी अन्यमें देखनेमें आवे तो उसकी उस लक्षणानुसार जातिनिर्देश करना ९३ और स्त्री पुत्र धन आबरू इत्यादिकका अनेक मार्गसे घातकरनेवाला जो शत्रु उस जातके ऊपर अपनी तरफसे बदला लेनेके वास्ते जो घात करता नहीं उसको ब्राह्मण

विप्र क्षत्त्रियो रिपुघातकः ॥ विश्वासघातको वैश्यः शूद्रःसर्व-स्वघातकः ॥९४॥ एभिस्तु कर्मभिर्देवि शुभैराचरितैस्तथा ॥ शूद्रो ब्राह्मणतां याति वैश्यः क्षत्त्रियतां व्रजेत् ॥ ९५ ॥ एतैः कर्मफलैर्देवि न्यूनजातिकुलोद्भवाः ॥ शूद्रोऽप्यागमसंपन्नो द्विजो भवति संस्कृतः ॥९६॥ ब्राह्मणो वाप्यसंपन्नो सर्वसंकरभोज-नः ॥ ब्राह्मण्यं समनुत्सृज्य शूद्रो भवति तादृशः ॥ ९७ ॥ कर्मभिः शुचिभिर्देवि शुद्धात्मा विजितेन्द्रियः॥शूद्रोऽपि द्विज-वत्सेव्य इति ब्रह्मानुशासनम् ॥ ९८ ॥ स्वभावं कर्म च शुभं यत्र शूद्रेऽपि तिष्ठति ॥ विशिष्टः स द्विजातेर्वै विज्ञेय इति मे मतिः॥९९॥ न योनिर्नापि संस्कारो न श्रुतं न च संततिः ॥ कारणानि द्विजत्वस्य वृत्तमेव तु कारणम् ॥ ३०० ॥ सर्वो ऽयं ब्राह्मणो लोके वृत्तेन च विधीयते ॥ वृत्ते स्थितस्तु शूद्रो-ऽपि ब्राह्मणत्वं निगच्छति ॥१॥ ब्रह्मस्वभावः कल्याणि समः सर्वत्र मे मतिः ॥ निर्गुणं निर्मलं ब्रह्म यत्र तिष्ठति स द्विजः

कहना । शत्रुको मारनेवाला क्षत्रिय कहना व्यापारमें विश्वासघात करनेवाला वैश्य जानना अनेक तरहसे जो घात करनेवाला उसको शूद्र कहना ॥९४॥ हे देव ! यह कर्म्मोंसे और अच्छे आचारसे शूद्र ब्राह्मण होजाताहै वैश्य क्षात्रिय होजाताहै॥९५॥ हे देवि ! यह कर्मोंके फलसे नीच जातिकुलमें पैदा हुआ शूद्रभी वेदसंपन्न संस्कार विशिष्ट ब्राह्मण होजाताहै॥९६॥ और ब्राह्मण होयके जो दुष्टवृत्ति और सर्वसंकर भोजन करता है तो वो अपनी ब्राह्मणताको त्यागकरके शूद्र होजाता है ॥ ९७ ॥ पवित्र कर्मसे शुद्ध हुआ है अंतःकरण जिसका और जितेंद्रिय ऐसा शूद्र भी ब्राह्मण सरीखा सेवा योग्य है ऐसा ब्रह्माने कहाहै ॥९८॥ जिस शूद्रमें अच्छा स्वभाव शुद्ध कर्म है वह ब्राह्मणजातीसे श्रेष्ठ है ऐसी मेरी समझहै ॥९९॥ ब्राह्मणयोनिसे उत्पत्ति यज्ञोपवीतादि संस्कार वेदशास्त्र पाठ ब्राह्मणवंशीय संतान होना यह सर्व ब्राह्मणत्वका कारण नहीं हैं सच्चरित होना यही कारण है ॥३००॥ इस लोकमें जो ब्राह्मणका विधान है सो सच्चारित्रसे है शूद्रभी सद्वृत्तिमें स्थित होवे तो ब्राह्मणत्वका पात्र होता है ॥१॥ ब्रह्मका स्वभाव हे कल्याणि! मैं सब ठिकाने समान जानताहूं निर्गुण

॥ २ ॥ एतत्ते गुह्यमाख्यातं यथा शूद्रो भवेद् द्विजः ॥ ब्राह्मणो वा च्युतो धर्माद्यथा शूद्रत्वमाप्नुते ॥ ३ ॥ आपस्तंबधर्मसूत्रे-अधर्म्मचर्यया पूर्वो जघन्यवर्णमापद्यते जातिपरिवृतौ धर्म्मचर्यया जघन्यो वर्णः पूर्वपूर्ववर्णमापद्यते जातिपरिवृत्तेः ॥ ४ ॥ मनुसंहितायां-तपोबीजप्रभावैस्तु ते गच्छंतु युगेयुगे ॥ उत्कर्षं चापकर्षंच मनुष्येष्विह जन्मतः ॥ ५ ॥ शनकैस्तु क्रियालोपादिमाः क्षत्त्रियजातयः ॥ वृषलत्वं गता लोके ब्राह्मणादर्शनेन च ॥ ६ ॥ श्रीभागवते-विप्राद्द्विषड्गुणयुतादरविंदनाभपादारविंदविमुखाच्छ्वपचं वरिष्ठम् ॥ ७ ॥ एवं पद्मपुराणेऽप्युक्तं महाभारते वनपर्वणि-शूद्रयोनौ हि जातस्य सद्गुणानुपतिष्ठतः ॥ वैश्यत्वं लभते ब्रह्मन् क्षत्त्रियत्वं तथैव च ॥ आर्जवे वर्तमानस्य ब्राह्मण्यमभिजायते ॥ ८ ॥ तस्योपरि नीलकण्ठी टीका गुणकृत एव वर्णविभागो न जातिकृत इति ॥ ९ ॥ कामान्माता पिता चैनं यदुत्पादयतो

निर्मल ब्रह्म जिसके हृदयमें स्थितहै सो ब्राह्मण है ॥२॥ शूद्र जिस प्रकारसे ब्राह्मण होताहै और ब्राह्मण स्वधर्म भ्रष्टतासे जैसा शूद्र होताहै यह गुप्त बात मैंने तेरेको कही ॥ ३ ॥ अधर्मके आचरणसे उच्च वर्णका मनुष्य नीच वर्णमें जाता है और धर्मके आचरण करनेसे नीच जातिका मनुष्य उच्चवर्णमें आजाताहै ॥ ४ ॥ मनुष्योंमें जिस जातिमें जन्म होता है उस जातिसे उत्तम वा कनिष्ठ ऐसी जो जाति उसमें मनुष्य अपने तप और बीजके सामर्थ्य प्रमाणसे पाता है ॥ ५ ॥ और आगे उत्पत्ति प्रकरणमें कहेंगे जो क्षत्रियजाति सो अपने कर्मलोपसे और ब्राह्मणोंके समागम न होनेसे शूद्रत्वको पायेहैं ॥ ६ ॥ ब्राह्मण अनेक गुण संपन्न हो परन्तु उसको भक्ति न होवे तो उससे अति श्रेष्ठ शूद्र समझना ॥ ७ ॥ शूद्र जातिमें जन्म होवे उसको वैश्यत्व क्षात्रियत्व ब्राह्मणत्व सत्कर्मसे आता है ॥ ८ ॥ गुणसे वर्ण प्राप्त होता है मातापितासे वर्ण मिलता नहीं ॥ ९ ॥ सृष्टिनियमानुसार माबापसे यह मानव देहमें जो जन्म होता है सो यह प्राणी उत्पन्न भया इतनाही समझनेका है परन्तु उसकी जाति कौनसी कहै तो देहोत्पादककी जो जाति संस्कार करनेवाले उपदेश गुरुकी जो जाती यथाशास्त्र वेदादिक अध्ययनमें निष्ठासे पूर्वोक्त

मिथः ॥ संभूतिं तस्य तां विद्याद्यद्योनावभिजायते ॥ ३१० ॥ आचार्यस्त्वस्य यां जातिं विधिवद्वेदपारगः ॥ उत्पादयति सावित्र्या सा सत्या साजरामरा ॥ ११ ॥ न हायनैर्न पलितैर्न वित्तेन न बंधुभिः॥ऋषयश्चक्रिरे धर्मं योऽनूचानः स नो महान्॥१२॥विप्राणां ज्ञानतो ज्यैष्ठ्यं क्षत्रियाणां तु वीर्यतः॥ वैश्यानां धान्यधनतः शूद्राणामेव जन्मतः ॥ १३ ॥ न तेन वृद्धो भवति येनास्य पलितं शिरः ॥ यो वै युवाप्यधीयानस्तं देवाः स्थविरं विदुः ॥ १४ ॥ यथा काष्ठमयो हस्ती यथाचर्ममयो मृगः ॥ एवं विप्रोऽनधीयानस्त्रयस्ते नामधारकाः ॥ १५ ॥ ऐतरेयब्राह्मणम् ॥ १९ ॥ ऋषयो वै सरस्वत्यां सत्रमासत ते कवशमैलुषं सोमादनयन् दास्याः पुत्रः कितवोऽब्राह्मणंःकथं नो मध्ये दीक्षिष्टेति तं बहिर्धनवोदवहन् तत्रैनं पिपासाहं तु सरस्वत्या उदकमापादितो स बहिर्धनवो दुलहः पिपासाया वित्तये तदपो न प्लीयमपश्यत प्रदेवत्रा ब्रह्मणे गातुमैरतेत्त्विति तेनापाप्रियं धामो पागच्छतम्मापोऽनुदायस्तं सरस्वती समंतं पर्यधावतस्माद्धाप्यपि येतरहिपरिक्षारकमित्याचक्षते यदेनं सरस्वतिसमन्तं परिसारने वा ऋषयोऽब्रुवन् विदुषा इमं देवा उपेमं ह्वयामह इति तथेति तमुपाह्वयंतमुपहूयेतदपो नहीयम्

ब्रह्म लक्षण धर्म निष्ठतासे जो जाति वही उसकी खरी स्थायी जाति होवे१०बहुत वय होनेसे बाल सफेद होनेसे अथवा द्रव्यके वैभवसे अथवा बडे कुटुंब परिवारसे कुलवानके बडेपनेसे महत्त्व आता नहीं तब ऋषियोंने ऐसा सिद्धान्त किया है कि जो अध्ययन संपन्न वही हमलोगोंसे महान् है॥११॥१२॥ब्राह्मणोंका बडप्पन ज्ञानके ऊपर है। क्षत्रियोंका बडप्पन शूरपनसे है वैश्योंका बडप्पन धनधान्यसंपत्ती पर है। शूद्रका बडप्पन जन्मकी अवस्था ऊपरसे है ॥१३॥ जिसके सिरके बाल सफेद हुवे उसके वह वृद्ध होता नहीं परन्तु तरुण होके जो ज्ञान संपन्न होवे उसको देवता वृद्ध कहते हैं ॥१४॥जैसा लकडीका हस्ती सूखे चर्ममें घास भराहुवा चर्मका हरिण उसमें हरिणपणा वैसा विद्याहीन ब्राह्मण यह तीनों नामधारक हैं ॥ १५ ॥ एक समयमें ऋषि-

कुर्वंतः प्रदेवत्रा ब्राह्मणे गातुमैरेत्त्विति तेनापोप्रियं धामोपागच्छनुपदेवापापांप्रियं धाम गच्छत्युपदेवानां जयति परमं लोकं यथेवंवेदचैनविद्वांस्तदपोऽनाप्लीय कुरुते॥१६॥ छान्दोग्योपनिषदि सत्यकामोह जाबालो जबलां मातरमामंत्रयांचक्रे ब्रह्मचर्यं भवति विवित्स्यामि किंगोत्रोऽहमस्मीतिसाहैनमुवाचनाहमेतद्वेद तात यद्गोत्रस्त्वमसि बह्वहं चरंतीपरिचारिणी यौवने त्वामलभे साहमेतन्नवेद यद्गोत्रस्त्वमसि जाबाल तु नामाहमस्मि सत्यकामो नाम त्वमसि स सत्यकाम एव जाबालो ब्रुवीथा इति २ सहहारिद्रुमंतं गौतममेत्योवाच—ब्रह्मचर्यं भगवति वत्स्याम्युपेयां भगवंतमिति ३ तं होवाच किंगोत्रो नु सोम्यासीति सहोवाच नाहमेतद्वेद भो यद्गोत्रोऽहमस्म्यपृच्छं मातरं७ सामाप्रत्यब्रवीद्बह्वहंचरंती परिचारिणी यौवने त्वामलभेसाहमेतन्नवेदयद्गोत्रस्त्वमसि जबाला तु नामाहमस्मि सत्यकामो नातमत्वमसीति सोऽहं८ सत्यकामो जाबालोस्मि भोइति४त७ होवाच नैतदाब्राह्मणो विवक्तुमर्हतिइति ४॥१७॥ इति गुणकर्मभिरेव जातिविभागे प्रमाणानि

लगे सरस्वती नदीके किनारे ऊपर यज्ञ करतेहुवे। उसमें एक कवश अडणाव यलुश उस नामका शूद्र तैसा नीच दासीपुत्र इसका ऋषिमंडलमें प्रवेश भया तब उसके ऊपर सबोंने क्रोध किया और उसको दूर निकाल दिया फिर उसने तप किया और ब्राह्मण भया इस दृष्टांतका मूल यह है कि ब्राह्मणका ब्रह्मत्व तपादिकसे है इसवास्ते स्वधर्म अवश्य करना॥ १६॥ जाबाल नामका एक छोकरा था सो गुरुके पास विद्या सीखनेको गया। गुरुने उसको पूछा तेरी जात कौन है सो तेरी माको पूछके आ तब वह माके पास जायके पूछा सो माने कहा कि मैं स्वामीकी विना इच्छाप्रमाणसे फिरती हुई उससे तू हुआ तुझसे तेरे बापका नाम कह सकती नहीं वह उत्तर छोकरेने जैसाका वैसा गुरुसे कहा तब गुरुने कहाकि हे छोकरे! तू सत्यप्रिय है उसवास्ते तेरी जात मैं समझा तू ब्राह्मण है इस वास्ते तेरा नाम आजसे सत्यकामजाबाल ऐसा ठहराया है। तू ब्राह्मणमें अध्ययन करता जा॥१७॥ ऐसा गुण कर्मसे जातिभेद जाननेके जो प्रमाण वचन सो पूरे हुए

समाप्तानि॥अथतत्र कानिचिद्दृष्टान्तान्याह भारतेअनुशासन-पर्वणि–ततोहि ब्राह्मण्यं यातो विश्वमित्रो महातपाः॥ क्षत्त्रियः सोऽप्यथ तथा ब्राह्मवंशस्य कारकः ॥१८॥ विष्णुपुराणे चतुर्थेंशे करूषात् कारूषा महाबलाः क्षत्त्रिया बभूवुः ॥ नाभागो दिष्टपुत्रस्तु वैश्यतामगमत् पृषध्रस्तु गुरुगोवधाच्छूद्रत्वमगमत् ॥१९॥ हरिवंशे–एते त्वंगिरसः पुत्रा जाता वंशेऽथ भार्गवे ॥ ब्राह्मणाः क्षत्त्रिया वैश्याः शूद्राश्चभरतर्षभ॥एवमन्यानि वचन-प्रमाणानि श्रीभागवतादिपुराणेषु बहूनि संति ग्रंथविस्तरभ-यान्नोच्यंते एवं पूर्वोक्तवचनैरुत्तमो हीनतां झटित्येव प्राप्नोति

अब उसके ऊपर थोडे दृष्टांत भी लिखता हूं वो बडे तपस्वी विश्वामित्र क्षात्रिय थे। पीछे ब्राह्मण हुए उनसे ब्राह्मणका वंश होता भया ॥ १८ ॥ वैवस्वत मनुके पुत्रोंमें का करूष जो था उससे बलवान् कारूष क्षत्रिय पैदा भये और दिष्टका पुत्र नाभाग कर्मसे वैश्य भया और पृषध्र गुरुकी गायका वध करनेके दोषसे शूद्रत्वकूं पाया ॥ १९ ॥ भृगुवंशीय अंगिराके पुत्र ब्राह्मण क्षात्रिय वैश्य शूद्र भये हैं क्षात्रिय जो ऋषभदेव उनके पुत्र १०० थे उनमें नव महायोगी भये ८१ ब्राह्मणोत्तम भये ९ खंडपति क्षात्रिय भये मुख्य भगवद्भक्त भरतराजा भया ऐसे दूसरे अनेक वचन श्रीभागवत आदि ग्रंथोंमें हैं ग्रंथविस्तार भयसे यहां नहीं लिखता। ऐसा इस ग्रंथमें पूर्वोक्त जो वचन कहे हैं वह प्रमाणसे उत्तम वर्ण जो ब्राह्मणादिक व हीन कर्मसे तत्काल हीनत्व दशाको प्राप्त होताहै और हीनवर्ण जो शूद्रादिक वह तो कवि उनके अंतःकरणमें इर्षा न होवे (नाम ये ऐसा है तो मैं भी उसके सरीखा देखूं) और मत्सर न होवे (नाम ब्राह्मणके जगद्वंद्यादिक गुण देखके सहन न होवे उसको मत्सर कहते हैं वह न होवे) और देहके ऊपर मान अहंकार न आवे (नाम इस कालमें ब्राह्मण गुणरहित कर्म भ्रष्ट हो गया है और मैं तो सब निर्णय अच्छा जानताहूं मैं इन ब्राह्मण-लोकोंमें उत्तम हूं ऐसा देहमें अहंकार न होवे) तो वह शूद्र अपने गुणकर्मके प्रतापसे कालान्तरमें ब्राह्मण्यको पाता है। विश्वामित्रादिक सरीखा इस विना कोई शूद्र जाने कि मैं विद्यागुणसे ब्राह्मण होऊँ सो होनेका नहीं कारण रामायणादिकमें प्रसिद्ध कथा है कि विश्वामित्र बडे गुणी विद्यामें संपन्न थे। तब एक समयमें वसिष्ठके पास गये वंदन किया तब बसिष्ठने आव राजऋषि ऐसा कहा सो सुनके अंतःकरणमें इर्षा उत्पन्न भई कि अब अपने तपोबलसे बसिष्ठको जीतके ब्रह्मर्षिपना पैदाकरना ऐसा संकल्प करके जगतमें जितनी शस्त्रास्त्र

हीनस्तु यदा ईर्षामत्सरमानादिरहितश्चेद्गुणकर्मभिः कालांतरेणोत्तमतां याति विश्वामित्रादिवत्। अन्यथा नेति निश्चयः। अत एवाविच्छिन्नसंस्कारसंस्कृतः स्वकर्मकृदेव ब्राह्मण

विद्या थी उससे वसिष्ठके साथ युद्ध करनेलगे परंतु निर्विकार वसिष्ठने एक गायत्री ब्रह्मदंडसे जब शस्त्रास्त्रको जीतालिया फिर विश्वामित्रने बहुत तप किया जिनने दूसरी सृष्टि निर्माण की ऐसे प्रतापी थे परंतु वसिष्ठने उनको ब्रह्मर्षि नहीं कहा फिर विश्वामित्र एक बखत विरक्त उदास होके बैठे और अहंकार छोडके वसिष्ठके पांव पडे तब वसिष्ठने उनकी निर्विकारता देखके कहाकि आप बडे ब्रह्मर्षि हमसेभी श्रेष्ठहो इस वास्ते कारण यह है कि शुद्धांतःकरण कर्मादिकके गुणसे उत्तम गतिको पाता है अलम् इह सृष्टिमेंका कोई भी एक आधा सृष्ट पदार्थ उत्तम स्थितिमें लाना सो क्रियाका अर्थ संस्कार (सं-उत्तम प्रकारकृति) वह प्रमाणते मनुष्य प्राणी उत्तम स्थितिको प्राप्त होवे अर्थात् इसजगतमें उसका जीवित्व जीये तहांतक निरोगी सुदृढ सतेज दीर्घायुषी रहे और उत्तम ज्ञान गुणको प्राप्त होयके सुखसे और निर्विघ्नतासे व्यावहारिक और पारमार्थिक काम साधन होवे। उस वास्ते वे दोनों व्यवहारादि षोडश संस्कार (सम्यक् नियमित आचार) दिखाय दियेहैं और उन सबोंका स्पष्टीकरण प्रत्येक वेदके गृह्यसूत्रादि ग्रन्थोंमें अच्छी तरहसे किया है और उसीके प्रमाणसे पूर्वके आर्य लोक सब कर्म आचरण करते थे और शरीरसे निरोगी सुदृढ सतेज दीर्घायुष रहतेथे वैसा उत्तम ज्ञान गुणको प्राप्त होयके निर्विघ्नतासे व्यावहारिक और पारमार्थिक कर्म करके आनंदमें रहतेथे परन्तु पूर्वलोकमें सत्य और हितकारक कर्म जो गरीबसे लेके श्रीमंत तक एक सरीखी रीतिसे होसके ऐसे थे। सो बदल होके और रूपांतर करके उसपर वेदविरुद्ध मनमें आवे वैसी दुर्घट रचना करनेमें आई उससे अपने सब आर्य लोक हालके बखतमें संपूर्ण कर्मभ्रष्ट होगये हैं और वैसा होनेका मुख्य कारण मात्र इतना है कि पुरोहिता और यजमान दोनोंमें परस्पर एक एककी हित और रक्षण करनेकी श्रद्धा छोड दी उससे दोनों ऐसे दुर्घट स्थितिमें आयफंसे हैं वैसे कर्मभ्रष्टभी भये हैं इसमें किसीका अपराध निकालना रहा नहीं जैसा पुरोहितने यजमानकी हित करनेकी इच्छा छोडी वैसा दूसरी तरफ यजमानने उनका प्रतिपालन करनेके शुभ नियम और भक्ति छोडदिये। जैसे जैसे छूटतेगये वैसी वैसी पुरोहित लोकोंकी स्थिति खराब होनेलगी और निर्वाह होना भी मुश्किल होगया फिर उससे वह यजमानोंके पापसे धन निकालनेके लिये और उससे अपना निर्वाह चलानेके वास्ते नाना प्रकारकी युक्ति रचके नवीन ग्रन्थ बनाने लगे इस रीतिसे सत्यकर्मका अन्तर्भाव होने-

इति ॥ २० ॥ अथ प्रत्येकब्राह्मणज्ञातिमध्ये दशविधत्व-माह हिन्दलाद्रिखण्डे-देवो मुनिर्द्विजो राजा वैश्यःशूद्रो विडालकः ॥ कृतघ्ना म्लेच्छचांडालौ विप्रा दशविधाः स्मृताः ॥ ॥ २१ ॥ अथैषां लक्षणानि—भिक्षासनोऽध्यापकश्च सन्तुष्टो येनकेनचित् ॥ वेदशास्त्रार्थतत्त्वज्ञो विप्रो देवः प्रकीर्तितः ॥ ॥ २२ ॥ अकृष्टफलमूलाशी वनवासरतः सदा ॥ कुरुतेऽहरहः कर्म स विप्रो मुनिरुच्यते ॥ २३ ॥ तपः सत्यमहिंसा च षट् कर्माणि दिनेदिने ॥ न भवेत्काललोपश्च स वै द्विज इहो-

लगा । और उस जगह ऊपर हाल असत्य कर्म रूढीका तमाम पसारा हो रहाहै, उससे शरीर बल और बुद्धिबल इनकी वृद्धि करनेके साधन जो षोडष संस्कार कर्म छूट जानेसे दोनोंकी बलहानि होगई है और होती जाती है इस वास्ते अबसे वैसा न होवे । सब साहेबोंने सावधान होके प्राचीन शुभ कर्मोंके ऊपर आनेका प्रयत्न करना रूढिका लक्षण पहिले मैंने वर्णन कियाहै । और हालके यजमान-पुरोहित कैसे हैं ॥ (तिष्ठन्मूत्रो यजमानः धावन्मूत्रः पुरोहितः इति) ऐसे हैं परन्तु यजमान लोकोंने एक बात मुख्य ध्यानमें रखना चाहिये कि जो पुरोहित यजमानके हितके वास्ते यह वेद प्रणीत सत्य कर्म करावे उसको तन मन धनसे सदा प्रसन्न रखना चाहिये अर्थात् अन्न वस्त्रादिकसे उसको बारबार प्रतिपालन करना पडता है वैसा पुरोहितनेभी यजमानके कल्याणार्थ सत्य कर्म करानेका बोध करना यह मुख्य धर्म है हदके बाहर लोभ करना उसको घटता नहीं है (अमन्त्रकस्य यागस्य महिषी शतदक्षिणा । तवार्धं च ममार्धं च मौनं सर्वार्थसाधनम्॥) ऐसा करना नहीं। अर्थात् यजमान पुरोहित दोनोंने परस्पर हित साधक होना प्रत्येक कार्यमें लेनेदेनेका सदा निर्भै वैसा नियम रखना इस वास्ते यजमानके षोडशसंस्कार यथार्थ करना और जिसके सब संस्कार बरोबर हुये होवें वही ब्राह्मण जानना ॥२०॥ अब प्रत्येक ज्ञातिके जो ब्राह्मण हैं उस एक ज्ञातिमें भी दश दश प्रकार हैं सो कहते हैं देवनामके ब्राह्मण १ मुनि ब्राह्मण २ द्विज ब्राह्मण ३ क्षत्रिय ब्राह्मण ४ वैश्यब्राह्मण ५ शूद्रब्राह्मण ६ मार्जारब्राह्मण ७ कृतघ्नब्राह्मण ८ म्लेच्छ ब्राह्मण ९ चांडाल ब्राह्मण १० ऐसे दश प्रकारके ब्राह्मण कहे हैं ॥२१॥ अब यह दश ब्राह्मणके लक्षण कहते हैं भिक्षामांगके निर्वाह करता होवे, वेद पढता होवे, जो मिले उतनेमें सन्तोष रखता होवे, वेदशास्त्रार्थका तत्त्व जानता होवे उसको देव ब्राह्मण कहना ॥ २२ ॥ ॥ २३ ॥ ब्राह्मण तप करता है सत्य भाषण करता है जीवमात्राकी हिंसा करता नहीं है नित्य अपना षट्कर्म साधन करता है,त्रिकाल संध्यादिकमें तत्पर रहता है काल लोप

च्यते ॥ २४ ॥ अश्वादिवाहने दक्षः संग्रामे निर्भयः सदा ॥ राजविद्यासु निर्ज्ञाता स राजा ब्राह्मणः स्मृतः ॥ २५ ॥ कुसीदको वार्धुषिकः पशूनां परिपालकः ॥ कृषिवाणिज्यकर्ता च स विप्रो वैश्य उच्यते ॥ २६ ॥ स्नेहलाक्षातिला नीली क्षारं क्षीरं घृतं मधु ॥ निशादिविक्रयं कृत्वा शूद्र इत्युच्यते तदा ॥ २७ ॥ स्तेयप्रियोऽदयालुश्च दांभिको लोकवंचकः ॥ कन्याविक्रयकारी च विप्रो मार्जार उच्यते ॥ २८ ॥ भक्ष्या-भक्ष्यसमो यस्तु परदाररतोऽपि च ॥ कृत्याकृत्य न जानाति कृतघ्नो ब्राह्मणः पशुः ॥ २९ ॥ वापीकूपतडागानां क्षेत्राण च विनाशकः ॥ स्नानसंध्याविहीनश्च स विप्रो म्लेच्छ उच्य-ते ॥ ३३० ॥ क्रूरो लुब्धः प्रहर्ता च परद्रव्यापहारकः ॥ निर्दयः सर्वभूतेषु विप्रश्चांडाल उच्यते ॥ ३१ ॥ अथ ब्राह्म-

करता नहीं है उसको द्विज ब्राह्मण कहना ॥२४॥ जो ब्राह्मण घोडा हाथी रथ वगैर-हके ऊपर वाहन करनेको बडा कुशल और लडाई करनेको जो सदा निर्भय रहता है राजनीति विद्यामें जो कुशल है उसको क्षत्रिय ब्राह्मण कहना ॥२५॥ जो ब्राह्मण द्रव्यका व्याज उत्पन्न करताहै गाय बैल घोडोंका पालन करता है खेती और व्यापा-रकी दुकान लगाताहै उसको वैश्य ब्राह्मण कहना ॥ २६ ॥ जो ब्राह्मण तेल लाख तिल नील क्षार दूध घृत मधु (सहत) हरिद्रा आदि शब्द करके अनेक औषधी यह सब पदार्थोंका अगर इनमेंसे कोई एक भी पदार्थका विक्रय करताहै उसको शूद्र । ब्राह्मण कहना ॥२७॥ जो ब्राह्मण चोरी करने में प्रीति रखताहै अन्तःकरणमें दया नहीं है और दंभ दिखाताहै लोगोंको दगा देता है कन्याका धन लेताहै उसको मार्जार ब्राह्मण कहना ॥ २८ ॥ जो ब्राह्मण निंद्यानिंद्य सब पदार्थ भक्षण करताहै परस्त्रीसे संग करता है करना न करना उसका विचार करता नहीं है और उपकार मानता नहीं है उसको पशु कृतघ्न ब्राह्मण कहना ॥ २९ ॥ जो ब्राह्मण बावडी कुवां तालाव घाट तीर्थ क्षेत्रका नाश करताहै स्नान संध्या कर्मसे हीन है उसको म्लेच्छ ब्राह्मण कहना ॥ ३३० ॥ जो ब्राह्मण स्वभावसे बडा क्रूर होताहै और लोभी दूसरेको मारनेवाला परद्रव्यको चुरालेता है सर्व प्राणियोंके ऊपर निर्दय रहताहै उसको चांडाल ब्राह्मण कहना ॥ ३१ ॥ अब ब्राह्मणके बारह बडे व्रत कहते हैं ज्ञानाभ्यास १सत्य

णस्य द्वादशमहाव्रतान्याह सप्तमस्कंधव्याख्यायाम्–ज्ञानं च सत्यं च दमः श्रुतं च ह्यमात्सर्यं ह्रीस्तितिक्षाऽनुसूया॥यज्ञश्च दानं च धृतिः शमश्च महाव्रता द्वादश ब्राह्मणस्य ॥ ३२ ॥ अथ सत्पुरोहितलक्षणमुक्तं हिंगुलाद्रिखण्डे–पुरोहितः कथं भाव्यो वेत्ति भूतं भविष्यकम् ॥ शापानुग्रहकारश्च स पुरोहित उच्यते ॥३३॥ 'स एव आचार्य' इत्युच्यते ॥ अथवा आचार्यशब्देन यजमानस्यापि ग्रहणं भवति तदुक्तं कुंडसिद्धिव्याख्यायाम् । आचिनोति अर्थान् कर्मफलरूपानिति पारस्करवाक्यबलाद् व्युत्पत्तिबलाद् दानवाचनान्वारंभणवरणव्रतप्रमाणेषु यजमानं प्रति दयतीति कात्यायनवचनाच्च आचार्यो यजमान एव । अथ स्मार्तें कर्मणि कथं श्रौतकर्मावसर इति नाशंक्यं यथा श्रौतेप्यग्निहोत्रादौ–सदोपवीतिना भाव्यं सदा बद्धशिखेन चेत्याद्यविरुद्धं स्मार्तमंगीक्रियते तद्वत्स्मार्त्तेऽप्यस्मिन्कर्मणि श्रौतं ग्राह्यमेवेति ॥ ३४ ॥ अथ वर्तमानकालीनासत्पुरोहितलक्षणमाह शार्ङ्गधरपद्धतौ–पुरीषस्य च रोषस्य

भाषण २ इंद्रिय स्वाधीनरखना ३ शास्त्राभ्यास करना ४ दूसरेके उत्कर्ष देखके हर्षित होना ५ लज्जा रखना ६ सुखदुःखसहन करना ७ ईर्षा करना नहीं ८ यज्ञ करना कराना ९ दान देना लेना १० धैर्य रखना ११ मन जीतना १२ ऐसे बारह ब्राह्मणके जानना ॥३२॥अब उत्तम पुरोहितका लक्षण कहते हैं अपना पुरोहित कैसा चाहिये भूत भविष्य पदार्थको जानता होवे और शापदेनेको अनुग्रह आशीर्वाद देनेको समर्थ होवे उसको पुरोहित कहना ॥ ३३ ॥ पुरोहितको आचार्य भी कहते हैं और आचार्य शब्दसे यजमानका ग्रहण करते हैं ॥ ३४ ॥ परंतु इसकालमें पुरोहित हैं उनका लक्षण कहतेहैं धाता जो ब्रह्मदेव उन्होंने जो पुरोहित नाम स्थापन कियाहै सो चार पदार्थोंके प्रथम चार अक्षरलेके पुरोहित शब्द निर्माण कियाहै। सो चार पदार्थ कौनसे सो कहतेहैं। पुरीष नरकको कहतेहैं वो पुरीष पदार्थका प्रथमाक्षर पु लिया । बाद दूसरा अक्षर रोष कहते हैं क्रोधका नाम है उस पदार्थका प्रथमाक्षर रो लिया । अब तीसरा अक्षर हिंसा कहतेहैं जो जीवघातकरनेका नाम है उस पदार्थका प्रथमाक्षर हि लिया । अब चौथा अक्षर कहते हैं चोरका

हिंसायास्तस्करस्यच ॥ आद्याक्षराणि संगृह्य धाता चक्रे पुरोहितम् ॥ ३५ ॥ अथ मूर्खब्राह्मणनिंदा हिंगुलाद्रिखंडे–मूर्खपुत्रादपुत्रत्वं वरं वेदविदो विदुः ॥ तथापि ब्राह्मणो मूर्खःसर्वेषां निंद्य एवहि ॥ ३६ ॥ पशुवच्छूद्रवच्चैव न योग्यः सर्वकर्मसु ॥ यथा शूद्रस्तथा मूर्खब्राह्मणो नात्र संशयः ॥ ३७ ॥ न च पूज्यो न दानार्हो निंद्यश्च सर्वकर्मसु ॥ कर्षकस्तु द्विजः कार्यो न विप्रो वेदवर्जितः ॥ ३८ ॥ विना विप्रेण कर्तव्यं श्राद्धं पित्रोश्चटेन वै ॥ न तु मूर्खेण विप्रेण श्राद्धं कार्यं कदाचन ॥ ॥ ३९ ॥ आहारादधिकं चान्नं न दातव्यमपंडिते ॥ दाता नरकमाप्नोति ग्रहीता तु विशेषतः ॥ ३४० ॥ सुमूर्खस्य च विप्रस्य यस्यान्नमुदरे गतम् ॥ पच्यंते नरके घोरे सर्वे वै तस्य पूर्वजाः ॥ ४१ ॥ धिग्राज्यं तस्य वै राज्ञो यस्य देशे ह्यपंडिताः ॥ पूज्यंते ब्राह्मणा मूर्खा दानमानादिकैरपि ॥ ४२ ॥

नामहै उस पदार्थका प्रथमाक्षर तलिया ऐसा पुरोहित शब्द पूरा भया इस वास्ते बहुत करके इस कालमें कितनेक पुरोहितोंमें ऊपर लिखेहुए चारों पदार्थोंका गुण है परन्तु सभी वैसे नहीं हैं ॥ ३५ ॥ अब मूर्ख ब्राह्मणकी निंदा कहते हैं। वेदवेत्ता पुरुष ऐसा कहते हैं कि मूर्ख पुत्र होवे उससे तो अपुत्र रहना अच्छा है उसमें ब्राह्मण-जाति मूर्ख होवे तो सर्वकाल सबोंको निंद्यहै ॥ ३६ ॥ वह मूर्ख ब्राह्मण पशु सरीखा शूद्र सरीखा सब कर्ममें अयोग्य है। जैसा शूद्र वैसा मूर्ख ब्राह्मण जानना ॥३७॥ वह ब्राह्मण पूजा करनेमें और दान देनेमें योग्य नहीं है। कोई अडचन वखतमें खेती करनेवालेको ब्राह्मण करलेना परन्तु वेदमन्त्ररहित ब्राह्मणका त्याग करना ॥ ३८ ॥ पिताका श्राद्ध धर्मका चट (कुशानिर्मित ब्राह्मण) रखके ब्राह्मण विना करना योग्य है। परन्तु मूर्ख ब्राह्मण करके श्राद्ध कभी करना नहीं ॥ ३९ ॥ मूर्ख ब्राह्मणको जो दान देना सो आहार परिमित अन्नमात्र दान देना। दूसरे दान कुछ देना नहीं देनेसे नरक प्राप्त होवेगा ॥३४०॥और जो श्राद्धका अन्न मूर्ख ब्राह्मणके उदरमें गया तो वे पितृगण नरकमें पडतेहैं॥४१॥ इसवास्ते उस राजाके राज्यको धिकार है कि जिसके देशमें मूर्ख अपंडित ब्राह्मण दानमानादिकोंसे पूज्य होते

४	प.	,,	४८	बाढो २ भागे.	१ पंडित. जो.	भारद्वाज.	३	,,	,,	क्षेमप्रदा	,,	आनंद.	मित्र	
२	ई.	,,	४९	बोदाली ३ भागे.	१ व्यास २ मेहे	कश्यप.	३।३	,,	,,	उमा.	,,	महाकाल	विष्णु.	
					ता ३ जोशी.		३	,,	,,	,,	,,	,,	,,	
१०	प.	,,	५०	वछकपूर.	रावल.	भारद्वाज.	३	,,	,,	सर्वसिद्धिकरी	महोदर.	भीषण	दत्त.	
			५१	अदालाय २ भागे	१ ठाकर २ पं. पंडित	,,	३।३	,,	,,	,,	,,	,,	,,	
१३	प.	आदरयल	५२	सारधाड २ भा.	१ जोशी. २ रावल	भारद्वाज.	३।३	,,	,,	सर्वसंपत्तिकरी	महोदर	,,	मित्र	
१	पू.		५३	ढीहोदर.	रावल	भार्गव.	६	यजुर्वेद.	माध्यंदिनी.	उमा,	एकदंत.	संहार	मित्र	साभ्रमतीनदी

यो.	दि.	सं.	क्र.सं	ग्रामनाम	अवटंक	गोत्र	प्रवरसंख्या.	वेद	शाखा	कुलदेवी	गणपति	क्षवाशिव	भैरव	शर्म.
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५
१३	उ.		५४	ठीठमी.	उपाध्याय.	गर्ग	६	,,	,,	महीपालश्वरी.	सन्मुख	भाषण.	भव.	
५	प.		५५	वाकधा २ प्रा,	१जोशी२ मेहे.	शांडिल्य.	३	,,	,,	उमा	एकदंत	काल.	सोम.	
८	प.		५६	कक्कावी.	दीदित.	पाराशर.	३	,,	,,	गौरी	,,	आनंद.	मित्र.	
११	ई		५७	असराड.२भा.	१ पंडित २ जो.	शांडिल्य	३।३	,,	,,	क्षेमप्रदा.	विघ्नह	भीषण	भव	
१०	नै.		५८	कोठडी २०	१ दवे२ मेहेता.	कश्यप.	३	,,	,,	शिवा.	एकदंत	महाकाल	अग्नि.	साभ्रमतीनदी
१६	अ.		५९	पणपोरु २ भागे.	दीचित २ दवे	भारद्वाज	३	,,	,,	चामुण्डा	सन्मुख	आनन्द.	मित्र	
८	वा.		६०	देवगाम २ भा	१ ठाकर २ पंड्ये	कश्यप	३	,,	,,	उमा	एकदन्त	काल	सोम	
८	वा.		६१	ब्राह्म पागा मा,	१ पंड़ित. ठाकर	२ कश्यप ,,	३।३	,,	,,	शुभ्रा	विघ्नराज.	महाकाल	सोम.	
॥।	प.		६२	टकवा.	ठाकर.	कश्यप	३	,,	,,	,,	,,	,,	,,	
६	ई.		६३	त्रबाडी,	व्यास.	पाराशर	३	,,	,,	तपस्वरी.	महोदर.	आनंद	मित्र	
१२	ई.		६४	असलाली २	१ पंडया२ जो.	भारद्वाज	३।१	,,	,,	शुभ्रा.	,,	भीषण	भव.	सांभ्रमतीनदी
१५	अ.		६५	खोखड्ड	१ रावल २ मेहेता ,,	पाराशर.	३।३	,,	,,	उमा.	एकदंत	आनंद	मित्र	
१५	अ.		६६	भालज,	व्यास.	भारद्वाज	२	,,	,,	महालक्ष्मी	विघ्नराज.	भीषण	भव.	
८	अ		६७	पाठकाला,	पंडित,	शांडिल्य,	३				,,	भीषण.	सोम.	
४	प.		६८	अनंतपूर	मेहेंता.	भारद्वाज.	३	,,	,,	,,	,	,,	,,	
३	प.		६९	ऊटडी.	,,	,,		,,	यजुर्वेद·माध्यंदिनी.		त्रसेश्वरी	महाकाल.	दत्त.	
४।	प.		७०	रेगडी, २	१ मेहेता २ जो	,,	३	,,	,,	श्रीवा.	वक्रतुण्ड	भीषण.	मित्र.	सोम.
३॥	उ.		७१	लिगरी.	जोशी.	,,	३	,,	,,	सिद्धेश्वरी	भालचन्द्र	आनंद	मित्र.	
१६	अ.		७६	रेवनपूर.	,,	पाराशर	३	,,	,,	,,	,,	,,	,,	
५	प.		७३	मोनरल	पंडया	कश्यप	३	,,	,,	उमा	एकदंत	वटुक.	अग्नि	
२	उ		७४	पाकला.	दवे	भारद्वाज	३	,,	,,	सिद्धेश्वरी.	गजकर्ण	आनंद	अग्नि	

यो.	दि.	सं	अ.सं.	ग्रामनाम	अवटंक	गोत्र	प्रवरसंख्या.	वेद.	शाखा	कुलदेवी	गणपति	यक्षवाशिव	भैरव	शर्म
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५
३॥	द.		७५	कुकडु,	मेहेता	,,	३	,,	,,	विघ्नहरी.	एकदंत.	,,	मित्र.	
-१५	ई.		७६	सिंहपूर	रावल.	,,	३	,,	,,	क्षेमप्रदा.	विघ्नहर. .	वटुक	सोम.	
५	प.		७७	उपलोट.	जोशी,	,,	३	,,	,,	उमा	एकदंत.	आनंद.	मित्र.	
१२	वा.		७८	देहेगांम.	मेहेता	,,	३	,,	,,	विघ्नहरी	भालचन्द्र	भीषण	भव.	
१२	बा.		७९	जीहबा.	जोशी	,,	३	,,	,,	उमा	एकदंत	संहार	सोम.	
॥	द.		८०	टीटोडी.	१रावल२जोशी	,,	३	,,	,,	,,	,,	,,	,,	
			८१	घाडाडशरी	१ जोशी२ रावल	भारद्वाज	३।३।३	,,	,,	उमा.	एकदंत.	आनंद	दत्त.	
				३	२ मेहेता.									

एवंप्रकारेण मूलराजेन ५०० ब्राह्मणेभ्यः सिहोरदानानंतरं ८१ ग्रामाश्च दत्ता इति सिहोर-संप्रदायः ।

स्वमतमाह—हरिकृष्णः ॥ उदीच्यानां त्रयाणां च कन्यासंबंधभोजने ॥ कर्तव्ये नैव बाधोऽत्र सांप्रतं मार्गदर्शनात् ॥ ॥ १०९ ॥ अन्ये भेदाश्च ह्यभवन्नौदीच्यानां विशेषतः ॥ आचार्यत्वस्य योगेन स्वाचाराद्देशभेदतः ॥ ११० ॥ एषां पूर्वत्रयाणां च समूहानां परस्परम् ॥ भोजनादिकसंबंधः कर्तव्यो नेति मे मतिः ॥ १११ ॥ एतेषां सर्वविप्राणामुपनामानि ब्रूमहे ॥ पदवीगोत्रप्रवरान् सर्वेषां च पृथक् पृथक् ॥

इन तीनों ब्राह्मणोंका परस्पर भोजन और विवाहसंबंध किया तो रूढीसे और शास्त्र से बाधक नहीं है और कोई पुरुष जो बाधक कहैंगे तो हलके बखतमें गुजरात प्रांतमें औदीच्यकी कन्या टोलकियोंमें और टोलकियोंकी कन्या औदीच्योंमें हैं कितनेक प्रत्यक्ष औदीच्यके घर टोलकियोंमें आयगये हैं ॥ ९ ॥ और औदीच्य जो पहिले १०१६ आये उनको दान पुण्य दिये । बाद थोडे दिन गये पीछे और उनके संबंधी इष्ट मित्र लोग आये वह हीन जातीका आचार्यत्व करने लगे उनके लिये पूर्वोक्त तीन औदीच्योंके साथभोजनादिकंका संबंध नहीं रहा जैसे कुणबी गोर गोला गोर काछिया गोर, ग्रंथप गोर, दरजी गोर, कोली गोर, मोचीगोर ऐसे भये । और कच्छि बागडिया पारकारिया खरडी संबा झालावाडी संबा, सुखसंबा । ऐसे जो जो जिलेमें जाकर रहे और आचार सबोंका एक नहीं मिला उसके लिये संबा कहते समूह जुदा भया और मारवाडी औदीच्य भये और गुर्जर देशमें रहे उनको छोटी संबा कहते हैं । और जो मारवाड अंतर्वेदी मध्यदेश मालव यह देशमें रहे उनको बडी संबा कहते हैं । ॥१११॥अब आगे चक्रमें जो शब्द लिखे हैं उनका अर्थकहतेहैं राजाने जो दिया हुवा, सो उपनाम उसको पदवी अथवा अवटंक कहतेहैं धर्मोपदेश जो करनेवाले आचार्य उनको आचारज कहतेहैं अध्याय समीप बैठके जो पढनेवाले उनको उपाध्याय कहतेहैं । गोत्र कहते ऋषिका कुल, प्रवर कहते एक गोत्रमें जो ऋषि हो

॥ ११२ ॥ आचार्य उपाध्यायश्च याज्ञिको ज्योतिषी तथा ॥ ठक्कुरश्च त्रिपाठी च द्विवेदी दीक्षितस्तथा ॥ ११३ ॥ पुरोहितः पंडितश्च पाठकश्च महत्पदः ॥ पंचकुली भट्टसंज्ञो व्यासः शुक्लश्च रावलः ॥ ११४ ॥

गयेहैं उनकी संख्या ॥ १२ ॥ बागड पारकर यह दो परगणे कच्छदेशके उत्तर बाजू हैं यज्ञ करना करवाना उनको याज्ञिक कहतेहैं ज्योतिः शास्त्रका जो ज्ञाता उसको जोशी कहतेहैं ग्रामका जो मुख्य राजा आधिकारी उसको ठक्कुर (ठाकर) कहतेहैं तीन वेदका जो पाठ करनेवाला उसको त्रिपाठी (तरवाडी) कहतेहैं दो वेदके जो पाठ करनेवाले उनको द्विवेदी (दुबे) कहतेहैं दीक्षा देनेवालेको दीक्षित कहतेहैं ॥ १३ ॥ शास्त्र पढे हुए और पढानेवालेको पंडित पड्या कहतेहैं । गांवका जो गुरु उसको पुरोहित कहतेहैं, वेदशास्त्रका जो पारायण करनेवाला उसको पाठक कहते हैं, सरकारका जो काम करनेवाला उसको महत्पदा (मेहेता) कहते हैं पंचकुलमें जो मुख्य उसको पंचोली कहतेहैं, बडे हुशियार बहादुर मनुष्यको भट कहते हैं पुराण वाचनेवालेको पौराणिक व्यास कहते हैं शुद्ध उपजीविका करनेसे शुक्ल (शुकल) कहते हैं, राजाके गुरुको राज्यकुल्य रावल कहते हैं ॥११४॥

इति औदीच्य ब्राह्मणकी उत्पत्ति समाप्त भई प्रकरण २ ।

अथ टोलकाख्यौदीच्यब्राह्मणोत्पत्तिमाह ।

औदीच्यप्रकाशे मुनय ऊचुः ॥ ॥ स्वामिन् श्रुता कथा रम्या सहस्राणां द्विजन्मनाम् ॥ न वयं तृप्तिमापन्नास्तथाप्यत्र महामुने ॥ १ ॥ टोलकाख्याश्च विप्रेंद्रा उदीच्या ये प्रकीर्तिताः ॥ सुधर्माणश्च तेषां वै माहात्म्यं विस्तराद्वद ॥२॥ सुमेधा उवाच ॥ दानांतावसरे विप्रा नित्यं

अथ टोलकाख्यौदीच्यब्राह्मणोत्पत्तिः ।

ऋषि पूछते हैं कि हे स्वामिन् !औदीच्य सहस्र ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति श्रवण किये परंतु तृप्ति नहीं भई इसवास्ते॥१॥और टोलक ब्राह्मण जो हैं उनका माहात्म्य कहो॥२॥ तब सुमेधा ऋषि कहतेहैं सहस्र ब्राह्मणोंको ग्राम दानहुवे बाद ब्राह्मणका स्वरूप धरके

विष्णुपरायणाः । धृत्वा विप्रतनुं शंभुः प्रोवाच पृथिवीश्वरम् ॥ ३ ॥ श्रीरुद्र उवाच ॥ ब्रह्मवर्चसकामाश्च केचिन्मुनिकुमारकाः ॥ एकांते चोपविष्टाश्च संति तान् विधिवन्नृप ॥ ४ ॥ नत्वा सर्वांश्च साष्टांगं प्रगृह्याशीर्वचः परम् ॥ श्रेष्ठमंडपमासाद्य सम्यक् संपूज्य चोक्तवान् ॥५॥ तथेत्युक्त्वा महीपालस्तत्रागच्छद्विधानतः ॥ श्रुत्वासौ मधुरैर्वाक्यैः प्रणिपत्य मुहुर्मुहुः ॥ ६ ॥ श्रेष्ठमंडपमासाद्य स्वर्णपीठेषु तान् द्विजान् ॥ उपवेश्याथ विनयात्कृतांजलिरुवाच तान् ॥ ७ ॥ युष्मदीयप्रसादेन संप्राप्तं जन्मनः फलम् ॥ मया दर्शनमात्रेण तस्माद्वै द्विजसत्तमाः ॥ ८ ॥ एतद्राज्यं च देशश्च हस्त्यश्वादि परं तथा ॥ यत्किंचिद्रोचते वित्तं तद्गृह्णन्तु द्विजोत्तमाः ॥ ९ ॥ दीनस्येप्साप्रयुक्तस्य विरतस्य विशेषतः ॥ मम चानुग्रहार्थाय मत्तो गृह्णंतु वाञ्छितम् ॥ १० ॥ सुमेधा उवाच ॥ इत्थं भूपेन विप्रेंदाःस्तुतिवाक्यैर्वशीकृताः ॥ मतिं यज्ञे प्रकुर्वतः प्रोचुस्ते पृथिवीश्वरम् ॥ ११ ॥ विप्रा ऊचुः ॥ ब्रह्मवर्चसकामा हि वयं भूपात्र संस्थिताः ॥ तथा चाप्यद्य ते श्रद्धा विद्यते दानसंभवा ॥ ॥१२॥ अस्मभ्यं देहि राजेंद्र शुभान् ग्रामान् सदक्षिणान् ॥

शिवजी मूलराजाको कहतेहैं ॥ ३ ॥ हे राजा ! कितनेही मुनिपुत्र दान प्रतिग्रहके भयसे एकांत बैठे हैं उनको ॥ ४ ॥ नमस्कार करके मंडपमें लाके पूजा करो ॥ ५ ॥ तब राजा तथास्तु कहके ॥ ६ ॥ उन ब्राह्मणोंको मंडपमें लाके सुवर्णके आसनपर विठायके हाथ जोडके कहने लगे ॥ ७ ॥ हे ऋषिश्वरो ! आपके अनुग्रह दर्शनसे जन्म सफल हुवा ॥ ८ ॥ यह राज्य और देश ग्रामादिक जो चाहिये सो ग्रहण करो ॥ ९ ॥ १० ॥ ऐसा राजाका वचन सुनके नम्र वाक्यसे प्रसन्नभये सो मनमें यज्ञ करनेकी इच्छा रखके राजाको कहने लगे ॥ ११ ॥ हे राजा ! हम तो ब्रह्मतेजकी वृद्धिकी तृष्णासे यहां बैठे हैं परंतु तेरी दान करनेकी इच्छा है॥१२॥ तो हे राजा ! लोकमें जिसको खंबात कहतेहैं वो स्तंभतीर्थ सह वर्तमान अच्छे ग्रामोंका दान

पदार्थैर्विविधैः पूर्णास्तंभतीर्थान्वितान् शुभान् ॥ १३ ॥ तच्छ्रुत्वा पार्थिवो हृष्टस्तथेत्युक्त्वा ततः परम् ॥ पूजयित्वा यथान्यायं ग्रामांस्तेभ्यो ददौ द्विजाः ॥ १४ ॥ स्तंभतीर्थं पुरा प्रादाल्लोके खम्बातिसंज्ञकम् ॥ सोमपानरतेभ्यश्चषड्भ्यः षष्टि हयान्वितम् १५ स्तंभतीर्थादष्टदिक्षुब्राह्मणोऽल्पादिकान्शुभान् ॥ ब्राह्मणेभ्यो ददौ ग्रामांश्चतुर्दश नृपोत्तमः ॥ १६ ॥ एवं ते मूल-राजेन नृपेण द्विजसत्तमाः ॥ पूजिताष्टोलकाख्यास्तु संतोषं परमंगताः ॥१७॥ एकीभूत्वा स्थिताः पूर्वं लोके तस्मात्तु टोल-काः ॥ उदीच्यास्ते ध्रुवं जाता मुनिपुत्राः सुमेधसः ॥ १८ ॥ टोलकानां गोत्रशाखा वेदश्चोपपदानि च ॥ ग्रामनामानि सर्वाणि चक्रे चोक्तानि चाग्रतः ॥ १९ ॥ ततो राजा सहस्रा-ख्यान् टोलकाख्यान्सदारकान् ॥ वैडूर्यमणिसंच्छन्नैर्मुक्ता-हेमविभूषणैः ॥ २० ॥ तानलंकारयामास वस्त्राद्यैश्च नृपो-त्तमः ॥ चतुर्लक्षशुभा धेनूर्दत्त्वा पुत्रानुवाच वै ॥ २१ ॥ एते पुरौ मया दत्ते ग्रामैरेभिः समन्विते ॥ तस्माद्रक्षा प्रकर्तव्या यथा न स्यात्क्षतिःक्वचित् ॥ २२ ॥ यः पुनर्द्वेषसंयुक्तः संतापं

देव ॥ १३ ॥ तब राजा वह वचन सुनके सबोंकी पूजा करके ॥ १४ ॥ छः ब्राह्मणोंको साठ घोडे सह वर्तमान स्तंभतीर्थका अच्छीतरहसे दानकिया ॥ ॥ १५ ॥ फिर वह खंबातके अष्टदिशामें ब्राह्मणोली आदि करके चौदह ग्रामोंका दान ॥ १६ ॥ ऐसा मूलराजने उन सोलह ब्राह्मणोंको दान दिया सो बडे प्रसन्न भये ॥ १७ ॥ सब इकठे होके बैठेथे इस वास्ते वह टोलक औदीच्या ब्राह्मण भये ॥ ॥ १८ ॥ उनका गोत्र शाखादि भेद चक्रमें स्पष्ट लिखाहै सो देखना ॥ १९ ॥ फिर राजाने उन टोलकिये ब्राह्मणोंको और सहस्र ब्राह्मणोंको उनकी स्त्रियोंको भी वस्त्रालंकार बहुत दिये ॥ ॥२०॥ और चार लक्ष गो दान करके अपने पुत्रोंको कहने लगे ॥ २१ ॥ हे राजपुत्र ! यह दो बडे नगर और ग्रामोंका दान किया है इस वास्ते रक्षा करना ॥२२॥ और जो कभी द्वेषकरके उन ब्राह्मणोंको संताप दुख देगा तो उसका वंश

टोलकाख्यविप्राणां १३ पदकोष्ठकम् ।

गो.	दि.	स.	ग्रामनाम.	अवटंक	गोत्र.	प्रवर.	वेद.	शाखा.	कुलदेवी.	गणपति.	भैरव.	शर्म	नदीशिव.
		१	खंबात. २	१ पंड्या १	कृष्णात्री.	शां०	३		शुभ्रा.	वक्रतुण्ड.	काल.	सोम.	महीसागरसंगम
७	ई.	२	ब्राह्मणोली.	पंड्या.	कश्यप.		३		उमा.	एकदंत.	आनंद	मित्र.	नीलकंठकोटेश्वरौ
३	अ.	३	हरियाली.	पंड्या.	कश्यप.		३		उमा.	,,	,,	,,	,,
५	ई.	४	खेडा.	,,	,,		३		क्षेमप्रदा.	विघ्नराज.	संहार	दत्त.	वात्रखेडीसंगमेवात्रकनदी
२।	अ.	५	सिंधुवा २	१ पंड्या.	वसिष्ठ.	वच्छ.	३।३		भद्रकाली५ उमा	वक्रतुंड. एकदंत	रुरु. आनंद	दत्त मित्र.	महीनदी
८	पू.	६	कनीज.	व्यास.	पौलस्त्य.		६		गौरी	एकदंत.	भीषण,	भव.	महेश्वरीनदी.
४	ई.	७	मातर.	जानी.	शांडिल्य		३		शोभ्रा.	गजकर्ण	महाकाल.	विष्णु.	वात्रकनदी
५	उ.	८	डभाण.	उपाध्याय.	भारद्वाज		३		चामुण्डा	महोदर.	आनंद.	मित्र.	खेडीवासलीनदी
४	ई.	९	भरकुंड.	व्यास.	अंगिरस.		३		क्षेमकरी	विघ्नराज	संहार	दत्त.	वात्रकनदी
८	पू.	१०	महुधा.	व्यास.	कश्यप.		३		अन्नपूर्णा	महोदर.	आनंद.	मित्र.	महोदरनदी
३	नै.	११	ऋगुण.	जोशी.	सांकृत्य.		३		महालक्ष्मी.	गजकर्ण.	भीषण.	भव.	महीनदी
५	ई.	१२	दरेवो १	कश्यप.	कश्यप.		३		शिवा.	ढुंढीराज.	आनंद	मित्र.	खेडीनदी
			२ पुरोहित	पुरोहित	,,		३		गौरी.	,,	भीषण.	भव.	,,
८	ई.	१३	कोचरप.	व्यास.	वच्छस.		६		उमा.	एकदंत.	,,	,,	साभ्रमती.

एषां त्रयोदशपदब्राह्मणानां यजुर्वेदएव नान्योऽस्ति
एषां त्रयोदशपदब्राह्मणां माध्यंदिनी शाखा नान्यास्ति.

उत्तखंडा १ सरखेज. २ अंकलाव ३ यह तीन उपपाद रहें.

जनयिष्यति ॥ वंशच्छेदं समासाद्य गमिष्यति यमालयम् ॥ ॥ २३ ॥ एवमुक्त्वा नृपस्तत्र कृत्वा दिव्यं महत्तपः ॥ तेन विष्णुपुरं यात इति सर्वं विनिश्चितम् ॥ २४ ॥ सांप्रतभेदमाह हरिकृष्णः । त्रयोदश पादराणि तथोपपादरत्रयम् ॥ टोलकानां च विप्राणां स्मृतमेतत्पुरातनैः ॥ २५ ॥ कनीजव्यासभेदाश्च ग्रामवासेन चाभवन् ॥ जातिभेदाश्च चत्वारो मातरग्रामवासिनः ॥ २६ ॥ उपाध्याये त्रयो भेदा भट्टपंडितशुक्लकाः ॥ खेटपंडितविप्रस्य व्यासत्वमभवत्कथम् ॥ २७ ॥ तत्र जाने त्रयः शाखाः स्तंभपंडितकस्य च ॥ अन्यस्य कुलहीनत्वं कुग्रामे वासयोगतः ॥ २८ ॥ एषां माध्यंदिनी

च्छेद होयके यमलोकमें जावेगा ॥ २३ ॥ ऐसा अपने पुत्रोंको कहके राज्य सिपुर्द करके प्राची सरस्वती किनारे बडा तप करके उस पुण्यसे मूलराजा विष्णुलोकमें गये ऐसा ब्राह्मणोंका निर्णय वर्णन किया ॥ २४ ॥ यह टोलकिये ब्राह्मणोंमें चक्रमें तेरह ग्राम जो लिखेहैं उनको तेरह पादर कहतेहैं और तीन उपपादर कहे जातेहैं । एक सरखेज दूसरा उत्तरसंडा तीसरा अंकलाव ऐसे हैं । परंतु उत्तरसंडाके उपाध्याय कश्यप ऐसा लिखा है बाकी दो अवतारभेद हैं ॥२५॥ और हालमें छट्टा कनीज ग्रामके व्यास जो हैं सो अपना संस्थान छोडके अमदाबादके बिबिपरामें आयके रहे इसवास्ते वीपरा पौलस्ती कहेजातेहैं वैसे उसमेंके मेहेमदाबाद अलिदा वासणा नायका मारवाड वरिनगाँव हाटकी रड्ड धोलकाके इत्यादि स्थलोंमें जायके जो रहे सो उनस्थलोंके नाम सहित पौलस्ती कहेजातेहैं । मातरके जानिके चार भेद भये १ जाति २ भट ३ शुक्ल ४ अकचीआ ऐसे पीछाने जाते हैं ॥ २६ ॥ डंभाण ग्रामके उपाध्याय पदकी बदली होयके १भट २ पंडया ३ शुक्ल ऐसे कहे जातेहैं खेडाके पंडयाके पद बदलहोके व्यास भयेहैं और यजुर्वेद छोडके ऋग्वेदी भयेहैं उसका कारण मालूम नहीं पडा ॥ २७ ॥ खंबादके कृष्ण त्रिपंडया त्रिपंडयाकी तीन शाखा भईहैं १पांचा २ दसा ३वीसा ऐसी हैं ब्राह्मणोंमें मोला पंडया जो हैं सो पूर्वमें तो उत्तम थे परंतु अविद्वत्ता कुग्रामवासके कारण हीन कुलको पायेहैं ॥२८॥ इन टोलकिये सब ब्राह्मणोंकी यजुर्वेद माध्यंदीनी

शाखा यजुर्वेदक एव च ॥ अन्यशाखायुतं विप्रं जानीया-
त्स्थलसंभवम् ॥ २९ ॥

इति श्रीबृहज्ज्योतिषार्णवे षष्ठे मिश्रस्कन्धे ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडाख्ये षोड-
शाध्याये टोलकब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ ३ ॥

शाखा है । और जो कभी दूसरी शाखा दीख पडे तो वह सिद्धपुर संप्रदायमेंसे
आये जानना ॥ २९ ॥॥

इति टोलकब्राह्मणोंकी उत्पत्तिप्रकरणं संपूर्ण भया ॥ ३ ॥

अथ श्रीमालि ब्राह्मण त्रागड ब्राह्मणकी उत्पत्ति कहते हैं ।

श्रीगणेशाय नमः ॥ अथ स्कंदोपपुराणे कल्याणखंडे श्रीमा-
लब्राह्मणश्रीमालिवणिक्पोरवालादिवणिग्वैश्यानामुत्पत्तिसा-
रः प्रोच्यते ॥ स्कंद उवाच ॥ देवदेव पुनर्ब्रूहि भूभागं किंचिदु-
त्तमम् ॥ यत्र ब्रह्मादयो देवा गोविंदश्च श्रिया सह ॥ १ ॥
क्रीडंति सर्वदेवाश्च शैलपुत्र्या समं भवान् ॥ श्रीईश्वर उवा-
च ॥ साधु पृष्टं त्वया वत्स भागं श्रेयस्करं भुवि ॥ २ ॥
प्रवक्ष्यामि यथातत्त्वं शृणुष्व गदतो मम ॥ यौवनाश्वसुतो
राजा मांधातेति श्रुतो भुवि ॥ ३ ॥ तस्मिञ् शासति धर्मज्ञे
द्रष्टुकामो मुनिर्ययौ ॥ वसिष्ठो भार्यया सार्धं तदा राजाति-
हर्षितः ॥ ४ ॥ मांधाता प्रणिपत्याह स्वागतं सफलं च मे ॥
जीवितं मुनिशार्दूल किमागमनकारणम् ॥ ५ ॥

अब स्कांदोपपुराणके शंकर संहिताख्य तृतीय परिच्छेदके कल्याणखंडमें श्रीमाली
ब्राह्मण और बनियोंकी उत्पत्ति सविस्तार कहीहै उसका सार निकालके यह दिखाता
हूं। स्कंद शिवको पूछते हैं कि सब देवता और विष्णु लक्ष्मी सह वर्तमान कौनसी
भूमिमें क्रीडा करतेहैं उस क्षेत्रका वर्णन करो॥१॥तब शिव कहतेहैं हे पुत्र! श्रवणकर
मै कहताहूं ॥२॥ एक समयमें वशिष्ठमुनि स्त्री सह वर्तमान मांधाता राजाके घरको
आये उस बखत राजाने ॥ ३ ॥४॥ बहु सन्मान करके आनेका कारण पूछा ॥५॥

वशिष्ठउवाच ॥ स्थानादागमनं यस्मादस्माकं तच्छृणुष्वभोः अर्बुदारण्यमतुलं तीर्थकोटिसमन्वितम् ॥ ६ ॥ अस्ति तत्राश्रमोऽस्माकं तत्र सप्तर्षयोऽमलाः ॥ प्राप्तास्तीर्थावगाहाय ततः सौगंधिकंगिरिम् ॥७॥ अथाजगामदेवर्षिरस्मान् सर्वानुवाचवै ॥ आगच्छत मुनिश्रेष्ठा गच्छामो गौतमाश्रमम् ॥८॥ यः प्रसादेन पद्मायाः पंचक्रोशप्रमाणतः ॥ श्रीमालं क्षेत्रमित्यासीद्विश्रुतो भूमिमण्डले ॥ ९ ॥ तत्र तीर्थानि भूयांसि तदागच्छत पश्यत ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ ऋषेर्वचनमाकर्ण्य वयं सप्तर्षयो नृप ॥ ॥ १० ॥ मुदिता व्योममार्गेण गौतमाश्रममागताः ॥ विगाह्य सुचिरं कालं स्नात्वा पीत्वा च सर्वतः ॥ ११ ॥ यथास्थान ययुः सर्वे मुनयो दीर्घदर्शिनः ॥ चिरात्त्वद्दर्शनाकांक्षीहपादिह समागतः ॥ १२ ॥ तद्गौतमतपस्तोमनिर्धूतकलुषः पुरा ॥ वरदानैः श्रियः पश्चात्क्षेत्रं श्रीमालमुच्यते ॥ १३ ॥ प्रथमः मांधाता उवाच ॥ कथं तदभवत्क्षेत्रं दिव्यं श्रीमालसंज्ञया ॥ कथं तत्रागता लक्ष्मीर्देवी तुष्टा वरं ददौ ॥ १४ ॥ कथं तत्र तपस्तेपे गौतमो तद्वदस्व नः ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ शृणुष्वावहितो राजन् शुचिस्तद्गतमानसः ॥ १५ ॥ पुरा स गौतमः शिष्यैर्हिमालयसमीपतः ॥ भृगुतुंगं समासाद्य चचार

तब वशिष्ठ कहते हैं हे राजा ! मेरा आश्रम अर्बुदारण्यमें है वहां सप्तऋषि आये फिर उनके साथ सौगांधिक पर्वतके ऊपर मैं आया ॥ ६ ॥ ७ ॥ इतनेमें वहां नारद आये और कहा कि गौतमऋषिके आश्रममें चलो । जहां पांच कोसके प्रमाणसे श्रीमाल क्षेत्र है ॥ ८ ॥ ९ ॥ ऐसा नारदका वचन सुनके बडे हर्षसे वहां स्नान किये । जलपान किये । बहुत दिन रहेके बाद ॥ १० ॥ ११ ॥ वह सप्तर्षि तो अपने अपने आश्रममें गये और हे मान्धाता ! बहुत दिन भये इससे तुमको देखनेको आया हूं ॥ १२ ॥ वह आश्रम गौतमकी तपश्चर्यासे बडा पवित्र है । और लक्ष्मीके वरदानसे श्रीमालक्षेत्र उसका नाम भया है ॥ १३ ॥ तब मांधाता पूछते हैं हे वशिष्ठ ! उस क्षेत्रकी श्रीमाल संज्ञा किस हेतु भई और गौतमने तपश्चर्या कैसी की सो कहो ॥ १४ ॥ वशिष्ठ कहते हैं हे

सुमहत्तपः ॥ १६ ॥ एवं गते वर्षशते त्रिशूली दर्शनं ययौ ॥ स दृष्ट्वा पुरतो देवं तुष्टाव गौतमस्तदा ॥ १७ ॥ नमस्ते जगतां नाथ नमस्ते प्रमथाधिप ॥ तदादिश वनं शैलं तीर्थं वा क्षेत्र-मुत्तमम् ॥ १८ ॥ यत्र स्थितो महादेव करोमि गतभीस्तपः ॥ किं तु शापावधिः कालः प्रियाया वर्त्तते किल ॥ १९ ॥ आयांतु सर्वतीर्थानि सरितश्च सरांसि च ॥ शिव उवाच ॥ साधु गौतम भद्रं ते प्रसन्नः कथयाम्यहम् ॥ स्थानं ते तपसो योग्यं देवानामपि दुर्लभम् ॥ २० ॥ यत्र मया तपस्तप्तं त्रिपु-रक्षयकांक्षिणा ॥ अस्मात्सौगंधिकादद्रेरुत्तरस्यां दिशि द्विजः ॥ २१ ॥ वायव्यामर्बुदारण्यात्सिद्धगन्धर्वसेवितम् ॥ सुस-रह्यंबकं नाम तत्र त्वं याहि गौतम ॥ २२ ॥ इत्युक्त्वांर्दधे शम्भुर्गौतमस्तत्र चाययौ ॥ समं शिष्यगणैश्चैव चिकीर्षुर्दुस्तरं तपः ॥ २३ ॥ उत्तंकशिष्येण सह वनशोभां निरीक्ष्य च ॥ त्र्यंबकाख्यसरोभ्याशे दृष्ट्वा स्थलमयेऽपि च ॥ २४ ॥ आगतो गौतमः पश्चान्नारदस्योपदेशतः ॥ पञ्चगव्यूतिमात्रं तद्रम्यं वरुणकाननम् ॥२५॥ तत्र शालां सुनिर्माय स चक्रे दुश्चरं तपः ॥ दह्यमानाश्च तपसा केशविष्ण्वादिदेवताः ॥

राजा ! पहिले गौतम ऋषिने हिमालयके नजीक भृगुतुंग क्षेत्रसे श्रीशिवकी आरा-धना की ॥ १५ ॥ १६ ॥ तब बहुत वर्षगये बाद श्रीशिवजीने दर्शन दिये ॥ १७ ॥ तब गौतमने स्तुति करके मांगा कि जहां निर्भय होके तपश्चर्या करूं वैसी तीर्थक्षेत्र वा पर्वत दिखाय और मेरी स्त्रीका भी शापोद्धारका समय आया है ॥ १८ ॥ ॥ १९ ॥ तब शिव कहते हैं हे गौतम ! तुमको स्थान बताता हूं ॥ २० ॥ जहां मैंने तप किया है वह सौगंधिक पर्वतके उत्तर ॥२१॥ और अर्बुदारण्यके वायव्यकी तरफ त्र्यंबक सरोवर है वहां जाओ ॥ २२ ॥ इतना कहके शिव अंतर्धान भये बाद गौतम तथा त्र्यंबक सरोवरके पास आये वहां स्थलका संस्कार देखके ॥२३॥२४॥ उसके नजदीक दश कोसके ऊपर वरुणका वन था यहां आयके बहुत तप किये तथा

॥ २६ ॥ देवा ऊचुः ॥ वरं वरय देवर्षे यत्ते मनसि वर्त्तते ॥ अस्माच्च तपसो घोरात् क्षिप्रं विरम गौतम ॥ २७ ॥ गौतम उवाच ॥ यदि तुष्टो महेशान मम देवाः सकेशवाः ॥ वृणोमि वरमेनं तु प्रीता शृण्वंतु देवताः ॥ २८ ॥ आश्रमोऽयंममैवास्तु नाम्ना ख्यातो जगत्त्रये ॥ ब्रह्मविष्णवादिदेवानांस्थितिरत्रास्तु शाश्वती ॥ २९ ॥ ब्रह्मेशकेशवा ऊचुः ॥ अद्य प्रभृति विप्रर्षे गौतमाश्रमसंज्ञया ॥ विख्यातमिदमुच्चैश्च तीर्थं लोके भविष्यति ॥ ३० ॥ माघे मासेऽसिते पक्षे चतुर्दश्यां हि ये नराः ॥ स्नानेन श्राद्धदानैश्च मुक्तिरत्र न संशयः ॥ ३१ ॥ पञ्चगव्यूतिमात्रोऽयं मुनिश्रेष्ठ तवाश्रमः ॥ गयाशीर्षसमो लोके भविष्यति न संशयः ॥ ३२ ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ इत्युक्त्वांतर्दधे देवा गौतमो भार्यया सह ॥ न्यवात्सीत्तत्र हर्षेण स्वाश्रमे गौतमाभिधे ॥ ३३ ॥ एकतस्त्र्यंबकसरश्चैकतो गौतमाश्रमः ॥ अत्रान्तरे तनुत्यागान्न भूयो जायते नरः ॥ ३४ ॥ चतुर्थः ॥ अत्राश्चर्यमभूत्पूर्वमाश्रमे तच्छृणुष्वह ॥ यज्ञशीलस्य विप्रस्य भक्तिभावेन गौतमी ॥ ३५ ॥ स्नानं कारयितुं यत्र चागता सिंहगे गुरौ ॥ यत्र स्नानं करिष्यंति सिंहस्थे सुरमंत्रिणि ॥ ३६ ॥ तेषां गोदावरीस्नानं फलं पूर्णं भविष्यति ॥ श्रीमालवासिनो धन्या ये वसंति वराश्रमे ॥ ३७ ॥ पञ्चमः ॥ माधांतोवाच ॥ यथा श्रीमालतां प्राप्तो देवर्षे गौतमाश्रमः ॥

तपोबलसे ब्रह्मा विष्णु रुद्रादि देवता प्रसन्न होयके वरदान मांगो ऐसा कहने लगे ॥ २५ ॥ २६ ॥ २७ ॥ तब गौतमने कहा कि ॥ २८ ॥ यह आश्रम मेरे नामसे विख्यात हो और यहां सब देवता निवास करो ॥२९॥ तब देवता कहतेहैं कि आज दिनसे यह क्षेत्र गौतमाश्रम नामसे विख्यात होगा ॥ ३० ॥ और गयाक्षेत्र तुल्य होगा ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ ऐसा कहके देव अन्तर्धान हुए बाद गौतम अपनी स्त्री सह वर्तमान वहां वास करते भये ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ सिंहस्थ गुरुमें जहां स्नान करनेसे गोदावरी स्नानका पुण्य होताहै ॥३६॥३७॥ मान्धाता पूछते हैं कि हे वासिष्ठ

तन्निवेदय मे सर्वं विचित्राणीह भाषसे ॥ ३८ ॥ वशिष्ठ-उवाच ॥ पुरा भृगोः समुत्पन्ना श्रीःख्याता कुलभूपते ॥ अद्वैत-रूपिणी कन्या नास्ति तत्सदृशी भुवि ॥ ३९ ॥ नित्यं विचिं-तयामास कस्मै देयेति वै भृगुः ॥ एकस्मिन् दिवसे तत्र प्राप्तो वै नारदो मुनिः ॥ ४० ॥ भृगोर्मानसिकं श्रुत्वा विचारं तद-नन्तरम् ॥ श्रिया विवाहं घटितुं गतो वैकुंठमंदिरे ॥ ४१ ॥ मुनिर्विज्ञापयामास वासुदेव जगद्गुरो ॥ भृगुगेहे समुत्पन्नां प्रेयसीं स्मरसे न किम् ॥ ४२ ॥ तामुद्वह महालक्ष्मीं लोका-भ्युदयकारिणीम् ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ संकल्पोऽयं हृदि पुरा देवर्षे मम वर्त्तते ॥ ४३ ॥ तत्करिष्ये यथात्थ त्वं मम मान्या यतो द्विजाः ॥ माघस्य विमले पक्षे पुण्ये चैकादशीदिने ॥ ॥ ४४ ॥ नक्षत्रे सोमदैवत्ये उद्वोढास्मि भृगोः सुताम् ॥ तन्निश्यम्य मुनिर्वाक्यं भृगोर्गत्वा न्यवेदयत् ॥ ४५ ॥ ब्रह्मादि देवान् प्रोवाच विवाहोत्सवनिश्चयम् ॥ तदा ते त्रिदशाः सर्वे प्राप्तास्तत्र महोत्सवे ॥ ४६ ॥ अथ कमलजसम्भवानुयोगा-ज्ज्वलति हविर्भुजि कैटभारिदेवः ॥ भृगुदुहितुर्मृदुपाणिपुण्ड-रीकं सह मनसा समुपाग्रहीद्रमेशः ॥ ४७ ॥ प्रदक्षिणीकृत्य स वेदिमध्ये हुताशनं श्रीरमणः स्वयंभूः ॥ उत्संगमारोप्य भृगो स्तनूजां जगत्पतिगतमियेष राजन् ॥ ४८ ॥ सप्तमः ॥

गौतमाश्रमका श्रीमालक्षेत्र नाम कैसे भया सो कहो ॥ तब वासिष्ठ कहतेहैं पहले भृगु ऋषिको अद्वैतरूपिणी श्रीनामकी कन्या भई सो कन्या विष्णुको देना ऐसी चिन्ता करने लगे ॥ ३९ ॥ ४० ॥ इतनेमें नारद आयके यह कन्या विष्णुको देना ऐसा भृगुका विचार मनका जानके वैकुंठमें जायके ॥४१॥ विष्णुको वृत्तांत कहा ॥४२॥ तब विष्णुने नारदके वचन सुनके ब्रह्मादिक देवताओंको लेके माघ शुक्ल ११ एकाद-शीके दिनं भृगुके आश्रममें आयके उस कन्याका सविधि पाणिग्रहण किया ॥४३॥ ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ और कन्याको अपने उत्संगके ऊपर बिठायके वैकुंठमें जानेका विचार किया ॥ ४८ ॥ इतनेमें नारद कहतेहैं कि हे विष्ण ! यह दे-

इत्येवं क्रमतस्तस्य वचनं प्राह नारदः ॥ हे प्रभो श्रीरियंदेवी नात्मानं वेत्ति तत्त्वतः ॥ ४९ ॥ करोतु तदिह स्नानं त्र्यंबकस्य जलाशये॥हित्वा मानुष्यजं भावमात्मज्ञानमुपेयुषी ॥ ५० ॥ वशिष्ठ उवाच॥ नारदस्य वचः श्रुत्वा गोविंदो विदिताशयः॥ विमानवृन्दानुगतः प्राप्तव्यं त्र्यंबकं सरः ॥ ५१ ॥ हरिः सरोवरिष्ठं तद्विजगाह सह श्रिया ॥ तदा वै कोटिशो देवास्तुष्टुवुः समहर्षयः ॥ ५२ ॥ अथ च स्नानमात्रेण तस्या मानुष्यचेष्टितम्॥अपागमन्महीपाल देवत्वं चाभ्यवर्तत ॥ ५३ ॥ देवा ऊचु ॥भृगोः कुले समुत्पन्ना हिताय जगतामिह ॥ तव प्रसादनार्थाय वरं यच्छंति देवताः ॥ ५४ ॥ श्रीरुवाच ॥ वरेण्या यदि मे देवा वरार्हा यदि वाप्यहम्॥तदिदं श्रूयतां देवा मम मानसिकं मतम् ॥ ५५ ॥ विमानैर्भवतां यद्वदियं भूमिर्विभूषिता॥सौधैः परिवृता तद्वत्कर्तुमिच्छामि सांप्रतम् ॥ ५६ ॥ अत्रर्षयो महात्मानो नानागोत्रास्तपस्विनः ॥ सह पत्नीभिरायांतु पुत्रैः शिष्यैः समावृताः ॥ ५७ ॥ इमां भूमिं प्रदास्यामि ब्राह्मणेभ्य समाहिताम्॥अत्रांशेन ममैवास्तु निवासः

वीनें अपना स्वरूप पहचाना नहीं है । त्र्यंबक सरोवरमें स्नान करवाओ उससे मनुष्यभाव दूर होयके आत्मज्ञान होवेगा ॥ ४९ ॥ ५० ॥ ऐसा नारदका वचन सुनके उस सरोवरमें ॥ ५१ ॥ लक्ष्मीसह वर्तमान विष्णुने स्नान किया तब करोंडों देवता और ऋषि स्तवन करने लगे ॥५२॥ उस स्नानसे मनुष्यभाव जायके देवत्व प्राप्त भया ॥ ५३ ॥ तब सब देवता कहने लगे कि हे देवी ! जगत्के कल्याणार्थ भृगुकुलमें आप प्रकटभई हो सो सब देवता वरदान देतेहैं सो मांगो ॥ ५४ ॥ तब श्रीलक्ष्मी कहतीहैं,कि हे देवताओ! जो कभी आप बरदान देते हो तो जैसी देवताओंके विमानोंसे यह पृथ्वी शोभायमान है वैसी घरोंसे शोभायमान करनेकी इच्छाहै५५॥५६॥ और नाना गोत्रके ऋषीश्वर अपने अपने स्त्रीपुत्र शिष्योंको साथ लेके आवें उनको इसपृथ्वीका दान करतीहूं ॥५७॥ और यहां मेराभी अंशसे निवास रहेगा ॥ ५८ ॥

शाश्वतीः समाः ॥ ५८ ॥ विष्णुरुवाच ॥ त्वं देवी परमा शक्तिर्यदिच्छसि तथा कुरु ॥ इत्याख्याय चतुर्बाहुरवोचत प्रियैषिणः ॥ ५९ ॥ भोभोः प्रयात त्वरितं दिक्षु सर्वास्वतंद्रिताः ॥ ये केचिन्मुनयः संति तानानयत चादरात् ॥ ६० ॥ इत्यादिष्टा गताः सर्वे समानेतुं द्विजान् गणाः ॥ गतेस्वथगणौघेषु विष्णुः प्रोवाच शिल्पिनम् ॥ ६१ ॥ अत्र सौधानि दिव्यानि कुरु क्षिप्रमतंद्रितः ॥ अष्टमः ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ अथ स्नानं द्विजेंद्राणां पुरंदरपुरोपमम् ॥ ६२ ॥ पुरं निमेषमात्रेणविश्वकर्माविनिर्ममे ॥ दृष्ट्वा च नगरं रम्यं श्रीविष्णू मुदितावुभौ ॥ ६३ ॥ अथ ब्रह्मा पुरं दृष्ट्वा नत्वोवाच श्रियं प्रति ॥ ब्रह्मोवाच ॥ श्रियमुद्दिश्य मालाभिरावृता भूरियं सुरैः ॥ ॥ ६४ ॥ ततः श्रीमालनाम्ना तु लोके ख्यातमिदं पुरम् ॥ इति दत्त्वा वरं देव्यै तस्थुर्ब्रह्मादिदेवताः ॥ ६५ ॥ ऋषिपुत्रागमोत्कंठां बिभ्रतो ह्यवतस्थिरे ॥ ऋषिपुत्रानुपादाय प्राप्ता हरिगणास्तदा ॥ ६६ ॥ सर्वे वेदव्रतस्नाताः कृतदारपरिग्रहाः ॥ स्रग्विणो दंडिनः शांता बिभ्राणाश्च कमंडलून् ॥ ६७ ॥ शतानि पंच कौशक्यां द्विजेंद्राणामथाययुः गंगाया अयुतं

विष्णु भी कहतेहैं कि हे देवि ! तू परमशक्ति है । तेरी इच्छामें आवे वैसा कर । ऐसा कहके अपने दूतोंको कहा कि ॥ ५९ ॥ तुम सब दिशाओंमेंसे मुनीश्वरोंको लावो ऐसी आज्ञा देके भेजे ॥ ६० ॥ बाद विश्वकर्माको बुलायके कहा कि बडेबडे घर सहवर्तमान एक नगर बनाओ ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ तब विश्वकर्माने क्षणमात्रमें इंद्रपुरीसमान नगर बनाया उसको देखके विष्णु लक्ष्मी प्रसन्नभये ॥ ६३ ॥ ब्रह्माभी उस नगरको देखके लक्ष्मीको कहते हैं हे लक्ष्मी ! श्रीका उद्देश करके देवताओंकी विमान मालासे यह पृथ्वी व्याप्त भई है इसवास्ते ॥ ६४ ॥ श्रीमाल नामसे यह नगर लोकमें प्रसिद्ध होवेगा।ऐसा वरदान देके ब्रह्मा और सब देव खडेरहेहैं उतनेमें विष्णुगण जो गयेथे सो मुनीश्वरोंको लेके आये ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ सो सब वेदव्रतमें निपुण और सपत्नीक शांतवृत्ति दंड कमण्डलुयुक्त हैं ॥ ६७ ॥ अब कौन कौनसे क्षेत्रमेंसे आयेहैं सो कहते हैं

चैकं यत्र ईजे भगीरथः ॥ ६८ ॥ गयाशीर्षात्तथा पंच शतानि श्रुतिशालिनाम् ॥ गिरेः कलिंजरात्सप्त शतानि गतपाप्मनाम् ॥ ६९ ॥ त्रिशतं वै महेंद्राच्च सहस्रं मलयाचलात् ॥ शतानि पञ्च चेष्टायाः शर्वतीरात्त्वरान्विताः ॥ ७० ॥ वेदिशूर्पारकादष्टौ शतान्यष्टाधिकानि च ॥ श्रीगोकर्णादुदक् श्रेष्ठात् सहस्रं भावितात्मनाम् ॥ ७१ ॥ राजन् गोदावरीतीरात्प्राप्तमष्टोत्तरं शतम् ॥ प्रभासादाययुर्विप्रा द्वात्रिंशदधिकं शतम् ॥ ॥ ७२ ॥ उज्जयंतादथो शैलादागतं चोत्तरं शतम् ॥ तदात्मकं तु कन्यायाः शतमेकं दशोत्तरम् ॥ ७३ ॥ गोमतीपुलिनाद्दूाभ्यामधिका सप्तसप्ततिः ॥ समीयुः सोमपाः श्रेष्ठाः सहस्रं नंदिवर्धनात् ॥ ७४ ॥ शतं सौगंधिकादद्रेराजगाम द्विजन्मनाम् ॥ पुष्कराख्याच्च देशाद्वै ह्यधिका च चतुश्शती ॥७५॥ वैडूर्यशिखरादद्रेः शतान्यष्टौ तथा दश ॥ च्यवनस्याश्रमात्पुण्यात्पंचाशदधिकं शतम् ॥७६॥गङ्गाद्वारात्सहस्रं वै ऋषिपुत्राः समाययुः ॥ पुरोश्च पर्वतश्रेष्ठात्सहस्रं वै द्विजन्मनाम् ॥ ॥ ७७ ॥ गंगायमुनयोः संगादागान्मुनिशतद्वयम् ॥ श्वेतकेतोः शतान्यष्टौ द्विजानामागमंस्तदा ॥७८॥ सहस्रं तु कुरुक्षेत्रात्पृथूदकनिषेविणाम् ॥ श्रीजामदग्न्यपंचभ्यो नदेभ्योऽष्टोत्तरं शतम् ॥ ७९ ॥ यत्र चाद्रिर्हेमकूटस्ततः प्राप्तं शतत्रयम् ॥ श्रीमतात्सप्तसहस्राणि तिग्मांशुशुभ्रतेजसाम् ॥ ८० ॥ सहस्रंतुंगकारुण्यादागतंगतपाप्मनाम् ॥ तस्मात्त्रीणिसहस्राणि कौशिक्या ह्यागतं तटात् ॥ ८१ ॥ मेधादिका नृपश्रेष्ठ शतानि नव वै द्विजाः ॥ सरय्वाः सिंधुवर्यायाः सहस्रमधिकं

कौशिकी नदी भागीरथी गया क्षेत्र आदि लेके अवंती पर्यंत तैंतालीस ४३ तीर्थ क्षेत्रोंमेंसे सब मिलके ४५००० पैतालीस हजार और दूसरी गिनतीसे ९००० ज्यादा ब्राह्मण आये ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ ७० ॥ ७१ ॥ ७२ ॥ ७३ ॥ ७४ ॥ ७५ ॥

शतम् ॥ ८२ ॥ सोमाश्रमाह्वयाद्राजन् सहस्रं सोमयाजिनाम् ॥ नदीशतेभ्यः पञ्चभ्यो गंगासागरसंगमे ॥ ८३ ॥ सहस्रे द्वे तथा पंचशतानीयुर्द्विजन्मनाम् ॥ शमीकस्याश्रमात्पुण्यात्सहस्रं द्विशताधिकम् ॥ ८४ ॥ नारीतीर्थादपि प्राप्तं सहस्रं पञ्चभिर्युतम् ॥ पंचचैत्ररथाद्भूप सहस्राणि समाययुः ॥ ॥ ८५ ॥ नरतीर्थाच्छतान्यष्टौ प्राप्तानि परमौजसाम् ॥ ततो विनशनादष्टौ शतानि त्रीणि नंद च ॥ ८६ ॥ विशल्यायाश्च गंडक्याः सहस्रं वै द्विजन्मनाम् ॥ सरितः किं पुनाख्यायाः सार्धं शतचतुष्टयम् ॥ ८७ ॥ ब्रह्मतीर्थादुपेतानि शतानि त्रीणि तत्र च ॥ शतानि सप्त तत्रैव धर्मारण्यादथाययुः ॥ ८८ ॥ शतसाहस्रकात्तीर्थादागतं तु शतत्रयम् ॥ अवंतिविषयात्पंच शतानि ब्रह्मवादिनाम् ॥ ८९ ॥ आगतांस्तान्मुनीन्दृष्ट्वा लक्ष्मीं प्रोवाच वै हरिः ॥ समवेतान् द्विजान् पश्य नानागोत्रान् मनीषिणः ॥ ९० ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ तदा तान् ब्राह्मणान् श्रेष्ठानवलोक्य हरिप्रिया ॥ स्वागतं वोऽस्त्विति प्रोच्य तत्रोपावेशयद्द्विजान् ॥९१॥ आसनेषूपविष्टास्ते तद्दृशुः पुरतः पुरम्॥पंचयोजनविस्तीर्णं मणिरत्नादिनिर्मितम् ॥ ९२ ॥ वयोवृद्धं तपोवृद्धं विद्यावृद्धं तपोधनम् ॥ गौतमं ते नमस्कृत्य सोमपाः समुपाविशन् ॥ ९३ ॥ दशमः ॥ अथागतेषु विप्रेषु श्रीरुवाच जनार्दनम्॥ श्रीरुवाच॥ कथं पूज्या द्विजाह्येते कथं देयं पुरं मया ॥ ९४ ॥ विष्णु-

॥ ७६ ॥ ७७ ॥ ७८ ॥ ७९ ॥ ८० ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ ८९॥ उनको देखके विष्णु लक्ष्मीको कहते हैं कि हे देवि ! अनेक गोत्रके ब्राह्मण आये हैं सो देख ॥ ९० ॥ तब लक्ष्मीने उनका बहुत सन्मान किया ॥ ९१ ॥ बाद वे सब ऋषि सामने बीस कोसका बडा विस्तीर्ण नगर देखके हर्षित होके ॥९२॥ वयोवृद्ध तपोवृद्ध गौतम ऋषिको नमस्कार करके आसनोंके ऊपर बैठे ॥९३॥ तब लक्ष्मी विष्णुको पूछती हैं कि इनको नगरदान कैसा करना ॥९४॥ तब विष्णु कहतेहैं कि प्रत्येक घरोंमें अन्न

रुवाच ॥ उपहारादिभिर्गेहान् संपूर्य विधिवत्ततः ॥ अर्घ्यादिना च संपूज्य ततो दानं प्रशस्यते ॥ ९५ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ पंचाशदिह पंचोना सहस्राणि द्विजन्मनाम् ॥ यं वेत्सि वरमे तेषामर्घ्यं तस्मै कुरु प्रभो ॥ ९६ ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ तदाग्रपूजा कस्यैव कर्त्तव्येति विचारणे ॥ विप्राः सारस्वताश्चात्र तथा चांगिरसा द्विजाः ॥ ९७ ॥ प्रोचुरेवाग्रपूजायां गौतमोऽर्घमिहार्हति ॥ इत्येवं सुरविप्रर्षैस्तूयमाने हि गौतमे ॥ ९८ ॥ ऊचुरीर्ष्यालवः केचित्सैंधवारण्यवासिनः ॥ भो भो गौतम केनास्मच्छ्रेष्ठोऽसित्वं गुणेन वै ॥९९॥तद्ब्रूहि यदि वेदेषु प्रावीण्यमवलंबसे ॥ इति तेषां वचः श्रुत्वाहंकारवशवर्त्तिनाम् ॥ ॥१००॥ राजन्नांगिरसाः सर्वे ऊचुस्तान् सिन्धुजान् द्विजान् ॥ आंगिरसा ऊचुः ॥ यथायमान्यतांप्राप्तः स्वैर्गुणैश्च मुनीश्वरः १ तमृषिं द्विषतो युष्मान्न वेदःसंश्रयिष्यति ॥ इत्थमांगिरसैर्विप्रैर्वेदबाह्याः कृता नृप ॥२॥ सिंधुदेशं तदा जग्मुः सैंधवारण्यवासिनः ॥ गतेषु तेषु भगवान्दत्त्वार्घ्यं गौतमाय च ॥ ३ ॥

वस्त्र अलंकार उपसाहित्य भरके बाद ब्राह्मणोंकी अर्घ्यपाद्य पूजा करके फिर दान देना ॥ ९५ ॥ ब्रह्मा कहते हैं यहां ४९ पैतालीस हजार ब्राह्मणोंमें जिनको श्रेष्ठ मानो उनकी पूजा आगे करो ॥ ९६ ॥ तब अग्रपूजा किसकी करना ऐसा विचार करने लगे । उतनेमें सारस्वत ब्राह्मण और आंगिरस ब्राह्मण ॥९७॥ कहने लगे कि अग्रपूजाके योग्य गौतम हैं । यह बात सुनके सब देवऋषि गौतमकी स्तुति करनेलगे ॥९८॥ इतनेमें सिन्ध देशके रहनेवाले कितनेक ब्राह्मणथे सो बडे समत्सर ईर्षायुक्त होके कहनेलगे कि हे गौतम!तुम श्रेष्ठ कौनसे गुणसे भये सो कहो ॥९९॥ऐसा अहंकारयुक्त उनका वचन सुनके॥१००॥आंगिरस ब्राह्मण कहते हैं कि हे सिन्धब्राह्मणों!अपने गुणसे सन्मान पाये ऐसे जो गौतमऋषि ॥१॥ उनका तुम द्वेष करते हो इससे वेद तुम्हारा आश्रय करनेका नहीं ऐसे कारणके लिये आंगिरस ब्राह्मणोंने उन सिंधब्राह्मणोंको वेदबाह्य किया ॥ २ ॥ सो ब्राह्मण अपने सिंधदेशमें चलेगये उनको सिंध पुस्करणे ब्राह्मण कहते हैं उनका उत्पत्तिप्रसंग आगे सविस्तर कहेंगे । उन ब्राह्मणोंके गयेबाद गौतम ऋषिकी अर्घ्य पाद्य पूजा प्रथम

सर्वांश्च पूजयामास सदारान्पुष्पचंदनैः ॥ वस्त्रालंकारच्छत्रा-द्यैर्वाहनादिभिरेव च ॥ ४ ॥ अथोवाच जगन्नाथः कुशाना-दाय वारि च ॥ श्रीभगवानुवाच ॥ सर्वोपस्करपूर्णानिगृहाणी-मानि गौतम ॥ ५ ॥ एतेभ्यो द्विजवर्येभ्यो दास्यामि श्रेयसे श्रियः ॥ इत्युच्चार्य चतुर्बाहुर्गौतमस्य तपस्विनः ॥ ६ ॥ पाणौ जलं प्रचिक्षेप तदा लक्ष्मीरुवाच तान् ॥ विष्णुर्ब्राह्मण रूपेण पुनाति जगतीमिमाम् ॥७॥ पूजितेषु द्विजेंद्रेषु पूजितः स्याज्जनार्दनः ॥ अनेन ब्रह्मनगरीदानेनास्तु सदा हरिः ॥ ॥ ८ ॥ प्रीतो भवत्प्रसादेन प्रोचुस्ते तु तथास्त्विवति ॥ तदा देवा द्विजेन्द्राश्च देविमूचुः प्रहर्षिताः ॥ ९ ॥ देवा ऊचुः ॥ अंशांशेन वयं देवि सर्वे स्थास्यामहे वयम् ॥ १० ॥ श्रीरस्य जगतो मूलं देवानां च हितैषिणी॥तस्यास्तु ये द्विजा मान्या-स्तेभ्यो नाभ्यधिका भुवि ॥ ११ ॥ इति श्रुत्वा ततो लक्ष्मी-र्द्विजानाह शुभां गिरम् ॥ देव्युवाच ॥ वरदाहं द्विजश्रेष्ठा वरं वृणुत माचिरम् ॥ १२ ॥ द्विजा ऊचुः ॥ इयं ब्रह्मपुरी मात-स्त्वया त्याज्या नहि क्वचित् ॥ इयं च पृथ्वी मातस्त्वया दत्ता द्विजन्मनाम् ॥ १३ ॥ नहि पालयितुं शक्ता ब्राह्मणा

करके ॥ ३ ॥ बाद सपत्नीक सब ब्राह्मणोंकी वस्त्रालंकार छत्र वाहनादिकसे पूजा करके ॥ ४ ॥ हाथमें कुश जल लेके विष्णु गौतम ऋषिको कहते हैं कि हे गौतम ! यह सर्व पदार्थ सहित गृहोंका दान ॥ ५ ॥ सब ब्राह्मणोंको देताहूं ऐसा कहके गौतमके हाथमें जल देते भये ॥ ६ ॥ तब लक्ष्मी ब्राह्मणा-दिकोंको कहती हैं कि हे द्विजदेवताओ ! ब्राह्मणके रूपसे विष्णु पृथ्वीको पवित्र करते हैं ब्राह्मणोंकी पूजा करनेसे विष्णु पूजित होते हैं इस वास्ते इस ब्रह्मनगरीके दानसे विष्णु सदा मेरेलिये प्रसन्न हों ॥७॥८॥ तब तथास्तु ऐसा सबोंने कहा बाद देव कहतेहैं ॥ ९ ॥ हे लक्ष्मि ! सब देवताभी तुम्हारी प्रीतिके लिये इस क्षेत्रमें वास करेंगे ॥ १० ॥ और जो यह श्रीमाली ब्राह्मणोंकी पूजा करेंगे उनकी कामना हम पूर्ण करेंगे ॥११॥ तुम जगन्माता होके जिन ब्राह्मणोंको पूजा किये उनसे दूसरे बडे नहीं हैं ॥१२॥ ऐसा देवोंका वचन सुनके लक्ष्मी ब्राह्मणोंको कहती हैं ब्राह्मणो ! तुम इच्छित वरदान मांगो ॥१३॥ तब ब्राह्मण कहतेहैं हे माता ! तुम

देवि मेदिनीम् ॥ गावः श्रेष्ठाः पशूनां हि द्विजानां परमं धनम् ॥ १४ ॥ तस्माद्गावः प्रदेया वै पृथिव्या देवि निष्कृतिम् ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ तदादान्मधुहा तेभ्यो गवां लक्षचतुष्टयम् ॥ १५ ॥ कोटिकोटिसुवर्णस्य रत्नसंख्या न विद्यते ॥ अथ क्रमेण तत्रासन् देवास्तीर्थानि भूरिशः ॥ १६ ॥ सार्द्धा–कोटिश्च तीर्थानां तत्र जल्पन्ति सूरयः ॥ पंचोना खलु पंचाशत्सहस्राणि द्विजन्मनाम् ॥ १७ ॥ अष्टादश तथैवासन् गोत्राणां तत्र भूपते ॥ अष्टादश तथा दुर्गा नव बाह्ये नवांतरे ॥ १८ ॥ ब्रह्मशालासहस्राणि चत्वारिंशद्द्विधा मताः ॥ पण्यविक्रयशालानामष्टसाहस्रिकं नृप ॥ १९ ॥ आसन्नृत्याग्रसाहस्रं सभानामुपवेशितुम् ॥ समभौतिकसौधानां लक्षमेकं महौजसाम् ॥ २० ॥ तथा षष्टिसहस्राणि चतुःषष्ट्यधिकानि च ॥ तत्राश्चर्यमभूद्भूयस्तस्मिन्भुवनमंडपे ॥ २१ ॥ आसीनेषु द्विजेन्द्रेषु तस्थौ लक्ष्मीश्च तत्पुरः ॥ अष्टोत्तरसहस्रस्य पद्मानां हेममालिनाम् ॥२२॥ दत्तां जलाधिपेनैवमालांवक्षसि बिभ्रती॥ विशालेषु दलौघेषु दंपतीप्रतिबिंबिते ॥ २३ ॥ ददर्श जगतां

कभी इस पुरीका त्याग करना नहीं और तुमने पृथ्वीका दान किया है परन्तु पृथ्वीपालन करनेको ब्राह्मण समर्थ नहीं है ब्राह्मणका परम धन गौ है ॥ १४ ॥ इसवास्ते गायोंका दान करो तब विष्णुने चार लक्ष गायोंका दान किया ॥ १५ ॥ सुवर्ण रत्नका दान किया और उस क्षेत्रमें ॥ १६ ॥ सवा करोड तीर्थ हैं पैंतालीस हजार ब्राह्मणोंके अठारह गोत्र हैं अठारह कुलदेवी हैं ॥ १७ ॥ अस्सीहजार ब्रह्मशाला हैं आठ हजार बजारकी शाला हैं ॥ १८ ॥ एक हजार नृत्यकी शाला हैं धनवानोंके घर एक लाख छांसठ हजार हैं भिंडपाल संख्या ग्रंथांतरकी कहते हैं। विस्तार योजन १२ हैं लंबायमान योजन ९ हैं द्वार १० हैं उसमें तलाव १००० हैं कुवें १०० हैं बावडी ५०० हैं देवरें ९९९ ऐसे अति आश्चर्ययुक्त वह भुवन मंडपमें ॥ १९ ॥ २० ॥ २१ ॥ सब ३५ पैंतालीस हजार ब्राह्मण बैठे हैं ॥ २२ ॥ उस वखत वरुण देवताने एक हजार आठ सुवर्ण कमलकी माला दिये सो लक्ष्मीजीने अपने वक्षस्थलमें धारण किया

माता मुहुर्मुहुरवैक्षत॥एकैकस्मिन्पुंडरीकेदलान्यष्टौ तदंतरा२४ प्रतिबिंबानि जातानि सदाराणां द्विजन्मनाम् ॥ तानि व्यक्तानि संवीक्ष्य बहिः पद्मांतरेष्वपि ॥ २५ ॥ वीक्षणात्पुंडरीकेभ्यो मिथुनानि बहिर्ययुः ॥ देवीं विज्ञापयामासुर्बद्ध्वा मौलौ नृपांजलिम् ॥ २६ ॥ वयं किं कुर्महे देवि देहि नामानि नः शुभे ॥ चिन्तितव्यं किमस्माभिः कलया कुत्रचित्स्थितिः ॥ ॥ २७ ॥ याचनं न करिष्यामो जीवनार्थं कलां वद ॥ देव्युवाच ॥ शृणुध्वं भो द्विजश्रेष्ठाः प्रतिबिम्बसमुद्भवाः ॥ २८ ॥ यत्कर्माणि प्रकुर्वंतु पूर्वं सर्वे दिनेदिने ॥ सामगायनं कर्तव्यंयोगक्षेमं करोम्यहम् ॥ २९ ॥ एकं तु जीवनोपायं शृणुध्वं तद्वदामि वः ॥ कलया वर्तितव्यं हि भवद्भिः स्वर्णपद्मजैः ॥ ॥३०॥ श्रीमाले च ततो यूयं कलादा वै भविष्यथ ॥ ३१ ॥ भूषणानि द्विजेंद्राणां पत्नीभ्यो रत्नवंति यत् ॥ कर्तव्यानि मनोज्ञानि संसेव्याश्च द्विजोत्तमाः ॥ ३२ ॥ रत्नानि तु द्विजेंद्राणां परीक्ष्याणीह यत्नतः ॥ ३३ ॥ इय तु जीविका प्रोक्ता सर्वेषां पद्मसंभवा ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ तेषामष्टौ सहस्राणि

इतनेमें उन कमलोंके विशाल पत्रोंमें स्त्रीपुरुषोंके प्रतिबिंब दीखने लगे ॥ २३ ॥ ॥ २४ ॥ सो जगन्माता वारंवार वो प्रतिबिंबोंको देखती हैं इतनेमें कमलोंके उन सब पत्रोंमेंसे ॥ २५ ॥ स्त्री पुरुष बाहर प्रकट होंके हाथ जोडके उस देवीकी प्रार्थना करने लगे ॥ २६ ॥ कि हे देवी ! हमने क्या करना ? हमारा नाम क्या ? और कहां रहना और हम भिक्षा मांगनेके नहीं इससे हमारी जीविकाके लिये कोई कला विद्या कहो । देवी कहती हैं हे प्रतिबिंबोत्पन्न ब्राह्मणो ! मेरा बचन तुम सुनो ॥ २७ ॥ २८ ॥ तुमने नित्य सामगान करना ॥ २९ ॥ और एक जीविका का उपाय कहती हूं सो सुनो ॥ ३० ॥ तुम इस श्रीमाल क्षेत्रमें कलाद नामसे (प्रस्तुत जिनको त्रागड सोनी कहते हैं) विख्यात होंगे और ब्राह्मणोंकी सेवा करना ॥३१॥संसार निर्वाहके वास्ते इन ब्राह्मणोंके घरके अलंकार बनाके देना ॥३२॥ रत्न की परीक्षा करना उसमें जीविका करना ॥३३॥ वशिष्ठ मांधाता राजाको कहते हैं कि वहं स्त्री पुरुष प्रतिबिंबोत्पन्न भये सो ८०६४ आठ हजार चौसठ कलादत्रागड

चतुःषष्ट्यधिकानि च ॥ ३४ ॥ आसन् भुवि कलादानां श्रीमाले श्रीप्रियंकरे ॥ यस्य प्रतिग्रहे योऽभूत्तद्गोत्रं सोऽन्वपद्यत ॥ ३५ ॥ उक्तं च स्तबके–स्वाध्यायाग्निसमायुक्ताः कलादास्त्र्यागडाः स्मृताः ॥ स्वर्णरत्नादिघटका रमावाक्प्रतिपालकाः ॥ ३६ ॥ ते कलादाः समं दारैर्यथाभागं ययुर्द्विजान् ॥ पुनश्चिन्तापरा देवी बभूव नृपसत्तम ॥ ३७ ॥ श्रीमाले देवप्रिये को धनधान्यानि भूरिशः ॥ पालयिष्यति विप्रेषु तपस्सु निरतेष्वपि॥३८॥ ततोमनोगतं ज्ञात्वा देव्या देवो जनार्दनः ॥ ऊरू विलोकयामास सर्गकृत्ये कृतादरः ॥ ३९ ॥ यज्ञोपवीतिनः सर्वे वणिजोऽथ विनिर्ययुः ॥ दंडमौदुम्बरं राजन् बिभ्राणाः शुभ्रवाससः ॥ ४० ॥ ते प्रणम्य चतुर्बाहुमिदमूचुरतंद्रिताः ॥ अस्मानादिश गोविंद कर्मकांडे यथोचिते॥ ४१ ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ तच्छ्रुत्वा प्रणतान् विष्णुर्वणिजःप्राह तानिदम् ॥ विप्राणामाज्ञया नित्यं वर्तितव्यमशेषतः ॥४२॥ पाशुपाल्यं कृषिर्वार्ता वाणिज्यं चेति वः क्रियाः ॥ अध्येष्यंति

ब्राह्मण भये उनमेंसे वैश्यधर्मी सोनी भये सो पटनी सूरती अमदाबादी खंबाती ऐसें अनेक भेदसे विख्यात भये जिस ब्राह्मणके पास रहे वही गोत्र कलादत्रागड ब्राह्मणका भया । इनका गोत्र प्रवर और कुलदेवी आगे श्रीमालीके गोत्रमें जाननी ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ यह त्रागड ब्राह्मणोंने वेदाध्ययन करना अग्निहोत्रादिक करना श्रीलक्ष्मीके वचनसे सुवर्ण रत्न घडना सोनेका काम जडाऊका काम करना ॥ ३६ ॥ ऐसे यह कलाद ब्राह्मण अपनी स्त्रियों सहित यथाक्रमसे ब्राह्मणोंकी सेवा करने लगे ॥ ३७ ॥ और फिर श्रीलक्ष्मीजी चिंता करने लगीं कि यह ब्राह्मण सब तपश्चर्या करेंगे उस वखतमें उनका धन धान्यसे पालन कौन करेगा ॥ ३८ ॥ ऐसी लक्ष्मजीकी मनकी इच्छा जानके विष्णुने सेवक उत्पन्न करनेके वास्ते अपने दोनों ऊरू देखे ॥ ३९ ॥ तब उन ऊरू भागमें यज्ञोपवीत और गूलरके दंड धारण किये हुवे और शुद्ध वस्त्र पहने हुवे वैश्य पैदा भये ॥ ४० ॥ बाद वह सब विष्णुकी प्रार्थना करने लगे कि हमारे योग्य कर्मकाण्डका उपदेश करो ॥ ४१ ॥ ऐसा उन वणिक् वैश्योंका वचन सुनके विष्णु कहने लगे कि हे ! श्य तुम सबोंने यहां ब्राह्मणोंकी आज्ञामें रहना ॥४२॥ गायोंका पालन करन

द्विजा वेदान् यजिष्यंति तथा मखैः ॥ ४३ ॥ गृहभारं समारोप्य युष्मासु प्रणतेषु च ॥ तथेत्युक्त्वाथ वणिजो यथा भागं द्विजोत्तमैः ॥ ४४ ॥ आहूता विविशुः सर्वे विश्वकर्मकृतान् गृहान् ॥ दशोनं लक्षमेकं हि श्रीमाले वणिजामभूत ॥ ४५ ॥ यस्य प्रतिग्रहे योऽभूत्तद्गोत्रं सोऽन्वपद्यत ॥ प्राग्वाटदिशि पूर्वस्यां दक्षिणस्यां घनोत्कटाः ॥ ४६ ॥ तथा श्रीमालिनो याम्यामुत्तरस्यामथो विशः ॥ प्रीतिमात्राज्जगन्मातुर्निधाना-माश्रया हि ते ॥ ४७ ॥ तेषां पुत्राश्च पौत्राश्च ये बभूवुर्महाधनाः॥ स्थापितानां द्विजातीनां पूजितानांयथाविधि ॥ ४८ ॥ तेषां दुकूलदानार्थं देवी चिन्तापराऽभवत् ॥ चिन्तान्वितां तदा देवीं विष्णुर्वचनमब्रवीत् ॥ ४९ ॥ विष्णुरुवाच ॥ शीघ्रं कथय मे देवि किमर्थं चिन्तयान्विता ॥ लक्ष्मीरुवाच ॥ पट्टकूलानि चित्राणि द्विव्यानि मधुसूदन ॥ ५० ॥ एतेभ्यो देव विद्वद्भ्यः को दातात्र भविष्यति ॥ ततो मनोगतं ज्ञात्वा देव्या देवो जनार्दनः ॥ ५१ ॥ ऊर्वोर्दर्शनमात्रेण यदभूत्तन्निशामय ॥

खेती करना व्यापार करना यह तुम्हारा कर्म है और तुमको घरोंका कार्यभार सिपुर्द करके यह ब्राह्मण यज्ञयाग करेंगे ॥ ४३ ॥ तब बानियोंने तथास्तु कहके एक एक ब्राह्मणको दो दो बानिये ऐसे क्रमसे ॥ ४४ ॥ विश्वकर्माके किये हुए घरमें नव्वे हजार ९०००० बानिये रहते भये ॥ ४५ ॥ जिस ब्राह्मणकी सेवामें जो बनियां रहा वही गोत्र बानियोंका भया उस बानियेके चार वर्ग बन्धेगये । उसमें वह शहरके पूर्व दिशामें जो रहे उसको प्रागवाट् पोरवाले कहते हैं और दक्षिणमें पटोलिया पश्चिममें श्रीमाली उत्तरमें उवला ऐसे रहते भये ॥ ४६ ॥ ॥ ४७ ॥ फिर उन्हें पुत्रपौत्रादिकसे वह वंश वृद्धिंगत भया ॥ ४८ ॥ ऐसे यह ब्राह्मणोंको स्थापन पूजा करके उनको वस्त्रदानकी चिंता करनेलगी । तब विष्णु कहते हैं कि हे लक्ष्मी ! ॥ ४९ ॥ तुम मनमें क्या विचार करती हो तब लक्ष्मी कहती है कि हे विष्णो ! इन ब्राह्मणोंको सुंदर पट्टवस्त्र देनेवाला यह कौन होगा ? ॥ ५० ॥ तब विष्णु देवीका मनोगत जानके ॥ ५१ ॥ अपने ऊरूको देखा तो उसमेंसे शिखासूत्र दंडधारण किये हुवे स्त्रीसहित पुरुष उत्पन्न होके

शिखासूत्रधरा राजन् दंडोदुम्बरधारिणः ॥९२॥ इत्युत्पन्नाः प्रजल्पन्तो वयं के देव माधव ॥ विष्णुरुवाच ॥ वैश्या यूयं महाभागा वस्त्रकौशेयकारिणः ॥ ९३ ॥ पट्टकूलानि कार्याणि संसेव्याश्च द्विजोत्तमाः ॥ वैश्यानां सहस्रं साग्रं श्रीमाले श्री-प्रियंकरे ॥९४॥ ते तु वैश्याः समं दारैर्यथाभागं ययुर्द्विजान् ॥ येषां गृहे ये गुरवस्तदुक्तं गोत्रमाप्नुयुः ॥ ९५ ॥ सर्वे ते च सपत्नीका द्विजानां प्रीतिकारिणः ॥ ते द्विजाः स्वगृहाञ्जग्मुः स्तुंवतः परमेश्वरीम् ॥ ९६ ॥ देवा अपि दिवं जग्मुर्ब्रह्मशौ च स्वलोकके ॥ एकांशेन स्थितास्तत्र देवि चान्येन भूपते ॥ ॥ ९७ ॥ हरेरुत्संगमारुह्य विष्णुलोकं जगाम ह ॥ ततः प्रभृति भूपाल ख्यातः श्रीमालसंज्ञया ॥९८॥ वशिष्ठ उवाच- श्रूयतां राजशार्दूल तीर्थानुक्रममादितः ॥ त्रैयम्बके सरः श्रेष्ठे कर्तव्यं स्नानमादितः ॥ ९९ ॥ हत्वा वै त्रिपुरं दैत्यं शिवेनैव कृत सरः ॥ त्रैयम्बके तटे पूज्या देवी योगेश्वरी तथा ॥६०॥ या प्रसन्ना सुनीथाय पुत्रं प्रादात्सुलक्षणम् ॥ ततो गच्छेन्महा-

॥ ९२॥ विष्णुको करनेलगे कि हम कौन ज्ञाति हैं और क्या आज्ञा है । तुम वैश्यहो कौशेय वस्त्र पट्टदुकूल वस्त्र करना इन ब्राह्मणोंकी सेवामें रहना॥९३॥ ऐसे वो हजारसे कुछ अधिक वैश्य उस क्षेत्रमें ॥ ९४ ॥ जो जो ब्राह्मणके विभागमें रहे वह गोत्र उनका भया । ऐसी वो यह पटवे गुजरातीकी ज्ञाति भई ॥९५॥ सो श्रीमाल क्षेत्रमें स्त्री सह वर्तमान ब्राह्मणकी सेवामें रहे फिर वह पैंतालीस हजार ब्राह्मण सब महा-लक्ष्मीकी स्तुति करते भये, अपने अपने घरोंमें चलेगये ॥ ९६ ॥ ब्रह्मादिक देवता स्वस्वलोकमें चले गये । महालक्ष्मीजी एक अंशसे श्रीमालक्षेत्रमें निवास करके अन्य अंशसे ॥ ९७ ॥ विष्णुके उस ऊपर बैठके बैंकुठ चलीगयीं उस दिनसे वह क्षेत्र श्रीमाल नामसे प्रख्यात भया ॥ ९८ ॥ वसिष्ठ ऋषि मांधाताराजाको कहते हैं हे राजा ! ऐसे वह श्रीमालमक्षेत्रमें जो जो तीर्थदेवता हैं सो सुनो । पहिले मुख्य त्र्यंबकसरोवर है । उसके तट ऊपर योगीश्वरी देवी हैं ॥ ९९ ॥ ६० ॥ उस सरोवरमें स्नान करनेसे और देवीकी पूजा करनेसे पुत्र प्राप्ति होती है

राज कृष्णनामांकितं सरः ॥६१॥ अद्यापि कीर्त्यंते मर्त्यैः काकवाराहसंज्ञया ॥ ततो ब्रह्मसरो गच्छेद्ब्रह्मणा निर्मितं पुरा ॥ ६२ ॥ ततस्त्र्यंबकसरसि वरुणानीं समर्चयेत् ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ सरः कैरातमुत्तमम् ॥ ६३ ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ यत्रास्ते वटयक्षिणी ॥ तदग्रे च महत्तीर्थं यक्षकूपमिति स्फुटम् ॥ ६४ ॥ बकस्थलीं ततो गच्छेद् द्विजानां कुलदेवताम्॥ ततः संपूजयेद्देवीं बृहस्पतिसरस्तटे ॥ ६५ ॥ दांतानाम्ना च विख्याता दैत्यानां दमनाय च । ततो गच्छेन्महादेवं भूर्भुवः स्वेतिविश्रुतम् ॥६६॥ततोऽग्रे बन्धुदेवीं च भारद्वाजाश्रमे स्थिताम् ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ नागिनीं लोकमातरम् ॥ ६७ ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ देवीं मुकुलिनीं नरः ॥ या पुरा श्रीपुरे राजन् मुकुलेनापि तोषिता ॥ ६८ ॥ मुकुलः कश्चिद्वणिक् ततो जयेश्वरं गेच्छेच्छ्रावस्त्या उत्तरे तटे ॥ ततो गच्छेन्महाराजप्रतीच्यां दिशि मानवः ॥६९॥ यत्र क्षेमकरी देवी गिरिशृंगमुपस्थिता ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ दुर्धरेश्वरमुत्तमम् ॥७०॥ यत्र पूर्वं तपस्तेपे गन्धर्वो दुर्धरः पुरा ॥ ततो गच्छेन्नृश्रेष्ठ खरकूपमनुत्तमम् ॥ ७१ ॥ देवी खरानना यत्र नाम्ना ख्याता खराशनी ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ देवं सिद्धिविनायकम् ॥ ७२ ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ न दूरे गौतमाश्रमात् ॥ यत्रास्ते चंडमुंडार्या ताभ्यामाराधिता पुरा ॥ ॥ ७३ ॥ आर्याकूपस्तत्समीपे ततश्चंडीश्वरं व्रजेत् ॥ यत्र मोक्षं गतो राजा श्रीपुंजो द्विजकारणात् ॥७४॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ तीर्थं च प्रयुतेश्वरम् ॥ चंडीशस्योत्तरे भागे लिंगं स्वर्गापवर्गदम् ॥ ७५ ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ काश्यपेश्वमंततः ॥ यस्यार्चनेन नश्यंति विषरोगाः शरीरिणाम् ॥ ७६ ॥

यत्र वै द्वादशादित्यास्तपस्तप्त्वा दिवं गताः तत्रैव च जगत्स्वामी क्षेमाय न्यवसन्नृपः ॥ ७७ ॥ किरातार्कं पुष्पमाले ह्यहल्याया ह्रदे शुभे ॥ ततो गच्छेन्नृपश्रेष्ठ देवं वाराहरूपिणम् ॥ ७८ ॥ तस्यैवोत्तरतो लिंगं वाल्मीकेश्वरमुत्तमम् ॥ ततश्च कौशिकादित्यं लिंबजामंबिकां तथा ॥ ७९ ॥ ततो गच्छेन्महाराज देवीं च सर्वमंगलाम् ॥ ततोऽग्रे आरमच्छंदां च इंद्रवाटं ततः परम् ॥ ८० ॥ भूर्भुवेश्वरकं देवं नंदिनीं च महेश्वरीम् ॥ आर्यचंडीं बालगौरीं गोवत्सलविनायकम् ॥ ८१ ॥ ततश्च सिद्धचामुंडां दुर्गामीशसरोवरे ॥ पराशरेश्वरं दृष्ट्वा कमलं तीर्थमुत्तमम् ॥ ८२ ॥ द्विजानां कमला देवी कुलदीपं वरं ददौ ॥ ततः प्रभृति भूपाल विवाहात् प्रथमे दिने ॥८३॥ दिवा नांदीमुखं कृत्वा प्रीणयेद्विप्रभोजनैः ॥ वरस्याथकुले या स्यात्प्रमाणकुलकामिनी ॥ ८४ ॥ शंखमादाय पाणिभ्यां कुंकुमोदकपूरितम् ॥ गृहीत्वा रक्तवस्त्रं च सा कुमारीगृहं व्रजेत् ८५॥ कुमारीं रक्तसूत्रेण मात्रा पादशिखावधि ॥ सिंचेच्छंखोदकेनैव

फिर वहांसे कृष्ण सरोवरमें जाना ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ ६३-७६ ॥ ७७ ॥ ७८ ॥७९॥ ॥ ८० ॥ ८१ ॥ ऐसे कृष्ण सरोवरादि कमलातीर्थ पर्यंत और कमला देवी पर्यंत पैंतालीस तीर्थ और देवता जो हैं उनमें स्नान और देवताके दर्शन करना ॥ ८२ ॥ उन कमला देवीने श्रीमालिब्राह्मणोंको विवाहमें कुलदीपकी पूजा करना ऐसा वरदान दिया। उस दिनसे विवाहके पहिले दिन ॥ ८३ ॥ नांदीश्राद्ध करके ब्राह्मणोंको भोजनसे तृप्त करके कुलैक्यकरण कहते लोकमें जो कलेवा कहतेहैं सो करना। उसकी विधि वरकी माता अन्य सौभाग्यवती स्त्रियोंको साथ लेके वसंत लेजावे ॥८४॥ पात्रमें शंख रक्तसूत्र मिश्री लाल पीतांबर बदाम वस्त्र कौशेय जल दुग्ध पात्र कुंकुम पुष्प इत्यादि पदार्थ लेके कन्याके घरको आवे। मांगलिक वाद्य सहित गाते बजाते हुए आयके वो कुंकुम शंखोदकसे कन्याके ऊपर सेचन करके वस्त्र देके कन्याको तिलक करना ॥ ८५ ॥ तथा रक्त सूत्र कन्याको वेष्टन करके कन्याको गुप्त रखना। कहांतक कि वह कलेवा नहीं होजाय तब तक उस कलेवाका

सर्वांगं कुलकन्यकाम् ॥ ८६ ॥ एवं कृते न दैत्येया कृतिः स्पष्टं क्षमा भवेत ॥ क्षेप्तुं शक्नोति नांगानि रक्तसूत्रांकितानि तु ॥ ८७ ॥ याति कन्या प्रमाणाय सातः प्रामाणिकोच्यते ॥ अर्चिता भोजिता भक्त्या साप्यायाति वरालयम् ॥ ८८ ॥ कृत्वाथ कुंकुमं हस्ते नारिकेलं च भूमिप ॥ कन्यासंबंधिनो यांति वरवेश्मनि भूपिताः ॥ ८९ ॥ मांगल्यमतुलं भाति संततिश्च तथैव च ॥ निर्देशं गीतनादाभ्यां पूज्यते भोज्यतेऽपि सा ॥ ९० ॥ अथ कन्यागृहं याति राजन्कन्या कुलांगना ॥ निशायाः प्रथमे यामे गोमयेनोपलेपयेत् ॥ ९१ ॥ तत्र मंत्रैः प्रतिष्ठाप्य कुलदीपं निवेशयेत् ॥ रक्तसूत्रमयी वर्तिः कार्या सिक्ता घृतेन वै ॥ ९२ ॥ समिद्धगार्हपत्याग्नेः कर्तव्यः कुलदीपकः ॥ मंडले तं प्रतिष्ठाप्य पुष्पगंधानुलेपनैः ॥ ९३ ॥ पूजयेद्विधिवत्प्रीतो दद्यादर्घं च कोविदः ॥ एवंकृते महाराजपितरस्तत्र देवताः ॥ ९४ ॥ आयांति मुदिताः सर्वे कुलदीप-

शब्द कन्याके कानमें नहीं पडना ॥ ८६ ॥ ऐसे करनेसे वो दैत्यकी कृति जो उटा राक्षसी सो कन्याको हरण करनेको समर्थ नहीं होती ॥ ८७ ॥ ऐसा कन्याके प्रमाण करनेको आये सो करके वरकी माता सपरिवार अपने वरको चलीजावे ॥ ८८ ॥ फिर कन्याकी माता अपनी संबंधिनी स्त्रियोंको साथ लेके वस्त्रालंकार पहनके पात्रमेंके वस्त्रालंकार पहनके पात्रमें कुंकुम पुष्पके मोहोड २ नारियल १ लाल साडी २ पान सुपारी पुष्प चावल गुड कंकोडी नेत्रांजन मशी यह पदार्थ लेके बरके घरको आवे सो पहिला फेरा फिर दूसरे फेरेमें सीदेकी गठडी तीसरेमें घृतपात्र चौथेमेंगुडपात्र पांचवेंमें मृत्तिकापात्र छठेमें वडी-पापड सातवेंमें सेव ऐसे सात चक्करमें सब पदार्थ वरके घरको लायके वरकी माताको तिलक करके वह पदार्थ देके अपने घरको चली जावे ॥ ८९ ॥ ९० ॥ बाद वह कन्याकी माता अपने घरको प्रथम रात्रिमें शुद्ध भूमिमें कुलदीपका स्थापन प्रतिष्ठा करके लाल सूत्रकी बत्ती करना उसमें घृतपूर्ण करना ॥९१॥९२॥ घरमें जो अग्निहोत्र होवे तो उस अग्निसे कुलदीप प्रगट करके यथा विधि पूजा करना ऐसे करनेसे सब पितृ देवता तृप्त होते हैं ॥ ९३ ॥ ९४ ॥ और वह सब स्त्रियां गीतमंगल गाती हुई बैठे । शंख शब्द वेदमंत्र पाठ होता रहे । इत-

शिखान्तरे ॥ ततस्तस्याग्रतः कार्याः स्त्रीभिर्मंगलगीतयः ॥ ॥ ९५ ॥ शंखध्वनिश्चसुमहान्ब्रह्मघोषश्चपुष्कलः॥ ततोनिशीथे राजेंद्र माता स्नात्वा शुचिः सती ॥ ९६ ॥ वरस्य जननी दीपं गृह्णात्याभरणान्विता ॥ ततः कन्यागृहं गत्वा गायंती मगलानि वै ॥ ९७ ॥ कन्याः पुत्रगृहं स्त्रीभिः संगच्छेरन्समंततः ॥ अभ्यर्च्य विधिवद्दीपमेवं कुर्यात्प्रदक्षिणम् ॥ ९८ ॥ सवाश्च[illegible] परिक्रम्य वेदीमध्ये कुलांगनाः ॥ दीपाद्दीपे घृतक्षेपमन्योन्यता व्यतन्वत ॥९९॥ परस्परं प्रीयमाणास्तथा वक्रे गुडं नृप ॥ पुष्पैराभणैर्वस्त्रैस्ताम्बूलैश्च मनोहरैः ॥ २०० ॥ वरकन्याजनन्यौ ते विधायैक्यं तथात्मनः॥ परिष्वज्य मुदा युक्ते स्वगृहायाथ गच्छतम् ॥१॥ वेदिमध्ये तदा राजन् कुलैककरणोत्सवे ॥

नेमें वर अपने घरसे कबल ओढके हाथमें शस्त्र लेके चोर सरीखा कन्याके घरको जायके गोधूम पिष्टकी कियी हुई गौरीको लेके अपने घरको आवे फिर वरघोडेकी बखत वह गौरी और नारियल लेके विवाहको जावे उसका बयान वरको आवे इतनेमें माता घरके बाहर कलेवेके वास्ते निकलजावे उसका बयान अर्धरात्रके समयमें वरकी माता और स्त्री ? अपने घरमें मांगलिक पदार्थसे स्नान करके वह पहले दियी हुई दो साडी जो हैं सो पहनके पवित्रतासे कुंकुम अक्षतोंसे भाल सुशोभित चर्चित करके एक स्त्रीके हाथमें जलपात्र झारी और नारियल दूसरी स्त्रीके हाथमें दीपपात्र लेके गाते हुए कन्याके घरको आवें ॥ ९५–९७ ॥ इतनेमें कन्यासंबंधी स्त्रियां दीप और नारियल जल पात्र लेके आधे रस्तेमें उनके साथमें आयके वरकी माताका हाथ पकडके अपने घर लेजायके वेदीकी जगामें खडे रखके परस्पर तिलक करें परस्पर नारियल और म्होड और सुपारी आदि पदार्थोंका अदलाबदली करें नाम परस्पर देवें जलपात्रोंमें परस्पर अपना जल डारें परस्पर दीपकमें घृत डारें पूजाकर परस्पर गुड खिलावे फिर वरकन्याकी माता दीपक हाथमें लेके परस्पर हाथ धरके चार प्रदक्षिणा फिरें परस्पर कंठ मिलें आलिंगन करें बाद पांचवी प्रदक्षिणाके बखत बडे परिश्रमसे परस्पर हाथ छुलायके वरसंबंधिनी स्त्रियां अपने घर चलीजावें॥९८॥२००॥ऐसा यह वर कन्याकी माता अपना ऐक्य करके दीप और जलपात्र लेके अपने घरको जावें१॥ ऐसे वह कुलैक्य करण कहतेहैं कलेवेकी वेदीमें सब पितर सब देवता सब मातृगण

आयांति पितरः सर्वे मातरो देवमातरः ॥ २ ॥ आर्या तदार्या हेरंबा मातृतन्मातृभिः सह ॥ श्रीश्च देवो जगत्स्वामी पूर्वे पूर्वतरे च ये ॥ ३ ॥ अदृश्याः संनिरीक्षंते कुलदीपोत्सवं निशि ॥ एवं कुलैक्यकरणं कुलदीपोत्सवं स्त्रियः ॥ ४ ॥ कृत्वा सर्वाणि वर्तते शंखवेदस्वने सति ॥ ततो जागरणं कुर्युर्गायंत्यो मंगलानि च ॥ ५ ॥ कुलदीपं विमुच्यैतास्तस्मिन् गोमयमंडले ॥ एवं कृते कृतिर्याति दूराद्दूरतरं नृप ॥ ६ ॥ नंदंति पितरः सर्वे माद्यंति सुरमातरः ॥ प्रीयते सा च गोविंदः प्रेयसी सपरिच्छदा ॥ ७ ॥ ग्रहरोगाश्च नश्यंति कुलदीपोत्सवे नृणाम् ॥ कुलैक्यकरणं शस्तमित्युक्तं ब्रह्मवादिभिः ॥ ८ ॥ प्रथमेऽह्नि प्रकर्तव्यो विधिः श्रीमालवासिभिः ॥ कुलदीपोऽर्च्यते यत्र तत्र नास्ति पराजयः ॥ ९ ॥ यत्र तप्त्वा तपस्तीव्रं वरुणो

लक्ष्मी विष्णु यह सब अदृश्य रूपसे देखतेहैं ऐसा कुलैक्यकरण कुलदीपोत्सव करके जातेहैं । शंखका और वेदमन्त्रका घोष करना, जागरण, मांगल गायन करना ॥ २–५ ॥ फिर विवाहके दिन चार घडी पहिले कन्याकी माताने कन्याके मांगलिक स्नान करवायके सौभाग्यालंकार वस्त्रादिकसे अलंकृत करके कंचुकीसे नेत्र बन्धन करके गौधूम पिष्टके एक सौ आठ दीप मंगलस्नान जगासे कुलदेवी तक रखके दीप लगायके फिर कोई स्त्री वो कन्याको झुले सरीखी लेके कन्याके वस्त्रसे वह सब दीपोंको बुझायके कुलदेवीके पास लायके एक पीठके ऊपर कन्याको बिठावे चूड़ी मंगलसूत्र बन्धावे फिर एक मृत्तिकाके कुंडेमें चौमुखि दीपखंडके ऊपर दूसरे कुंडेको ढाकना उसको लाजकुंडा कहते हैं वह कुंठा पहिले कन्याके सिरपर धरके फिर सब ज्ञातिस्थ लोकोंकी स्त्रियोंके सिरपर रखके कुलदेवीके नजीक रखना फिर सौभाग्यका आठ स्त्रियोंका बाटन उसकी विधी गोधूम पिष्टको दूध गुडमें बांधके उसके नानाप्रकारके आकारके ठसे करके तप्तघृतमें परिपक्व करके रखना फिर झूलणा हुवे बाद कन्याका हस्तस्पर्श करवायके फिर सब स्त्रियोंने गायन करते जाना और उन पदार्थोंको कंडन करना फिर उनको देना ऐसा कुलदीपका विसर्जन करना, वशिष्ठ कहते हैं हे मांधाता राजा ! यह विधि करनेसे राक्षसीका भय दूर होता है ॥ ६ ॥ सब देवता प्रसन्न होते हैं ॥ ७ ॥ ८ ॥ यह विधि विवाहके पहिले दिन करना वहां पराजय नहीं होगा ॥ ९ ॥ जहां वरुण देवताने

बहुवार्षिकम्॥वरंलेभेदिगीशत्वं जलाध्यक्षत्वमेव च ॥ १० ॥ तेन तत्र समाख्यातं वारुणं तीर्थमुत्तमम् ॥ वशिष्ठ उवाच ॥ महालक्ष्मीव्रतं राजञ् शृणु श्रद्धासमन्वितः ॥ ११ ॥ मासि भाद्रपदे कृष्णे चाष्टम्यामर्धरात्रके॥लक्ष्मीं संपूजयेत्पद्मैः षोडशैरुपचारकैः॥१२॥अष्टावरणदेव्यश्च पूजनीयाः प्रयत्नतः ॥ अष्टावर्घा प्रदातव्या नैवेद्यं पायसं भवेत् ॥ १३ ॥ निशीथे पायसं ग्राह्यं रात्रौ जागरणं तथा॥प्रातःकाले नवम्यां तु देव्योत्तरपूजनम् ॥ १४ ॥ कृत्वा विसर्जनं कार्यमेवं षोडशवार्षिकम्॥व्रतं कार्यं ततस्तस्य दारिद्र्यं नैव जायते ॥ १५ ॥ ततः श्रीमालिनो विप्राः प्रवत्स्यन्ते कलौ युगे । द्रवनं पुरुषं प्राप्य काश्यपेयद्विजोत्तमात् ॥ १६ ॥ यावद्देवी महालक्ष्मीपूजां प्राप्स्यति भूतले ॥ तावदेव महीपाल स्थायि परीक्षितं वसु ॥१७॥ इति ते कथितं राजञ् श्रीमालचरितं मया ॥ सहस्रंयत्र गणपाःक्षेत्रपालाश्चतुर्गुणाः ॥ १८ ॥ चंडीनां चतुरशीति सहस्राणि सरांसि च॥एकादशसहस्राणि लिंगानां संति तत्र वै ॥१९॥वापीकूपतडागानां कः संख्यां वेत्ति भो नृप ॥ चतुर्दश च गोत्राणि वर्तमानद्विजन्मनाम् ॥ २० ॥ अथ श्रीमालिविप्राणां कलादानां तथैव च ॥ गोत्रप्रवरदेवीश्च प्रवक्ष्यामि

बहुत दिन तपश्चर्याकी वह वरुणतीर्थ बडा पुण्यकारक भया ॥ २१० ॥ वशिष्ठ बोले हे मांधाता ! लक्ष्मीका व्रत सुनो ॥ ११ ॥ भाद्रपद कृष्णपक्षकी अष्टमीके दिन अर्द्धरात्रीको कमलके ऊपर महालक्ष्मीकी पूजा षोडशोपचार करना ॥ १२ ॥ आठ आवरण देवियोंको पूजा करना ऐसा सोलहबरस तक पाकका नैवेद्य करना ॥ १३ ॥ वो प्रसाद भक्षण करना आठ अर्घ्य देना नवमीके दिन प्रातःकाल को उत्तर पूजा करके ॥ १४ ॥ विसर्जन करना ऐसा सोलह बरस तक जो व्रत करेगा तो उसका दरिद्र नहीं होनेका ॥ १५ ॥ १६ ॥ १७ ॥ हे राजा ! ऐसा यह श्रीमाली ब्राह्मणोंका चरित्र कहा ॥ १८ ॥ १९ ॥ अब श्रीमाली ब्राह्मणोंका और कलाद त्रागड ब्राह्मणोंका गोत्र प्रवर कुलदेवीका निर्णय कहते हैं, उनमें वर्तमान कालमें ब्राह्मणोंके चौदह गोत्र हैं ॥ २२० ॥ परन्तु

समासतः ॥ २१ ॥ प्रथमं काश्यपं गोत्रं देवी योगीश्वरीति च ॥ प्रवराश्च त्रयस्तस्य काश्यपो वत्सनैध्रुवौ ॥ २२ ॥ अस्मिन् गोत्रे च ये जाताः सामगानपरायणाः ॥ यज्ञाध्ययनदानेषु निष्ठिता धर्मतत्पराः ॥ २३ ॥ पाराशरं द्वितीयं च प्रवरत्रयभूषितम् ॥ वशिष्ठः प्रवरस्तत्र शक्तिपाराशरावपि ॥ ॥ २४ ॥ वरुणाख्या तु कुलजा देवी रक्षणतत्परा ॥ यस्याः स्मृतिर्विवाहादौ कार्या सर्वार्थसिद्धिदा ॥२५॥ तृतीयं सनकसं गोत्रं श्रीमालवासिनां द्विजाः ॥ प्रवरस्त्वेक एवास्य नाम्ना गत्समदेति च ॥२६॥ वरयक्षिणी या प्रोक्ता बीजयक्षिणी सा मता ॥ भूतांबां प्रवदंत्येके त्रिधैव कार्यसाधिनी ॥ ॥२७॥चतुर्थं कौशिकं गोत्रं प्रवरत्रयभूषितम् ॥ विश्वामित्रो देवराज औद्दालक इतीरितः ॥ २८ ॥ देव्यः पंचैव गोत्रेऽस्मिन्तासां नामानि मे शृणु ॥ देवी बकस्थली सिद्धा चामुंडा त्र्यंबका तथा ॥ २९ ॥ आर्या व्याघ्रेश्वरी या च स्वर्णकारैश्च पूजिता ॥ पंचमांगिरसं गोत्रं प्रवरत्रयभूषितम् ॥ ३० ॥ अंगिरांगिरसौतत्रदांतादेवीसुपूजिता ॥ भारद्वाजं महागोत्रमष्टमं परिकीर्त्तितम् ॥ ३१ ॥ आंगिरसो बार्हस्पत्यो भारद्वाजस्तृतीयकः ॥ बंधुदेवीति गोत्रेऽस्मिन्बालानां शांतिकारिणी ॥ ३२ ॥ औपमन्यवसं गोत्रं सप्तमं परिकीर्तितम् ॥ अगस्त्यारुणेध्मबाहुदेवीनंदीति गोत्रजा ॥ ३३ ॥ अष्टमं शांडिलं गोत्रं प्रवरत्रयमिश्रितम् ॥ देवलाश्रितमाण्डव्या देवी क्षेमकरीति च ॥ ३४ ॥ कृष्णात्रिगोत्रं नवमं शुद्धं च परिकीर्तितम्॥ आत्रेयरैभ्य ईशावास्यांगिरा मुनयस्त्रयः ॥ ३५ ॥ गांगायनं तु

मूलग्रंथमें अठरा गोत्रहैं उनका क्रम प्रथम काश्यप गोत्र प्रवर३हैं । काश्यप वत्स नैध्रुव ऐसेहैं उनकी कुलदेवी योगेश्वरीहै॥२१॥२२॥ ऐसा आगे सब गोत्र प्रवर देवीका अर्थ

दशमं गोत्रं श्रीमालिनांभुवि ॥ सुरभिः कुलजा देवी सुरभिर्वि-
निवासिनी ॥ ३६ ॥ विल्वश्च विश्वामित्रश्च तथा कात्यायना-
ह्वयः ॥ कपिंजलसगोत्रं तु रुद्रसंख्याकमुत्तमम् ॥ ३७ ॥
वशिष्ठस्तु भरद्वाज इंद्रप्रमद एव च ॥ प्रवरास्त्रय इत्येते चामुण्डा
कुलधारिणी॥३८॥ मांडव्यं चेति यद्गोत्रं शुभं द्वादशकं श्रुतम् ॥
प्रवराणि तथैवात्र शृणु यानि वदाम्यहम् ॥ ३९ ॥
च्यवनो भार्गवोऽत्रिश्च ह्यग्निमानौर्व एव च ॥ मालिनी च तथा
देवी स्वर्णमंगलकारणी ॥ २४० ॥ लौगाक्षिगोत्रसंभूताः
प्रवरत्रयसंयुताः ॥ काश्यपश्च वशिष्ठश्च वत्सेति प्रवरास्त्रयः ॥
॥ ४१ ॥ एवं लौगाक्षिगोत्रं तु त्रयोदशकमुच्यते ॥ बत्स-
लस्य च गोत्रस्य प्रवराणि वदाम्यहम् ॥ ४२ ॥ भार्गवश्च्यव-
नश्चैव आप्नुवानौर्व एव च ॥ पञ्चमो जमदग्निश्च पंचैते
प्रवराः स्मृताः ॥ ४३ ॥ चतुर्दशस्य गोत्रस्य प्रवराः
पंच कीर्तिताः ॥ आत्मदेवी च संप्रोक्ता दुर्गा वै कुलदेवता ॥
॥ ४४ ॥ गौतमं पंचदशकं प्रवरत्रयभूषितम् ॥ गौतमांगिर-
सौतथ्यं देवीलक्ष्मीरुदाहृता ॥ ४५ ॥ वशिष्ठाख्यं तु यद्गोत्रं
षोडशं परिकीर्तितम्॥प्रवरेशाश्च ऋषयस्त्रयो विप्रा विशारदाः
॥ ४६ ॥ वशिष्ठोऽयं भरद्वाजस्तथा श्रीमद एव च ॥ बाला-
गौरीति विख्याता देवी त्वद्भुतरूपिणी ॥ ४७ ॥ विप्रा वेद-
विदः शांता आयुर्वेदविशारदाः ॥ शौनकाख्यं सप्तदशं गोत्रं
द्विप्रवरान्वितम् ॥ ४८ ॥ भार्गवः सानहौत्रश्च श्रीगृत्समद
एव च ॥ दुर्गादेवीति विख्याता कुलदुःखविनाशिनी॥ ४९ ॥
मुद्गालकं नामगोत्रमष्टादशकमीरितम् ॥ मुद्गलांगिरसश्चैव भार-

अवटंक उपनामके कोष्ठकमें स्पष्ट हैं ॥ २३ ॥ २४ ॥ २५ ॥ २६ ॥ २७ ॥ २८ ॥
॥ २९॥ २३० ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ ३८–४९ ॥

द्वाज इति त्रयः ॥२५०॥ गोत्रदेवी तु चामुंडा महाचंडपराक्रमा ॥ इत्यष्टादशगोत्राणि प्रवरैः सहितानि च ॥ ५१ ॥ कथितानि गोत्रविद्भिः श्रीमाले श्रीप्रियंकरे ॥ गोत्रतूर्येऽपभ्रंशश्च वर्त्तमानद्विजन्मनाम् ॥ ५२ ॥ भारद्वाजं सनकसं पराशर्यं च कौशिकम् ॥ वत्सं सचौपमन्याख्यं कश्यपं गौतमं तथा ॥ ५३ ॥ शांडिल्यं मौडलं सांख्यं चांद्रासलौद्रसनं तथा ॥ कपिंजलसहारीतौ गोत्राण्येतानि संति हि ॥ ॥ ५४ ॥ आंगिरसं गांगायनं कृष्णात्रेयं च मांडव्यम् ॥ लौगाक्षीयवसिष्ठौ च कौत्सं शौनकमेव च ॥ ५५ ॥ एतद्गोत्राष्टकस्यैव कालेस्मिन्नास्ति संततिः ॥ अवटंकाश्च ह्येतेषां चतुरशीतिसंख्यया ॥ ५६ ॥ चतुर्दशावटंकाश्च प्राचीनद्विजभाषिताः ॥ एवं लक्ष्मीविवाहे तु द्विजास्तत्र समागताः ॥ ॥ ५७ ॥ तेषां संख्यासहस्राणि चत्वारिंशच्च पंच च ॥

॥ २५० ॥ ऐसे अठारह गोत्र कहे सो त्रागड ब्राह्मणोंके और श्रीमाली ब्राह्मणोंके जानने ॥ ५१ ॥ उनमें श्रीमाली ब्राह्मणोंमें चार गोत्रोंका अपभ्रंश कहते एक गोत्रके नाम ऊपर अन्य गोत्रका नाम स्थापन भया है ॥ ५२ ॥ श्रीमालीके चौदह गोत्रोंके नाम स्पष्ट हैं ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ बाकीके अंगिरसादिक आठ गोत्रोंका वंश हालमें नहीं है ॥ ५५ ॥ यह ब्राह्मणोंके अवटंक चौरासी हैं ॥ ५६ ॥ छकडी चौदह हैं सो वृद्धपरंपरासे कहते हैं ऐसे लक्ष्मीके विवाहमें जो ब्राह्मण आये ॥ ५७ ॥ उनकी संख्या पैतालीस हजार हुई उनको लक्ष्मीने श्रीमालक्षेत्र में स्थापन किया सो श्रीमाली ब्राह्मण भये उनका आज पर्यंत श्रीमाली बानिये, पोरवाल बनिये, श्रीमाली, सोनी, पटुके, गाठे और गुजर वगैरहके ऊपर विवाहमें और क्रियामें कर लिया जाता है। अब उन पैतालीस हजार ब्राह्मणोंमेंसे ५००० भोजक भये वह ब्राह्मणधर्मको बिलकुल छोडके जैनधर्मको मानते हैं । सो आज पर्यंत श्रावक लोकोंसे गानतान करके गुजरान चलाते हैं वह ओसवाल बानियोंके गोर उपाध्याय हैं। बानियोंके हाथका जीमते हैं और सुमारे ५००० हजार श्रीमाली गुजरातमें आये सो कच्छगुजरात काठियावाड वगैरह देशमें रहते हैं। सो घोधारी खंबाती सूरती अमदाबादी वगैरह भेदोंसे प्रख्यात हैं । बाकी ३५००० मारवाड मेवाड जोधपूर वगैरेमें हैं सो मारवाडी श्रीमाली कहे।

अथ श्रीमालिब्राह्मणोंके गोत्र अवटंक शाखा वेद प्रवर कुलदेवी निर्णय कोष्टक.

सं०	अवटंक.	उपनाम.	गोत्र.	प्रवर	वेद	शाखा	कुलदेवी
१	ओझा.	टोकर.	सनकस १	१ गृत्समद	सामवेद.	कौथुमी.	घरयक्षिणी
२	त्रवाडि.	टोकर	,,	,,	सामवेद.	,,	वीजयक्षिणी.
३	त्रवाडि.	वालासरा	,,	,,	,,	,,	भूतांबा.
४	जोशी.	चीपि	,,	,,	,,	,,	,,
५	त्रबाडि.	वाकुलिया.	,,	,,	,,	,,	,,
६	व्यास.	वाकुलिया.	,,	,,	,,	,,	,,
७	ओझा.	,,	,,	,,	,,	,,	,,
८	व्यास.	उवलिया.	,,	,,	,,	,,	,,
९	दवे.	मटकई.	,,	,,	,,	,,	,,
१०	दवे	उझामण.	,,	,,	,,	,,	,,
११	त्रवाडि.	सांगडा.	,,	,,	,,	,,	,,
१२	त्रवाडि.	जेखलिया.	,,	,,	,,	,,	,,
१३	ओझा.	भोपाल.	भारद्वाज. २	अंगिरसबाई-स्पत्यभारद्वाज	साम वा यजु.	कौथुमी. वामाध्यं०	बंधुदेवी ,,
१४	त्रवाडी.	भोपाल.	,,	,,	,,	,,	,,
१५	व्यास.	भोपाल.	,,	,,	,,	,,	,,
१६	जोशी.	भोपाल.	,,	,,	,,	,,	,,
१७	मोहित.	डाभिया.	,,	,,	,,	,,	,,
१८	व्यास.	चोखाचटणीरणा.	,,	,,	,,	,,	,,
१९	त्रवाडि.	कोठिया.	भारद्वाज	अग्नि. भा. वा. स्प.	वा यजु,		,,
२०	दवे	लवलखा.	,,	,,	,,	,,	,,
२१	व्यास	,,	,,	,,	,,	,,	,,
२२	ओझा.	,,	,,	,,	,,	,,	,,
२३	दवे.	फाडिया	,,	,,	,,	,,	,,
२४	दवे.	नरेचा.	,,	,,	,,	,,	,,
२५	पंड्या	नरेचा.	,,	,,	,,	,,	,,
२६	उझा.	नरेचा.	,,	,,	,,	,,	,,
२७	उझा.	गरिया.	,,	,,	,,	,,	,,
२८	बोहोरा.	पैठा.	,,	,,	,,	,,	,,
२९	त्रवाडि.	गाधेया.	पाराशर २	३ वशिष्ठशक्ति	साम·	कौथुमी	वरुणा
३०	व्यास.	गाधेया.	पाराशर	,,	,,	,,	,,
३१	त्रवाडि.	कोटिया.	,,	,,	,,	,,	,,
३२	त्रवाडि.	त्रंडिसा.	,,	,,	,,	,,	,,
३३	त्रवाडि.	लाडया.	,,	,,	,,	,,	,,

सं०	अवटंक.	उपनाम.	गोत्र	प्रवर.	वेद	शाखा	कुलदेवी
३४	त्रवाडि.	नरेचा.	पाराशर	३ वसिष्ठशक्ति ३	साम,	कौथुमी.	वरुणा.
३५	त्रवाडि.	उपलिया.	,,	,,	,,	,,	,,
३६	उझा.	शल्या.	कौशिक.	उ. विश्वामित्रदे-		,,	सिद्धा.
३७	त्रवाडि.	काणोदरा.	,,	वराजऔदा.		,,	,,
३८	अवस्ति.	शल्या	,,	लक.	,,	,,	त्र्यम्बका.
३९	त्रवाडि.	शल्या.	कौशिक	प्रवर ३	साम.	कौथुमी.	व्याघ्रेश्वरी.
४०	जोशी.	सनखलपुर	,,	,,	,,	,,	,,
४१	जोशी.	वडवाणिया.	,,	,,	,,	,,	,,
४२	जोशी.	आंशालिया.	,,	,,	,,	,,	,,
४३	जोशी.	नरेचा.	,,	,,	,,	,,	,,
४४	ठाकर.	डिभिया.	,,	,,	,,	,,	,,
४५	ठाकर	सिंरखटिया.	,,	,,	,,	,,	,,
४६	ठाकर	सिंरखटिया.	,,	,,	,,	,,	,,
४७	दवे	वौरशघा.	,,	,,	,,	,,	,,
४८	त्रवाडि.	कुदाली.	,,	,,	,,	,,	,,
४९	दवे.	पद्दाडकुड.	,,	,,	,,	,,	,,
५०	दवे.	उपरससाकुमार.	,,	,,	,,	,,	,,
५१	दवे.	केशिविकार.	,,	,,	,	,,	,,
५२	दवे.	झौ०	,,	,,	,,	,,	,,
५३	दवे.	झागडुआत्र-	,,	,,	,,	,,	,,
५४	दवे.	शिरखडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
५५	दवे.	मुंडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
५६	दवे.	माकडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
५७	ठाकुर,	उनामण.	,,	,,	,,	,,	,,
५८	ठाकुर.	बजुरिया.	,,	,,	,,	,,	,,
५९	दवे.	टोटाणीया.	,,	,,	,,	,,	,,
६०	वोहरा.	चमारिया.	कौशिक.	प्रवर ३.	साम.	कौथुमी.	देवी.
६१	पोहोरा.	पुतार.	कौशिक.	प्रवर ३.	साम.	कौथुमी.	देवी ४
६२	मोहित.	पारकरा.	,,	,,	,,	,,	,,
६३	प्रोहित.	२॥ सनापरा.	,,	,,	,,	,,	,,
६४	प्रोहित.	हाल.	,,	,,	,,	,,	,,
६५	पंडया.	घोडिया.	,,	,,	,	,,	,,
६६	पंडया.	जोऊरिया.	,,	,,	,,	,,	,,
६७	पंडया.	भाद्रडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
६८	त्रवाडि.	शिरबुडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
६९	त्रवाडि.	दशोत्तरा.	वच्छस. ५	५ मृगुच्यतन.	साम.	कौथुमी	आतमदा.
७०	अग्निहोत्री.	दशोत्तरा	,,	और्व अग्नि.	,,	,,	देवीनदी.
७१	अवस्ती.	दशोत्तरा.	,,	वानजमदग्नि	,,	,,	वानागणी
७२	दवे.	कोडिया.	,,	,,	,,	,,	,,

सं०	अवटंक	उपनाम	गोत्र	प्रवर	वेद	शाखा	कुलदेवी
७३	दवे	दशोतरणिया	,,	,,	,,	,,	,,
७४	जोशी	पडेवा.	,,	,,	,,	,,	,,
७५	दवे	पडेचा.	,,	,,	,,	,,	,,
७६	त्रवाडी.	सामला,	,,	,,	,,	,,	,,
७७	त्रवाडी.	मेहेर.	उपमान्यव.	३ आगस्त्यअरुणा	साम	कौथुमी.	नविबागिना.
७८	त्रवाडी.	जाजरला.	,,	इध्मवाह			
७९	त्रवाडि.	आइया,	कश्यप.	कश्यपवत्सन			योगेश्वरी-
८०	त्रवाडि.	करचडा.		ध्रुत.		,,	,,
८१	त्रवाडि.	द्रदवाडिया,	,,	,,	,,	,,	,,
८२	त्रवाडि.	वाडसुहालिया	कश्यप.	प्रवर. ३	सामवेद	कौथुमी	योगेश्वरी.
८३	त्रवाडि.	पावडी.	,,	,,	,,	,,	,,
८४	जोशी.	चण्डा		,,	,,	,,	,,
८५	जोशी.	पंचपोडिया	,,	,,	,,	,,	,,
८६	व्यास.	पुरेच्या	,,	,,	,,	,,	,,
८७	बोहोरा.	पुरेच्या	,,	,,	,,	,,	,,
८८	भठ.	बोरभा.	,,	,,	,,	,,	,,
८९	अवस्थी.	लोह.	,,	,,	,,	,,	,,
९०	बोहोरा.	वावडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
९१	जोशी.	गौतमग्रीवा.	गौतम ८	२ गौतमआंगि. रस औतथ्य.	यजु.	माध्य०	महालक्ष्मी
९२	दवे.	,,	,,	,,	,,	,,	,,
९३	दवे.	लंपाडवा					
९४	,,	साछलवाडिया	,,	,,	,,	,,	,,
९५	,,	पुछत्रोड.	,,	,,	,,	,,	,,
९६	ठाकर	लापसा.	;,	,,	,,	,,	,,
९७	बोहोरा.	पीडिया.	शांडिल्य.	३ आत्रेयआच.	,,	,,	क्षेमकरी.
९८	दवे.	पेसा		नरेभ्येति.	,,	,,	,,
९९	दवे.	काकिडिया.		वाआशैल्य	,,	,,	,,
१००	दवे.	धोधलवाडिया		देवलशांडि. लेतिदेवला. श्रितमांडव्या.	,,	,,	,,
१०१	बोहोरा.	धोधलवाडिया.					
१०२	पंडया.	धोंधलवाडिया.					
१०३	दवे.	आशोंलपा.					
१०४	दवे.	वेलडिया.	मोद्गलस १०	३ मौद्गल.	यजुर्वेद	माध्यंदिनी	देवीचामुंडा.
१०५	दवे.	चापानेरिया.	,,	अंगिरसभा-			

सं.	अवटंक	उपनाम	गोत्र	प्रवर	वेद	शाखा	कुलदेवी
१०६	दवे	गोधा	,,	रमा.	,,	,,	महालक्ष्मी
१०७	दवे.	हाडिया.	चांद्रास ११	१ न उमबा२अत्रेया		,,	वा चामुंडा
१०८	दवे.	अरणा.	,,	गाविष्ठपूर्णेति.	,,	,,	यक्षिणी.
१०९	,,	केळवाडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
११०	,,	वातडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
१११	,,	भाटिया.	,,	,,	,,	,,	,,
११२	,,	बोनैया.	,,	,,	,,	,,	,,
११३	जोशी.	वातड.	,,	,,	,,	,,	,,
११४	दवे.	कोचर.	लवणस १२	१ नउमवा ३	यजुर्वेद.	माध्यंदिनी	देवीदुर्गा
११५	व्यास.	वालोद्रस.	वालोद्रसन	उतिथअंगिरस.		,,	वा चामुण्डा
११६	दवे	पाठिक.	,,	लौडमान.		,,	,,
११७	दवे.	पानोलिया	कपिंजलस.	३ बशिष्ठभार-	यजुर्वेद	माध्यंदिनी	चामुण्डा,
११८	दवे.	कोचर.	१३	द्वाजेंद्रप्रमाद्.	इन्द्रप्रमद		
११९	दवे.	रमणेंचा.		,,	,,	,,	,,
१२०	दवे.	पुराणचा.					
१२१	दवे	जीवांणचा	कपिंजलस	प्रवर २	यजुर्वेद	माध्यंदिनी	चामुण्डा
१२२	दवे	खांडिया.	,,	,,	,,	,,	,,
१२३	दवे	डाभिया.	,,	,,	,,	,,	,,
१२४	ऊझा.	धाधलिया.	,,	,,	,,	,,	,,
१२५	दवे	बालिया	,,	,,	,,	,,	,,
१२६	दवे.	टेटिया	,,	,,	,,	,,	,,
१२७	दवे.	उपाध्या.	,,	,,	,,	,,	,,
१२८	दवे.	पाठक.	,,	,,	,,	,,	,,
१२९	दवे	वदरखाना	,,	,,	,,	,,	,,
१३०	जोशी	स्वयंदेव.	,,	,,	,,	,,	,,
१३१	व्यास.	स्वदेव	,,	,,	,,	,,	,,
१३२	उझा.	आचडिया	हारित	पंचप्रवर ५	,,	,,	,,
१३३	दवे.	पाठक	,,	,,	,,	,,	,,
१३४	दवे.	चरूचा.	,,	,,	,,	,,	,,
१३५	दवे.	आचडिया	,,	,,	,,	,,	,,
१३६	दवे.	चोचना.	,,	,,	,,	,,	,,
१३७	दवे.	कुवेचा	,,	,,	,,	,,	,,
१३८	दवे	शिळेवा	,,	,,	,,	,,	,,
१३९	होता	७ वलासणा.	शिरोरीहिया	शीरमुण्डिया.	मनमुंडिया	न्यावेष्टा.	,,
		रंगभंदिया-	,,	,,	,,	,,	,,
		लम.					

अथ श्रीमालिब्राह्मणोंके चौदह छकडियोंके नामका कोष्ठक।

सामवेद छकडी ६						यजुर्वेद छछडी ८
१ भोपाल	१ लोहा.	१ चासुएडा.	१ गोधा	१ परेचा	१ उपरसप्ता.	१ मटक्रिया.
२ टोकर	२ भाद्रडिया	२ ब्रडक	२ कोछुर.	२ पहत्तर.	२ गंगाठ.	२ उनमणिया
३ शला.	३ त्युघु.	३ भनमुडिप.	३ मनाश्रत्र.	३ खजुरिया.	३ कोटका.	३ सहीसरा.
४ गावोंज.	४ पावडात्र.	४ काटिया.	४ पेय.	४ टंकसालि	४ वोटसुहा.	४ वंडेगणा.
५ काणद्र	५ लाडश्रा.	५ कातेचा.	५ कर त्रोह	५ करचंडा.	५ झझुवाडिया	५ मशकमुकीय
६ मेहेर.	६ काश्यपा	६ रुपेंचा	६ हारि	६ खांडा.	६ करसणीया	६ पाहणकुठ.
१ दशोत्र.	१ खाजलिया.	१ मानवेचा.	१ फाटिया.	१ खाकमीचा	१ छडगणा.	१ रंकासणा.
२ ऐयात्र.	२ पडशल्या.	२ मठबालेचा	२ राणिया.	२ पूरना.	२ दातिया	२ मलिया.
३ जादरोला.	३ चित्रोडा.	३ कुतेचा	३ नरचा.	३ चोरना.	३ घबकरा	३ नरउदया.
४ डवलाय.	४ कपिंछला.	४ अजरामरि	४ लंपाडआ	४ चडा.	४ मीनीसात्र	४ व्यकरा.
५ वाकलाया	५ बलवाटिया	५ माक्षिया.	५ गौतमा.	५ चोखना.	५ आलुआ.	५ उणा.
६ भाभट.	६ उपरसा.	६ फलपहुश्रा.	६ लापसा.	६ मुण्डा.	६ चाचरणचोर.	६ नवलखा.

भोजकादिप्रभेदाश्च तन्मध्ये ह्यभवन् किल ॥ ९८ ॥ यजुःसाम्नां सप्त सप्त गोत्राणि प्रवदंति च ॥ अन्ये पञ्चसहस्राणि ऋषिपुत्राः कुटुंबिनः ॥९९॥ ते तु पुष्टिकराः प्रोक्ता उत्तमाधमभेदतः॥ ये गौतमापमाने तु वेदबाह्या द्विजैः कृताः ॥१००॥

जातेहैं। दशकोशी श्रीमालीका भेद कहते हैं। कोई श्रीमालि ब्राह्मण विधवा परस्त्रीको लेके अन्यगांवमें जायके रहा पीछे संतान होवे तब अपनी योग्यता सरीखे ब्राह्मणसे संबंध करते हैं। वह दशकोशी श्रीमालि ब्राह्मण कहे जाते हैं। यह ब्राह्मण अहमदाबाद जिलेमें हैं ॥ ९८ ॥ श्रीमालियोंमें चौदह गोत्र हैं। वेद दो हैं उनमें यजुर्वेदी ७ गोत्रके हैं उनके नाम गौतम १ शांडिल्य २ चंद्रास ३ डौलवान ४ मौदुलस वा मौदूल ५ कपिंजलस वा कपिंजल ६ हरितस अब सामवेदभी सात गोत्रके हैं। उनके नाम शौनकस १ भरद्वाज २ पराशर ३ कौशिकस ४ वत्सस ५ औपमन्यव ६ कश्यप ७ ऐसे हैं। उनका विवाह संबंध अपने अपने वर्गमें होता है। यह श्रीमालि ब्राह्मण कोकिल ऋषिके मतका मानते हैं। इनमें स्त्री मृत हुए बाद अपने बापके गोत्रमें मिलती है। अब पैंतालीस हजार से ज्यादा जो ब्राह्मण आये पांच हजार सो ऋषिके पुत्र ॥ ९९ ॥ उनको पुष्कर ब्राह्मण (अथवा पोकरणे ब्राह्मण) कहते हैं।उसमें भेद है जो सैंधवारण्यवासी ब्राह्मण आये थे । गौतमके अपमान करनेसे अन्य ब्राह्मणोंने उनको वेदबाह्य होजावे।

पद्मानां प्रतिबिंबैश्च ये चोत्पन्ना द्विजातयः ॥ ते त्रागडाः समाख्याता द्विजा ह्येव न संशयः ॥ ६१ ॥ उक्तं स्तवके- अतः परं प्रवक्ष्यामि वणिजां भेदमुत्तमम् ॥ दशोनं लक्ष- मेकं तु श्रीमाले वणिजामभूत् ॥ ६२ ॥ नतेषां विद्यते संख्या पुत्रपौत्रकृता भुवि ॥ जैनेनामरसिंहेन स्वमार्गे विनि- वेशिताः॥६३॥ भिन्ना द्वादशधा जाताःस्वस्य रुच्यनुसारतः त्रीणि गोत्राणि भ्रष्टानि शूद्रकन्याप्रतिग्रहात् ॥ ६४॥ चत्वार्ये- तानि गोत्राणि भ्रष्टानीति विदुर्बुधाः ॥ कृतान्यमरसिंहेन त- स्माच्छूद्रत्वमागताः ॥ ६५ ॥ शूद्राःश्राद्धादिकार्येषुसूत्रधारण- मिष्यते ॥ कृषिगोरक्षवाणिज्य स्वर्णकारक्रियास्तथा ॥ ६६ ॥ तेषां व्याघ्रेश्वरी देवी योगक्षेमस्य कारिणी ॥ तेषां गोत्र-

ऐसा शाप दिया सो वहांसे वह ब्राह्मण चलेगये सो सिंधमें जाके रहे । सो उत्तम भये और देशमें जो रहे सो पूर्वोक्तसे मध्यम भये । परंतु यह बात लौकिक है । ब्राह्मण कर्मसे श्रेष्ठ होता है रूढिसे नहीं ॥ ६० ॥ अब कमलके प्रतिबिम्बसे जो पैदाभये वे कलादत्रागड ब्राह्मण भये ॥ ६१ ॥ अब बानियोंका भेद कहते हैं । श्रीमालक्षेत्रमें पाहिले विष्णुके ऊरु भागसे नब्बे हजार बानिये पैदा भये सो वैश्य थे ॥ ६२ ॥ परंतु कलियुगमें जैन मतकी प्रबलतासे अमरसिंह जैनने अपने धर्ममें लेलिये उस दिनसे सच्छूद्र कहे जाते हैं । वैश्य कर्मत्यागकरनेसे हीन वर्ण भयेहैं । परंतु अभी वह सब ज्ञातिस्थ लोगोंका विचार होवे कि अपनोंने अपना स्ववर्णधर्म पालन करना ऐसी इच्छा होवेतो सबोंने एक मत करके श्रीबृहन्नारदीय पुराणोक्त पतित सावित्रिक कर्मसे विधान करनेसे दशपुस्त हो जावेंगे । तब अपने वैश्यकर्मकी योग्यता आवेगी । वर्णोंका उच्चनीचपन कर्मसे होता है । यह निर्णय मैंने प्रथम प्रकरणमें लिखा है वहां देख लेना ॥ ६३ ॥ फिर अपनी अपनी मनकी प्रीतिसे वह बानियोंसे बारह भेद भये । उसमें सोनिका भेद कहते हैं ! पहिले जो त्रागड ब्राह्मणके अठारह गोत्र कहे उनमेंके प्रथम तीन गोत्रवालोंने शूद्रकी कन्याके साथ विवाह किया । और अंतिम चार गोत्र अमर सिंह ने भ्रष्ट किये उसके लिये शूद्रत्व वर्णको पाये ॥ ६४ ॥ ६५ ॥ श्राद्धमें सूत्रधारण करना खेती व्यापार सोनिपना करना ॥ ६६ ॥ उनकी कुलदेवी व्याघ्रेश्वरी है जो ब्राह्म- णका गोत्र वही गोत्र उनका जानना ॥ ६७ ॥

विधानं च स्वस्वेज्याध्यायसंगतम् ॥ ६७ ॥ एवमेते स्वर्ण-काराः श्रीमालिवणिजस्तथा ॥ ॥ प्राग्वडा गुर्जराश्चैव पट्ट-वासास्तथापरे ॥ ६८ ॥ गाताख्या वाणिजश्चासञ्छूद्रक-न्याप्रतिग्रहात् ॥ तन्मध्येप्यतिसंभ्रष्टाः दुग्धविक्रयिणश्च ते ॥ ६९ ॥ कुडप्पाविप्रयोगेन श्राद्धमंगलकर्मणि ॥ कंकोल-नागपूजा वै क्रियतेऽद्यापि ब्राह्मणैः ॥ २७० ॥ श्रीमालिनगर-

ऐसे सोना दसा विसाके भेदसे पटनी सुरती अहमदाबादी खंबायती ऐसे अनेक हैं। श्रीमालीबानिये दो प्रकारके दसाविसाके भेदसे हैं उसमें विसा श्रीमाली श्रावक धर्मी हैं दसा श्रीमालिमें कितनेकमें श्री है प्राग्वाट कहते पोरवाल वहभी दसा विसाके भेदसे दो प्रकारके हैं वह पोरवालमेंसे गुजर ऐसा एक ज्ञातिका भेद पैदा भयाहैपटवा ज्ञाति श्रीमाली ब्राह्मणोंको वस्त्रदेनेके वास्ते जो विष्णुके ऊरुसे पैदा हुए सो पटुवा ज्ञाति वैश्यहैं परन्तु हालमें कर्मभ्रष्टतासे शूद्र होगये हैं वह ज्ञाति महाराष्ट्र देशमें जानकीपुरमें बालापूर आदिमें और सूरता पाटण आदि शहरोंमें विख्यात हैं दूसरे गाठा और हलवाई ऐसे भेद हैं ॥ ६८ ॥ सो कहते हैं ऐसे गाठे बनिये पाहिले श्रीमाली बनिये थे परंतु शूद्रस्त्रीके साथ विवाह करनेसे जो वंश वृद्धिगतहुआ पुरुष श्रीमाली स्त्री शूद्री उस गाठे बनियेकी जात भई उनके ऊपर जो श्रीमालि ब्राह्म-णोंका कर है सो श्रीमालि पोरवालोंसे आधाहै यह गाठमेंसे भी जो बहुत भ्रष्ट होगये सो हलवाई और छीपे ऐसी ज्ञाति पैदा भई वह आधी ज्ञाति कही जाती है ऐसी श्रीमालि ब्राह्मणोंकी साडे छ न्यातकी वृत्ती कहीजाती हैं॥६९॥अथ श्रीमालक्षेत्रका भिन्नमाल नाम हुवा उसका कारण और विवाह श्राद्धमें कंकोल नागकी जो पूजा करते हैं उसका कारण कहते हैं एक कुंडपा नामक श्रीमाली ब्राह्मण गुजरात देशमें आबू पर्वतके नजीक सौगंधिक पर्वतमेंसे इक्षुमती नामकी कन्याके साथ विवाह करके लाया और कहा कि यह पर्वतकी एक गुफामेंसे मैं पातालमें जायके वहां कंकोल नामका एक नाग है उसकी कन्याको ग्रहण करके लायाहूं यह बात सुनते तब श्रीमाली आश्चर्य करनेलगे और कुंडपाको साबासी दिये फिर एक सारिका नामकी राक्षसी श्रीमालियोंकी कन्याओंको हरण करके कंकोल नागकी जगहमें छोडके आतीथी बाद यह कुंडपाके पुत्र उस कंकोल नागके पास जायके प्रार्थना किये कि हमारी कन्यावोंका आपने रक्षण कियाहै इसवास्ते विवाहादिकमें श्रीमालीमात्र आपका पूजन करेंगे ऐसा कहके वो कन्यावोंको लाये उस दिनसे आजतक श्राद्धमें विवाहमें कंकोलनागका चित्र वगैरः करके पूजा करतेहैं ॥ २७० ॥ पीछे कितनेक दिन गये बाद वह श्रीमाल नगर उजाड पडा बाद श्रीपुंजनामक आबूके राजाने वसाया और राजा भोजकी वखतमें महाकवि माघनामक

स्यापि भिल्लमालेति नाम यत् । स्थापितं भोजराजेन कविमाघप्रसंगतः ॥ ७१ ॥ दसाविसाप्रभेदश्च पुनर्भूकर्मयोगतः ॥ जातः कालांतरे पूर्वं धनिकस्य च गौरवात् ॥ ७२ ॥ एवं श्रीमालिविप्राणां त्रागडानां तथैव च ॥ सार्धषट्वणिजां चैव निर्णयः कथितो मया ॥ ७३ ॥

इति श्रीहरिकृष्णनिर्मितेबृहज्ज्योतिषार्णवे षष्ठमिश्रस्कंधेषोडशेब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्यायेश्रीमालिब्राह्मण-त्रागडब्राह्मण-श्रीमालिपोरवालपटुवागाठागुजरा-आदिज्ञातिवर्णनं नाम चतुर्थप्रकरणम् ॥ ४ ॥

भया जिसने माघनामक एक काव्यका ग्रंथ बनाया है वह श्रीमाली ब्राह्मण था ऐसा प्रबोधचिंतामणिमें लिखाहै वह श्रीमालनगरमें रहता था उसका पैदाइशसे खर्च जास्त करनेका स्वभाव था भोजराजाने उसको लाख रुपये बखशीस दियेथे और पिताको भी धन बहुत था परंतु धनकी अडचणसे मरण पाया यह बात भोजराजाने सुनतेही श्रीमाल नगरको धिक्कार देके भिल्लमाल उस शहरका नाम स्थापन किया सो हालमें भिल्लमाल वा भिंडमाल कहा जाताहै । अनहलवाड पाटण वसे बाद भिन्नमाल टूटनेसे कितनेक लोक पाटणमें आयके वसे तब श्रीमालि ब्राह्मणोंकी कुलदेवी जो महालक्ष्मी उनकी मूर्ति जो भिल्लमालमें पूजतेथे सो मूर्तिको लेके ब्राह्मण पाटणमें आये वो मूर्ति आज दिन तक पूजी जाती है ॥७१॥ अब श्रीमाली पोरवाल बानियोंमें दशा बिसाका भेद कैसा हुआहै सो कहते हैं । कोई बडे धनवान श्रीमाली बनियोंकी कन्या विवाह भये बाद थोडेके दिनमें विधवा भई तब पिताने ' देयान्यत्र विवाहितापि ललना या विद्धयोनिर्न चेत" ऐसा शास्त्रमत देखके अपने देशमें उस कन्याको किसीनेभी ग्रहण नहीं किया तब देशांतरमें जायके वहां कन्याका विवाह करके फिर अपने गांवमें आया तब गांवके अन्य वैश्य थे उन्होंने कलियुगमें यह बात निषिद्धहै ऐसा निश्चय करके उस धनिकके साथ भोजनव्यवहार नहीं रखा तब कितनेही लोग जो धनिक पक्षमें रहे सो तो दसा श्रीमालि पोरवाल भये और जिन्होंने वह पुनर्विवाह अयोग्य है ऐसा कहा उनके पक्षके विसा श्रीमालि पोरवाल भये यह सब जैन मार्ग रत होगयेथे फिर कईके वर्ष गये बाद श्रीमद्वल्लभाचार्यजीके प्राकट्य हानेसे श्रीवैष्णवी संप्रदायमें आयेहैं उसमें भी जो बाकी रहतेहैं सो अद्यापि श्रावक पोरवाल नामसे बानिये विख्यातहैं ॥ ७२ ॥ ऐसा श्रीमालि ब्राह्मण और त्रागड ब्राह्मण और साडे छः ज्ञाति बनियोंकी उत्पत्तिका निर्णय मैंने वर्णन किया इनका पंचद्रविडमें गुर्जर संप्रदाय है ॥ ७३ ॥

इति श्रीमालिब्राह्मणादिकका उत्पत्तिभेद पूरा हुआ प्रकरण ॥ ४ ॥

अथ कर्नाटकब्राह्मणोत्पत्तिमाह।

अथ कर्नाटकब्राह्मणोत्पत्तिमाह—कृष्णाया दक्षिणे भागे पूर्वे वै सह्यपर्वतात् ॥ उत्तरे हिमगोपालाद्द्रविडाच्चैव पश्चिमे ॥ १ ॥ देशः कर्णाटको नाम तत्रत्यश्च महीपतिः ॥ स्वे देशे वासयामास महाराष्ट्रोद्भवान्द्विजान् ॥ २ ॥ तेभ्यश्च जीविका दत्ता ग्रामाणि विविधानि च। कावेर्यादिनदीसंस्थदेवतायतनानि च ॥ ३ ॥ स्वदेशनाम्ना विख्यातिं प्रापितास्तेन भूभुजा ॥ ते वै कर्णाटका विप्रा वेदवेदांगपारगाः ॥ ४ ॥ शिवस्योपासकाः सर्वे श्रीविष्णूपासकाः परे ॥ षट् भेदास्तत्र संप्रोक्ताः कर्णाटकद्विजन्मनाम् ॥५॥ सवासेसंज्ञकश्चाद्यस्तथा षष्टिकुलाभिधः ॥ व्यासस्वामीमठस्थश्च राघवेन्द्रमठाभिधः ॥ ६ ॥ उडपी तुलवाख्यश्च मठस्य सेवकस्तथा ॥ उत्तरादिमठस्यैव सेवकश्चोत्तमोत्तमः ॥ ७ ॥ एषां भोजनसंबंधो वैष्णवैर्वैष्णवेषु च ॥ शैवैः शैवेषु चान्येषु वर्त्ततेऽन्यैर्द्विजैस्सह ॥ ८ ॥ एषां विवाह-

अब कर्णाटक ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहतेहैं। कृष्णा नदीके दाक्षिण तरफ सह्याद्रि पर्वतसे पूर्वमें हिमगोपालसे उत्तर द्राविडदेशसे पश्चिममें ॥१॥कर्नाटक देश है वहांके राजाने महाराष्ट्र देशमेंसे ब्राह्मणोंको बुलायके अपने देशमें रखे ॥ २ ॥ और उनके निर्वाह करनेके वास्ते पृथ्वी और ग्राम अनेक दान दिये और कावेरी तुंगभद्रा कपिला आदि जो महानदियां हैं उनके तटोंके ऊपर जो अनेक देवताओंके मंदिर-स्थान हैं वे भी दिये ॥ ३ ॥ और वह ब्राह्मणोंके समूह अपने देशके नामसे प्रख्यात किये सो वे कर्णाटक ब्राह्मण भये ॥ ४ ॥ उनमें कितनेक शिवके उपासक हैं। और कितनेक मध्व रामानुज सम्प्रदायी आदि वैष्णव हैं। उन कर्णाटक ब्राह्मणोंके छः भेद हैं॥५॥सो कहते हैं। सवासे नामक ब्राह्मण१षष्टिकुल ब्राह्मण २व्यास स्वामी मठसेवक ब्राह्मण, ३राघवेंद्रस्वामि मठसेवक ब्राह्मण ४ ॥६॥ उडपी तुलवमठ स्वामी सेवक ब्राह्मण,उत्तरादि मठसेवक ब्राह्मण सर्वोंसे उत्तमहैं।७॥अब उनका भोजनव्यवहार वैष्णववैष्णवमें शैव शैवकी पंक्तिमें है। और कदाचित् तैलंग द्रविड महाराष्ट्रके साथ भी कर्णाटकोंका भोजन व्यवहार होता है ॥ ८ ॥ अब इनका विवाहसंबंध कहते हैं।

संबंधाः कीदृशास्तद्वदामि वः ॥ उडुपि ब्राह्मणाः सर्वे स्ववर्गे एव केवलम् ॥ ९ ॥ कुर्वंति कन्यासंबंधं नान्यैस्सह कदाचन ॥ १० ॥ सवासेषष्टिकुल्याश्च मिथो वै पाणिपीडनम् ॥ उत्तरादित्रयो विप्राः सम्बंधं च परस्परम् ॥ ११ ॥ कुर्वंति कन्यकाया वै सर्वदा निर्भयेन च ॥ कर्णकं मागोलकुंडव्यापार्यादिप्रभेदतः ॥ १२ ॥ संति संकेतनामानस्ते ज्ञेया लोकमार्गतः ॥ इति संक्षेपतः प्रोक्तः कर्णाटकविनिर्णयः ॥ १३ ॥

इति श्रीहरिकृष्णविनिर्मिते बृहज्ज्योतिषार्णवे षष्ठे मिश्रस्कंधे ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्याये षोडशे कर्णाटकब्राह्मणज्ञातिवर्णनं नाम पञ्चमं प्रकरणम् ॥ ५ ॥

उडपि तुलव मठस्वामी सेवक जो हैं उनका विवाह संबंध अपने वर्गमें होता है ॥९॥ अन्यवर्गमें नहीं करते ॥ १० ॥ सवासे कर्णाटक और षष्ठिकुल कर्णाटक इन दोनोंका परस्पर व्यवहार सम्बन्ध होता है। और उत्तराधिमठसेवक व्यास स्वामिमठसेवक इन तीनोंमें परस्पर विवाह सम्बन्ध होता है ॥ ११ ॥ और इस कर्णाटक ज्ञातिमें कर्णक मागोल कुण्ड आदि करके भेद हैं ॥ १२ ॥ सो लोकव्यवहारसे जानना ऐसा यह संक्षेपमें कर्णाटक ज्ञातिका निर्णय कहा ॥ १३ ॥

इति कर्णाटकज्ञातिवर्णन ५ संपूर्ण हुआ ॥

अथ तैलंगब्राह्मणोत्पत्तिमाह ।

अथ आंध्रतैलंगब्राह्मणोत्पत्तिमाह–स्वेष्टदेवं गुरुं नत्वा श्रुत्वा शिष्टमुखादिदम् ॥ हरिकृष्णः प्रकुरुते चांध्रविप्रकथानकम् १॥ देशे जैमुनिसंज्ञे च राजा धर्मव्रतो महान् ॥ सिद्धिर्हि वर्त्तते तस्य मनोगमनसंज्ञका ॥२॥ तथा भूमौ स राजा वै पुण्यक्षेत्राणि यानि च ॥ द्रष्टुं परिभ्रमन् गेहं स्वकीयं पुनरागमत् ॥३॥

अब आंध्र तैलंग ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं–इष्टदेवको पिताको नमस्कार करके महापुरुषके मुखसे वृत्तांत श्रवण करके मैं हरिकृष्ण तैलंग ब्राह्मणका कथानक करता हूं ॥ १ ॥ जैमुनि देशमें कोई धर्मव्रत राजा था। उसको ईश्वरके अनुग्रहसे स्वेच्छागमन सिद्धि थी ॥ २ ॥ सो राजा जहां जहां पुण्यक्षेत्र और तीर्थ होवें वहां जाना तीर्थविधि स्नानदान

स्नानं दानं तर्पणं च पूजां तत्र करोति च ॥ वर्त्तयन्यात्राधर्मेण राजधर्मेण चैव हि ॥ ४ ॥ एवं राजा मनोगामी प्रत्यहं चारुणोदये ॥ वाराणस्यां समायाति स्नानार्थं निजमंदिरात ॥ ५ ॥ पुनः स्वभवनं याति तदैकस्मिन्दिने सति ॥ अपश्यमाना स्वपतिं चोत्थानसमये तदा ॥ ६ ॥ मां विहाय कुतो वायं नित्यं संगच्छतीति च ॥ विशंकमाना भर्तारमागतं तमपृच्छत ॥ ७ ॥ क्व यासि नित्यं भोः स्वामिन्निति पृष्टे स चाब्रवीत्॥काशीं गमिष्ये इति तामुक्ते सा पुनरब्रवीत् ॥ ८ ॥ अहो नित्यं मां विहाय कथं काशीं गमिष्यसि ॥ अहमप्यागमिष्यामि श्वःप्रभृत्येव निश्चितम् ॥९॥ तथेत्युक्त्वा स नृपतिस्ततः प्रभृति नित्यशः ॥ गत्वा स्वभार्यया साकं स्नानं पूजां विधाय च ॥१०॥ पुनः स्वभवनं यातीत्येवं नित्यक्रमे सति ॥ एकस्मिन्दिवसे तस्य भार्या भागीरथीतटे ॥ ११ ॥ गमनावसरे तीर्थात्पुष्पिणी ह्यभवत्तदा ॥ तस्मिन्नेव दिने राजा नगरं शत्रुवेष्टितम् ॥ १२ ॥ ज्ञात्वा स्वसिद्धियोगेन चिंतयामास

पुण्य करके फिर तुरत अपने घरको आयके राज्य करता था ॥ ३ ॥ ४ ॥ और उस राजाका ऐसा नियम था कि नित्य अरुणोदयको अपनी मनोगमन सिद्धिसे काशीक्षेत्रमें जायके उत्तरवाहिनी गंगामें स्नान करके आना ऐसा रोज करता था ॥ ५ ॥ सो एक दिन उसकी स्त्रीने उठनेके वखत पतिको नहीं देखा ॥ ६ ॥ तब विचार करने लगी कि मुझको त्याग करके मेरा पति रोज कहां जाता है इतनेमें पति आया उसको पूछने लगी कि ॥ ७ ॥ महाराज ! नित्य मुझको छोडके आप कहां जाते हो ? राजाने कहा काशीको जाता हूं ॥ ८ ॥ रानी कहने लगी मुझको छोडके तुम कैसे जाने लगे अब कलसे मैं भी आऊंगी ॥ ९ ॥ राजाने अच्छी बात है ऐसा कहके दूसरे दिनसे अपनी स्त्री सह वर्तमान रोज काशीको जायके तीर्थ स्नान विश्वेश्वरकी पूजा दर्शन करके फिर अपने घरको आना ऐसा नित्य क्रम रखा ॥१०॥ सो एक दिन स्नान पूजा करके काशीमेंसे निकलती बखत राजाकी स्त्री रजस्वला भई और उसी दिन राजाका नगर शत्रुनें घेरलिया ११॥१२॥ सो राजाको कैसे मालूम पडा ऐसा कहोगे तो उस राजाको मनोगमन दूरदर्शन दूर श्रवणादि

चेतसि ॥ रजोंते यदि गच्छामि राज्यं शत्रुर्ग्रहीष्यति ॥ १३ ॥ त्यक्त्वैनां यदि गच्छामि धर्मशास्त्रे हि दूषणम् ॥ नरैर्यात्रा न कर्तव्या येषां भार्या रजस्वला ॥ १४ ॥ इति चिंतासमाविष्टो विप्रानाहूय सत्वरम् ॥ विप्रतिषेधविरुद्धं कार्यं विज्ञापयामास ॥१५॥ तदा ते सर्वविदुषो विलोक्य नृपसंकटम् ॥ शास्त्राधारेण वचनं प्रोचुर्नृपसमीपतः ॥१६॥ युष्मज्जाया तु योग्यास्ति गमने च त्वया सह॥ इति तद्वचनं श्रुत्वा नृपो हर्षितमानसः ॥ १७ ॥ भार्यां गृहीत्वा निरगात्तदा राजानमब्रुवन् ॥ राजंस्त्वया रक्षितव्या वयं सर्वे च दुःखतः ॥१८॥ स उवाच तदाकर्ण्य चाहो हे द्विजवर्यकाः ॥ मयि स्थिते च युष्माकं का विपत्तिर्भविष्यति ॥ १९ ॥ दुःखं तथापि युष्माकं भवेच्चे न्निकटे मम ॥ आगन्तव्यमिति प्रोक्त्वा नत्वा भार्यां प्रगृह्य च ॥ २० ॥ आगत्य नगरं स्वं वै रिपून्निर्जित्य चैकराट्॥ धर्मेण राज्यमकरोत्ततः कालांतरेण च ॥ २१ ॥ वाराणस्यामनावृष्टिदोषेण सर्वजंतवः ॥ दुःखिता ह्यभवंस्तत्र लुप्ते च पुण्य-

सिद्धी थी राजा शत्रुवेष्टित नगरको देखके चिंता करने लगा कि तीन दिन यहां रहके फिर स्वग्राम जांयगे तो तीन दिनमें तो शत्रु राज्य ले लेंगे ॥ १३ ॥ और जो कभी स्त्रीको यहां छोडके मैं अकेला गया तो यहभी बहुत अयोग्य है । क्योंकि जो स्त्री रजस्वला होवे तो पतिने देशांतरगमन नहीं करना ऐसा शास्त्रार्थ है ॥ १४ ॥ इसवास्ते कैसा करना ऐसा विचार करने लगा और वहांके पंडितोंको बुलायके सब वृत्तांत कहा तब पंडितोंने राजाका अतिसंकट देखके धर्मशास्त्र ग्रन्थ का आधार लेके राजाको कहा कि तेरी स्त्री तेरे बरोबर आनेको योग्य हुई है । ऐसा ब्राह्मणोंका वचन सुनके प्रसन्न होके ॥ १५–१७ ॥ स्त्रीको अपने साथ लेके अपने देशमें आने लगा । उस वखत वे ब्राह्मण राजाकी प्रार्थना करने लगे । हे राजा ! कदाचित् हमको दुःखहोवे तो रक्षण करना ॥ १८ ॥ तब राजाने कहा मेरे बैठे तुमको दुःख नहीं होनेका ॥१९॥ तथापि होवे तो मेरे पास आना ऐसा कहके नमस्कार करके स्त्रीको लेके ॥२०॥ अपने नगरको आयके शत्रुको जीतके धर्मसे राज्य करने लगा ॥ २१ ॥ फिर बहुत दिनगये बाद काशीप्रांतमें जलवृष्टि न हुई

कर्मणि ॥ २२ ॥ सभां कृत्वा द्विजाः सर्वे निश्चयं चक्रुराद-
रात् ॥ पूर्वं धर्मव्रतेनास्मानुक्तं किमिति श्रूयताम् ॥ २३ ॥
विपत्तिकाले युष्मान्वै रक्षिष्यामेति निश्चितम् ॥ अतो वयं
तन्निकटे गमिष्यामः सशिष्यकाः ॥ २४ ॥ इति निश्चित्य
निरगुः संप्राप्ता नगरं प्रति ॥ धर्मव्रतस्य निकटे शिष्यः संप्रे-
षितस्तदा ॥ २५ ॥ औत्तरेया वयं प्राप्ता नद्याश्चोत्तरदिक्तटे ॥
जलपूर्णा नदी यस्मात्तस्मादत्रैव संस्थिताः ॥ २६ ॥ तच्छ्रु-
त्वा नृपतिस्तूर्णमुत्थाय च सबांधवः ॥ नौकामारुह्य तेषां वै
निकटे स जगाम ह ॥२७॥ स्वागतं चाब्रवीद्राजा बहुमान-
पुरःसरम् ॥ प्रणम्य संपूज्य ततः पप्रच्छागमकारणम् ॥२८॥
औत्तरेया ऊचुः ॥ अस्मद्देशेऽतिदुर्भिक्षपीडा चासीन्महत्तरा ॥
तेन त्वन्निकटे प्राप्ता रक्षास्मान् कर्मपीडितान् ॥ २९ ॥
श्रुत्वा तद्वचनं राजा तदर्थं स्थलमुत्तमम् ॥ खानपानयुतं
कृत्वा तत्र चावासयच्च तान् ॥ ३० ॥ ततः कालांतरे तत्र

उसके लिये लोक बहुत दुःखी भये पुण्यकर्मका लोप हुवा ॥ २२ ॥ तब सब ब्राह्मण मिलके सभा करके कहने लगे कि पहले धर्मव्रत राजाने अपनेको कहा था कि ॥ २३ ॥ विपत्तिकालमें रक्षण करूंगा इस वास्ते उस राजाके पास चलो ॥ २४ ॥ तब उन ब्राह्मणोंने एक निश्चय करके अपने शिष्योंसहित धर्मव्रत राजाके नगर समीप गमन किया ॥ २५ ॥ और वह गांवमें प्रवेश करने लगे तब गांवके नजदीक एक नदी दोनों तट जलपूर्ण वहती थी तब वह उत्तरतीर ऊपर काशीस्थ औत्तरेय ब्राह्मण आये ऐसी राजाको खबर करवाई ॥ २६ ॥ राजाने श्रवण करतेही स्त्री पुत्र प्रधान सहित नौकामें बैठके नदीके उत्तर तटमें आयके ॥ २७ ॥ औत्तरेय ब्राह्मणोंका राजाने बडा सन्मान करके साष्टांग नमस्कार किया। अर्घ पाद्य पूजा करके कुशल आगमनका कारण पूंछा ॥ २८ ॥ तब ब्राह्मणं कहने लगे हे राजा ! हमारे देशमें दुर्भिक्ष बहुत है, उस दुःखके लिये तेरे पास आये हैं हमारा रक्षण करो ॥ २९ ॥ तब राजाने कहा तुम कुछ भी फिकर मत करो । ऐसा कहके एक अग्रहार बनायके वहां खान पानका बंदोबस्त करके औत्तरेयोंको रखा और उनका सन्मान करते रहे ॥ ३० फिर बहुत दिन गये बाद नदीके दक्षिण तरफ रहनेवाले जैमिनिमतके अनुसारसे चल-

नदीदक्षिणवासिनः ॥ तद्देशीया द्विजा ये वै जैमिनीयमतानुगाः ॥ ३१ ॥ उत्कर्षमौत्तरेयाणां दृष्ट्वा चेर्ष्यापरायणाः ॥ वैचित्र्यं पश्यत ह्येतैरहो आधुनिकैर्द्विजैः ॥ ३२ ॥ अस्मन्महत्त्वं नृपतेः समीपे लोपितं किल ॥ अत एतान्विजेष्यामो विद्यावादेन निश्चयम् ॥ ३३ ॥ इति ते समयं कृत्वा सभार्यं नृपतिं द्विजाः ॥ गृहीत्वा च ततो जग्मुरौत्तरेयद्विजान् प्रति ॥ ॥३४॥ तदा तत्र मिथस्तेषां शास्त्रवादो महानभूत् ॥ प्रसन्नौ च तदा जातौ दंपती श्रवणोत्सुकौ ॥३५॥ महांतो ह्यौत्तरेयाश्चेत्युक्ते वै जायया तदा ॥ जैमिनीया महान्तश्च नृपेणोक्तमिति स्फुटम् ॥ ३६ ॥ दंपत्योश्च मिथो वादे प्रवृत्ते सति तत्र वै ॥ कार्यमालोचितं चैकं परीक्षार्थं द्विजन्मनाम् ॥ ॥३७॥ कुंभे सर्पं च संस्थाप्य ह्याच्छाद्य मुखरंध्रकम् ॥ संस्थाप्य च सभायां वै पृष्टवान्नृपतिर्द्विजान् ॥ ३८ ॥ एतत्पात्रे च यद्वस्तु वर्त्तते भो द्विजोत्तमाः ॥ यैरुक्तं स्पष्टरीत्या ते पूज्या मान्याश्च नान्यथा ॥ ३९ ॥ तदा तं जै

नेवाले ब्राह्मण उस देशके जो थे ॥ ३१ ॥ सो यह औत्तरेय ब्राह्मणोंका बहुत उत्कर्ष प्रतिष्ठा तथा माहात्म्य देखके मनमें दुःखी होनेलगे तब अपने आपसमें कहनेलगे कि अहो देखो यह अभी आये ॥ ३२ ॥ और राजाके सामने अपना माहात्म्य डुबादिया इसवास्ते विद्याका वाद करके जीतेंगे ॥ ३३ ॥ ऐसा निश्चय करके राजा और रानी यह दोनों साथ लेके वह सब औत्तरेय ब्राह्मणोंके अग्रहारमें गये ॥ ३४ ॥ वहां वह दोनों ब्राह्मणोंका शास्त्रवादका बडा कोलाहल शब्द भया सो श्रवण करके राजा रानी दोनों प्रसन्न भये ॥ ३५ ॥ फिर रानीने कहा इन दोनोंमें औत्तरेय ब्राह्मणबडे पंडित हैं राजाने कहा जैमिनीय ब्राह्मण बडे हैं ॥ ३६ ॥ ऐसा स्त्रीपुरुषोंका परस्पर वाद चला तब कौन बडे हैं इसकी परीक्षा करनेके वास्ते दोनोंने एक विचार करके कार्य खडाकिया ॥३७॥सो ऐसा कि एक पात्रमें सर्प रखके उस पात्रका मुख आच्छादन करके सभामें रखके दोनों ब्राह्मणोंको बुलायके कहा हे ब्राह्मणो! इस पात्रके अंदर जो पदार्थ है सो जिन्होंने स्पष्ट कहा वे बडे विद्वान् जाने

मिनीया वै पात्रं दृष्ट्वा च दूरतः॥एतन्मध्ये च सर्पोऽस्तीत्येवं प्रोचुर्नृपं प्रति ॥ ४० ॥ मुखावलोकनं चक्रुरौत्तरेयाः परस्परम् ॥ अस्माभिः किमु वक्तव्यमिति ते व्यथिताऽभवन् ॥४१॥ ब्रह्मण्यो भगवान्विष्णू रक्षणार्थं द्विजन्मनाम् ॥ ब्रह्मचारिस्वरूपेणागत्य तानब्रवीदिदम् ॥ ४२ ॥ औत्तरेयाः किमर्थं भोश्चिताग्रस्तास्तदुच्यताम् ॥ तदोचुस्त्वं बालकोऽसि कथं पृच्छसि कारणम् ॥ ४३ ॥ तन्मध्ये केन विप्रेण सात्त्विकेन च तं प्रति॥ कथितं सर्ववृत्तांतं तदा प्रोवाच बालकः ॥ ॥४४॥ विप्रविनोदिनीवंशे जातोऽहं ब्रह्मबालकः ॥ गूढार्थज्ञानवानस्मि तस्मात्कार्यं भवेद्यथा ॥४५॥ श्रीमतां च तथा सर्वं समीकुर्यां न संशयः ॥ मद्वंशजानां युष्माभिर्मान्यं कार्यं सदैव हि ॥४६॥ इत्युक्त्वा नृपतेरग्रे गत्वा राजानमब्रवीत ॥ शिष्योऽहमौत्तरेयाणां तव प्रश्नोऽतितुच्छकः ॥४७॥ न ब्रह्मविद्या तत्रास्ति तद्वक्ष्यामि तवोत्तरम् ॥ पात्रमध्ये सुवर्णस्य कृष्णमूर्त्तिर्हि वर्त्तते ॥ ४८ ॥ इत्युक्त्वा चाक्षतास्तत्र रोपिता-

जावेंगे और उनका रक्षण करूंगा जो झूंठ पडेंगे उनको दंड दूंगा ॥ ३८ ॥ ३९ ॥ तब जैमिनी ब्राह्मणोंने दूरसे उस पात्रको देखके कहा कि इसमें सर्प है ॥ ४० ॥ फिर वे औत्तरेय ब्राह्मण परस्पर मुख देखने लगे और अब हमने क्या कहना ऐसी चिंता करनेलगे ॥ ४१ ॥ तब ब्रह्मण्य देव श्रीविष्णुने ब्रह्मचारीका रूप लेके उन ब्राह्मणोंको पूछा ॥ ४२ ॥ कि तुम चिंताग्रस्त क्यों हो तब वह कहने लगे कि तू बालक है जा जा क्यों पूछता है ॥ ४३ ॥ उसमें एक सात्विकने सब वृत्तांत कहा तब वह बालक बोलने लगा कि मैं विप्रविनोदी वंशमें उत्पन्न हुआहूं । गूढार्थको जानता हूं इस वास्ते तुम्हारा काम जिसमें होगा ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ वह मैं करूंगा । परन्तु मेरे वंशस्थोंका तुमने मान्य करना ॥ ४६ ॥ ऐसा कहके राजाके पास जायके कहा कि महाराज ! मैं उन औत्तरीय ब्राह्मणोंका शिष्यहूं आपने जो प्रश्न किया सो कुछ वडा नहीं है ॥ ४७ ॥ उस प्रश्नका उत्तर कहने को केवल मैं समर्थ हूं ऐसा कहके हाथमें अक्षत लेके सभाके बीचमें उस पात्रके ऊपर डालके कहा कि हे राजा ! इस पात्रमें सुवर्णकी श्रीकृष्णकी मूर्ति है तब सर्व

स्तेन वै तदा॥तथास्त्विति वचो विप्राः प्रोचुरुत्तरवासिनः ॥ ॥ ४९ ॥ राजा विलोकयामास स्त्रीमुखं हास्यसंयुतः ॥ पात्रमुद्धाट्य च ततो दृष्ट्वा मूर्त्तिमनुत्तमाम् ॥ ५० ॥ दंपती विस्मयाविष्टावौत्तरेयाः प्रहर्षिताः ॥ तस्मात्स्थानान्निरगमज्जैमिनीयाः पराजिताः ॥ ५१ ॥ अथ राजातिसंहृष्टस्तेभ्यो ग्रामान्प्रदत्तवान् ॥ ते औत्तरेया ह्यभवंस्तैलंगब्राह्मणा इति ॥५२॥ अथ तेषां प्रवक्ष्यामि भेदषट्कस्य लक्षणम् ॥ आंध्रदेशे पुरा विप्रो वेदवेदांगपारगः ॥ ५३ ॥ एलेश्वरोपाध्यायेति नाम्ना ख्यातिमगाद्भुवि ॥ तस्यैका कन्यका चासीद्रूपलावण्यसंयुता ॥ ५४ ॥ एकदा स्वर्णकारश्च नाम्ना कल्याणपंतकः ॥ एलेश्वरगुरुं नत्वा मत्वा संप्रार्थयच्च तम् ॥ ॥ ५५ ॥ विद्यार्थी त्वामहं प्राप्तः शरणं ब्रह्मबालकः ॥ गुरौ तथास्त्विति प्रोक्ते सांगवेदमधीतवान् ॥ ५६ ॥ एलेश्वरः प्रसन्नोऽभूत्तस्मै कन्यां प्रदत्तवान् ॥ जामातरं च स्वे गेहे स्थापयामास प्रेमतः ॥ ५७ ॥ सोऽपि तत्रैव संतिष्ठन्पुत्रो

औत्तरेय ब्राह्मण तथास्तु कहने लगे ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ फिर राजाने स्त्रीके सामने देखके हास्य करके पात्रका मुख खोलके देखा तो प्रत्यक्ष सुवर्णमय कृष्णमूर्ति देखी ॥ ५० ॥ स्त्री पुरुष आश्चर्य करने लगे तब जैमिनीयब्राह्मण निस्तेज होके चले गये ॥ ५१ ॥ बाद राजाने उन औत्तरेय प्रत्येक ब्राह्मणोंको ग्रामदान करके अपने देशमें रखा उस दिनसे वे तैलंग ब्राह्मण उत्तरांदनामसे विख्यात भये ॥ ५२ ॥ अब उन तैलंग ब्राह्मणोंका छः प्रकारका भेद कहते हैं तैलंग देशमें बडा वेदशास्त्रसंपन्न ॥ ५३ ॥ एक एलेश्वरोपाध्याय करके ब्राह्मण था उसकी एक कन्या रूपलावण्ययुक्त थी ॥ ५४ ॥ एक समय कल्याणपंत नामक सोनिने बाल्यावस्थामें एलेश्वरोपाध्यायके पास जाके कहा ॥ ५५ ॥ कि मैं ब्राह्मणका बालक हूं मुझको विद्याभ्यास कराओ तब गुरुने कहा अच्छा । बाद उन्होंने कल्याणपंत गुरुके घरमें रहके सामवेदका अभ्यास किया ॥ ५६ ॥ तब गुरुने प्रसन्न होके अपनी कन्याके साथ विवाह करवाया और उस कल्याणपंतका गांव दक्षिणमें दूर था इसवास्ते अपने घरमें जामाताको रखा ॥ ५७ ॥ फिर कई दिन गये बाद वे कल्याणपन्तको पुत्र भया । उसके सोलहवें वर्षमें विवाहकार्यका आरंभ

जातस्ततः परम् ॥ तस्य वैवाहिके कार्ये समारब्धे विशेषतः ॥ ५८ ॥ मांगल्यसूत्रकरणे ज्ञातिज्ञानामभूत्तदा ॥ जामाता स्वर्णकारोऽयं किं कर्तव्यमतः परम् ॥ ५९ ॥ सभां चकारोपाध्यायः शुद्धिं प्रपच्छ च द्विजान् ॥ तदा ते ब्राह्मणाः प्रोचुः शुद्धिः कार्या त्वयैव हि ॥ ६० ॥ एलेश्वरोपाध्याय उवाच ॥ अल्पकालस्य संसर्गे प्रायश्चित्तं विधीयते ॥ अत्र जातानि वर्षाणि चत्वारिंशन्मितानि च ॥ ६१ ॥ संसर्गे तत्र नैवास्ति प्रायश्चित्तविधिर्द्विजाः॥अतो जातिविभागं वै करिष्यामि न संशयः ॥ ६२ ॥ इत्युक्त्वा पुनरेवाह एलेश्वरगुरुः स्वयम् ॥ वेलनाडश्च वेल्लाटिर्वेगीनाडुर्द्वितीयकः ॥ ६३ ॥ मुर्किनाडुः

भया है ॥ ५८ ॥ वहां मंगलसूत्र करनेकी बखत सुवर्णकी परीक्षाके लिये वह कल्याणपन्त जामाताकी परीक्षाभई कि इनकी ज्ञाति स्वर्णकार की है तब मनमें बहुत खेद करने लगे। परंतु संसर्ग बहुत दिनका होगया । तब कन्या जामाता दौहित्र इन तीनोंको पृथक्क् रखके ॥ ५९ ॥ ब्राह्मणोंकी सभा करके पूछा इसकी शुद्धि कैसी करना सो कहो। तब वह सब ब्राह्मण कहने लगे कि हमारे आप पूज्य हो इस वास्ते इसकी शुद्धिका विचार आपही करना ॥ ६० ॥ तब एलेश्वरोपाध्या कहने लगे कि थोडे दिनोंका संसर्ग दोष होवे तो शास्त्रसे प्रायश्चित्त विधि करना। यहां तो चालीस वर्ष संसर्ग सभी लोकोंको भया ॥ ६१ ॥ इससे प्रायश्चित्त नहीं है अब धर्म रक्षण होनेके वास्ते ज्ञातिभेद करता हूं ॥ ६२ ॥ जो अपने यह संसर्गमें नहीं है देशांतरके जो हैं वेल्लाटि अथवा वेलनाडू नामसे ज्ञाति प्रसिद्ध हो । अब वेलनाडुका अर्थ कहते हैं। वेल शब्दसे वहिर्भाग और नाडु शब्दसे देशका नाम इससे जो अपने प्रांतसे बहिर्भागमें हैं उनका नाम वेलनाडु जानना १ और उसमें भी जो पहिले स्वग्राम दग्ध होनेसे यहां आयके रहे वे वेगिनाडु नामकी ज्ञात प्रसिद्ध हो अब वेगिनाडुका अर्थ कहते हैं—वेगी शब्दसे दग्धका अर्थ नाडु शब्दसे देशका नाम सो जो दग्ध देशमेंसे यहां आयके रहे उनको वेगीनाडु जानना ॥ ६३ ॥ २ और जो कोई थोडे दिनोंमें स्वदेशाधिपके मरण देशमें अनाचार दुष्ट कर्म वृद्धिके त्राससे यहां आयके रहे सो मुर्किनाडु नामकी ज्ञाति प्रसिद्ध हो मुर्कि कहते मरण नाड कहते दशदेशाधिपके मरण दुःखसे जो देशत्याग करके यहां रहे

कर्णकर्मा निलघाणी तथैव च ॥ कासलूनाडीति भेदा वै भवतां षड् भवंत्विह ॥ ६४ ॥ स्वस्ववर्गे प्रकर्तव्यः कन्यासंबंध एव च ॥ धर्मसंरक्षणार्थाय नियमोऽयं मया कृतः ॥ ॥ ६५ ॥ एवं वै स्थापिता भेदास्तथान्यान्प्रवदाम्यहम् ॥ य एते याज्ञवल्कीयास्तेषां नाम चतुष्टयम् ॥ ६६ ॥ अनुमुकुंडलुश्चैको द्वितीयः कोत्तकुंडलुः ॥ दुबलुरर्युलुश्चैव ह्येषामपरनामकम् ॥ ६७ ॥ तथांध्रांतर्गता ये वै नियोगिब्राह्मणाः स्मृताः ॥ तेषां नामानि वक्ष्यामि ज्ञातिज्ञानप्रसिद्धये ॥ ६८ ॥ आरुवेलनियोगी च पाटनाटिर्द्वितीयकः ॥ पेसलवायी नियोगी च नन्दवर्युश्चतुर्थकः ॥६९॥ एते स्ववर्गे तिष्ठंति चाद्ययोः क्वचिदेकता ॥ सर्वेषां यजमानाश्च त्रिविधाः शूद्रजातयः ॥

उनको मुर्किनाडु जानना ३ । फिर तीनदेशोंमेंसे जो आये ऋग्वेद पाठक ब्राह्मणोंने उनको देखके कहा कि तुम्हारी कर्णकर्मा नामकी ज्ञाति प्रसिद्ध हो । कर्णकर्माका अर्थ कहते हैं । कर्ण कहते कुशल कर्म प्रसिद्ध हो कर्म जो कुशल उनको कर्णकर्मा जानना ४। और जो अपने संसर्गी हैं उनकी तिलंगाणी नामक ज्ञाति प्रसिद्ध हो ५ । वैसी कासलनाडु नामक ज्ञाति छठी प्रसिद्ध हो ६ । एलेश्वरोपाध्यायके सभामें जो ब्राह्मण मिले थे उनको कहके छःप्रकारका ज्ञातिभेद स्थापन किया । इस जातिमें ऋग्वेदी और आपस्तंबी बहुत हैं । श्रीयाज्ञवल्क्य सम्बन्धी वाजसनेयी थोडे हैं ॥ ६४ ॥ और उपाध्यायने कहा कि विवाह सम्बन्ध अपने अपने वर्गमें करना अन्यत्र नहीं । धर्म रक्षण होनेके वास्ते यह मर्यादा मैंने स्थापन करी ॥ ६५ ॥ ऐसे एलेश्वरोपाध्यायने छः भेद स्थापन किये । बाद और जो भेद हुये हैं सो कहते हैं । यह तैलंग ब्राह्मणोंमें जो याज्ञवल्क्यीय हैं उनमें दो भेद हैं ॥ ६६ ॥ एक अनुमकुण्डलु, दूसरा कोत्त कुडण्लु यह ब्राह्मणोंको अखलु ऐसा भी कहते हैं । दुबलु अर्युलु ऐसे दो भेद हैं । और आर्योंका उपदुरीवारु ऐसा व्यवहार भी है । काकुल पाटवारु वडमाह ऐसे दो भेद हैं ॥ ६७ ॥ और यह तैलंगान्तर्गत नियोगी ब्राह्मणोंके चार भेद हैं ॥ ६८ ॥ आरुबेलनियोगी १ पाकनाटियोगी २ पेसलवाई नियोगी ३ नदवर्पुनियोगी ४ ऐसे चार भेद हैं ॥ ६९ ॥ उसमें विवाह सम्बन्ध बहुत करके स्वस्ववर्गमें करते हैं । कदाचित् पाकनाटिनियोगी आरुबेलनियोगी इन दोनोंका सम्बन्ध होता है । बाकीके अपने वर्गानुरूप चलते हैं और यह तैलंग ब्राह्मणोंके यजमान बेरिवार शूद्रजाति नायडशूद्र मुदलारी

॥ ७० ॥ बेरिवारो नायडश्च मुदलारी तृतीयकः ॥ चतुर्थो कोमटी वैश्यो केवलं नामधारकः ॥ ७१ ॥ एवं प्रोक्तो मया सम्यक् तैलगोत्पत्तिनिर्णयः ॥ श्रुत्वा महाजनमुखाद्धरि- कृष्णेन धीमता ॥ ७२ ॥

इति श्रीहरिकृष्णविनिर्मिते बृहज्ज्योतिषार्णवे षष्ठे मिश्रस्कन्धे षोडशे ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडाध्याये तैलंगब्राह्मणनियोगिब्राह्मणभेद- वर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ ६ ॥

शूद्र और वैश्यनामधारक कोमटी ऐसे हैं ॥ ७० ॥ ऐसा तैलंग ब्राह्मणोंका उत्पत्ति भेद मैंने वर्णन किया। तथापि और अनेक भेद हैं ॥ ७१ ॥ ७२ ॥

इति श्रीतैलंग ब्राह्मण नियोगीआदि ब्राह्मणोंका उत्पत्तिभेद पूरा हुआ प्रकरण ॥६॥

अथ श्रीगोस्वामिवल्लभाचार्याणांप्रादुर्भावं भट्टब्राह्मणोत्पत्तिं चाह प्रकरणम् ॥ ७ ॥

अथ तैलंगब्राह्मणांतर्गतगोस्वामि श्रीवल्लभाचार्यज्ञात्युत्पत्ति- प्रसंगमाह—हरिकृष्णः ॥ गोलोकेशं नमस्कृत्य श्रीकृष्णं पुरु- षोत्तमम् ॥ प्रादुर्भावं प्रवक्ष्यामि श्रीवल्लभमहाप्रभोः ॥ १ ॥ गोलोके भगवान् कृष्णश्चैकदाचिंतयद् धृदि ॥ मम स्वात्मा- नुभावो यः शुद्धाद्वैत इतीर्यते ॥ २ ॥ स भूतले सांप्रतं हि

अब श्रीगोस्वामि श्रीवल्लभाचार्यकी ज्ञाति जिनको भट्ट कहते हैं उनका विचार और श्रीवल्लभाचार्यजीका प्रादुर्भाव कहते हैं। श्रीपूर्णपुरुषोत्तमको नमस्कार करके श्रीमद्व- ल्लभाचार्य महाप्रभुका प्राकट्य कहताहूं ॥ १ ॥ प्रथम श्रीवल्लभाचार्यचरण भूतलपर प्रगटे तामें हेतु प्रकृति मंडलते परे अक्षर ब्रह्मके विषे व्याप वैकुंठ भगवद्धाम है ताके गोलोकधाम नाम करके वेद पुराणादिकमें वर्णन है तहां रमणकर्ता श्रीकृष्ण भग- वान् एक समयमें करुणारस वशहोयके विचार करते भये।हमारा आत्मानुभावप्रभाव वेद उपनिषदके विषे जो शुद्धाद्वैत मत है ॥२॥ सो संप्रति भूतलके विषे तिरोहित होय

मायावादात्तिरोहितः ॥ तं प्रवर्त्तयितुं पुष्टिभक्तियोगविवृद्धये ॥ ॥ ३ ॥ पुष्टिमार्गलक्षणज्ञाने श्रीहरिरायजीकृतकारिका ॥ न वेदलोकसापेक्षा सर्वथा यत्र वर्तते ॥ सापेक्षता स्वामिसुखे पुष्टिमार्गः स कथ्यते ॥ १ ॥ लोकवेदभयाभावो यत्रभावातिरेकतः ॥ सर्वबाधकतास्फूर्त्तिः पुष्टिमार्गः स कथ्यत इति ॥ ॥ २ ॥ देवजीवोद्धारणार्थं संभवामि शुभे कुले ॥ इति निश्चित्य भगवाञ्छतसोमकृते कुले ॥ ४ ॥ आंध्रवेल्लाटिज्ञातिस्थभारद्वाजकुलोद्भवे ॥ आपस्तंबयजुर्वेदश्रीलक्ष्मणद्विजालये ॥ ॥ ५ ॥ इल्लमागारुपत्न्यां हि कांकरग्रामकेपुरा ॥ स्वावेशस्य प्रवेशं वै चकार च ततः प्रभुः ॥ ६ ॥ तथोक्तं चाग्निपुराणे

गयाहै । मायावादिनने वेदकी श्रुतिनके अर्थको अनर्थ कियाहै ताते भगवद्धर्म लुप्त भयोहै । सो शुद्धाद्वैत मत प्रगट करनेके लिये और पुष्टि भक्तियोगको दान देनेके लिये और ॥ ३ ॥ दैवी जीवको उद्धार करनेके लिये मैं प्रकट होऊं । अब कोई शंका करे श्रीवल्लभाचार्यजीते प्रथम श्रीरामानुजाचार्य आदि प्रगट होयके माया वादखंडन और भगवद्धर्म भक्तिमार्ग प्रवृत्त कियो हतो ताको उत्तर रामानुजाचार्यको मत विशिष्टाद्वैत है । सो द्वैतमें पर्यवसान होवे है ताते मायावाद खंडन यथास्थित भयो नहीं और माध्वमत द्वैत स्फुटहै । सो वेदसंमत नहीं ताते पुष्टि मार्गमें स्नेहात्मिका भक्ति प्रधान है । इतर मार्गमें भगवन्माहात्म्य प्रधान है तब साक्षात श्रीकृष्ण आपही श्रीवल्लभाचार्यस्वरूप प्रकट होयके व्रजसुंदरनिके भावते भजन मार्ग प्रकट कियो । आपहु भजन ताही अनुसार कियो और आपने वंशद्वारा आजपर्यंत भजनकरैं हैं । भजन नाम सेवाको है भज धातु सेवा अर्थमें है शुभ कुल में प्रगट होवुहुं ऐसो कह्यो सो वेदमें कह्योहै शत१००संख्या सोमयाग जहां होयँ ताके घर भगवत्प्रादुर्भाव होय सो यज्ञनारायण भट्टसोमयागीके वंशमें हैं॥४॥तैलंग ब्राह्मण वेल्लाटि ज्ञाति समूहमें श्रीलक्ष्मणभट्ट भये सो इनने तथा इनके पिता गणपति भट्टने तथा पितामह गंगाधर भट्टने एक कुंडमें शत सोमयज्ञ किये हैं सो वेदवाक्य सत्य करनेके लिये श्रीकृष्ण वल्लभाचार्य स्वरूपते भूतल विषे प्रगटेहैं ॥५॥ अब दक्षिणदेशमें करखंब गामके विषे श्रीलक्ष्मणभट्टजी रहतेहते इनकी पत्नीको नाम इल्लमागारू हतो उनके गर्भमें श्रीप्रभु अपने आवेशको प्रवेश किया ॥ ६ ॥ सो तबते प्रतिदिन

भविश्योत्तरखंडे॥अग्निरूपो द्विजाचारो भविष्यामीह भूतले ॥ वल्लभो ह्यग्निरूपः स्याद्विठ्ठलः पुरुषोत्तमः ॥ १ ॥ इति ॥ अष्टमासानन्तरं हि काशीयात्रानिमित्ततः ॥ चंपारण्ये जन्म लेभे गर्भस्रावस्य कारणात् ॥ ७ ॥ पञ्चाग्निपंचभूशाके विक्रमाख्ये शुभे दिने ॥ वैशाखकृष्णैकादश्यां रवौ वासवभे तदा

इल्मागारूके स्वरूपमें तेज प्रकाश बुद्धिचातुर्य बढवे लग्यो गर्भरत्न जब अष्टम मासके भये तब पिताके अन्तःकरणमें प्रेरणा करी तब लक्ष्मणभट्टने विचार कियो सोमयागके अंगके सपाद लक्ष ब्राह्मण भोजन करावने हैं सो काशीक्षेत्रमें भये चाहिये सो या बातकी संमति ज्ञातिके शिष्ट लोगनते करके और यथोचित ज्ञाति वर्ग तथा शिष्य भृत्य समाज लेके काशीयात्रा करी सो थोडे दिनमें काशी आयके काशीमें हनुमान्घाट ऊपर जहां सजाती सब बसतेहते तहां सुन्दर घर लेके सुखते निवास कियो । फिर शुभ दिन विचारके ब्राह्मण भोजनके सत्रको आरंभ कियो इतनेमें कोई यवनाधिपति म्लेच्छनकी सेना लेके काशीमें भी आवे है यह खबर सुनते वो भयकरिके भगवदिच्छा जानके काशीते फिर अपने देशको चले सो जब मञ्जल १८के ऊपर गये तहां चंपारण्य नामकरके वनके विषे इल्मागारूजीको गर्भस्राव भयो तो भगवदिच्छा मानके आमगर्भ जानके एकांत स्थलके विषे सुन्दर एक वृक्षके नींचे आमगर्भका धरादियो कछु खेद भी भयो फिर तहांते समीप चौरा नाम करके एक नगर हतो सो तहां जायके एक रात्रि निवास कियो प्रातःकाल काशीते पत्र लेके मनुष्य आयो तामें खबर आई जो काशीमें कछु भय नहीं है और यवन आवेगो नहीं सो सुनते बडे हर्षित होके अब ब्राह्मण भोजनको सत्र पूरो होवेगो यह इच्छासेसकल समाज सहित काशीके तरफ चले सो जहां गर्भस्राव भयोहतो तहां जब आये तब माता इल्मागारूजी स्त्री स्वभावके वशहोके जहां गर्भ धर्योहतो तहां देखबे गई सो तहां अनिर्वचनीय चमत्कार शोभा देखी जो द्वादश हाथके विस्तारमें अग्निकी ज्वालाको मंडल है ताके मध्यमें बालक अपने चरण अंगुष्ठ लेके मुखमें चोषण करेहै देवता ठाढे स्तुति करैंहैं ता समय माताके स्तनमेंते दुग्धकी धारा स्राव होवे लगी देवता सब तिरोहित भये आग्निने मार्ग दियो तब इल्मागारूजी समीप जायके अपनो सुत जानके गोदमें लिये सो काल ॥ ७ ॥

॥ ८ ॥ वृश्चिकांगे सुखे केतुशुक्रचन्द्रा सुते बुधाः ॥ षष्ठेऽर्कः सप्तमे मंदो नवमे गुरुभूमिजौ ॥ ९ ॥ दशमे सैंहिकेये तु जातः श्रीवल्लभः प्रभुः ॥ अग्निज्वालामध्यभागात्तदानन्दमयं जगत् ॥ ॥ १० ॥ पिता वै कारयामास जातकर्मयथाविधि ॥ पुनः समाजं संगृह्य गत्वा वाराणसीं शुभाम् ॥ ११ ॥ ब्राह्मणान् भोजयामास स्थित्वा पूर्वस्थले शुभे ॥ तदा श्रीवल्लभाचार्यो वादेन द्विजपुंगवान् ॥ १२ ॥ जित्वा वै स्थापयामास भक्तिमार्गमनुत्तमम् ॥ ततो द्विजत्वं संप्राप्य सभायां कृष्ण-दासकम् ॥ १३ ॥ कृत्वा स्वसेवकं पश्चान्माध्वानन्दगुरुं प्रति ॥ गत्वा चकाराध्ययनं शास्त्राणां च विशेषतः ॥ १४ ॥ वादिनां कलहेऽत्यंते चक्रे पत्रावलम्बनम् ॥ ततः पिता स्वपु-

विक्रम संवत् १५३५ वैशाख कृष्णा चांद्रमानसे चैत्रकृष्ण ११ रविवारके दिन ॥ श्रीवल्लभाचार्यजन्मांगचक्रम् माता बालकको गोदमें ले स्तनपान करावती भई । अपने डेरानमें आयके पात लक्ष्मणभट्टजीको दर्शन कराये । ता समय चारों दिशा-ओंमें आनंद भयो ॥ ८ ॥ ९ ॥ १० ॥ लक्ष्मण भट्टजीने तैत्तरीयशाखा आपस्तंबसूत्रानुसारसे जातकर्म संस्कार कियो ऐसो महाप्रभूने महाश्मशान काशी छोडके चंपार-ण्यमें प्राकट्य कियो सो चंपारण्य क्षेत्र नागपुरके आगे

रायपुरनाम भारी ग्राम है तहांते कोस ७ पूर्व है ताको नाम चंपाझर करके स्फुट है तहां अद्यापि गर्भवती स्त्रीका गर्भस्राव और पात होयहै सो अद्यापि दक्षिण देशमें या बातको लोक जाने माने हैं गर्भवती स्त्रीको लेके ता मार्गते आवे जाएँ नहीं । अब लक्ष्मणभट्टजी जन्म उत्सव चंपारण्यमें करके सकल समाज लेके हर्ष पूर्वक काशीको चले सो काशीमें आये ॥ ११ ॥ पूर्व स्थलमें निवास करके अव-शिष्ट ब्राह्मण भोजन संपूर्ण कर्यो सो नित्य जो विद्वान् लोक आवें उनके साथ श्रीमहाप्रभुजी विवाद करके ॥ १२ ॥ भक्तिमार्ग स्थापन करें ऐसे श्रीप्रभु जब सात वर्षके भये तब लक्ष्मणभट्टजीने यज्ञोपवीत संस्कार कियो वो सभामें एक परदेशी कृष्णदास मेघनक्षत्री आयो उसकी मनोगत वार्ता कहके ॥१३॥ अपनो सेवक कियो खवासीमें रख्यो फेर चार महीनेमें चार वेद पढ़ शास्त्र माध्वानंदतीर्थके पास पढे और मायावादीको परास्त किये॥१४॥फिर काशीमें पत्रावलंबनसे भी सब पंडितनको परास्त

त्रं वै गृहीत्वा वेंकटं ययौ ॥ १५ ॥ ततो निजस्वरूपे हि लीनोऽभूल्लक्ष्मणः स्वयम् ॥ तदा महाप्रभुश्चक्रे पितुर्यत्सांपरायिकम् ॥१६॥ अथाजगाम भगवान् कृष्णदेवनृपं प्रति ॥ कृत्वा स्वसेवकं पश्चान्मातां संस्थाप्य स्वाश्रमे ॥ १७ ॥ भूमेः प्रदक्षिणां चक्रे त्रिवारं द्वींदुवर्षकैः ॥ प्रादुश्चकार श्रीनाथं काश्यां गत्वा ततः परम् ॥ १८ ॥ विवाहं कृतवाँस्तत्र ततश्च भार्ययासह ॥ निवासं कृतवान् ग्रामे ह्यरेलसंज्ञके प्रभुः ॥ ॥ १९ ॥ तत्र प्रथमपुत्रोऽभूद्गोपीनाथाभिधस्ततः ॥ किंचित्कालानंतरं हि ज्ञात्वा गर्भं द्वितीयकम् ॥ २० ॥ चरणाद्रौ जगमासौ परीवारसमन्वितः ॥ तत्र जातो विठ्ठलेशः साक्षा-

किये फिर श्रीलक्ष्मणभट्टजी श्रीमहाप्रभु विनकूं लेके काशीते पधारे सो लक्ष्मणबालामें आयके ॥ १५ ॥ अपने निज स्वरूपमें अंतर्धान भये अनंतर श्रीमहाप्रभुजीने उत्तर क्रिया करके ॥ १६ ॥ विजयनगरमें सब पंडितनकूं परास्त करके कृष्णदेवराजाको अपने सेवक करके माताजी इल्मा गारूजीकूं स्वाश्रममें रखके ॥१७॥ पृथिवी परिक्रमाकूं निकसे सो श्रीपंढरपुरमें श्रीविठ्ठलनाथसूं संभाषण करके फिर अनेक देशाटन करते श्रीजगन्नाथजीमें वादिनकूं जीतके प्रसादमाहात्म्य वर्णन करके फिर बद्रिकाश्रममें श्रीवेदव्यासजीसुं संभाषण करके तीसरी परिक्रमा पृथ्वीकी करती बखत श्रीब्रजमें आयके श्रीनाथजीको प्रागत्य कियो और श्रीठाकुरजीकी आज्ञासे तीसरी परिक्रमा पूरी किये ऐसी वर्ष १२ में भूपरिक्रमा तीन पूरी करके काशीमें आयके ॥ १८ ॥ समावर्तन करके श्रीविठ्ठलनाथजीकी आज्ञासूं मधुमंगल ब्राह्मणकी कन्या श्रीमहालक्ष्मी तिनसे विवाह करके त्रिवेणी संगमके पार अरेल करके ग्राममें आयके घर बांधके रहे ॥१९॥ फिर संवत् १५६८ के भाद्रपद कृष्ण १० के दिन ज्येष्ठ पुत्र श्रीबलभद्रजीको अवतार श्रीगोपीनाथजी प्रगट भये सो थोडेकाल भूतल पर विराजे अब श्रीमहालक्ष्मीजीको गर्भाधान सुनके ॥ २० ॥ आपने विचार कियो अब हमारे गृहके विषे द्वितीय पुत्र साक्षात् भगवत्प्रादुर्भाव होयगो श्रीविठ्ठल नाथजीने आज्ञा करी हम प्रगटेंगे। ताते इनको प्रागत्य पुराण तंत्रादिकमें चरणाद्रिके विषे वर्णन है ताते इहांते उठके कछु काल चरणाद्रिमें निवास करनो। यह बात विचार करके सकल समाज सहित आप चरणाद्रिमें आयके घर बांधके सुखते निवास कियो सो संवत् १५७२ के पौष कृष्ण ९

त्पंढरिनायकः ॥ २१ ॥ उक्तं चाग्निसंहितायाम्-धनुर्मास्य कृष्णे तु नवम्यां मुनिसत्तम ॥ गोपावतारकृष्णस्य द्विजरूपेण भूतले ॥ १ ॥ भविष्यति महाप्राज्ञो देवानुद्धरणाय च ॥ वल्लभस्य गृहे नूनं गिरिराजधरो हरिः ॥ २ ॥ सनत्कुमारसंहितायाम्- विप्रवेषेण देवानामुद्धारार्थं भविष्यति ॥ विट्ठलेशाद्भुतं नाम तापत्रयविनाशकम् ॥ ३ ॥ गौरीतंत्रे-पौषकृष्णनवम्यां च विट्ठलेशेति संज्ञकः ॥ द्विजालये महादेवि काश्याः संनिहिते हरिः ॥४॥ गुप्तवृंदावनं यत्र नानापक्षिसमाकुलम् ॥ गिरिराजकनिष्ठस्य चरणाद्रेश्च गह्वरे ॥ ५ ॥ भविष्यति कलेर्मध्ये प्रथमे नंदनंदनः ॥इति॥ अथ श्रीविट्ठलेशुक्रके दिन द्वितीय पुत्र श्रीविट्ठलनाथजी प्रकटे ॥ २१ ॥ तिनके पुत्र ७ भये तामे ज्येष्ठ पुत्र श्रीगिरधरजी धर्मिस्वरूप संवत् १५९७ के कार्तिक शुद्ध १२ को प्रगटे सो धर्मिस्वरूप हते ताते आचार्यगादी और श्रीगोवर्द्धन नाथजीकी मुख्य सेवा श्रीगुसांईजीने दीनी और दायभागमें श्रीमथुरेशजीको स्वरूप दियो। फिर द्वितीय पुत्र श्रीगोविन्दजी संवत् १६०० के मार्गशीर्ष बदी ८ के दिन ऐश्वर्यगुणको प्राकट्य भयो। इनको दायभागमें श्रीविठ्ठलेशरायजीको स्वरूप दीनों फिर तृतीय पुत्र श्रीबालकृष्णजी वीरगुणको प्राकट्य संवत् १६०६ के आश्विन कृष्ण १३ को भयो। इनको श्रीद्वारकानाथजीके स्वरूपकी सेवा दीनी फिर चतुर्थ पुत्र श्रीगोकुल नाथजी यशगुणको प्राकट्य संवत् १६०८ के मार्गशीर्ष शुद्ध ७ के दिन भयो इनको दायभाग में श्रीगोकुलनाथजीको स्वरूप दीनों फिर पंचम पुत्र श्रीरघुनाथ-जी गुणको प्राकट्य संवत् १६११ के कार्तिक शुद्ध १२ के दिन भयो इनको श्रीगोकुलचंद्रमाजीको स्वरूप दीनों फिर षष्ठ पुत्र श्रीयदुनाथजी ज्ञानगुणको प्राकट्य संवत् १६१३ के चैत्रशुद्ध ६ के दिन भयो इनको दायभागमें श्रीबाल-कृष्णजीको स्वरूप देवे लगे सो छोटो स्वरूप जानके नहीं लियो। इनके वंशमें बहुत काल पीछे काशीस्थ श्रीगिरधरजी महाराजने श्रीमुकुंदरायजीको स्वरूप लियो है। या प्रकार पुत्र छः अरेल ग्राममें प्रगटे पीछे श्रीमद्गोस्वामि श्रीविट्ठल-नाथजी अरेलग्रामते गृहस्थाश्रम लेके श्रीगोकुलमें जायके सुख ते वास किया श्रीनाथजीकी सेवाको विस्तार भारी कियो अपनो प्रभाव प्रताप चारों दिशामें प्रकाशित भयो और बीरबल राजा टोडरमल्ल आदि बहुत राजा सेवक भये। अकबर-साह बादशाह दर्शनको आये ताने कैक प्रश्न किये ताको समाधान कियो सो सवभाषा

शस्य पुत्राः सप्ताभवन् विभोः ॥ भक्तिमार्गप्रणेतारो वंशविख्यातकीर्तयः ॥ २२ ॥ श्रीहरेराज्ञयाचार्यः कृत्वा ग्रंथाननेकशः ॥ तुर्याश्रमं त्रिवेण्यां वै गृहीत्वा जनतां ततः ॥ २३ ॥ विलोक्य काश्यामगमत्प्रताप दर्शयञ्जने ॥ अंतर्दधे प्रभुः साक्षाद्गंगायां मध्यगे रवौ ॥ ॥२४॥ अथ श्रीवल्लभाचार्यसंप्रदायानुवर्तिनः ॥ ये संति ब्राह्मणास्तेषां ज्ञातिभेदं प्रवक्ष्यति ॥ ॥ २५ ॥ कश्चिदाचार्यः–कस्मिंश्चित्समये द्विजाः स्वनिलयात्तीर्थानि संसाध्य ते गच्छन्तः स्वदिशः पुनः पुनरहो काश्यां प्रयागे स्थिताः ॥ कर्णाटा द्रविडास्तिलिंगकुलजा विद्यावदाता बुधाः श्रीमद्वीरवरेश्वरक्षितिभुजाः श्रीगोकुले

वार्ताग्रन्थमें स्फुट हैं। फिर द्वितीय भार्यामें सप्तम पुत्र श्रीघनश्यामजी वैराग्य गुणको प्राकट्य सम्वत् १६२३ मार्गशीर्ष वद्य १३ के दिन भये इनको दायभागमें श्रीमदनमोहनजीको स्वरूप दीनो या प्रकार श्रीगुसाईजीने ७ पुत्रनकूं पृथक् पृथक् दायभाग विभाग करके भगवत्सेवा दीनी ताते श्रीवल्लभीय संप्रदायमें सात गादी मुख्य हैं॥२२॥फिर श्रीवल्लभाचार्यजीने श्रीभगवदाज्ञासे श्रीसुबोधिनी आदि अनेक ग्रन्थ बनायके अपने द्वितीय पुत्र जो श्रीगोस्वामी श्रीविठ्ठलनाथजीके विषे स्थापित कियो फिर आप कोई युक्ति करके अपनी पत्नीजीते गृहत्यागी आज्ञा लेके आज्ञाते एकाकी त्रिवेणीजीके तट ऊपर आयके नारायणेंद्रतीर्थते प्रैष मन्त्र उच्चारण करके संन्यस्त भये। शोकग्रस्त स्वजनोंका समाधान करके और यहां जनता करके चित्तमें विक्षेप होयगो और काशीवासी संन्यासिनको संन्यस्तमार्ग दिखानोभी है ऐसे विचारके ॥ २३ ॥ आप एकाकी काशी आये सो असी संगम गंगातटके ऊपर हनुमान् घाट पर विराजे और ४० दिन पर्यंत एक आसन अनशनव्रत ध्यान मुद्राते रहे। चालीसवें दिन मध्याह्नके समय आपभी गंगाप्रवाहके ऊपर मध्यप्रवाह पर्यंत जाके प्रवाहते सूर्यमण्डल पर्यंत एक दंडायमान ज्योतिःपुंज दिखायके आप पृथ्वी परते अन्तर्धान भये तो समय काशीवासी सब जन धन्यधन्य कहके परस्पर कहिवे लगे । संन्यस्त तो श्रीवल्लभाचार्यजीने ही कियो इति अलम्॥ २४ ॥ ऐसो श्रीमद्वल्लभाचार्य महाप्रभुको और गुसाईजीको प्रागट्य वर्णन करके अब उनके साथ जो समाज था वो ज्ञातिका वर्णन करते हैं ॥२५॥ पूर्वी जो श्रीलक्ष्मण भट्टजीके साथ काशीजानेके वखत यात्राके

स्थापिताः ॥ २६ ॥ बाणप्रस्थपदास्थितः समभवच्छ्रीविट्ठलेशोऽग्रणीः ॥ पुत्रास्तस्य च सप्त तत्र कृपया चिक्रीड कृष्णोऽष्टमः ॥ किं ब्रूमस्तपसां फलानि कमला तस्यास्ति वंशोऽधुना श्रीकृष्णोऽपि तदात्मजेषु कलया संभाव्यते सद्बुधैः ॥ २७ ॥ तद्वंश्यश्चसिहारनामनगरीराणा नरेंद्रस्थले संबन्धाश्रयिणोऽपिऽतत्र वसतिं कुर्वंति तिष्ठंति च ॥ रेहिः पंचनदी लदार्वसिम्हरी कांठोटचबोटी पुनः श्रीमच्चक्रवती नरी भदरसा कंजा सिधोरी नडी ॥ २८ ॥ ते ग्रामप्रवराह्वयास्तदधिपा दिल्लींद्रसंमानिता गिट्टालंबुकजो गियाहितिघराः षड् भ्रातरो वै बुधः ॥ अन्ये वै नगरोदितेन द्रविडाः ख्यातिं परां सगताः संबंधः सह तत्र तैस्तु बहुधा नान्यत्र कुत्रापि च ॥ २९ ॥ केचित्तत्र च गोकुलेऽपि मथुरावृंदावने श्रीव्रजे कामामेरिमलावबुंदिरत

राः कीदृशास्तथा ॥ गोत्राणि गोत्रदेव्यश्च को वर्णाचारनि-र्णयः ॥ ९१ ॥ स्थितिः कुत्र च कर्तव्या किंनामानो वयं विभो ॥ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ ॥ यस्माद्गोभुजसंभूता गोभुजा इति नामतः ॥ ९२ ॥ त्रयीमूर्तेर्वचनतस्त्रैविद्या द्विजसेवकाः ॥ धौम्य उवाच ॥ तेषां दारक्रियार्थं तु विश्वावसुमचिन्त-यत् ॥ ९३ ॥ आगतो वचनं श्रुत्वा गन्धर्वाधिपतिः प्रभुः ॥ स निर्ममेऽद्भुताःकन्या दिव्यरूपा मनोहराः ॥ ९४ ॥ वणि-ग्भ्यस्ता ददुः कन्या गार्हस्थ्याश्रमसिद्धये ॥ उवाच गोभु-जान्ब्रह्मा धर्मं तु कथयाम्यहम् ॥ ९५ ॥ प्रातर्मध्याह्नयोः स्नानं पितॄणां तर्पणं तथा ॥ नमस्कारेण मन्त्रेण पञ्चयज्ञाः सदैव हि ॥ ९६ ॥ जातकर्मादिसंस्काराब्राह्मणापत्यवत्सदा ॥ एतेषां गृहकृत्यानि कर्तव्यानि विशेषतः ॥ ९७ ॥ ग्रामक्षेत्र-गृहादीनि गाश्च पाल्या विशेषतः ॥ इत्याज्ञाप्य त्रयो देवा

हमारी जीविका कैसी और संस्कार कैसे हैं ? गोत्र गोत्रदेवी कौनसी हैं ? वर्ण आचार कौनसा स्थित रखना कहां और हमारा नाम कौनसा ? यह सब कहो। तब ब्रह्मा कहते हैं हे पुरुषो ! गायके आगेके जो दो पांव हैं, वह दो भुजाके ठिकाने हैं, सो उस गायके भुजासे तुम पैदा भये, इस वास्ते तुम्हारा नाम गोभुज बनिये ऐसा जानो ॥ ९१ ॥ ९२ ॥ और तीन देवताओंके वचनसे त्रैविद्य ब्राह्मणके सेवक हो। धौम्य ऋषि राजाको कहनेलगे कि फिर ब्रह्माने उनका विवाह करनेके वास्ते विश्वावसु गंधर्वको बुलाया ॥९३॥ तब गंधर्वने ब्रह्माके वचनसे दिव्य अद्भुत कन्या प्रकट की ॥९४॥ फिर ब्रह्माने उनके गृहस्थाश्रमके वास्ते कन्याके साथ विवाह करवायके गोभुज बनियोंको कहा है ॥ ९५ ॥ हे वणिजो ! तुम्हारा धर्म कहताहूं सो सुनो ! नित्य प्रातः काल मध्याह्नकालमें स्नान पितरोंका तर्पण करना नमस्कार मंत्रसे पंचमहायज्ञ करना ॥ ९६ ॥ (हालमें वे पंच महायज्ञ नहीं होसकते। इस वास्ते नित्य पंचभाग नामसे अन्नका दान कितेक लोक करते हैं। यह रूढी अभीतक चलरही है, जातकर्म नामकर्मादिक संस्कार ब्राह्मणपुत्रके सरीखे करना ब्राह्मणोंके घरका काम करना ॥ ९७ ॥ गांव करना, खेती करना, गायोंका पालन करना, उनके घरका रक्षण करना ऐसा

ब्राह्मणालयपार्श्वतः ॥ ९८ ॥ ब्राह्मे मुहूर्ते भृत्येभ्यो ददुर्वासो गृहाणि च ॥ षट्त्रिंशच्च सहस्राणि देवसद्मसमानि च ॥ ॥ ९९ ॥ पौरोधस्यं सदा तेषां द्विजाः कुर्वंति ते किल॥मन्त्र-वर्ज्यांश्च संस्काराः पञ्चयज्ञास्तथैव च ॥ १०० ॥ धौम्य उवाच ॥ क्षेत्रस्य चैव माहात्म्यं शृणु राजन्समासतः ॥ एकदा धर्मराजस्तु श्रुत्वा क्षेत्रमनुत्तमम् ॥१॥ तत्रागत्य तपस्तेपे पञ्चवर्षसहस्रकम् ॥ उर्वश्यां निर्गतायां तु ह्याविरासीच्छिवः स्वयम् ॥ २ ॥ वरं वृणु महाराजेत्युक्ते तं प्रोक्तवान्यमः ॥ यदि तुष्टोऽसि देवेश कीर्तिरेव भवेन्मम ॥ ३ ॥ अरण्यं मम नाम्नैव भवत्वेतत्सुविस्तरम् ॥ मन्नाम्ना शिवलिंगं तु भवत्वत्र युगेयुगे ॥ ४ ॥ ॥ शिव उवाच ॥ ॥ धर्मराज धरामध्ये धर्मारण्यं भविष्यति ॥ धर्मेश्वरःशिवश्चात्र त्रिषु लोकेषु कामदः ॥ ५ ॥ तदा प्रभृति विख्यातं धर्मारण्यं धरातले ॥ धर्मेश्वरः शिवश्चैव धर्मवापीं शृणुष्व च ॥ ६ ॥ धर्मराजस्य पुरतो यदा प्रादुरभूच्छिवः ॥ मनसैव तदा गंगां पूजार्थं चास्मरद्यमः ॥ ७ ॥ प्रादुरासीत्तदा गंगा तेन पूजां

कहके ब्राह्मणोंके घरके पास ॥ ९८ ॥ उनको रहनेके वास्ते छत्तीस हजार देवगृह सरीखे घर दिये ॥ ९९ ॥ फिर वह उन बनियोंका पौरोहित्य वेदमन्त्ररहित सर्व संस्कार और पंचयज्ञ, त्रैविद्य ब्राह्मण करतेभये ॥१००॥ जिस क्षेत्रमें यह पैदा भये उस क्षेत्रका धर्मारण्य नाम कैसे भया सो धौम्य ऋषि कहतेहैं । हे युधिष्ठिर ! क्षेत्रका माहात्म्य सुनो—एक दिन धर्मराजाने उत्तम क्षेत्र सुनके ॥ १ ॥ वहां आयके पांच हजार वर्ष पर्यंत तपश्चर्या किया तपभंग करनेवाली उर्वशी आई वह हारके चलीगई पीछे शिव आयके ॥ २ ॥ वरदान मांगो ? ऐसा कहा तब यम कहते हैं हे शिवे ! तुम जो प्रसन्न भये हो तो भूमिमें मेरी कीर्ति सदा रहनी॥३॥ यह अरण्य मेरे नामसे विख्यात हो और आपका लिंग भी युगयुगमें मेरे ही नामसे यहां विख्यात होना चाहिये ॥४॥ शिव कहतेहैं हे धर्मराज ! पृथ्वीमें धर्मारण्य क्षेत्र और धर्मेश्वर महादेव तीन लोकमें विख्यात होंगे ॥ ५ ॥ ऐसा उस दिनसे धर्मारण्य धर्मेश्वर धर्मबापी भये हैं ॥ ६ ॥ धर्मराजके सामने जिस बखत शिव प्रकट भये उस बखत पूजाके वास्ते गंगाकूं स्मरण किया ॥७॥ तब गंगा प्रकट भयी । यमराजाने पूजा

यमोकरोत् ॥ पूजांते गच्छतीं सौरिः प्रार्थयामास जाह्नवीम् ॥८॥ तिष्ठात्र कूपमध्ये त्वं यावत्तिष्ठति मेदिनी ॥ धर्मकूपो धर्मवापी गंगाकूप इति स्मृतः ॥ ९ ॥ धर्मलिंगात्पश्चिमतः सर्वतीर्थोत्तमोत्तमः यत्र विष्णुर्हयग्रीवः सञ्जातः कालयोगतः ॥ १० ॥ तीर्थं तत्तु महापुण्यं नाम्ना देवसरोवरम् ॥ तत्र ब्रह्मादयो देवा आगता विष्णुकारणात् ॥ ११ ॥ यत्रयत्र स्थितास्ते वै तीर्थं चक्रुःस्वनामभिः ॥ विष्णुतीर्थं ब्रह्मतीर्थं रुद्रतीर्थं च वारुणम् ॥ १२ ॥ सोमतीर्थं भानुतीर्थं वस्विन्द्राद्यानि तत्सरे ॥ शृणु पार्थ प्रवक्ष्यामि सूर्यकुण्डसमुद्भवम् ॥ १३ ॥ सूर्यतेजोऽसहा संज्ञा वडवारूपधारिणी ॥ धर्मारण्ये समागत्य तपस्तेपे सुदारुणम् ॥ १४ ॥ वाजिरूपधरः सूर्यस्तत्रागत्य तया सह ॥ रममाणे सुतौ जातावश्विनौ भिषजां वरौ ॥ १५ ॥ दक्षिणांघ्रिशफाग्रेण मही विदलिता यदा ॥ महाह्रदस्ततो जातो गंगाजलप्रपूरितः ॥ १६ ॥ रेतसोंते स्वकं रूपं चक्रतुस्तौ हि दंपती ॥ अष्टषष्टिसुतीर्थानि

की बाद जाह्नवी गंगा जानेलगी तब यमराजने प्रार्थना की ॥ ८ ॥ हे गंगे ! इसके बीचमें तुम वास करो ।. धर्मकूप या धर्मवापी या गंगाकूप ऐसे नाम विख्यात हों ॥९॥ और धर्मेश्वर महादेवके पश्चिमकी तरफ सबमें उत्तम ऐसा देवसरोवर तीर्थ है, जहां हयग्रीव प्रकट भयेहैं॥१०॥ उनके वास्ते ब्रह्मादिक देवता आये ११॥ जहां जहां बैठे उस उस ठिकाने पर अपने नामसे तीर्थ बनाया । ऐसे विष्णुतीर्थ ब्रह्मतीर्थ रुद्रतीर्थ वरुणतीर्थ ॥१२ ॥ सोमतीर्थ भानुतीर्थ सूर्यकुंडादिक ऐसे अनेक तीर्थ भये हैं ॥१३॥ सूर्यकुंडका कारण कहतेहैं—सूर्यकी संज्ञानामकी स्त्री थी उसको सूर्यका तेज सहन नहीं भया, तब घोडीका रूप धारण करके धर्मारण्यमें तप करनेलगी १४॥ तब सूर्यने वह वृत्तान्त जानके घोडेका रूप लेके वहां आयके समागम किया तब दो पुत्र आश्विनीकुमार नामके उत्पन्न भये ॥१५॥ सूर्यका दक्षिण चरण पृथ्वीमें घर्षित भया, उससे गढा पडा वहां गंगाका जल पूर्ण हुवा ॥ १६ ॥ सूर्यकुंड भया, उसमें अडसठ तीर्थ हैं, फिर सूर्य और संज्ञाने अपना स्वरूप धारण करलिया ॥ १७ ॥

सूर्यकुंडस्थितानि च ॥ १७ ॥ तत्रागतैश्च देवैश्च बकुलार्कस्तु स्थापितः ॥ भ्राजते मेरुरिव यस्तदंति चाश्विनौ तथा ॥१८॥ छायां संज्ञास्वरूपं च तयोः कुंडं च स्थापितम् ॥ बहुवृक्षं समाश्रित्य ह्यधिष्ठानं कृतं यतः ॥ १९ ॥ नाम्ना स बकुल स्वामी स्थानात्पश्चिमभागके ॥ १२० ॥ संज्ञया च विवाहस्तु कृतस्तत्र पुनः सुरैः ॥ सुभगा वेदिका तत्र रचिता च पुरातनी ॥ २१ ॥ अद्यापि वर्तते स्थाने सदाचारस्य पालनात् ॥ बकुलाख्यः कुलस्वामी त्रैविद्यानां धरातले ॥ २२ ॥ देवैः संस्थापितस्तत्र पुरे मोहरके ततः ॥ द्वारपालो गणपती रक्षार्थं च द्विजन्मनाम् ॥ २३ ॥ अद्यापि दक्षिणद्वारसंस्थः प्रौढग-णाधिपः ॥ ब्रह्मणा स्थापिता तत्र देवी भट्टारिका शिवा ॥ ॥२४॥ चतुर्भुजा च हंसस्था सुवर्णख्यातटे वरे ॥ स्थानाच्च पूर्वदिग्भागे नंदा देवी चतुर्भुजा ॥२५॥ रक्षणार्थं च लोका-नां स्थापिता ब्रह्मणा पुरा ॥ आशापूर्णासमीपे सा सर्वदुःख-विनाशिनी ॥ २६ ॥ स्थानान्नैर्ऋतदिग्भागे शांता शांतिप्रदा वरा ॥ श्रीमाता स्थापिता पूर्वं काजेशैर्द्विजरक्षणे ॥ २७ ॥

पीछे देवता वहां आयके बकुलार्ककी स्थापना किये, अश्विनीकुमार छाया संज्ञा इनके स्वरूप स्थापन किये ॥ १८ ॥ बहुत वृक्षके बनमें निवास किया इस वास्ते कुलस्वामी नाम विख्यात किये धर्मेश्वर महादेवके पश्चिम बाजू हैं ॥ १९ ॥ २० ॥ देवताओंने संज्ञाके साथ सूर्यका पुनः विवाह किया सो विवाहकी वेदी वहां आज-पर्यंत है ॥ २१ ॥ त्रैविद्य ब्राह्मणोंके बकुलनामक कुलस्वामी हैं ॥ २२ ॥ और वह त्रिवेदि झोड ब्राह्मणोंके रक्षण करनेके वास्ते द्वारपाल गणपति मोहेरपुरमें देवताओंने स्थापन किये ॥ २३ ॥ सो अद्यापि दक्षिण द्वारपर विराजमान हैं और उस मोहेर-पुरमें ब्रह्माने भट्टारिका देविका नंदादेविका आशापूर्णाके समीप स्थापन किया ॥ २४ ॥ २५ ॥ २६ ॥ और उस स्थानके नैर्ऋत्य कोणमें ब्राह्मणोंके रक्षण

दैत्यार्दिताः स्तुतिं चक्रुस्तत्रागत्य द्विजाः किल ॥ द्विजदुःखं समालोक्य श्रीमाता कोपपूरिता ॥२८॥ तेजजस्तु समुत्पन्ना मातंगी सिंहवाहिनी ॥ रक्तांबरधरा देवी भुजैरष्टादशैर्युता ॥ ॥ २९ ॥ तामुवाच च श्रीमाता जहि दैत्यं महाबलम् ॥ ॥ कर्णाटाख्यं तदा सा तु युद्धे तं विन्यपातयत् ॥ ३० ॥ हते दैत्ये तु त्रैविद्याः श्रीमातां तुष्टुवुस्तदा ॥ श्रीमातोवाच ॥ अद्यप्रभृति विप्रेन्द्रा माघकृष्णे महोत्सवः ॥ ३१ ॥ कर्तव्यश्च तृतीयायां वारुणो बलिपूर्वकः ॥ प्रतिवर्ष ततश्चैव विवाहे व्रतबन्धके॥ ३२ ॥ सीमन्ते चैव कर्मांते कर्तव्यं पूजनं सदा ॥ मातंग्याः कुलदेव्याश्च सत्यमेतद्ब्रवीम्यहम् ॥ ३३ ॥ द्वारवासी महामाया वारुणीं दिशमाश्रिता ॥ तारणी तु महामाया तडागे पूर्वभागतः ॥ ३४ ॥ तथा महाबला देवी पूजनीया वरप्रदा ॥ तयोरेव समीपे तु विवरे सप्तमातरः ॥ ३५ ॥ भरांडी च महाशक्तिः पुनस्तत्रैव तिष्ठति ॥ स्थानात्तु सप्तमे क्रोशं दक्षिणे विंध्यवासिनी ॥ ३६ ॥ पश्चिमे लिंबजा देवी

करनेके वास्ते ब्रह्मा महेश्वरने श्रीमातादेविका स्थापन किया है ॥२७॥ एक दिन कर्णाटदैत्यसे पीडित भये सब ब्राह्मण देवीकी प्रार्थना करनेलगे तब देवी उनका दुःख देखके कुपित हुई ॥ २८ ॥ तब उनके तेजसे सिंहवाहिनी अष्टादशभुजा लाल वस्त्र धारण कियी ऐसी मातंगी देवी प्रगटभई ॥ २९ ॥ उसको श्रीमाता- कहते हैं । हे मातंगी ! तुम कर्णाटदैत्यको मारो ऐसी आज्ञा होतेही युद्धमें मातंगीने उस दैत्यको मारा ॥ १३० ॥ दैत्यका नाश हुवे बाद ब्राह्मण श्रीमाताकी स्तुति करनेलगे तब श्रीमाता कहती है हे ब्राह्मण हो ! आजसे माघकृष्ण तृतीयाके दिन प्रतिवर्ष मेरा उत्सव करना ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ और विवाह यज्ञोपवीत सीमंत इन कर्मोंके अंतमें मातंगी कुलदेवीका पूजन करना ॥ ३३ ॥ अब मोंढेरक पुरके अंदर बारह जो देवता हैं सो कहते हैं, पश्चिममें द्वारवासिनी देवी है, तलावके पूर्व दिशामें तारिणी ॥३४॥ और महाबला ऐसी दो देवी हैं, उनके पास गुफामें सप्तमातृका देवता हैं ॥३५॥ वहां भराडी देवता है, पुरसे दक्षिण तरफ सात कोसके ऊपर विंध्यवासिनी देवी ॥३६॥ पश्चिममें उतनेही दूर लिंबजा देवी है,

तावद्भूमिं समाश्रिता ॥ स्थानाद्वायव्यकोणे च क्रोशमात्रप्रतिष्ठिता ॥ ३७ ॥ महादेवी छत्रधरा समये छागधारिणी पुरादुत्तरदिग्भागे क्रोशमात्रे तु कर्णिका ॥ ३८ ॥ सर्वोपकारनिरता स्थानोवद्रवनाशिनी ॥ स्थानान्नैर्ऋतदिग्भागे सुवर्णाख्यतटे वरे ॥ ३९ ॥ नानारूपधरा देव्यो वर्तंते जलमातरः ॥ उत्कटाख्यतडागस्य पार्श्वे तीर्थं सुपुण्यदम् ॥ ४० ॥ नागकूपमिति ख्यातं सोमलिंगं च तत्र वै ॥ स्थानादुत्तरदिग्भागे सार्धं क्रोशगते स्थले ॥ ४१ ॥ यत्रेंद्रेण तपस्तप्तमहल्यासंगदोषतः ॥ ततः शिवप्रसादेन जयंतेश्वरकं शिवम् ॥ ४२ ॥ गंगाकुंडं च कृतवान् मघवाञ्छुद्धमानसः ॥ स्थानाच्च दक्षिणे भागे धाराक्षेत्रं नृपोत्तम ॥४३॥ यत्र देवासुरं युद्धं गवां हरणसंभवम् ॥ देवमज्जनकं नाम तीर्थं सिद्धिप्रदायकम् ॥ ४४ ॥ धर्मस्थानादुदग्भागे सुवर्णाख्या नदी वरा ॥ सुवर्णरेखासहितं सलिलं निर्मलं यतः ॥ ४५ ॥ धारातीर्थाद्दक्षिणतो रूप्या रम्या नदी स्मृता ॥ ववाह सलिलं रौप्यं तस्माद्रौप्या इति स्मृता ॥ ४६ ॥ धर्मारण्यं महत्क्षेत्रं ब्रह्मावर्तगतं भुवि ॥ राजते तत्सरस्वत्याः कूले वै दक्षिणे वरे

वायव्य कोणमें कोसके ऊपर छत्रधरा देवी है ॥ ३७ ॥ उत्तर दिशामें कोसके ऊपर कर्णिका देवी है ॥ ३८ ॥ नैर्ऋत्य कोणमें सुवर्ण नदीके तट ऊपर जलमातृका देवी है, और उत्कट तलावके ऊपर ॥ ३९ ॥ ४० ॥ नागकूप है, सोमेश्वर महादेव हैं, पुरसे उत्तर दिशामें डेढ कोसके ऊपर जहां इंद्रने अहल्याके संगदोषसे मुक्त होनेके वास्ते तप किया और शिवके अनुग्रहसे जयंतेश्वर महादेवका॥४१॥४२॥ तथा गंगा कुंडका स्थापन किया और शुद्ध हुवा उस स्थानसे दक्षिण दिशामें धारातीर्थ है ॥ ॥ ४३ ॥ जहां दैवदैत्योंका युद्ध भया है और देवमज्जन तीर्थ है॥४४॥ धर्मस्थानसे उत्तरभागमें सुवर्णा नदी है ॥४५॥ धारातीर्थसे दक्षिणबाजू रूपानदी है इस नदीमें रूपेका पानी बहता है इसालिये उस नदीका नाम रूप्या है ॥४६॥ ऐसा यह धर्मारण्य बडा क्षेत्र ब्रह्मावर्तदेशमें विख्यात है वह क्षेत्र सरस्वतीके दक्षिण तट ऊपर है

॥ ४७ ॥ स्थानात्पूर्वे सप्तक्रोशे गम्भीराख्यं सरोवरम् ॥ क्षेम लाभा शुभादेवी जम्बुकेश्वरस्थानकम् ॥४८॥ यया हतो महादैत्यो मर्कटाख्यो द्विजातिकृत् ॥ धर्मार्थकाममोक्षाणां साधकं क्षेत्रमुत्तमम् ॥ ४९ ॥ युगेयुगे च नामानि तस्य भिन्नानि भूतले ॥ कृते युगे धर्मारण्य त्रेतायां सत्यमंदिरम् ॥ १५० ॥ द्वापरे वेदभुवनं कलौ मोहेरकं स्मृतम् ॥ जीर्णोद्धारस्तु रामेण कृतस्त्रेतायुगे पुरा ॥ ५१ ॥ ब्राह्मणाः स्थापिता भूयो यज्ञाश्च विविधाः कृताः ॥ यदाभिषिक्तो रामस्तु वसिष्ठं गुरुमब्रवीत् ॥ ५२ ॥ वद पुण्यं महत्क्षेत्रं यत्र चार्थं लभाम्यहम् ॥ ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ ॥ उत्तमं वर्तते नाम धर्मारण्यं सुपावनम् ॥ ५३ ॥ मरुधन्वसमीपे तु पावनं परमं स्मृतम् ॥ धौम्य उवाच ॥ वशिष्ठवचनं श्रुत्वा रामः सत्यपराक्रमः ॥ ॥ ५४ ॥ ब्राह्मणादिचतुर्वर्णैर्भ्रातृभिर्भार्यया सह ॥ आंजनेयादिभिश्चैव यात्रार्थं निर्जगाम ह ॥ ५५ ॥ एवं मार्गे व्रजन् रामः संप्राप्तो मंडलीपुरे ॥ तदोवाच वशिष्ठस्तु रामेदं मंडली-

॥४७॥ धर्मेश्वर महादेवसे सात कोसके ऊपर गम्भीर नामक सरोवर क्षेमलाभा देवी जंबुकेश्वर महादेव हैं॥४८॥उस देवीने मर्कट दैत्यकूं मारा है, यह क्षेत्र चतुर्वर्गफल देनेवाला है ॥४९॥ इस पुरके चार युगोंमें चार नाम जुदे जुदे हैं सो ऐसे सत्ययुगमें धर्मारण्यक्षेत्र, त्रेतायुगमें सत्यमंदिर॥१५०॥ द्वापरयुगमें वेदभुवन, कलियुगमें मोहेरपुर नाम है । पहले त्रेतायुगमें रामचन्द्रने इस क्षेत्रका जीर्णोद्धार किया ॥ ५१ ॥ ब्राह्मणोंको स्थापन किया और अनेक यज्ञ किये जिस बखत रामचन्द्रकूं पट्टाभिषेक हुवा उस बखत वसिष्ठगुरुकूं पूछा॥५२॥हे वासिष्ठजी ! जहां अर्थप्राप्ति होवे ऐसा क्षेत्र कहो।वासिष्ठजी कहने लगे हे राम ! मारवाड देशमें धर्मारण्यनामक क्षेत्र बडा उत्तम है ॥५३॥धौम्य कहने लगे हे युधिष्ठिर ! वासिष्ठका वचन सुनके रामचन्द्र ब्राह्मणादिक अनेक लोकोंको और भाइयोंको और हनुमान् आदि सेवकनको साथ लेके सीतासहित अयोध्यासे धर्मारण्यकी यात्रा करनेके वास्ते निकले॥५४॥५५॥सो आते आते रास्तेमें मण्डलीपुरमें राम आये तब वसिष्ठ कहने लगे हे राम यह मण्डलीपुर है ॥ ५६ ॥

परम् ॥ ५६ ॥ पुण्या वापी सरोमध्ये सरस्वत्या प्रपूरिता ॥ पुरा राम महातेजा मुनिः परमधार्मिकः ॥ ५७ ॥ अणिमांडव्यनामा यस्तस्यायमाश्रमः शुभः ॥ तच्छ्रुत्वा रामचन्द्रोपि उवास मडलापुरे ॥ ५८ ॥ स्नात्वा च पूजयामास मांडव्येशं महेश्वरम् ॥ वाणिजो मंडलीका ये तत्रत्याः सर्व एव ते ॥ ॥ ५९ ॥ गत्वा रामपदांभोजं प्रणेमुः प्रीतिपूर्वकम् ॥ ततः प्रातः समुत्थाय चलितो रघुनंदनः ॥ १६० ॥ प्राप्नोत्सुसुन्दरं क्षेत्रंधर्मारण्यं सुपुण्यदम् ॥ सुवर्णाख्योत्तरे कूले सैन्यमुत्तार्य राघवः ॥ ६१ ॥ इतस्ततोऽथ बभ्राम क्षेत्रं दृष्ट्वातिहर्षितः ॥ तत ऋष्युक्तमार्गेण चक्रे तीर्थविधिं नृपः ॥ ६२ ॥ दिनांते कृतसंध्यस्तु समाविष्टः सभां शुभाम् ॥ अश्रौषीद्रुदतीं नारीं पुरं दृष्ट्वातिशून्यकम् ॥ ६३ ॥ शून्यं कस्मादिदं जातं ब्राह्मणाः क्व गता इति॥ विचार्य रामस्तद्रात्रौ गत्वा नारीं पप्रच्छह॥६४॥ किमर्थं रोदिषि वने रात्रौ तन्मे वदस्व ह ॥ श्रीमातोउवाच ॥ ब्रह्मणा स्थापिता पूर्वं पुरस्यास्याधिदेवता ॥ ६५ ॥ श्रीमातानामतः प्रोक्ता शृणु दुःखं रघूद्वह ॥ शून्यं जातं पुरं मेऽद्य

वहां सरस्वतीके बीचमें पुण्यरूप एक वापिका है ॥ ५७ ॥ और यहां अणिमांडव्य ऋषिका आश्रम है, ऐसा सुनते रामचंद्रने उस मंडलीपुरमें मुकाम किया ॥ ५८ ॥ तीर्थमें स्नान करके मांडव्येश महादेवकी पूजा करी तब मंडलीपुरमें जो बानियेरहतेथे ॥५९॥ उन्होंने रामचन्द्रके पास आयके प्रीतिपूर्वक नमस्कार किया । पीछे प्रातःकाल रामचन्द्र वहांसे आगे चले ॥ १६० ॥ सो धर्मारण्य क्षेत्रमें आये तब सुवर्णा नदीके उत्तर बाजू सेनाको रखके ॥ ६१ ॥ क्षेत्र देखनेको चारों तरफ फिरने लगे और बडे हर्षित भये । पीछे वशिष्ठके कहेमुजब तीर्थविधि किया ॥६२॥सायंकालकूं संध्या करके सभामें बैठे इतनेमें रात्रिकूं एक स्त्री रोरही है ऐसा शब्द सुना और नगर सूना पडा है ॥६३॥ सो देखके पूछनेलगे कि यह पुर सूना कैसे भया ब्राह्मण कहां गये पीछे उसी रात्रिकूंही वह स्त्रीके पास जायके पूछतभये ॥ ६४ ॥ हे स्त्री ! बनमें रात्रिकूं तू काहेके वास्ते रोतीहै सो कह । तब श्रीमाताकहनेलगीहेराम!ब्रह्मदेवने पहले इस पुरकी अधिदेवता करके स्थापना करीथी ॥६५॥ श्रीमाता मेरा नाम है

त्वयि तिष्ठति भूपतौ ॥ ६६ ॥ तदेव दुःखं मे राम दूरं कुरु कृपानिधे ॥ सामंतैः पीडता विप्राः परस्परविरोधिभिः ॥ ॥ ६७ ॥ गतास्ते ग्राममुत्सृज्य यथेष्टं गुरुपुंगवाः ॥ ॥ राम उवाच ॥ ॥ श्रीमातर्नहि जानामि ब्राह्मणास्ते कुतो गताः ॥ ॥ ६८ ॥ गोत्राणि ज्ञातिसंख्यां च स्थानं वा गोत्रदेवताम् ॥ अवटंकान्विजानासि युक्तं चेदानयामि तान् ॥ ६९ ॥ ॥ श्रीमातोवाच ॥ ॥ अष्टादशसहस्राणि त्रैविद्यास्ते द्विजोत्तमाः ॥ द्विचत्वारिंशावटंकाश्चतुर्विंशतिगोत्रजाः ॥ ॥ ७० ॥ गोलत्रश्चात्रपात्रश्च ददात्रत्राशमत्र च ॥ भट्टकुत्रश्च मोहात्र गागालप्रस्तथैव च ॥ ७१ ॥ छाडोत्रः ककणत्रश्च नीवात्रैकादश स्मृताः ॥ सीवात्रश्चानुसोहात्रः कालात्रः कथितो बुधैः ॥ ७२ ॥ नागात्रपो वियात्रश्च हडकात्रपडकात्र च ॥ बिडालात्रहरीलात्रभादेलात्रश्च कीर्तिताः ॥ ७३ ॥ बाल्वात्रे लोकियात्रश्च कमलात्रमोदकात्रकौ ॥ धनवेदात्रकीलात्रमाबोलीयात्रसंज्ञिकाः ॥ ७४ ॥ पघावडपात्रमूढात्रपीलुआत्राघि गोत्रकौ ॥ मोघात्रश्चानुभूतात्रपदवाडित्रनामतः ॥ ७५ ॥ होफेयात्रः शेप्रायित्रः बथारत्रः प्रकीर्तितः ॥ साधकात्रः खड्ग धीयात्रः त्रिशूलात्रस्तथापरः ॥ ७६ ॥ खुसानियात्र इत्येते द्वाचत्वा ४२ रिंशदीरिताः ॥ अवटंकाश्च विज्ञेया झोडानां च

मेरा दुःख श्रवणकरो । तुम सरीखे पृथ्वीपति होके मेरा पुर सूना पडा है॥ ६६॥ यही दुःख है सो दूरकरो ब्राह्मण सब परस्पर द्वेष करनेवाले स.मन्तोंने दुःखित किये हैं॥ ॥ ६७ ॥ और दुःखके लिये पुरकूं छोडके मनमें आवें वहां चले गये हैं।राम बोले हे श्रीमातः ! ब्राह्मण कहां गये हैं सो मैं जानता नहींहूं ॥ ६८ ॥ इस वास्ते गोत्र जाति संख्या अवटंक आदि कहोगी तो मैं जानके लाऊंगा ॥ ६९ ॥ श्रीमातानेकहा हेराम ! वे त्रैविद्य ।त्रिवेदी झोड ब्राह्मण अठारह हजारहैं, बेचालीस अवटंकहैं, गोत्र चौबीसहैं ॥ १७० ॥ अब अवटंकके नाम चक्रमें स्पष्ट हैं ॥ ७१ ॥७२॥७३॥७४॥७५॥७६॥

द्विजन्मनाम् ॥ ७७ ॥ द्विगुणास्तु तथा भृत्यास्तेऽपि ह्लोडाः प्रकीर्तिताः ॥ श्रीमातावचनं श्रुत्वा द्विजानानाय्य राघवः ॥ ॥ ७८ ॥ जीर्णोद्धारं ततः कृत्वा स्थापयामास तत्र वै ॥ आनिनाय वणिक्श्रेष्ठान् गोभुजान् रघुनंदन ॥ ७९ ॥ तानुवाच तदा रामः सेवा कार्या द्विजन्मनाम् ॥ खड्गं तदोज्ज्वलं दत्तं तथा श्वेते च चामरे ॥ १८० ॥ विवाहादौ वरेणादौ धार्यं चिह्नं सदैव हि ॥ चामरव्यजनं कार्यं वरस्याग्रे वणिग्वराः ॥ ८१ ॥ मंडलीग्रामजाः शूद्रा ये रामेण सहागताः ॥ सपादलक्षास्ते दत्ताः शुश्रूषार्थं द्विजन्मनाम् ॥ ॥ ८२ ॥ मंडलीकाश्च ते ह्लोडा ज्ञेया रामस्य शासनात् ॥ यज्ञं कृत्वा च दानानि ह्यनेकानि ददौ नृपः ॥ ८३ ॥ ताम्रपत्रे शासनं वै लिखित्वा कनकाक्षरैः ॥ ददौ त्रैविद्यह्लोडेभ्यो रक्षणार्थं द्विजन्मनाम् ॥ ८४ ॥ मयाद्य ब्राह्मणेभ्यो वै दत्ता

ऐसे यह बेचाळीस अवटंक ह्लोड ब्राह्मणोंके हैं ७७ और छत्तीस हजार जो बनिये वहभी ह्लोड नामसे विख्यात हैं । श्रीमाताके वचनसे रामचंद्रने चारों दिशाओंमेंसे उन ह्लोडब्राह्मणोंकूं बुलायके ह्लोडक्षेत्रका जीर्णोद्धार करके उनका स्थापन किया । पीछे गोभुजबानियाकूं बुलायके रामचंद्रने कहा कि तुमने ब्राह्मणोंकी सेवा करनी । फिर एक तरवार और सफेद चमर दो उन बानियोंकूं दिये ॥ ७८ ॥ ॥ ७९ ॥ १८० ॥ विवाहादिक कार्यमें वरराजानें खड्गकूं मंगलघाटडी लपेटके हाथमें लेके सुसरेके घरकूं जाना, वरके आगे चमर पंखा करना, यह मेरा चिह्न वंशपरंपरा आगे करते रहना क्योंकि सत्ययुगमें ब्रह्मा विष्णु महेश्वरने जो ब्राह्मण और बनिये उत्पन्न किये सो क्षीण हुए और क्षेत्र उजाड भया।तब रामचंद्रने त्रेतायुगमें फिर जीर्णका उद्धार किया, यह बात आगे विख्यात रहना ॥ ८१ ॥ मंडलीपुरके सवा लक्ष सत् शूद्र वणिक् श्रीरामचंद्रके साथ मोहेक्षेत्रकी यात्राकूं आयेथे उन सर्वोंकूं त्रिवेदी ह्लोड ब्राह्मणोंकी शुश्रूषाके वास्ते रामचंद्रने दिये ॥८२॥ और कहा कि यह सवालक्ष बानिये मांडालिये ह्लोड ऐसे नामसे विख्यातहों फिर यज्ञ करके बहुविध दान राजाने उनको दिये ॥ ८३ ॥ फिर रामचंद्रने तांबेके पत्रमें सुवर्णके अक्षरोंसे त्रैविद्यब्राह्मणोंकूं दक्षिणासहित ग्रामदान करके उनकी रक्षाके विषे लिखदिया कि ॥ ८४ ॥ मैंने आज

ग्रामास्सदक्षिणाः ॥ यदा येषां भवेद्भूमिस्तदा तैर्द्विजशासनम् ॥ ८५ ॥ पालनीयं प्रयत्नेन पुण्यं तेषां भवत्विति ॥ रक्षणार्थं पुरस्यास्य वायुपुत्रो निरूपितः ॥ ८६ ॥ गतो रामस्ततः पश्चाद्द्वापरांते युगे तथा ॥ आमो नाम नृपः कश्चित्क्षत्रिया बौद्धधर्मगः ॥ ८७ ॥ कान्यकुब्जे वसन् राजा प्रजा बौद्धे ह्यवर्तयत् ॥ तस्य कन्यारत्नगंगा विवाहसमये तदा॥८८॥ मोहेरकं पुरं तस्यै पारिबर्हे ददौ नृपः ॥ ततः कन्या द्विजान् सर्वान् निष्कास्य च प्रयत्नतः ॥ ८९ ॥ स्वकीयान् स्थापयामास सर्वे विप्रगणाँस्तदा ॥ आमं विज्ञापयामासुर्गत्वा तस्य समीपतः ॥१९०॥ ॥ विप्रा ऊचुः ॥ ॥ वासोऽस्माकं प्रजानाथ धर्मारण्ये सुपुण्यदे ॥ कालयोगात्प्रभग्नं तत्पुरं मोहेरकाभिधम् ॥९१॥ तदागत्य च रामेण जीर्णोद्धारः कृतस्तथा ॥ दत्तानि द्विजमुख्येभ्यो ग्रामाणि बन्धनानि च ॥ ९२ ॥ लिखित्वा शासनं दत्तं ताम्रपत्रे शुभाक्षरैः ॥ एतावत्कालपर्यंतं सर्वैर्मान्यं हितंहि तत् ॥ ९३ ॥ अधुना तव पुत्र्या च वृत्तिर्वै

दक्षिणासहित ग्राम ब्राह्मणोंको दिये।जिस कालमें जिनकी पृथ्वी होवे उन राजाओंने मेरा लेख पालन करना॥८५॥वह पुण्य उनकूं होगा ऐसा लेख देके पुरके रक्षण करनेके वास्ते हनुमानकूं स्थापन करके ॥८६॥ श्रीरामचंद्र गये बाद द्वापरयुगके अंतमें आम नामका क्षत्रियजाति राजा बौद्धधर्मकूं पालन करनेवाला ॥ ८७ ॥ कान्यकुब्जदेशमें कानपुरमें राज्य करता हुआ । प्रजाको बौद्धधर्ममें लगाता था उसकी कन्या रत्नगंगानामकी थी उसके विवाहमें ॥८८॥ आमराजाने मोहेरपुर दान दिया तब रत्नगंगा मोहेपुरमें आयके सब ब्राह्मणोंकूं निकालके ॥ ८९ ॥ बौद्धधर्मी स्वकीयलोकोंकूं रखती थी उसवखत सब त्रिवेदी ह्मोड ब्राह्मण आमराजाके पास जायके प्रार्थना करनेलगे ॥ ९० ॥ ब्राह्मण बोले हे प्रजानाथ । हमारा रहना मोहेर पुरमें है वह मोहेरपुर पूर्वमें कालयोगसे उजाड भयाथा ॥ ९१ ॥ तब रामचंद्रने वहां आयके उस पुरका जीर्णोद्धार किया और ब्राह्मणोंकूं ग्रामदान किया ॥९२॥ और तांबेके पत्रेमें सुवर्णाक्षरसे लेख करके दिया है सो लेख आजतक सब राजोंने मान्य किया है ॥९३॥परंतु अभी तुम्हारी कन्या रत्नगंगाने हमारी वृत्ति छीनली है,इसवास्ते हे राजा

लोपिता किल ॥ तस्मात्पालय राजेन्द्र रामचन्द्रस्य शासनम् ॥ ९४ ॥ ॥ आमराजोवाच ॥ ॥ अद्य मे मेदिनी सर्वा मृतोऽसौ रघुनन्दनः ॥ विशेषेण विना तस्य शासनं पाल्यते कथम् ॥ ९५ ॥ दर्शयन्तु द्विजा मेऽद्य वायुपुत्रं महाबलम् ॥ अथवान्यं प्रत्ययं भो यत्किञ्चिन्मोहनाशनम् ॥९६॥ करोमि शासनं नूनं रामस्याक्लिष्टकर्मणः ॥ इत्युक्तास्ते द्विजास्सर्वे गत्वा मोहेरकं पुरम् ॥ ९७ ॥ मन्त्रं चक्रुर्महात्मानो मिलिताश्च परस्परम् ॥ प्रत्ययो वै कथं राज्ञे दर्शितव्यो द्विजोत्तमाः ॥ ९८ ॥ अस्माकमांजनेयस्य दर्शनं वै भवेत्कथम् ॥ विप्राणामयुतं सार्द्धमेकचित्तास्तदाभवन् ॥९९॥ ॥ धौम्य उवाच ॥ ॥ दैवपराणि वाक्यानि श्रुत्वा तेषां द्विजन्मनाम् ॥ सहस्रत्रयमुख्या ये तेप्यूचुर्वचनानि च ॥ ॥ २०० ॥ त्रिसहस्रत्रैविद्यब्राह्मणा ऊचुः ॥ ॥ (युक्तमुक्तमिदं वाक्यं भवद्भिः शास्त्रपारगैः ॥ चातुर्विद्या भवंतो हि चतु-

रामचन्द्रके लेखकूं पालन करो ॥ ९४ ॥ आम राजा कहताहै हे ब्राह्मणो ! आज सब पृथ्वी मेरी है और रामचन्द्र तो मरण पाये इस वास्ते कुछ दूसरा चमत्कार दिखावो जिससे मेरा मोह दूर होवे ॥ ९५ ॥ आज यातो हनूमान्जीको दिखाओ अथवा और किसी दूसरी बातसे मुझे प्रतीति कराओ जिससे मेरा अज्ञान हट जाय ॥९६॥ तो रामका लेख मान्य करेंगे ऐसा कहा सो वचन सुनके सब ब्राह्मण मोहेरपुरमें आयके ॥ ९७ ॥ विचार करनेलगे कि राजाकूं चमत्कार आपनोंने क्या दिखाना ॥ ९८ ॥ और हनूमान्का दर्शन अपनेकूं कैसा होवेगा, तब पन्द्रह हजार ब्राह्मणोंका एक चित्त हुवा कि ॥९९॥ धौम्य बोला–प्रारब्ध-कर्म बलवान् है, इस क्षेत्रसे अपना संयोग अब नहीं है ऐसा निश्चय करके बैठे तब केवल प्रारब्ध कर्मकूं बलवान् माननेवाले ब्राह्मणोंके वचन सुनके तीन हजार मुख्य ब्राह्मण कहनेलगे ॥ २०० ॥ तीन हजार त्रिवेदी ब्राह्मण बोले-हे ब्राह्मणसमूह ! तुम शास्त्रमें पारंगत हो और शास्त्रसे प्रारब्ध मुख्य करके वचन कहे सो ठीक है। जो प्रस्तुत तीन विचार हैं उनकूं छोडके तुमने चौथा प्रारब्धकर्मका निर्णय किया इसवास्ते तुम

र्थस्येह वेदनात् ॥ १ ॥ उद्यमेन विना कोऽपि न तिष्ठति क्षणार्धकम् ।) क्षेपकः ॥ यथा ह्येकेन चक्रेण रथस्य न गतिर्भवेत् ॥ तद्वत्पुरुषकारेण विना दैव न सिद्ध्यति ॥१॥ अतो वयं गमिष्यामो यत्रास्ते पवनात्मजः ॥ प्रत्ययार्थं द्विजश्रेष्ठा वृत्ती रक्ष्या सदा बुधैः ॥२॥ चतुःषष्टिश्च गोत्राणां परिपाट्यो द्विसप्ततिः ॥ स्वस्वगोत्रस्यावटंका एकग्रामाभिलाषिणः ॥ ॥ ३ ॥ प्रयांतु स्वस्ववर्गस्य ह्येको ह्येको द्विजः सुधीः ॥ यस्य विप्रस्य यो वर्गो न प्रयास्यति तत्र चेत् ॥ ४ ॥ स च वर्गः परित्याज्यः स्थानधर्मान्न संशयः ॥ वणिग्वृत्तेर्न सम्बन्धो न विवाहश्च तैस्सह ॥ ५ ॥ तच्छ्रुत्वा ह्ययुतं सार्धं १५००० चातुर्विद्याः समागतः ॥ गमनाय मतिं चक्रुर्हनूमद्दर्शनायव ॥ ॥ ६ ॥ त्रिसहस्राश्च त्रैविद्यास्तयोरासीच्च लेखनम् ॥ चातुर्विद्याद्विजानांतु मते विंशतिब्राह्मणाः ॥ ७ ॥ निर्गता भवनात्ते वै बलात्कारकृतोद्यमाः ॥ त्रयीविद्याद्विजानां तु तत्रैकादश-

पन्द्रहों हजार चतुर्वेदी झोड नामसे विख्यात हो ॥ १ ॥ और जगत्के बीचमें उद्योग करे बिना क्षणभर भी कोई रहता नहीं है इसवास्ते प्रयत्न करना अवश्य है। जैसा एक चक्रसे रथ चलता नहीं है वैसा प्रयत्न करे विना प्रारब्ध फलोन्मुख होता नहीं है इस वास्ते हम तो जहां हनुमान्जी हैं वहां जावेंगे । राजाकूं चमत्कार दिखाना और पंडित मनुष्यने जीविका सदैव रक्षण करना ॥ २ ॥ हे ब्राह्मणों ! चौंसठ गोत्रके बहत्तर वर्ग हैं और एक गोत्र अवटंक एक ग्राममें रहनेवाले ॥ ३ ॥ उन सब ब्राह्मणोंके अपने अपने वर्गमेंसे एकएक ब्राह्मणने साथ चलना जिस वर्गका ब्राह्मण नहीं आनेका ॥ ४ ॥ वह वर्ग स्थान धर्मसे नष्ट होवेगा । और बानियोंकी वृत्तिका भाग मिलनेका नहीं और उनके साथ हमारा विवाहसंबंध रहनेका नहीं ॥ ५ ॥ यह बात सुनते पन्द्रह हजार चतुर्वेदी ब्राह्मण जो थे वे हनुमान्के दर्शनार्थ जानेकूं निकसे ॥ ६ ॥ तीन हजार त्रिवेदी ब्राह्मण भी तैयार भये । तब चातुर्वेदी झोड ब्राह्मणोंके वर्गमेंसे बीस ब्राह्मण बलात्कारसे घरमेंसे बाहर निकले ॥ ७ ॥ और त्रिवेदी झोड ब्राह्मणोंमें ग्यारह ब्राह्मण भक्तिसे घरमेंसे बाहिर निकले ॥ ८ ॥

संख्यया ॥ ८ ॥ निर्गता ब्राह्मणास्तूर्णं एकाग्रमनसः किल ॥ एकत्रिंशच्च विप्रास्ते निर्गता नगरात्ततः ॥ ९ ॥ पाथेयं त्रुटितं तेषां गच्छतां पथि सन्ततम् ॥ ग्लानिं गता द्विजाःसर्वे पार्थ पाथेयवर्जिताः ॥ २१० ॥ चातुर्विद्यास्तथा प्रोचुर्नास्माकं कार्यमस्ति वै ॥ दुःखिताःकिल मार्गेऽस्मिन् क्षुत्तृड्भ्यां परिपीडिताः ॥११॥ भोक्तारस्ते भविष्यंति ग्रामाणां गृहसंस्थिताः ॥ परार्थे श्रमसाध्यार्थे संदिग्धे कः प्रवर्तते ॥ १२ ॥ इत्युक्त्वा पादपच्छायामाश्रित्य श्रमकर्शिताः ॥ भग्नोद्यमा मन्दभावाः संस्थिता विंशतिर्द्विजाः ॥ १३ ॥ एकादश जितात्मानो जग्मुस्त्रैविद्यवाडवाः ॥ पूर्णे जातेऽथ षण्मासे प्राप्तास्ते लवणोदधिम् ॥ १४ ॥ अन्नोदकं परित्यज्य सेतुबन्धे जितव्रताः ॥ चिंतयंतोंजनीपुत्रं रामं राजीवलोचनम् ॥ १५ ॥ तेषां तु निश्चयं दृष्ट्वा हनूमान् गोपवेषभृत् ॥ आगत्योवाच हे विप्राः किमर्थमिह संस्थिताः ॥ १६ ॥ द्विजैरुक्ते स्ववृत्तान्ते कपिः प्रोवाच तान्प्रति ॥ गोपाल उवाच ॥ नूनं सर्वे च मूर्खाः स्थ ब्राह्मणा वेदपाठकाः ॥ १७ ॥

ऐसे दोनों मिलके एकतीस ब्राह्मण मोहेरपुरसे निकले ॥ ९ ॥ तब निरंतर दरमजल जाते जाते खर्ची खूटगई और थकगये ग्लानि पाये ॥ १० ॥ तब चातुर्वेदी ब्राह्मणके वर्गके बीस ब्राह्मण दुःखी होके कहने लगे कि हम रस्तेमें क्षुधा तृषासे पीडित हुएहैं ॥ ११ ॥ और वे सब अपने घरमें बैठके फल लेवेंगे इसलिये दूसरेके वास्ते और संदेह में कार्यदर्शन होवेगा या नहीं उसका निश्चय नहीं ऐसे काममें कौन प्रवृत्त होवे ॥ १२ ॥ ऐसा कहके एक वृक्षकी छायाके नीचे बैठगये प्रारब्धहीन वे ब्राह्मण आगे गये नहीं ॥ १३ ॥ पीछे ग्यारह ब्राह्मण तो जितेंद्रिय त्रिवेदी छोड थे वे तो बराबर छठे महीने सेतुबंध रामेश्वरकूं जायपहुंचे ॥ १४ ॥ फिर अन्नजल त्याग करके रामचंद्रका और हनुमान्का चिंतन करते बैठे॥१५॥तब उनका निश्चय देखके हनुमानने गोपालका वेषधारण करके वहां आयकेकहा कि हे ब्राह्मणो!यहां किस वास्ते बैठेहो ॥ १६ ॥ तब ब्राह्मणोंने अपना वृत्तांत कहा सो सुनके गोपरूपी हनुमान्जी कहते हैं हेब्राह्मणो!

क्वासौ कपिवरः प्राप्यं दर्शनं कीदृशं कलौ ॥ गच्छन्तु स्वगृहानाशु चेत्युक्त्वांतर्दधे कपिः ॥ १८ ॥ ततो दिनत्रयं स्थित्वा वृद्धब्राह्मणरूपधृक्॥पप्रच्छ च पुनस्तान् वै के यूयं किमिहागताः ॥१९॥ तदा प्रोचुः स्ववृत्तांतं तच्छ्रुत्वा ब्राह्मणोऽब्रवीत् ॥ प्रतारिता द्विजा नूनं केनचिद्वंचकेन हि ॥ २२० ॥ नाद्य वायुसुतः श्रीमान् दृष्टिगोचरगो भवेत् ॥ तुर्ये पापयुगे विप्रा वृथायं भवतां श्रमः ॥ २१ ॥ ॥ द्विजा ऊचुः ॥ ॥ दूरदेशमुपायाताः कष्ट च विविधं कृतम् ॥ कथमद्य गमिष्यामो ह्यदृष्ट्वा पवनात्मजम् ॥ २२ ॥ ॥ धौम्य उवाच ॥ श्रुत्वा तद्वचनं तेषां दीनान्वीक्ष्य स ब्राह्मणान् ॥ उत्तिष्ठंतु द्विजाः कामं तुष्टोऽहं पवनात्मजः ॥ २३ ॥ दर्शयित्वा स्वकं रूपं हनूमान् प्रीतमानसः ॥ पृथग्रोमाणि संगृह्य भुजयोरुभयोरपि ॥ २४ ॥ भूर्जपत्रे च संवेष्ट्य चकार पुटिकाद्वयम् ॥ ददौ तेभ्यस्तानुवाच यदासौ पृथिवीपतिः ॥ २५ ॥ चिह्नं प्रदीयतां मह्यमिति ब्रूतेति कोपितः तदा रोमाणि देयानि

तुम निश्चय करके मूर्ख हो केवल वेद पढना जानते हो ॥ १७ ॥ अरे हनुमान् कहाँहैं और कलियुगमें दर्शन किसका होता है इस वास्ते अपने घरकूं जाव ऐसा कहके हनुमान्जी अंतर्हित होगये ॥ १८ ॥ पीछे और तीन दिन गये बाद वृद्ध-ब्राह्मणका रूप लेके हनुमान्जी पूछनेलगे कि हे पुरुषो ! तुम कौन हो कहांसे आये ॥ १९ ॥ तब ब्राह्मणोंने अपना वृत्तांत कहा सो सुनके हनुमान्ने कहा कि हे ब्राह्मणो ! तुमकूं कोई दगाबाज आदमीने दगा कियाहै निश्चय करके ॥ २२० ॥ इस कालमें हनुमान्दृष्टिके सामने नहीं होते हैं चौथा यह पापयुग है इससे तुम्हारा श्रम व्यर्थहै ॥ २१ ॥ तब ब्राह्मण दीन होयके कहनेलगे कि हम दुरदेश आये और अनेक कष्ट किये हनुमान्जीके दर्शन करे विना घरकूं कैसे जाना ॥ २२ ॥ धौम्य ऋषि युधिष्ठिरको कहते हैं हे राजा ! हनुमान्ने उनका दीन वचन सुनके कहा कि हे ब्राह्मणो ! तुम उठो तुम्हारा कार्य सिद्ध भया मैं हनुमान् हूं ॥ २३ ॥ ऐसा कहके अपना रूप दिखायके फिर दोनों भुजाके दो रोम लेके ॥२४॥ भोजनपत्रमें उनकी जुदी जुदी पुडी बांधके ब्राह्मणोंके हाथमें देके कहा कि ॥ २५ ॥ जब आम राजा तुमकूं क्रोधायमान होयके पूछे कि

वामकक्षोद्भवानि च ॥ २६ ॥ दृष्ट्वा रोमाणि स नृपो दुर्वाचं जल्पते यदा ॥ भस्मीभवतु ते राज्यमित्युक्त्वा गम्यतां ततः ॥ ॥२७॥ प्रज्वलिष्यति तद्राज्यं तदा राजातिविह्वलः ॥ सैन्यं प्रज्वलितं दृष्ट्वा पादयोर्वः पतिष्यति ॥२८॥ तदा देया द्वितीया च पुष्टिका दक्षिणोद्धृता ॥ रोमनिक्षेपमात्रेण जीवन्नेव भविष्यति ॥ २९ ॥ इति दत्त्वा कपिश्चिह्नं तत्रैवांतरधीयत ॥ ब्राह्मणा मुदिताः सर्वे प्राप्य चिह्नं च दर्शनम् ॥ ॥ २३० ॥ आंजनेयप्रभावेण प्राप्ता मोहेरकं पुरम् ॥ क्षणमात्रेण ते विप्रा विस्मयं परमं गताः ॥ ३१ ॥ आगत्य नगरद्वारि मिलितास्ते परस्परम् ॥ चक्रुः कुशलप्रश्नांश्च मार्गवृत्तं द्विजान्द्विजाः ॥ ३२ ॥ ततस्ते आमराजानं गत्वा चक्रुर्यथोदितम् ॥ हनूमता तदा चामो विस्मितः प्राह च द्विजान् ॥ ३३ ॥ क्षमध्वं भूमिदेवा वो दासोऽहं सर्वदा किल ॥ शासनं वः करिष्यामि त्यक्त्वा पाखंडमद्भुतम् ॥

क्या चिह्न लाये हो तब तुमने यह डावे अंगके रोमकी पुडी देना ॥२६॥ उन रोमों को देखके राजा तुमकूं बहुत दुर्भाषण करेगा तब तुमने कहना कि तेरा राज्य भस्म होजाय ऐसा कहके गांवके बाहर आना ॥ २७ ॥ तब सारा नगर जलने लगेगा सो सेनाको जलती हुई देखके राजा घबरायके तुम्हारे शरणागत होवेगा ॥ २८ ॥ तब दूसरी पुडी देना उसमेंके रोम चारों दिशाओंमें डालनेसे अग्नि शांत होजावेगा॥२९॥ ऐसा हनुमान्‌जीने कहा दो पुडी देके वह अन्तर्धान भये।ब्राह्मण उनके दर्शनसे और चिह्नकी प्राप्तिसे बडे हर्षित भये ॥ ३० ॥ पीछे अपने देशकूं जानेके वास्ते विचार करने लगे कि देश दूर है कैसा जाना होवेगा इतनेमें हनुमान्‌जीने क्षण एकके बीचमें मोहेरपुरमें उन ग्यारह ब्राह्मणोंकूं रखदिया तब ब्राह्मण बडे आश्चर्य पाये ॥ ३१ ॥ फिर नगरके बाहर सब ब्राह्मण परस्पर मिले कुशल पूछे रस्तेका वृत्तांत सब कहा ॥३२॥फिर सब ब्राह्मण मिलके आमराजाके पास जायके जैसा हनुमान्‌जीने कहा था वैसा किये तब राजाने वह चमत्कार देखके ब्राह्मणलोकोंकूं कहा ॥ ३३ ॥ हे ब्राह्मणो ! मेरा अपराध क्षमा करो मैं तुम्हारा दास हूं पाखंड मतका त्याग करके

॥ ३४ ॥ सुखवासं पुरं रम्यं ददामि द्विजसत्तमाः ॥ त्रयी विद्याः स्थिताः सर्वे धर्मारण्ये द्विजोत्तमाः ॥ ३५ ॥ चातुर्विद्या महाराज संस्थिताः सुखवासके ॥ केचित् सीतापुरे वासं श्रीक्षेत्रे चापरेऽवसन् ॥ ३६ ॥ ये तु विंशतिसंख्याका रामशासनलिप्सया ॥ हनूमंतं प्रति गता व्यावृत्य पुनरागताः ॥ ३७ ॥ भिन्नाचाराश्च पतिता वेषसंशयमागताः ॥ केचिन्मल्लाश्च संजाताः केचिच्छौंडिकयाजकाः ॥ ॥ ३८ ॥ मल्लानां लिंबजा शक्तिः कुलदेवी प्रकीर्तिता ॥ स्थानाच्च पश्चिमे भागे स्थापिता सा मनोहरा ॥ ३९ ॥ एकादशशताख्या ये भिन्ना जाता द्विजोत्तमाः ॥ तेपि दूरीकृता वृत्तेः स्थानाच्चैव पृथक् स्थिता ॥ २४० ॥ साभ्रमत्यास्तटे वासं चक्रुस्ते यत्र कुत्रचित् ॥ अग्निहोत्ररताः सर्वे वेद पाठपरायणाः ॥ ४१ ॥ त्रयीविद्यद्विजानां च गोधनं बहुलं भवेत् ॥ चारणार्थं कुमाराश्च

तुम्हारा शासन पालन करूंगा ॥३४॥ और मेरी तरफसे सुखवासनामक पुर तुमको देता हूं और धर्मारण्य तुम्हारा तुमकूं रहो तब त्रिवेदी झोड थे सो तो धर्मारण्यमें रहे ॥ ३५ ॥ और चातुर्वेदी झोड ब्राह्मण सुखवासपुरमें रहे कितनेक सीतापुरमें कितनेक श्रीक्षेत्रमें जायके वास करते भये ॥ ३६ ॥ और जो चतुर्वेदी ब्राह्मणोंकी तरफसे बीस ब्राह्मण हनुमान्के शोध करनेकूं गये थे सो अर्धमार्गसे पीछे फिरे ॥ ३७ ॥ तब अपने दोनों वर्गसे भिन्न होगये आचारभ्रष्ट हुए वेष बदलागया उनमेंसे तीसरी जाति जेठामल्ल झोड ब्राह्मण हैं ॥ ३८ ॥ उनके गोत्र तो पहिले कहेहैं, कुलदेवी लिंबजा शक्ति हैं उन देवीका स्थान धर्मेश्वर महादेवसे पश्चिमभागमें है ॥ ३९ ॥ अब ग्यारह ब्राह्मण जो थे सो इग्यार्षण झोड ब्राह्मण ऐसे नामसे विख्यात भये स्थान वृत्तिसे दूर भये ॥ २४० ॥ साभ्रमती नदीके किनारे ऊपर और जहां तहां वास करते भये । अब धेनुजा झाडे ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहतेहैं । जो त्रिवेदी झोड ब्राह्मण थे वे अग्निहोत्रमें तत्पर रहते थे और वेदपारायण नित्य करतेथे ॥ ४१ ॥ उनके घरमें गाय बहुत थीं तब उनकूं चरानेके वास्ते जो मूर्ख ब्राह्मणोंके थे जिनकूं विद्या नहीं आतीथी उनकूं लगाये

मूर्खाः संकल्पिताः किल ॥ ४२ ॥ गंभीरस्य समीपे ते चारयंति दिवानिशम् ॥ भोजनार्थं तु तेषां वै कुमार्यो विधवास्तथा ॥४३॥ अन्नपानादिकं काले प्रापयंति सुसंस्कृतम् ॥ कुर्वंति भोजनं तत्र यत्र घोषो महानभूत् ॥ ४४ ॥ स्नानसंध्यादिकं कृत्वा युवानस्ते द्विजात्मजाः ॥ एवं संवर्तमानानां तेषां ताभिः परस्परम् ॥ ४५ ॥ हास्यवक्रोक्तिकरणाच्चिक्रीडुः काममोहिताः ॥ न विदुः पितरस्तासां तेषां चैव द्विजन्मनाम् ।४६॥ गर्भवत्यश्च संजाताः कुमार्यो विधवास्तथा ॥ ज्ञातं तु पितृभिः सर्वैः सभा तत्र कृता शुभा ॥ ४७ ॥ ऊचुस्ते ब्राह्मणाः सर्वे विमृश्य च परस्परम् ॥ पक्षपातो न कर्तव्यः क्लेशमूलं यतो भवेत् ॥ ४८ ॥ धर्मः संरक्षणीयोऽद्य यथा न संकरो भवेत् ॥ कन्याः संदूषिताः कामं विधवाश्च प्रदूषिताः ॥ ४९ ॥ कानीना गोलकाश्चैव बालकाः संत्यनेकशः ॥ तेऽपि संरक्षणीया वै मातृभिः पालितास्तथा ॥ २५० ॥

॥४२॥ तब वे सब ब्राह्मण पुत्र गम्भीर सरोवरके समीप गायोंकूं चराने लगे और बहुत करके रात दिन वहां ही वास करने लगे फिर उनकूं खानेके वास्ते अपने अपने घरोंसे अन्न अच्छा तैयार करके बाल विधवा जो ब्राह्मणकी लडाकियां थीं वे नित्य लाने लगीं ॥ ४३ ॥ तब वह सब वहां खाना और गायोंकूं चराना ऐसा करते करते बडा उनका निवासस्थल भया ॥४४॥ सब उन तरुण ब्राह्मणोंके पुत्रोंने स्नान सन्ध्या वहां ही करना कन्यावोंका और विधवावोंका लाया हुआ अन्न खाना पीछे नित्य उनके साथ हास्य विनोदके भाषण करते करते काम मोहित होके क्रीडा करने लगे यह बात उनके मातापिताओंकूं मालूम नहीं भई ॥ ४५॥४६ ॥ जब उन विधवा कन्याओंको गर्भ रहा सो देखके उनके पिताओंने सभा मिलायके परस्पर विचार करके कहा कि देखो भाई ! किसीने अपने अपने सम्बन्धीका पक्ष नहीं लेना पक्षपात करनेसे आगे दुःख होवेगा ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ और वर्णसंकर होवेगा इस वास्ते धर्मका रक्षण करना कन्या दूषित भई और विधवा भी दूषित भई ॥ ४९ ॥ विधवाओंसे पैदा भई जो सृष्टि वे गोलक नामके अनेक बालक तथा कुमारियोंसे कानीन बालक भये हैं उनका रक्षण

इत्थमामंत्रितैर्विप्राः प्रत्यूचुस्ते सुमोहिताः ॥ तेभ्यः कन्याश्च॥ रंडाश्च दीयंतामिति निश्चयः ॥ ५१ ॥ गृहस्थास्ते भवंत्वद्य कुमारा धर्मविप्लवाः॥धेनुजाख्यां गमिष्यंति लोके विप्राधमा अपि ॥ ५२ ॥ भिन्ना जातिस्तथैतेषां संबंधो नैव तैःसह ॥ धेनुजा झोणसंज्ञा ये लोके विख्यातकीर्तयः ॥ ५३ ॥ धेनुजाख्यं पुरं तत्र स्थापितं वासहेतवे ॥ तेऽपि धर्मरता जाता वेदपाठपरायणाः ॥ ५४ ॥ एतत्ते कथितं सर्वं ज्ञातिभेदं यथातथम् ॥ यज्जातं कलिसंप्राप्तेर्भावि तत्कथयामि वः ॥ ५५ ॥ एकदाथ वणिग्गेहे मुंडः कश्चित्समागतः ॥ जैनमार्गरतस्तेन वणिजो वंचितास्तदा ॥ ५६ ॥ गोभुजानां च तन्मार्गे निष्ठां दृष्ट्वा द्विजास्तदा ॥ श्रुत्वा च वेदनिंदां वै ताडयित्वा च तं क्रुधा ॥ ५७ ॥ ग्रामाद्बहिश्च तं कृत्वा जग्मुर्विप्रा गृहान्प्रति ॥ मिलिता वणिजश्चक्रुर्हेतुवाद परस्परम् ॥ ५८ ॥ देवे द्विजे भक्तिमन्तौ गोभुजा ये च तत्र वै॥निवासं च द्विजैः साकं चक्रु-

करना अवश्य है ॥ २५० ॥ ऐसा वचन सुनते सभासंस्थ ब्राह्मण कहने लगे कि उन ब्राह्मण पुत्रोंकूं बाल विधवा कन्या दे देवो ॥५१॥ उन कन्यावोंसे उनका गृहस्थाश्रम सिद्ध है और धर्मभ्रष्ट ब्राह्मणाधम हैं तथापि ॥ ५२ ॥ लोकमें धेनुज झोड ऐसे नामसे विख्यात हों और आजसे इनकी ज्ञाति भिन्न हुई इनके साथ विवाहादिक सम्बन्ध नहीं रखना ॥५३॥ ऐसा कहके मोहेरपुरके पूर्व दिशामें सात कोसके ऊपर उनको रहनेके वास्ते धेनुज नगर बनाय दिया फिर वे सब धेनुज झोड ब्राह्मण वेदपारायण करनेलगे और बाहर रहे ऐसा धेनुज झोड ब्राह्मणका भेद कहा ॥५४॥ अब अडाडजा झोड बनिये जो भये हैं उनका कारण कहते हैं ॥५५॥ एक दिन गोभुज बनियेके घरकूं एक जैनमार्गी मुंडिया आया उसने नित्य रात्रीकूं अपना धर्म उपदेश करना आरम्भ किया ऐसा करते करते बहुत बनिये जैनमार्गमें निष्ठ होने लगे ॥ ५६ ॥ सो देखके और वेदनिंदा सुनके त्रिवेदी झोड ब्राह्मणोंने उस मुंडियेकूं मारके ॥५७॥ मोहेरपुरके बाहर निकाल दिया और अपने घरकूं चले गये फिर वे सब बनिये अपनेमें विचार करने लगे ॥५८॥ तब जो वेद देव द्विजके भक्तिमान् थे वे

मोहेरके पुरे ॥ ५९ ॥ येभिन्नहृदया जातास्ते ययुर्वणिज स्तदा ॥ मुण्डेन सह क्रोधार्ताः पुरमट्टालजं शुभम्॥ २६० ॥ तत्र चक्रुर्निवासं ते पुरे सर्वेऽथ गोभुजाः ॥ पुरनाम्नाऽभवंस्ते तु लोके अट्टालजाः स्वतः ॥ ६१ ॥ भिन्ना जातास्ततस्तेषां ज्ञातिर्वै वणिजां पुनः ॥ अट्टालजेति विख्याता चातुर्विद्या-श्रिताश्च ते ॥ ६२ ॥ गोभुजानां तथा केचिन्नावारोहणका-रकाः॥जाता मधुकरास्ते वै सिन्धुकूले स्थिताश्च ते ॥ ६३ ॥ श्रीमद्द्वीपपुरेरम्ये क्षाराब्धिवेष्टिते शुभे ॥ वसतिं तत्र चक्रुस्ते ये वै मधुकरास्तथा ॥ ६४ ॥ एवं कालकलायोगाज्ज्ञातिभेद-समुद्भवः ॥ शूद्राणां च द्विजानां च याथातथ्येन पार्थिव ॥ ॥ ६५ ॥ श्रवणात्सर्व पापानि नाशमायांति निश्चितम् ॥ कामदं मोक्षदं नित्यं धर्मारण्यकथानकम् ॥ ६६ ॥ भेदमाधु-निकं वक्ष्ये वणिजां तु विचित्रकम्॥कदाचिद्गुर्जरे देशे कश्चि-द्ग्रामे महाधनी ॥ ६७ ॥ तेजपालस्य पुत्रौ वै विजेपाल इति स्मृतः ॥ गोभुजास्तस्य गेहे वै भोजनार्थं समागताः ॥ ६८ ॥

गोभुज बनिये मोहेरपुरमें ब्राह्मणके साथ वास करते भये ॥ ५९ ॥ और जिनकी बुद्धि भ्रष्टहुई वे बनिये क्रोधित होयके मुंडिये जैनके साथ अट्टलपुरमें चलेगये ॥ ॥ २६० ॥ और वहां निवास करते भये तब पहिले वे गोभुज बनिये थे परन्तु अट्टालपुरमें आयके रहे इसवास्ते अट्टालज अडाडजा झोड नामसे लोकमें विख्यात भये ॥ ६१ ॥ उनके उपाध्याय गुरु चातुर्वेदी झोड ब्राह्मण होतेभये ॥ ६२ ॥ अब गोभुज बनियोंमेंसे कितनेक बनिये नौकाव्यवहार करनेलगे और पश्चिमदिशामें काठियावाड देशमें दीवउना देलवाडा आदि गावोंमें जायके रहे वे मधुकर झोड बनिये भये ॥६३॥ मधुकर लवणसमुद्रसे वेष्टित रमणीय दीपपुरमें रहनेलगे ॥६४॥ ऐसी परमेश्वरकी मायासे कालांतरमें ज्ञातिका भेद होताभया सो हे राजा ! तेरे सामने कहा ॥ ६५ ॥ यह धर्मारण्यकथा श्रवण करनेसे पापका नाश होवेगा और संसार सुख भोगके अन्तको मोक्ष होवेगा ॥ ६६ ॥ अब बनियोंमें अर्वाचीन जो दशा विसा पांचाका भेद है सो कहताहूं। किसी समय गुजरातमें एक गांवमें बडा धन-

गोभुजाद्याश्च ते सर्वे तन्मध्ये विधवासुतः ॥ आगत्य च सभामध्ये वचनं चेदमब्रवीत् ॥ ६९ ॥ मन्मात्रा कथितं मह्यं पतिं निर्माय दीयताम् ॥ तच्छ्रुत्वा सर्ववाणिजो विस्मयं परमं गताः ॥२७०॥ मिथो विचार्य पप्रच्छुस्तमेव विधवासुतम् ॥ ॥ वैधवेय उवाच ॥ ॥ यत्राद्य भोजनं सर्वैः क्रियते तत्र कीदृशम् ॥ ७१ ॥ ततस्तस्य विचारे च कृते ज्ञात विचेष्टितम् ॥ विजेपालस्तु विधवाविवाहं कृतवानिति ॥ ७२ ॥ तस्याः सीमंतसमये ज्ञातं सर्वैश्च गोभुजैः ॥ युद्धं कृत्वा गता यत्र ते विंशतिसमाख्यया ॥ ७३ ॥ विजेपालस्य पक्षीयास्ते झोडाः पञ्चसंज्ञया ॥ मिथः समानभावेन स्थितास्ते दशसंज्ञया ॥ ७४ ॥ अन्येप्यवांतरा भेदा द्विजानामभवन् किल ॥ ग्रामदेशादिभेदेन तथाचारप्रभेदतः ॥ ७५ ॥ यस्तज्ज्ञातिसमूहस्थो ग्रामे वै सरखेजके ॥ शिवरामो महानासीत्सामवेदे

वान् गोभुज बानियां तेजपालकापुत्र विजयपाल नाम करके था इसकी स्त्रीका सीमंत था उस बखत गोभुज मांडलिये अडाड आदि जो सब बानिये जीमनेकूं आये सब सभा बैठी थी इसमें एक विधवा झोडस्त्रीका पुत्र आयके कहने लगा कि॥६७॥ ॥६८॥६९ ॥ मेरी माने कहाहै कि मैं विधवा हूं मुझको एक पति करके देओ तब वह वचन सुनतेही सब बानिये आश्चर्य करनेलगे ॥ २७० ॥ और परस्पर विचार करके ध्यानमें नहीं आया तब उसी छोकरेकूं पूछने लगे तब उस विधवापुत्रने कहा कि आज तुम सब जहां भोजन करतेहो वहां कैसा है ॥ ७१ ॥ तब सबोंने उसका शोध निकाला तो मालुम पडा कि विजयपाल सेठने विधवास्त्रीके साथ विवाह किया है ॥ ७२ ॥ उस विधवाके सीमंतमें सब गोभुजादिकोंको मालुम भया तब वहां बडी लडाई भई और जो शुद्ध होयके चलेगये संसर्गभुलाहजानहीं रखा वे विसा बानियोंका जथा कहागया ॥७३॥ और जो विजेपाल सेठके साथ होके रहे वे पांचा झोडभयेऔर जो दोनों तरफसमान दृष्टिसे वे दसाझोड बानिये भये॥७४॥और झोडब्राह्मणोंमेंआवांतर भेद भये हैं सो ऐसे त्रिपाला झोडब्राह्मण१खीजाडियासंबाके झोड२तांजलीयेझोड ३और सूरती कपडवंजी, सरखेजी, कच्छी, हालारी, घोघारी आदि देश ग्राम भेदसे अनेक सबोंके भेद भयेहैं ॥७५॥ इस झोड ज्ञातिमें सरखेज अमदावादके पास गाँव है वहां शिवराम नाम करके झोड ब्राह्मण सामवेदी अच्छा पंडित सुमारे २००

कृतश्रमः ॥ ७६ ॥ चतुर्विंशतिग्रामाणि तेषां संत्यधुना द्विज ॥ तत्र वासं प्रकुर्वंति यथालब्धोपजीविनः ॥ ७७ ॥ मोहेरकस्य भंगोऽभूत्फाल्गुनस्यादिमे दिने ॥ मलस्नानं तदा वर्ज्यं त्रैविद्यैर्झोडब्राह्मणैः ॥ ७८ ॥ मातंग्याश्च प्रकर्तव्यं वर्षे वर्षे तु पूजनम् ॥ माघे सिते तृतीयायां भक्ष्यभोज्यादिभिःसदा ॥ ७९ ॥ एककावन्नो नामविधिर्विवाहे च सुखप्रदः ॥ पंचाशत्कोष्ठकानीह तंदुलै रक्तवर्णकैः ॥ २८० ॥ तस्मिन्स्थाने महापूजा कर्त्तव्या शूद्रजातिभिः ॥ विवाहोत्सवे सर्वेषां दंपतीनां द्विजोत्तम ॥ ८१ ॥ अंजनं नयने कुर्यात्तृतीयं वचना-

दो सौ बरसके ऊपर होगये हैं। जिसने सामवेदके कर्मकांडके ग्रन्थ गोभिल गृह्यसूत्रके अनुसारसे सुबोधिनी शांतिचिंतामणि कृत्यचिंतामणि श्राद्धचिंतामणि रुद्रचिंतामणि आदि बनाये हैं ॥ ७६ ॥ इन ब्राह्मणोंके ग्राम चौवीस वर्तमान कालमें हुए हैं उनके नाम दिव १ कोडिनार २ जूनागड ३ फुतियाणु ४ पोरबंदर ५ झालावाडा ६ हलबद ७ धांगद्रु ८ मोरवी ९ बीकानेर १० राणेपुर ११ सियोर १२ भावनगर १३ अमदाबाद १४ सूरत १५ धोलका १६ भरुच १७ अंकलेश्वर १८ विरमगांव १९ काशी २० जामनगर २१ मांडवी २२ भुज २३ नगर२४ यह गावोंमें अपनी जीविकाके लिये रहते हैं। मोहेरक्षेत्रमें नहीं रहते। कोई कहते हैं कि एक दिनमें सौ मण लवणका व्यंजनादिक करके ब्रह्मभोज करेगा तब श्रीमाता कुलदेवी कूवेमेंसे बाहिर निकलेगी अन्यथा कुलदेवी औंधी होयके कूवेमें पडी है इस वास्ते उस तीर्थमें हाल कोई रहता नहीं है और दर्शनकूंभी जाते नहीं हैं परन्तु यह बात गलत दीखती है अप्रमाण है ॥ ७७ ॥ मोहेरग्रामका भंग फाल्गुन महीनेके प्रतिपदाके दिन भया है इससे वह दिन त्रिवेदी ब्राह्मणोंने मलस्नान नहीं करना ॥ ७८ ॥ और माघशुक्ल तृतीयाके दिन प्रतिवर्ष ब्राह्मण बनियोंने मातंगी कुलदेवीकी पूजा करना ॥ ७९ ॥ और झोड बनियोंमें विवाह हुवे बाद एक्कावन्ना बावन्ना नाम करके पूजा करते हैं उसकी विधि–बाजटके ऊपर लाल तन्दुलके पचास कोष्ठक करके उनमें सुपारी ५१ खारेक ५१ पानके बीडे ५१ पैसे ५१ यह सब रखके श्रीमाताकी पूजा करके नैवेद्य खाजा लडुवाका करना। पीछे श्वेत चमर हाथमें लेके उपाध्याय मन्त्र तीन बखत पठन करके देवीकूं चमर उडावे। मन्त्र गुजराती भाषामें झोडेरु मास्तान २ श्वेत घोडो श्वेत चामर खडखडतुं खांडुं पंचोले विडु धर्मोयश धर्मोयज्ञ

न्मम ॥ भ्रूमध्ये तु प्रकर्त्तव्यं सर्वावयवसंयुतम् ॥ ८२ ॥ निर्वि-घ्नाथ तु कर्त्तव्यं द्विजसेवकयोस्सदा ॥ मातंगीपूजनं कार्यं भक्ष्यभोज्यादिना किल ॥ ८३ ॥

इति श्रीहरिकृष्णनिबन्धित बृहज्ज्योतिषार्णवांतर्गते षष्ठे मिश्रस्कंधे ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडाध्याये मोहेरकब्राह्मणवणिगुत्पत्तिवर्णनं नाम दशमं प्रकरणं सम्पूर्णम् ॥

इति पंचद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥

ऐसा पढके चमर उठायके पांव पडना । यह विधि खानदेशी बनिये लोकोंमें प्रसिद्ध है और एकावन्न विधि हुए बाद सबोंने नेत्रमें अञ्जन करके पीछे तीसरा अञ्जनका टिपका भँवरके बीचमें करना और मातंगी देवीकी बडे वैभवसे बलिपूजा करना ॥ २८० ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ ८३ ॥

इति ब्राह्मणोत्पत्ति भाषामें छः तरह झोडब्राह्मण और बनियोंके भेद संपूर्णभये प्रकरण ॥ १० ॥

अथ झारोलाब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ ११ ॥

अथ स्कांदबालखिल्यखंडांतगतझारोलाब्राह्मणोत्पत्तिसार-संग्रहो लिख्यते ॥ ॥ सूत उवाच ॥ ॥ दक्षस्य दुहिता पूर्वं सतीनाम्नातिविश्रुता ॥ सा दत्ता शंभवे कन्या दक्षेण द्विज-सत्तमाः ॥ १ ॥ सर्वलक्षणसंयुक्ता पतिभक्ता मनस्विनी ॥ नामंत्रिता यदा यज्ञे सती पित्रा सभर्त्तृका ॥ २ ॥ अपमानात्तु दक्षस्य यज्ञे सा तनुमत्यजत् ॥ हिमाचलसुता भूत्वा शंकरं पुनरभ्यगात् ॥३॥ श्रुत्वा सत्यास्तनुत्यागं शिवः

अब झारोले ब्राह्मण और बनिये जो हैं उनकी उत्पत्ति कहते हैं । सूत कहते हैं हे शौनक! दक्ष प्रजापतिकी कन्या परम पतिव्रता सती नाम करके जो थी वह कन्या दक्षने शिवकूं दी ॥१॥ पीछे कई एक दिन गये बाद दक्षने अपने घरमें यज्ञ किया उस यज्ञमें द्वेषके लिये शिवकूं और सतीकूं नहीं बुलाया ॥२॥ तब सती बिन बुलाये अपने बापके घरकूं गई वहां अपमान होनेसे सतीने देहत्याग करके हिमाचलके घरमें जन्म लिया ॥ ३ ॥ तब शिव सतीका देहत्याग भया सुनके बडे क्रोधसे वीर-

कोपसमन्वितः ॥ वीरभद्रादिस्वगणैः सहितो यज्ञमाययौ ॥ ४ ॥ कृत्वा युद्धं महा घोरं चिच्छेद स भृशं शिरः ॥ दक्षस्याथैव च शिरः सञ्जुहाव यथा हविः ॥ ५ ॥ ततो मृगवपुः कृत्वा तत्रासाग्निस्ततो हरः ॥ पृष्ठतो धनुरादाय निर्जगाम पिनाकधृक् ॥ ६ ॥ मुमोच स भृशं देवस्तमुद्दिश्य शरं रुषा ॥ स तेन विद्धो बाणेन पञ्चत्वमगमत्क्रतुः ॥ ७ ॥ यतः पुरा वरो दत्तस्तस्य वै परमेष्ठिना ॥ देवानां वंदनं ज्ञात्वा सोऽभवच्चाजरामरः ॥ ८ ॥ शरेण पृष्ठलग्नेन तदाकाशमुपाद्रवत ॥ अद्यापि दृश्यते तस्मिन् मृगो हरशरः पुरः ॥ ९ ॥ एवं विध्वंसिते यज्ञे ब्रह्माद्याः सुरसत्तमाः ॥ स्तुतिं चक्रुस्तदा शंभुः शांतो भूत्वा वरान् ददौ ॥ १० ॥ ततः सतीवियोगेन परित्यज्य स्वकान् गणान् ॥ एकाकी नर्मदातीरे तपस्तप्तुं व्यवस्थितः ॥ ११ ॥ ततः कतिपये काले ह्यर्णनाशानदी तटे ॥ कृत्वा कापालिकं रूपं ऋषीणामाश्रमान् बहून् ॥ १२ ॥ कृत्वा डमरुनिर्घोषं बभ्राम मोहयन् स्त्रियः एवं प्रभातसमये विभुर्दारुवनं गतः ॥ १३ ॥ तावद्विप्रजनाःसर्वे पुष्पा-

भद्रादिक गणोंकूं साथ लेके दक्षके यज्ञमें आये ॥ ४ ॥ वहां बडा युद्ध करके दक्षप्रजापतिका मस्तक अग्निमें होमा ॥ ५ ॥ तब अग्नि भयभीत होयके मृगका रूप धारण करके दौडने लगा शिव भी हाथमें धनुषकूं लेके पीछे दौडके ॥ ६ ॥ बांण मारा परन्तु अग्निकूं बाण लगतेही केवल यज्ञने मृत्यु पाया ॥७॥ कारण कि अग्निकूं ब्राह्मणोंने वरदान दिया है उससे अग्नि अजरामर है ॥ ८ ॥ अग्नि बाणसहित जब आकाशमें गया सो अद्यापि नक्षत्रमण्डलमें बाण सहित मृग दीखपडताहै ॥९॥ऐसा दक्षप्रजापतिका यज्ञ जब भगवान शिवने भंग किया तब ब्रह्मादिक देवता स्तुतिकरनेलगे शिवने प्रसन्न होयके सबोंकूं वरदान दिया ॥१०॥ पीछे शिवजी सतीके वियोग दुखसे अपने गणोंका त्याग करके नर्मदानदीके तट ऊपर तप करने बैठे ॥ ११ ॥ तप करते करते बहुत दिन गये बाद अर्णनाशानदीके तट ऊपर अनेक ऋषियोंके जो आश्रम हैं वहां शिव कनफट्टेका रूप लेके ॥१२॥ डमरूका शब्द करते २ फिरनेलगे सो स्त्रियोंकूं मोहित करते हुए प्रातःकाल दारुवनमें आये ॥ १३ ॥ इतनेमें वहांके जो

द्यर्थं वनं गताः ॥ गतेषु तेषु तत्पत्न्यो ददृशुस्तापसं हरम् ॥ १४ ॥ अतीव सुंदरं रूपं दृष्ट्वा कामेन मोहिताः ॥ शिवेन सह संमिलय गता सर्वा वनांतरम् ॥ १५ ॥ अत्रांतरे तु मुनयः परिगृह्य समित्कुशान् ॥ मध्याह्ने स्वाश्रमं जग्मुः शून्यं दृष्ट्वा गतांगनम् ॥ १६ ॥ विचारयंतः किमिति तदा चैका पतिव्रता ॥ उवाच पूर्ववृत्तांतं वधूगमनकारणम् ॥ १७ ॥ ततः समाधियोगेन ज्ञातं तस्य विचेष्टितम् ॥ महाक्रोधेन तं शेपुर्न जानन्तो महेश्वरम् ॥ १८ ॥ यदि जप्तं हुतं किंचिद्गुरवस्तोषिता हि नः ॥ तेन सत्येन चैतस्य लिंगं पततु भूतले ॥ १९ ॥ एवं सद्यः प्रभावेण त्रिरुक्तेन द्विजन्मनाम् ॥ देवस्योमापतेर्लिंगं पपात धरणीतले ॥ २० ॥ देवस्य लिंगे पतिते ह्युत्पाता बहवोऽभवन् ॥ अकाले प्रलयं मत्वादेवा ब्रह्मादयो हरम् ॥ २१ ॥ स्तुत्वा विज्ञापयांचक्रुः कृतप्रांजलयो द्विजाः ॥ सन्धारय पुनर्लिंगं स्वकीयं सुरसत्तम ॥ २२ ॥ नो चेज्जगत्त्रय देव नूनं

ऋषि थे वे सब पुष्प समिधा लेनेकूं वनमें गये थे। ऋषियोंके गये बाद उनकी स्त्रीयें अति सुन्दर रूपवान् शिवकूं देखके काममोहित होके शिवके साथ दूसरे वनमें चली गई ॥१४॥१५॥ स्त्रियोंके गये बाद मध्याह्नके समयमें सब ऋषि समिधा,कुश,पुष्प लेके अपने अपने आश्रममें आये तो स्त्रियां नहीं ॥ १६ ॥ तब विचार करने लगे और यह क्या भया ऐसा आश्चर्य करते एक पतिव्रता स्त्रीने सब वृत्तांत कहा॥१७॥ तब ऋषियोंने समाधि चढायके देखा तो शिवको न पहचानके कोई कनफटा जोगी अपनी स्त्रियोंकूं लेगया है ऐसा जानके बडे क्रोधसे शाप देते भये॥१८॥ हे ईश्वर ! हमने जो कभी जप किया होवेगा और यज्ञ गुरुकी सेवा कियी होवेगी तो उस सत्यके प्रतापसे उस तापस पुरुषका लिंग भूमिमें पतन हो ॥१९॥ ऐसा तीन वखत ब्राह्मणोंके कहते ही शिवजीका लिंग देहसे भिन्न होयके पृथ्वीमें पडा ॥ २० ॥ शिवका लिंग पतन होते अनेक उत्पात होनेलगे। सृष्टिका प्रलय होनेसरीखा देखके ब्रह्मादिक देवता ॥२१॥ हाथ जोडके शिवकी प्रार्थना करनेलगे । हे शिव ! तुम अपना लिंग पतन हुआ है सो पुनः धारण करो ॥ २२ ॥ न किये तो तीनों लको नाश पावेंगे।

नाशमुपैष्यति॥इतिदेववचःश्रुत्वा स्वयं प्रोवाच शंकरः ॥२३॥ एष क्रोधो मया त्यक्तो युष्माकं वचनात्सुराः। मे सती नाशमापन्ना तद्वियोगेन दुःखितः ॥ २४ ॥ तेन त्यक्तं मया लिंगं शापव्याजाद्द्विजन्मनाम् ॥ दक्षयज्ञो भवद्भिश्च सतीदुःखादिकं कृतम् ॥२५॥ अतः प्रभृति लिंगं तु यदि देवा द्विजाश्च मे ॥ पूजयंति प्रयत्नेन तदिदं धारयाम्यहम् ॥ २६ ॥ लिंगं विहाय मे मूर्तिं पूजयिष्यंति ये नराः ॥ वंशच्छेदो भवेत्तेषां तच्छ्रुत्वा सर्वदेवताः ॥ २७ ॥ आनर्चुः शांभवं लिंगं सिद्धनाथाख्यमादरात् ॥ एतद्वः कथितं सर्वं लिंगपातसमुद्भवम् ॥ २८ ॥ सर्वाण्यंगानि संत्यज्य तस्माल्लिंगं प्रपूज्यते॥अथ नत्वा शिवं प्रोचुर्ब्रह्मविष्ण्वादयः सुराः ॥ २९ ॥ या पुरा दक्षदुहिता ह्युत्पन्ना सा हिमाचले ॥ नत्वा सर्वे वयं तत्र प्रार्थयामो हिमाचलम् ॥ ३० ॥ त्वं देव गच्छ कैलासमित्युक्तः शंकरोऽब्रवीत्॥ नाहं द्रष्टुमिहेच्छामि प्रियाशून्यं नगोत्तमम् ॥ ३१ ॥ तया व्रजेयं कैलासं नो चेदेतद्गृहं मम ॥ ॥ सूत उवाच ॥ ॥

देवोंका वचन सुनते शिव कहनेलगे ॥ २३ ॥ हे देवो ! तुम्हारे वचनसे यह क्रोध मैंने त्याग किया परंतु मैं स्त्रीके वियोग होनेसे दुःखी भयाहूं ॥ २४ ॥ उसके लिये शापके निमित्तसे लिंग त्याग कियाहूं और दक्षप्रजापतिके यज्ञमें तुमने मेरा भाग लोपकिया । सतीका देह त्याग करवाया ॥ २५ ॥ इसवास्ते आजसे जो सब देव ऋषि ब्राह्मण मेरे लिंगको छोडके केवल मूर्त्तिकी पूजा करेंगे तो उनका वंशच्छेद होवेगा यह बात सुनते सब देवता ॥ २६ ॥ २७ ॥ उसी बखत सिद्धनाथ नामक शिवलिंगकी पूजा करते भये. ऐसी लिंग पातकी कथा कही इसवास्ते सब अंग त्याग करके शिवका लिंग पूजा जाता है इस उपरांत शिवकूं नमस्कार करके ब्रह्मादिक देवता कहते हैं ॥ २८ ॥ २९॥ हे शिव! आपकी सती नाम करके जो स्त्री थी सो पुनः हिमालयके घरकूं प्रगट भई है इसवास्ते हम सब हिमालयके यहां जायके प्रार्थना करेंगे ॥ ३० ॥ आप कैलास ऊपर गमन करो । शिव कहनेलगे हे देवताओ ! स्त्रीरहित मैं कैलासकूं जाता नहीं ॥ ३१ ॥ उसकूं साथ लेके कैलासकूं जाऊंगा नहीं तो यहांही मेरा

तच्छ्रुत्वा विबुधाःसर्वे समानीय हिमाचलम् ॥ ३२ ॥ कन्यया भार्यया साकमर्णनाशातटे शुभे ॥ विवाहं कारयामासुगौरीशंकरयोः शुभम् ॥३३॥ गृह्यमाणे करे तस्याः शंकरेण महात्मना ॥ गौर्याकृतिं समालोक्य ब्रह्मा मोहमुपागतः ॥ ॥ ३४ ॥ अनयाच्छादितं वक्रमुत्तरीयेण लज्जया ॥ पश्याम्यस्याः कथं रूपं मुखं तु परिवेष्टितम् ॥ ३५ ॥ एवं संचिंतयन् वेधाः साभिलाषोऽवलोकने ॥ कमुपायं करिष्यामि मुखं द्रष्टु मनोरमम् ॥ ३६ ॥ यदा वेदीं प्रणेष्यामि दंपती वह्निसन्निधौ ॥ वक्रं विलोकयिष्येऽस्यास्तदेत्यग्निमथानयत् ॥३७॥ वालुकां कोमलार्थं च वेदिकायां तथानयत् ॥ दंपती ह्युपवेश्याथ तेजनीयकटे विधिः ॥ ३८ ॥ कामतस्तु कृतो धूमश्चतुर्दिक्षु तदाभवत् ॥ तदोच्छ्रिते बृहद्धूमे दंपती व्याकुलेक्षणौ ॥ ३९ ॥ तदा निमीलिते नेत्रे धूमेन सह शंभुना ॥ एकतो वस्त्रमाकृष्य मुखं दृष्टं विरिंचिना ॥४०॥ पूर्णेन्दुवदनं दृष्ट्वा वीर्यच्युतिरजायत ॥ तद्रेतश्छादयामास सिकताभिःपुनः

घरहैं । सूत कहते हैं शिवका वचन सुनते सब देवता पार्वती सहवर्तमान हिमालयके ॥३२॥अर्णनाशानदीके तट ऊपर लायके वहां ब्रह्माने शिवपार्वतीका विवाह करवाया ॥३३॥ शिवने जिस बखत पार्वतीका पाणिग्रहण किया उस बखत ब्रह्मा पार्वतीकी आकृति देखके मोहित होयके ॥३४॥ अंतःकरणमें विचार करनेलगे कि इसका मुख कैसे दीखेगा । इसने लज्जासे वस्त्रसे मुख आच्छादित कियाहै ॥३५॥ मुख देखनेके वास्ते कौनसा उपाय करना ॥३६॥ एक है कि जिस बखत होमशालामें स्त्री पुरुष आवेंगे उस बखत मुख देखूंगा ऐसा निश्चय करके ब्रह्माने अग्नि मंगवाया ॥३७॥ और कोमलताके वास्ते विवाह वेदीके ऊपर रेती बिछायके स्त्रीपुरुषोंको बिठायके ॥ ३८ ॥ मुख देखनेके वास्ते बुद्धिपूर्वक ब्रह्माने अग्नि प्रगट करके धूम्र किया, सो धूम्र सारे मंडपमें भरगया शिवपार्वतीके नेत्र व्याकुल भये ॥३९॥ तब शिवने धूम्रके लिये नेत्र मीचलिये इतनेमें ब्रह्माने एक तरफसे पार्वतीका वस्त्र खैंचके मुख देखलिया ॥ ४ ॥ सो पूर्णचंद्रसरीखा मुख देखते ब्रह्माका वीर्यपात भया । तब ब्रह्मा अपने

पुनः ॥ ४१ ॥ विलोक्याच्छादितं रेत एकनेत्रेण शंकरः ॥ प्रहस्योवाच भगवन्निदं किं कमलासन ॥ ४२ ॥ एवमुक्तस्तदा ब्रह्मा लज्जया शिवमब्रवीत् ॥ अनिच्छया वक्त्रमस्या दृष्टं दैवान्मया प्रभो ॥४३॥ स्खलनं तेन मे जातमिति सत्यं वचो मम ॥ ॥ शंकर उवाच ॥ ॥ यस्मात्सत्यं त्वया प्रोक्तं ममाग्रेऽपि पितामह ॥४४॥ तेन सत्येन तुष्टोऽहं करिष्यामि यथेप्सितम् ॥ यावंत्यः सिकता रेतसाप्लुताश्चतुराननन ॥ ॥४५॥ तावंत एव मुनयो भवंतु तव तेजसा ॥ गौरीकरग्रहे जाते ब्रह्मवीर्यादयोनिजाः ॥ ४६ ॥ बालखिल्येतिनाम्ना ते विख्याता भुवनत्रये ॥ अंगुष्ठपर्वमात्राश्च शापानुग्रहकारकाः ॥ ॥ ४७ ॥ ॥ सूत उवाच ॥ ॥ अष्टाशीति सहस्राण्यष्टाविंशतिशताधिकाः ८८१२८ ॥ वेदार्थशास्त्रतत्त्वज्ञा बभूवुस्ते महर्षयः ॥ ४८ ॥ ततः कर्मसमाप्तिं च चकार चतुराननः ॥ तदा कर्मसमृद्ध्यर्थं शिवो वचनमब्रवीत् ॥ ४९ ॥ याचस्व दक्षिणां ब्रह्मन्यथा ते मनसो रुचिः ॥ ॥ ब्रह्मो-

वीर्यकूं बारंबार रेतीसे छुपानेलगे ॥४१॥ तब शिव एक नेत्रसे ब्रह्माका सब वृत्तांत देखके हास्य करके कहने लगे कि ये क्या ? ॥ ४२ ॥ तब ब्रह्मा लज्जित होयके शिवकूं कहनेलगे कि हे भगवन् ! इच्छा विना दैवयोगसे पार्वतीका मुख जो देखा ॥४३॥ उसके लिये वीर्यपात भया है यह सत्य बात है । शिव कहनेलगे हे ब्रह्मन् ! तुमने मेरे सम्मुख सत्यवचन कहा ॥४४॥ उस सत्यतासे मैं प्रसन्न भया हूं इसवास्ते तुम्हारा इच्छित करता हूं हे ब्रह्मन् ! तुम्हारे वीर्यसे रेतीके कण जितने भीगे हैं उतने ऋषि तुम्हारे तेजसे प्रकट हों, पार्वतीके विवाहमें ब्रह्मदेवके वीर्यसे अयोनिसंभव बालखिल्य नामसे तीन लोकोंमें विख्यात हों अंगूठेके पर्वमात्र जिनकी कायाहै शापानुग्रह करनेकूं समर्थ हों ॥४५–४७॥ सूत कहनेलगे हे शौनक ! ऐसे शिवकी कृपासे और ब्रह्माके वीर्य प्रतापसे ८८१२८ अठचासी हजार एक सौ अट्ठाईस वेद शास्त्रकूं जाननेवाले तत्त्वज्ञानी बडे ऋषि होते भये ॥४८॥ पीछे ब्रह्माने विवाहका जो बाकी कर्म रहाथा सो समाप्त किया तब कर्मकी फलप्राप्ति होनेके वास्ते शिवजी ब्रह्माको कहते भये ॥४९॥ हे ब्रह्मन् ! तुम इच्छित आचार्यदक्षिणा मांगो । ब्रह्मा बोलें–हे महाराज ! यहां जो बालखिल्य ऋषि उत्पन्न भये हैं ॥५०॥

वाच ॥ अथ येऽत्र समुद्भूता बालखिल्या महर्षयः ॥ ५० ॥ ज्ञानं च तपसा युक्तं तेषामस्तु युगे युगे ॥ मान्याश्च त्रिषु लोकेषु वेदशास्त्रविशारदाः ॥ ५१ ॥ कलावपि न हीयंते धर्मतो विधितः क्वचित् ॥ ममेयं दक्षिणा भव्या यदि दातुं त्वमर्हसि ॥ ५२ ॥ ॥ शिव उवाच ॥ ॥ अष्टाविंशसहस्राणि शतमेकेमतः परम् ॥ अष्टाविंशातिरेवात्र बालखिल्या मुनीश्वराः ॥५३॥ वालुकाभ्यः समुत्पन्ना बालखिल्या अयोनिजाः ॥ अस्मिन्ममाश्रमे रम्ये ह्यर्णनाशानदीतटे ॥ ५४ ॥ आश्रमं कृतवंतस्ते त्वद्वीर्यच्युतिसंभवाः ॥ ब्रह्मन् दत्ता मया ह्येषा दक्षिणा या त्वयोदिता ॥ ५५ ॥ कलौ युगे समायाते चतुर्थे युगपर्यये ॥ मर्यादां न विमुक्षीरन्सर्वे परहिते रताः ॥ ॥ ५६ ॥ बालखिल्यद्विजानां च भेदं कुर्वंति ये जनाः ॥ भविष्यत्यचिरात्तेषां सर्ववंशपरिक्षयः ॥ ५७ ॥ इदं त्वनामयं स्थानं बालखिल्यसमुद्भवम् ॥ पंचक्रोशं द्विजश्रेष्ठ तीर्थं ब्रह्म पुरःसरम् ॥ ५८ ॥ ॥ सूत उवाच ॥ एवमुक्त्वा वचो विप्रा ब्रह्माणं शशिशेखरः ॥ गौरीमादाय संहृष्टः कैलासं प्रति जग्मिवान् ॥ ५९ ॥ अथ ब्रह्मा स्वयं तत्र बालखिल्याश्रमे

ऊपर वस्त्रालंकार कहांसे प्राप्त भये ॥ ७७ ॥ निश्चय करके तुमने कुछ पाप किया है। उनके लिये आकाशगति हमारी भ्रष्ट हुई । तब इन स्त्रियोंने वृत्तांत कहा ॥ ७८ ॥ सो सुनते राजप्रतिग्रह बडा निंद्य जानके राजा का और राज्यका नाश करनेके वास्ते ऋषियोंने हाथोंमें जल लिया ॥ ७९ ॥ और कहनेलगे इस पापी राजाने हमारी स्त्रियोंको लोभित करके आकाशगमन नाश किया ॥ ८० ॥ ऐसे वे ऋषि जबतक राजाको शापदेनेको उद्यत भये उतनेमें उनकी स्त्रियां क्रोधायमान होके कहनेलगीं ॥८१॥ हे ब्राह्मणो ! तुमने राजाको शाप नहीं देना । शंका छोडके पहिले हमारा वचन सुनो ॥ ८२ ॥ हम सब राजपत्नीसी शोभायमान हुई दिव्य वस्त्रालंकार श्रद्धाकरके दिये हैं ॥८३॥ तुम्हारे घरमें रहके दरिद्रतासे कभी भी मनुष्य देहका सुख भोग नहीं किया और देह कृशित भया ॥ ८४ ॥ इसवास्ते राजा के पाससे भूमी और इच्छित पदार्थ लेके फिर देखो पुत्रपौत्रादिकका सुख कैसा होता है ॥८५॥ और जो कभी हमारा वचन नहीं करनेके तो हम सब अपना प्राणत्याग

दीरितम् ॥ सर्वाः प्राणपरित्यागं करिष्यामो न संशयः ॥ ॥ ८६ ॥ यूयं स्त्रीवधपापेन नरकं वै गमिष्यथ ॥ एवं ते मुनयः श्रुत्वा तासां वाक्यानि तानि वै ॥ ८७ ॥ भूपृष्ठे तत्य-जुस्तोयं शापार्थं यत्करैर्धृतम्॥ततस्तत्तोयनिर्दग्धस्तद्विभागः क्षितेस्तदा ॥ ८८ ॥ ऊषरत्वमनुप्राप्तो ह्यद्यापि द्विजसत्तमाः ॥ ततस्ते ब्राह्मणाः सर्वे गतकोपा दधुर्मतिम् ॥ ८९ ॥ यज्ञक-र्मसु गार्हस्थ्ये पुत्रपौत्रसमुद्भवे ॥ एतस्मिन्नंतरे राजा श्रुत्वा शांतिं द्विजन्मनाम् ॥ ९० ॥ तत्रागत्य द्विजान्सर्वान्साष्टांगं प्रणनाम ह ॥ युष्मदीयप्रसादेन संप्राप्तं जन्मनः फलम् ॥ ॥ ९१ ॥ मया रोगविनाशेन तस्माद्ब्रूत करोमि किम् ॥ अष्टषष्टिब्राह्मणा ऊचुः ॥ ॥ भार्यया तव राजेंद्र वयं सर्वे-प्रवासिनः ॥ ९२ ॥ नीताः कृतार्थतां दत्त्वा रत्नानि विविधानि च ॥ ९३ ॥ अवश्यं यदि ते श्रद्धा विद्यते दान-संभवा ॥ क्षेत्रे वापि महापुण्ये कृत्वा देहि पुरोत्तमम् ॥९४॥ वसाम ससुखं यत्र पुत्रदारसमन्विताः॥आकर्ण्य राजा निरमा-त्पुरं शक्रपुरोपमम् ॥ ९५ ॥ आयामव्यासतश्चैव क्रोशमात्रं

करेंगी ॥ ८६ ॥ तुम स्त्रीवध पापसे नरकमें जावोगे ऐसा स्त्रियोंका वचन सुनते ॥ ८७ ॥ शाप देनेके वास्ते जो हाथमें जल लियाथा सो भूमि ऊपर डाल दिया तब वह जगह दग्धहुई ऊखरताको प्राप्तभई ॥८८॥ सो अद्यापि देखपडती है फिर सब ब्राह्मण कोप छोडके यज्ञयाग गृहस्थाश्रम करनेकी इच्छा करनेलगे ॥ ८९ ॥ इतनेमें चमत्कार राजाने सुना कि ब्राह्मणोंने क्रोध त्याग कियाहै ॥ ९० ॥ तब वहां आयके सब ब्राह्मणोंको नमस्कार करके कहने लगा कि आज जन्मका फल प्राप्तभया ॥ ९१ ॥ इसवास्ते क्या आज्ञाहै सो कहो तब अडसठ ब्राह्मण कहनेलगे हे राजा ! तेरी स्त्रीके लिये हम सब यहांके रहनेवाले भये ॥ ९२ ॥ और रत्नालंकार वस्त्रादिक देके कृतार्थ किये ॥९३॥ इसवास्ते आगे दानकरनेकी तेरी श्रद्धा होवे तो इस क्षेत्रमें एक नगर बनायके दे ॥ ९४ ॥ जिसमें हम सुखसे निवास करेंगे राजा चमत्कारने वो वचन सुनके इन्द्रलोकके तुल्य एक नगर बनाया॥९५॥जिसकी लंबान और चौडान कोशभरकी है चारों तरफसे कोट बंधा है

महत्तमम् ॥ त्रिकचत्वरसंयुक्तं प्रासादपरिखान्वितम् ॥ ९६ ॥ कल्पयित्वा ततस्तत्र अष्टषष्टिगृहाणि च ॥ सुवर्णमणिमुक्तादिपदार्थैरपरैरपि ॥ ९७ ॥ पूरयित्वा नृपश्रेष्ठो ध्वजतोरणमंडितम् ॥ ब्राह्मणेभ्यः कुलीनेभ्यो गृहस्थेभ्यो विशेषतः ॥ ॥ ९८ ॥ श्रोत्रियेभ्यश्च दांतेभ्यः स तु श्रद्धासमन्वितः ॥ शास्त्रोक्तेन प्रकारेण प्रददौ नगरं शुभम् ॥ ९९ ॥ शंखतीर्थे स्थितो राजा समाहूय ततःसुतान् ॥ पुत्रान् पौत्रांस्तथाभृत्यान् वाक्यमेतदुवाच ह ॥१००॥ एतत्पुरं मया कृत्वा ब्राह्मणेभ्यो निवेदितम् ॥ भवद्भिर्मम वाक्येन रक्षणीयं प्रयत्नतः ॥१॥ यः पुनर्द्वेषसंयुक्तः संतापं च नयिष्यति ॥ वंशच्छेद समासाद्य गमिष्यति यमालयम् ॥ २ ॥ एवं स भूपतिः सर्वांस्तानुक्त्वा तपसि स्थितः ॥ गते पंचशते वर्षे तुष्टः शंभुरुवाच तम् ॥ ॥ ३ ॥ अचलोऽहं भविष्यामि स्थाने तव महामते ॥ अचलेश्वर इत्येवं नाम्ना ख्यातो जगत्त्रये ॥ ४ ॥ एवं स भगवांस्तत्र सर्वदैव व्यवस्थितः ॥ अचलेश्वररूपेण चमत्कारपुरांतिके ॥ ५ ॥ तत्र कृष्णचतुर्दश्यां चैत्रमासे सदैव हि ॥ चमत्कार-

बाहरसे पानीकी खंदक है. अंदर तीन रस्ते और चार रस्ते इकट्ठे होते होवें ऐसा त्रिकचत्वर है॥९६॥ उसमें अडसठ घर बनाये उसमें सुवर्ण रत्न वस्त्र खान पान पदार्थ भरके ध्वज तोरणादिकसे शोभायमान करके गृहस्थ कुलीन श्रोत्रिय जितेंद्रिय ब्राह्मणोंकूं श्रद्धासे शास्त्रविधिसे राजाने चमत्कारपुरका दान दिया ॥ ९७-९९ ॥ पीछे राजा शंख तीर्थके ऊपर बैठके अपने पुत्रपौत्रोंको बुलायके वचन कहनेलगा ॥ १०० ॥ कि यह चमत्कारपुर मैंने इस ब्राह्मणोंकूं दान दिया है. वास्ते मेरे वचनसे इनका तुमने वंशरक्षण करना ॥ १ ॥ और जो कभी ब्राह्मणोंको संताप देवेगा उसका वंशच्छेद होवेगा और यमलोकमें जावेगा ॥ २ ॥ ऐसा कहके राजा तप करनेको बैठा ! उसको पांच सौ वर्ष जब हुवे तब शिव प्रसन्न होयके कहनेलगे ॥ ३ ॥ हे राजा ! यह तेरी तपश्चर्याकी जगहमें अचलेश्वरनामसे मैं स्थिति करताहूं ऐसा कहके वहां रहे ॥ ४ ॥ वह चमत्कारपुरके पास ही है ॥ ५ ॥ चैत्रकृष्ण चतुर्दशीके दिन उस पुरकी जो कोई प्रदक्षिणा

पुरस्यैवं यः कुर्याच्च प्रदक्षिणाम् ॥ ६ ॥ जातिस्मरत्वमाप्नोति सर्वपापविवर्जितः ॥ ऋषयः ऊचुः ॥ ॥ चमत्कारपुरोत्पत्तिः श्रुता त्वत्तो महामते ॥ ७ ॥ तत्क्षेत्रस्य प्रमाणं यत्तदस्माकं प्रकीर्त्तय ॥ यानि तत्र च पुण्यानि तीर्थान्यायतनानि च ॥ ८ ॥ ॥ सूत उवाच ॥ ॥ पंचक्रोशप्रमाणेन क्षेत्रं ब्राह्मणसत्तमाः ॥ प्राच्यां तस्यां गयाशीर्षं पश्चिमेन हरेः पदम् ॥ ९ ॥ दक्षिणोत्तरयोश्चैव गोकर्णेश्वरसंज्ञितम् ॥ हाटकेश्वरसंज्ञं तु पूर्वमासीदद्विजोत्तमाः ॥ ११० ॥ तत्क्षेत्रं प्रथितं लोके सर्वपातकनाशनम् ॥ यतः प्रभृति विप्रेभ्यो दत्तं तेन महात्मना ॥ ११ ॥ चमत्कारेण तत्स्थानं नाम्ना ख्यातिं ततो गतम् ॥ यदा राज्ञा पुरं दत्तं भार्या चिंतयता सदा ॥ १२ ॥ अथ ताः प्रोचुरन्योन्यं तापस्यस्तत्पुरस्थितम् ॥ तस्य भूपस्य सन्तोषं जनयंत्यो द्विजोत्तमाः ॥ १३ ॥ यदास्माकं गृहे वृद्धिः कदाचित्संभविष्यति ॥ तदग्रतश्च पश्चाच्च दमयंत्याः प्रपूजनम् ॥ १४ ॥ करिष्यामो न संदेहः सर्वकृत्येषु सर्वदा ॥ एनां दृष्ट्वा कुमारी या वेदीमध्ये गमिष्यति ॥१५॥ सा भवि-

करेगा वह सर्वपापोंसे मुक्त होके भूत भावी जन्मका ज्ञानवान् होवेगा ॥ ६ ॥ शौनक प्रश्न करते हैं हे मुने ! क्षेत्रका प्रमाण और वहां जो जो तीर्थ देवालय हों उनको कहो ॥ ७ ॥ ८ ॥ तब सूत कहने लगे हे ऋषीश्वरो ! उस क्षेत्रका पांच कोसका प्रमाण है। क्षेत्रके पूर्वमें गया शीर्ष है । पश्चिममें हरिपद ॥ ९ ॥ दक्षिणोत्तरमें गोकर्णेश्वर और हाटकेश्वर तो पहिले विराजते हैं ॥ ११० ॥ वह क्षेत्र जगतमें बडा पवित्र राजा चमत्कारने दान दिया ॥ ११ ॥ उस दिनसे चमत्कारपुर उसका नाम पडा। जिस वखत राजा अपनी दमयंती स्त्रीका स्मरण करता गया और पुरका दान दिया ॥ १२ ॥ तब सब ऋषिस्त्रियां राजाको सन्तोष करनेके वास्ते परस्पर कहने लगीं कि ॥ १३ ॥ हे स्त्रियो ! जिस वखत अपने घरोंमें वृद्धि विवाहादिक कार्य आवेगा तब कार्यके आरंभ और कार्य समाप्तिमें दमयंतीका पूजन करेंगे। इसमें सन्देह नहीं है ॥ १४ ॥ और विवाहकी वखत जो कन्या पहिले दमयंतीके दर्शन करके पीछे वेदीमें जावेगी ॥ १५ ॥ तो वो अपने पतिकूं प्राण-

ष्यत्यसन्देहात्पत्युः प्राणसमा सदा ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेन कन्यायज्ञ उपस्थिते ॥ १६ ॥ दमयंती प्रहृष्टया पूजनीया विशेषतः ॥ सूत उवाच ॥ ॥ एवं तत्रपुरे तेन भूभुजा सुमहात्मना ॥ १७ ॥ अष्टषष्टिं च संस्थाप्य गोत्राणां निर्वृतिः कृता ॥ तेषामपि च चत्वारि गोत्राण्युरगजाद्भयात् ॥ १८ ॥ गतानि तत्र यत्र स्युस्तानि पूर्वोद्भवानि च ॥ चतुःषष्टिः स्थितास्तत्र पुरे शेषद्विजन्मनाम् ॥ १९ ॥ ऋषय ऊचुः ॥ कीदृङ्नागभयं तेषां येन तेऽपि गता विभो ॥ परित्यज्य निजस्थानमेतन्नो विस्तराद्वद ॥ १२० ॥ सूत उवाच ॥ आनर्ताधिपतिः पूर्वमासीन्नाम्ना प्रभंजनः ॥ ततस्तस्य सुतो जज्ञे प्राप्ते वयसि पश्चिमे ॥ २१ ॥ दैवज्ञात् स समाहूय कीदृक् पुत्रो भविष्यति ॥ इति पृष्टे तदा प्रोचुरयं सर्वविनाशकः ॥ २२ ॥ गंडांतेषु समुद्भूतस्तस्य शांतिर्विधीयताम् ॥ ततः स सत्वरं गत्वा चमत्कारपुरं नृपः ॥ २३ ॥ तत्र विप्रान् समावेश्य वृत्तांतो विनिवेदितः ततस्ते ब्राह्मणाः प्रोचुः

समान होवेगी । तस्मात् सब प्रयत्नसे विवाहमें ॥ १६ ॥ दमयंतीका दर्शन और पूजा अवश्य करना । उस दिनसे नागर ब्राह्मण बानियोंमें दमयंतीका पूजन होता है । सूत कहने लगे उस राजाने चमत्कारपुरमें ॥ १७ ॥ अडसठ गोत्र स्थापन किये उनमेंसे चार गोत्रोंके ब्राह्मण उनके पास जायके रहे । यह आठ नागर ब्राह्मणोंमें जो अष्टकुली ऊंच ब्राह्मण भये और चौंसठ ब्राह्मण उस नगरमें रहे ॥ ॥ १८ ॥ १९ ॥ तब ऋषि कहने लगे उनको नागभय कैसा भया सो विस्तारसे कहो और चमत्कार पुर ऐसा नाम कैसे भया ।जिस नगरके प्रतापसे नागर ऐसी संज्ञा ब्राह्मणोंकी भई ॥ १२० ॥ सूत कहने लगे आनर्त देशका एक प्रभंजन नामका राजा था उसको वृद्ध अवस्थामें पुत्र भया ॥ २१ ॥ तब ज्योतिःशास्त्रज्ञ ब्राह्मणोंको बुलायके पूछा कि यह पुत्र कैसा होवेगा तब ब्राह्मणोंने कहा कि सर्वका नाश करनेवाला होवेगा ॥ २२ ॥ गंडांत योगमें पैदा भया है उसकी शांति करो । तब राजाने जल्दीसे चमत्कारपुरमें आयके ॥ २३ ॥ ब्राह्मण सभामें लायके वृत्तांत कहा । तब ब्राह्मणोंने आपसमें विचार करके कहा कि ॥ २४ ॥

संमंत्र्याथ परस्परम् ॥ २४ ॥ हे राजन् प्रतिमासं वै करिष्यामोऽत्र शांतिकम् ॥ षोडशैवं वयं सर्वे तव पुत्रस्य वृद्धये ॥ २५ ॥ उपहाराः सदा प्रेष्यास्त्वया भक्त्या महीपते ॥ तथेत्युक्त्वा गतवति नृपे सर्वे द्विजातयः ॥ २६ ॥ शांतिकं विधिवच्चक्रुश्चातुश्चारणसंज्ञकाः ॥ दिनेदिने तदा तस्मिन् महाव्याधिरजायत ॥ २७ ॥ तत्पुत्रस्य विशेषेण तथैवाभिजनस्य च ॥ तदा ते ब्राह्मणाः क्रुद्धा ग्रहान्शप्तुं समुद्यताः ॥ २८ ॥ तावद्वह्निरुवाचेदं दृश्यो भूत्वा द्विजोत्तमान् ॥ न चात्र दोषः खेटानां यूयं ये षोडश द्विजाः ॥ २९ ॥ तेषां मध्ये स्थितश्चैकस्त्रिजातो ब्राह्मणाधमः ॥ तद्दोषेण न गृह्णंति हुतं द्रव्यं ग्रहा इमे ॥ १३० ॥ तं त्यक्त्वा यदि कुर्वीत तदा शांतिर्भविष्यति ॥ त्रिजातस्य परीक्षार्थं शृण्वंतु द्विजसत्तमाः ॥ ३१ ॥ अत्र स्वेदजले विप्राः स्थिता ये षोडश द्विजाः ॥ ते स्नानं चाद्य कुर्वंतु प्रविशुद्ध्यर्थमात्मनः ॥ ३२ ॥ एतेषां मध्यगोयश्च त्रिजातः संभविष्यति ॥ तस्य विस्फोटकैर्युक्तं स्नानस्यांगं भविष्यति ॥ ३३ ॥ ततस्ते ब्राह्मणाः सर्वे क्रमात्तत्र

हे राजन्! हम सोलह ब्राह्मण दर महीने तेरे पुत्रकी वृद्धिके वास्ते शांति करेंगे ॥ २५ ॥ शांतिका साहित्य भेजना राजाने तथास्तु कहके घर जायके सामान भेज दिया ॥ २६ ॥ ब्राह्मण विधिसे शांतिकर्म करनेलगे परंतु पुत्रको और महलमें सब लोगोंको दिनदिन व्याधि बढता गया तब ब्राह्मण ग्रहोंको शाप देनेको तैयार भये ॥ २७–२८ ॥ इतनेमें अग्निने प्रत्यक्ष रूप धारण करके कहा कि यहां ग्रहोंका दोष नहीं है तुम सोलह ब्राह्मणोंमें ॥ २९ ॥ एक त्रिजात नामक ब्राह्मण जो है वह बडा नीच है उसके दोषसे होमकी आहुति ग्रह लेते नहीं हैं ॥ १३० ॥ इसवास्ते उस ब्राह्मणको छोडके कर्म करोगे तो शांति होवेगी त्रिजात ब्राह्मण नीच कैसे हैं उसकी परीक्षा सुनो ॥ ३१ ॥ इस जलके बीचमें तुम सोलह ब्राह्मण स्नान करो अपनी शुद्धिके वास्ते ॥ ३२ ॥ पीछे इसमें जो त्रिजात होवेगा उसके अंग ऊपर तत्काल विस्फोटक रोग होवेगा ॥ ३३ ॥ तब सब तो स्नान करनेसे शुद्ध होगये एक ब्राह्मणको विस्फोटक होगये तब वह ब्राह्मण लज्जायुक्त होके

निमज्जनम् ॥ चक्रुः शुद्धिं गताः सर्वे मुक्त्वैकं ब्राह्मणं तदा ॥ ॥ ३४ ॥ सोऽपि लज्जान्वितो विप्रः कृत्वाधोवदनं ततः ॥ निष्क्रांतोऽथ सभामध्यात्स्थानाद्विप्रसमुद्भवात् ॥ ३५ ॥ ततश्च शांतिकं चक्रुश्चमत्कारपुरस्थिताः ॥ ततोनीरोगतां प्राप्तः स भूपस्तत्क्षणाद्द्विजाः ॥३६॥ त्रिजातोऽपि द्विजश्रेष्ठो गत्वा किंचिद्वनांतरम् ॥ मातृदोषादहं ह्येवं वैलक्षण्यं परंगतः॥ ॥ ३७ ॥ ततो वैराग्यमापन्नो रौद्रे तपसि संस्थितः ॥ चमत्कारपुरे चैको विप्रो नहुषवंशजः ॥ ३८ ॥ क्रथोनाम ययौ गर्वान्नागतीर्थं प्रति द्विजः ॥ श्रावणस्यासिते पक्षे पञ्चम्यां पर्यटन्वने ॥ ३९ ॥ तत्रापश्यन्नागबालं लगुडेन व्यपोथयत् ॥ अथ सा जननी तस्य निष्क्रांता जलमध्यतः ॥ १४० ॥ दृष्ट्वा निपतितं बालं तं गृहीत्वा गृहं ययौ ॥ अनंतस्याग्रतः क्षिप्त्वा तं मृतं निजबालकम् ॥ ४१ ॥ प्रलापानकरोद्दीना अनंतोऽपि तथाऽकरोत् ॥ एतस्मिन्नन्तरे नागाः सर्वे तत्र समागताः ॥ ४२ ॥ तानुवाच ततः शेषः क्रोधेन महतान्वितः ॥ हाटकेश्वरजे क्षेत्रे यान्तु हे भुजगोत्तमाः ॥ ४३ ॥

मुख नीचा करके पुरके बाहर चलागया ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ पीछे पंदरह ब्राह्मणोंने शांति कियी तब प्रभंजन राजा सह कुटुम्ब रोगसे मुक्तभया ॥ ३६ ॥ अब त्रिजात ब्राह्मण वनमें जायके विचार करनेलगा कि माताके व्यभिचारके दोषसे मुझे दोष प्राप्त भया ॥ ३७ ॥ फिर बडी तपश्चर्या करने बैठा अब चमत्कारपुरका जो बडा नगर नाम हुवा है उसका कारण कहते हैं चमत्कारपुरमें एक नहुषवंशका क्रथ नाम करके ब्राह्मण था सो अहंकारसे फिरते फिरते श्रावण कृष्ण पंचमीके दिन नागतीर्थके ऊपर आया वहां नागका बालक खेल रहाथा उसको लकडीसे मारा तव उसकी माता जलमेंसे बाहर आई ॥३८॥ ३९ ॥ १४० ॥ और अपना बालक मृतक पाया उसको लेके पातालमें अपना पति जो अनंत उसके सामने रखके ॥ ४१ ॥ विलाप करनेलगी और अनंत भी विलाप करने लगे। इतनेमें सब नाग वहां आये ॥ ४२ ॥ उनको शेष क्रोधित होके कहने लगे कि पृथ्वी ऊपर

पुत्रघ्नं तं निहत्याशु सकुटुंम्बं परिग्रहम् ॥ चमत्कारपुरं सर्वं भक्षणीयं ततः परम् ॥ ४४ ॥ तत्रैव वसतिः कार्या समस्तैः पन्नगोत्तमैः ॥ तथेत्युक्त्वा च ते सर्वे चमत्कारपुरं गताः ॥ ४५ ॥ अब्राह्मणं पुरं चक्रुः स्वविषेण भुजंगमाः ॥ अथ ते ब्राह्मणाः केचित्सर्पेभ्यो भयविह्वलाः ॥ ४६ ॥ततो वन समाजग्मुस्त्रिजातो यत्र संस्थितः॥ हरलब्धवरो हृष्टः सुमहत्तपसि स्थितः ॥ ४७ ॥ स दृष्ट्वा स्थानजान्सर्वांस्तथा दुःखपरिप्लुतान् ॥ वंशक्षयं च तं दृष्ट्वा भूत्वा व्याकुललोचनः ॥ ४८ ॥ शृण्वंतु ब्राह्मणाः सर्वे वचनं मम सांप्रतम् ॥ तदा मया विनिर्गत्य तत्पुरात्तोषितो हरः ॥ ॥४९॥ ततस्तुष्टाव देवेशं सोप्याह त्वं वरं वृणु ॥ ॥ त्रिजात उवाच ॥ ॥ नागैरस्मत्पुरं कृत्स्नं कृतं जनविवर्जितम् ॥ १५० ॥ तत्तस्मात्ते क्षयं यांतु विप्राणां वसतिर्भवेत् ॥ ममापि जायतां कीर्तिः स्वस्थानोद्धरणोद्भवा ॥ ५१ ॥ ॥ श्रीशिव उवाच ॥ ॥ नो युक्तं हननं विप्र नागानां तव

हाटकेश्वर क्षेत्र है वहां जायके जिसने मेरा पुत्र मारा है उसका सकुटुम्ब नाश करके पीछे चमत्कारपुरस्थ सब लोगोंको भक्षण करके ॥ ४३ ॥ ४४ ॥ वहां रहो ऐसा वचन सुनतेही सब नाग चमत्कारपुरमें आयके अपने विषोंसे ब्राह्मणहीन सब गांव किया। तब मृत्यु पाते कुछ बाकी जो ब्राह्मण रहे वे भयभीत होयके पुरको छोडके ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ जहां त्रिजात ब्राह्मण तप करताथा वहां गये। वह उस बडे तपस्वी त्रिजात ब्राह्मण अपने गांवके सब दुःखित ब्राह्मणोंको देखके और अनेक ब्राह्मणोंके वंश क्षय होगये सो सुनके प्रेमसे रोनेलगा ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ और कहनेला कि हे ब्राह्मणो ! मेरा वचन सुनो मैं जिस दिनसे पुरमेंसे निकला उस दिनसे शिवको प्रसन्न किया हूं ॥ ४९ ॥ ऐसा कहके शिवजीकी स्तुति करनेलगा। तब शिवने प्रसन्न होयके वरंब्रूहि (वरमांग) ऐसा कहा तब त्रिजात विप्र कहनेलगा।कि हे महाराज ! हमारा पुर सब नागलोगोंने घेरलिया है वहां हमारे लोग कोई नहीं हैं ॥ १५० ॥ इसवास्ते सब नाग क्षय हो जायँ और हम सब ब्राह्मणोंका निवास होवे तो अपना स्थान उद्धार करने से मेरी कीर्ति होवेगी ॥ ५१ ॥ शिव कहते हैं ब्राह्मण तेरे निमित्तसे नागोंको मारना योग्य नहीं है

योगतः ॥ तस्मात्तेऽहं प्रवक्ष्यामि सिद्धमंत्रमनुत्तमम् ॥ ९२ ॥ यस्योच्चारणमात्रेण सर्पाणां नश्यते विषम् ॥ तन्मंत्रं तत्र गत्वा त्वं तद्विप्रैरखिलैर्वृतः ॥ ९३॥ श्रावयस्व महाभाग नगरेति च सर्वशः ॥ ते श्रुत्वा ये न यास्यंति पातालं पन्नगाधमाः ॥ ९४ ॥ युष्मद्वाक्याद्भविष्यंति निर्विषास्ते न संशयः ॥ गरं विषमिति प्रोक्तं नशब्दान्नास्ति सांप्रतम् ॥ ९५ ॥ मत्प्रसादात्त्वया ह्युदुच्चार्य ब्राह्मणोत्तम ॥ नगरं नगरं चैतच्छ्रुत्वा ये पन्नागाधमाः ॥ ९६ ॥ तत्र स्थास्यंति ते वध्या भविष्यंति यथा स्रुतः ॥ अद्यप्रभृति तत्स्थानं नगराख्यं धरातले ॥ ॥ ९७ ॥ भविष्यति सुविख्यातं तव कीर्तिविवर्द्धनम् ॥ तच्छ्रुत्वा ब्राह्मणाः सर्वे त्रिजातेन समन्विताः ॥ ९८ ॥ नगरं नगरं प्रोच्चैरुच्चरंतः समाययुः ॥ अथ ते पन्नगाः श्रुत्वा सिद्धमंत्रं शिवोद्भवम् ॥ ९९ ॥ पातालं विविशुः सर्वे पुरं नागविवर्जितम् ॥ एवमुत्साद्य तान्सर्वान् ब्राह्मणास्ते गतव्यथाः ॥ १६० ॥ त्रिजातं तं पुरस्कृत्य स्थानकृत्यानि

इसवास्ते सिद्धमन्त्र तुमको देता हूं ॥ ९२ ॥ जिसके उच्चारण करनेसे सर्पोंकी विष नाश होवेगा। । ऐसा मंत्र चमत्कारपुरमें जायके सब ब्राह्मणोंको लेके नागोंको सुनावो ॥ ९३ ॥ जो कोई नाग तुम्हारा शब्द सुनके पातालमें नहीं जावेंगे ॥ ॥ ९४ ॥ तो वे नांग तत्काल निर्विष होजावेंगे इसमें संशय नहीं है गर ऐसा विषका नाम है सो वहां न कहते नहीं है ॥९५॥ इसवास्ते मेरे अनुग्रहसे हे ब्राह्मणोत्तम । नगर नगर ऐसा शब्द सुनके जो नीचजाति नाग नहीं जावेंगे ॥ ९६ ॥ और वहां रहेंगे तो वध पावेंगे । और आजसे उस चमत्कारपुरका नाम नगर ऐसा होवेगा । सबसे पाहिले नगर यह नाम पडा इसवास्ते वृद्धनगर या बडनगर विख्यात होगा ॥ ९७ ॥ पृथ्वीमें तेरी कीर्ति विख्यात होगी ऐसा शिवका वचन सुनके त्रिजात सह वर्तमान ॥ ९८ ॥ सब ब्राह्मण पुरमें नगर नगर कहतेहुवे आये । तब उस शिवोत्पन्न सिद्धमन्त्रको श्रवण करके सब नाग ॥ ९९ ॥ पातालमें चलेगये इस प्रकार नागोंको निकालके सब ब्राह्मण सुखपाये ॥ ६० ॥ फिर त्रिजात ब्राह्मणको मुख्य करके सब ब्राह्मण अपने कृत्य करनेलगे । शौनक प्रश्न करते हैं कि त्रिजात ब्राह्मणका क्या गोत्र है किसके

चाक्रिरे ॥ ॥ ऋषय ऊचुः ॥ ॥ त्रिजातस्य च किं गोत्रं किं नाम कस्य संभवः ॥ ६१ ॥ यानि गोत्राणि नष्टानि यानि संस्थापितानि च ॥ नामतस्तानि नो ब्रूहि तत्पुरे सूतनंदन ॥ ॥ ६२ ॥ सूत उवाच ॥ ॥ तत्रोपमन्युगोत्रा ये क्रौंचगोत्रसमुद्भवाः ॥ कैशोर्यगोत्रसंभूतास्त्रैवर्णेया द्विजोत्तमाः ॥ ॥ ६३ ॥ ते भूयोऽपि न संप्राप्ता यथा गोत्रचतुष्टयम् ॥ तत्पूर्वे शुनकादीनां यन्नष्टा नागजाद्भयात् ॥ ६५ ॥ शेषान् वः सं- वक्ष्यामि ब्राह्मणान्गोत्रसंभवान् ॥ कौशिकान्वयसंभूताःषट्च विंशच्च ते स्मृताः ॥ ६४ ॥ कश्यपान्वयसंभूताः सप्ताशीतिर्द्विजोत्तमाः ॥ लक्ष्मणान्वयसंभूता एकविंशतिरागताः ॥ ॥ ६६ ॥ तत्र नष्टाः पुनः प्राप्तास्तस्मिन् स्थाने सुदुःखिताः ॥ भारद्वाजास्त्रयः प्राप्ताः कौंडिनेयाश्चतुर्दश ॥ ६७ ॥ रैभ्यकाणां तथा विंशत् पाराशर्याष्टकं तथा ॥ गर्गाणां च द्विविंशं च हारितानां त्रिविंशतिः ॥ ६८ ॥ विदुर्भार्गवगोत्राणां पंचविंशदुदाहृताः ॥ गौतमानां च षड्विंशदालुभायनविंशतिः ॥ ॥ ६९ ॥ मांडव्यानां त्रिविंशतिर्बह्वृचानां त्रिविंशतिः ॥ सांकृत्यानां वसिष्ठानां पृथक्केन दशैव तु ॥ १७० ॥ तथैवांगिरसानां च पञ्च चैव प्रकीर्तिताः ॥ आत्रेया दशसंख्याताः शुक्लात्रेयास्तथैव च ॥ ७१ ॥ वात्स्याः पंच समाख्याताः

वंशमें पैदाभया ॥६१॥ और गोत्र कितने नष्टहुए और कितने गोत्र नगरमें स्थापन किये सो कहो ॥६२॥ सूत कहनेलगे कि सब गोत्रोंमें जो उपमन्युगोत्रके और क्रौंच कैशोर्य गोत्रके जो ब्राह्मण भये॥६३॥सो फिरके नहीं आये और उनके पितर शुनकादिकगोत्र थे। सो नागोंके भयसे नष्टहुवे ॥६४॥ अब बाकीके त्रिजात ब्राह्मणके साथ जो ब्राह्मण आयेहैं वडनगरमें उनके गोत्र और संख्या कहताहूं कौन कौन गोत्रके कितने कितने ब्राह्मण आये सो संख्या चक्रमें स्पष्टहै ॥१६९–१७०॥ ऐसे यह क्रमसे कौशिकादिक गोत्रके ब्राह्मण जो कहे हैं उनके वेदोक्त संस्कार अडतालीस ब्रह्माने

कौत्साश्च नव सप्त वा ॥ शांडिल्या भार्गवाः पंच मौद्गल्या विंशतिःस्मृताः ॥ ७२ ॥ बौद्धायनाः कौशलाश्च त्रिशन्मात्राः प्रकीर्तिताः ॥ अथर्वाः पञ्चपञ्चाशन्मौनशाः सप्तसप्ततिः ॥ ॥ ७३ ॥ याजुषस्त्रिंशदाख्याताश्च्यवनाः सप्तविंशतिः ॥ आगस्त्याश्च त्रयस्त्रिंशज्जैमिनीया दशैव तु ॥ ७४ ॥ नैध्रुवाः पञ्चपञ्चाशत् पैनीताः सप्ततिर्द्विजाः गोभिलाश्च पिकाकाश्च पंचपंचद्विजाः स्मृताः ॥ ७५ ॥ औशनस्याश्च दाशर्मास्त्रयस्त्रय उदाहृताः ॥ लौगाक्ष्यानस्तथा षष्टीरैणिकात्यायनास्त्रयः ॥ कपिष्ठलाः शार्कराक्षाः श्लक्ष्णाक्षाः सप्तसप्ततिः ॥ शार्कवानः शतं प्रोक्तं दार्व्यानः सप्तसप्ततिः ॥ ७६ ॥ कात्यायनास्त्रयः प्रोक्ता वेदशाश्च त्रयः स्मृताः ॥ कृष्णात्रेयास्तथा पंच दत्तात्रेयास्तथैव च ॥ ७७ ॥ नारायणाः शौनकेया जाबालाः शतसंख्यया ॥ गोपाला जामदग्न्याश्च शालिहोत्राश्च कर्णिकाः ॥ ७८ ॥ भागुरायणकाश्चैव मातृकास्त्रैणवास्तथा ॥ सर्वे ते ब्राह्मणाः श्रेष्ठाः क्रमेण द्विजसत्तमाः ॥ ७९ ॥ एतेषामेव सर्वेषां संस्कारा ये द्विजोत्तमाः ॥ चत्वारिंशत्तथाष्टौ च पुरा प्रोक्ताः स्वयंभुवा ॥ १८० ॥ त्रिजातो ब्राह्मणश्रेष्ठो पितामहवरेण वै ॥ भर्तृयज्ञ इति ख्यातः सर्ववेदार्थविद्वरः ॥ ८१ ॥ दशप्रमाणाः संप्रोक्ताःसर्वे ते ब्राह्मणोत्तमाः ॥ चतुः षष्टिषु गोत्रेषु ६४ एवं ते ब्राह्मणोत्तमाः ॥ ८२ ॥ तेन तत्र समानीतास्त्रिजातेन महात्मना ॥ तेषामेकत्र जातानि दश पंचशतानि च ॥ ८३ ॥ सामान्यभागमोक्ष्याणि तानि तेन कृतानि च ॥

कहे हैं ॥ १७१--१८० ॥ और त्रिजात ब्राह्मण ब्रह्माके वरदानसे भर्तृयज्ञनामसे विख्यात भया सब वेदार्थको जानता भया ॥८१॥ यह नागर ब्राह्मणोंमें दश प्रकारके भेद हैं और चौंसठ गोत्र हैं ॥ ८२ ॥ इन सबोंको त्रिजात ब्राह्मणोंने लायके स्थापन किया सो पंदरह सौ ब्राह्मण भये ॥८३॥ यह नगरमें अडसठ ब्राह्मणोंका

अथ नागरब्राह्मणानां गोत्रपुरुषसंख्या.

सं०	गोत्रनाम.	पुरु. सं.	सं.	गोत्रनाम	पुरु.सं.	सं.	गोत्रनाम.	पुरु. सं.
१	कौशिक	२६	२२	शांडिल्य	५	४३	शार्कव	१००
२	कश्यप	८७	२३	मौद्गल्य	२०	४४	गार्ग्य	७७
३	लक्ष्मण	२१	२४	बौद्धायन	३०	४५	कत्यायन	३
४	भारद्वाज	३	२५	कौशल	३०	४६	वैदक	३
५	कौंडिनेय	१४	२६	अथर्व	५५	४७	कृष्णात्रेय	५
६	रैभ्य	२०	२७	मौनस	७७	४८	दत्तात्रेय	५
७	पाराशर्य	८	२८	याजुष	३०	४९	नारायण	१०
८	गर्ग	२२	२९	च्यवन	२७	५०	शौनकेय	०
९	हारीत	२३	३०	अगस्ति	३२	५१	जाबाल	०
१०	भार्गव	२५	३१	जैमिनी	१०	५२	गोगल	०
११	गौतम	२६	३२	नैध्रुव	५५	५३	जामदग्न्य	०
१२	आलुभायन	२०	३३	पैनित	७०	५४	शालिहोत्र	०
१३	मांडव्य	२३	३४	गोभिल	५	५५	कर्णिक	०
१४	बहूवृच	२३	३५	पिकाक	५	५६	भागुरायण	०
१५	सांकृत्य	१०	३६	औशनस	३	५७	मातृक	०
१६	वसिष्ठ	१०	३७	दाशर्स	३	५८	त्रैवण	०
१७	आंगिरस	५	३८	लौगाक्ष	६०	६	उपमन्यव	०
१८	आत्रेय	१०	३९	रैणिस	७२	२	क्रौंच	०
१९	शुक्लात्रेय	१०	४०	कापिल	७७	३	कैशोर्य	०
२०	वास्त्य	५	४१	शार्कराक्ष	७७	५९	भार्गवद्वितीय	५
२१	कौत्स	२	४२	श्लक्ष्णाक्ष	७७			

अष्ट षष्टिविभागेन पूर्वमायव्ययोद्भवम् ॥ ८४ ॥ तत्रासीदथ गोत्रेषु पुरुषाणां प्रसंख्यया ॥ ततः प्रभृति सर्वेषां सामान्येन व्यवस्थितिः ॥ ८५ ॥ त्रिजातस्य च वाक्येन येन दूरादपिद्रुतम्॥ समागच्छंति विप्रेन्द्राः पुरवृद्धिः प्रजायते ॥ ८६ ॥ तत्पुरं वृद्धिमापन्नं पुत्रपौत्रादिभिस्तदा ॥ ॥ ऋषय ऊचुः ॥ ॥ कानिकानि च तीर्थानि लिंगानि परमेशितुः ॥ ८७ ॥

जैसे पहलेका लाभ खर्चका भाग था और अधिकार था वैसा पीछे यह पंदरह सौ ब्राह्मणोंका भाग सामान्य मध्यम रीतिसे भया ॥८४॥ यह नागर ब्राह्मणोंका जहां तक अडसठ ब्राह्मणोंका समूह इकट्ठा था वहांतक इनकी स्थिति अच्छी थी त्रिजातको लाये पीछे सब सामान्य भये ॥ ८५ ॥ त्रिजात ब्राह्मण जिस वखत नगरमें आयके रहा और उसका प्रताप तेज श्रवण करके दूरके रहनेवाले ब्राह्मण थे वे भी नगरमें आयके रहे नगरकी वृद्धि बहुत भई उस दिनसे बडनगर ऐसा नाम विख्यात भया ॥ ८६ ॥ शौनक पूछने लगे कि इस क्षेत्रमें कौन कौन तीर्थ और कौनसे

केन संस्थापितानीह तन्नो वद सुविस्तरात् ॥ ॥ सूत उवाच ॥ अथादौ शंखतीर्थं च शंखाख्येन प्रकल्पितम् ॥८८॥ मुनिना तत्र संस्थानात्कुष्ठादीनां विनाशनम् ॥ ततो गयाशिरं नाम तीर्थं पापप्रणाशनम् ॥ ८९ ॥ प्रेतत्वाद्यत्र मुक्तिर्वै भविष्यति सुनिश्चितम् ॥ पितामहस्य प्रासादो मार्कंडेयेन स्थापितः ॥ ॥ १९० ॥ यत्र स्नानार्चनेनैव आयुर्वृद्धिः प्रजायते ॥ बालसंख्याख्यतीर्थं च बालानां शांतिकारकम् ॥ ९१ ॥ बालमंडनकं तीर्थं शक्रेण च विनिर्मितम् ॥ स्वामिद्रोहकृतात्पापान्मुच्यते नात्र संशयः ॥ ९२ ॥ मृगतीर्थं ततः प्रोक्तं तीर्थं विष्णुपदाह्वयम् ॥ गोकर्णाख्यं ततस्तीर्थं यत्र दुर्गतिनाशनम् ॥ ९३ ॥ सर्वतीर्थागमौ जातः क्षेत्रे हाटकसंज्ञके ॥ न तत्रास्ति कलेर्दोषः स तु क्षेत्रोत्तमः स्मृतः ॥ ९४ ॥ ॥ ततः सिद्धेश्वरो नाम पुत्रप्राप्तिकरः शिवः ॥ नागतीर्थं ततः प्रोक्तं सर्पभीतिनिवारणम् ॥ ९५ ॥ सत्यहृत्संज्ञिकं तीर्थं दुष्प्रतिग्रहदोषकृत् ॥ अगस्त्यस्याश्रमस्तत्र पीठं चित्रेश्वराभिधम् ॥ ॥ ९६ ॥ यत्राराधनमात्रेण मंत्रसिद्धिः प्रजायते ॥ दुर्वासाश्चैकदा तत्र चमत्कारपुरे गतः ॥ ९७ ॥ तत्र दृष्ट्वा द्विजान्स-

शिवलिंग हैं किन्होंने स्थापन किये हैं सो सब विस्तारसे कहो॥८७॥ सूत कहने लगे उस क्षेत्रमें पहिले शंखतीर्थ है शंखमुनिने निर्माण कियाहै जिनकी कियी हुई शंखस्मृति और उनके भाई लिखितकी स्मृति चलरही है॥८८॥वहां स्नान करनेसे कुष्ठादिक रोग जातेहैं दूसरा गयाशिर तीर्थ है ॥८९॥ जहां प्रेतत्वसे मुक्ति होती है और मार्कंडेय ऋषिका स्थापन किया हुवा ब्रह्मदेवका मंदिर है ॥९०॥ जहां स्नान पूजन करनेसे आयुष्यकी वृद्धि होतीहै और बालकोंकी शांतिकारक बालतीर्थ है ॥९१॥ इंद्रका किया हुवा बाल मंडन तीर्थ है जहां स्वामीके द्वेष करके हुवे पापसे मुक्त होताहै और मृगतीर्थ, विष्णुपदतीर्थ, गोकर्णतीर्थ, नागतीर्थ, सिद्धेश्वर महादेव, सप्तर्षितीर्थ, अगस्त्याश्रम, चित्रेश्वर पीठ ऐसे, अनेक तीर्थ हैं ॥ ९२ ॥ ९३ ॥ ९४ ॥ ९५ ॥ ॥९६॥ एक दिन दुर्वासा मुनि चमत्कारपुरमें आये ॥ ९७ ॥ वेदशास्त्रसंपन्न ब्राह्मण

वांश्च श्रुतिस्मृति परायणान् ॥ विद्यावादं प्रकुर्वतस्तान्नत्वा मुनिरब्रवीत् ॥ ९८ ॥ मम बुद्धिः समुत्पन्ना शंभोरायतनं प्रति ॥ कर्तुं ब्राह्मणशार्दूल तस्मात्स्थानं प्रदर्श्यताम् ॥ ९९ ॥ स एवं जल्पमानोऽपि नोत्तरं च ददुर्द्विजाः ॥ तदा कोपेन दुर्वासास्तांश्च शशाप द्विजोत्तमान् ॥ २०० ॥ ॥ दुर्वासा उवाच ॥ ॥ विद्यामदेन मद्वाक्यं शृण्वंतोऽपि न तस्य च ॥ उत्तरं प्रददुस्तस्माद्यूयं सर्वे मदान्विताः ॥ १ ॥ सदा सौहृद-निर्मुक्ताः पितरोऽपि सुतैः सह ॥ भविष्यंति पुरेऽप्यस्मिन् किं पुनर्बान्धवादयः ॥२॥ एवमुक्त्वा स दुर्वासा निवृत्तस्तदनं-तरम् ॥ अथ तन्मध्यगो विप्र आसीद् वृद्धतमः सुधीः ॥ ३ ॥ सुशील इति विख्यातो वेदवेदांगपारगः ॥ सत्वरं प्रययौ पृष्ठा-त्तिष्ठतिष्ठेति चाब्रुवन् ॥ अथासाद्य गतं दूरं नत्वा प्रोवाच तं मुनिः ॥ ४ ॥ ॥ सुशील उवाच ॥ ॥ एतैर्वो नोत्तरं दत्त-महं सत्यं ब्रवीमि भोः ॥ अस्मिन् स्थाने द्विजश्रेष्ठ प्रासादं कर्तुमर्हसि ॥ ५ ॥ सुशीलस्य वचः श्रुत्वा दुर्वासा हर्षसंयुतः॥

विद्याके विवाद कर रहे थे उनको देख और ब्राह्मण नमस्कार करके पूछनेलगे ॥ ९८ ॥ हे ब्राह्मणो ! मेरी शिवकी स्थापना करनेकी इच्छा है इसवास्ते स्थान दिखाओ ॥ ९९ ॥ उनके ऐसा पूछनेपर भी जब ब्राह्मणोंने उत्तर दिया नहीं तब कोपायमान होके दुर्वासा ब्राह्मणोंको शाप देतेभये ॥ २०० ॥ दुर्वासा कहने लगे हे ब्राह्मणो ! विद्याके मदसे मेरा वचन सुना तथापि उत्तर नहीं दिया इसवास्ते तुम सब मदोन्मत्त होजाओ ॥ १ ॥ और माया प्रीतिसे पितापुत्र छूट जावो फिर भाई बंधुओंकी क्या बडी बात है ॥ २ ॥ ऐसा कहके वहांसे दुर्वासा पुरके बाहर चलेगये तब उस ब्रह्मसमाजमें एक वृद्ध बुद्धिमान् वेदशास्त्रमें संपन्न सुशील नाम करके ब्राह्मण था ॥ ३ ॥ सो उसके ऋषिके पीछे जायके खडे रहो २ ऐसा कहते दूर गये हुवे ऋषिके पास जायके नमस्कार करके सुशील कहनेलगा ॥ ४ ॥ हे दुर्वासा ऋषि ! इन्होंने आपको उत्तर नहीं दिया परंतु मैं सत्य कहताहूं ॥ ५ ॥

प्रासादं निर्ममे पश्चात्तस्य वाक्ये व्यवस्थितः ॥ ६ ॥ अथ ते ब्राह्मणा ज्ञात्वा सुशीलेन वसुंधरा ॥ दुर्वाससे प्रदत्ता वै देवतायतनाय च ॥ ७ ॥ ततः प्रोचुः समासाद्य येन शप्ता दुरात्मना ॥ वयं तस्मै त्वया दत्ता प्रासादार्थं वसुंधरा ॥ तस्मात्त्वमपि चास्माकं बाह्य एव भविष्यसि ॥ ८ ॥ सुशीलोऽपि हि दुःशीलो नाम्ना संकीर्त्यते बुधैः ॥ एवमुक्त्वाथ ते विप्राश्चतुर्वेदसमुद्भवाः ॥ दुःशीलं संपरित्यज्य प्रविष्टाः स्वपुरे ततः ॥ ९ ॥ दुःशीलोऽपिबहिश्चक्रे गृहं तस्य पुरस्य च ॥ तस्यान्वयेऽपि ये जातास्ते बाह्याः संप्रकीर्तिताः ॥ बाह्यक्रियासु सर्वासु सर्वेषां पुरवासिनाम् ॥ २१० ॥ ततो गच्छेन्मुनिश्रेष्ठा धुन्धुमारेश्वरं शिवम् ॥ तस्यैवोत्तरदिग्भागे ययातीश्वरमुत्तमम् ॥ ११ ॥ ततश्चित्रशिला तत्र सरस्वत्याः समीपतः ॥ तस्य चोत्तरदिग्भागे देवस्य जलशायिनः ॥ १२ ॥ स्थानमस्ति सुविख्यातं सर्वपातकनाशनम् ॥ विश्वामित्रसमुद्भूतं कुण्डरूपप्रदायकम् ॥ १३ ॥ तत्रैवास्ति द्विजश्रेष्ठाः

कि इस जगह आप देवालय बनावो ऐसा सुशीलका वचन सुनते बडे हर्षित होयके देवकी स्थापना कियी ॥ ६ ॥ तब उन सब ब्राह्मणोंने सुना कि सुशीलने दुर्वासाको देवमंदिरके वास्ते पृथ्वी दियी ॥ ७ ॥ तब सुशीलको कहनेलगे कि जिस ऋषिने हमको शाप दिया उसी ऋषिको तुमने पृथ्वी दियी इसवास्ते हमारे समूहसे तू बाहर है तेरा नाम सुशील है, परंतु आजसे तेरा दुःशील नाम सब कहेंगे ऐसा कहके सब ब्राह्मण दुःशीलको छोडके अपने पुरमें चलेगये दुःशीलने विवाह पुरके बाहर अपना घर बनाया ॥ पीछे उसके वंशमें जितने ब्राह्मण भये वे सब बाह्य नागर वा बारड नागर भये पुरके बाहरका सब कर्म वह करतेहैं॥८॥२१०॥ हे शौनक ! अब बडनगरमें कितने तीर्थ हैं सो कहताहूं उसकी यात्रा सबोंने करना । नागर ब्राह्मणोंको तो अवश्य है । इसवास्ते पहिले धुंधुमारेश्वर महादेवके दर्शन करके उसके उत्तर बाजू ययातीश्वरके दर्शन करके ॥११॥ सरस्वती नदीके समीप चित्रशिलाको देखके जलशायीके दर्शन करना ॥ १२ ॥ पीछे विश्वामित्रकुंडमें त्रिपुष्करमें सारस्वततीर्थमें स्नान करके उमामहेश्वर कलशेश्वर रुद्रकोटेश्वर उज्जयनीपीठ भ्रूणगत

सुपुण्यं पुष्करत्रयम् ॥ ब्रह्मणा स्थापित पुण्यं कृत्वा यज्ञमहोत्सवम् ॥ १४ ॥ तत्र सारस्वतं तीर्थमन्यदस्ति सुशोभनम्॥यत्र स्नातो हि मूकोऽपि भवेद्वाक्यविचक्षणः ॥ १५ ॥ उमामहेश्वरौ तत्र हरिश्चंद्रप्रतिष्ठितौ ॥ दुर्योनिनाशकस्तत्र कलशेश्वरकः शिवः ॥ १६ ॥ तस्यैवोत्तरदिग्भागे रुद्रकोटिर्द्विजोत्तमाः ॥ अस्ति संपूजिता विप्रैर्दाक्षिणात्यैर्महात्मभिः ॥ ॥ १७ ॥ तत्रैवोज्जयनीपीठमस्ति कामप्रद नृणाम् ॥ भ्रूणगर्तश्च तत्रैव चर्ममुंडा तथैव च ॥ १८ ॥ तथैव नलतीर्थं च सर्वव्याधिविनाशकम् ॥ सांबादित्यश्च तत्रैव वटेश्वरशिवस्तथा ॥ १९ ॥ शिवगंगा नरादित्यः माहित्वंदेवता तथा ॥ सोमेश्वरश्च तत्रैव शर्मिष्ठातीर्थमुत्तमम् ॥ २२० ॥ चमत्कारेश्वरी देवी आनर्तेश्वरकः शिवः ॥ जामदग्न्यरामह्रदः स्कंदशक्तिशिवा तथा ॥ २१ ॥ चमत्कारपुरे यज्ञभूमिस्थानं सुशोभनम्॥तथाविवाहवेदी च शिवपार्वतिसंभवा ॥ २२ ॥ रुद्रशीर्षः शिवस्तत्र बालखिल्याश्रमस्तथा ॥ सुपर्णाख्यश्च तत्रैव महालक्ष्मीर्मनोहरा ॥ २३ ॥ आमवृद्धा महादेवी श्रीमातुः पादुका तथा ॥ वह्नितीर्थं ब्रह्मकुंडं गोमुखं लोहयष्टिका ॥ ॥२४॥ कामप्रदा महादेवी राजवापी तथैव च ॥ श्रीरामेश्वरलिंग च तीर्थमानर्तसंज्ञकम् ॥ २५ ॥ अष्टषष्टिषु तीर्थेषु

चर्ममुंडा सांबादित्य वटेश्वर महादेव नगादित्य सोमेश्वर इनके दर्शन करना पीछे नल तीर्थ शर्मिष्ठा तीर्थमें परशुरामडोहमें स्नान करके ॥ १३ ॥१४ ॥१५ ॥१६॥ ॥ १७ ॥ १८ ॥ १९ ॥ २२० ॥ २१ ॥ चमत्कारेश्वरी देवीके और आनर्त्तेश्वर महादेव स्कंदशक्ति यज्ञभूमि विवाहवेदी ॥ २२ ॥ रुद्रशीर्ष शिव बालखिल्याश्रम सुपर्णाश्रम महालक्ष्मी ॥ २३ ॥ आमवृद्धादेवी श्रीमातः पादुका इनके दर्शन करना और वह्नितीर्थ ब्रह्मकुंड गोमुख लोहयष्टिका ॥ २४ ॥ कामप्रदा देवी राजवापिका श्रीरामेश्वर महादेव आनर्ततीर्थ अंबादेवी रेवतीदेवी भर्तृकातीर्थ कात्यायनीदेवी क्षेमकरी देवी शुक्लतीर्थ मुखारतीर्थ कर्णोत्पलतीर्थ

मुख्यं हाटकसंज्ञकम् ॥ अंबारेवतिकादेवी भट्टिकातीर्थमुत्तमम् ॥ २६ ॥ कात्यायनी तथा तत्र देवी क्षेमकरीति च ॥ शुक्रतीर्थं मुखारं च तीर्थं कर्णोत्पलाह्वयम् ॥ २७ ॥ अटेश्वरो-महादेवः याज्ञवल्क्याश्रमस्तथा ॥ पंचपिंडा तथा गौरीवास्तु-पादसमुद्भवः ॥ २८ ॥ अजाग्रहो दीर्घिका च धर्मराजेश्वर-स्तथा ॥ मिष्टान्नेश्वरशंभुस्तु तथा गणपतित्रयम् ॥ २९ ॥ जाबालिस्थापितं लिंग कुंडं चामरसंज्ञकम् ॥ गर्ततीर्थं च तत्रैव रत्नादित्यस्तथैव च ॥ २३० ॥ एवमादि ह्यनेकानि तत्रतीर्थानिसंति हि ॥ अथान्यामपि वक्ष्यामि कथां द्विज-समुद्भवाम् ॥३१॥ आनर्तविषये पूर्वं सत्यसंधो महीपतिः ॥ कन्यावरं परिप्रष्टुं ब्रह्मलोकं गतः स ताम् ॥ ३२ ॥ गृहीत्वा तत्र तं दृष्ट्वा सायंतनक्रियोत्सुकम् ॥ उपविष्टः क्षणं तत्र कर्मान्ते नृपमब्रवीत् ॥ ३३ ॥ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ ॥ यदर्थमा-गतोसि त्वं तत्राश्चर्यं शृणु नृप ॥ ममांतिकं प्रपन्नस्य तव जातं युगत्रयम् ॥ ३४ ॥ सर्वे ते वै मृता मर्त्या ये त्वया मानसे धृताः ॥ तच्छ्रुत्वा तां समादाय प्राप्तः स्वं देशमुत्त-

अटेश्वर महादेव याज्ञवल्क्याश्रम पंचपिंडा गौरी वास्तुपाद अजाग्रह दीर्घिका धर्मराजेश्वर मिष्टानेश्वर तीन गणपति जाबालेश्वर अमरकुंड रत्नादित्य गर्ततीर्थ इत्यादि जो जो तीर्थ और देवालय हैं वहां स्नान दर्शन करना ॥ २२५--२३० ॥ हे शौनक ! हाटक क्षेत्रमें ऐसे दूसरे भी अनेक तीर्थ हैं । अडसठ तीर्थोंमें हाटक-क्षेत्र मुख्य है और अब आगे गर्ततीर्थोत्पन्न ब्राह्मण जिनको हालमें नागर बनिये कहतेहैं उनकी उत्पत्तिकथा कहताहूं ॥ ३१ ॥ आनर्तदेशमें एक सत्यसंध राजा था वह अपनी रत्नकन्या किसको देना यह पूछनेके वास्ते कन्याको लेके ब्रह्म-लोकमें गया ॥ ३२ ॥ वहां ब्रह्मदेव सायंकालकी संध्या कररहेथे । तब राजा क्षणभर बैठे बाद राजाको ब्रह्मा कहनेलगे ॥ ३३ ॥ हे सत्यसंध ! जिसवास्ते तू यहां आया है वह आश्चर्य श्रवणकर तू घरसे निकलकर मेरे यहां क्षणमात्र बैठा इतनेमें तीन युग भूमिमें बीतगये ॥ ३४ ॥ तुमने जिन जिन मनुष्योंके देनेका विचार किया था वे सब मृत होगये ऐसा ब्रह्माका वचन सुनके राजा कन्याको

मम् ॥ ३५ ॥ स्थलस्थाने जलं दृष्ट्वा जलस्थाने स्थलं तथा ॥ पृच्छन्नपि न जानाति संबंधं केनचित्सह ॥ ३६ ॥ कोयं देशः पुरं किं वा इति पृष्टे जना जगुः ॥ आनर्तसंज्ञको देशो राजा तत्र बृहद्बलः ॥ ३७ ॥ एतत्प्राप्तिपुरं नाम एषा साभ्रमती नदी ॥ गर्ततीर्थमिदं पुण्यं यत्र विप्रा मुनीश्वराः ॥ ३८ ॥ तच्छ्रुत्वा सत्यसंधो वै रुरोदोच्चैस्तदा नृपः ॥ बृहद्बलः समायातः तं पप्रच्छ दयान्वितः ॥ ३९ ॥ रोदने कारणं किन्नो सत्यसंधस्तदाब्रवीत् ॥ आनर्ताधिपतिश्चाहं सत्यसंध इति स्मृतः ॥ २४० ॥ कन्यावरं परिप्रष्टुं ब्रह्मलोकमितो गतः ॥ ततो भूयः समायातो मुहूर्तेनैव भूतलम् ॥ ४१ ॥ तावद्विलोमतां प्राप्तं सर्वं नो वेद्मि किंचन ॥ तदा बृहद्बलः प्राह स्वागतं ते महाभुज ॥ ४२ ॥ इदं राज्यं तवैवास्ति भृत्यश्चाहं तव स्मृतः ॥ पारंपर्येण राजेंद्र मयैतत्सकलं श्रुतम् ॥४३॥ सत्यसंधः स्वकन्यां वै गृहीत्वाद्यापि नागतः ॥ अहं त्वद्वंश-

लेके अपने देशमें आया और ॥ ३५ ॥ देखनेलगा तो भूमिके ठिकाने जल होगया जलके ठिकाने स्थल होगया है पहचाना नहीं जाता लोकोंको पूछता है तथापि संबंध मालूम नहीं पडता ॥३६॥ तब राजाने पूछा कि यह कौन देशहै और कौनसा नगर है । तब लोक कहनेलगे यह आनर्त देश है ! यहां बृहद्बल राजा राज्य करता है ॥३७॥ इस नगरका नाम प्राप्तिपुर है । साभ्रमती नदी है । और यह गर्त तीर्थ है । यहां पहले बडे ऋषि हुए हैं ॥ ३८ ॥ ऐसा सुनते सत्यसन्ध राजा बडा रोनेलगा । तब बृहद्बल वहां आयके प्रेमसे पूछनेलगा कि रोनेका क्या कारण है । सत्यसंध कहनेलगा कि आनर्तदेशमें राजा मैं हूं मेरा नाम सत्यसंध है॥३९॥२४०॥ कन्याके वास्ते वर पूछनेको यहांसे ब्रह्मलोकमें गया और वहांसे फिरकर दो घडीमें पुनः यहां आया तो ॥ ४१ ॥ सब विपरीत होगया । किसीको जानता नहीं हूं तब बृहद्बल कहनेलगा हे राजा ! आप आये यह अच्छा हुआ ॥४२॥ यह राज्य तुम्हारा है मैं सेवक हूं । वंशपरंपरासे मैं सुनता आया हूं कि ॥४३॥ सत्यसन्ध राजा कन्याको लेके चलागया सो अद्यापि नहीं आया इस वास्ते मैं आपके वंशमें ७७

संजातः सप्तसप्ततिमे विभो ॥ ४४ ॥ ॥ सत्यसंध उवाच ॥ नाहं राज्यं करिष्यामि गर्ततीर्थे तपाम्यहम् ॥ एवं तयोः प्रवदतोरन्योन्यं भूमिपालयोः ॥ ४५ ॥ गर्ततीर्थसमुद्भूता ब्राह्मणाः कौतुकान्विताः ॥ आगत्य पार्थिवस्यैव श्रुत्वा वृत्तांतमुत्तमम् ॥ ४६ ॥ स्थितस्तदा सत्यसंधो नृपं प्राह बृहद्बलम् ॥ मया पूर्वं यज्ञदानक्रियाः सर्वाः कृता बहु ॥ ४७ ॥ न भूमिदानं विप्रेभ्यो एतावदवशेषितम् ॥ तदा बृहद्बलोऽप्याह दीयतां मनसेप्सितम् ॥ ४८ ॥ ततः प्रक्षाल्य सर्वेषां पादान् स पृथवीपतिः ॥ ददौ स गर्तविप्रेभ्यो पुरार्थं भूमिमुत्तमाम् ॥ ॥ ४९ ॥ बृहद्बलस्य चादेशं ददौ संप्रथितः स्वयम् ॥ गत्वा हाटकक्षेत्रे वै चित्रं तेपे तपस्ततः ॥ २५० ॥ बृहद्बलोऽल्पकालेन युद्धे मृत्युमुपेयिवान् ॥ ततस्ते ब्राह्मणाः सर्वे गर्ततीर्थसमुद्भवाः ॥ ५१ ॥ सत्यसन्धं समभ्येत्य प्रोचुर्दुःखं स्वकीयकम् ॥ परिग्रहः कृतोस्माभिः केवलं पृथिवीपते ॥ ५२ ॥ नच किंचित्फलं जातं वृत्तिजं न पुरोद्भवम् ॥ राजा बृहद्बलो

वां पुरुष हूं॥४४॥ सत्यसन्ध कहताहै मैं राज्य नहीं करता मैं गर्ततीर्थमें तप करूंगा। ऐसे दोनों राजा बोलरहे थे ॥४५॥ इतनेमें गर्ततीर्थोत्पन्न ब्राह्मण वृत्तांत सुनके बडे आश्चर्यसे वहां आके बैठे ॥ ४६ ॥ तब सत्यसंध राजा बृहद्बल राजाको कहनेलगा कि मैंने पहले यज्ञदान पुण्य बहुत किये हैं ॥४७॥ परन्तु भूमिदान नहीं किया। इतना बाकी रहाहै। तब बृहद्बलने कहा कि आपकी जितनी इच्छा होवे उतना दान करो ॥४८॥ तब सत्यसन्ध राजा गर्ततीर्थोत्पन्न ब्राह्मणोंके पादप्रक्षालन करके पुरबनानेके वास्ते भूमिदान करके ॥ ४९ ॥ बृहद्बलको आज्ञा पालन करनेको देके आप हाटकक्षेत्रमें जायके बडी तपश्चर्या करताभया ॥ २५० ॥ बृहद्बल राजाने भी थोडे दिनोंमें शत्रुके युद्धमें मृत्यु पाया। गर्ततीर्थोत्पन्न ब्राह्मण दुःखी होयके ॥ ॥५१॥ सत्यसन्ध राजाके पास आयके कहने लगे कि हे राजा ! केवल पृथ्वी दान मात्र लिया ॥ ५२ ॥ परन्तु उसका फल हमको नहीं भया । बृहद्बलराजा आपकी आज्ञासे पुर बनायके देता परन्तु वह भी मरगया। इसवास्ते हमको जैसा सुख होवे

नष्टस्तस्मादत्र विचार्यताम् ॥ ५३ ॥ सत्यसंध उवाच ॥ संन्यस्तोऽहं द्विजश्रेष्ठा वृत्तिं कर्तुं न च क्षमः ॥ तस्माद्व्रजथ हर्म्यं स्वं प्रसादः क्रियतां मम ॥ ५४ ॥ तदैव ब्राह्मणाः सर्वे चमत्कारपुरोद्भवाः॥आ गत्य नृपतिंप्राहुः सत्यसंधं तपस्विनम् ॥ ५५ ॥ चमत्कारपुरस्थब्राह्मणा ऊचुः ॥ त्वद्वंशजेन नोदत्तं पुरं वृत्तिरनुत्तमा॥अद्यापि वर्तते राजंस्तत्र विघ्नं समागतम् ॥ ॥ ५६ ॥ सर्ववृत्तिर्गृहस्थानां यथायोग्यं प्रयत्नतः ॥ तवाग्रेकिं वयं ब्रूमस्त्वं वेत्सि सकलं यतः ॥ ५७ ॥ यथा वृत्तिः पुरा दत्ता यथा संरक्षितास्त्वया ॥ तस्माच्चिंतय राजेन्द्र स्थानं वर्तनसंभवम् ॥ ५८ ॥ उपायं येन मर्यादा वृत्तिस्तस्मात्सुखेन तु॥ततः स सुचिरं ध्यात्वा गर्ततीर्थसमुद्भवान् ॥५९॥ आकार्योपमन्युवंशसंभवान्वेदपारगान् ॥ प्रणिपातं प्रकृत्याथ ततः प्रोवाच सादरम् ॥ २६० ॥ मदीयस्थानसंस्थानां ब्राह्मणानां विशेषतः॥सर्वकृत्यानि कार्याणि भृत्यवद्विनयान्वितैः ॥६१॥ नित्यं रक्षा विधातव्या युष्मदीयं वचोऽखिलम्॥एतेषां पाल-

वैसा करो ॥ ५३ ॥ तब सत्यसंध राजा कहने लगा कि हे ब्राह्मणों ! मैं तो सब कर्म त्याग करके बैठा हूं इस वास्ते वृत्ति करनेको समर्थ नहीं तुम अपने घर जावो मेरे ऊपर अनुग्रह करो ॥ ५४ ॥ ऐसा भाषण करही रहे थे कि इतनेमें चमत्कारपुरके नागर ब्राह्मण सब आयके सत्यसंध राजाको कहने लगे ॥ ५५ ॥ हे राजा ! तेरे पूर्वज वंशस्थोंने हमको यह नगर दान किया है और उत्तम जीविका दी है सो आज दिन तक चलता आया है परन्तु अब उसमें एक विघ्न आया है ॥ ५६ ॥ हम गृहस्थाश्रमी हैं । उसके लिये हमारा वर्णाश्रमधर्म बराबर योग्य होता नहीं है । तुम्हारे सामने हमने क्या कहना । तुम सब जानते हो ॥ ५७ ॥ आपने पहिले जैसी वृत्ति दियी और रक्षण किया इसी प्रकार आगे हमारा संसार चले और कार्य निर्विघ्न होते रहैं ॥ ५८ ॥ ऐसा उपाय करो । तब सत्यसंध राजा चिरकाल विचार करके गर्ततीर्थोत्पन्न जो ब्राह्मण उनको नमस्कार करके वडी आर्जवतासे वचन कहने लगे ॥ ५९ ॥ २६० ॥ हे गर्ततीर्थस्थ ब्राह्मणो ! मेरा स्थान जो चमत्कारपुर उसमें रहनेवाले जो नागर ब्राह्मण हैं उनके सब कृत्य नम्रतासे सेवक सरीखे होके करना ॥६१॥ इनकी रक्षा करना तुम्हारी वचन मर्याद

यिष्यंति मर्यादाकरमुत्तमम् ॥ ६२ ॥ संदेहेषु च सर्वेषु विवादेषु विशेषतः ॥ राजकार्येषु चान्येषुएते दास्यंति निर्णयम् ॥ ॥ ६३ ॥ युष्मदीयं वचः श्रुत्वा शुभं वा यदि वाशुभम् ॥ एते पाल्याः प्रसादेन पुष्टिं नेयाश्च शक्तितः ॥ ६४ ॥ ईर्षां सर्वां परित्यज्य मदीयस्थानवृद्धये ॥ बाढमित्येव तैः प्रोक्ते गर्ततीर्थ समुद्भवैः ॥ ६५ ॥ चमत्कारपुरोद्भूतान् भूयः प्रोवाच सादरम् ॥ युष्माकं वर्त्तनार्थाय सर्वकृत्येषु सर्वदा ॥ ६६ ॥ एते विप्रा मया दत्ता गर्ततीर्थसमुद्भवाः ॥ एतेषां वचनात्सर्वं युष्मदीयं प्रजायताम् ॥ ६७ ॥ नास्माकमन्वये कश्चित्सांप्रतं वर्तते नृपः ॥ प्रतिष्ठा जायते नूनं चातुश्चरणसूचिता ॥ ६८ ॥ नान्यथा ब्राह्मणा श्रेष्ठाः स्वल्पं वा यदि वा बहु ॥ प्रोक्तं लक्ष मितैरन्यैर्युष्मदीयपुरोद्भवैः ॥ ॥ ६९ ॥ सूत उवाच ॥ ततस्ते ब्राह्मणा हृष्टास्तानादाय द्विजोत्तमान् ॥ तेषां मतेन चक्रुश्च सर्वकृत्यानि सर्वदा ॥ २७० ॥ ततस्तत्र पुरे जाता मर्यादा धर्मवर्द्धनी ॥ सर्वकृत्येषु सर्वेषां यथा वृद्धिः पुरस्य च ॥७१॥ तेपि तेषां प्रसादेन गर्ततीर्थोद्भवा द्विजाः ॥ परां विभूतिमा-

यह ब्राह्मण पालन करेंगे ॥ ६२ ॥ और यह नागर ब्राह्मण तुम किसी बातका जो सन्देह, या वादविवाद, या राज दरबारका कार्य होवेगा, वहां निर्णय कर देंगे ॥ ॥ ६३ ॥ जैसा तुम्हारा वचन निकसेगा वैसा निर्णय करेंगे इनका पालन करना । आगे वृद्धि होवे ऐसा भी करना ॥ ६४ ॥ हम भी ब्राह्मण हैं इनके सेवक कैसे होना यह बात छोडके मेरे स्थानकी वृद्धि होनेके वास्ते मेरा पूर्वोक्त वचन पालन करो । तब गर्त ब्राह्मणोंने तथास्तु कहा फिर चमत्कारपुरके नागर ब्राह्मणोंको राजा कहने लगा हे नागरो ! यह ब्राह्मण तुम्हारे संसार कृत्य चलानेके वास्ते मैंने दिये हैं । इनके वचनसे तुम्हारा सब काम होगा ॥ ६५ ॥ ६६ ॥ ६७ ॥ हमारे वंशमें सांप्रतकालमें कोई राजा है नहीं इसवास्ते इनसे आपकी प्रतिष्ठा होवेगी ॥ ६८ ॥ आपके पुरस्थित ब्राह्मणोंसे नहीं ॥ ६९ ॥ सूत कहने लगे तब चमत्कारपुरके नागर ब्राह्मण प्रसन्न होके गर्तब्राह्मणोंको लेके बडनगरमें जायके उनकी सलाहसे सब कर्म करते भये ॥ २७० ॥ उस दिनसे नगरमें धर्ममर्यादा बहुत बढती गई । पुरकी भी वृद्धि भई ॥ ७१ ॥ पीछे नागर ब्राह्मणों

दाय मोदंते सुखसंयुता: ॥ ७२ ॥ सत्यसंधस्तपस्तप्त्वा सत्यसंधं च शंकरम् ॥ संस्थाप्य विप्रानादिश्य ययौ स्वर्गं नराधिपः ॥ ७३ ॥ अथान्यदपि वक्ष्यामि शृणु शौनक सत्तम ॥ पुष्पसंज्ञो द्विजः कश्चिद्धत्वा ब्राह्मणमुत्तमम् ॥ ७४ ॥ बहु द्रव्यं च तद्भार्यां गृहीत्वा हाटकं ययौ ॥ समाहूय द्विजान्सर्वान्नागरानात्मशुद्धये ॥ ७५ ॥ पप्रच्छ विनयाद्विप्रस्तदा प्रोचुश्च नागराः ॥ एतादृशस्य विप्रस्य शास्त्रे शुद्धिर्न विद्यते ॥ ॥ ७६ ॥ अथैको ब्राह्मणः प्राह चडशर्मेति विश्रुतः ॥ पुरश्चरणसप्तम्या व्रतेनास्याघसंक्षयः ॥ ७७ ॥ भविष्यतीति संप्रोक्ते भक्त्या तेन कृतं व्रतम् ॥ पुष्पः संवत्सरस्यांते विपाप्मा समपद्यत ॥ ७८ ॥ षष्ठं भागं ददौ वित्तं विप्राय चंडशर्मणे ॥ कोट्याधिकाः ततः सर्वे नागराः कोपपूरिताः ॥ ७९ ॥ ततस्ते समयं कृत्वा समानीय च मध्यगम् ॥ तस्यास्येन ततः प्रोचुर्ब्रह्मस्थाने व्यवस्थिताः ॥ २८० ॥ अनेन लोभ-

के अनुग्रहसे गर्ततीर्थोत्पन्न ब्राह्मण बडे ऐश्वर्यको पाये और सुखी भये वर्तमानकालमें जो नागर बानिये और चितोडनागर बानिये कहे जाते हैं वे गर्ततीर्थोत्पन्न ब्राह्मण ब्रह्मकर्म त्याग होनेसे भये हैं । इसका कारण आगे लिखूंगा ॥ ७२ ॥ अब सत्यसंध राजा तपश्चर्या करके सत्यसंधेश्वर महादेवको स्थापन करके ब्राह्मणोंको सुप्रत करके आप स्वर्गमें जाताभया ॥ ७३ ॥ हे शौनक ! और भी बाह्मनामक नागरब्राह्मणका भेद वर्णन करताहूं एक पुष्पनामक ब्राह्मण था । उसने एक ब्राह्मणको मारके ॥ ७४ ॥ उसका धन और उसकी स्त्रीको लेके हाटकक्षेत्रमें आयके अपनी शुद्धि होनेके वास्ते नागरब्राह्मणोंको बुलायके ॥ ७५ ॥ नम्रतासे पूछा । तब पुष्पब्राह्मणको क्रूर कर्म देखके सब नागरोंने कहा कि ऐसे पापीकी शुद्धि नहीं है ॥ ७६ ॥ उनमेंसे एक चंड शर्म्मा ब्राह्मणने कहा कि पुरश्चरण सप्तमीके व्रत करनेसे इसका पाप क्षय होवेगा ॥ ७७ ॥ यह बात सुनते पुष्पब्राह्मण व्रताचरण करके शुद्ध होगया ॥ ७८ ॥ अपने धनमेंसे छठाभाग चंडशर्मांको दिया तब नागरब्राह्मण कुपित होके ॥ ७९ ॥ ब्रह्मसभामें बैठके विचार करने लगे एक मध्यस्थ पुरुषके मुखसे चंडशर्मांको और दूसरेको कहला भेजा ॥ २८० ॥ कि चंडशर्मा ब्राह्मणने लोभके लिये सब ब्राह्मणोंका तिरस्कार करके पुष्पब्राह्म-

युक्तेन तिरस्कृत्य द्विजोत्तमान् ॥ पुष्पवित्तमुपादाय प्रायश्चित्तं प्रकीर्तितम् ॥ ८१ ॥ तस्मादेष समस्तानां बाह्यभूतो भविष्यति ॥ नागराणां द्विजेन्द्राणां यथान्यः प्राकृतस्तथा ॥ ॥८२॥ अद्यप्रभृति चानेन यःसंबंधं करिष्यति ॥ सोऽपि बाह्यश्च सर्वेषां नागराणां भविष्यति ॥ ८३ ॥ भोजनं वाथ पानीयं योऽस्य सद्मनि कर्हिचित् ॥ करिष्यति चसोप्येवं पतितः संभविष्यति ॥ ८४ ॥ एवमुक्ता ततस्ते वैजग्मुः स्वंस्वं निकेतनम् चंडशर्मापि सोद्विग्नः पुष्पपार्श्वमुपागतः ॥ ८५ ॥ वृत्तांतं कथयामास पुष्पश्चितातुरोऽभवत् ॥ आराधयज्जगन्मित्रं सूर्यं तीव्रव्रतेन च ॥ ८६ ॥ तुष्टः सूर्यो द्विजं प्राह वरं वृणु मनोगतम् ॥ पुष्प उवाच ॥ ॥ चंडशर्मा द्विजेंद्रोऽयं मदर्थे पतितः कृतः ॥ ८७ ॥ समस्तैर्नागरैर्देव तंतैर्नय समानताम् ॥ श्रीसूर्य उवाच ॥ ॥ एकस्यापि वचो नैव शक्यते कर्तुमन्यथा ॥ ॥ ८८ ॥ नागरस्य द्विजश्रेष्ठ समस्तानां च किं पुनः ॥ परमेष द्विजः पूतश्चंडशर्मा भविष्यति ॥ ॥ ८९ ॥ बाह्योऽयं नागरः ख्यातः समस्ते धरणीतले ॥ एतेषां ये सुताश्चैव भवि-

णको धन लेके शुद्ध किया इसवास्ते यह पापी भया ॥ ८१ ॥ इसवास्ते अपने समूहमेंसे इसको बाहर किया है । जैसा कोई प्राकृत शूद्र होवे वैसा जानना ॥ ८२ ॥ आज दिनसे जो कोई इसके साथ सम्बन्ध करेगा सो भी बड नागर ब्राह्मणके समूहसे बाह्य होवेगा ॥ ८३ ॥ और यह चंडशर्म्माके घरमें जो कोई भोजन करेगा और पानी पीवेगा तो सो भी उसके सरीखा पतित होवेगा ॥ ८४ ॥ ऐसा कहके सब ब्राह्मण अपने अपने घरको चले गये तब चंडशर्म्मा ब्राह्मणने चिंतातुर होके सूर्यदेवताकी आराधना किया ॥ ८५ ॥ ८६ ॥ तब सूर्य प्रसन्न होयके वरदान मांगो ऐसा कहने लगे पुष्प बोला हे सूर्यदेव मेरे निमित्तसे चंडशर्मा ब्राह्मण ज्ञातिमें पतित हुवा है ॥ ८७ ॥ इसवास्ते सब नागरोंके समान होवे वैसा करो सूर्य बोले हे पुष्प ! भक्त नागर ब्राह्मण एकका भी वचन मिथ्या हो सकता नहीं है ॥ ८८ ॥ फिर सबोंका वचन तो मिथ्या कहांसे होगा इसवास्ते चंडशर्मा बडा पवित्र होगा ॥ ८९ ॥ परन्तु नागर ब्राह्मणोंके भेदमें बाह्य नागर नामसे

ष्यंति धरातले ॥ २९० ॥ विख्यातिं तेऽपि यास्यंति मान्याः पूज्या महीभृता ॥ ये चापि बांधवाश्चास्य सुहृदश्च समागताः ॥ ९१ ॥ करिष्यंति समं तेऽपि भविष्यंति सुशोभनाः ॥ एवमुक्त्वा सहस्रांशुस्ततश्चादर्शनं गतः ॥९२ ॥ एतस्मिन्नंतरे पुष्पः प्रहृष्टेनांतरात्मना ॥ चंडशर्मगृहं गत्वा प्रोवाचातिप्रहर्षितः ॥९३॥ तवार्थे च मया सूर्यः कायत्यागेन तोषितः ॥ पतितत्वं न ते काये तत्प्रसादाद्भविष्यति ॥ ९४ ॥ तव पुत्राश्च पौत्राश्च ये भविष्यंति वंशजाः ॥ नागराणां च ते सर्वे भविष्यंति गुणाधिकाः ॥ ९५ ॥ तस्मादुत्तिष्ठ गच्छामो नदीं पुण्यां सरस्वतीम् ॥ तस्यास्तटे निवासाय कृत्वा चैवाश्रमं द्विजाः॥९६॥त्वया सह वसिष्यामि ये चान्ये तेऽनुयायिनः ॥ तान्सर्वान्पोषयिष्यामि त्यज तां मानसीं व्यथाम् ॥ ९७ ॥ तच्छ्रुत्वा चंडशर्मा तु सर्वबंधुभिरन्वितः ॥ नमस्कृत्य पुरं तं च उत्तराभिमुखो ययौ ॥ ९८ ॥ गत्वा सरस्वतीतीरे तस्या दक्षिणदिक्तटे॥स्थानं महत्तरं कृत्वा शिवमाराध्य भक्तितः ९९

पृथ्वीमें विख्यात होवेगा इसके वंशमें आगे भूमिमें जो पुत्रादिक होवेंगे ॥ २९० ॥ वे सब राजसभामें मान्य और पूज्य होवेंगे ॥ ९१ ॥ और इनके भाई बन्धु सब इसका समागम करेंगे तो वे भी उसके समान होवेंगे सूत कहने लगे ऐसा सूर्य वचन कहके अंतर्धान भये ॥ ९२ ॥ पीछे पुष्प ब्राह्मण बडे आनन्दसे चण्डशर्माके घरमें जायके ॥ ९३ ॥ कहने लगा हे मित्र ! तेरे वास्ते देह त्याग पर्यन्त सूर्यका आराधन किया इसवास्ते सूर्यके अनुग्रहसे तेरे देहमें पतितपना नहीं है ॥ ९४ ॥ और आगे पुत्रपौत्रादिक जो होवेंगे वे सबही नागरोंमें ज्यादा गुणवान् विख्यात होवेंगे ॥ ९५ ॥ इसवास्ते यहांसे अब उठो और पुण्यरूपी सरस्वतीके तट ऊपर चलो वहां आश्रम करके ॥ ९६ ॥ तुम्हारे साथ हमभी निवास करेंगे और अपने साथ जो कोई आवेंगे उनका पोषण मैं करूंगा चिन्ता छोड दे ॥ ९७ ॥ ऐसा पुष्पका वचन सुनते वो चण्डशर्मा ब्राह्मण अपने भाई बन्धु जनोंको लेके बडनगरको नमस्कार करके वहांसे उत्तराभिमुख जायके ॥ ९८ ॥ सरस्वतीके दक्षिण तट ऊपर बडा स्थान करके रहे शिवाराधन करके ॥ ९९ ॥

लिंगं संस्थापयामास नगरेश्वरसंज्ञकम् ॥ पुष्पोऽपि स्थापयामास पुष्पादित्यमथापरम् ॥ ३०० ॥ शाकंभरीति विख्याता भार्यासीच्चंडशर्म्मणः ॥ तया संस्थापिता दुर्गा सरस्वत्यास्तटे शुभे ॥ १ ॥ तस्या नाम्ना च सा देवी प्रोक्ता शाकंभरी भुवि ॥ ततः प्रभृति पुण्ये च सरस्वत्यास्तटे शुभे ॥२॥ बाह्यानां नागराणां च स्थानं जातं महत्तरम् ॥ पुत्रपौत्रप्रवृद्धानां दौहित्राणां द्विजोत्तमाः ॥ ३ ॥ चमत्कारपुरस्याग्रे यत्स्थानं विद्यया धनैः ॥ कस्यचित्त्वथ कालस्य विश्वामित्रेण धीमता ॥ ४ ॥ शप्ता सरस्वती कोपात्कृता रुधिरवाहिनी ॥ ततः संसेव्यते हृष्टै राक्षसैः सा दिवानिशम् ॥ ५ ॥ ततस्ते नागरा बाह्यास्तां त्यक्त्वा दूरतः स्थिताः ॥ कांदिशीकास्तथा जाता भक्ष्यमाणास्तु राक्षसैः ॥ ६ ॥ कालांतरेण सा स्वच्छजलाप्यासीत्सरस्वती ॥ कदाचिद्धाटकक्षेत्रे ब्रह्मा यज्ञं चकारह ॥ ७ ॥ तत्रैवे पंचमे घस्त्रे प्राप्तः कैलासलोकतः ॥ दृष्ट्वा मातृगणा ये च ह्यष्टषष्टिप्रमाणतः ॥ ८ ॥

नगरेश्वर नामक लिंगकी स्थापना कियी पुष्पने भी पुष्पादित्य नामक सूर्यकी स्थापना कियी ॥ ३०० ॥ चण्डशर्मा ब्राह्मणकी शाकंभरी नाम करके स्त्री थी उसने सरस्वतीके तट ऊपर अपने नामसे दुर्गादेवी स्थापन किया ॥ १ ॥ उस दिनसे शाकंभरी नाम देवीका प्रसिद्ध भया और उस दिनसे बाह्य नागरोंका स्थान पुत्रपौत्रादिकसे बहुत वृद्धिगत भया ॥ २ ॥ ३ ॥ पीछे कुछेक समयमें बाह्यनगरके स्थानके नजदीक जो सरस्वती नदी थी उसको विश्वामित्र ऋषिने शाप दिया सो रुधिर वाहिनी भई वहां राक्षस बहुत आनन्दसे रहने लगे ॥ ४ ॥ ॥ ५ ॥ और ब्राह्मणोंको भक्षण करने लगे तब बाह्य नागर उस स्थानको छोडके दूर चले गये वे कांदिशीक नागरका भेद जुदा भया ॥ ६ ॥ पीछे कालांतरसे सरस्वती नदी फिर स्वच्छ भई अब नागर ब्राह्मणोंकी अडसठ कुल देवियोंका वर्णन करते हैं एक समयमें हाटक क्षेत्रमें ब्रह्माने यज्ञ किया ॥ ७ ॥ तब पांचवें कार्त्तिकी पूर्णिमाके दिन कैलास लोकसे अडसठ मातृगण आये उनोंको

ततो मध्यगमाहूय स तदा नगरोद्भवम् ॥ ब्राह्मणं श्लक्ष्णया वाचा त्यक्त्वा मौनं पितामहः ॥९॥ त्वं गत्वा मम वाक्येन विप्रान्नगरसंभवान् ॥ प्रब्रूहि गोत्रमुख्यांश्च ह्यष्टषष्टिप्रमाणतः ॥ २१० ॥ एते मातृगणाः प्राप्ता ह्यष्टषष्टिप्रमाणकाः ॥ एकैकगोत्रमुख्याश्च ह्येकैकस्य प्रमाणतः ॥ ११ ॥ स्वेस्वे भूमिविभागे च स्थानं यच्छंतु सांप्रतम् ॥ तच्छ्रुत्वा मध्यगः सर्वान्नाह्वयन्नागरद्विजान् ॥ १२ ॥ यथोक्तं ब्रह्मणा पूर्वं तथा चक्रुश्च ते द्विजाः ॥ ततः सवितृशापेन व्याकुले मातृकागणे ॥ ॥ १३ ॥ औदुंबरी तदोवाच शृणुध्वं मद्वचोऽखिलम् ॥ अष्टषष्टिषु गोत्रेषु भवत्यः सन्नियोजिताः ॥ १४ ॥ पितामहेन तुष्टेन तत्र पूजामवाप्स्यथ ॥ यूयं रात्रौ च संज्ञाभिर्हास्यपूर्वाभिरेव हि ॥ १५ ॥ अद्य प्रभृति यस्यात्र नागरस्य तु मन्दिरे ॥ वृद्धिः संपश्यते काचिद्विशेषान्मंडपोद्भवा ॥ १६ ॥ तथा या योषितः काश्चित्पुरद्वारं समेत्य च ॥ अदृष्टहास्यमाधाय क्षपिष्यंति बलिं ततः ॥ १७ ॥ तेन वो भविता तृप्तिर्देवानां च

देखके॥८॥ब्रह्मा मौनत्याग करके नागरब्राह्मणोंमेंसे एक मध्यस्थ मुख्य ब्राह्मणको बुलायके कहनेलगे ॥ ९ ॥ हे ब्राह्मणाध्यक्ष ! मेरे वचनसे तुम बडनगरमेंसे अडसठ गोत्रोंके जो मुख्य ब्राह्मण हैं उनको कहो कि ॥२१०॥ यह अडसठ मातृगण जो हैं वे एक एक गोत्रमें एकएक कुलदेवीका ग्रहण करें ॥११॥ और अपनी अपनी जगों में कुलदेवीके स्थान कर देवो । ऐसा ब्रह्माका वचन सुनके उस मध्यस्थ ब्राह्मणने सब नागरोंको बुलायके ब्रह्माका अभिप्राय कहा तब सबोंने मान्य किया । पछि सावित्रीके शापसे जब मातृगण व्याकुल भया ॥ १२ ॥ १३ ॥ तब औदुंबरी देवी कंहनेलगी हे मातृगणो ! तुम क्यों व्याकुल होते हो । ब्रह्माने तुमको एकएक गोत्रमें स्थापन किया है । वहां तुम पूजा सन्मान पावोगे आजसे नागरोंके घरोंमें विवाहादिक मंगलका याम रात्रिको हास्य विनोदसे तुम्हारे नामसे पूजा करेंगे ॥ १४ ॥ १५ ॥ १६ ॥ और जो कोई स्त्रियां पुरके द्वारके पास बलिदान देवेंगी तो तुम्हारी तृप्ति होवेगी । जैसी यज्ञमें देवताओंकी तृप्ति होती है वैसी और जो कभी मेरी कहीहुई पूजा न करेंगे तो उनका पुत्र मरण पावेगा इसवास्ते हे मातृ-

यथा मखैः ॥ याः पुनर्न करिष्यंति पूजामेनां मयोदिताम् ॥ ॥ १८ ॥ युष्माकं नगरे तासां पुत्रो नाशमवाप्स्यति ॥ तस्मात्तिष्ठध्वमत्रैव रक्षार्थं नगरस्य च ॥ १९ ॥ इति कुलमातृका ॥ ॥ सूत उवाच ॥ अथान्यामपि वक्ष्यामि वृत्तांतं ब्राह्मणोद्भवम् ॥ कन्यादाने तथा श्राद्धे कुलीनो ब्राह्मणोत्तमः ॥ ३२० ॥ तत्र ये नागराः सर्वे वेदवेदांगपारगाः ॥ श्रेष्ठास्तेष्वपि संप्रोक्ताः श्रेष्ठाश्चाष्टकुलोद्भवाः ॥ २१ ॥ भर्तृयज्ञेन विप्राणां मर्यादा स्थापिता ततः ॥ ॥ ऋषय ऊचुः ॥ ॥ कस्मात्ते नागरा भूत्वा विप्राश्चाष्टकुलोद्भवाः ॥ २२ ॥ सर्वेषामुत्तमा जाताः प्राधान्येन व्यवस्थिताः ॥ सूत उवाच ॥ दैत्यैः पराजितश्चेंद्रो गत्वा विष्णुमुवाच ह ॥ ॥ २३ ॥ यत्र श्राद्धेन मुक्तिर्वै तत्क्षेत्रं मे समादिश ॥ विष्णुरुवाच ॥ ॥ हाटकेश्वरजे क्षेत्रे कन्यासंस्थे दिवाकरे ॥ अमायां वा चतुर्दश्यां यः श्राद्धं कुरुते नरः ॥ २४ ॥ अष्टविंशोद्भवैर्विप्रैः स पितॄस्तारयेन्निजान् ॥ तत्क्षेत्रप्रभवा विप्रा अष्टवंशसमुद्भवाः ॥ २५ ॥ तप उग्रं समास्थाय वर्तंते हिम-

गणो ! तुम यहां रहो और नगरकी रक्षा करो ऐसी नागरोंकी कुलदेवी स्थापन भई ॥१७॥१८॥१९॥ सूत कहनेलगे हे शौनक ! एक और वृत्तांत कहता हूं कन्यादानमें और श्राद्धमें कुलवान ब्राह्मण लेना ॥ ३२० ॥ तब पूर्वोक्त सबमें श्रेष्ठ कुलवान् कौनहैं ? उसके ऊपर कहतेहैं कि नागर ब्राह्मण हैं वे वेदशास्त्रसंपन्न उत्तम हैं । परन्तु उनमें अष्टकुली कहते आठ कुलके ब्राह्मण उत्तम हैं॥२१॥भर्तृयज्ञ राजाने ब्राह्मणोंकी मर्यादा स्थापन कियी है शौनक पूछतेहैं हे सूत ! अष्टकुली ब्राह्मण उत्तम कैसे भये सो कहो। सूत कहनेलगे एक समयमें दैत्योंसे पराजय पाये इंद्र विष्णुके पास जायके पूछनेलगे॥२२॥२३॥हे महाराज ! जहां श्राद्ध करनेसे मुक्ति होवे वह क्षेत्र बताओ । विष्णु कहनेलगे हे इंद्र ! हाटकक्षेत्रमें कन्यासंक्रांतिमें चतुर्दशी या अमावास्या उस दिन जो पुरुप भक्तिसे अष्टकुली नागरब्राह्मणोंको बुलायके श्राद्ध करेगा ॥२४॥ तो वह अपने पितरोंका उद्धार करेगा । वे अष्टकुली कौन हैं ? सो सुनो वे हाटकक्षेत्रमें आठ गोत्रके आठ ब्राह्मण पैदा भये ॥ २५ ॥ वे आनर्त राजाके दान लेनेके भयसे

पर्वते ॥ आनर्ताधिपतेर्दानाद्भीतास्तत्र समागताः ॥ २६ ॥ तान्गृहीत्वा द्रुतं गच्छ तत्र सम्बोध्य गौरवात् ॥ तदेंद्रो विष्णु वाक्येन हिमवन्तं समागतः ॥२७॥ ऐरावतं समारुह्य नागेंद्रं पर्वतोत्तमम् ॥ तत्रापश्यदृषींस्तान्स चमत्कारपुरोद्भवान् ॥ ॥ २८ ॥ वानप्रस्थाश्रमोपेतान्दारुणे तपसि स्थितान् ॥ तदा तैः पूजितश्चेन्द्रो ब्राह्मणानिदमब्रवीत ॥ २९ ॥ भो द्विजाश्च मया सार्द्धं समागच्छंतु हाटके ॥ चमत्कारपुरे विष्णोराज्ञयाहं समागतः ॥ ३३० ॥ तत्र श्राद्धं करिष्यामि युष्मदग्रे द्विजोत्तमाः ॥ सबालवृद्धपत्नीकाः साग्निहोत्रा मया सह ॥ ३१ ॥ तस्माद्गच्छथ भद्रं वस्तत्रस्थानं भविष्यति ॥ अष्टकुलब्राह्मणा ऊचुः ॥ ॥ न वयं तत्र यास्यामश्चमत्कार-पुरं पुनः ॥३२॥ अन्येऽपि नागराः संति वेदवेदांगपारगाः ॥ तेषामग्रे कुरु श्राद्ध तदेंद्रो वाक्यमब्रवीत् ॥ ३३ ॥ तत्र ये ब्राह्मणाः संति वेदवेदांगपारगाः ॥ अपि ते द्वेषसंयुक्ताः शेषा-स्ते त्यक्तसौहृदाः ॥ ३४ ॥ यूयं सर्वगुणोपेता विष्णुना ये प्रकीर्तिताः ॥ यदि श्राद्धकृते तत्र नायास्यथ द्विजोत्तमाः ॥

उस क्षेत्रको छोडके हिमालय पर्वतके ऊपर जाके उग्र तपश्चर्या कर रहे हैं ॥ २६ ॥ उनको जल्दीसे लायके श्राद्ध कर ऐसा विष्णुका वचन सुनते ॥२७॥ इंद्र ऐरावत हाथी ऊपर बैठके हिमालय पर्वतके ऊपर गया वहां चमत्कारपुरके ब्राह्मण वान-प्रस्थाश्रम धारण करके तप कर रहे थे। उनको देखके इन्द्र कहने लगा ॥२८॥२९॥ इंद्र कहने लगे हे ऋषीश्वरो ! विष्णुकी आज्ञासे मैं यहां आयाहूं तुम मेरे साथ हाटक क्षेत्रमें चलो ॥ ३३० ॥ वहां तुम्हारे साक्षीसे श्राद्ध करताहूं इसवास्ते स्त्री पुत्र सह वर्तमान अग्निहोत्रको लेके मेरे साथ चलो॥३१॥तुम्हारा और वहांके लोगोंका कल्याण होगा अष्टकुल ब्राह्मण कहने लगे हे इंद्र! हम पुनः चमत्कारपुरमें नहीं आते ॥३२॥ वहां दूसरे नागर ब्राह्मण अच्छे वेदशास्त्रसंपन्न हैं उनकी साक्षीसे तुम श्राद्धकरो तब इंद्र कहने लगे कि ॥३३॥ वहां ब्राह्मण तो हैं परंतु द्वेषी और कितनेक दयाहीन हैं ॥ ३४ ॥ इस वास्ते तुम तो सर्वगुण सम्पन्न हो विष्णुने मुझको कहा है इस

॥ ३५ ॥ ततः शापं प्रदास्यामि तस्माद्गच्छत सत्वरम् ॥ इत्युक्तास्तेन ते सर्वे शक्रेण सहतत्क्षणात् ॥ ३६ ॥ कश्यपश्चैव कौंडिन्य औक्ष्णशः शार्क्कवो द्विषः ॥ वैजापष्षष्ठकः प्रोक्तः कापिष्ठलोषिकौ तथा ॥३७॥ एतत्कुलष्टाकं प्राप्तमिंद्रेण सह भो द्विजाः ॥ चमत्कारपुरे तत्र गयाकूपमुपागतम् ॥ ॥ ३८ ॥ ततः स्नात्वाह्वयामास श्राद्धार्थे पाकशासनः ॥ तदा देवाश्च पितरः प्रेतरूपाश्च ये तथा ॥ ३९ ॥ प्रत्यक्षरूपिणः सर्वे द्विजोपांते समाश्रिताः ॥ एकोद्दिष्टे कृते श्राद्धे प्रेतत्वेन विवर्जिता ॥ ३४० ॥ शक्र शक्र महाबाहो येषां श्राद्धं कृतं त्वया ॥ ते वयं स्वर्गमापन्नाः प्रसादात्तव वासव ॥४१॥ तच्छ्रुत्वा वासवो वाक्यं हर्षेण महतान्वितः ॥ अहो तीर्थमहो तीर्थं शंसमानः पुनः पुनः ॥ ४२ ॥ बालमंडनसान्निध्ये स्थापयित्वा च शंकरम् ॥ ततो होमावसाने तु तर्पयित्वा द्विजोत्तमान् ॥ ४३ ॥ दक्षिणायां ददौ तेषामाघटं स्थानमुत्तमम् ॥ मां कूले संस्थितं यच्च दिव्यप्राकारभूषितम् ॥ ४४ ॥ सर्वेषामेव विप्राणां सामान्येन ऋषीश्वराः ॥ ततोऽष्टकुलिकान्

ऊपर भी जो आप श्राद्ध करावनेके नहीं चलनेको ॥३५॥ तो तुमको शापित करूंगा इस वास्ते जलदी चलो ऐसा वचन सुनते तत्काल वे आठों ऋषी इंद्रके साथ आये कश्यपगोत्री कौंडिन्यगोत्री औक्षणशगोत्री शार्कगोत्री विषगोत्री वैजापगोत्री कापिष्ठल गोत्री उषिकगोत्री यह सब चमत्कारपुरमें गयाकूपके ऊपर आयके बैठे ॥३६-३८ ॥ तब इंद्र स्नान करके श्राद्धके वास्ते देव पितर जो प्रेतरूप होगये थे ॥३९॥ वे सब प्रत्यक्षरूप धारण करके उन अष्टकुली ब्राह्मणोंके पास आयके बैठे उस बखत इंद्रने एकोद्दिष्ट श्राद्ध किया तब देव और पितृगण प्रेतजन्मसे मुक्त होगये ॥ ४० ॥ और इंद्रको कहने लगे हे इंद्र ! तुमने हमारा श्राद्ध किया उससे हमको तुम्हारे अनुग्रहसे स्वर्ग प्राप्त भया ॥ ४१ ॥ इंद्र उनका वचन सुनते बडा हर्षित होयके वारंवारि तीर्थकी प्रशंसा करने लगा ॥ ४२ ॥ पीछे बालमंडनके नजदीक शिवका स्थापन करके होम किया ब्राह्मणभोजन करवायके दक्षिणामें अघाट नाम करके एक

विप्रान् समाहूयाब्रवीदिदम् ॥ ४५ ॥ युष्माभिस्तु सदा कार्या चिंता लिंगसमुद्भवा ॥ अस्य यस्मान्मयादत्ता वृत्तिश्चन्द्रार्क-कालिकी ॥ ४६ ॥ लिंगचिन्तासमुद्भूतं श्रूयतामत्र कारणम् ॥ अष्टकुलब्राह्मणा ऊचुः ॥ ॥ न वयं विबुधश्रेष्ठ करिष्यामो वचस्तव ॥ ४७ ॥ लिंगचिन्तासमुद्भूतं श्रूयतामत्र कारणम् ॥ ब्रह्मस्वं विबुधस्वं च तडागोत्थं विशेषतः ॥४८॥ भक्षितं स्वल्पमप्यत्र नाशयेत्सप्तपूर्वजान् ॥ अथ तं मध्यगः प्राह कृतांजलिर्द्विजोत्तमः ॥ ४९ ॥ दृष्ट्वान्यमनसं शक्रं कृत-पूर्वोपकारिणम्॥देवशर्माभिधानस्तु विख्यात प्रवरैस्त्रिभिः ॥ ॥ ३५० ॥ अहं चिन्तां करिष्यामि तव लिंगसमुद्भवाम् ॥ अपुत्रस्य तु मे पुत्रं यदि यच्छसि वासव ॥ ५१ ॥ यस्मात्संजायते वंशो यावदाभूतसंप्लवम् ॥ तच्छ्रुत्वा वासवो हृष्टस्तमुवाच द्विजोत्तमम् ॥ ५२ ॥ इंद्र उवाच ॥ ॥ भविष्यति शुभस्तुभ्यं पुत्रो वंशधरः परः ॥ धर्मात्मा सत्यवादी च देवस्वपरिवर्जकः ॥ ५३ ॥तस्यान्वये

उत्तम नगर रहनेको दिया सब ऋषियोंके पीछे अष्टकुली ब्राह्मणोंको बुलायके इंद्र कहनेलगे ॥४३-४५॥ हे महाराज! ये शिवकी पूजा आप लोगोंने संभालना और इसकी पूजा निर्वाहके वास्ते चन्द्र सूर्य पर्यन्त बारहग्रामोंकादान करताहूं सो लेवो तब अष्टकुल ब्राह्मण कहने लगे हे इंद्र! यह वचन तुम्हारा हम करनेके नहीं॥४६॥४७॥ उसका कारण सुनो ब्राह्मण धन देवताका धन और धर्मार्थ जलका स्थान बावडी तलावका धन थोडा भी खानेमें आया तो सात पूर्वज वंशोंको डुबाता है ऐसा वचन सुनते इंद्रका मन दूसरे ठिकाने जानेलगा यह देखके इंद्रने उपकार किया है ऐसा जानके पूर्वोक्त आठ ब्राह्मणोंसे एक देवशर्म्मा ब्राह्मण हाथ जोडके इंद्रको कहनेलगे ॥ ४८-३५० ॥ हे इंद्र ! तुम्हारी शिवलिंग पूजाका कार्य मैं चलाऊंगा परन्तु मैं अपुत्र हूं मुझको पुत्र जो देओगे जिससे आगे मेरा वंश चंद्रसूर्य तक चले ऐसा ब्राह्मणका वचन सुनते इंद्र प्रसन्न होके ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ कहता है हे ब्राह्मण ! तेरा अति उत्तम, धर्मात्मा, सत्यवादी, वंशबृद्धि करनेवाला, देव द्रव्य वर्ज करनेवाला ऐसा पुत्र होवेगा ॥ ५३ ॥ और उसके आगे भी जो वंशमें होवेंगे वे

तु ये पुत्रा भविष्यंति महाधियः॥ ते सर्वेऽत्र भविष्यंति तद्रूपा वेदपारगाः ॥ अपरं शृणु मे वाक्यं यत्ते वक्ष्यामि सद्द्विज ॥ ५४ ॥ तथा शृण्वंतु विप्रेंद्राःसर्वे येऽत्र समागताः ॥ बालमंडनके तीर्थे मयैतल्लिंगमुत्तमम् ॥ ५५ ॥ चतुर्वक्रसमादेशा च्चतुर्वक्रप्रतिष्ठितम्॥ग्रामा द्वादश ये दत्ता मया देवस्य चास्य भोः ॥५६॥ तथा वसिष्यंति च ये विप्रा वृद्धि श्राद्ध उपस्थिते॥ ते श्राद्धं प्रथमं चास्य कृत्वा श्राद्धं ततः परम् ॥ ५७ ॥ तत्कृत्यानि करिष्यंति ततो विघ्नेन वर्जिताः ॥ वृद्धिं संपश्यते तेषां नो चेद्विघ्नं भविष्यति॥५८॥माघमासे सिते पक्षे त्रयोदश्यादिने स्थिते ॥ तद्ग्रामसंस्थिता लोका यत्रागत्य समाहिताः ॥५९ ॥ बालमंडनके स्नात्वा लिंगमेतत्समाहिताः ॥ पूजयिष्यंति सद्भक्त्या ते यास्यंति परां गतिम् ॥ २६० ॥ सूत उवाच ॥ ॥ एतदुक्त्वा सहस्राक्षः ततश्चाष्टकुलान् द्विजान् ॥ अग्रतः कोपसंयुक्तस्ततो वचनमब्रवीत् ॥ ६१ ॥ एतैः सप्तकुलैर्विप्रैः यत्कृतं वचनं न मे ॥ कृतघ्नैस्तान्शपिष्यामि कृतघ्नत्वादसंशयम्॥मम वाक्यादपि प्राप्य एते लक्ष्मीं द्विजोत्तमाः ॥ ६२ ॥ निर्धनाः संभविष्यंति नीत्वापद्वारतोऽखि-

सब वेदशास्त्र संपन्न होवेंगे। और एक वचन दूसरा कहताहूं सो सुनो ॥ ५४ ॥ बालमंडन तीर्थके ऊपर मैंने चतुर्वक्र जो ब्रह्मा उनकी आज्ञासे लिंग स्थापन कियाहै इस वास्ते चतुर्वक्रेश्वर महादेव हैं। और इनको बारह ग्राम दिये हैं ॥ ५५॥५६ ॥ इनमें जो ब्राह्मण रहेंगे वे मांगलिया कृत्योंमें इनका श्राद्ध करके पीछे नांदीश्राद्ध करेंगे तो उसको विघ्न होनेका नहीं और न किये तो विघ्न होवेगा ॥५७॥५८ ॥ और माघशुक्ल त्रयोदशीके दिन जो बारह ग्रामके लोक हैं वे सब यहां आयके ॥५९॥ बालमंडन तीर्थमें स्थान करके चतुर्वक्र महादेवकी पूजा करेंगे।भक्तिसे तो उनको परम गति प्राप्त होवेगी ॥२६०॥ सूत कहनेलगे इंद्र इतना कहके अष्टकुल ब्राह्मण जो सामने खडे थे उनको वचन कहनेलगे ॥ ६१ ॥ यह सात कुलके ब्राह्मणोंने मेरा वचन मान्य नहीं किया और कृतघ्न हैं इसवास्ते उनको शाप देताहूं ॥६२॥ मेरे वचनसे इनको लक्ष्मी

लम् ॥ भक्तानां च परित्यागमेतेषां वंशजा द्विजाः ॥ ६३ ॥ करिष्यंति न संदेहो यथा मम सुनिष्ठुराः ॥ दाक्षिण्यरहिताः सर्वे तथा बह्वाशिनः सदा ॥ ६४ ॥ एवमुक्त्वाथ तान् विप्रान् गतो हि त्रिदिवालयम् ॥ हरिकृष्णः-अतःपरं प्रवक्ष्यामि कथा माधुनिकीं शुभाम् ॥ ६५ ॥ यथा भेदाश्च ह्यभवन् नागराणां द्विजन्मनाम् ॥ तत्रादौ वणिजां भेदं प्रवक्ष्यामि विषेशतः ॥६६॥ गर्ततीर्थोद्भवा विप्रा यथा जाता वणिग्वराः ॥ एतदेव-युगे पूर्वं तानसैनेति विश्रुतः ॥ ६७ ॥ गंधर्वविद्याकुशलो दीपकेन यदा स्वयम् ॥ संदह्यमानसर्वांगो भ्रमन् हाटकमाययौ ॥ ६८ ॥ तदा तद्दुःखमालोक्य ब्राह्मण्यो नागरोद्भवाः ॥ गायने कुशलास्सर्वा मल्लारं प्रजगुर्यदा ॥ ६९ ॥ तदासौ शांतिमापेदे हर्षेण च समन्वितः ॥ दिल्लीदेशाधिपं गत्वा जगौ वृत्तांतमादितः ॥ ३७० ॥ जहांगिरोपीतच्छ्रुत्वा सौंदर्यादिगुणैर्युताः ॥ आहूता अपि नायातास्तदासौ

प्राप्त होवेगी तथापि निर्धन रहेंगे और भक्तोंका त्याग करेंगे ॥ ६३ ॥ निष्ठुर और बहुत भोजन करेंगे ऐसा ऐसा कहके इंद्र स्वर्गमें चला गया। ऐसे बडनगरे ब्राह्मणोंमें अष्टकुली ब्राह्मण उत्तम कहे जाते हैं ! अब आगे हालकी बखतमें जो जो वृत्तांत भया है और जैसी वर्तनूक चल रही है सो कहता हूं ॥ ६४ ॥ ६५ ॥ उसमें पहिले नागर बानिये कैसे भये सो कहता हूं ॥ ६६ ॥ पहिले गर्ततीर्थोत्पन्न ब्राह्मण जो कहे हैं वेही सब नागर बानिये भये हैं। कई एक कलियुगमें शालिवाहन शकके सालमें जहांगीर बादशाहकी मजलिसमें गानेवाला बडा गुणवान् तानसेन गवैया था ॥ ६७ ॥ सो दीपक रागका गायन करते करते उसके आलापके प्रेमसे जिस बखत शरीरमें आग पैदा भई उससे जलने लगा तब वह अग्नि कुछ जलसे बूझता नहीं है मल्लार राग सुननेमें आवे तो शांति होवे । इसवास्ते चारों मुलक फिरते फिरते बडनगरमें आया ॥ ६८ ॥ तब वहां नागर ब्राह्मणोंकी स्त्रियां गायनकलामें निपुण थीं सो तानसेनका दुःख जानके मल्लारराग गाने लगीं ॥ ६९ ॥ तब तानसेन गवैया मल्लार राग सुनते शांत भया । बडे आनंदसे फिर दिल्लीके बादशाहके पास जायके वृत्तांत कहा ॥३७०॥ जहांगीर बादशाहनेभी सारी पृथ्वीमें नागर ब्राह्मणोंकी स्त्रियां बडी स्वरूपवती और गुणवती हैं ऐसा जानके

कोपपूरितः ॥ ७१ ॥ सेनापतिमुवाचेदं युद्धे हत्वा द्विजाधमान् ॥ आनयस्व ममाग्रे तं स्त्रीसमूहं गुणैर्युतम् ॥ ७२ ॥ सोऽपि सेनां समादाय गत्वा हाटकमुत्तमम् यदा न प्रददुर्भार्यास्तदारेभे निबर्हणम् ॥ ७३ ॥ तत्र नागरविप्राणां विनाशः समभून्महान् ॥ वापीकूपतडागेषु स्त्रियः प्राणांस्रहुः किल ॥ ७४ ॥ लब्ध्वावकाशमपरे स्थानात्तस्मात्पलायिताः ॥ अनूपवीतिनस्त्याज्या हन्या वै सोपवीतिनः ॥७५॥ एवं तेषां सुनियमं श्रुत्वा गर्तोद्भवा द्विजाः ॥ सूत्रं त्यक्त्वा वयं शूद्रा इत्युक्त्वा च बहिर्गताः ॥ ७६ ॥ सार्द्धं चतुःसप्ततिश्च शतान्यापुस्तु शूद्रताम् ॥ ब्रह्मकर्मपरिभ्रष्टावणिग्वृत्त्योपजीविनः ॥ ७७ ॥ द्विसहस्रं गतास्तेभ्यः पट्टने सुमनोहरे ॥ चतुर्दशशतान्येव गताः सौराष्ट्रदेशके ॥ ७८ ॥ तत्र द्वादशग्रामाणां भेदेनैव व्यवस्थिताः ॥ द्विस-

उन स्त्रियोंको अपने राज्यमें बुलाया तथापि वे स्त्रियां आईं नहीं तब कोपयुक्त होके ॥ ७१ ॥ अपने सेनापति जो फौजका मालक उनको बुलायके कहा कि उन सब नागर ब्राह्मणोंको मारके गुणवती स्त्रियोंको मेरे पास लावो ॥ ७२ ॥ तब सेनापतिने सेना लेके बडनगरमें आयके स्त्रियां मांगी परन्तु ब्राह्मणोंने स्त्रियां दी नहीं तब बडा युद्ध भया ॥ ७३ ॥ उससे लडाईमें नागर ब्राह्मणोंका बहुत नाश भया स्त्रियोंने बावडी कूवे तालावमें प्राणत्याग किये ॥ ७४ ॥ कितनेक ब्राह्मण अवकाश देखके भाग गये यवनोंने ऐसा निश्चय किया था कि जिनके गलेमें जनेऊ हो उनको मारना और जिनके गलेमें जनेऊ न हो उनको छोड देना ॥ ७५ ॥ ऐसा निश्चय सुनके गर्ततीर्थके ब्राह्मण सब यज्ञोपवीतके त्याग करके हम शूद्र है ऐसा कहके बडनगरसे बाहर निकल गये ॥ ७६ ॥ उस बखत साडे चौहत्तर सौ ७४५० ब्राह्मण शूद्र होगये ब्रह्मकर्मसे छूट गये वणिक् वृत्तीसे उपजीविका करने लगे और जगतमें वही खातेके आरम्भमें और देशावरके कागद लिखनेके आरम्भमें ऐसा ७४ ॥ साडे चौहत्तरका अंक लिखते हैं उनका कारण यह है कि हम इस वहीमें या कागजमें झूठ लिखेंगे तो साडे चौहत्तर सौ ब्रह्महत्याका पाप होगा ऐसी प्रतिज्ञाके वास्ते लिखते हैं ॥ ७७ ॥ अब उन साडे चौहत्तर सौमेंसे दो हजार सिद्धपुर पाटणमें गये वे पटनी नागर भये और चौदह सौ प्रभास पाटनके जिल्हेमें गये ॥ ७८ ॥ वहां बारहगावोंका जथा बांधके रहे

हस्रं स्थितास्तद्वदेशे गुर्जरसंज्ञके ॥ ७९ ॥ द्वादशग्रामभेदेन तेऽपि तत्र व्यवस्थिताः ॥ द्विसहस्रं स्थिताः पश्चाच्चित्रदुर्गे वणिग्वराः ॥ ३८० ॥ तमनु ब्राह्मणाः सर्वे स्वल्पकालेन निर्ययुः ॥ तत्र केचन तन्नाम्ना विख्याताश्चाभवन्द्विजाः ॥ ८१ ॥ चित्रदुर्गाख्यविप्राश्च वणिजश्चाभवंस्ततः ॥ त्रयस्त्रिंशद्ग्रामसंस्थैर्वणिग्विप्रगणैस्सह ॥ ८२ ॥ भोजनादिकसंबधस्त्यक्तस्तेन पृथक् स्थिताः ॥ एतद्द्विजसमूहे तु विवाहसमये वरः ॥ ८३ ॥ ओयलीं मस्तके धृत्वा मातृदर्शनवर्जितः ॥ कृत्वा पाणिग्रहं पश्चात्कुलदेवीं प्रपूजयेत् ॥ ८४ ॥

उनको सोरठिया संबा कहते हैं अब बारह ग्रामोंके नाम कहतेहैं, पहिला जूनागड१ मांगरोल २ पोरबंदर ३ नवानगर ४ भूज ५ ऊना ६ देलवाड ७ प्रभासपाटण ८ महूवा ९ वासा बडा १० घोघा ११ और दो हजार गुजरातमें रहे ॥ ७९ ॥ वे गुजराती संबाक होगये उनके भी बारागाँवके नाम कहतेहैं। अमदाबाद १पेटलाद २ नाडियाद ३ बडोदरा ४ खंबात ५ सोजितरा ६ कन्याली ७ सीनोर ८धोलका९ विरमगाँव १० सुमधा ११ आसी १२ और दो हजार चित्तौडगढमें गये वे चित्रोडे नागर भये ॥ ३८० ॥ ऐसे चौहत्तर हजार जो जनेऊ छोडके चलेगये रहे उनके पीछे थोडे दिनोंमें बडनगरे ब्राह्मण भी गये वे उन उन स्थानोंके नामसे विख्यात भये ॥ ८१ ॥ जो चित्तौडगढमें गर्त ब्राह्मण गये वे चित्रोडे बानिये भये। और पीछेसे बडनगेर ब्राह्मण गये वे चित्रोडे नागर ब्राह्मण भये पीछे तैतीस गाँवोंका संबंध खानेपीने और कन्या लेने देनेका इन्होंने रखा नहीं इसवास्ते यह चित्रोडे ब्राह्मण बानियोंकी जथा जुदा होके रही ह। अब तैंतीस गाँव कौनसे सो कहते हैं पहिले सोरठी संबाके गाँव १२ दूसरे गुजरात संबाके गाँव १२ तीस पोलकी संबाके गाँव सूरत १ डुंगरपुर २ वासवडा ३ पाटण ४ मथुरा ५ काशी ६ बरानपोर ७ अणहितपुर ८ वोलम ९ वोझा १० इडर ११ डावला १२ पाटण वगैरह छः पोल जुदी है सूरत बराणपुर काशी यह तीनों गाम अकेले हैं यह तीनों संबामेंग्राम ३३ समें सब बडनगरोंका भेद है ॥ ८२ ॥ अब चित्रोडे की ज्ञातिका विशेष वर्णन करते हैं चित्रोडे ब्राह्मणोंमें विवाहमें वरराजा ॥८३॥ शिरपर ओयली कहते लाल पीली हरी तीनों रंगकी रेशमी तापतेकी लंबी चिरिसी लायके बांधके सुसरेके घरको आना हस्तमिलाप होते तक बरकी मां सामने आवे नहीं

भित्तौ रंगमयीं सप्तरूपां दीपोपरिस्थिताम् ॥ वणिग्गृहे विवाहे तु पायजाख्यं विधिं शुभम् ॥ ८५ ॥ कुर्वंति पूर्वदिवसे रात्रौ देवीप्रपूजनम् ॥ पर्पटादिपदार्थैश्च पंचपंचप्रसंख्यकैः ॥ ८६ ॥ हरिद्रानारिकेलानि कर्पासं लवणं तथा ॥ तांबूलानि शलाकाश्च वटका मोदकास्तथा ॥ ८७ ॥ कपर्दिकाः पञ्चसंख्या पाचिकाख्यास्तथैव च ॥ वंशपात्रे गृहीत्वैवं पंचजामातृसंयुतः ॥ ८८ ॥ कन्यां गृहीत्वा संगच्छेद्वाररराजगृहं प्रति ॥ तत्र कन्या स्वहस्तेन पूजां चैव समाचरेत् ॥ ८९ ॥ गृहीत्वा मंगलं वस्त्रं पुनः स्वगृहमाव्रजेत् ॥ दिक्संज्ञा विंशतिः संज्ञा दुर्गस्थानां न विद्यते ॥ ३९० ॥ अथ नागरविप्राणां भेदं वक्ष्यामि विस्तरात् ॥ पूर्वोक्तगोत्रजा विप्रा ये वृद्धनगरे स्थिताः ॥ ९१ ॥ ते वृद्धनागरा विप्रा विख्याता धरणीतले ॥ भिक्षुकाश्च गृहस्थाश्च वक्ष्येऽथापि द्वितीयकम् ॥ ९२ ॥

फिर पाणिग्रहण हुए बाद वरकन्या दोनोंने कीबु कहते कुलदेवीका पूजन करना उसकी रीति ॥ ८४ ॥ भीतके ऊपर रंगकी ७ मूर्ति निकालके उसके सामने दीप रखना उसके ऊपर धातुका पात्र ढाँकके दोनोंवर कन्याओंने उसके ऊपर बैठके पूजा करनी चित्रोडे बानियोंके घरमें विवाहके पहिले दिन रात्रिमें पायजा नाम करके कुलदेवीकी पूजा करते हैं, उसकी विधि-वंशपात्रमें पापड जाडे २५ उनमें ५ कुंकुम लगाये हुए ५ जीरेके ५ धानियेके ५ चना डालके ऐसे । और पापड बारीक २५ सेवइये लडुवा २५ खाजलिया २५ उडदके बडे २५ बीडे पानके २५ शलाका नारियल ५ पीचीके ५ कौडिया ५ हल्दीकी गाँठ ५ निमक सेर । कपास २ कुंकुम चाँवल पूजाके वास्ते यह सब पदार्थ छाबके लेके कन्या सहित पांच जँवाई वरके घरको आवे उनको एक एक नारियल देना बाद सफेद वस्त्र कन्याको लपेटके कन्याके हाथसे पूजा करवाना । बाद मंगल घाटडी १ और मिठाई सेर १ कन्याके हाथमें देना । पीछे कन्या अपने घरको आवे । ऐसी रीति अनेक हैं और चित्रोडे बानियोंमें दसा विसाका भेद नहीं है ॥ ८५–३९० ॥ अब नागर ब्राह्मणोंका भेद कहते हैं । पहिले बहत्तर गोत्रके ब्राह्मण जो बडनगरमें रहे बडेनगेर ब्राह्मण कहे जाते हैं । उनमें भिक्षुक नागर और गृहस्थ

पृथ्वीराजचरित्रोक्तं विसलस्य कथानकम् ॥ आसीद्विसलदेवो वै राजा गुर्जरदेशके ॥ ९३ ॥ षट्त्रिंशदुत्तरनवशते शाके च वैक्रमे ॥ स्वनाम्ना नगरं कृत्वा यज्ञं चक्रे नृपोत्तमः ॥९४॥ तद्द्रष्टुमागतान्विप्रान्नागरान्वृद्धसंज्ञकान् ॥ दक्षिणां दातुमारेभे राजा प्रेमसमाकुलः ॥ ९५ ॥ न कुर्महे वयं सर्वे राजन्दानप्रतिग्रहम् ॥ तच्छ्रुत्वा नृपतिः प्राह तांबूलं तर्हि गृह्यताम् ॥९६॥ इत्युक्त्वा नृपतिस्तत्र लिखित्वा ग्रामनामकम् ॥ तांबूलवीटिकामध्ये ददौ ब्राह्मणहस्तके ॥ ९७ ॥ उद्घाट्य वीटिकां विप्रा दृष्ट्वा ग्रामस्य नामकम् ॥ प्रतिग्रहो बलाज्जातस्तस्मात्स्वीकुर्महे वयम् ॥ ९८ ॥ ततः प्रभृति ते विप्रा विसलग्रामवासिनः ॥ वृद्धात्प्रभिन्नाः संजाता वणिजश्च तथैव हि ॥ ९९ ॥ समूहो द्विविधस्तेषां ग्रामभेदेन चाभवत् ॥ मिथः कन्याविवाहं च न कुर्वंति विशेषतः ॥ ४०० ॥ साटोदकृष्णसाचोरग्रामाणां त्रितयं ततः ॥ ददौ विसलदेवो वै

नागर ऐसे दो भेदसे कहेजातेहैं ॥ ९१॥९२ ॥ अब विसलनगर ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहताहूं। पृथ्वीराजरासेमें कथा लिखीहै गुजरात देशमें ॥ ९३ ॥ विक्रमसंवत् ९३६ के सालमें विसलदेव नाम करके राजा था उसने अपने नामसे एक नगर बसाया और पापसे मुक्त होनेके वास्ते वहां यज्ञ किया ॥ ९४ ॥ तब उस यज्ञ देखनेके वास्ते बडनगरसे बडनगरे ब्राह्मण आये। उनको देखके राजा प्रेमसे दक्षिणा देने लगे ॥ ९५ ॥ तब ब्राह्मण कहने लगे कि हम दान लेते नहीं। तब राजाने कहा कि दान दक्षिणा नहीं लेते तो तांबूल ग्रहण करो ॥ ९६ ॥ ऐसा कहके विसलनगर ग्रामका नाम पानमें लिखके बीडा ब्राह्मणके हाथमें दिया ॥ ९७ ॥ ब्राह्मणने बीडा खोलके देखा तो भीतर गामका नाम देखके विचार किया कि बलात्कारसे प्रतिग्रह तो होगया, अब स्वीकार करना अवश्यहै ॥९८॥ ऐसा निश्चय करके विसल नगरका दान लिया और उसके संबंधी वहां आयके रहे वह नगर सिद्धपुरसे दक्षिणमें बारह कोसके ऊपर है । बडनगर पूर्वमें पांच कोसके ऊपर है। फिर उसदिनसे विसल नगरे ब्राह्मण नामसे विख्यात भये ॥९९॥ उनमें संवा दो हैं। एक वीसनवरा, दूसरा अमदावादी कहाजाता है। इनमें कन्या परस्पर देते नहीं ॥ ४०० ॥ फिर और विसलदेवने ब्राह्मणोंको साटोद, कृष्णो, साचोर ऐसे तीन गांव बीडेमें

ब्राह्मणानां विशेषतः ॥ १ ॥ ततः प्रभृति तन्नाम्ना विख्याता ह्यभवन्द्विजाः ॥ आचारादिप्रभेदेन पृथक्त्वेन स्थिताश्च ते ॥ २ ॥ बाह्यनागरभेदश्च पूर्वमेव प्रकीर्तितः ॥ चंडशर्म्मा ब्राह्मणश्च पुष्पविप्रस्य योगतः ॥ ३ ॥ अथान्यज्ञातिविप्रस्य कन्यायाश्च प्रतिग्रहात् ॥ बारडाख्या ज्ञातिरेका त्यक्तकर्मा विशेषतः ॥ ४ ॥ प्रश्नोत्तराणां भेदश्च पूर्वमुक्तस्सविस्तरात ॥ दुर्वाससः सुशीलस्य प्रश्नोत्तरकथानकम् ॥ ५ ॥ कांदिशीक-प्रभेदो वै ब्राह्मनागरमध्यगः ॥ सर्वेष्वेतेषु श्रेष्ठो वै विप्रो ह्यष्ट कुलोद्भवः ॥६॥ चतुरशीतिगोत्राणि पूर्वं तेषां द्विजन्मनाम् ॥ क्षेत्रनिर्माणसमये ततो द्वादशगोत्रजाः ॥ ७ ॥ विप्रा गताश्च

दान दिये ॥१॥ उस दिनसे साठोदरे नागर कृष्णारे नागर साचोरे नागर ऐसे नामसे विख्यात भये । अब सब यह ब्राह्मण पहिले बडनगरे थे । परन्तु आचार भ्रष्टताके योगसे अपना अपना जथा बांधके जुदे होगये हैं । अपनी आचार भ्रष्टता अपने कूं मालूम पडती नहीं है॥२॥अब बाह्यनगर ब्राह्मणका भेद तो पहिले पुष्पब्राह्मणोंकी शुद्धिके निमित्तसे चंडशर्म्माने स्थापन किया । वह बाह्यनागर कहेजाते हैं ॥३॥अब यह बाह्यनागरोंसे बारड नागर नाम करके एक ज्ञाति पैदाभई है उसका कारण यह है कि अन्य ज्ञातिके ब्राह्मणकी कन्याके साथ विवाह करके पीछे ज्ञातिमें दंड देके जो रहते हैं विशेष करके ब्रह्मकर्ममें जो छूटगयेहैं उनका वंश हालमें पूर्वोक्त रीतिसे चलरहाहै । वे बारडनागर कहेजाते हैं ॥४॥ अब प्रश्नोत्तरे नागर ब्राह्मणोंका भेद पहिले कहा है दुर्वासा ऋषिने देवमंदिर बांधनेके वास्ते पृथ्वीका प्रश्न किया । तब सुशील ब्राह्मणने उत्तर दिया । उसके वंशमें जो आगे ब्राह्मण भये वे सब प्रश्नोत्तरे कहेजाते हैं । दंतकथा ऐसी है कि अहिच्छत्र ग्राममें रहनेवाला एक ब्राह्मण देशांत्तरको निकला रसतेमें रात्रिको घरमें रहा वहां रात्रिमें एक राक्षस आयके घरवालेके बालकको लेगया तब घरवाले रोनेलगे इतनेमें यह ब्राह्मण अपनी विद्याके सामर्थ्यसे राक्षससे कुमारको लाया तब पिशुन कहते दुष्टका हरण किया इस वास्ते पिशुनहर नागर भये उन्होंको हालमें प्रश्नोरेकहतेहैं ॥५॥ और बाह्य नागरमें कांदि-शीक भेद भयाहै वे प्रश्नोरे संभवतेहैं यह सब भेद कहे उनमें अष्टकुली बडनगरेहैं वे उत्तम कहेजाते हैं ॥६॥ पहिले क्षेत्र स्थापना करनेकी बखत ब्राह्मणोंके गोत्र ८४ थे उनमेंसे बारह गोत्र खडायते ब्राह्मणोंमें गये हैं बाकी ७२ गोत्र प्रवरका निर्णय

कोऽध्यर्के शेषास्तत्र द्विसप्ततिः ॥ गोत्राणां प्रवराणां च निर्णयः कथितः स्फुटः ॥ ८ ॥ द्रष्टव्यः प्रवराध्याये विस्तरान्नोच्यते मया ॥ एषां भोजनसंबंधो कन्यासंबंध एव च ॥ ९ ॥ स्ववर्गेष्वेव भवति भोजनं क्वचिदन्यथा ॥ इत्येवं नागराणां वै चोत्पत्तिर्वर्णिता मया ॥ ४१० ॥

इति ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्याये नागरज्ञातिभेदवर्णनं नाम चतुर्दश प्रकरणं ॥ १४ ॥ इति पंचद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥

नागरोंका प्रवराध्याय नाम करके ग्रंथ है उसमें देखलेना ॥ ८ ॥ प्रवराध्यायके आरंभमें ऐसा लिखा है कि "श्रीमदानंदपुरमहास्थानीयपंचदशशतगोत्राणां संवत् २८३ समये पूर्वं तिष्ठमानाद्विसप्ततिगोत्राणां समानप्रवरस्य निबंधः" इसवास्ते उस ग्रंथमें गोत्रप्रवर निर्णय है अब वह पूर्वोक्त निर्णय है । अब यह पूर्वोक्त जो नागर ज्ञातिके भेद कहे हैं उनका परस्पर भोजन संबंध और कन्याविवाहसंबंध अपनी अपनी ज्ञातिके समूहमें होता है, कारण अनेक समूहमें धर्मभ्रष्टता होनेलगी वह कथा नागरखंडके १९३।१९९ वे अध्यायोंमें है और हीनवर्ण गुप्तरूपांतरसे ज्ञातिमें संबंध करने लगे इसवास्ते पीछे उन्होंने बंदोबस्त किया कि भोजन और कन्यादान अपने वर्गविना दूसरेमें नहीं करना ॥ ९ ॥ परंतु भोजनका थोडा फेरफार है जैसा नाडियाद परगनेमें बडनगरे विसलनगरे परस्पर एकएकके घरमें पानी पीते नहीं हैं सूरतमें पानी पीते हैं दक्षिण हैदराबाद मैसूर जिलेमें भोजन व्यवहार है ऐसा विलक्षण व्यवहार है परंतु जिसमें धर्म रहे वह बात करना मुख्य है ऐसा नागर-ब्राह्मण बनियोंका उत्पत्तिभेद वर्णन किया ॥ ४१० ॥

इति नागरभेदवर्णन नाम १४ प्रकरण संपूर्ण भया ॥

अथ नागराणां गोत्रप्रवरनिर्णयचक्रम्.

सं	अवटंक.	गोत्र.	प्रवर.	वेद.	शाखा	देवी	गण	देवता	भाग-ज.	शर्म
१	दवेपंचक.	प्रौक्षण.	वशिष्ठशक्तिपाराशर	य.	मा.	भागरी	खोख-ला	हाट-केश्वर	५ झाला पाटण	शर्म.
२	दवे.	कापिष्ठला.				,,	,,	,,	७	गो. २२
३	मेतातलखा.	अलुभाण.	वशिष्ठकौंडिन्यमैत्रावरुण ३	य.	मा.	,,	,,	,,		दत्त
४	पंडयाभूधर.	भारद्वाज.	भारद्वाज आंगिरस वार्हस्पत्य. ३	ऋ.	आ.	,,	,,	,,		तात
		शार्कराक्ष.	भृगुच्यवनआप्नुवानौदुम्बर जमदग्नि ५	ऋ.	आ.	,,	,,	,,		मित्र.
६	बासमोढासाके	गौतम.	गौतमआंगिरसऔतथ्य ३	य.	मा.	,,	,,	,,	१०	दत्त
७	जानि.	गार्ग्य.	अंगिरसभारद्वाजबार्हस्पत्यच्यवनगंगेति ५			,,	,,	,,	५	शर्म.
८	त्रवाडि.	कौंडिन्य	वसिष्ठकौंडिन्यमित्रावरु. ३	सा.	कौ.	,,	,,	,,		दत्त

इति अष्टकुल ब्राह्मणाः ।

अथ खडायता विप्र वणिगुत्पत्तिप्रकरण ॥ १५ ॥

॥ अथ खडायताविप्रवणिगुत्पत्तिसारमाह ॥ उक्तं च पाद्मे कोट्यर्कमाहात्म्ये ॥ शौनक उवाच ॥ ॥ सूतसूत महाभाग कथां वद मनोहराम् ॥ यस्यां वै श्रूयमाणायां कोट्यर्को मुक्तिदायकः ॥ १ ॥ कोट्यर्को नाम को देवः कस्मिन्देशे प्रतिष्ठितः ॥ ॥ सूत उवाच ॥ कल्पांते विष्णुकर्णाभ्यामुत्पन्नौ मधुकैटभौ ॥ २ ॥ तौ हंतुं भगवान् विष्णुः कोट्यर्के

अब खडायते ब्राह्मण और बानियोंकी उत्पत्ति कहते हैं शौनक प्रश्न करते हैं हे सूत ! उत्तम मनको आनंद करै ऐसी एक कथा वर्णन करो जिस कथाके श्रवण करनेसे कौट्यर्क भगवान् मुक्तिदायक होवें ॥ १ ॥ और कोट्यर्क भगवान् कौन देव हैं और कौनसे देशमें प्रतिष्ठित हैं सो कहो सूत कहने लगे पहले कल्पांतकी बखत विष्णुके कानोंसे मधुकैटभ दो दैत्य उत्पन्न होते भये ॥ २ ॥ उन दोनोंको मारनेके वास्ते विष्णुने कोट्यर्कका रूप

रूपमाश्रितः ॥ कोट्यर्करूपं दृष्ट्वैव तावुभौ निधनं गतौ ॥ ॥३॥ तदा ब्रह्मा भयान्मुक्तः स्तुत्वोवाच विभुं तदा ॥ कोट्यर्केश स्वरूपं ते भुवि संस्थाप्यते मया ॥ ४ ॥ साभ्रमत्यास्तटे रम्ये गुर्जरे विषये महत् ॥ तत्र त्वं वस देवेश कृपां कृत्वा ममोपरि ॥ ५ ॥ कोट्यर्क इति नाम्ना वै सर्वलोकेषु विश्रुतः श्रीभगवानुवाच ॥ ॥ त्वया तु चिन्तितं कार्यं तत्र सर्वं भविष्यति ॥ ६ ॥ साभ्रमत्यास्तटेऽत्रैव सन्निधानं मया कृतम् ॥ कोट्यर्क इति नाम्ना त्वं मन्मूर्तिं स्थापयादरात् ॥ ७ ॥ श्वेताननां श्वेतभुजां श्वेतमाल्यानुलेपनाम् ॥ आद्यस्य तु युगस्यैव त्वं मूर्तिंपरिकल्पय ॥ ८ ॥ पार्षदौ तत्र संस्थाप्यौ सुनन्दनंदनावुभौ ॥ कार्तिके शुद्धपक्षे तु एकादश्यां शुभे दिने ॥ ॥ ९ ॥ सूर्यवारे सुनक्षत्रे ह्यहं जातस्तदाब्जज ॥ द्वादश्यां तावुभौ दैत्यौ मत्तो निधनमापतुः ॥ १० ॥ अतः सा द्वादशी श्रेष्ठा वैष्णवी तिथिरुच्यते ॥ महोत्सवस्तत्र कार्योमत्पूजा च सुविस्तरात् ॥ ११ ॥ एवं विष्णोर्वचः श्रुत्वा तथैव कृतवान् विधिः ॥ ॥ सूत उवाच ॥

धारण किया वो कोट्यर्करूप देखतेही वे दोनों दैत्य नाश पाये ॥ ३ ॥ उस वखत ब्रह्माभयसे मुक्त होयके विष्णुको नमस्कार करके कहनेलगे हो कोट्यर्केश ! यह तुम्हारा स्वरूप पृथ्वीमें मेरे करके स्थापन होता है ॥ ४ ॥ गुजरात देशमें साभ्रमतीके तट ऊपर वहां आप कृपाकरके वास करना ॥ ५ ॥ कोट्यर्क (कोटारकु) नामसे सब लोकोंमें विख्यात हो । श्रीभगवान् कहनेलगे कि ब्रह्मा ! तुमने जो विचार किया है सो सब होवेगा ॥६॥ साभ्रमतीके तट ऊपर मैंने अपना अंश रखाहै । तुम कोट्यर्क नामसे मेरी मूर्तिका स्थापन करो ॥ ७ ॥ श्वेतवर्णका मुखारविंद श्वेत चंदनसे चर्चित ऐसी सत्ययुगकी मूर्तिकी कल्पना करो ॥ ८ ॥ और मेरे द्वारके पास दोनों तरफ नंदसुनंद पार्षदगणको स्थापन करो कार्तिक शुद्ध एकादशीके दिन ॥ ९ ॥ रविवार शुभ नक्षत्रमें मैं प्रकट भयाहूं और द्वादशीके दिन वे मधुकैटभ दोनों दैत्य नाश पाये हैं ॥ १० ॥ इसवास्ते वह द्वादशी वैष्णवी तिथि उत्तम कहते हैं । उस दिन बडा उत्सव और विस्तारसे मेरी पूजा कराना ॥ ११ ॥ ऐसा विष्णुका वचन सुनके ब्रह्माने कोट्यर्केशकी बडी पूजा कियी । सूत कहनेलगे

ततः कदाचित्तत्तीर्थं मानवा समुपागताः ॥ १२ ॥ तैस्तु स्नानं कृतं तत्र कोट्यर्केशो नमस्कृतः ॥ ततो विमानसंघस्तु तान्नेतुं समुपस्थितः ॥ १३ ॥ तद्दृष्ट्वा महदाश्चर्यं राक्षसाः समुपस्थिताः ॥ ते सर्वे प्रद्रुता दिग्भ्यो विमानाकर्षणोत्सुकाः ॥ १४ ॥ तांस्तु दृष्ट्वा महोत्पातानस्मरन्गणपं च ते ॥ ततो गणेशः संप्राप्तो हतवान्राक्षसांश्च तान् ॥ १५ ॥ विमानस्था नराः सर्वे स्तुत्वा तं गणनायकम् ॥ प्रासादे स्थापयामाससुर्गणेशं दुःखनाशकम् ॥ १६ ॥ ततस्तुतो गणेशस्तु मया स्थातव्यमत्र हि ॥ इत्युक्त्वा स्वर्गगान्तान्वै तत्रैवांतर धीयत॥ ॥ १७ ॥ तत्र कृता महापूजा कोटचर्कस्य महात्मनः ॥ खंड पूर्वैर्द्विजैः सर्वैर्वैष्णवैश्च महात्मभिः ॥ १८ ॥ ततस्तस्मिन्महातीर्थे हनुमान् भुवि संस्थितः ॥ पुरा वै ब्राह्मणः कश्चिद्वेदशर्मेति विश्रुतः ॥ १९ ॥ तीर्थयात्राः प्रकुर्वाणः प्राप्तः सारस्वतं तटम् ॥ तस्मिन्सरस्वतीतीरेदुर्गामंबां प्रपूज्य च ॥ ॥२०॥ ततो लोकमुखाच्छ्रुत्वा कोट्यर्कं तीर्थमुत्तमम् ॥ तत्र

हे शौनक ! उस उपरान्त किसी समयमें उस तीर्थमें अनेक मनुष्य आये ॥ १२ ॥ मनुष्योंने स्नान करके कोट्यर्केशको नमस्कार किया । उस बखत उनको लेनेके वास्ते विमानसमूह प्राप्तभया ॥ १३ ॥ वह आश्चर्य देखके राक्षस विमानोंको खेंचनेवाले प्राप्तभये--दश दिशाओंमें दौडने लगे ॥ १४ ॥ तब राक्षसोंको देखके वे मानव सब गणपतिका स्मरण करतेभये । उस बखत गणपति प्रकट होयके राक्षसोंको मारतेभये ॥ ९१ ॥ विमानोंमें बैठेहुए मानव सब उन गणपतिका स्तवन करके प्रासाद (मंदिर) में स्थापन करतेभये ॥ १६ ॥ तब गणपति स्वर्गमें जानेवाले मानवोंको इस क्षेत्रमें मैं रहूंगा ऐसा कहके गुप्तभये ॥ १७ ॥ वहां खंडशब्द है पहिले जिनको ऐसे जो खडायत ब्राह्मण और वैष्णव बनियोंने कोट्यर्ककी महापूजा किया ॥१८॥ उस उपरांत उस महातीर्थमें हनुमान्जी रहते भये । पहिले एक वेदशर्म्मा नामकरके ब्राह्मण था ॥ १९ ॥ वह तीर्थ यात्रा करते करते सरस्वती नदीके तट ऊपर आया वहां दुर्गादेवीकी पूजा करके ॥ २० ॥ पीछे लोगोंके मुखसे कोट्यर्क तीर्थकी महिमा श्रवणकरके जो बारह योजन दूर है वहां जाने

गंतु मनश्चक्रे दूरं द्वादशयोजनम् ॥ २१ ॥ पादयोर्नास्ति मे शक्तिः किं कर्तव्यमतः परम् ॥ या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता ॥२२॥ सा देवी मन्मनोवाञ्छापूर्तिं कर्तुमिहार्हति ॥ इत्थं तेन स्मृता देवी हनुमंतमचिंतयत् ॥ २३ ॥ स्मृतमात्रो हि हनुमान् प्रणम्य चाग्रतः स्थितः ॥ ॥ देव्युवाच ॥ हनुमञ्छृणु मद्वाक्यं वेदशर्मा द्विजोत्तमः ॥ २४ ॥ पादयोर्बलहीनश्च तं गृहीत्वा द्विजोत्तमम् ॥ कोट्यर्कतीर्थं संप्र त्वया स्थातव्यमेव च ॥ २५ ॥ तत्र त्वां पूजयिष्यंति तेषां कार्यं भविष्यति ॥ इत्युक्त्वा सा भगवती तत्रैवांतरधीयत ॥ ॥ २६ ॥ ततो हनुमान् परमानुभावो विप्रं गृहीत्वा परमप्रहृष्टः ॥ क्षणेन खं प्राप्य ततो हि वेगात्कोट्यर्कतीर्थं सहसा जगाम ॥ २७ ॥ वेदशर्मा तु संप्राप्य नत्वा कोटयर्कमद्भुतम्॥ हनुमंतं प्रणम्याथ प्रतिष्ठामकरोद्द्विजः ॥२८॥ तत्रैव स्थापितः शंभुः कपालेश्वरसंज्ञकः ॥ विष्णुना यत्र शंभुर्वै मुक्तो ब्रह्मकपालतः ॥ २९ ॥ कपालेशप्रसादेन दीक्षितो नाम

का उत्साह किया ॥२१॥ परंतु पांवमें शक्ति नहीं है कैसा करना जो देवी सर्वप्राणिमात्रके बीचमें शक्तिरूपसे रहती हैं॥२२॥वे देवी मेरी मनकी वाञ्छा पूर्ण करनेको योग्य हैं ऐसा देवीका स्तवन करते देवीने हनुमानको स्मरण किया ॥२३॥ तब हनुमान् नमस्कार करके सामने आयके खडेरहे तब देवी कहतीहैं हे हनुमान्! मेरे वचन श्रवणकर वेदशर्मा जो ब्राह्मणहै ॥२४॥ वह पांवसे बलहीन है इसवास्ते उस ब्राह्मणोत्तमको लेके कोट्यर्क तीर्थमें स्थापनकरो। और तुमभी वहां रहो ॥ २६ ॥ उस तीर्थमें जो तुम्हारी पूजा करेंगे उनके कार्य सिद्ध होवेंगे। ऐसा कहके देवी अंतर्धान भई॥२६॥ तब हनुमान्‌जी प्रसन्न होयके वेदशर्मा ब्राह्मणको लेके क्षणमात्रमें कोट्यर्क तीर्थमें आये ॥ २७ ॥ वेदशर्मा वहां तीर्थमें आके कोट्यर्क भगवान्‌को नमस्कार करके बाद हनुमान्‌को नमस्कार करके हनुमान्‌जीकी मूर्तिकी प्रतिष्ठा कियी ॥२८॥ और उसी ठिकाने विष्णुने कपालेश्वर महादेवका स्थापन किया जिस ठिकाने शिव ब्रह्मकपालसे मुक्त भये॥२९॥इसवास्ते कपालेश्वर नाम भया ॥ वो कपालेश्वरके अनुग्रहसे दीक्षित नाम करके ब्राह्मण रोगसे मुक्त होयके धनवान् भया और दूसरी कथा

ब्राह्मणः ॥ रोगैर्मुक्तो धनी जातः कथामन्यां वदामि ते ॥ ॥ ३० ॥ सूत उवाच ॥ पुरा कश्चिद्द्विजो धीर आसीच्च ब्रह्मवित्तमः ॥ स कदाचिज्जगामाथ चमत्कारपुरं द्विजः ॥ ॥ ३१ ॥ नागरैर्ब्राह्मणैर्व्याप्तं वेदशास्त्रार्थपारगैः ॥ नीतिशास्त्रेषु कुशलैराचाराणां प्रवर्तकैः ॥३२॥ तान्सर्वान्नागरान्नत्वा धीरोवै ब्राह्मणः स्थितः ॥ तत्र यात्राविधिं कृत्वा हाटकेशं प्रपूज्यच३३॥ ततस्तोत्रं चकाराथ स धीरो ब्राह्मणोत्तमः ॥ हाटकेश महादेव प्रपन्नभयभंजन ॥ ३४ ॥ दारिद्र्येणाभिभूतोऽस्मि निद्रां नैव लभे निशि ॥ पुत्रादिभिः पीडितश्च क्षुत्पिपासाकुलैः सदा ॥ ॥ ३५ ॥ ॥ अस्माकं ज्ञातिभिः सार्द्धं विरोधो हि महानभूत ॥ विद्यावादेन भो देव बुद्धिर्नष्टा मनीषिणाम् ॥ ३६ ॥ बुद्धिनाशात्ततो भ्रष्टा वयं सर्वे महेश्वर ॥ एतस्मात्कारणाद्ब्रह्मंस्त्वामहं शरणं गतः ॥ ३७ ॥ सूत उवाच ॥ ॥ एतच्छ्रुत्वा महादेवो भगवान्भक्तवत्सलः ॥ उवाच भोभो ब्रह्मर्षे मत्प्रसादात्सुखंतव ॥ ३८ ॥ कोट्यर्कतीर्थे भवतां समागमो ह्यष्टादशानां हि मया कृतः पुरा ॥ तस्मिन्समाजे मम यज्ञहेतौ मया ततश्चोक्तमिदं

कहता हूं ॥३०॥ सूत कहते हैं हे शौनक! पहले कोई एक धीरकरके ब्राह्मण था सो एक समयमें बडनगर करके ग्राम है वहां आया ॥३१॥ वेदशास्त्रके जाननेवालों नीति में कुशल आचार संपन्न ऐसे नागर ब्राह्मणोंसे वह नगर व्याप्त है ॥ ३२ ॥ और धीर ब्राह्मण सब नागरोंको नमस्कार करके यात्राकी विधिकरके हाटकेश्वर महादेवकी पूजा करके ॥ ३३ ॥ स्तुति करताहै । हे हाटकेश्वर! तुम शरणागतके भय दूर करनेवाले हो ॥ ३४ ॥ मैं दारिद्र्यसे व्याप्तभयाहूं रात्रीमें निद्रा नहीं है । क्षुधातुर पुत्रादिकोंसे मैं सदा पीडित हूं ॥ ३५ ॥ और ज्ञातिसे भी बडा विरोध भया है । विद्याविवादसे अच्छे मनुष्योंकी बुद्धि नष्ट होतीहै ॥ ३६ ॥ बुद्धिनाशके योगसे हम सब नष्ट हुए हैं इसवास्ते हे भगवन्! आपके शरणागत हैं ॥ ३७ ॥ सूत कहने लगे ऐसा धीर ब्राह्मणका वचन सुनके महादेव कहते भये हे ब्राह्मण! मेरे अनुग्रहसे तुझे सुख होवेगा ॥ ३८ ॥ कोट्यर्क तीर्थमें पहिले तुम अठारह ब्राह्मणोंका समागम मैंने किया और उस सभामें यज्ञकरनेके वास्ते

वचो महत् ॥ ३९ ॥ कोट्यर्कतीर्थे मम ब्रह्महत्या यज्ञः कृतस्तेन विनाशमागता ॥ त्वदाज्ञया यज्ञविधिः कृतो महान्प्रसन्नचित्तेन मया पुरारिणा ॥ ४० ॥ उक्तं मया वरो युक्तो व्रियतां तु यथेप्सितम् ॥ ततो भवंतः सर्वेऽपि विचार्यैव स्थिताश्चिरम् ॥४१॥ ततस्ते ब्राह्मणाः सर्वे स्त्रियः प्रष्टुं गृहे गताः ॥ ताभिः सार्द्धं खट्टपटे संप्रवर्ते पुनः पुनः ॥ ४२ ॥ ततः सर्वे द्विजा जाता खडायतेति संज्ञया ॥ तस्माद्भवद्वंशजानां खडायतेति नाम च ॥४३॥ अष्टादशानां विप्राणां द्वौ द्वौ तु परिचारकौ ॥ वडनगरादानीय दत्तावित्यर्थः ॥ सच्छूद्रौ सेवकौ प्रोक्तौ ह्येकैकस्य द्विजस्य च ॥ ४४ ॥ खडायतास्तु सच्छूद्रा मया प्रोक्ताः पिनाकिना ॥ सच्छूद्राणां च तेषां वै विवाहे विधिरुच्यते ॥ ४५ ॥ पौराणिकैर्महामंत्रैः कर्तव्यं सर्वमेव हि ॥ इयान्विशेषस्तु मयैव कथ्यते खडायतानां द्विजसेवकानाम् ॥ निष्पावखंडैस्तु चरुर्विधेयो ग्रहप्रपूजा हवनं न चैव ॥ ४६ ॥ सुमंगलीकन्यकाया ग्रामे

मैंने वचन कहा ॥ ३९ ॥ हे धीर ब्राह्मण ! कोट्यकतीर्थमें तेरी आज्ञासे मैंने प्रसन्न चित्तसे यज्ञविधि किया उससे मेरी ब्रह्महत्या नाश भई ॥ ४० ॥ पीछे मैंने तुमको कहा कि इच्छित वरदान मांगो उस बखत तुम सब विचार करके थोडी बखत वहां बैठे ॥ ४१ ॥ बाद सब ब्राह्मण अपनी अपनी स्त्रियोंको पूछनेके वास्ते घर गये । स्त्रियोंके साथ वारंवार खटपट करनेलगे । परन्तु मांगनेका निश्चय नहीं किया ॥ ४२ ॥ उस कारणसे खडायते नाम करके ब्राह्मणभये । इस वास्ते तुम्हारे वंशमें जो उत्पन्न होवेंगे वे खडायते नामसे विख्यात होवेंगे ॥ ४३ ॥ तुम जो अठारह ब्राह्मण हो सो तुम्हारे सेवक सच्छूद्र एकएक ब्राह्मणका दो दो बडनगरसे बुलायके देताहूं ऐसा कहके दिये ॥ ४४ ॥ और कहनेलगे कि ये जो तुमको मैंने सच्छूद्र सेवक दिये हैं वे भी खडायते बनिये कहे जातेहैं और खडायते बनियोंमें जो विवाहमें विधि होतीहै सो कहताहूं ॥ ४५ ॥ वह बानियोंका सब कर्म पुराणोक्त मन्त्रोंसे करना और इतना विशेष है ॥ ४६ ॥ विवाह चतुर्थीकर्ममें चरुभक्षणकी बखत बालनामक जो धान्य है उसकी दालका चरु बनाना ग्रहशांति

पर्यटनं न च ॥४७॥ ततस्तत्र द्विजश्रेष्ठ नगरं निर्मितं मया ॥ विश्वकर्मा मयाज्ञप्तो नगरं तच्च कारयत् ॥४८॥ तस्मिन्सुनगरे रम्ये दुःखदारिद्र्यनाशके ॥ मया दत्ते द्विजेंद्राणां तस्मिन्नेव वस द्विज ॥४९॥ यस्मिन्काले मया विप्र वरो दत्तो द्विजन्मनाम् ॥ तस्मिन्काले त्वया तत्र न श्रुतं वचनं महत् ॥५०॥ तस्मात्तत्रैव वस्तव्यं कपालेश्वरसन्निधौ ॥ तत्र ते दुःखदारिद्र्यं सर्वं नश्यति तत्क्षणात् ॥ ५१ ॥इत्युक्त्वा तु महादेवस्तत्रैवांतरधीयत ॥ स धीरो ब्राह्मणस्तस्मात्कोट्यर्केशं गतस्तदा ॥ ॥ ५२ ॥ कोट्यर्कस्य समीपे तु कार्त्तिकव्रतयोगतः ॥ विष्णुदासादयः सर्वे जग्मुर्वैकुंठमुत्तमम् ॥ ५३ ॥ अत्रैव नीलकंठाख्यो महादेवश्च संस्थितः ॥ ॥ शौनक उवाच ॥ ॥ खडायतानां गोत्राणि कथं जातानि तद्वद ॥ ५४ ॥ कति गोत्राणि तान्येव तेषु गोत्रेषु के मताः ॥ ॥ सूत उवाच ॥ ॥ जनकः कृष्णात्रेयश्च कौशिकस्तु तृतीयकः ॥ ॥ ५५ ॥ वसिष्ठश्च भरद्वाजो गार्ग्यो वत्सश्च सप्तमः ॥ एतानि गोत्राणि द्विजर्षभाणां खडायतानां हि कृतानि तेन ॥ ५६ ॥

पूजा हवन करना नहीं सुमंगल कन्याकी घाटडी गांवमें फिराना नहीं । कोई रामेश्वरकी पूजा करतेहैं ॥ ४७ ॥ तदनन्तर हे धीर ब्राह्मण ! उस क्षेत्रमें विश्वकर्माको बुलायके मैंने नगर निर्माण किया ॥ ४८ ॥ वह रमणीक दुःख दारिद्र्य नाशक नगर मैने अठारह ब्राह्मणोंको दिया । उसमें वासकर ॥४९॥ जिस बखत उन ब्राह्मणोंको मन वरदान दिया उस समय तुमने मेरा वचन सुना नहीं॥५०॥इस वास्ते उस कोटचंर्क क्षेत्रमें कपालेश्वर महादेवके समीप निवास करना वहां सब दुःख दारिद्र्य तत्काल नाश पावेगा ॥५१॥ इतना कहके शिव अंतर्धान हुए । धीर ब्राह्मण कोटचकैंशके समीप गया ॥ ५२ ॥ कोटारकर्जाके नजदीक कार्त्तिकमासके व्रत करनेसे विष्णुदासादिक वैकुंठको जातभये ॥ ५३ ॥ इसी क्षेत्रमें नीलकंठ महादेव स्थित हैं । शौनक पूछनेलगे कि हे सूत ! खडायते ब्राह्मणोंके गोत्र कितने हैं नाम क्या हैं ? सो कहो । सूत बोले हे शौनक ! जनक१कृष्णात्रेय२कौशिक३वासिष्ठ ४ भरद्वाज ५ गार्ग६वत्स ७ यह सात गोत्र खडायते ब्राह्मणोंके शिवने स्थापन किये हैं॥ ५४–५६॥

कोटच्यर्कदेवेन तथा शिवेन कपालनाथेन महेश्वरेण ॥ अथ देवीः प्रवक्ष्यामि तेषां चैव यथाक्रमम् ॥ ५७ ॥ पूर्वं वाराहि नामा तु द्वितीया तु खरानना ॥ चामुंडा बालगौरी च बंधुदेवी तु पंचमी ॥ ५८ ॥ षष्ठी च सौरभी नाम ह्यात्मच्छंदा हि सप्तमी ॥ वणिजां च प्रवक्ष्यामि गोत्राणि विविधानि च ॥ ॥ ५९ ॥ गुंदानुगोत्रं नांदोलुमिंदियाणु तृतीयकम् ॥ नानु नरसाणु ५ वैश्याणु ६ मेवाणु सप्तमं तथा ॥ ६० ॥ भटस्याणु साचेलाणु सालिस्याणु तथैव हि ॥ कागराणु तथा गोत्रमित्थं तेषां प्रकीर्तितम् ॥ ६१ ॥ देव्यश्च द्वादश प्रोक्तास्तत्राद्या नेषुसंज्ञका ॥ ततो गुणमयी प्रोक्ता नरेश्वरी तृतीयका ॥६२॥ तुर्या नित्यानंदिनी तु नरसिंही च पंचमी ॥ षष्ठी विश्वेश्वरी प्रोक्ता सप्तमी महिपालिनी ॥ ६३ ॥ भंडोदर्यष्टमी देवी शंकरी नवमी तथा ॥ सुरेश्वरी च कामाक्षी देव्यो ह्येकादशः स्मृताः॥६४॥ द्वादशं च तथा प्रोक्तं गोत्रं कल्याणमेव हि ॥ तथा कल्याणिनीयं वै द्वादशी तु प्रकीर्तिता ॥ ॥ ६५ ॥ इति तेषां तु गोत्राणि देव्यश्च परिकीर्तिता ॥ कोटच्यर्के संस्थितिस्तेषां वणिजां च द्विजन्मनाम् ॥ ६६ ॥

अब वेत्रेय सात गोत्रोंकी कुलदेवता क्रमसे कहते हैं ॥ ५७ ॥ प्रथम बराही १ खरानना २ चामुंडा ३ बालगौरी ४ बंधुदेवी ५ सौरभी ६ आत्मच्छंदा ७ अब खडायते बानियोंके गोत्र कहते हैं ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ गुंदाणु गोत्र १ नांदोलु गोत्र २ मिंदियाणु गोत्र ३ नानु गोत्र ४ नरसाणु गोत्र ५ वैश्याणु गोत्र ६ मेवांणु गोत्र ७ ॥ ६० ॥ भटस्याणु गोत्र ८ साचेलाणु गोत्र ९ सालिस्याणु गोत्र १० कागराणु गोत्र ११ कल्याणगोत्र १२ ऐसे बारह गोत्र बानियोंके कहे ॥ ६१ ॥ अब बारह कुलदेवी कहते हैं—नेषुदेवी १ गुणमयी २ नरेश्वरी ३ तुर्या नित्या नंदिनी ४ नरसिंही ५ विश्वेश्वरी ६ महिपालिनी ७ ॥ ६२ ॥ ६३ ॥ भंडोदरी ८ शंकरी ९ सुरेश्वरी १० कामाक्षी ११ कल्याणिनी १२ ॥ ६४ ॥ ६५ ॥ ऐसे खडायते बानियोंके

खडायतानां सर्वेषां कोट्यर्को मुक्तिदायकः ॥ कपालेशो महादेवः नीलकंठस्तथैव च ॥ ६७ ॥ चर्मक्षेत्रं तथा सूर्यक्षेत्रं श्रीगलितेश्वरम् ॥ शकलेशं तथा तीर्थं वाल्मीकेराश्रमस्तथा ॥६८॥ यत्र पूर्वं तु रामेण सीता त्यक्ता महात्मना ॥ तस्याः सुतौ समुत्पन्नौ कुशो लव इति स्मृतौ ॥ ६९ ॥ याभ्यां पूर्वं हतं सर्वं श्रीरामस्य बलं महत् ॥ अश्वमेधसमारंभे श्रीरामस्य महात्मनः ॥ ७० ॥ गजासुरं यत्र हत्वा गजचर्मधरो हरः ॥ चर्मक्षेत्रं तु तज्जातं यत्र श्रीशंकरेण च ॥ ७१ ॥ गजचर्म धृतं रक्तं तेन श्रीगलितेश्वरः ॥ ७२ ॥ तेनैव रक्तेन तदुद्भवेन नदी तदा रक्तवती बभूव ॥ श्रीसाभ्रमत्या सलिलेन मिश्रिता पापामलानां प्रशमं चकार ॥ ७३ ॥ कृते कृतवती नाम त्रेतायां मणिकर्णिका ॥ द्वापरे चंद्रभागा च कलौ साभ्रमती स्मृता ॥ ७४ ॥ कर्णिकाख्ये महातीर्थे कोटचर्के कुलदेवता ॥ ब्रह्मस्थानं च तत्प्रोक्तं खंडाख्यं पुरमीरितम् ॥७५॥ दधीचेराश्रमस्तत्र महापुण्यफलप्रदः॥ दुग्धेश्वरो महादेवः सप्तश्रोतेश्वरस्तथा ॥७६॥ बकदाल्भ्यो ऋषिस्तत्र ह्यश्विनाख्यो

बारह गोत्र बारह कुलदेवी वर्णन किये ॥ ६६ ॥ यह खडायते ब्राह्मण और बनियोंकी मुक्ति देनेवाला कोटारक देव हैं और इस कोट्यर्कक्षेत्रमें कपालेश्वर नीलकंठेश्वर चर्मक्षेत्र सूर्यक्षेत्र श्रीगलितेश्वर शकलेश तीर्थ वाल्मीकि ऋषिका आश्रम यह सब इस क्षेत्रमें हैं ॥ ६७ ॥ ६८ ॥ जिस क्षेत्रमें पहिले रामचंद्रने सीताका परित्याग किया । पीछे सीताके दो पुत्र कुश, लव जहां उत्पन्न होते भये ॥६९॥ जिन कुशलवोंने अश्वमेधके वखत इस जगह रामचंद्रकी सेना बहुत नाश किया ॥ ७० ॥ जिस ठिकाने शिवने गजासुरको मारके गजचर्म अंगमें धारण किया उससे चर्मक्षेत्र भया ॥ ७१ ॥ और चर्म धारण करके उसमेंसे जो रक्त गलित भया उससे बडी नदी भई । उसका श्रीसाभ्रमतीमें संगम भया और गलितेश्वर महादेव भये ॥ ७२ ॥ ॥ ७३ ॥ साभ्रमतीके युगपरत्वकरके चार नाम हैं । सत्ययुगमें कृतवती त्रेतायुगमें मणिकर्णिका । द्वापरमें चंद्रभागा कालियुगमें साभ्रमती नाम है ॥ ७४ ॥ कर्णिकारूप जो कोट्यर्क तीर्थ उसमें ब्राह्मणोंके स्थानके और खंडपुर नाम कहा ॥ ७५ ॥ उसके नजदीक दधीचऋषिका आश्रम है दुग्धेश्वर महादेव और

महेश्वरः ॥ एतद्वः कथितं विप्राः कोटयर्कस्य महात्मनः ॥ ॥ ७७ ॥ माहात्म्यं पुण्यदं धन्यं सर्वपापप्रणाशनम् ॥ धर्मार्थकाममोक्षाणां कारणं परमं मतम् ॥ ७८ ॥ खडायतास्तु ये विप्रास्तेषां नान्यः प्रतिग्रहः ॥ षडक्षराणां विप्राणां वणिजां च प्रतिग्रहः ॥ ७९ ॥ विप्राणां वणिजां चैव देवः कोटयर्क एव च ॥ एतन्माहात्म्यमतुलं नृणां दुःखविमोचनम् ॥ ८० ॥ एतच्छ्रुत्वा नृणां सद्यः सर्वपापक्षयो भवेत् ॥ एतस्मात्कारणाद्विप्राः श्रोतव्यो महिमा महान् ॥ ८१ ॥

इति खडायतविप्रवणिगुत्पत्तिसारवर्णनं नाम ज्ञातिप्रकरणम् ॥
॥ १५ ॥ इति पंचद्रविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥

सप्त श्रोतेश्वर महादेव ॥ ७६ ॥ बकदाल्भ्य ऋषि अश्विनी महादेव इतने यह क्षेत्र देव हैं ॥ ७७ ॥ कोट्यर्क क्षेत्रका माहात्म्य पुण्यकारक धर्म अर्थ काम मोक्षका परम साधक है ॥ ७८ ॥ खडायते जो ब्राह्मण हैं उनको अन्यका प्रतिग्रह नहीं है । खडायत विप्रोंको खडायत वणिकका प्रतिग्रह है ॥ ७९ ॥ यह ब्राह्मण बानियोंके देव कोट्यर्क हैं । यह माहात्म्य दुःखमोचक है ॥ ८० ॥ इसके श्रवण करनेसे मनुष्योंके पाप तत्काल क्षय पावते हैं । इस वास्ते हे ब्राह्मणो ! अवश्य यह श्रवण करना ॥ ८१ ॥

इति खडायतविप्रवणिक्उत्पत्तिप्रकरणम् ॥ १५ ॥

अथ वायडा ब्राह्मणवणिगुत्पत्तिप्रकरण १६.

अथ वायडाब्राह्मणवणिगुत्पत्तिसारः कथ्यते ॥ उक्तं च ॥ वायुपुराणे मारुतोत्पत्तिप्रसंगे ॥ ऋषय ऊचुः ॥ सूतसूत महाभाग देवदानवरक्षसाम् ॥ पिशाचोरगनागानां संभवः कथितस्त्वया ॥ १ ॥ न वायोः कथितोत्पत्तिस्तस्माद्वर्णयतां हि नः ॥ दित्याः पुत्रः कथं तात देवत्वमुपजग्मिवान् ॥ २ ॥ तत्कीर्तयेति संपृष्टो सूतः प्रोवाच सादरम् ॥

अब वायडे ब्राह्मण और वायडे बानियोंकी उत्पत्ति कहते हैं शौनक प्रश्न करते हैं हे सूत!तुमने हमको पाहिले देव दैत्य राक्षसादिकोंकी उत्पत्ति कही॥१॥परन्तु वायुकी उत्पत्ति कही नहीं है सो क्यों कि दितिका पुत्र दैत्य होना चाहिये । सो देवत्वको कैसे

पुरा कृतयुगे विप्रो जयश्च विजयस्तथा ॥ ३ ॥ शापाच्च सनकादीनां दैत्यत्वं प्रापितौ दितेः ॥ ताभ्यां संपीडिता लोकास्तदा विष्णुः सुरेश्वरः ॥ ४ ॥ वाराहंरूपमाश्रित्य हिरण्याक्षं जघान ह ॥ ततो नृसिंहरूपेण हिरण्यकशिपुः पुरा ॥ ५ ॥ तनयौ निहतौ श्रुत्वा विष्णुनाऽथादितिस्तथा ॥ रुरोद सुभृशं प्रेम्णा प्रोवाच प्रणता पतिम् ॥ ६ ॥ हतपुत्रा कथं स्वामिं स्थातुं शक्तास्मि भूतले ॥ न संति तनया यासां वंध्यास्ता हि प्रकीर्तिताः ॥७॥ न तासां वदनं कश्चित्प्रातरेवावलोकते ॥ तस्माद्देहि सुतं ब्रह्मन् देवराजसमं रणे ॥८॥ कश्यप उवाच ॥ व्रतं चेत्कुरुषे सुभ्रु संवत्सरमतंद्रिता ॥ तदा ते भविता पुत्रो देवदानवदर्पहा ॥ ९ ॥ श्रुत्वा भर्तुः सुवचनं दितिः प्रोवाच भूपते ॥ कस्मिन्देशे तु कर्तव्यं यत्र शीघ्रं फलं भवेत् ॥१०॥ कश्यप उवाच ॥ शृणु भद्रे प्रवक्ष्यामि देशानामुत्तमोत्तमम् ॥ धन्वसौवीरमद्राणां संधौ सुरविनिर्मिता ॥ ११ ॥ वाटिका विपुला रम्या वरवापी विभूषिता ॥ वसंति मातरो यत्र सर्व-

प्राप्त भयो ॥ २ ॥ सूत कहते हैं सत्ययुगमें जय विजय नामक विष्णुके द्वारपाल दो थे ॥ ३ ॥ वे सनकादिक मुनियोंके शापसे आसुरीयोनिमें आये वे दितिके गर्भसे पैदा होयके लोकोंको पीडा करने लगे ॥ ४ ॥ तब विष्णुने बराहरूप धारण करके हिरण्याक्षकूं मारा ! नृसिंहावतार लेके हिरण्यकाशिपुकूं मारा ॥ ५ ॥ तब दिति दोनों पुत्रकूं नाश हुवा सुनके बडा विलाप करने लगी । और पतिको कहती भई कि ॥ ६ ॥ हे स्वामिन् ! पुत्रहीन में जगतमें कैसे रहूं । जिनोंके सन्तान नही है वे वंध्या कही जाती हैं ॥ ७ ॥ प्रातःकालको उनका मुख कोई देखते नहीं हैं । इसवास्ते हे पति ! युद्धमें इंद्रादिककूं जीते ऐसा पुत्र देव ॥ ८ ॥ कश्यप कहते हैं हे स्त्री ! बरसदिनताईं एक व्रत करेगी तो तेरा प्रतापी पुत्र होवेगा । देवोंका अहंकार उतारेगा ॥ ९ ॥ ऐसा स्वामीका वचन सुनते दिति कहने लगी कि कौनसे देशमें व्रत करना जिससे व्रतकी फल प्राप्ति जल्दी होवे ॥ १० ॥ कश्यप कहने लगे हे स्त्री ! व्रत करनेकूं उत्तम स्थान कहता हूं सो सुन मद्रदेश सौवीरदेश और धन्वदेश इन तीनोंके बीचमें ॥ ११ ॥ वाटिकाक्षेत्र है जहां उत्तम

लोकसुखावहाः ॥ १२ ॥ वाडवादित्यसंज्ञोऽस्ति भगवानत्रि-
नंदनः ॥ चत्वारः संति वैकुण्ठा विष्णुरुद्रविनिर्मिताः ॥१३॥
ब्रह्मकुण्डश्च विख्यातं सूर्यकुण्डं हि पावनम् ॥ बाणगङ्गास्ति
निकटे योजनार्धमहत्तरा ॥ १४ ॥ कृते बाणेति विख्याता
त्रेतामध्ये सुलोचना ॥ द्वापरे सुवहा नाम कलौ प्रोक्ता
विनाशिनी ॥ १५ ॥ तत्र गत्वा कुरु व्रतमित्युक्ता पुनराह
सा ॥ विद्वन्वाटी कृता केन कुंडाः केन कृताः शुभाः ॥१६॥
बाणगंगा कथं तत्र त्वेतत्सर्वं वदस्व मे॥ कश्यप उवाच ॥ निष्प्र
भेऽस्मिन्निरालोके सर्वत्र तमसावृते ॥ १७ ॥ विष्णोर्नाभिस
रोमध्यान्निसृतं हि कुशेशयम् ॥ जज्ञे तस्माच्चतुर्वक्त्रो ब्रह्माह्य-
त्रिस्ततोऽभवत् ॥ १८ ॥ अत्रेरभून्महातेजा वाडवो मानसः
सुतः ॥ तमाह चात्रिस्तनयं प्रजां सृज ममेच्छया ॥ १९ ॥
श्रुत्वा वाक्यं तपस्तेपे वर्षाणामयुतायुतम् ॥ तपसा तापिता
देवा ब्रह्माणं शरणं ययुः ॥ २० ॥ तदा ब्रह्मा सुरैः साकं स
रुद्रः क्षीरसागरम् ॥ तत्र गत्वा जगन्नाथं स्तुत्वा नीत्वा स-

वापिका है और मातृगण बाडवादित्य निवास करते हैं और विष्णुकुंड रुद्रकुंड ब्रह्मकुंड सूर्यकुंड तीर्थ हैं। और दो कोसके ऊपर बाणगंगा नदी है ॥ १२ ॥ १३ ॥ ॥ १४ ॥ उसके युगपरत्व करके चार नाम हैं सत्ययुगमें बाणगंगा, त्रेतायुगमें सुलोचना, द्वापरयुगमें सुवहा, कलियुगमें विनाशिनी ऐसे नाम हैं ॥ १५ ॥ वहां जायके व्रत कर तब दिति बोली हे पति! वाटिका किसने निर्माण करी । और कुण्ड बाणगंगा वहां कैसे भये। सो कहो। कश्यप बोले पहले कल्पांतकी बखत अन्धकार होगया। और जंतु रहित लोक भया ॥ १६ ॥ १७ ॥ उस बखत विष्णुके नाभिसरोवरमें कमल पैदा भया। कमलसे ब्रह्मा भया। ब्रह्माका अत्रिपुत्र भया ॥ ॥ १८ ॥ अत्रिऋषिका बाडवनामक मानस पुत्र भया। उसको आत्रिने कहा कि मेरी इच्छासे तुम प्रजाको उत्पन्न करो ॥ १९ ॥ ऐसा आत्रिका वचन सुनते बाडव-ऋषि लक्षवर्ष पर्यंत तपश्चर्या किये उनके तपोबलसे देवता तपने लगे। तब ब्रह्माके शरण आये ॥ २० ॥ ब्रह्मा आनेका कारण जानके शिवको तथा और देवतावोंको साथ लेके सूर्यके साथ क्षीर समुद्रके ऊपर जायके विष्णुकी स्तुति करके ॥ २१ ॥

भास्करः ॥ २१ ॥ वरेणच्छंदयामास वाडवादित्यसन्निभम् ॥ वरं वरय भो वत्स वरदेशा वयं स्थिताः ॥ २२ ॥ तान्विलोक्य मुदा युक्तो ब्रह्मविष्णुमहेश्वरान् ॥ प्रोवाच प्रणतो वाग्ग्मी भास्करादीन्सुरोत्तमान् ॥ २३ ॥ यदि प्रसन्ना मह्यं च वरं दास्यथ वाञ्छितम् ॥ मानस्यो मे प्रजाःसर्वा वृद्धिं गच्छंतु भूतले ॥ २४ ॥ वाडवादित्यवचनं श्रुत्वा प्रोचुः सभास्कराः ॥ अयोनिजा कुशभवा संततिस्ते भविष्यति ॥ ॥ २५ ॥ यदैवोत्पद्यते वायुः सर्वलोकसुखावहः ॥ तेषां शुश्रूषणार्थाय प्रजास्ते कुशसंभवाः ॥ २६ ॥ चतुर्विंशतिसंख्याका ब्राह्मणा वेदपारगाः ॥ द्विगुणाश्च ततो वैश्या भार्या शूद्री समुद्भवाः ॥ २७ ॥ तेषां समुद्भवाः सर्वे वणिजो वायडाभिधाः ॥ भविष्यंति द्विजाः सर्वे तन्नामानो विचक्षणाः ॥ २८ ॥ चतुर्विंशतिसंख्याका सहस्रं वणिजां गणाः ॥ तदर्धं ब्राह्मणा भूमौ भविष्यंति विचक्षणाः ॥ २९ ॥ तावत्तिष्ठ द्विजश्रेष्ठ कृत्वा वापीं महत्तराम् ॥ यावद्भवंति भूमिष्ठा वायवो लोकभावनाः॥

विष्णु ब्रह्मा शिव सूर्यादिक सब देवता वाटिका क्षेत्रमें बाडव ऋषिके पास आयके कहने लगे हे ऋषि ! वर देनेको समर्थ हम तेरे पास आये हैं तुम वरदान मांगो ॥ ॥ २२ ॥ तब विष्णवादिक देवताओंको देखके प्रसन्न चित्तसे तपोबलसे जिसका तेज सूर्य सरीखा भया है इसवास्ते बाडवादित्य ऋषि जिसका नाम वह ऋषि सूर्यादिक देवतावोंको कहता है ॥२३॥ हे देवताओ ! तुम जो प्रसन्न भये हो तो मेरी मानसिक सृष्टि पृथ्वीमें वृद्धिंगत होवे । ऐसा वरदान देओ ॥ २४ ॥ बाडवादित्यका वचन सुनते सूर्यादिक देवता कहने लगे हे बाडवादित्य ! तुझको अयोनिसम्भव दर्भके सन्तान होवेंगे ॥२५॥ जिस बखत सब लोगोंके सुखके वास्ते वायुदेवता उत्पन्न होवेगा उनकी शुश्रूषाके वास्ते तेरे पुत्र अयोनिसे दर्भसे उत्पन्न हुए ॥ २६ ॥ चौबीस ब्राह्मण और अडतालीस बनिये शूद्रजातिकी स्त्री सहवर्तमान वैश्य होवेंगे ॥ २७ ॥ फिर अडतालीस बनियोंमें आगे वायडा वैश्य बानिये चौबीस हजार उत्पन्न होवेंगे । और चौबीस दर्भके ब्राह्मणोंसे बारह हजार वायडा ब्राह्मण भूममें पैदा होवेंगे ॥ २८ ॥ २९ ॥ उस समय तक हे ऋषि ! तू यहां बडी वापी निर्माण करके

॥ ३० ॥ चतुरोऽत्र महत्कुंडान् विश्वकर्मा करिष्यति ॥ सूर्यकुंडस्तु पूर्वस्यां दक्षिणस्यां महेश्वरः ॥ ३१ ॥ प्रतीच्यां वैष्णवः कुण्डस्तदुदीच्यां पितामहः ॥ बाणगंगा महापुण्यानिकटेऽप्यागमिष्यति ॥ ३२॥ वायडाख्यं पुरं श्रेष्ठं वणिग्विप्रविभूषितम्॥ भविष्यति हनूमांश्च वरान् लप्स्यति शोभनान् ॥ ॥३३॥ तस्मादुत्तिष्ठ भद्रं ते तपसोऽस्मात्सुदुष्करात् ॥ श्रुत्वा तेषां हि वचनं वाडवो विस्मयान्वितः ॥ ३४ ॥ वव्रे वरं पुनस्तेभ्यो त्रैलोक्यस्य हितेच्छया ॥ एषां वापी महापुण्यतीर्थरूपा भवेन्मम ॥ ३५ ॥ अत्रागत्य तपः कुर्युस्तेषां सिद्धिरनर्गला ॥ अत्रैवागत्य मद्वंश्याः करिष्यंति हि मज्जनम् ॥ ॥३६॥ अक्षय्यं नाकभवनं लप्स्यतेऽन्येऽपि मानवाः ॥ वायोरुत्पत्तिमात्रं मे स्थितिरत्र भवेत्सुखम् ॥ ३७ ॥ पश्चान्मुक्तो भवाम्येव देहेनानेन सुव्रताः ॥ तदा दत्त्वा वरं देवाः स्वकीयं भवनं ययुः ॥३८॥ नद्याः स्वरूपं वक्ष्यामि शृणु भद्रे यश-

निवासकर ॥ ३० ॥ और यहां विश्वकर्मा चार कुंड निर्माण करेंगे पूर्व दिशामे सूर्यकुंड दक्षिणदिशामें महेश्वरकुंड ॥३१॥ पश्चिमदिशामें विष्णुकुंड उत्तरदिशामें ब्रह्मकुंड करेंगे । बडीपुण्यरूप बाणगंगाभी तुम्हारे समीप आवेगी ॥ ३२ ॥ और बायडपुर नाम करके जगतमें विख्यात ब्राह्मण बनियोंसे होवेगा । और यहां हनुमान्का जन्म होवेगा और उनको वरप्राप्ति बहुत होवेगी ॥ ३३ ॥ इस वास्ते हे वाडव ऋषि ! अब उठो तपश्चर्या छोडो ऐसा देवोंका वचन सुनते वाडव ऋषि आश्चर्य करके ॥ ३४ ॥ सबोंके कल्याणार्थ और दूसरा वरदान मांगते हैं कि हे देवो ! यह वापिका पुण्यरूप तीर्थसरीखी होवे ॥ ३५ ॥ और यहां जो कोई तप करेगा तो उसको सिद्धि तत्काल होवे और मेरे वंशस्थ पुरुष यहां आयके जो स्नान करेंगे ॥ ३६ ॥ दूसरे भी मानव स्नान करेंगे तो अक्षय्य स्वर्गप्राप्ति हो ऐसा वर देवो और वायुदेवताकी उत्पात्ती होवेतक मैंने यहां रहना बाद इस देहसे मेरी मुक्ति होवे ऐसा वरदान देवो तब देवता तथास्तु कहके अपने अपने स्थान्को जातेभये ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ अब हे दिति ! बाणगंगाकी उत्पत्ति कहता हूं सो श्रवण कर जिस बखत पृथ्वी सब बीजोंको ग्रास करगई उस बखत उसको

स्विनि॥ग्रस्तबीजां धरां हंतु पृष्ठे वैनो यदा ययौ ॥ ३९ ॥ अबुदाचलमासाद्य तस्थौ किंचित्तृषातुरः ॥ बाणो जगाम भूपीठे तस्माज्जाता नदी द्विधा ॥ ४० ॥ बाणोत्पन्ना स्मृता बाणा सुनेत्रत्वात्सुलोचना ॥ शीततोयेन सुवहाजन्मनाशाद्वि-नाशिनी ॥ ४१ ॥ एतत्सर्वं समाख्यातमेतत्कुरु व्रतं शुभे ॥ वाटिकावनमाश्रित्य तत्रास्ते कर्दमो ऋषिः ॥ ४२ ॥ तस्य पार्श्वे नदीतीरे दिक्पालैः क्रतवः कृताः ॥ तस्माद्दिक्पालसंज्ञं वै पुरमस्ति महत्तरम् ॥ ४३ ॥ तदा वाटिवनं गत्वा व्रतं चक्रे दितिस्तदा ॥ ज्ञात्वा तस्यैव संकल्पं वासवोऽतिभयातुरः ॥ ॥ ४४ ॥ जगाम सेवितुं तत्र नत्वा प्रोवाच नम्रतः ॥ पित्रा संप्रेषितश्चास्मि रक्षार्थं तव सुव्रते ॥४५॥ इत्युक्त्वा ह्यकरोत्सर्वां मृगयूरिव दुष्टधीः ॥ अथैकदा तु संध्यायां पूर्णगर्भा दितिस्तदा ॥ ४६ ॥ कृतमूत्रपुरीषा सा सुष्वाप विधिमोहिता ॥

मारनेके वास्ते पृथुराजा धनुर्बाण लेके पींछे दौडे ॥ ३९ ॥ सो आबूगढके समीप आये तब तृषाके दुःखसे वहां थोडे खडेरहे बाण जो था सो पृथ्वीको लगा । वहांसे दो धारासे एक नदी प्रकटभई ॥ ४० ॥ बाणसे उत्पन्न भई इसवास्ते बाणगंगा जिसका नाम नेत्र जिसके सुंदर हैं इसवास्ते सुलोचना, शीतल जल बहनेसे सुवहा और जिसमें स्नानादिक करनेसे पुनर्जन्मका नाश होताहै इसवास्ते विनाशिनी नाम भया ॥ ४१ ॥ हे दिति ! यह वृत्तांत सब तेरेकूं कहा इसवास्ते वाटिकावनका आश्रय करके व्रतकर जहां कर्दम ऋषि रहते हैं ॥४२॥ उनके पास नदीके तट ऊपर दिक्पालोंने यज्ञ कियाहै । उसके लिये दिक्पाल नाम करके बडा नगर भया है जिसकूं हालमें दर्शनपुर (दीसा) कहते हैं ॥ ४३ ॥ तब दितिने वाटिका वनमें जायके व्रतका आरंभ किया उस बखत इंद्रने जाना कि मेरे मारनेके वास्ते व्रतारंभ किया है सो जानके भयभीत होयके ॥ ४४ ॥ दितिकी सेवा करनेके वास्ते समीप जायके नमस्कार करके नम्रतासे कहता है हे दिति ! मातापिताने तुम्हारी रक्षाकरनेके वास्ते भेजा है॥४५॥ऐसा कहके कपटसे सेवा करने लगा । इस उपरांत एक दिन गर्भ पूर्णहुआहै जिसका ऐसी दिति सायंकालकी बखत ॥४६॥मूत्रपुरीषोत्सर्ग करके वर्ष पूर्ण होते आया उससे मोहित होयके शयन करती

एतदंतरमासाद्य योगरूपधरो हरिः ॥ ४७ ॥ प्रविश्य गर्भं चिच्छेद बालं वज्रेण सप्तधा ॥ सप्तरूपोऽभवद्बालो देवराजसमद्युतिः ॥ ४८ ॥ तानेव सप्तधा भूयश्चिच्छेद रुरुदुस्तदा ॥ मारोदत तथेत्युक्त्वा बालका निर्गता बहिः ॥ ४९ ॥ दितिः प्रबुध्य ददृशे बालकान् देवरूपिणः ॥ पप्रच्छ शक्रं पार्श्वस्थं कथमेते वदस्व माम् ॥ ५० ॥ नो चेच्छप्स्यामि संरुष्टा तदा शक्रोऽब्रवीद्दितिम् ॥ माता मेऽकथयत्सर्वं वरदानं तवार्पितम् ॥ ५१ ॥ पित्रात्यंतं प्रसक्तेन पुत्रो दत्तो ममाधिकः ॥ तत्सिद्धये व्रतं दत्तमेवं ज्ञात्वाहमागतः ॥ ५२ ॥ दृष्ट्वैकदा व्रतच्छिद्रं छिन्नो गर्भस्तु सप्तधा ॥ यदा ते न मृता बालाश्छिन्नाश्च सप्तधा पुनः ॥ ५३ ॥ रुदंतः प्रार्थयामासुर्मास्मान् हिंसि शतक्रतो ॥ तवैव बांधवाः सर्वे भविष्यामः सुरोत्तमाः ॥ ५४ ॥ इत्युक्त्वा निसृताः सर्वे इति सर्वं निवेदितम्

भई। इतना व्रत भंग देखके इन्द्र योगमायाके बलसे सूक्ष्म रूप धारण करके ॥४७॥ दितिके गर्भमें प्रवेश करके बालकके सात खंड कियो । वे सात बालक इंद्रसमान तेजस्वी भये ॥ ४८ ॥ इंद्रने फिर उन सात बालकोंके भी एकएकके सातसात टुकडे किये तथापि सर्व बालक रोनेलगे । तब रोवो मत ऐसा इंद्रने कहा पीछे इंद्र सह वर्तमान सब बालक बाहर निकले ॥ ४९ ॥ तब दिति जागृत होयके देवसरीखे पुत्रोंकूं देखके इंद्रको पूछनेलगी हे इंद्र ! यह सब तेरे पास खडे हैं वे कौन हैं सो सत्य कहो ॥ ५० ॥ नहीं तो शाप देऊंगी तब इंद्र कहनेलगा हे दिति ! तुम्हारेको जो कश्यपसे वरदान प्राप्त भया । सो मेरी माने कहा ॥ ५१ ॥ और पिताने अत्यन्त प्रसन्न होयके मेरेसे अधिक ऐसा पुत्र दिया और पुत्र होनेके वास्ते एक व्रत भी बताया सो जानके मैं तुम्हारे पास आया ॥ ५२ ॥ एक दिन तुम्हारे व्रतमें न्यूनता देखके तुम्हारे उदरमें जायके गर्भके सातखण्डाकिये तब सात बालक भये । गर्भ मृत्युको पाया नहीं । फिर सातके सात सात खंड किये तथापि मरे नहीं॥५३॥ वे एक कम पचास बालक रोनेलगे । और प्रार्थना करने लगे कि हमको मारो मत हम तुम्हारे भाई देव होवेंगे ॥ ५४ ॥ ऐसा कहके गर्भके बाहर निकसे सो बात तुमको सत्य कही । तब इंद्रका वचन सुनके दिति कहनेलगी ॥ ५५ ॥ हे

अथ श्रुत्वा दितिःशक्रं प्रोवाच पुरतः स्थितम् ॥५५॥ तेषां पोषणं पुत्र नैकया संभविष्यति ॥ तदा सस्मार कं शक्रः सोऽप्यागत्याब्रवीद्धरम् ॥५६॥ कथयस्व स्वकीयं त्वं कार्यं सोऽप्याहभो विधे ॥ एते वै मरुतो देवाः समुद्भूता दितेः सुताः ॥ ५७ ॥ संख्ययैकोनपञ्चाशन्न तेषां पोषणे क्षमा ॥ दितिर्दैत्यस्य जननी तेषां धात्र्यो विमृग्यताम् ॥५८॥ श्रुत्वा वाक्यं शतक्रतोर्धाता सस्मार वाडवम् ॥ प्रादुरासीत्तदा तत्र वाडवादित्यसन्निभः ॥ ५९ ॥ कुतः स्मृतोऽस्मि लोकेश कार्यं कथय मा चिरम् ॥ श्रुत्वात्रेयस्य वचनं धाता प्रोवाच पुत्रक ॥ ॥ ६० ॥ सृज पुत्रान् सभार्यांस्त्वं मरुतां सेवनेच्छया ॥ कुशरूपान्पुरैवोक्तांस्तप्यतस्तप उत्तमम् ॥ ६१ ॥ चतुर्विंशति संख्याकान् वाडवान्वायडाभिधान् ॥ वैश्यान्शूद्रीप्रियायुक्तान् कुरुष्व द्विगुणांस्ततः ॥ ६२ ॥ वायडाख्या भविष्यंति सर्वेषां देवता मरुत् ॥ मर्यादा स्थापिता पूर्वं चतुर्विंशतिसंख्यया ॥ ६३ ॥ सहस्रं ते भविष्यंति तदर्धं ते द्विजोत्तमाः ॥

इंद्र ! यह सब बालकोंका पोषण अकेलीसे नहीं होनेके तब इंद्रने ब्रह्माका स्मरण किया । ब्रह्मा आयके कहनेलगे ॥५६॥ हे इंद्र ! तेरा काम क्या है सो कह इंद्रने कहा ये सब मरुद्गण देवता दितिके गर्भसे उत्पन्नभये हैं ॥ ५७ ॥ सब मिलके एक कम पचास हैं उनको पोषण करनेको एक दिति समर्थ नहीं हैं । इसवास्ते उनके पोषणार्थ माताओंको लावो ॥ ५८ ॥ इंद्रका वचन सुनते वाडव ऋषिका स्मरण किया वे ऋषि वहां आयके ॥ ५९ ॥ कहनेलगे कि मुझको क्यों बुलाया है । जो कार्य होवे सो जल्दी कहो । तब ब्रह्मा कहनेलगे ॥ ६० ॥ हे वाडव ऋषि ! मरुद्गणोंका पोषण करनेके वास्ते दर्भरूप स्त्री सहित पुत्रोंको उत्पन्न करो । तप करती बखत पहिलेही तुमको कहाहै ॥ ६१ ॥ चौबीस वायडे ब्राह्मण और उनके सेवक वैश्य वायडे वणिज शूद्रीभार्यायुक्त ब्राह्मणसे दुगने करो ॥ ६२ ॥ यह सब वायडानामसे विख्यात होवेंगे । सबोंकी वायु देवता होवेगी । पहिले मैंने चौबीसकी मर्यादा स्थापन कियीहै ॥६३॥ इसवास्ते चौबीस हजार ब्राह्मण अडतालीस हजार

ब्राह्मणैकं तु द्वौ वैश्यौ पालयिष्यंति संमताः ॥ ६४ ॥ एतेषां कुलदेवीयं तव वापी भविष्यति ॥ चूडाकर्म समागत्य ये करिष्यंति वाडवाः ॥ ६५ ॥ ते सर्वे पापनिर्मुक्ता भविष्यंति दिवोर्थिनः ॥ त्वामेव वाडवादित्यं वाप्यां मातृगणांस्तथा ॥ ॥ ६६ ॥ वायडा अर्चयिष्यंति ऋणमुक्ता न संशयः ॥ तेषां पुत्राश्च पौत्राश्च वृद्धिमेष्यंति विश्रुताः ॥ ६७ ॥ सूत उवाच ॥ ॥ इत्युक्तो वाडवादित्यो वायडाख्यान्द्विधाकृतान् ॥ वैश्यान्द्विजांश्च ससृजे सभार्यान्कुशनिर्मितान् ॥ ६८ ॥ स्नापयित्वैककं बालमर्पयामास विश्वकृत् ॥ शुश्रूषध्वमिमान् वेधा इत्युक्तादितिनंदनान् ॥ ६९ ॥ भाद्रशुक्लस्य षष्ठ्यां वै सुसंस्नाप्यार्पयत्स तान् ॥ तस्मात्सा स्नापिनी षष्ठी मासे सप्तमके पुनः ॥ ७० ॥ चैत्रषष्ठ्यां रवौ दोलारूढास्ते ब्रह्मणा कृताः ॥ तस्माद्धिंडोलिनी प्रोक्ता तस्यां चैव महोत्सवम् ॥७१॥ ये करिष्यंति ते वायुबाधामुक्ता भविष्यंति ॥ इत्युक्त्वांतर्दधे ब्रह्मा ह्यथ तेषां निवासकम् ॥ ७२ ॥ वाडवाख्यां महद्दिव्यं

वनिये होवेंगे एक ब्राह्मण दो वनिये इस रीतिसे अपने गुरुका पालन सेवन करेंगे ॥६४॥ इनकी कुलदेवता यह वापी होवेगी जो कोई ब्राह्मण यहां आयके चौलकर्म करेंगे ॥६५॥ वे पापसे मुक्त होयके स्वर्गमें जावेंगे। तुम जो वाडवादित्य हो सो तुम्हारी और वापीस्थ मातृगणोंकी जो पूजा करेंगे वे ऋणमुक्त होवेंगे। पुत्रपौत्रादिकसे वंश वृद्धिगत होवेगा॥६६॥६७॥सूत कहतेहैं हे शौनक! ब्रह्माका वचन सुनते वाडवादित्यने भार्यायुक्त ब्राह्मण और बनियोंको उत्पन्न किया ॥६८॥ फिर ब्रह्मा दितिगर्भोत्पन्न एक एक बालकको स्नान करवायके वे वायडोंको अर्पणकरके कहने लगे कि इनकी शुश्रूषा करना॥६९॥ब्रह्माने जो दितिपुत्रोंको भाद्रपदशुक्ल षष्ठीको स्नान करवायके अर्पण किया इसवास्ते उसको स्नापिनी षष्ठी कहते हैं फिर वहांसे सातवें महीने॥७०॥चैत्रशुक्ल षष्ठीके दिन ब्रह्माने मरुद्गणोंको डोलारोहण करवाया। उस दिनसे हिंडोलिनी षष्ठी कहते हैं जो उसी दिन उत्सव करेंगे ॥ ७१ ॥ उनको वायु रोगकी पीडा होनेकी नहीं । ऐसा कहकर ब्रह्मा गुप्त भये। ऐसा वायडे ब्राह्मण और वायडे वणिक वैश्योंका बडा स्थान॥७२॥ जिसका विस्तार सोलह कोश बडा

चतुर्योजनविस्तृतम् ॥ वाडवादित्यतपसा निर्मितं विश्वकर्मणा ॥ ७३ ॥ मातरस्तत्र तिष्ठंति देवी श्रीरंबिका तथा ॥ माय्यला १ खाय्यला २ देवी ह्यखिला ४ जाखिला ५ तथा ॥ ७४ ॥ ल्यंबजा ६ ख्यंबजा ७ तत्र अख्यता ८ नयना तथा ९ ॥ सिद्धमाता १० तथा चाशापुरी ११ श्रीरंजनेति च १२ ॥७५॥ रामेश्वरश्च तत्रस्थौ भीमेश्वर २ त्रिपुरेश्वरौ ॥ ३ पावनेश्वर ४ विल्वेशो ५ वालुकेश्वर ६ एव च ॥ ७६ ॥ उत्तरेश्वर ७ बिश्वकेशौ ८ सिद्धेशः २ कर्दमेश्वरः १० ॥ नीलकंठेश्वर ११ स्तत्र हनुमानेश्वरस्तथा १२ ॥ ७७ ॥ चतुर्भिश्चत्वरैर्व्याप्तं चतुष्कुण्डैः समन्वितम् ॥ वायडानां पुरं तत्र कुलाचारोऽयमीरितः ॥ ७८ ॥ वायडाख्याभिधैः सर्वैर्विवाहे चत्वरे तथा ॥ स्नानं कार्यं बलिर्देयः क्षेत्राधीशाय सर्वदा ॥ ७९ ॥ स्थिता द्वादशवर्षाणि वायवः स्वर्गतिंगताः ॥ अत्र पुत्रांश्च पौत्रांश्च संस्थाप्य वाडवो मुनिः ॥ ८० ॥ आराध्य देवदेवेशं विष्णोः सदनमीयिवान् ॥ एतत्सर्वं मयाख्यातं यत्पृष्टोऽहं पुरा द्विजाः

उत्तम वाडवादित्यके तपोबलसे विश्वकर्माने निर्माणकिया ॥ ७३ ॥ उस क्षेत्रमें बारह मातृगण और बारह महादेव निवास करतेहैं । उनके नाम अंबिकादेवी १ माय्यला २ खाय्यला ३ अखिला ५ ॥ ७४ ॥ ल्यंबजा ६ ख्यंबजा ७ अख्यता ८ नयना ९ सिद्धमाता १० आशापुरी ११ श्रीरंजना १२॥७५॥रामेश्वर१भीमेश्वर २ त्रिपुरेश्वर ३ पावनेश्वर ४ विश्वेश्वर ५ वालुकेश्वर ६ ॥७६॥उत्तरेश्वर ७ बिल्वकेश्वर ८सिद्धेश्वर ९ कर्दमेश्वर१०नीलकंठेश्वर ११ हनुमानेश्वर १२ ये हैं ॥७७॥ उस पुरमें चार चौहट्टेहैं चार कुंडहैं और वायडे ब्राह्मण बनियोंका एक कुलाचार है ॥ ७८ ॥ विवाहमें सबोंने चौहट्टेमें जायके स्नान करना क्षेत्रपालकी पूजा बलिदान कराना ॥७९॥अब वे मरुद्गण जो थे वे बारह बरस वहां रहके स्वर्गमें चलेगये । वाडवमुनी भी पुत्र पौत्रादिकोंका स्थापन करके ॥८०॥ विष्णुका आगमन करके

॥ ८१ ॥ वायोर्जन्म मया प्रोक्तं किं भूयः श्रोतुमिच्छथ ॥
इतिवायडजातेश्चोत्पत्तिसारः प्रकीर्तितः ॥ ८२ ॥

इति वायडविप्रवणिगुत्पत्तिप्रकरणं १५ संपूर्णम् ॥

इति पंचद्रविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः । सर्वश्लोकसंख्या २१०५ ॥

विष्णुलोकमें गये । हे शौनक ! तुमने जो मुझको पूछा वो सब मैंने ॥८१॥ वायुका जन्म तुमकूं कहा अब क्या श्रवण करनेकी इच्छा है वह वायडाज्ञातिका उत्पत्ति सार वर्णन किया ॥ ८२ ॥

इति वायडे ब्राह्मण और वायडे बनिये वैश्योंकी उत्पति कही प्रकरण १५ संपूर्ण भया ।

अथ उन्नतवासिब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ १६ ॥

श्रीगणेशाय नमः ॥ ईश्वर उवाच ॥ ततो ॥ गच्छेन्महादेवि ह्युन्नतस्थानमुत्तमम् ॥ तस्यैवोत्तरदिग्भागे ऋषितोयातटे शुभे ॥ १ ॥ ब्रह्मेश्वरेति लिंगं वै ब्राह्मणैश्च प्रतिष्ठितम् ॥ एतत्स्थानं महादेवि विप्रेभ्यः प्रददौ बलात् ॥२॥ सर्वसीमासमायुक्तं चंडीगणसुरक्षितम् ॥ उन्नामितं पुनस्तत्र यत्र लिंगं महोदये ॥३॥ तदुन्नतमिति प्रोक्तं स्थानं स्थानवतां वरम् ॥ अथ वा चोन्नतं पूर्वद्वारं प्रासादकस्य वै ॥४॥ तदुन्नतमिति प्रोक्तं० ॥ विद्यया तपसा चैव यत्रोत्कृष्टा महर्षयः ॥ ५ ॥ तदुन्नमिति प्रोक्तं स्थानं० ॥ यदा देवकुले विप्रा मूलचंडीशसंज्ञकम् ॥

अब उनेवाल ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहतेहैं । शिवजी पार्वतीको कहतेहैं हेपार्वती! तदनंतर उन्नतक्षेत्रमें यात्रार्थ जाना उन्नतक्षेत्रसे उत्तर दिशामें ऋषितोया नदीके तट ऊपर ॥१॥ ब्राह्मणोंने ब्रह्मेश्वरनामक शिवकी प्रतिष्ठा की है शिवजीने ब्राह्मणोंको वह स्थान बलात्कारसे दिया ॥ २ ॥ वह उन्नत स्थान कैसा है चारों तरफ जिसके सीमाकोट बंधा है । चंडीगण जिसका रक्षण करते हैं । तपके महान् उदयकी वखत जहां लिंग उद्घाटित किया॥३॥ उससे उन्नतस्थान भया ॥ अथवा प्रसादका पूर्वद्वार ऊंचा है उससे ॥ ४ ॥ उन्नत स्थान कहते हैं । अथवा जहां विद्यासे और तपसे ऋषि बडे उत्कृष्ट हैं उससे उन्नत स्थानकहते हैं ॥ ५ ॥ जिस वखत सब ब्राह्मण मूलचंडीश

॥ ६ ॥ प्रसाद्य च महादेवं पुनः प्राप्ता महोदयम् ॥ षष्टिवर्ष-सहस्राणि तपस्तेपुर्महर्षयः ॥ ७ ॥ ऋषि तोयातटे रम्ये ध्याय-माना महेश्वरम् ॥ भिक्षुर्भूत्वा गतश्चाहं यत्र तेपुर्द्विजातयः ॥ ॥ ८ ॥ त्रिकालदर्शिभिस्तत्र लक्षितोऽहं तपस्विभिः ॥ दृष्टमा-त्रस्तदा विप्रैर्विरराम महेश्वरः ॥ ९ ॥ क्व यासि विदितो देव इत्युक्त्वा न ययुर्द्विजाः ॥ यावदायांति मुनय ईशेशेति प्रभा-षकाः ॥ १० ॥ धावमानाः स्वतपसा द्योतयंतो दिशो दश ॥ लिंगमेव प्रपश्यंति न पश्यंति महेश्वरम् ॥११॥ यदैव ददृशु-र्लिंगं मूलचंडीशसंज्ञकम् ॥ तदा च मुनयः सर्वेसदेहाः स्वर्गमा-ययुः ॥१२॥ यदात्रिविष्टपं व्याप्तं दृष्टंवैशतयज्वना ॥ आयांतिच तथैवान्ये मुनयस्तपसोज्ज्वलाः ॥१३॥ एतदंतरमासाद्य समा-गत्य महीतले ॥ लिंगमाच्छादयामास वज्रेणैव शतक्रतुः ॥ ॥ १४ ॥ अष्टादशसहस्राणि मुनीनामूर्द्ध्वरेतसाम् ॥ स्थितानि न तु पश्यंति लिंगमेतदनुत्तमम् ॥ १५ ॥ शतक्रतुस्तु सहसा दृष्टो वज्रेण संयुतः ॥ यावद्दिशंति शापं ते तावन्नष्टः पुरंदरः ॥ ॥ १६ ॥ दृष्ट्वा तान्कोपसंयुक्तान्भगवांस्त्रिपुरांतकः ॥ उवाच

महादेवके पास बैठके साठ हजार वर्ष पर्यंत तपश्चर्या करतेभये । ६--७ ॥ ऋषितो या नदीके तट ऊपर शिवका ध्यान करते बैठे हैं शिवकहनेलगे हे पार्वती ! जहां वे तप करते रहे वहां मैं भिक्षुकका रूप लेके आया॥८॥ तब वे तपस्वी भूत भविष्य वर्तमानके जाननेवाले ऋषियोंने देखते बरोबर मुझको पिछाने तब ॥९॥ हे शिव ! तुम कहां जाते हो ऐसा कहके मेरे पीछे आय हे ईश्वर ! हे ईश्वर ! ऐसा कहते कहते दौडते दौडते यावत्काल पर्यंत आते हैं ॥ १० ॥ और अपने तेजसे दशदिशाओंको प्रकाशित करते हैं इतनेमें लिंगको देखे परंतु शिवको न देखे ॥ ११ ॥ जिस बखत मूलचंडीश लिंगको देखे उसी बखत सब मुनि स्वदेहसे स्वर्गको गये ॥ १२ ॥ जब स्वर्ग बहुत व्याप्तहुआ देखा और दूसरे भी आयरहे हैं यह देखके इंद्र ॥ १२ ॥ भूलोकमें आयके उस लिंगको अच्छादन किया ॥ १४ ॥ उस बखत वहां अठारह हजार मुनि थे वे उत्तम लिंगको न देखते भये ॥१५॥ वज्रसहित इन्द्रको देखते भये यावत्काल पर्यंत उसको शाप देते इतनेमें इंद्र ।छिपगया ॥ १६ ॥ तब शिव उन

सांत्वयन्देवो वाचा मधुरया द्विजान् ॥ १७ ॥ कथं खिन्ना द्विजश्रेष्ठाः सदा शांतिपरायणाः ॥ प्रसन्नवदना भूत्वा श्रूयतां वचनं मम ॥ १८ ॥ भवद्भिर्ज्ञानसंयुक्तैः स्वर्गः किं मन्यते बहु ॥ स्वपुण्यसंक्षये प्राप्ते यस्माद्वै भ्रश्यते नरः ॥ १९ ॥ एवं दुःखसमायुक्तः स्वर्गो नैवोह्यते बुधैः ॥ एतस्मात्कारणाद्विप्रा कुरुध्वं वचनं मम ॥ २० ॥ गृह्णीध्वं नगरं रम्यं निवासाय महाप्रभम् ॥ हूयतामग्निहोत्राणि देवताः सर्वदा द्विजाः ॥ २१ ॥ यजंतो विविधैर्योगैः क्रियतां पितृपूजनम् ॥ आतिथ्यं क्रियतां नित्यं वेदाभ्यासस्तथैव च ॥ २२ ॥ एवं वै कुरुतां नित्यं विना ज्ञानस्य संचयैः ॥ प्रसादान्मम विप्रेंद्राः प्रांते मुक्तिर्भविष्यति ॥ २३ ॥ विप्रा ऊचुः ॥ ॥ असमर्थाः परित्राणे जिताहारास्तपोन्विताः ॥ नगरेणेह किं कुर्मस्तव भक्तिमभीप्सवः ॥ २४ ॥ ईश्वर उवाच ॥ ॥ भविष्यति सदाभक्तिर्युष्माकं परमेश्वरे ॥ गृह्णीध्वं नगरं रम्यं कुरुध्वं वचनं मम ॥ ॥ २५ ॥ इत्युक्त्वा भगवान्देव ईषन्मीलितलोचनः ॥ सस्मार विश्वकर्माणं प्रांजलिः सोऽग्रतः स्थितः ॥ २६ ॥ आज्ञापयतु

ब्राह्मणोंको क्रुद्ध देखके मधुरवचनसे बोलनेलगे ॥ १७ ॥ हे ब्राह्मणो ! तुमसदा शांतचित होके उदास कैसे भये प्रसन्नमुख करके मेरा वचन सुनो ॥ १८ ॥ तुम ऐसे ज्ञानी होके स्वर्गको बडा मानते हो जहां पुण्य क्षीण होनेसे मनुष्यका नीचे पतन होता है ॥ १९ ॥ ऐसे दुःखयुक्त स्वर्गको पंडित लोग मनमें नहीं रखते इस-वास्ते मेरा वचन सुनो ॥ २० ॥ तुमको रहनेके वास्ते अति तेजस्वी रमणीय नगर देता हूं सो ग्रहण करो वहां रहके अग्निहोत्र करो देवताकी पूजा करो ॥ २१ ॥ यज्ञकरो नित्य पितृपूजन आतिथिपूजन वेदभ्यास करो ॥ २२ ॥ ऐसा नित्य करो तो ज्ञान विना भी मेरे अनुग्रहसे अंतको मुक्ति होवेगी ॥ २३ ॥ ब्राह्मण कहनेलगे हे शिव ! गृहदारके रक्षणकरनेकूं हम समर्थ नहीं हैं हम जिताहार तपस्वी तुम्हारी भक्तिकी इच्छा करते हैं यहां नगर लेके क्या करेंगे ॥ २४ ॥ तब शिव कहनेलगे तुम्हारी भक्ति परमेश्वरमें होवेगी यह नगर ग्रहणकरो मेरा वचन मानो ॥ २५ ॥ ऐसा कहके विश्वकर्माका स्मरण करते वे हाथ जोडके सामने आयके खडे रहे ॥ २६ ॥ और क्या आज्ञा है सो कहो ऐसा वचन सुनते शिव कहनेलगे हे

मां देवो वचनं करवाणि ते ॥ सोऽप्याह क्रियतां त्वष्टर्विप्रार्थं सुन्दरं पुरम् ॥२७॥ इत्युक्तो विश्वकर्मा यः भूमिं वीक्ष्य समंततः ॥ उवाच प्रणतो भूत्वा शंकरं लोकशंकरम् ॥ २८ ॥ परीक्षिता मया भूमिर्न युक्तं नगरं त्विह ॥ अत्र देवकुलं साक्षाल्लिंगस्य पतनं तथा ॥ २९ ॥ यतिभिश्चात्र वस्तव्यं न युक्तं गृहमेधिनाम् ॥ इत्युक्तः स महादेवस्तेन वै विश्वकर्मणा ॥ ॥ ३० ॥ पुनः प्रोवाच तं तस्य प्रशस्य वचनं शिवः ॥ रोचते मे न वासोऽत्र विप्राणां गृहमेधिनाम् ॥३१॥ यत्र वोन्नामितं लिंगमृषितोयातटे शुभे ॥ तत्र निर्मापय त्वष्टर्नगरं शिल्पिनां वर ॥३२॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा विश्वकर्मा त्वरान्वितः ॥ गत्वा चकार नगरं शिल्पिकोटिभिरावृतः ॥३३॥ उन्नतं नाम यल्लोके विख्यातं सुरसुन्दरि ॥ ततो हृष्टमना भूत्वा विलोक्य नगरं शिवः ॥ ३४ ॥ आहूय ब्राह्मणान्सर्वानुवाचानतकंधरः ॥ इदं स्थानवरं रम्यं निर्मितं विश्वकर्मणा ॥३५॥ ग्रामाणां च सहस्रैस्तु प्रोतं सर्वासु दिक्षु च ॥ नगरात्सर्वतः पुण्यो देशोन-

विश्वकर्मा ! तुम ब्राह्मणोंके अर्थ उत्तम नगर बनाओ ॥ २७ ॥ विश्वकर्मा तब चारों तरफकी भूमिको देखके कहनेलगे ॥ २८ ॥ हे शिव ! मैंने भूमिकी परीक्षा की यहां नगर निर्माणकरना योग्य नहीं है यहां लिंगपात भया है देवताका वास है ॥ २९ ॥ संन्यासियोंने रहना, गृहस्थाश्रमियोंका रहना योग्य नहीं है ऐसा कहा तब महादेव ॥ ३० ॥ पुनः कहते हैं मुझको गृहस्थाश्रमी ब्राह्मणोंका यहां वास करवाना अच्छा लगता नहीं है ॥ ३१ ॥ इसवास्ते जहां मैंने लिंग उन्नमित किया है ऐसी ऋषितोय नदीके तट ऊपर अति उत्तम नगर निर्माण करो ॥ ३२ ॥ शिवका वचन सुनते विश्वकर्माने जलदीसे करोड शिल्पियोंको लेके नगर बनाया ॥ ३३ ॥ जो लोकमें उन्नत ऐसा कहते हैं यह नगर पश्चिम समुद्र नजीक काठियावाड देशमें देलवाडा गामके पास जिसको उना ऐसा कहते हैं उस नगरको देखके शिव प्रसन्न होयके ॥ ३४ ॥ सब ब्राह्मणोंको बुलायके कहनेलगे हे ब्राह्मणो ! यह विश्वकर्मानिर्मित उत्तम स्थान है ॥ ३५ ॥ इसके अधीन चारों तरफ हजार गांव हैं नगरके चारों तरफ नवग्रह देश बडा पुण्यरूप है

ग्रहरः स्मृतः ॥३६॥ नग्नो भूत्वा हरो यत्र देशे भ्रांतो यदृच्छया ॥ तं नग्नहरमित्याहुर्देशं पुण्यतम जनाः ॥ ३७ ॥ अष्टयोजनविस्तीर्णं व्यायामं व्यासतस्तथा ॥ पूर्वे वै शंकरार्या च पश्चिमे न्यंकुमन्यपि ॥ ३८ ॥ उत्तरे कनकनंदा च दक्षिणे सागरोवधिः॥गृह्यतां नगरं श्रेष्ठ प्रसीदध्वं द्विजोत्तमाः ॥३९॥ अत्र भुक्तिश्च मुक्तिश्च भविष्यति न संशयः ॥ इत्युक्तास्ते तदा विप्राः सर्वे प्रोचुर्महेश्वरम् ॥ ४० ॥ ईश्वराज्ञां वृथा कर्तु न शक्या परमात्मनः ॥ तपोग्निहोत्रनिष्ठानां वेदाध्ययनशालिनाम् ॥ ४१ ॥ अस्माकं रक्षिता कोऽस्ति कलिकाले च दारुणे ॥ को दाताऽऽरोग्यदः कश्च को वै मुक्ति प्रदास्यति ॥ ४२ ॥ ईश्वर उवाच ॥ ॥ महाकालस्वरूपेण स्थित्वा तीर्थे महोदये ॥ नाशयिष्यामि शत्रून्वः सम्यगाराधितो ह्यहम् ॥४३॥ उन्नतो विघ्नराजस्तु विघ्नच्छेत्ता भविष्यति ॥ गणनाथस्वरूपोऽयं धनदो निधिनां पतिः ॥ ४४ ॥ युष्मभ्यं दास्यति द्रव्यं सम्यगाराधितोऽपि सः ॥ आरोग्यदायको नित्यं दुर्गादित्यो भविष्यति ॥ ४५ ॥ विप्रा ऊचुः ॥ यदि तीर्थानि तिष्ठंति सर्वाणि सुरसत्तम ॥ संगालेश्वरतीर्थे

॥ ३६ ॥ जहां शिव अपनी इच्छासे नग्न होयके फिरे हैं उस भूमिको लोक नग्नहर देश अति पुण्यकारक कहते हैं ॥ ३७ ॥ वह देश लंबा चौडा बत्तीस कोस है पूर्वमें शंकरार्या नदी है पश्चिममें न्यंकुमनी है ॥ ३८ ॥ उत्तरमें कनकनंदा दक्षिणमें समुद्र अवधि है ऐसा नगर ग्रहण करो और प्रसन्न हो ॥ ३९ ॥ यहां भुक्ति और मुक्ति होवेगी इसमें संशय नहीं है तब सब उनेषाल ब्राह्मण कहनेलगे ॥४०॥ ईश्वरकी आज्ञा तोडनेको कौन समर्थ है हे शिव ! हम तप अग्निहोत्र वेदाध्ययनमें निष्ठ रहेंगे ॥ ४१ ॥ उस बखत दारुण कलिकालमें हमारा रक्षण कौन करेगा आरोग्यता और मुक्ति कौन देवेगा ॥४२॥ ईश्वर कहनेलगे हे ब्राह्मणो ! महाकाल स्वरूपसे यह महोदय तीर्थमें रहके तुम्हारे शत्रुवोंका नाश करूंगा॥४३॥ और उन्नत विघ्नराज विघ्नकूं छेदन करेंगे ॥४४॥ उन गणपतिका आराधन करोगे तो तुमको बहुत धन देवेगा दुर्गादित्य हैं वे तुमकूं आरोग्य करेंगे ॥४५॥ उन्नत-

च तथा देवकुले शिवः॥४६॥ कलावपि महारौद्रे चास्माकं पावनाय च॥स्थातव्यं तर्हि गृह्णीमो नान्यथा च महेश्वर ॥४७॥ स तथेति प्रतिज्ञाय ददौ तेभ्यःपुरं वरम् ॥ ददर्श विश्वकर्माणं प्रांजलिं पुरतः स्थितम् ॥ ४८ ॥ विलोक्यतां महादेव नगरं नगरोपमम् ॥ सौवर्णस्थलमारुह्य निर्मितं त्वत्प्रसादतः ॥ ॥ ४९ ॥ विश्वकर्मवचः श्रुत्वा आरुह्य स्थलकं हरः ॥ पुरं विलोकयामास रम्यं मुनिगणैः सह ॥ ५० ॥ ऋषयस्तुष्टुवुः सर्वे स्वर्णस्थं त्रिपुरान्तकम् ॥ तानुवाच महादेवो वृणुध्वं वरमुत्तमम् ॥ ५१ ॥ उनेवाला ऊचुः ॥ ॥ यदि तुष्टो महादेव स्थलकेश्वरनामभृत् ॥ अवलोकयंश्च नगरं सदा तिष्ठ स्थले हर॥५२॥ इत्युक्तो भगवाञ् शंभुः स्थलकेऽस्मिन्सदा स्थितः ॥ कृते रत्नमयं देवि त्रेतायां च हिरण्मयम् ॥ ५३ ॥ रौप्यं च द्वापरे प्रोक्तं स्थलमश्ममयं कलौ ॥ एवं तत्र स्थितोदेवः स्थलकेश्वरनामतः ॥ ५४ ॥ पूजितश्च सदान्यैश्च ह्युन्नतक्षेत्र-

वासी ब्राह्मण कहनेलगे हे शिव ! जो कभी सब तीर्थ यहां वास करेंगे और देवकुलके वहां शिव जो निवास करेंगे ॥ ४६ ॥ और कलियुगमें हमकूं पावन करनेके वास्ते रहैंगे तो इस नगरका प्रतिग्रह करते हैं नहीं तो प्रतिग्रह लेते नहीं ॥४७॥ तब शिव उनका वचन अंगीकार करके ब्राह्मणोंकी पुरदान देके हाथ जोडके रहे जो विश्वकर्मा ॥ ४८ ॥ उनको शिव कहते हैं हे विश्वकर्मा ! नगरको और महादेवको देखो ॥ ४९ ॥ तब विश्वकर्मा स्थलस्थ जो शिव उनको और अपने नगरको देखते भये ॥ ५० ॥ सब ऋषीश्वर सौवर्णस्थलस्थ शिवकी स्तुति करनेलगे तब शिव प्रसन्न होयके कहनेलगे कि तुम वर मांगो ॥५१ ॥ उनेवाला ब्राह्मणोंने कहा हे शिव ! आप प्रसन्न भये हो तो स्थलकेश्वर नामसे इस स्थलमें वास करो और नगर देखतेरहो ॥५२॥ ऐसा ब्राह्मणोंका वचन सुनते वहां निरन्तर वास किया वह स्थल सत्ययुगमें रत्नमय था त्रेतायुगमें सुवर्ण मयथा ॥ ५३ ॥ द्वापरयुगमें रूपेकाथा कलियुगमें पाषाणमय है ऐसे उस स्थलमें स्थलकेश्वर नामसे शिवजी निवास करते हैं ॥ ५४ ॥ उनेवाल ब्राह्मणोंसे और दूसरे भी

वासिभिः ॥ इत्येतत्कथितं देवि ह्युन्नतस्य कथानकम् ॥५५॥ श्रुतं पापहरं नृणां सर्वकामफलप्रदम् ॥ ५६ ॥

इति ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डे उन्नतवासिब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम षोडशप्रकरणम् ॥ १६ ॥

इति पञ्चद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः आदितः मूलश्लोकसंख्या २१६१.

लोकोंसे नित्य पूजे जाते हैं हे पार्वति ! इस प्रकार मैं उन्नतक्षेत्रका प्रभाव कहा ॥ ५५ ॥ वह प्रभाव कैसा है कि श्रवण करते मनुष्यके पाप दूर होते हैं सब काम सिद्ध होते हैं ॥ ५६ ॥

इति उनेवालब्राह्मणोंकी उत्पत्ति प्रकरण ॥ १६ ॥

अथ गिरिनारायणब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरण ॥ १७॥

अथ गिरिनाराणब्राह्मणोत्पत्तिसारमाह ॥ उक्तं च प्रभासखंडांतर्गते वस्त्रापथक्षेत्रमाहात्म्ये ॥ नारद उवाच ॥ ॥ महापुण्यतमे क्षेत्रे शुचौ वस्त्रापथे द्विजाः ॥ गिरिनारायणास्ते वै निवसंति पितामह ॥ १ ॥ गिरिनारायणाख्या वै कथमेषामभूत्किल ॥ तत्र संबंधिनः केन कृतास्तद्ब्रूहि मेऽनघ ॥ २ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ पुरा हरिहरौ देवौ चन्द्रकेतौ कृपापरौ ॥ रैवतं ययतुः साक्षान्मूर्तिमंतौ महाबलौ ॥ ३ ॥ निर्जने च तपोदेशे भगवानित्यचिन्तयत् ॥ ब्राह्मणेन विनात्रैव कथं स्थास्ये च निर्जने ॥ ४ ॥ ततो नारद सस्मार ब्राह्मणं स्वात्मरूपिणम् ॥ इति संचिंत्य भगवान् गिरौ रैवतके वसन् ॥५॥

अब गिर्नारे ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं नारद ब्रह्माको पूछनेलगे हे गुरु ! परम पवित्र ऐसा जो वस्त्रापथ क्षेत्र उसमें गिरिनारायण नाम करके जो ब्राह्मण रहते हैं ॥ १ ॥ उनका गिरिनारायण नाम कैसे भया किसने किया सो कहो ॥२॥ ब्रह्मा बोले पूर्वकालमें विष्णु और शिव यह दोनों देवता चंद्रकेतु राजाके ऊपर कृपा करनेके वास्ते रैवताचल पर्वतके ऊपर आयके ॥ ३ ॥ एकांत जनवर्जित जगहमें बैठे तब भगवान् विचार करनेलगे कि ब्राह्मण विना इस स्थलमें कैसे रहना ॥ ४ ॥ इसवास्ते हे नारद ! ऐसा जानके आपरूप ब्राह्मणका स्मरण किया ॥५॥

गिरिनारायण इति विप्रो दामोदरो ययौ ॥ तदा नारद गंगाया-स्तटे हिमवदादिषु ॥ ६ ॥ ऋषयो निवसंतिस्म ब्रह्मघोषप-रायणाः ॥ तत्र तेषां निवसतां ह्याजगाम महातपाः ॥ ७ ॥ ऋषिस्तेनैव कथितो गिरौ रैवतके हरिः ॥ भवश्चापि महादेवमू-र्तिमंतावुभावपि ॥ ८ ॥ तदा ते ऋषयः सर्वे श्रुत्वा तस्य मुनेर्वचः ॥ निवसंतौ हरिहरौ विश्वस्थित्यंतकारकौ ॥ ९ ॥ तेनैव सत्यतपसा हर्षनिर्भरमानसाः ॥ समायातास्ते विमला रैवतोद्यानमुत्तमम् ॥ १० ॥ नानावृक्षलताकीर्णं पशुपक्षिग-णान्वितम् ॥ संप्राप्य रैवतोद्यानं दामोदरगृहं ययुः ॥ ११ ॥ गिरिनारायणं स्मृत्वा तुष्टुवुस्ते द्विजोत्तमाः ॥ ऋषय ऊचुः ॥ भगवन्भूतभव्येश सर्वभूतविभावन ॥ १२ ॥ प्रसादं कुरु देवेश दर्शनं देहि मे विभो ॥ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ ॥ इति संस्तु-वतां तेषां दृश्यो भूत्वाब्रवीद्वचः ॥ १३ ॥ वर्णानामाश्रमाणां च रक्षा वै विधृता मया ॥ स्थातव्यमत्र सततमिति पूर्वं ममे-प्सितम् ॥ १४ ॥ भवन्तो मम सामीप्ये तिष्ठंतु स्थिरमा-

और आप गिरिनारायण दामोदर नाम धारण करके रैवताचल पर्वतके ऊपर आये । फिर वहां आयके भगवतका हृद्गत जानके हिमाचलादिककी गुफाओंमें और गंगा तटोंके ऊपर ॥ ६ ॥ जो ऋषि वेदाध्ययन करते बैठे हैं वहां गये ॥ ७ ॥ तब सब ऋषियोंने हरिहरका वृत्तांत पूछा तब गिरिनारायण कहनेलगे हे ऋषी-श्वरो ! शिव और विष्णु यह दोनों प्रत्यक्ष मूर्ति धारण करके रैवताचलके ऊपर बैठे हैं ॥ ८ ॥ ऐसा वचन सुनके सब ऋषीश्वर बडे प्रेमयुक्त होयके रैवताचलके बगीचेमें आवतेभये ॥ ९ ॥ १० ॥ जहां अनेक वृक्ष लगे हैं अनेक पक्षी नाद कर रहे हैं वहां दामोदर भगवानके घरमें आयके ॥ ११ ॥ गिरिनारायणका स्मरण करके स्तुति करनेलगे । हे भगवन् ॥ १२ ॥ हमारे ऊपर अनुग्रह करो और दर्शन देव ब्रह्मा नारदको कहनेलगे हे नारद ! भगवानने ऋषियोंकी स्तुति श्रवण करके उनको दर्शन देके ॥ १३ ॥ कहा कि हे ऋषीश्वरो ! वर्णाश्रमधर्मकी रक्षा मैंने धारण की है इसवास्ते तुम सबोंने इस स्थलमें वास करना यह मुझे इष्ट है ॥ १४ ॥ मेरे पास रहना और उस स्थलमें मेरा नाम गिरिनारायण मैंने रखा है ॥ १५ ॥

नसाः॥गिरिनारायण इति ममाख्या कथिता मया ॥ १५ ॥ यथात्वहं तथाप्येते गिरिनारायणाः कृताः ॥ तपसो भवतामत्र कियंतो विघ्नकारिणः ॥ १६ ॥ ते तु भस्मीभविष्यंति मम क्रोधदवानलात् ॥ युष्मान्प्रति हि ये चान्ये द्वेषं कुर्वंति पापिनः ॥ १७ ॥ द्वेष्टारस्तेऽपि मे सत्यं शास्ता तेषामहं सदा॥ब्रह्मोवाच ॥ इत्युक्त्वा ऋषयः सर्वे हर्षगद्गदया गिरा ॥ ॥१८॥ ऊचुः प्रांजलयो भूत्वा गिरिनारायणं हरिम् ॥ गिरिनारायणा द्विजा ऊचुः ॥ देवदेव जगन्नाथ नारायण परात्पर ॥ १९ ॥ अत्रैव विधिना केन स्थास्यामो रैवतं गिरिम् ॥ सिंहव्याघ्रसमाकीर्णं नानापक्षिविहंगमम् ॥ २० ॥ अत्रैव वसतां देव किमस्माकं भविष्यति ॥ तद्वदस्व जगन्नाथ ततो दामोदरोऽब्रवीत् ॥ २१ ॥ दामोदर उवाच ॥ ॥ गिरिनारायणाः सर्वे श्रूयंतां गदतो मम॥भाव्यं तु भवतां यच्च भविष्यं कथयामि तत् ॥ २२ ॥ भवद्भ्यो निवसद्भ्योऽत्र ऋषयोऽन्ये वरार्थिनः॥कन्यास्त्वलंकृताः सर्वाः प्रदास्यंति यथोचिताः ॥२३॥ तत्र राजा चंद्रकेतुर्विवाहसमये ध्रुवम् ॥ शासनानि

वैसी तुम्हारी भी गिरिनारायण ब्रह्माण ऐसी संज्ञा मैंने रक्खी है। तुम तपश्चर्या करो उसमें जो कोई विघ्न करेंगे ॥ १६ ॥ वे मेरे क्रोधरूप अग्निसे भस्म होजावेंगे और तुम्हारा जो द्वेष करेंगे पापी लोग तो ॥१७॥ उन्होंने मेरा द्वेष किया ऐसा जानके उनकूं शिक्षा करूंगा। ब्रह्मा बोले। सब ऋषियोंने भगवान्‌का वचन सुनके बडे हर्षित होयके गद्गदवाणीसे ॥ १८ ॥ हाथ जोडके गिरिनारायण भगवान्‌को कहा हे देवाधिदेव ! हे नारायण ॥ १९ ॥ इस सिंहव्याघ्रादियुक्त पर्वतके ऊपर कौनसी रीतिसे रहना ॥ २० ॥ और यहां रहनेसे आगे क्या होगा सो कहो तब दामोदर भगवान् कहनेलगे ॥ २१ ॥ हे गिरिनारायण ब्राह्मणो ! आगे जो भविष्य होनेवाला है सो सुनो ॥ २२ ॥ तुम यहां रहोगे सो तुमको दूसरे ऋषि अपनी कन्यावोंके वास्ते वर ढूंढनेको निकसेंगे। तब यहां आयके वस्त्रालंकार सहित कन्यावोंको देवेंगे ॥ २३ ॥ यहांका राजा चन्द्रकेतु विवाहके समयमें आयके तुम सबोंको ग्रामका दान करेगा। जागरि पत्र लिखदेवेगा ॥ २४ ॥ उससे तुम

तथा ग्रामान्प्रदास्यति ममाज्ञया ॥ २४ ॥ तैः शासनपदैः सर्वे सुखिनोऽत्र भविष्यथ॥श्रोत्रिया यज्विनो नित्यं दातारो नात्र संशयः ॥ २५ ॥ इतिहासपुराणानां वक्तारो नात्र संशयः ॥ ततो बहुगते काले स्वर्गे देवासुरे युधि ॥ २६ ॥ सुरादैत्यान्हनिष्यंति बलिनो मे सुधाभृतः ॥ जनलोके भविष्यति हतास्ते दैत्यदानवाः ॥ २७ ॥ ऋषीणां यज्विनां चैव सर्वे विद्वेषकारिणः ॥ भविष्यति स मद्भक्तो ह्यपुत्रश्चातिदुःखितः ॥२८॥ तदाहं ब्राह्मणार्थं वै राज्ञस्तस्य च धीमतः ॥ उभयोः कार्यमन्विच्छन्करिष्यामीत्यचिंतयत् ॥ २९ ॥ ततो राजा मदंशेन प्रेरितो रैवतं किल॥आगमिष्यति यज्ञं तु करिष्यति सुतेच्छया ॥ ३० ॥ तदा मदंशपुत्रोऽसौ हनिष्यति दुरासदान् ॥ राजन्यवंशजान्दुष्टान्ब्रह्मवृत्तिविलोपकान् ॥ ३१ ॥ ब्रह्मस्वपरितुष्टांगान्भिल्लानंतकसन्निभैः ॥ बाणैस्तुसंहनिष्यामि स्थिते राजनि तत्र वै ॥३२॥ हत्वा तान् भिल्लाजातीयान् वाजिमेधं करिष्यति ॥ यदा ते ऋत्विजः सर्वे गिरिनारायणा द्विजाः ३३ याजयिष्यंति राजानं वाजिमेधेन मां स्मरन् ॥ यज्ञदानादिकं कर्म गिरिनारायणैर्विना ॥ ३४ ॥ योऽत्र वस्त्रापथक्षेत्रे करि-

सुखी होकर यज्ञ दान पुण्य करोगे इसमें संशय नहीं है ॥ २५ ॥ इतिहासपुराणादिक तुम बांचोगे ऐसे होते होते बहुत बरस गये बाद स्वर्गमें देवदैत्योंका युद्ध होवेगा ॥ २६ ॥ वहां दैत्योंको देवता मारेंगे तब मेरा पूर्ण भक्त वह राजा अपुत्रतासे दुःखित होयके मेरी प्रेरणासे रैवताचलके वहां आयके पुत्रप्राप्तिके वास्ते यज्ञ करेगा । तब मैं ऋषियोंके सुख होनेके वास्ते और राजाकी पुत्र प्राप्त होनेके वास्ते विचार करके ॥ २७ ॥ २८ ॥ २९ ॥ ३० ॥ अंशसे चंद्रकेतुका पुत्र होयके ब्राह्मणवृत्तिलोप करनेवाले जो दुष्ट राजवंशी उनको और वैसे भिल्ललोकोंको बाण से मारूंगा ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ तबराजा वहां अश्वमेध यज्ञ करेगा । और तुम गिरिनारायण सब ब्राह्मण राजाको यज्ञ करावोगे । और मेरे वचनसे जो कोई वस्त्रापथ क्षेत्रमें तुम्हारे विना दूसरी जातिके ब्राह्मणसे यज्ञदानादिक करवायेगा तो उसका सब निष्फल होवेगा

ष्यति स चासुरः ॥ असुरैः सह संभोक्ता भविष्यति न संशयः ॥ ३५ ॥ यज्ञावसाने विप्रेभ्यो राजा दास्यति शासनम् ॥ यस्य यस्य विलुप्तं हि तस्य तस्य तदैव हि ॥ ३६ ॥ चतुःषष्टीति गोत्राणां चतुःषष्टिं च शासनैः ॥ तत्सहैक्यं तु विप्राणामिति संख्या भविष्यति ॥ ३७ ॥ तेभ्यः प्रत्येकमेकैकं ग्रामं सुबहुभूमिकम् ॥ हिरण्यरत्नसंयुक्तं राजा दास्यति शासनम् ॥ ३८ ॥ गर्गेण सह संचिंत्य सोमनाथसमीपतः ॥ अहं वामनरूपेण करिष्यामि महत्पुरम् ॥ ३९ ॥ भविष्यति मम ख्यातनाम्ना सा वामनस्थली ॥ तां हि दैत्यजनाक्रांतां दृष्ट्वा दशरथो बली ॥ ४० ॥ कृत्वा दैत्यवधं तां तु राजा दास्यति भूषिताम् ॥ गिरिनारायणेभ्योऽथ राज्यश्रीवस्तुसंभृताम् ॥ ४१ ॥ अतिथ्यं वैश्वदेवं च वेदानां चानुपालनम् ॥ अग्निहोत्रं तपः सत्यमिष्टमित्यभिधीयते ॥ ४२ ॥ इष्टापूर्तेषु धर्मेषु योज्या विप्रा मदाश्रयाः ॥ गिरिनारायणाः सर्वे मया संबंधिनः कृताः ॥ ४३ ॥ सौराष्ट्रदेशे विमले पूज्यास्ते मम

असुरी कर्म होवेगा ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ फिर यज्ञहुवे बाद जिन जिन ब्राह्मणोंकी वृत्ति हीन होगई है उनको राजा जागीर देवेगा ॥ ३६ ॥ चौसठ गोत्रोंके ब्राह्मणोंको चौंसठ ग्रामोंका दान देवेगा ब्राह्मणोंकी संख्या भी उतनी होवेगी ॥ ३७ ॥ और सुवर्णरत्न भूमिका भी दान करेगा ॥ ३८ ॥ फिर गर्गमुनिसे विचारकरके मैं वामनरूप धारण करके बडा नगर बनाऊंगा ॥ ३९ ॥ वह नगर जगतमें वामनस्थली नामसे विख्यात होवेगा जिसको हालमें वनस्थली कहतेहैं जूनागढसे पश्चिममें चार कोसके ऊपर है जहां सूर्यकुंड नामक बडा तीर्थ है वह वामनस्थली जिस बखत दुष्ट दैत्यसे व्याप्त होवेगी उसको देखके बडा बलवान् राजा दशरथ ॥ ४० ॥ वहां आयके दैत्योंको मारकर उस वामनस्थली ग्रामको शोभायमान करके गिरिनारे ब्राह्मणोंकूं देवेंगे ॥ ४१ ॥ अतिथिकी सेवा वैश्वदेव नित्य वेदमार्ग पालन वेदपठन अग्निहोत्र इन पदार्थोंकूं इष्ट कहते हैं ॥ ४२ ॥ और बावडी कूवा तालाब बँधाना देवालय बगीचा वृक्षोद्यान इनकूं पूर्त कहते हैं इस वास्ते हे ब्राह्मणों !तुम मेरे आशीर्वादसे इष्टापूर्त धर्ममें योग्य हो और उन कार्योंमें लगना इन ब्राह्मणोंकूं मैंने मेरे सम्बन्धी कियेहैं ॥४३॥ यह सौराष्ट्रदेश काठियावाड

शासनात् ॥ करिष्यमाणमुद्दिश्य गिरिनारायणैर्द्विजैः ॥४४॥ तत्र राजा दशरथो ह्यश्वमेधं महामखम् ॥ कृत्वा सुरादीन्संतोष्य नानावस्त्रैर्हुते रसैः ॥ ४५ ॥ हत्वा दैत्यगणांस्तत्र कृत्वा दानान्यनेकशः ॥ पुनर्यास्यत्ययोध्यां वै राजधानीं स्वकां प्रति ॥ ४६ ॥ ततोऽहं तद्गृहे जन्म धृत्वा दशमुखादिकान् ॥ हत्वाश्रमाणां वर्णानां स्थापयिष्ये स्थितिं पराम् ॥ ॥ ४७ ॥ इति वोऽखिलमाख्यातं कथितं कृपया मम ॥ भविष्यं भवितव्यं च किमन्यच्छ्रोतुमिच्छथ ॥ ४८ ॥ गिरिनारायणा ऊचुः ॥ जय विश्वेश्वर विभो जय गोपपरायण ॥ नमोनमः परेशाय निर्गुणाय चिदात्मने ॥ ४९ ॥ त्वया संस्थापिता देव निवसामोऽत्र निर्भयाः ॥ रैवतोद्यानविषये त्वद्ध्यानस्थितमानसाः ॥ ५० ॥ यथा भूम्यां भविष्यंति दैत्या देवहताः पुनः ॥ तेषां रूपं समाचक्ष्व पुनस्तेषां च संस्थितिम् ॥ ५१ ॥ भगवानुवाच ॥ भो विप्राः किल शृण्वंतु सर्वे नास्तिकरूपिणः ॥ यथा भविष्यंत्यसुरा हता

जिलेमें मेरी आज्ञासे पूज्य होवें इस क्षेत्रमें राजा दशरथ गिरिनारायण ब्राह्मणोंसे अश्वमेध यज्ञ करके देवताओंको होमद्रव्यसे अन्य लोकोंको वस्त्रालंकारसे संतुष्ट करके ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ दैत्यगणोंको मारके अनेक दान देके पीछे अयोध्याको चलेजावेंगे ॥४६॥ पीछे मैं उस राजाके घरमें रामावतार लेके रावणादिक दैत्योंकूं मारके वर्णाश्रमधर्म स्थापन करूंगा ॥४७॥ऐसा यह वृत्तांत होनहार जो है सो सब तुमको कहा अब आगे क्या श्रवण करनेकी इच्छा है सो कहो ॥ ४८ ॥ तब गिरिनारायण ब्राह्मण कहतेहैं हे जगतके पालक हे ईश्वर ! आप निर्गुण हो ज्ञान स्वरूप हो आपको नमस्कार करतेहैं॥४९॥तुमने हमारा यहां स्थापन कियाहै इसवास्ते हम निर्भयहोयके आपका ध्यान करते हुए इस रैवताचलके बगीचेमें रहतेहैं ॥५०॥ परन्तु आपने पहले कहा कि स्वर्गमें देव दैत्योंके युद्धमें दैत्य जो मृत्यु पावेंगे वे मृत्युलोकमें उत्पन्नहोयके ऋषिलोगोंको पीडा करेंगे धर्मभ्रष्टता करेंगे सो उनका लक्षण स्वरूप वर्णनकरो और वे कैसे रहेंगे सो कहो ॥५१॥ दामोदर भगवान् कहतेहैं हे ब्राह्मणो ! आगे होनहार है

देवासुरे युधि ॥ ५२ ॥ तथैव राक्षसाः सर्वे सुरकर्मरतान्प्रति ॥ ॥ ५३ ॥ ब्रह्मवेषधरास्ते तु ब्रह्मद्वेषकराः किल ॥ प्राप्ते कलियुगे घोरे भविष्यंत्यतिदांभिकाः ॥ ५४ ॥ सुरापोषणकादीनि कर्माणि विविधानि च ॥ करिष्यंति तदाचारा ब्रह्मघोषकरास्तु ते ॥ ५५ ॥ तथैव राजन्यकुले ह्यपि दैत्यांशसंभवाः ॥ राजचिह्नधरास्ते तु पूजयिष्यंति तान्द्विजान् ॥ ॥ ५६ ॥ मिथ्याचाररताः सर्वे मिथ्याशास्त्रविवादिनः ॥ पूजयिष्यंति मनुजाः कलिकालेन मोहिताः ॥ ५७ ॥ लुब्धका दानशीलाश्च व्यभिचाररताः स्त्रियः ॥ असत्यवादिनो विप्रा नरा गोवधकारिणः ॥ ५८ ॥ रक्षोवंशद्विजाः पूज्या वेदास्तैरपि दूषिताः ॥ सप्तैते विपरीताश्च भविष्यंति कलौ युगे ॥५९॥ तदा कल्कीति नाम्नाहं तेषां शास्ता भवामि च ॥ मयेति कथितं सर्वं भविष्यं वो विभूतये ॥ ६० ॥ भवद्भ्योऽस्त्विह

सो सुनो देवासुर संग्राममें नष्टहुवे जो दैत्य राक्षण वे कलियुगमें ब्राह्मणके कुलमें जन्म लेके वेद और ब्राह्मण इनका द्वेष करेंगे देवकृत्यका नाश करेंगे॥५२॥५३॥५४॥ सुरा जो मदिरा उसका पोषण कहते औषधादिक अर्कादिकके निमित्तसे सेवन-करेंगे नाममात्र ब्राह्मणका जगतमें विख्यात करेंगे परंतु ब्रह्मकर्मसे छूटजायँगे और दूसरेकूं छुडावेंगे ॥५५॥और कितनेक दैत्य राक्षस राजकुलमें पैदा होके वे ब्रह्मवेषधारी जो वेदनिंदक नास्तिक ब्राह्मण हैं उनका पालन करेंगे स्वकर्मनिष्ठ ब्राह्मणोंका अनादर करेंगे ॥ ५६ ॥ कलिकालसे मोहित भयेहुवे लोक सब झूठा आचार झूठा शास्त्रका वादविवाद करेंगे और वह सब अपने अपनेमें मान सन्मान करेंगे जिनकूं हालके बखतमें सुधाराकी सभा कहीजातीहै ॥ ५७ ॥ जगतमें लोभके वास्ते दान करेंगे स्त्रियां व्यभिचाररत होवेंगी ब्राह्मण मिथ्याभाषण करेंगे अन्यजातीय गोवधतत्पर रहेंगे ॥ ५८ ॥ राक्षसांश ब्राह्मणोंमें राक्षसांश ब्राह्मण पूज्य होवेंगे और वेद उनसे दूषित होवेगा ऐसी यह सात विपरीत दशा कालियुगमें होवेंगी ॥ ५९ ॥ तब उनकूं शिक्षा करनेके वास्ते कल्किअवतार धारण करूंगा । हे ब्राह्मणो ! तुम्हारे कल्याणके वास्ते यह भविष्य वृत्तांत मैंने कहा ॥ ६० ॥ और मेरे

कल्याणं स्थीयंतां मम शासनात् ॥ ब्रह्मोवाच ॥ ॥ इति तान्ब्राह्मणांस्तत्र संस्थाप्य हरिरीश्वरः ॥ ६१ ॥ गिरिनारायणश्चैव ब्रह्मण्योन्तरधीयत ॥ ततस्ते वाडवाः सर्वे स्थाने रैवतकाचले ॥ ६२ ॥ ततोऽन्ये ऋषयस्तेभ्यः कन्यादानं ददुः किल ॥ विवाहसमये राजा चंद्रकेतुः पुरातमः ॥ ६३ ॥ शासनानि विचित्राणि ग्रामान्वै बहुभूमिकान् ॥ अदादतीव सुमना भूषयित्वा द्विजोत्तमान् ॥ ६४ ॥ ततस्ते वाडवाः सर्वे हर्षनिर्भरमानसाः ॥ पूजिता राजभिः सर्वे संतस्थू रैवते गिरौ॥ ॥ ६५ ॥ राजा दशरथस्तावत्पुनस्तेषां द्विजन्मनाम् ॥ कार्त्तिके मासि संस्नातो जीर्णोद्धारं करिष्यति ॥ ६६ ॥ रैवतं रेवतीसार्द्धं गिरिनारायणं तथा ॥ गिरिनारायणास्तत्र दुर्लभास्तोषसंयुताः ॥६७॥ तेभ्यो दानमशेषं तु हरिपूजनमुत्तमम् ॥ इति ते कथितं वत्स गिरिरैवतकं तथा ॥ ६८ ॥ गिरिनारायणानां चोत्पत्तिर्वै कथिता मया ॥ रेवत्यां रेवतीस्नानं रैवतं

वचनसे तुम्हारा यहां कल्याण हो, ब्रह्मा नारदजीकूं कहनेलगे कि हे नारद ! भगवान् ऐसे उन गिरिनारायण ब्राह्मणोंकी स्थापना करके अंतर्धान भये फिर ब्राह्मण सब वहां रहे ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ पीछे थोडे दिन गये बाद दूसरे ऋषि वहां आयके उनकूं कन्यादान करते भये विवाहकी बखत चंद्रकेतु राजा ॥ ६३ ॥ वहां आयके ग्रामका और भूमिका और वस्त्रालंकारका बहुत दानदिया ॥ ६४ ॥ तब गिरिनारे ब्राह्मण बडे हर्षितभये राजाने सन्मान पाये रैवताचलके ऊपर रहतेभये ॥ ६५ ॥ दशरथ राजा कार्त्तिक मासमें वहां आयके फिर उन ब्राह्मणोंका जीर्णोद्धारकरेगा ॥ ६६ ॥ वे गिरिनारे जूनागढ क्षेत्रमें रैवतपर्वत रेवती स्त्री सहवर्तमान बलदेव गिरिनारायण और गिर्नारे ब्राह्मण यहां दुर्लभ हैं ॥६७॥ उन ब्राह्मणोंकूं दान देना और हरिकी पूजा करना हे नारद ! तुमने जो पूछा उसका कारण सब मैंने कहा ॥६८॥ रविवारको रेवती नक्षत्रमें रैवता

रविवासरे ॥ ६९ ॥ राधादामोदरं दृष्ट्वा रकाराः पंच दुर्लभा ॥ ७० ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्प० गिरिनारायणब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नामप्रकरणम् ॥१७॥

इति पंचद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥ आदितो मूलश्लोकसंख्या २२३१

चलपर्वतके ऊपर रेवतीकुण्डमें स्नान करके राधा दामोदरका दर्शन करना यह पांच रकारका संयोग बडा दुर्लभ है ॥ ६९ ॥ ७० ॥

इति गिर्नारेब्राह्मणोंकी उत्पत्ति संपूर्ण भई प्रकरण ॥ १७ ॥

अथ गिरिनारायणब्राह्मणानामवटंकगोत्रप्रवरशाखाज्ञानकोष्ठकम्.

सं०	अवटंक	ग्रामादि	गोत्र	प्रवर	वेद	शाखा
१	जाति	जेतपराघोडादरा	भारद्वाज	३	य.	माध्यंदिनी
२	भट	सिंधाजिया	भा.	३	ऋ.	आश्वलायन
३	जोशी	पाणिछन्दा	भा.	३	य.	माध्यं.
४	जोशी	वामावडा. माधवरायना	भा.	३	य.	माध्यं.
५	जोशी	दिवेचा	भा.	३	य.	माध्यं.
६	जोशी	सोमपुरा	भा.	३	य.	माध्यं.
७	मेता	पखवालिया	काश्यप	३	य.	माध्यं.
८	भट	कंसारिया	काश्यप	३	य.	माध्यं.
९	जोशी	स्वस्थानिया	काश्यप	३	य.	माध्यं.
१०	परोत	लिवोडिया	कौच्छस	३	सा.	कौथुमि
११	ठाकर	चाट	कौच्छस	३	ऋ.	आश्वला.
१२	त्रवाडी		कौच्छस	३	सा.	कौथु.
१३	ठाकर	वाघेरा	कौच्छस	३	य.	माध्यं.
१४	व्यास	दात्राणीय	कौरवस	३	य.	माध्यं.
१५	पंड्या	मगतूपुरा	कौरवस	३	य.	माध्यं.
१६	जोशी ओसा	खेरिया.	कौरवस	३	य.	माध्यं.
१७	ठाकर	बामणासिया	मौनस	३	य.	माध्यं.
१८	ठाकर	मारडिया	सदामस	३	य.	माध्यं.
१९	ठाकर	भाडेरा	सदामस	३	य.	माध्यं.
२०	ठाकर	खेरिया	सदामस	३	य.	माध्यं.
२१	जोशी	खांभलिया	सदामस	३	य.	माध्यं.
२२	जोशीभट	शाकलिया	वसिष्ठ	१	य.	माध्यं.
२३	उपाध्या	माधुपुरा	वसिष्ठ	१	य.	माध्यं.
२४	पाठक	चोरवाडा	कृष्णात्री	३	य.	माध्यं.
२५	पुरोहित	माधुपुरा	कृष्णात्री	३	य.	माध्यं.
२६	ठाकर	नगरोत	कृष्णात्री	३	य.	माध्यं
२७		पठियार	कृष्णा	३	य.	माध्यं.

सं०	अवटंक	ग्रामादि	गोत्र	प्रवर	वेद	शाखा
२८	जोशी	पाजोधा	कृष्णा.	३	य.	माध्यं.
२९	जोशी	पिखोरिया	कृष्णा.	३	य.	माध्यं.
३०	ठाकर	चोपडा	शांडिल्य	३	य.	माध्यं.
३१	ठाकर	ठिलाकर	शांडिल्य	३	य.	माध्यं.
३२	उपाध्या	बालगामियां	शांडिल्य	३	य.	माध्यं.
३३	ठाकर	कंकासिया	वत्सस.	५	य.	माध्यं.
३४	पंडथा	गिदंडिया	वत्स.	५	सा.	कौथुमी
३५	भट	कोठडिया	वत्स.	५	सा.	कौथुमी
३६	त्रवाडि	भद्रेश्वरा	कौशस	३	य.	माध्यं.
३७	जोशी	बगसरिया	कयसि	१	य.	माध्यं.
३८	जोशी	लौंडिया	भारद्वाज	३	य.	माध्यं.
३९	जोशी	कांकणिया	कौरवस	३	य.	माध्यं.
४०	होजा	खेरिया	कौरवस	३	य.	माध्यं.
४१	उपाध्या	कौसिकेया	कृष्णात्री	३	य.	माध्यं.
४२	जानी	पीपलिया	भारद्वाज	३	य.	माध्यं.
४३	जोशी	मीठापरा	भारद्वाज	३	य.	माध्यं.
४४	ठाकर	आदिरिया	सदामस	३	य.	माध्यं.
४५	ठाकर	मोडेरा	सदामस	३	य.	माध्यं.
४६	जोशी	चोरवाडा	भारद्वाज	३	य.	माध्यं.
४७	जोशी	मोडविया	वत्सस	५	सा.	कौथुमी
४८	पंडथा	माधुपुरा	सदामस	३	य.	माध्यं.
४९	जोशी	पंठियारमाधुपुरा	कृष्णा.	३	य.	माध्यं.
५०	नायक	माधुपुरा	कृष्णा.	३		
५१	जोशी	बुवेचा	काश्यप	३	य.	माध्यं.
५२	दोशी	आजिकिया	कृष्णा.	३	य.	माध्यं.
५३	जोशी	पाखरिया	कृष्णा.	३	य.	माध्यं.
५४	दवे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
५५	कलाकिया	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
५६	पाठक	बालादरा	काश्यप	३	य.	माध्यं.
५७	व्यास	लवोडिया				
५८	जोशी	लाटोदरा	शांडि	७	सा.	कौ.
५९	ठाकर	पसेजिया				
६०	प्रोत	शालिया	काश्यप	३	य.	माध्यं.
६१	प्रोत	आजकिया	काश्यप	३	य.	माध्यं.
६२	उपाध्या	टिडसरिया	भारद्वाज	३	य.	माध्यं.
६३	जोशी	झलालिया				
६४	पंडथा	खिलखिल	भारद्वाज	३	य.	माध्यं.
६५	पंडथा	मीतिया				
६६	पंडया	वारचला	भारद्वाज	३	य.	माध्यं.
६७	पंडया	नगिचरणी				
६८	पंडया		शांडिल्य	३		

अथ कंडोलब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ १८ ॥

श्रीगणेशाय नमः ॥ अथ कंडोलब्राह्मणकपोलवणिक्सौराष्ट्रवणिगुत्पत्तिसारमाह ॥ स्कंदमहापुराणे ॥ ॥ स्कंद उवाच ॥ कंडूलस्थानपर्वस्य माहात्म्यं वद शंकर ॥ केन तत्स्थापितं स्थानं विप्राश्च वणिजः कति ॥१॥ किं तत्प्रमाणमापन्नं ब्रूहि विस्तरतोऽखिलम् ॥ ईश्वर उवाच ॥ ॥ साधु पृष्टं महाभाग सर्वपापप्रणोदकृत् ॥ २॥ आख्यानमिदमेतस्य स्थानस्य सर्वकामदम् ॥ शृणुष्वैकमना वत्स समासात्ते वदाम्यहम् ॥ ॥ ३ ॥ स्थापितं कण्वमुनिना मांधात्रा पालितं कृते ॥ दौत्ये हनुमता तत्र सूर्ये साक्ष्यमुपागते ॥४॥ पुरा कृतयुगे तात देशे पाञ्चालसंज्ञके ॥ वनं पापापनोदाख्यं महर्षिगणसेवितम् ॥५ ॥ तत्र कश्चिद्वनचरो व्याधो वै जीवहिंसकः ॥ वसन्कालो गतस्तस्य महांस्तेनैव कर्मणा ॥ ६ ॥ ब्रह्मर्षीन् पंच सोऽपश्यन्मन्यमानो मृगांश्च तान् ॥ ध्यायतः परमं ब्रह्म समाधिस्थांस्तपोधनान् ॥७॥ तथापि शीतबाहुल्यात्कंपमानान्विशेषतः ॥

अब कंडोल और कपोल बनिये और सौरठ बनियोंकी उत्पत्ति कहते हैं । स्कंद पूछते हैं हे शिव ! कंडूल जो स्थान है उसका माहात्म्य मुझको कहो वह स्थान किसने स्थापन किया । और वहां ब्राह्मण बनिये कितने हैं॥१॥उनका क्या प्रमाण है । सो सब कहो शिव कहने लगे हे स्कंद ! तुमने प्रश्न अच्छा किया ॥ २ ॥ इस स्थानका आख्यान मैं कहता हूं एक मनसे श्रवण करो॥३॥पहिले सत्ययुगमें कण्व मुनिने स्थापन किया और मांधाताने पालन किया । हनूमानने जहां दूतत्व किया है । सूर्य साक्षीमें आये हैं ॥४॥ हे स्कंद ! सत्ययुगमें पांचालदेशमें पापापनोदन नामका एक वन ऋषिगणसेवित था ॥ ५ ॥ वहां एक भिल्ल रहता था प्राणियोंकी हिंसा करते करते बहुत काल गया ॥ ६ ॥ एक समयमें उस वनमें पांच ऋषीश्वर ब्रह्मध्यान करते हुवे समाधिस्थ बैठे थे ॥ ७ ॥ तथापि अतिठंढसे कम्पायमान जिनका शरीर हो रहाहै ऐसे देखके दूसरे मृग बैठेहैं ऐसा जानके शिकारके लिये वहां आया जो परम

तान् दृष्ट्वा मृगयुः पापः परितोऽपि जडार्दितः ॥ ८ ॥ पूतस्तद्दर्शनादेव पापिष्ठोप्यभवत्तदा ॥ एते महर्षयः पंच तप्यमाना महत्तपः ॥ ९ ॥ दृश्यंते कायकंपेन शीतार्ता इति मे मतिः ॥ एवं विचार्य पूतात्मा काष्ठमध्याद्धुताशनम् ॥ १० ॥ उत्पाद्य ज्वालयामास तापयामासतान्मुनीन् ॥ शीतेन मुक्ता मुनयो ह्यपश्यन् लुब्धकं पुरः ॥ ११ ॥ दयापूर्णास्ततो व्याधमूचुर्भो व्याध हिंसक ॥ कथमासीद्दयापूर्णः शीतार्तेषु तपस्विषु ॥ ॥ १२ ॥ सोप्याह मुनिशार्दूला युष्मद्दर्शनयोगतः ॥ निर्मला बुद्धिरुत्पन्ना सर्वभूतानुकंपनम् ॥ १३ ॥ जातं परं तु भो विप्रा जन्मारभ्य मया महत् ॥ पातकं वै कृतं घोरं तत्रैषां दर्शनं कुतः ॥१४॥प्राप्तं केन विपाकेन ब्रुवंतु मे तपोधनाः ॥ ऋषय ऊचुः॥ शृणुष्वैकमना व्याध तव जन्म पुरातनम् ॥ १५ ॥ पुरा त्वमभवद्वैश्यः कटुकेति सुविश्रुतः ॥ धनवानपि ते दानं न दत्तं कर्हिचिद्दिने ॥ १६ ॥ कदाचिद्दैवयोगेन नारदो ह्यागतस्तव ॥ गृहे तदा त्वया तस्य महापूजा कृता किल ॥ १७ ॥ कालाष्टमीव्रतं चक्रे नारदस्योपदेशतः ॥ व्रतांते मृतिमापन्नो

पापी जड था ॥ ८ ॥ परन्तु उनके दर्शन करतेही पवित्र होगया और विचार करने लगा ये बडे ऋषीश्वर हैं । तप करते हैं ॥ ९ ॥ बहुत ठंढीसे इनका देह कम्पित होता है ऐसा विचार करके काष्ठके अन्दरसे अग्निकूं ॥ १० ॥ उत्पन्न करके प्रदीप्त करके उन ऋषियोंकूं तपाने लगा । तब वे सब ऋषि शीतसे मुक्त होके सामने उस भिल्लकूं देखके ॥ ११ ॥ कृपापूर्ण होयके कहते हैं हे भिल्ल ! तू हिंसक होयके शीतार्त तपस्वीके ऊपर दयापूर्ण कैसे भया ॥ १२ ॥ तब वह कहने लगा कि आपके दर्शन करनेसे मुझको निर्मल बुद्धि उत्पन्न भई और सबोंके ऊपर दया भई ॥ १३ ॥ परन्तु हे ऋषीश्वरो ! जन्मसे लेके आज तक मैंने बहुत पाप किया उसमें तुम्हारा दर्शन मुझको कहांसे ॥ १४ ॥ कौनसे पुण्यके योगसे भया सो कहो ऋषि कहने लगे हे भिल्ल ! तेरे पूर्व जन्मकी कथा कहते हैं ॥ १५ ॥ श्रवण कर पहले कटुक नाम करके तू वैश्य था । धनवान् था परन्तु कभी तूने दान धर्म किया नहीं ॥ १६ ॥ किसी समय दैव योगसे नारद ऋषी तेरे घर आये । तब उनकी बडी पूजा करी और नारदजीके उपदेशसे ॥ १७ ॥ कालाष्टमीका व्रत किया।

व्याधजन्म समीयिवान् ॥ १८ ॥ तद्वतस्यैवपुण्येनचास्माकं दर्शनं ह्यभूत् ॥ निर्मला बुद्धिरुत्पन्ना सर्वभूतानुकंपिनी ॥ ॥ १९ ॥ तत्रापि व्याधजातौ यज्जन्म तत्कारणं शृणु ॥ ब्रह्मस्वं किंचिदधिकं गृहीतं तस्य शापतः ॥ २० ॥ व्याधजन्माभवत्पश्चाज्जातं वै दर्शनं हि नः ॥ ततोऽस्मत्तो वरांस्त्वं च प्रत्येकं च गृहाण भोः ॥ २१॥ ईश्वर उवाच ॥ ॥ अयोनित्वं तु कण्वोऽदाद्भूपतित्वं तु गालवः ॥ उतथ्यश्चक्रवर्तित्वं प्रददौ देवदुर्लभम् ॥ २२ ॥ जातिस्मरत्वमतुलं ददावांगिरसो मुनिः ॥ बार्हस्पत्यो मृतिं प्रादात्तत्क्षणात्स ममार ह ॥ २३ ॥ लुब्धकं देहमुत्सृज्यकिंचित्कालांतरे ततः। युवनाश्वोदराज्जातः सूर्यवंशी नृपोत्तमः ॥ २४ ॥ मांधातेति च विख्यातश्चक्रवर्ती महायशाः ॥ पृथिवीं पालयामास चक्रे कालाष्टमीव्रतम् ॥२५॥ राज्यं कुर्वन्स मांधाता निर्दयोऽभूत्प्रजासु च ॥ पूर्वजन्मोद्भवाभ्यासाद्धिंस्रो दानविवर्जितः ॥ २६ ॥ वृत्तिलोपं ब्राह्मणानां चक्रे विक्रमदुःसहः ॥ धर्मे विप्लवमापन्ने पापे प्रचुरतां

व्रतकी पूर्णता भये बाद तेरा मृत्यु भया । पीछे भिल्लके जन्ममें आया ॥ १८ ॥ उसी प्रकारसे उस पुण्यसे हमारा दर्शन भया। और निर्मल दयायुक्त बुद्धि उत्पन्न भई ॥१९॥ परंतु भिल्लका जन्म होनेका क्या कारण सो श्रवणकर ! तूने ब्राह्मणका धन कुछ लिया उसके शापसे ॥ २० ॥ भिल्लका जन्म भया । इस वास्ते हमारे पाससे वरदान ग्रहण करो ॥ २१ ॥ ईश्वर कहते हैं हे स्कंद ! ऋषि ऐसा कहके एकएक वरदान देते भये। कण्वऋषिने अयोनिसंभव हो ऐसा वरदान दिया । गालवने भूपतित्व दिया । उतथ्यने चक्रवर्तित्व दिया ॥ २२ ॥ अंगिराने जातिस्मरण दिया ॥ २३ ॥ बृहस्पतिने मरण दिया। उसी वखत वह लुब्धक मृत्यु पाया उस देहको त्याग करके थोडे कालमें सूर्यवंशी युवनाश्व राजाके उदरसे पैदा भया ॥ २४ ॥ मांधाता नामसे बडा चक्रवर्ती विख्यात भया । पृथिवीका पालन करता भया। कालाष्टमी व्रत करता था परंतु ॥ २५ ॥ पूर्वजन्मके अभ्याससे प्रजाके ऊपर निर्दयपना करना हिंसा करना दानधर्मरहित ॥ २६ ॥ ब्राह्मणोंकी वृत्तिच्छेदन

गते ॥ २७ ॥ ब्राह्मणा दीनवदनाः कण्वं च शरणं ययुः ॥ दुःखं विज्ञापयामासुस्ततः कण्वोऽब्रवीद्वचः ॥ २८ ॥ तस्य भूपस्य यद्वृत्तं तन्मे ज्ञातं मुनीश्वराः ॥ तत्करिष्ये यथा विश्वं पाति धर्मेण पार्थिवः ॥२९॥ इत्युक्त्वा गालवं शिष्यमाहूयेदमुवाच ह ॥ गच्छ गालव राजानं मयोक्तं त्वं वदेति तम् ॥३०॥ किमधर्मरतो राजन्नात्मानं स्मर सांप्रतम् ॥ गत्वाथ गालवस्तं वै बोधयामास शास्त्रतः ॥ ३१ ॥ गालवस्य वचः श्रुत्वा मांधाता स नृपोत्तमः ॥ चतुरंगचमूयुक्तो गालवेन समन्वितः ॥ ३२ ॥ ततः सौराष्ट्रमध्यस्थं पांचालं देशमाययौ ॥ कण्वाश्रमं ततो गत्वा साष्टांगं प्रणनाम ह ॥ ३३ ॥ कृतांजलिपुटं कण्वो मांधातारमुवाच ह ॥ कुशलं ते महाराज कच्चित्पासि प्रजाः परम् ॥३४॥ न्यायेन भागमादाय ताभ्यो यजस्वचाध्वरान् ॥ वह्निदानप्रभावेण प्राप्तं राज्यमिदं त्वया ॥ ३५ ॥ स्मरसि प्राक्तनं जन्म यस्मात्सुखमवाप्स्यसि ॥ एतन्निशम्य नृपतिः प्रोवाच विनयान्वितः ॥ ३६ ॥ मुनयः किं मया नाप्तं

करनेलगा । जब धर्म नाश पाने लगा और पाप बहुत भया ॥ २७ ॥ उस बखत ब्राह्मण दीनवदन करके कण्वऋषिके शरण आये । दुःख कहनेलगे । तब कण्व बोले ॥ २८ ॥ उस राजाका वृत्तांत हमने जानलिया राजा धर्मसे जगत्का पालन करे वैसा करताहूं ॥ २९ ॥ ऐसा कहके गालव शिष्यको बुलायके कहनेलगे हे गालव ! मांधाताके पास जायके मेरा वचन कहो कि ॥ ३० ॥ हे राजन् ! अधर्मी कैसा भया अपने आत्मस्वरूपका स्मरण कर तब गालव ऋषि राजाके पास जायके शास्त्रमार्गसे बोध करनेलगा ॥ ३१ ॥ मांधाता गालवका वचन सुनके चतुरांगणी सेना और गालवकूं साथ लेके ॥ ३२ ॥ सौराष्ट्रदेशांतर्गत पांचालदेशमें बडवाणगांवसे वायु कोणमें बारहकोसके ऊपरस्थान कंडोल जिसकूं हालमें कहते हैं उस कण्वाश्रममें आयके हाथ जोडके साष्टांग नमस्कार किया ॥३३॥ तब कण्वऋषि मांधाताकूं कहनेलगे हे राजा तेरा कुशल तो है शास्त्ररीतिसे प्रजाका पालन कर॥३४॥ और न्यायसे प्रजाका कररूपी धन लेके उस धनसे यज्ञकर जन्मातरमें एक अग्निदान करनेसे तुझकूं राज्य प्राप्त भया है ॥ ३५ ॥ पूर्व जन्मका स्मरण कर जिससे सुख पावेगा । ऐसा सुनते राजा नम्रतासे कहने लगा ॥ ३६ ॥ हे मुनियो ! आप

प्रसादाद्भवतामिह ॥ न वाडवसमं किंचित्कामिकं तीर्थमस्ति-
वै ॥३७॥ पूर्वजन्मकृताभ्यासात्प्राणिद्रोहो भृतो मया ॥ अज्ञा-
नात्पीडिता विप्रास्तत्क्षमध्वं द्विजोत्तमाः ॥ ३८ ॥ कण्व
उवाच ॥ ॥ धन्योऽसि नृपशार्दूल मतिस्ते यदकल्मषा ॥
एनोहानिं विनाभूप न भवेन्मतिरीदृशी ॥ ३९ ॥ राज्यं पालय
भूपाल राजयोगं समाश्रितः ॥ आत्मानं सर्वभूतेषु पश्य
व्याप्तोनुकंपया ॥४०॥ एवं न लिप्यते भूप कर्मणा केनचि-
त्क्वचित् ॥ ॥ मांधातोवाच ॥ ॥ भवत्प्रसादतः पृथ्वीं पाल-
यिष्यामि सुव्रत ॥ ४१ ॥ तदादिशत वोऽभीष्टं किं करोमीह
किंकरः ॥ एवं नृपवचः श्रुत्वा प्रहृष्टः कण्व अब्रवीत् ॥
॥ ४२ ॥ एवं प्रवर्तते चित्ते तव राजन्महामते ॥ स्थानं
कर्तात्र विप्राणमहं तत्पालय प्रभो ॥ ४३ ॥ शालातालनिवे-
शाढ्यं वणिग्वाडवमंडितम् ॥ स्थापयामि द्विजस्थानं सूर्य-
साक्षिकमुत्तमम् ॥ ४४ ॥ तावत्तिष्ठ महाराज समीपं समुपा
गतम् ॥ यावदत्र महास्थानं स्थापयामि द्विजन्मनाम् ॥
॥ ४५ ॥ ततः संचिंत्य मनसा सहस्रकिरणं मुनिः ॥ तुष्टा-

के अनुग्रहसे मेरेकूं क्या प्राप्त नहीं भया । किंतु सबप्राप्तभया है । ब्राह्मणसरीखा
दूसरा कामिक तीर्थ नहीं है ॥ ३७ ॥ पूर्वजन्मके अभ्याससे मैंने प्राणिद्रोह किया
और अज्ञानतासे ब्राह्मणोंको पीडित किया वह अपराध क्षमा करो ॥ ३८ ॥ कण्व-
कहने लगे हे राजा ! तू धन्य है । तेरी निर्मल बुद्धि भई । निष्पाप हुवे बिना
ऐसी बुद्धि होती नहीं ॥ ३९ ॥ हे राजा ! राजायोग सहवर्तमान राज्यका पालनकरो
और सर्वभूत प्राणिमात्रमें आत्मस्वरूप एक है । ऐसा जानके दयारखो ॥ ४० ॥
ऐसे मार्गसे चलोगे तो किसी भी कर्मसे लिप्त होनेके नहीं मांधाता कहनेलगे । हे
ऋषि ! तुम्हारे अनुग्रहसे पृथ्वी का पालन करूंगा ॥ ४१ ॥ और तुम्हारी जो
इच्छा होवे सो कहो । यहाँ क्या करूं मैं तुम्हारा सेवक हूं ॥ ऐसा राजाका वचन
सुनते कण्व बोले ॥ ४२ ॥ हे राजा ! जो तेरे चित्तमें ऐसा है तो मैं ब्राह्मणोंका
स्थान करता हूं तुम उनका पालन करो ॥ ४३ ॥ शालादिकोंसे शोभायमान
ब्राह्मण बनियोंसे सुशोभित ऐसा ब्राह्मणका स्थान स्थापन करता हूं ॥ ४४ ॥
तावत्कालपर्यंत तुम मेरे समीप रहो ॥ ४५ ॥ फिर मनसे श्रीसूर्य देवताका

व च ततः सूर्यः प्रादुरासीदुवाच ह ॥ ४६ ॥ महर्षे कण्व यच्चित्ते तव तद्वद सांप्रतम् ॥ दास्यामि दुर्लभमपि वरं वरय सुव्रत ॥ ४७ ॥ कण्व उवाच ॥ ॥ यदि प्रसन्नो भगवन्निह क्षेत्रे समागतः ॥ वसाऽजस्रं रवेविप्र वणिजःस्थापयाम्यहम् ॥ ॥ ४८ ॥ सूर्य उवाच ॥ ॥ स्थापय स्थानमतुलं वणिग्ब्राह्मणसंकुलम् ॥ शालातालनिवेशाढ्यं साक्षी रक्षाम्यहं सदा ॥ ॥४९॥ त्वया स्तुतो बलादस्मात्प्रादुर्भूतोस्मि यन्मुने ॥ बकुलार्क इति ख्यातो भविष्यामि महीतले ॥ ५० ॥ इत्युक्त्वांतर्दधे तत्र भगवान्सगभस्तिमान् ॥ महर्षिरपि संदध्यौ स्थानस्थापनहेतवे ॥ ५१ ॥ कति ब्रह्मविदो विप्रान् स्थापयामि समाहितः ॥ शुश्रूषार्थं द्विजानां तु स्थापयेद्वणिजः कति ॥ ५२ ॥ कति सीमातिशोभाढ्यं पवित्रं स्थानमुत्तमम् ॥ कथं लोकेषु रुचिरं रचयामि विरंचिवत् ॥ ५३ ॥ एवं चिन्तयतस्तस्य महर्षेर्भावितात्मनः ॥ प्रादुर्बभूव सहसा हनुमान् वानरेश्वरः ॥ ५४ ॥ तं विलोक्य महाकायं विस्मितो मुनिरब्रवीत् ॥ कस्त्वं महाकपे कस्य

चिंतन करतेही सूर्यदेवता प्रकट होके कहनेलगे ॥ ४६ ॥ हे कण्व ! तुम्हारे चित्तमें क्या है सो कहो । जो दुर्लभ वरदान माँगना होय सो माँगो मैं देता हूं ॥ ४७ ॥ कण्व बोले हे सूर्य ! जो प्रसन्न भये हो तो क्षेत्रमें वास करो यहां ब्राह्मण बानियोंकूं स्थापन करताहूं ॥ ४८ ॥ सूर्य कहनेलगे हे ऋषियो ! स्थान निर्माण करो मैं साक्षी होयके सर्वकाल रक्षा करूंगा ॥४९॥ हे मुने ! तुमने बलात्कारसे मेरी स्तुति की उसके लिये मैं प्रकट हुवा इसवास्ते पृथ्वीमें बकुलार्क नामसे विख्यात होऊंगा ॥५०॥ ऐसा कहके सूर्य अंतर्धान भयेपीछे कण्वऋपि स्थानके निमित्त ध्यान करतेभये ॥५१॥ सो कहनेलगे ब्राह्मण कितने स्थापनकरूं ब्राह्मणोंकी सेवाकरनेकेवास्ते बानिये कितने स्थापन करना ॥ ५२ ॥ पुरकी सीमा कितनी रखना और लोकोंमें अच्छा दीखे ऐसा किसतरहसे निर्माणकरूं ॥ ५३ ॥ ऐसा चिंतन करनेलगे इतनेमें श्रीहनुमान्‌जी प्रकट भये ॥५४ ॥ प्रचंड जिनकी काया ऐसे हनुमानकूं देखके कण्व विस्मित होयके पूछने

तनयोऽति बलोत्कटः ॥ ५५ ॥ किमर्थमिह संप्राप्तः स्वेच्छया वा तदुच्यताम् ॥ कपिरुवाच ॥ ॥ ब्रह्मन् केसरिणः क्षेत्रे ह्यजंन्यां मारुतादहम् ॥ ५६ ॥ समुत्पन्नोऽभिधानेन हनुमानिति विश्रुतः ॥ मदागमनकार्यं ते कथयाम्यथ तच्छृणु ॥ ॥ ५७॥ विरिंचिना यथादिष्टं तथा कुरु तपोनिधे ॥ सप्तक्रोशवती सीमा चतुर्दिक्षु प्रवर्तताम् ॥ ५८ ॥ प्राच्यां सारंगशृंगं च प्रसिद्धाशांबुपुर्यपि ॥ मात्स्यो ह्रदः प्रतीच्यां च कौबेर्या तालपर्वतः ॥ ५९ ॥ चौलक्यो दक्षिणस्यां च तथा ब्रह्मगुहां च सा ॥ यस्यां कृताधिवासो मां ब्रह्मा संदिष्टवानिदम् ॥६०॥ अतोऽष्टादशसाहस्रं स्थापयात्रद्विजन्मनाम् ॥ षट्त्रिंशच्च सहस्राणि सौराष्ट्रवणिजां तथा ॥ ६१ ॥ कृते कण्वालयं नाम्ना त्रेतायां कलुषापहम् ॥ कापिलं द्वापरे चैतद्विद्धि कंडूलकं कलौ ॥ ६२ ॥ ब्रह्मकुण्डे नरः स्नात्वा दृष्ट्वा ब्रह्मगुहां पुनः ॥ निवसन् ब्रह्मशालायां सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ ६३ ॥ ख्यातिमेष्यत्यदः स्थानं मयि दूते महामुने ॥ पितामहस्य वचना-

लगे हे वानर! तुम कौनहो ? किसके पुत्र हो ? अति बलवान् ॥ ५५ ॥ तुम यहां किस निमित्त आये हो सो कहो या स्वेच्छासे आये हो हनुमान् कहते हैं हे ऋषि ! केशरीवानरकी स्त्री जो अंजनी उसके विषे वायु देवताके वीर्यसे मैं उत्पन्न भया हूं ॥ ५६ ॥ मेरा नाम हनुमान् है अपने आनेका कारण कहताहूं श्रवण करो ॥५७॥ हे ऋषि ! ब्रह्माने जैसी आज्ञा दी है वैसा कर उस स्थानकी सीमा चार दिशामें मिलके सात कोसका निर्माण करो ॥ ५८ ॥ उस स्थानके पूर्वदिशामें सारंग पर्वतका शृंग और शांबुनगरी है पश्चिमदिशामें मात्स्यह्रद है उत्तर दिशामें तालपर्वत है ॥५९॥ दक्षिण दिशामें चौलक्य पर्वत और ब्रह्मगुहा है जिस गुहामें बैठे हुवे ब्रह्माने मेरेकूं आज्ञा कियी ॥६०॥ इसवास्ते अठारह हजार ब्राह्मणोंका और छत्तीस हजार बनियोंका स्थापन करो ॥६१॥ इस स्थानके युगपरत्व करके चार नाम होवेंगे सत्ययुगमें कण्वालयनाम त्रेतायुगमें कलुषापह नाम द्वापरयुगमें कापिलनाम कलियुगमें कंडूलनाम होवेगा ॥ ६२ ॥ जो मनुष्य ब्रह्मकुंडमें स्नान करके ब्रह्मगुहाकूं देखके ब्रह्मशालामें निवास करेगा तो वह सम्पूर्ण पापसे मुक्त होवेगा ॥ ६३ ॥ हे ऋषि ! मेरे दूतत्वमें रहनेसे यह स्थान विख्यातिकूं पावेगा इसवास्ते ब्रह्माके वचनसे

त्स्थापय स्थानमुत्तमम् ॥६४॥ इत्युक्त्वांतर्दधे वीरो हनुमान्मुनिरप्यथ ॥ गालवं प्राह शिष्यं स विनयावनतं वचः ॥६५॥ कण्व उवाच ॥ ॥ गच्छ गालव सौराष्ट्रदेशीयान्वणिजो द्विजान् ॥ सत्कर्मनिरतान्धर्मलांस्त्वं समानय ॥ ६६ ॥ कुलीनाः शीलसंपन्ना ब्रह्मविद्याविशारदाः ब्रह्मणा वणिजश्चापि द्विजशुश्रुषणे रताः ॥ ६७ ॥ तान्समानय विप्रेंद्र परीक्ष्य सूर्यवर्चसः ॥ उत्तमं स्थानमत्रैव स्थापयिष्यामि सांप्रतम् ॥ ६८ ॥ ततः प्रणम्य स गुरुं गालवो हृष्टमानसः ॥ प्रभासक्षेत्रमासाद्य ह्यपश्यद्रैवतं गिरिम् ॥ ६९ ॥ ततो गिरिमतिक्रम्य गालवोऽगात्सरस्वतीम् ॥ तत्र स्नात्वाथ तत्रस्थान् प्रणनाम द्विजोत्तमान् ॥ ७० ॥ तत्सरित्सेविनो विप्रांस्तं वीक्ष्य प्रणतं मुनिम् ॥ पप्रच्छुः को भवान् कस्मादागतश्चाथ सोऽब्रवीत् ॥ ७१ ॥ शृणवंतु मुनयश्चात्र यदर्थमहमागतः ॥ भवत्प्रसादतः कार्यं गुरोरेतत्प्रसिध्यति ॥ ७२ ॥ पांचालाख्ये जनपदे पुण्ये पापापनोदके ॥ वने वसति धर्मात्मा कण्वनामा महामुनिः ॥ ७३ ॥ हनुमतोऽञ्जदूतस्य वचनात्तस्य सुव्रतः॥

स्थानकी स्थापना करो ॥ ६४ ॥ ऐसा कहके हनुमान् अंतर्धान भये कण्वऋषि अपना शिष्य जो गालव उसकूं बोले ॥ ६५ ॥ हे गालव ? सौराष्ट्रदेशमें जायके वहां रहनेवाले जो स्वकर्म निष्ठ ब्राह्मण और बनिये उनकूं लावो ॥ ६६ ॥ जो कुलीन शीलसंपन्न ब्रह्मविद्यामें निपुण सूर्यसरीखे तेजस्वी ब्राह्मण और ब्राह्मणशुश्रूषामें तत्पर ऐसे बानिये उनको भी ॥ ६७ ॥ परीक्षा करके लाओ यहां उत्तम स्थानकी प्रतिष्ठा करता हूं ॥ ६८ ॥ तब गालव ऋषि प्रसन्न होयके गुरुको नमस्कार करके प्रभास क्षेत्रमें आये और रैवताचलको देखे ॥ ६९ ॥ पीछे रैवताचलको छोडके आगे सरस्वतीके तट ऊपर आयके स्नान करके वहां बैठे हुवे ब्राह्मणोंको नमस्कार करते भये ॥ ७० ॥ सरस्वती तटके रहनेवाले ब्राह्मण गालव ऋषिकूं देखके पूछने लगे तू कौन है ? कहांसे आया है ? तब गालव ऋषि कहने लगे ॥७१॥ सब ऋषि श्रवण करो जिस वास्ते मैं आयाहूं तुम्हारे अनुग्रहसे हमारे गुरुका कार्य सिद्ध हो ॥ ७२ ॥ पांचाल देशमें पापापनोदन वनमें धर्मात्मा कण्वनाम करके ऋषि रहते थे॥७३॥ ब्रह्माके दूत जो हनुमान् उसके वचनसे

आसील्लब्धवरःसोथ स्थापनेच्छाद्विजन्मनाम् ॥ ७४ ॥ तदर्थमहमायातो भवंतः के ब्रुवंतु नः ॥ ब्राह्मणा ऊचुः ॥ ॥ कल्पग्रामादिहायाता वयं तीर्थाभिलाषिणः ॥ ७५ ॥ प्रभासक्षेत्रमालोक्य मोदोऽभून्नः परो मुने ॥ प्रार्थयस्व मुने किंस्विद्यत्ते मनसि वांछितम् ॥ ७६ ॥ दुष्प्रापमपि दातव्यमस्माभिर्धर्मवत्सलैः ॥ गालव उवाच ॥ ॥ यदि तुष्टा भवंतो मे वरयोग्योऽस्मि चेत्तथा ॥ ७७ ॥ मद्गुरोर्मुनयः स्थानस्थापनेच्छा गरीयसी ॥ स्थानदानमुपादाय साधयंतु गुरोर्मतम् ॥ ७८ ॥ तदा कण्ववचः सर्वे गालवस्य महर्षयः ॥ ऊचुः परस्परं प्रायः समालोक्य चिरं ततः ॥ ७९ ॥ अहो ब्रह्मन्निदं चाग्रे भवतां गुरुवत्सलाः ॥ स्थानप्रतिग्रहो घोरो विशेषेण द्विजन्मनाम् ॥ ॥ ८० ॥ किं कुर्म उररीकृत्य त्वदर्थं मुनिसत्तम ॥ पश्चात्कर्तुं न शक्येत तदस्तु तव वांछितम्॥८१॥ इत्युक्तवत्सु मुनिषु वणिजः सपरिग्रहाः ॥ तीर्थयात्रार्थमुद्दिश्य प्रभासक्षेत्रमागताः ॥ ८२ ॥

वर प्राप्त भया है ब्राह्मणोंकी स्थापना करनेकी इच्छा भई है ॥ ७४ ॥ उस वास्ते मैं आया हूं आप कौन हो सो कहो । ब्राह्मण कहनेलगे कल्पग्रामसे हम यहां उस तीर्थकी इच्छा करके आये ॥ ७५ ॥ सो प्रभासक्षेत्रको देखके हम सबोंकूं बडा आनंद भया है हे गालव ! तुम्हारे मनमें जो होवे सो माँगो ॥ ७६ ॥ जो दुष्प्राप्य होवेगी तथापि देवेंगे । गालव बोले जो तुम हमसे प्रसन्न भये हो और वर लेनेको हम योग्य हैं ॥ ७७ ॥ तो यह कार्य है कि मेरे गुरुकी इच्छा स्थानप्रतिष्ठा करनेकी बहुत है इसवास्ते स्थानका दानलेके मेरे गुरुकी इच्छा पूर्ण करो ॥ ७८ ॥ तब गालवके मुखसे कण्व ऋषिका अभिप्राय श्रवण करके तथा विचार करके परस्पर कहनेलगे ॥ ७९ ॥ गालव तुमने यह बडा उग्र कर्म बताया । स्थानप्रतिग्रह जो है वह ब्राह्मणोंकूं बडा दोषरूपहै ॥ ८० ॥ परंतु क्या करना तुम्हारे वास्ते हे गालव ! पीछे करनेकूं समर्थ नहीं हैं । तथापि तुम्हारी इच्छा पूर्ण हो ॥८१॥ ऐसा मुनिलोग कहते हैं । इतनेमें वणिक लोग जो हैं वे अपने कुटुंब सह वर्तमान तीर्थयात्राके निमित्त

पुण्याः सोराष्ट्रदेशीयाः साधुशीला दयालवः ॥ धृतोपवीतास्ते सर्वे दानशीला महाधनाः ॥ ८३॥ इत्यवं गालवो वीक्ष्य वणिजां विशदौजसाम् ॥ अहोधन्यतरः कोऽस्ति मत्तो यद्वसुधातले ८४॥ द्विजैरंगीकृतं दानं वणिजश्च समागताः ॥ अथ ते वणिजः सर्वे प्रणम्योचुर्द्विजोत्तमान् ॥ ८५ ॥ विधायास्मासु करुणां भूमिदेवास्तपोधनाः ॥ भवंतु गुरवोऽस्माकं सत्कर्म फलहेतवे ॥ ८६ याच्यतां दापयिष्यामो भवद्भिरभिकांक्षितम् ॥ गालवं नोदयामासुस्तन्निशम्य द्विजोत्तमाः ॥ ८७ ॥ सोऽब्रवीदथ मन्वानः कार्यसिद्धेर्विचेष्टितम् ॥ यूयं विनयसंपन्ना द्विजशुश्रूषणे रताः ॥ ८८ ॥ केऽनुकंपार्द्रहृदयाः कुतो देशात्समागताः ॥ ॥ वणिज ऊचुः ॥ ॥ वयं सौराष्ट्रदेशीया वैष्णवा वणिजो द्विजाः ॥ ८९ ॥ केनापि कपिनाऽत्रैव प्रेरिता वचनाद्विधेः ॥ गत्वा प्रभासं तत्रस्थान्सरस्वत्यास्तटे स्थितान् ॥ ९० ॥ शुश्रूषध्वं द्विजान् सर्वांस्तपोनिष्ठान्महत्तमान् ॥ यदादिशंतिते विप्रास्तत्कर्तव्यमशंकितैः ॥ ९१ ॥ आदेशोऽयं विधेरेव प्रमाणीक्रि-

से प्रभासक्षेत्रमें आये ॥ ८२ ॥ वे सौराष्ट्रदेशमें रहनेवाले बडे दयावंत यज्ञोपवीत पहिने हुवे दानशूर धनवंत थे ॥ ८३ ॥ ऐसे वे तेजस्वी बानियोंकूं देखके गालवऋषि कहते हैं कि इस भूमि ऊपर मेरे सरीखा भाग्यवान् कौन है ॥८४॥ ब्राह्मणोंने स्थान-प्रतिग्रह स्वीकार किया । इतनेमें बानिये लोक भी आये अब बानिये ब्राह्मणोंकूं कहनेलगे ॥ ८५ ॥ हे ब्राह्मणोत्तमो ! सत्कर्मकी फलप्राप्ति होनेके वास्ते तुम हमारे गुरुहो ॥८६॥ तुम्हारा इच्छित जो होवे सो मांगो हम देवेंगे ऐसा बानियोंका वचन सुनके वे ब्राह्मण गालव ऋषिकूं प्रेरणा करतेभये ॥ ८७ ॥ तब गालवऋषिने अपनी कार्यसिद्धिका प्रयोजन मानके कहा हे वणिकलोको! तुम सब योग्य हो ब्राह्मणसेवामें तत्पर रहो ॥ ८८ ॥ और दयाकरके तुम्हारे हृदय भीगे हैं । ऐसे तुम कौन हो किस देशसे आयेहो । बानिये कहते हैं हम सौराष्ट्रदेशमें रहतेहैं वैष्णव हैं । वणिक जाति सच्छूद्र हैं॥८९॥ब्रह्मदेवके वचनसे किसी वानरने हमकूं यहांभेजाहै।प्रभासक्षेत्रमें जायके सरस्वतीके तट ऊपर बैठेहुये ॥९०॥ जो महात्मा तपोनिष्ठब्राह्मणहैंउनकीशुश्रुषाकरो। और वे ब्राह्मण जो आज्ञा करें वह कार्य तुम निःसंशय अंगीकार करना॥९१॥यहब्रह्मा

यतां द्रुतम् ॥ षट्त्रिंशच्च सहस्राणां वणिजां कपिसत्तमः ॥ ॥ ९२ ॥ आदिष्टवानिदं प्रीतः प्रत्येकं नः सुविस्मितान् ॥ तीर्थयात्रामिषाद्विप्रास्तद्वयं समुपागताः ॥ ९३ ॥ तदेवाशु विवृण्वंतु भवंतः कांक्षितं हि तत् ॥ युष्मत्प्रसादतः सर्वं साधयिष्यामहे द्विजाः ॥ ९४ ॥ ॥ गालव उवाच ॥ ॥ पापापनोदनं तीर्थं देशे पाञ्चालसंज्ञके ॥ अस्ति तत्र मुनिः साक्षात्कण्वनामा महातपाः ॥ ९५ ॥ तस्यासीन्महती विप्र स्थापनेच्छा द्विजन्मनाम् ॥ तदर्थं चिंतयानस्य हनुमान् पुरतोऽब्रवीत् ॥९६॥ सौराष्ट्रदेशवसतीद्विजांश्च वणिजस्तथा ॥ समानीय प्रयत्नेन स्थापयात्र महामुने ॥ ९७ ॥ गुरोरादेशमादाय संप्राप्तोस्मीह सांप्रतम् ॥ तदागच्छत वः सर्वे तत्रामीभिर्द्विजैः सह ॥ ९८ ॥ अहो विधेर्न रचना ज्ञातुं केनापि शक्यते ॥ एतद्गुर्वर्थसिद्ध्यर्थं वणिग्द्विजसमागमः ॥ ९९ ॥ गालवस्य वचः श्रुत्वा द्विजाश्च वणिजस्तथा ॥ पापापनोदं तीर्थं वै प्रयातास्ते सगालवाः ॥ १०० ॥ अथायातान्द्विजवणिग्जनान्गालवसंगतान् ॥ समालोक्याब्रवीच्छिष्यं हृष्टरोमा मुनी-

की आज्ञा है । सो जल्दी करो ऐसी छत्तीस हजार बनियोंकूं आज्ञा करते भये ॥ ९२ ॥ सो हम सब तीर्थयात्राके निमित्तसे यहां प्राप्तभयेहैं ॥ ९३ ॥ इसवास्ते तुम्हारा इच्छित होवे सो कहो । आपकी कृपासे सिद्ध करेंगे ॥ ९४ ॥ गालव कहनेलगे पांचालदेशमें पापापनोदन तीर्थ है । वहां कण्वनामा बडे ऋषीश्वर हैं॥९५॥ उनको ब्राह्मण स्थापनकरनेकी इच्छा भई । उसी बखत हनुमान्जी सामने आयके बोलनेलगे ॥ ९६ ॥ कि सौराष्ट्रदेशमें जो ब्राह्मण बनिये रहते हैं उनकूं लायके यहां स्थापन करो ॥ ९७ ॥ तब गुरुकी आज्ञा मुझको भई सो मैं यहां प्राप्त भयाहूं । इसवास्ते इस ब्राह्मणके साथ वहां चलो ॥ ९८ ॥ अहो क्या आश्चर्य है ब्रह्माकी रचना किसीको मालूम नहीं होती है । गुरुकी कार्य सिद्धि होनेके लिये ब्राह्मण बनियोंका समागम भया ॥ ९९ ॥ गालवका वचन सुनते ब्राह्मण और बनिये गालवके साथ पापापनोदन तीर्थप्रति आते भये ॥ १०० ॥ गालवसहित ब्राह्मण बनियोंको देखके कण्वऋषिने प्रसन्न होके शिष्यकूं कहने लगे

श्वरः ॥ १०१ ॥ अहं धन्योऽस्मि सुतपश्छात्ररत्नं यतो भवान् ॥ वरं वरय तुष्टोऽस्मि कर्म्मणा नैव सुव्रत ॥ १०२ ॥ गालव उवाच ॥ ॥ भवत्प्रसादतो विप्रा वणिजश्चसमागताः ॥ तत्स्थानं स्थापय ब्रह्मन्मुहूर्तेऽस्मिञ्छुभग्रहे ॥ १०३ ॥ परं तुष्टोऽसि वणिजां षट्सहस्रं प्रदीयताम् ॥ त्वत्स्थानस्थापनामध्ये स्थापयिष्यामि तानहम् ॥ १०४ ॥ मन्नाम्नाख्यातिमायांतु त्वत्प्रसादान्महामुने ॥ तथेत्युक्त्वा शुभे लग्ने स्थापयामास वाडवान् ॥ १०५ ॥ अष्टादशसहस्राणि कण्वो बुद्धिमतां वरः॥शुश्रूषार्थं द्विजेन्द्राणां समर्थानर्थपूर्तये ॥१०६॥ त्रिंशत्संख्यासहस्राणि वणिजः स्थापयत्तथा ॥ तथेत्युक्त्वाथ सस्मार विश्वकर्माणमाशु सः ॥ १०७ ॥ स्थापयिष्ये महास्थानं वणिग्विप्रैर्विराजितम्॥तदर्थमत्र विपिने प्रासादान्कुरु समतान् ॥ १०८ ॥ वरारामाभिरामं तत्पुरं रचय सुन्दरम् ॥ निशम्येति वचस्तस्य कण्वस्य सुमहात्मनः ॥ १०९ ॥ निमेषान्निर्ममे स्थानं विश्वकर्मा स्वचेतसा॥अष्टादशसहस्राणि ब्राह्मणानां गृहाणि सः ॥ ११० ॥ षट्त्रिंशच्च सहस्राणि वणिजां

॥१०१॥ हे गालव ! मैं धन्य हूं कारण तू शिष्योंमें रत्नसमान है । मैं सन्तुष्ट भया हूं । वरदान मांगो ॥ १०२ ॥ गालव कहनेलगे आपके अनुग्रहसे ब्राह्मण और बानिये आयेहैं इनकी स्थापना उत्तम मुहूर्तमें करो ॥ १०३ ॥ परन्तु तुम जो प्रसन्न भये हो तो छः हजार बानिये मेरेकूं देव तुम्हारे स्थापना कियेहुवे स्थानमें उनका स्थापन करताहूं ॥ १०४ ॥ हे गुरु तुम्हारी कृपासे मेरे नामसे वह विख्यात हो तथास्तु कहके शुभलग्नमें अठारह हजार ब्राह्मणोंकी स्थापना किये ब्राह्मणकी शुश्रूषा करनेके वास्ते बानिये ॥ १०५ ॥ १०६ ॥ छत्तीस हजार स्थापन किये पीछे विश्वकर्माका स्मरण किया ॥ १०७ ॥ विश्वकर्मा आये उनकूं कण्वऋषि कहनेलगे कि ब्राह्मण बानियोंकी स्थापना करताहूं इसवास्ते इस वनमें उत्तम प्रासाद (घर) बनावो ॥ १०८ ॥ उत्तम बाग बगीचे जिसमें होवें ऐसे सुन्दर पुरकी रचना करो ऐसा कण्वका वचन सुनके ॥१०९॥ एक निमिष मात्रमें अपने तेजसे विश्वकर्माने स्थान निर्माण किया अठारह हजार ब्राह्मणोंके घर ॥ ११० ॥ छत्तीस

मंदिराणि च ॥ रम्यं पुरं विनिर्माय विश्वकर्मा जगामह १११ ततो विलोक्य कण्वस्तां पूर्णां सर्वसमृद्धिभिः ॥ सोऽस्मरत्कामधेनुं वै सर्वकामसमृद्धये ॥ ११२ ॥ ततो देवानृषीन्सर्वान्समाहूय मुनीश्वरः ॥ शांत्यर्थं यज्ञमकरोद्यस्मिन्सर्वे विसिस्मिरे ॥ ११३ ॥ समाप्य चाध्वरं कण्वो विप्रानाहूय तानथ ॥ एकैकं प्रतिगोत्रं सोष्टादशैर्वाचयन्मुनिः ॥ ११४ ॥ ब्रह्मार्पणैकबुद्ध्या स तेभ्यः स्थानमदान्मुदा ॥ त्रिंशत्सहस्रसंख्यैश्च वणिग्भिः परिपूरितम् ॥ ११५ ॥ अष्टादशसहस्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्योऽतिशोभितम् ॥ एतद्भक्त्या मया दत्तं भवद्भ्योऽथप्रगृह्यताम्॥११६॥स्वस्तीत्युक्त्वा च तैर्विप्रैराशीर्भिरभिनंदितः ॥ पुनः प्रोवाच तान् विप्रान्स महर्षिर्मुदान्वितः ॥ ११७ ॥ षट्त्रिंशच्च सहस्राणि वणिजो विनयान्विताः ॥ वाञ्छितार्थप्रदानैर्वो भविष्यंति द्विजोत्तमाः ॥ ११८ ॥ गुरौ तेभ्यो विनिस्तीर्णे तत्स्थानं गालवो मुनिः ॥ भक्त्यर्थं वणिजः शेषात्तद्द्विजेभ्यः प्रदत्तवान् ॥ ११९ ॥ स्थाने तेभ्यो दीयमाने पश्यत्सु त्रिदशेषु च ॥ महर्षिषु च सर्वेषु बकुलार्कोऽब्रवीदिदम् १२०॥

हजार बनियोंके घर जिसमें हैं ऐसा रमणीय पुर निर्माण करके विश्वकर्मा जाते भये ॥ १११ ॥ पीछे कण्वऋषिने उस नगरीकूं समृद्धि युक्त देखके सब कामना सिद्ध होनेके वास्ते कामधेनुका स्मरण किया ॥ ११२ ॥ और सब देवऋषि लोकोंकूं बुलायके शांतिके अर्थ यज्ञ किया जिस यज्ञमें सब आश्चर्य पाये ॥ ११३ ॥ फिर यज्ञ समाप्त करके और ब्राह्मणोंको बुलायके प्रत्येक अठारह गोत्रोंका नाम लेके ॥ ॥ ११४ ॥ ब्रह्मार्पण यज्ञ समाप्त करके तीन हजार बनियों करके परिपूरित उस स्थानको अठारह हजार ब्राह्मणोंकूं दान देते भये यह दान मैंने परम भक्तिसे तुमको दिया है सो ग्रहण करो ॥ ११५ ॥ ११६ ॥ तब ब्राह्मणोंने स्वस्ति कहके स्थान लिया और आशीर्वाद दिया फिर कहते हैं ॥ ११७ ॥ हे ब्राह्मणों ! यह छत्तीस हजार बनिये तुमकू वांछितार्थ देनेवाले होवेंगे ॥ ११८ ॥ गुरुने दान दिये बाद गालव ऋषिने उन ब्राह्मणोंकूं अपनी भक्तिसे शेष बनिये छः हजार सेवाके निमित्त दिये ॥ ११९ ॥ इस रीतिसे स्थानका दान दिया सब देवता देख रहे हैं सब ऋषि देख रहे हैं उस बखत बकुलार्क कहने लगे ॥ १२० ॥

सर्वे शृण्वंतु भो देवा स्थानं कण्वेन स्थापितम् ॥ मयि साक्षिणि यत्नेनाकल्पांतमधितिष्ठति ॥ १२१ ॥ भवंतः सर्व एवात्र निवसंतो दिवानिशम् ॥ पालयंतु प्रजाः सर्वाः कण्वस्थाननिवासिनीः ॥ १२२ ॥ एवमुक्ते ततो ब्रह्मा विष्णुरुद्रेंद्रयक्षपाः ॥ धर्मोग्निर्वरुणोवायुर्हनुमान्सर्वदेवताः ॥ १२३ ॥ स्वस्वनाम्ना च विख्यातं तीर्थं कृत्वाथ जग्मिरे ॥ संभावयन्निजमुनीन् वणिजोऽथ महामुनिः ॥ १२४ ॥ सोऽपश्यद्वणिजस्तत्र गालवेन प्रतिष्ठितान् ॥ उवाचेति तदा कण्वः स्मितपूर्वं मुदान्वितः ॥ १२५ ॥ अग्रतो गालवादीनां वणिजां च द्विजन्मनाम् ॥ गालवस्थापिता ह्येते गालवाःसंतु नामतः ॥१२६॥ तएवापिकपोलाख्याः कपोलाद्भुतकुण्डलाः । ये च प्राग्वाडवा नित्यं शुश्रूषार्थमटंति वै॥ १२७ ॥ प्राग्वाडाः स्युरभिख्याता गुरुदेवार्चनेरताः ॥ येषां प्राग्वाभवेद्वाडो मदीयस्थापनात्मकः ॥१२८॥ ते प्राग्वाडा अमी ज्ञेया सौराष्ट्रराष्ट्रवर्द्धनाः॥ गोत्राणि यानि विप्राणां गौतमादीनि संति हि१२९॥

ग्न्यजाः ॥ १८० ॥ मुरव गेऽथळयेसत्तकाश्यपाऽऽत्रेयगौतमाः॥ वासिष्ठाश्चेति चत्वारो भिन्नगोत्रास्त्रयस्तु ते ॥८१॥ जामदग्न्या न तद्भेदः सूतकाभावतः परः कुलदेवकृतो भेदोऽस्ति नास्तीति न विद्महे ॥ ८२ ॥ तस्मात्तेषां द्वयोर्नेहप्रयोजनमितिस्थितम् ॥ मुइल्ये तु द्विविधा अत्र काश्यपा नैध्रुवा इति ॥ ८३ ॥ भारद्वाजा मेमण्येते मोघे मौद्गल्यगोत्रजाः ॥ मंडलीकः काश्यपः स्याद्युक्तयेनैध्रुवगोत्रजाः ॥ ८४ ॥ प्रागुक्ता गुर्जरास्ते तु योगीते कौशिकाःस्मृताः ॥ भारद्वाजो राउतस्तु ते च भागवता अपि ॥ ८५ ॥ राजवूडेकरसंज्ञस्तु काश्यपो राट्टकरः स्मृतः ॥ कौशिकोऽथो रायकरो वासिष्ठाः कुंडिनाश्च ते ॥८६॥ रिंगेरूणकरा जामदग्न्यवासिष्ठगोत्रतः ॥ द्विधा रेडे भारद्वाजा लघाटे संप्रकीर्तिताः ॥८७॥ कुत्सा इति लळीतस्तु वासिष्ठः कौशिको द्विधा ॥ लामगांवकरो भारद्वाजोऽथो लावगन्करः ॥ ८८ ॥ वैन्य आत्रेय इति च द्विधाऽथोलुकुतुके द्विधा ॥ वासिष्ठजामदग्न्याभ्यामात्रेयो लोवलेकरः ॥८९॥ लोक्ये वासिष्ठगोत्रास्ते लॅंबकर्ये काश्यपाः स्मृताः ॥ आत्रेयाश्च द्विधा वर्जःकाश्यपोऽथबडेकरः ॥९०॥ वरवडेकरसंज्ञस्तु जामदग्न्यः प्रकीर्तितः ॥ वहाल्करा जामदग्न्यवळामे अत्रयः स्मृताः ॥ ९१ ॥ वळवल्करा जामदग्न्या वाखल्ये कौशिकाः स्मृताः॥वासिष्ठा वाग्वरे वळये कौशिका अत्रयः स्मृताः ॥ ९२ ॥ वाकण्करा द्विधा भारद्वाजाश्चेत्यथ काश्यपाः ॥ वाँय्गणकरा अयोवीयध्ये नैध्रुवास्ते तु गुर्जराः ॥ ९३ ॥ विंझेतुगौतमा वेझेकरा द्वेधा तु कौशिकाः ॥ भारद्वाजाश्चेति गार्ग्यो वेळंबकरसमाह्वयः ॥९४॥ वैद्या द्विधा कौशिकाश्च नैध्रुवास्तत्र कौशिकाः ॥

॥ ८० ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ ८३ ॥ ८४ ॥ ८५ ॥ ८६ ॥ ८७ ॥ ८८ ॥ ८९ ॥ ९० ॥
॥ ९१ ॥ ९२ ॥ ९३ ॥ ९४ ॥

ते तु पंतोपाभिधानास्सामंताख्यनृपस्य ते ॥ ९५ ॥ प्राणाचार्यः सुंदराध्रुवाटीस्था अथ काश्यपाः ॥ शहाणेशांडिलाश्चेति द्विधा तेऽपि शिवाकराः ॥ ९६ ॥ काश्यपा अत्रयश्चापि शिग्दारः कौशिकः स्मृतः ॥ शेजूवल्करस्तु आत्रेयोऽथोशेलोणकराह्वयः ॥ ९७ ॥ कौशिकः शेवडचे ते तु चतुर्धाऽऽत्रेयगोत्रजाः ॥ भारद्वाजा जामदग्न्या वासिष्ठा इत्यथो त्रिधा ॥९८॥ शेंबेकरा जामदग्न्या भारद्वाजाश्च काश्यपाः ॥ शेवर्णेकर संज्ञस्तु जामदग्न्यः स्मृतो जनैः ॥ ९९ ॥ शौचे वाशिष्ठगोत्रास्ते श्रीखंडेकाश्यपाःस्मृता ॥ श्रोत्रीत्वात्रेयगोत्रः षान्वल्युश्चापि तथैव च ॥ २०० ॥ सर्देशकुळकर्णी तु काश्यपास्तेऽन्यनामकाः ॥ आत्रेयाःकौशिकाश्चेति सर्देसाईद्विधामताः ॥ १ ॥ सबनीसस्तथा सप्त्ये सप्रे आत्रेयगोत्रजाः ॥ समलकरः काश्यपोऽथ समोंकादमसंज्ञकाः ॥ २ ॥ धावैन्यगोत्रः सर्वटचे वासिष्ठाः कौशिका अपि ॥ वसिष्ठगोत्रः सर्वाप्येसाखरेसाघले तथा ॥ ३ ॥ द्वावाऽऽत्रेयौ सारमांडल्ये सारमांड्लीक इत्यपि ॥ जामदग्न्यौ स्मृतौ भारद्वाजः स्यात्सायनेकरः ॥ ४ ॥ सागलकरः काश्यपोऽथ सांडूस्याज्जामदग्न्यजः ॥ भारद्वाजाजामदग्न्यावासिष्ठाश्चेति तेत्रिधा ॥५॥ सांड्ये वासिष्ठगोत्रास्तेसातवळेकरसंज्ञकाः ॥ सांवरेकरसंज्ञास्त आत्रेया नैध्रुवा अपि ॥६॥ द्विधा तयोर्नैध्रुवास्ते प्रागुक्ता गुर्जराह्वयाः॥वासिष्ठः सूर इत्युक्तः सोनालो जामदग्न्यजः ॥७॥हचिर्करश्च सेदानीं शेजूवडग्राममाश्रितः ॥ हर्डीकरा गौतमास्ते हयग्रीवःस्मृतो जनैः ॥ ८ ॥ भारद्वाजोऽथ हर्षे तु कौशिका हळद्ये स्मृताः ॥ मौद्गल्याः काश्यपा हळबे हळवे द्वेधा तु

नैध्रुवाः ॥ ९ ॥ भेदे तु कारणं प्राग्वज्ज्ञेयं नान्यद्विमृश्यते ॥
हडपस्तु द्विधा ज्ञेयो वासिष्ठः कौशिकस्तथा ॥२१०॥ हाति-
वळेकरसंज्ञस्तु पार्थिवो हिंगणेकरः ॥ आत्रेयः काश्यपोहुजु-
बांजारः परिकथ्यते ॥ ११ ॥ हिर्लेकराभिधानस्तु भारद्वाजः
प्रकीर्तितः ॥ ढुंढना केनचित्पुंसा संचितान्युपनामभिः ॥१२॥
सह संगृह्य गोत्राणि काश्यपादीनि तानि तु ॥ जनार्दनहरी-
त्याख्यविदुषा स्वशिलामये ॥ १३ ॥ यंत्रे प्रसिद्धये तेषामं-
कितानि ततो मया ॥ संशोध्य स्फुर्तये तेषां रचिता गोत्र-
चंद्रिका ॥ १४ ॥ देशांतरस्थिताः केचित्प्रसिद्धाः स्वोपना-
मभिः ॥ केचित्प्राग्ग्रामदेशादिनाम्ना ते न्यवसन्क्कचित् ॥
॥ २१५ ॥ उपनामांतरं याताः क्षेत्रग्रामादिनामभिः ॥ देशां-
तरस्थितास्ते च न ज्ञायतेऽधुना मया ॥ १६ ॥ उपनाम्नां
कारणानि देशग्रामपराक्रमाः ॥ कर्मक्षेत्रादिवसतिश्चाधिकारा-
दिनामभिः ॥ १७ ॥ पृथक्पृथग्विभिद्यंते नातः शक्तोऽस्मि
संग्रहे ॥ सर्वेषामेक एवाऽहं यतो न बहवोऽप्यलम् ॥ १८ ॥
प्रायश्छंदोनुरोधेन न गोत्रप्रत्ययस्य लुक् ॥ अत्र्यादिषु बहु-
त्वेऽपि कृतस्तत्कारणांतरम् ॥ १९ ॥ अज्ञास्तथात्वेऽत्रिगोत्रं
प्रवरोच्चारणादिषु ॥ वदंति तद्वदिष्यंति दृष्ट्वेनां गोत्रचन्द्रिकाम्
॥ २२० ॥ मत्वर्थीयोऽर्श आविभ्योऽत्र तस्याकृतिगणत्वतः ॥
सर्वतोऽतः प्रसृमरः कृतस्तदनुबंधतः ॥ २१ ॥ आत्रेयं गोत्र-
मस्त्येषां त आत्रेयाश्च गौतमाः ॥ इत्यादयः प्रयोगास्ते
निर्विवादा भवंति हि ॥ २२ ॥ निर्मत्सराः सुविद्वांसः
क्षमंतां ते कृपालवः ॥ क्षमाशीलाः क्षमादेवाः सुमुखाश्चांबुदा
इव ॥ २३ ॥ न दूरे पापकृद्यस्मात्कर्मकृत्पुण्यकृत्सुकृत् ॥

॥ ९ ॥ १० ॥ ११ ॥ १२ ॥ १३ ॥ १४ ॥ १५ ॥ १६ ॥ १७ ॥ १८ ॥ १९ ॥
॥ २० ॥ २१ ॥ २२ ॥ २३ ॥

मंत्रकृत्प्रत्ययोभूते यस्य सर्वात्मनात्मनः ॥ २४ ॥ व्यक्ता-व्यक्ते सुगण्णीशः प्रत्यङ्ङात्मा सुशोधितः ॥ मत्पिता जानकीजानिः सन्नच्युत इवापरः ॥ २२५ ॥ गुर्जरोपाभिधः पांडुरंगिः कृती रामचंद्राभिधोऽस्यात्मजोऽणुः सुकृत् ॥ २६ ॥ वासुदेवाभिधोऽरीरच्चंद्रिकां गोधिसूर्ये १७९३ शके ब्रह्मसंवत्सरे ॥ माधवसितशिवतिथ्यां गुरौ समीरोडुसिद्धि योगयुते ॥ वणिजे करहाटानां संपूर्णा गोत्रचंद्रिका ह्येषा ॥ ॥ २७ ॥ श्रीमद्गणेशपादाब्जे भक्तषट्पदसेविते ॥ अर्पिता तत्प्रसादाय पुष्पांजलिरिवापरः ॥ २८ ॥ नर्मदादक्षिणे तीरे कृष्णायाश्च तथोत्तरे ॥ तन्मध्ये च समानास्यात्तुंग भद्रोत्तरे तथा ॥ २९ ॥ ततः सर्वापथो देशो नात्र कार्या विचारणा ॥ योजनं दश हे पुत्र काराष्ट्रो देशदुर्धरः ॥ २३० ॥ तन्मध्ये पंचक्रोशं च वाराणस्या यवाधिकम् ॥ क्षेत्रं वै करवीराख्यं श्रेष्ठं लक्ष्मीविनिर्मितम् ॥ ३१ ॥ तत्क्षेत्रं हि महत्पुण्यं दर्शनात्पापनाशनम् ॥ तत्क्षेत्रे ऋषयः सर्वे ब्राह्मणा वेदपारगाः ॥ ३२ ॥ तेषां दर्शनमात्रेण सर्वपापक्षयो भवेत् ॥ तत्क्षेत्रं केवलं पीठं महालक्ष्म्याश्च तत्त्वतः ॥ ३३ ॥ केवलैक्यविलासश्च महालक्ष्म्याः प्रसादतः ॥ तत्रानीतो महादेवो विश्वेशो हि जगत्प्रभुः ॥ ३४ ॥ अष्टषष्ट्यादितीर्थानि ह्यानी

॥२४॥ २६॥ अब ऐसा यह काराष्ट्रदेश नर्मदाके दक्षिणतीरपर कृष्णाके उत्तरतीरपै उसके मध्यभागमें तुंगभद्राके उत्तरभागमें ॥ २७–२९ ॥ दश योजनका कऱ्हाडा देशहै ॥ २३० ॥ उसमें भी पांच कोसका करवीर क्षेत्र है वह काशीक्षेत्रसे यव-मात्र अधिक है लक्ष्मीने निर्माण किया है ॥ ३१ ॥ उस क्षेत्रका दर्शन करनेसे महापातकका नाश होताहै उस क्षेत्रमें वेदवेदांग पारंग ब्राह्मण रहतेहैं ॥ ३२ ॥ उनके दर्शन करनेसे पापक्षय होताहै वह क्षेत्र केवल लक्ष्मीका महापीठ है ॥ ३३ ॥ और लक्ष्मीका विलास स्थल है । देवीके प्रीत्यर्थ अढसठ तीर्थ लाये हैं वे तीर्थ मत्स्यपुराणमें प्रसिद्धहैं जो कोई साधुपुरुष उस तीर्थमें स्नान तथा जलपान करेगा ॥ ३४ ॥ ३९ ॥ वह ब्रह्महत्यादिपापोंसे मुक्ति पावेगा निश्चय करके

तानि तया सह ॥ यदि तत्र गतः साधुः स्नात्वा पीत्वा च तज्ज-लम् ॥३५॥ ब्रह्महत्यादिपापेभ्यो मुक्तिं याति विनिश्चितम् ॥ नानाविधानि देवानां दिव्यान्यायतनानि च ॥ ३६ ॥ तत्र रुद्रगयां पुत्र करोति श्राद्धतर्पणम् ॥ यस्तस्य पितरः सर्वेंह्युद्धरति न संशयः ॥ ३७ ॥ तस्याप्युत्तरभागे तु रामकुण्डं व्यवस्थितम् ॥ तस्य दर्शनमात्रेण सर्वपापक्षयो भवेत् ॥२३८॥

इति ब्राह्म० मार्तंडाध्याये काराष्ट्रब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नामप्रकरणम् २० इति पञ्चद्रविडमध्ये महाराष्ट्रसंप्रदायः ॥ आदितः पद्यसंख्याः २७८९

और वहां अनेक देवताओंके मन्दिर हैं ॥ ३६ ॥ वहां रुद्रगया है उस स्थानपर जो कोई श्राद्ध तर्पण करेगा तो उसके पितर मोक्ष पावेंगे ॥ ३७ ॥ उसके उत्तरभागमें रामकुंड है उसके दर्शन मात्रसे सर्व पापका क्षय होता है ॥ २३८ ॥

इति कऱ्हाडे ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति भेद पूरा भया प्रकरण ॥ २० ॥

अथ देवरुखब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ २१ ॥

अथ देवरुखब्राह्मणोत्पत्तिमाह दशप्रकरणग्रंथे ॥ प्रणम्यशिरसा रामं त्रैलोक्याधिपतिं प्रभुम् ॥ १ ॥ देवरुखोत्पत्तिनामानवमो भागः ॥ वासुदेवाभिधोविप्रोधनाढ्यःशालिसंयुतः॥२॥इष्टापूर्तादिनिरतो ज्ञाननिष्ठोऽतिथिप्रियः ॥ सह्यस्य पश्चिमेभागे निवसन्सर्वदैव हि ॥ ३ ॥ देव्याश्चाराधनं चक्रे वेदतंत्रोक्तमार्गतः ब्राह्मणा भोजिता नित्यं पंच भक्ष्यादिभिस्तथा ॥ ४ ॥ एवं

अब देवरुखे ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं त्रैलोक्यके प्रभु भक्ताभिमानी जो रामचंद्र उनको नमस्कार करके देवरुखोत्पत्ति नामक नवम भाग कहता हूं ॥ १ ॥ वह ऐसा कि "वासुदेवचित्तले" इस नामका कोई एक चित्तपावन ब्राह्मण धनवान् था ॥ २ ॥ वह यज्ञ योग तलाब घाट कूप वगैरह धर्म कृत्यमें तत्पर रहता था, ज्ञाननिष्ठ, घरमें आये हुवे मनुष्यका सत्कार करता ऐसा सह्याद्रिके पश्चिम भागमें सर्वकाल रहता था ॥३॥ उसने वेदतंत्रमार्गसे देवीकी आराधना कियी और जो ब्राह्मण अतिथि आवें उसकूं पका-

द्वादश वर्षाणि कारितं परमं तपः ॥ देव्याश्चाराधनेनैव वाक्सिद्धिं प्राप स द्विजः ॥५॥ क्षेत्रे परशुरामाख्ये तडागं कृतवान्द्विजः ॥ जलहीनमहामार्गे अरण्ये रौद्रभूमिषु ॥ ६ ॥ खानयित्वा स्वयं विप्रो निजद्रव्येण नित्यशः ॥ मृद उद्धारसाक्षेपमागतान्सर्ववर्णकान् ॥ ७ ॥ कारयित्वा स्नेहपूर्वं सामदानाभिवादनैः ॥ सत्त्वादिगुणसंपन्नोविप्रादिर्धनवानपि॥ ८ ॥ तदाज्ञया चकाराशु मृद उद्धारणं तदा ॥ मृदुद्धारः सर्वकालं मार्गगेनैव कारितः ॥९॥ देवरुखात्समंताश्च विप्रसंघस्तु चागतः ॥ सर्वे च करहाटा वै वेदशास्त्रविशारदाः ॥ १० ॥ इष्टापूर्तादिकर्तारस्तर्कशास्त्रेषु कौशलाः दृष्ट्वा तडागं विस्तीर्णं पुण्यस्त्रीभिर्नरैर्युतम् ॥ ११ ॥ सर्वेषां मूर्ध्नि मृद्भारं पश्यन्तो विस्मयं ययुः ॥ विप्राः प्रोचुः किमाश्चर्यं वद ब्राह्मणसुव्रत ॥ १२ ॥ वयं सर्वे करिष्यामः प्रत्येकं चैवमेव हि ॥ तडागान्मृद उद्धारं भवान्कुर्याद्धि यत्नतः ॥ १३ ॥ श्रुत्वा तद्वाक्यविस्तारं वाग्विवादमकुर्वत ॥ प्रार्थयामास तान् सर्वान् सामदानादि-

न्नसे भोजन करवाये ॥४॥ ऐसा बारह बरस तक परम तप किया तब देवीकी आराधनासे वह ब्राह्मण वाक्सिद्धिकूं पाया ॥ ५ ॥ उस वासुदेवचित्तल्याने परशुरामक्षेत्रके अरण्यमें श्मशानके नजदीक जहां पानी नहीं था ऐसे रस्तेके ऊपर तलाव बनाया ॥६॥ उसमें अपने द्रव्यका खर्च करना उसमेंकी मृत्तिका निकालनेसे साम दाम स्नेह आर्जव ऐसे उपायोंसे आये हुवे सब वर्णके लोकोंसे मृत्तिका निकलवाने लगा. आप धनवान् था तथापि गुणसंपन्न ब्राह्मणादिकोंसे मृत्तिकाका उद्धार करवाता ॥ ८ ॥ इस रीतिसे रस्ते चलनेवाले लोकोंसे मृत्तिका निकलवाई ॥ ९ ॥ देवरुखकी तरफसे वेदशास्त्रसंपन्न ब्राह्मणसमूह आया उनमें सब कऱ्हाडे थे यज्ञयोग करनेमें निपुण थे ॥ १० ॥ तर्कशास्त्रमें कुशल थे उन्होंने विस्तीर्ण तलाव देखा जहां उत्तम स्त्रियां पुरुष बहुत जमा भये हैं ॥११॥ सबोंके मस्तकोंके ऊपर मृत्तिकाका भार देखके आश्चर्य पायके कहने लगे हे ब्राह्मण यह क्या आश्चर्य है सो कहो॥१२॥ हमभी सब लोग प्रत्येक ऐसा करेंगे तुम तलावमेंसे मृत्तिका निकालो ॥ १३ ॥ ऐसा वाक्य विस्तार करके वासुदेव ब्राह्मण सामदानादिकसे प्रार्थना करने लगा ॥१४॥

भिर्द्विजः ॥ १४ ॥ अनादृत्यैव तद्वाक्यं शापं दत्त्वा द्विजान्प्रति ॥ युष्मत्पंक्तौ तु भुंजीरन्वदेयुर्जुहुयुश्च ये ॥ १५ ॥ सहवासं करिष्यंति ते दारिद्र्यमवाप्नुयुः ॥ यूयं सर्वे दरिद्राः स्युस्तेजोहीना बहिष्कृताः ॥ १६ ॥ भवेयुर्लोकनिंद्याश्चयुष्मत्संसर्गकारिणः ॥ देववद्द्विजशापात्तेदग्धाश्चापि बहिष्कृताः ॥ १७ ॥ देवरुखप्रदेशाच्च जातास्ते देवरूखकाः ॥ नवेंदुशक्रप्रमिते शालिवाहनजन्मतः ॥ १८ ॥ देवारूखाश्च संजाताश्चित्तपावनशापतः ॥ १९ ॥

इति ब्रा० देवरुखब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ २१ ॥
इति पंचद्रविडमध्ये महाराष्ट्रसंप्रदायः ॥ आदितः पद्यसंख्या २८०८ ॥

उसको मनमें न लाक शाप देकर कहनेलगे तुम्हारी पंक्तिमें जो भोजन तथा भाषण करेंगे ॥ १५ ॥ और सहवास रखेंगे वे दरिद्रताकूं पावेंगे और तुम सब दरिद्र तेजोहीन ॥ १६ ॥ लोकनिंद्य होवेंगे जो तुम्हारा संग करेंगे वे ब्राह्मणके शापसे दग्ध होवेंगे और बहिष्कृत होवेंगे ॥ १७ ॥ देवरुख प्रदेशसे आये इसवास्ते देवरुख नामसे विख्यात भये वे शालिवाहनशके १४१९ के वर्षमें देवरुखके ब्राह्मण भये चित्तपावनके शापसे ॥ १८ ॥ १९ ॥

इति देवरुखे ब्राह्मणोत्पत्ति संपूर्ण भई प्रकरण ॥ २१ ॥

अथाभीरऽभिल्लब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ २२ ॥

अथाभिल्लब्राह्मणोत्पत्तिमाह हरिकृष्णः ॥ श्रीमद्दाशरथीरामः पितुर्वाक्याद्यदा वनम् ॥ दंडकारण्यकं प्रागात्सीता लक्ष्मणसंयुतः ॥ १ ॥ वनाद्वनान्तरं गच्छन् विंध्याद्रिनिकटे यदा ॥ तपत्याश्च तटे प्राप्तस्तदा सांवत्सरं पितुः ॥ २ ॥ श्राद्धं प्राप्तं कुदेशेऽत्र कथं कर्म भविष्यति॥विप्राभावो च चिंतायां निमग्ने

अब आभीर ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं एक समयमें सीता और लक्ष्मण युक्त रामचन्द्रजी पिताके वचनसे दंडकारण्यके ॥ १ ॥ वनमें फिरते फिरते विंध्याचलके नजदकि तापीके तट ऊपर आये वहां पिताका सांवत्सरिक श्राद्ध आया ॥२॥ उस

सति राघवे ॥ ३ ॥ तत्रैव पंच कैवर्ताः संप्राप्ता वनचारिणः ॥ तान्पप्रच्छ रामो वै के यूयमिति तेऽब्रुवन् ॥४॥ वयं किराता राजेंद्र किं कार्यं वद नः प्रभो ॥ रामो विचिंतयामास करिष्यामि द्विजानिमान् ॥ ५ ॥ चकार भूमौ रेखानां सप्तकं तदनंतरम् ॥ उल्लंघयंत्विमा रेखा इति तानब्रवीत्प्रभुः ॥ ६ ॥ प्रथमायां शुद्धभिल्ला द्वितीयायां च शिल्पिनः ॥ तृतीयायां च शूद्रा वै सच्छूद्राश्च ततः परम् ॥ ७ ॥ पंचम्यां हि वयं वैश्याः षष्ठ्यां वै क्षत्रिया इति ॥ सप्तम्यां तु वयं विप्रा इतिरामं वचोऽब्रुवन् ॥ ८ ॥ अथ रामश्च तैस्साकं श्राद्धकर्म समाचरत् ॥ अथ तानब्रवीद्रामो पूर्वमार्गेण गच्छथ ॥ ९ ॥ हे राम ते कृपालेशादीदृशीं पदवीं गताः ॥ न गच्छामो पुनर्योनिं कैवर्ताख्याधमां प्रभो ॥ १० ॥ तदा रामोऽब्रवीत्तान्वै यूयं भूमौ द्विजातयः ॥ भवंत्वभिल्लनामानश्चाभीरापरनामकाः ॥ ॥ ११ ॥ युष्माकं कुलदेव्यौ द्वे कानुरान्वाभिधे शुभे ॥ विवा

वास्ते ब्राह्मण नहीं मिले तब चिंता करनेलगे ॥ ३ ॥ इतनेमें पांच भील आये उनकूं पूछे तुम कौनहो ॥ ४ ॥ तब वे कहनेलगे हम भील हैं क्या कार्य है सो कहो तब रामचंद्र मनमें विचार करनेलगे कि इस प्रांतमें ब्राह्मण नहीं मिलते इसवास्ते इनकूंही ब्राह्मण बनाना ऐसा निश्चयकरके ॥ ५ ॥ जमीन ऊपर सात रेखा करके उनकूं कहा कि इनकूं उलंघन करो तब वे पाहिली रेखा ऊपर खडे रहे तब रामने पूछा तुम कौन हो ॥ ६ ॥ तब उन्होंने कहा हम भिल्ल हैं परंतु भिलजातिका कर्म छोडके शुद्धस्वभाव वाले हैं। दूसरी रेखा ऊपर विश्वकर्मा जाती है ऐसा कहा वैसा आगे तीसरे रेखा ऊपर सच्छूद्र॥७॥ पांचवीं रेखा ऊपर वैश्य, छठी रेखा ऊपर क्षत्रिय, सातवीं रेखा ऊपर जब आये तब पूछा तुम कौन हो ? उन्होंने कहा हम ब्राह्मण हैं ॥ ८ ॥ तब रामने श्राद्धकर्म संपूर्ण करके उनकूं कहा कि तुम जैसे आये उसी मार्गसे फिर चले जाओ॥९॥ तब वे कहनेलगे हे राम ! आपकी कृपासे ऐसी पदवी मिली अब नीचजातिमें नहीं जाते ॥ १० ॥ तब रामचंद्रने कहा अच्छा तुम जगत्में आभिल्लब्राह्मण अथवा अभीरब्राह्मण नामसे विख्यात हो ॥ ११ ॥ और विवाहादिकर्म तुम्हारी कुलदेवी

हादिशुभे कार्ये पूजनीयं विशेषतः ॥ १२ ॥ प्रत्यब्दं नवरात्र्यां वै देवीपूजा विशेषतः ॥ कर्तव्या दीपिकायां वै सूत्रवेष्टनपूर्विका ॥ १३ ॥ इत्यभिल्लब्राह्मणानां चोत्पत्तिर्वर्णिता मया ॥ श्रुत्वा गजाननमुखाद्धरिकृष्णेन धीमता ॥ १४ ॥

इति श्रीवेंकटात्मजहरिकृष्णविनिर्मिते बृहज्योतिषार्णवे षष्ठे मिश्रस्कंधे षोडशे ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्याये आभीरापरनामकाऽभिल्लब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ २२ ॥ इति पंचद्रविडमध्ये महाराष्ट्रसंप्रदायः आदितः पद्यसंख्या २८२२.

कानुबाई रानुवाईकी पूजा करना॥१२॥प्रतिवर्ष नवरात्रीमें देवीकी पूजा करते समय नाडा लपेटना अखंड दीया रखना ॥१३॥ यह ब्राह्मणकी उत्पत्ति मैं हरिकृष्णग्रंथकर्ता पुरुषन गजानननामक ब्राह्मणके मुखसे सुनके वर्णन कियी॥१४॥ इ. आभी०

अथ शेणवीसारस्वतब्राह्मोत्पत्तिप्रकरण २३.

स्कंद उवाच ॥ ब्राह्मणा दशधा प्रोक्ताः पंचगौडाश्च द्राविडाः॥ तेषां सर्वेषां चोत्पत्तिं कथयस्व सविस्तरम् ॥ १ ॥ महादेव उवाच ॥ ब्राह्मणा दशधा चैव महर्षीणां कुलोद्भवाः ॥ सर्वेषां ब्रह्मगायत्री वेदकर्म यथाविधि ॥ २ ॥ अन्यत्र ॥ त्रिहोत्रा ह्यग्निवैश्याश्च कान्यकुब्जाः कनोजियाः ॥ मैत्रायणाः पंचविधा एते गौडाः प्रकीर्तिताः ॥ ३ ॥ शूर्पारकमगाद्रामो यात्रार्थं

अब शेणवी सारस्वत ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं सह्याद्रिखंडमें स्कंदशिवकूं पूछतहै ब्राह्मण दश प्रकारके जो कहेहैं पंचगौड पंचद्राविड उन सबोंकी उत्पत्ति मुझको कहो ॥ १ ॥ शिव कहनेलगे ब्राह्मण दश प्रकारके हैं वे सब ऋषिकुलोत्पन्न हैं सबोंकूं ब्रह्मगायत्री और वेदकर्म यथायोग्य हैं ॥२॥ पंच गौड-सारस्वत १ कान्यकुब्ज २ गौड ३ औडिये ४ मैथिल ५ यह हैं ।पंचद्रविड-कर्नाटक १ तैलंग २द्राविड ३महाराष्ट्र४गुर्जर५यह पांच हैं उसमें अन्यग्रंथका मत है--त्रिहोत्र ब्राह्मण १ अग्निवेश्य ब्राह्मण २ कान्यकुब्ज ३ कन्नौज ४ मैत्रायण ऐसे यह पंच गौड कहेजातेहैं ॥ ३ ॥ प्रथम परशुराम तीर्थयात्राके निमित्तसे शूर्पारकक्षेत्रमें आयके विमलतीर्थ निर्मलतीर्थ

पूर्वमेव हि ॥ तन्मध्ये तु कृतावासः पर्वते चतुरंगके ॥ ४ ॥ श्राद्धार्थं चैव यज्ञार्थं मंत्रिताः सर्वब्राह्मणाः ॥ नागता ऋषयः सर्वे क्रुद्धोभूद्भार्गवस्तदा ॥ ५ ॥ पश्चात्परशुरामेण ह्यानीता मुनयो दश ॥ त्रिहोत्रवासिनश्चैव पंचगौडांतरास्तथा ॥ ६ ॥ गोमांचले स्थापितास्ते पंचक्रोशी कुशस्थली ॥ भारद्वाजः कौशिकश्च वत्सः कौंडिन्यकश्यपौ ॥ ७ ॥ वसिष्ठो जामदग्निश्च विश्वामित्रश्च गौतमः ॥ अत्रिश्च दश ऋषयः स्थापितास्तत्र एव हि ॥ ८ ॥ श्राद्धार्थं चैव यज्ञार्थं भोजनार्थं तथैव च ॥ मठग्रामे कुशस्थल्यां कर्दली नाम तत्पुरे ॥९॥ आनीता भार्गवेणैते गोमांताख्ये च पर्वते ॥ मांगीरीशो महादेवो महालक्ष्मी च म्हालसा ॥१०॥ शांता दुर्गा च नागेशः सप्तकोटेश्वरः शुभः ॥ तथा च बहुला देवा आनीता जामदग्न्यतः ॥११॥ स्थापिता भक्तकार्यार्थं तत्रैव च शुभस्थले ॥ ते देवा

खदिरतीर्थादि हरिहरेश्वर बाणकोटकेपास मुक्तेश्वर कल्लुकेश्वर वालकेश्वर बाणगंगा । कुलस्थली । कुट्टाला । मठग्राम माटगांव । गोमंतकके ऊपर गोरक्षनामकतीर्थे । राम कुंड आदि अनेक तीर्थोंकी स्थापना करके और शूर्पारकक्षेत्र भी परशुरामने निर्माण करके चतुरंग नामक पर्वतके ऊपर निवास करतेभये ॥ ४ ॥ पीछे कई एक दिन गये बाद श्राद्धयज्ञके वास्ते सब ब्राह्मणोंकूं आमंत्रण किया परंतु कोई ब्राह्मण आये नहीं उससे परशुराम कुपित भये ॥ ५ ॥ पीछे श्राद्धयज्ञके वास्ते ब्राह्मण तो चाहिये तब परशुरामने त्रिहोत्रपुरनामक देशमें रहनेवाले पंचगौडांतर्गत दश ब्राह्मण लायके ॥ ६ ॥ गोमांतकमें पंचक्रोश कुशलस्थली इत्यादि क्षेत्रोंमें उन दश ब्राह्मणोंकी स्थापना की उनके नाम–भारद्वाज कौशिक वत्स कौंडिण्य कश्यप वसिष्ठ जमदग्नि विश्वामित्र गौतम अत्रि ऐसे इन दशब्राह्मणोंका श्राद्धमें यज्ञादिकमें भोजनमें व्यवहार चलानेके वास्तेत्रिहोत्रदेशस्थ पंचगौडांतर्गत सारस्वत ब्राह्मणोंको मठग्राममें कुट्टलांतमें केलाशीमें गोमांच इत्यादि स्थानोंसे स्थापन किये ॥ ७–९ ॥ और उनकी कुलदेवता मांगिश कहते मंगेश महादेव महालक्ष्मी म्हालसा ॥ १० ॥ शांता दुर्गा नागेश सप्त कोटेश्वरादिक हैं श्रेष्ठ ऐसे देवताओंको परशुरामने लायके ॥ ११ ॥ उस शुभस्थलमें भक्तके कार्यके वास्ते

वीर्यवंतश्च भक्ताभीष्टप्रदायकाः ॥ १२ ॥ स्मरणान्नश्यति क्षिप्रं पापं सत्यं वदाम्यहम् ॥ स्कंद उवाच ॥ कथाः सर्वा जगन्नाथ श्रुताश्च त्वत्प्रसादतः ॥ १३ ॥ दश गोत्रकरा विप्रा-स्त्रिहोत्रपुरवासिनः ॥ आनीताः पर्शुरामेण स्वकार्यार्थस्य सि-द्धये ॥ १४ ॥ हे शंभोस्तस्य विस्तारं कथयस्व समासतः ॥ ॥ ईश्वर उवाच ॥ शृणु पुत्र साधु पृष्टं को योगश्च कथं स्थिति-तिः ॥ १५ ॥ ब्राह्मणा दशगोत्राश्च कुलं षट्षष्टिकं स्मृतम् ॥ कुशस्थल्यां च बुद्रल्यां गोत्राणि स्थापितानि हि ॥१६॥ कौत्सं वत्सं च कौंडिन्यं गोत्रं दशकुलान्वितम् ॥ एते त्रिगोत्रजा विप्रा उत्तमा राजपूजिताः ॥ १७ ॥ सुदर्शनाः सदाचाराश्च-तुराः सर्वकर्मसु ॥ मठग्रामो वरेण्यं च लोटली च कुशस्थली ॥ १८ ॥ षडैवेतेषु ग्रामेषु कुलानि स्थापितानि वै ॥ चूडाम-णिमहाक्षेत्रे कुलानि दश एव हि ॥ १९ ॥ स्थापिताश्च त्रयो देवा भार्गवेण तु यत्नतः ॥ द्वीपवत्यां कुलं चाष्टं स्थापितं च यथाविधि ॥ २० ॥ गोमाचले मध्यभागे द्वादशं स्थापितं

स्थापन किया और वे देवता जाज्वल्यतासे भक्तके मनोरथ पूर्ण करनेवाले हैं ॥१२॥ जिनके स्मरण करनेसे संचित सब पाप नाश पावताहै यह सत्य कहताहूं तब स्कंद पूछनेलगे हे जगतके नाथ! तुम्हारे अनुग्रहसे कथा तुमने कही सो श्रवण करी ॥ १३ ॥ परंतु परशुरामने जो त्रिहोत्र पुर देशस्थ दशब्राह्मणोंकूं लायके अपने कार्यके निमित्त स्थापन किया ॥ १४ ॥ उनकी कथा सविस्तर मेरेकूं कहो तब शिव कहनेलगे हे पुत्र! अच्छा प्रश्न किया ब्राह्मणोंका योग और स्थिति कहताहूं श्रवणकर ॥१५॥ वह ऐसी कि दश दश ब्राह्मण जो लायेगये उनके छासठ कुल थे उनमेंसे कुशस्थली। केळासी इन दो क्षेत्रोंमें कौत्स वत्स और कौंडिन्य इन तीन गोत्रोंकूं दश दश कुल सहित स्थापित किये यह तीनों गोत्रोंके ब्राह्मण राजपूजित ॥१६॥१७॥ रूपवंत संपूर्ण कर्ममें कुशल आचारवंत थे और मठग्राम। वरेण्य (नाखें) अंवूजी और लोटली मिलके इन चार गावोंमें छः कुल स्थापित किये चूडामणि नामक महाक्षेत्रमें दश कुल ॥ १८ ॥ १९ ॥ तीन देवता इस करके युक्त स्थापित किये दीपवतीमें आठ कुलस्थ और गोमांचलके मध्यभागमें बारह कुलमें

कुलम्॥एवं षट् षष्टिका विप्राः स्थापिताश्च परस्परम् ॥२१॥ प्रादाय तेषां रामेण कुशस्थलनिवासिनाम् ॥ स षष्टिद्विजमुख्यानामधिकारं ददौ तदा ॥२२॥ अन्यच्च दशप्रकरणग्रंथे ॥ इत्थं सह्याद्रिखंडेऽपि भेदश्च परिकीर्तितः ॥ तेन पूर्वोक्तविप्राणां साष्टीकर इतीरितम् ॥ २३ ॥ संति भेदाश्च बहवः सारस्वतद्विजातिषु ॥ प्रथमस्तेष्वयं भेदः साष्टीकर इतीरितः ॥ २४ ॥ शाणवीति द्वितीयस्तु भेदस्तेषामुदाहृतः ॥ तथा च कोंकणा इत्थं भेदाः संति ह्यनेकशः ॥ २५ ॥ वृत्तिभेदात्तु नामानि गौडानां मिलितानि हि ॥ तस्मादेषां नामभेदाद्विप्रत्वं नैव गच्छति ॥ २६ ॥ अत्रार्थेऽपि च दृष्टांतः कथ्यते लोकरूढितः ॥ लेखनस्याधिकाराच्च कुलकर्णीति कथ्यते ॥२७॥ यथा चिटनीस इत्थं हि नाम तद्वृत्तिदर्शकम्॥षट्षष्टिग्रामे वासात्तु सासष्टीत्युपनामकम् ॥ २८ ॥ अधिकाराच्च ग्रामाणां प्राप्तमथ न संशयः ॥ विप्रान्सारस्वता-

स्थापन किया इस प्रकारसे परशुरामने कुलदेवतासहित वे सब ब्राह्मण छासठ गांवोंमें स्थापन किये ॥२०॥२१॥ और उनके उदरपोषणार्थ छासठ ग्रामोंका अधिकार दिया॥२२॥ इस प्रमाणसे सह्याद्रिखंडमें यह सारस्वत गौडोंका आगमनानुरूप कुलभेदका वर्णन किया है यह उत्तम प्रकारसे अवलोकन करना । अब उस अधिकारके लिये सासष्टि (साष्टी कर) ऐसी संज्ञा प्राप्तभई ॥२३॥ और इसी प्रकारसे यह गौडमें देश काल परत्व करके बहुत नामभेद प्राप्त भयेहैं उनमें (साष्टीकर) यह प्रथम भेद जानना ॥ २४ ॥ शाणवी दूसरा भेद जानना कोंकणे देशपरत्वकरके तीसरा भेद जानना ऐसे आधिकारपरत्व करके अनेक भेद हैं ॥ २५ ॥ वृत्तिके भेदसे गौडोंकूं नाम मिलेहैं इसवास्ते नामके भेदसे कुछ ब्राह्मणत्व नष्ट होता नहीं है ॥ २६ ॥ इसके ऊपर लोकरूढिसे दृष्टांत कहते हैं सो देखो हिसाब किताब लिखनेसे कुलकर्णी कहते हैं ॥ २७ ॥ चिटणीसके काम करनेसे चिटणीसे कहतेहैं वैसा छासठगांवमें रहनेसे साष्टिकर नाम भयाहै ॥ २८ ॥ ग्रामोंके अधिकारसे नाम प्राप्तभयाहै इसमें संशय नहीं है । अब शेणवी यह नाम प्राप्तहोनेका कारण कहतेहैं । पहले कर्णाटक प्रांतमें मयूरवर्मा नाम करके राजा था उसका पौत्र

न्पूर्वं राजा तु शिखिसंज्ञकः ॥ २९ ॥ अधिकारं षण्णवतिग्रामाणां च ददौ किल ॥ एतद्ग्रामाधिकाराच्च शाण्णवीत्युपनामकम् ॥ ३० ॥ प्राप्तं हि तेन विप्रत्वं गच्छतीति न शंक्यताम् ॥ शुद्धशाण्णविशब्दोऽयं दशपांड्यादिशब्दवत् ॥ ३१ ॥ यथा आंग्राादिशब्दाद्या अपि वृत्त्याभिधायकाः ॥ तथा शाण्णविशब्दोऽयमपि वृत्त्यैव वाचकः ॥ ३२ ॥ वृत्तिभेदेन विप्राणां शाण्णवीत्यभिधीयते ॥ न विरुद्धं च शब्दानामेषामुपपदे सति ॥ ३३ ॥ अतः सिद्धं शाण्णवित्वं तत्त्वेन व्यवहारतः ॥ ब्राह्मण्यमपि सिद्धं नः संशयोऽतोन युज्यते ॥ ॥ ३४ ॥ अस्मत्कोंकणनाम्नो हि शक्यते यत्तु केनचित् कथ्यते तन्निरासार्थं नामरूढिप्रमाणकम् ॥ ३५ ॥ देशस्थतौलवादीनां देशस्था तौलवा इति ॥ वदंति देशभेदाच्च तथैते कोंकणाः खलु ॥ ३६ ॥ शुद्धः कोंकणशब्दोऽयं तौलवादिकशब्दवत् ॥ तद्देशवासिविप्राणामेकवाचक ईरितः ॥ ३७ ॥

शिखिवर्मा ॥ २९ ॥ उसने इन सारस्वत ब्राह्मणोंकूं छन्नूग्रामका अधिकार दिय इसवास्ते शास्त्रमें छन्नू अंकका नाम षण्णवती है इसवास्ते शाण्णवी ऊर्फ शेणवी उपनाम भया है ॥ ३० ॥ इस नामकी प्राप्तिसे ब्राह्मणत्व जाताहै ऐसी शंका मत करो शुद्ध शेणवी शब्द जो है सो देसाई पांडे शब्द सरीखा जानना ॥ ३१ ॥ देखो वृत्तिके भेदसे आंग्रे । मराठे । म्हार । कमाठी । देसाई इत्यादि शब्द जैसे वृत्ति निमित्तसे है वैसा शाण्णवी ऊर्फ शेणवी शब्द जानना ॥ ३२ ॥ वृत्तिके भेदसे इन सारस्वत ब्राह्मणोंकूं शाणवी कहते हैं उसमें कुछ विरुद्ध नहीं है ॥ ३३ ॥ इसवास्ते शाणवी शब्द यथायोग्य सिद्ध होता है और ब्राह्मणत्व भी सिद्ध है इसवास्ते संशय करना योग्य नहीं है॥३४॥अब हमारे इन सारस्वतोंका कोंकणे नामक जो तीसरा भेद है उसके ऊपरसे जो कोई शंका करते हैं उसका नाम रूढिप्रमाणसे निराकरण करते हैं ॥ ३५ ॥ सो ऐसा कि देशमें रहे इसवास्ते देशस्थ तौल (तुलव) देशमें रहे इसवास्ते तुलवे ब्राह्मण उसीमुजब तैलंग द्रविड कर्नाटक गुर्जर इत्यादि भेद जैसे तत्तद्देशनिवास करनेसे प्राप्त भये उन सरीखा कोंकणका नाम जानना ॥ ३६ ॥ उसमें कोंकण यह शुद्ध शब्द तौलवादिक शब्द सरीखा तद्देशवासी ब्राह्मणोंका वाचक है । जैसे गुजराती ब्राह्मण परन्तु गुजरातीमें चौरासी भेद हैं ॥ ३७ ॥

कोंकणाः कोंकणा इत्थं व्यवहारस्य तत्त्वतः ॥ शंखावल्याद्य-ग्रहारनिवारस्य विधानतः ॥ ३८ ॥ शंखावल्यादिसंज्ञाभि-रेतेषां व्यवहारतः ॥ केरलाश्च तुलंगाश्च तथा सौराष्ट्रवासिनः ॥ ३९ ॥ कोंकणा करहाटाश्च वरालाटाश्च बर्बराः ॥ इति भैरवखंडेहि केरलादिषु सप्तसु ॥ ४० ॥ देशेषु भिन्नाभाषाणां सप्तकं समुदाहृतम् ॥ सर्वेषां ब्राह्मणादीनां सा वै भाषा नचे-तरा ॥ ४१ ॥ यथा वै केरले देशे द्विजानां च सतामपि ॥ एका केरलभाषैव शूद्राणामपि नेतरा ॥ ४२ ॥ तथैव कोंकणे देशे या भाषा विप्रजेषु सा ॥ दृश्यते सहजा तेन सिद्धं कोंकणकेषु च ॥ ४३ ॥ आचारः कुलमाख्याति देशमा ख्याति भाषितम् ॥ संभ्रमः स्नेहख्याति वपुराख्याति भोज-नम् ॥ ४४ ॥ आचारेण च विप्रत्वं कोंकणत्वं च भाषया ॥ अस्मासु त्वं विनिश्चित्य निश्चितो भव पंडित ॥४५॥ पंच-विंशतिसंस्कारैः संस्कृता ये द्विजातयः ॥ ते पवित्राश्च योग्याः

उसमें शुद्ध कोंकणी भाषा यह सारस्वत कोंकण ऊर्फ शाणवी ब्राह्मणोंकूं प्रत्यक्ष दीख पडती है । और शंखावली आदि करके जो अग्रेहार है उसमें रहनेसे कोंकण, साक्रवळकर, कुडालेकर, कायसुळकर, इत्यादि जो नाम चला सो आजपर्यंत विख्यात है ॥ ३८ ॥ और दूसरा ऐसा है कि केरल (मलवार) तुलंग (तुळु) सौराष्ट्र कोंकण कारहाट (कऱ्हाड) वरालाटा बर्बर इत्यादि यह सात देश भैरवखंडमें वर्णन किये हैं ॥ ३९ ॥ ४० ॥ और उन देशोंकी प्रत्येक भाषा भिन्न है । तब प्रत्येक देशमें ब्राह्मणादिकोंकी वही भाषा भई दूसरी नहीं ॥ ४१ ॥ जैसा केरल देशमें केरल ब्राह्मणोंकी और दूसरे सब वर्णोंकी भी भाषा केरली है ॥ ॥ ४२ ॥ वैसी कोंकण देशमें ब्राह्मणादिकोंकी कोंकणी भाषा दीख पडती है ॥ ॥ ४३ ॥ आचार कुलको बताता है । भाषा देशको बताती है संभ्रम प्रीतिको बताता है । शरीर खान पानको बताता है ॥ ४४ ॥ अर्थात् यह चारों पदार्थोंसे कुलादिकका ज्ञान होता है इसवास्ते यह सारस्वत शाणवीका आचारसे ब्रह्मणत्व भाषासे कोंकणत्व सिद्ध हैं । यह जानके हे पंडित ! शंका खटपट छोडके स्थिरचित्त रखो ॥ ४५ ॥ गर्भाधानादि पच्चीस संस्कार करके जो

स्युः श्राद्धादिषु सुमंत्रिताः ॥ ४६ ॥ एवं कोंकणवर्गीयब्राह्मण्ये बलवत्तरम् ॥ अस्ति प्रमाणं प्रत्यक्षं तत्तु सम्यक् प्रदर्शितम् ॥ ४७ ॥ अस्य स्फुटावलोकेन सम्यग्बोधो भविष्यति ॥ षट्कर्मनिरता ह्येते मत्स्यमांसादिभोजनाः ॥ ४८ ॥ यथा देशस्तथा दोषः स्वस्वदोषेण कथ्यते ॥ चर्मांबु गुर्जरेदेशे दास्याः संगस्तु दक्षिणे ॥ ४९ ॥ न दन्तशुद्धिः कर्णाटे काश्मीरे भट्टमारिजा ॥ गोवाहनं च तैलङ्गे प्रातरन्नं हि द्राविडे ॥ ५० ॥ गुर्जरी कच्छहीना च विधवा च सकंचुकी ॥ कान्यकुब्जो भ्रातृजायागामी दोषास्तु देशजाः ॥५१॥ एवं मुनिकुलं श्रेष्ठं ब्राह्मण्यं चैव विस्तरम् ॥ सर्वकर्मसु शुद्धं च नात्र तस्य विचारणा ॥ ५२ ॥

इति ब्राह्मणो० मार्तण्डाध्याये शेणवीसारस्वतब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ २३ ॥

इति पंच गौडमध्ये सारस्वतसंप्रदायः ॥ आदितः पद्यसंख्या ॥ २८७४ ॥

ये ब्राह्मण संस्कृत भये हैं वे श्राद्धादिक कर्ममें योग्य होते हैं ॥ ४६ ॥ एवं यह कोंकण शेणवी सारस्वत ब्राह्मणोंका ब्रह्मत्वविषयमें जो बलवत्तर प्रमाण था सो दिखाया ४७ इसके स्पष्ट विचार देखनेसे उत्तम बोध होवेगा यह ब्राह्मण षट्कर्ममें तत्पर हैं मत्स्य मांसादिकोंको सेवन करते हैं ॥ ४८ ॥ जैसा देश वैसा दोष अपने अपने दोषसे कहते हैं । गुजरात देशमें चर्मपात्रस्थ जलका पान करना दक्षिणमें दासीगमन प्रत्यक्ष करना ॥ ४९ ॥ कर्णाटक देशमें दंतधावन अच्छा नहीं करना काश्मीरमें भट्टमारीदोष तैलंग में गौवृषभके ऊपर बैठना द्रविडदेशमें प्रातःकालमें पहिले दिनका भात तक्रमें भिजोयके रखाहुवा उसका भोजन करना ॥ ५० ॥ और गुजरातमें स्त्री कच्छहीन, विधवा चोली पहिने कान्यकुब्ज देशमें भाईकी स्त्रीसे भोग करना ऐसे यह देशोंके दोष वर्णन किये ॥ ५१ ॥ ऐसा ऋषिकुल श्रेष्ठ है । ब्रह्मत्व सबकर्ममें शुद्ध है इसमें विचार करना नहीं परन्तु सारांश यह है कि यद्यपि ऊपर लिखेहुवे देशके दोष हैं वे विधिसे ग्राह्य नहीं हैं । जहांतक बने वहांतक त्याग करना उत्तम है ॥ ५२ ॥

इति शेणवी सारस्वतब्राह्मणोत्पत्ति प्रकरण संपूर्ण भया ॥ २३ ॥

अथ सारस्वतब्राह्मणक्षत्रियोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ २४ ॥

आदौ सारस्वतब्राह्मणोत्पत्तिमाह ॥ उक्तं च स्कांदे हिंगुलाद्रिखंडे पूर्वसंहितायाम् ॥ ॥ सुरथ उवाच ॥ ॥ हिंगुला नाम या देवी तदुत्पत्तिं वदस्व मे ॥ सारस्वतस्य विप्रस्य तथा क्षात्रकुलस्य च ॥ १ ॥ सुमेधा उवाच ॥ ब्रह्मणो दिवसस्यांते ववृधे जलमंबुधेः ॥ कल्पादौ च महाविष्णुर्योगनिद्रां तमाश्रितः ॥ २ ॥ एकार्णवं हरिर्दृष्ट्वा सृष्टिं कर्तुं मनो दधौ ॥ ततो भगवतो देहात्समुद्भूता च हिंगुला ॥ ३ ॥ इच्छाशक्तिर्महादेवी तामाराध्य विभुः स्वयम् । ससर्ज विविधं विश्वं शांतद्वीपेऽवसच्च सा ॥ ४॥ एकदा हिंगुलादेव्याः स्थिताया मेरुपर्वते ॥ स्वप्रभावस्य विस्तारं कर्तुमिच्छा ततोऽभवत् ॥ ५ ॥ पाणिना पाणिमाघृष्य हिंगुलामानसं सुतम् ॥ ससर्ज जसराजाख्यं स्वमते च समाहितम् ॥ ६ ॥ कृतांजलिपुटं वीरमथाह हिंगुला स्वयम् ॥ देशेदेशे च मद्रूपं स्थापयस्व यतेंद्रिय॥ ॥ ७ ॥ तथेत्याहाथ वीरः स नानादेशस्थलेषु च ॥ स्थापया

अब सिंधी कच्छी हालारि गुर्जरसंप्रदायि सारस्वत ब्राह्मण और लोवाणे क्षत्रियोंकी उत्पत्ति कहते हैं । सुरथ राजा पूछनेलगे हे सुमेधा ऋषि ! हिंगुला जो देवी और सारस्वत ब्राह्मण और क्षत्री उनकी उत्पत्ति कहो ॥ १ ॥ तब सुमेधा ऋषि बोले ब्रह्माके सायंकालमें नैमित्तिक प्रलय हुवा फिर कल्पके आरंभमें ब्रह्माके प्रातःकाल समयमें विष्णुने योगनिद्राका त्याग करके ॥ २ ॥ सब जलमय पृथ्वीको देखके सृष्टि करनेकी इच्छा की इतनेमें श्रीभगवान्‌के देहमेंसे हिंगुला नाम करके ॥ ३ ॥ इच्छाशक्ति एक देवी प्रगट भई । फिर उस देवीका आराधन करके नाना प्रकारकी सृष्टी कियी ॥ ४ ॥ एक बखत वह हिंगुला देवी मेरुपर्वतके ऊपर बैठी हुई थी और उसकूं अपने प्रताप विस्तार करनेकी इच्छा भई ॥ ५ ॥ तब अपने दोनों हाथ घर्षण करनेसे जसराज नामका एक मानस पुत्र पैदा किया ॥ ६ ॥ वह हाथ जोडके खडा रहा । तब देवी कहनेलगी हे जसराज ! देशदेशमें मेरी मूर्त्तिकी स्थापना करो ॥ ७ ॥ तथास्तु कहके उस वीरने ब-

मास तां नाना रूपनामसमन्विताम् ॥ ८ ॥ एवं सा हिंगुला देवी कपाटक्षेत्रमुत्तमम् ॥ आसाद्य संस्थिता तत्र सर्वदेवैःप्रपूजिता ॥९॥ मणिद्वीपं तमेवाहुर्यत्र देवी सुसंस्थिता ॥ अथ यात्रानिमित्तेन द्विजोत्पत्तिः प्रकथ्यते ॥ १० ॥ रामायणे च संपूर्णे रामो लक्ष्मणसंयुतः ॥ चित्रकूटं समागत्य गंभीरायास्तटे शुभे ॥११॥ आगतो वानरैस्सार्धं हनुमत्प्रमुखैस्ततः ॥ प्रसंगात्कुरुते वार्त्तां श्रीरामः कपिना सह ॥ १२ ॥ यदाऽयोध्यां गमिष्यामि प्राप्स्यामि विपुलां श्रियम् ॥ हनुमंश्शृणु यतां वीर नियमोऽयं पुरा कृतः ॥ १३ ॥ यदापि प्राप्स्यते सीता तदा यास्ये कपाटकम् ॥ प्रयाणं च ततश्चक्रेवानरैर्बहुभिर्युतः ॥ १४ ॥ ततः सप्तदशे चाह्नि श्रीरामोऽगाद्धलोधने ॥ महाघोरे महारण्ये दृष्ट्वा सुप्तं च कार्पटिम् ॥ १५ ॥ हनुमान् बोधयामास रामं दृष्ट्वाब्रवीच्च सः ॥ आस्यतामास्यतां राम जातो भाग्योदयो मम ॥ १६ ॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा रामः

हुत स्थलोंमें उस देवीको स्थापन किया ॥ ८ ॥ सो वह देवी मुख्य करके सिंधुदेशमें और बलूचिस्थान इन दोनोंके बीचमें समुद्रके नजदीक हिंगुलपर्वतके पास कपाटक्षेत्र है वहां निवास करती भयी ॥ ९ ॥ उस स्थानकूं मणिद्वीप कहते हैं । सब देवता उस हिंगुला देवीकी पूजा कहतेहैं । अब उस हिंगुलादेवीकी यात्राके निमित्त जो सारस्वत ब्राह्मण उत्पन्नभये सो कथा कहते हैं ॥ १० ॥ जिस समय रामचंद्र रावणको मारके लक्ष्मण सीता हनुमानादि सहित चित्रकूट पर्वतके नजदीक गंभीरा नदीके तट ऊपर ॥ ११ ॥ आयके बैठे और हनुमान्के साथ अनेक तरहकी वार्ता करते करते ॥ १२ ॥ कहनेलगे कि हे हनुमान् ! मैंने पहले ऐसा निश्चय किया था कि जिस वखत सीतासहित अयोध्या राजधानीमें आऊंगा तो पहिले हिंगुलादेवीके दर्शन करके बाद राजगादीपर बैठूंगा ऐसा कहके हनुमानादि वानरोंसहित प्रयाण किया ॥१३॥१४॥सो सत्रहवें दिन श्रीरामचंद्र हिंगुलसे थोडे दूर बडे घोर वनमें आये वहां एक कार्पटी रास्तेमें सोया था॥१५॥उसकूं हनुमान्ने जगाया तब वह कार्पटी उठके रामचंद्रकूं देखके बडा हर्षित होके कहने लगा कि आओ आओ आज मेरा भाग्योदय हुवा ॥१६॥तब रामचंद्रने पूछा तुम

प्रोवाच को भवान् ॥ सोऽप्याह राम सिद्धोहं कार्पटीदग्धकिल्बिषः ॥ १७ ॥ षड्विंशद्युगपर्यंतं निद्रासंसक्तमानसः ॥ नाम मे कार्पटी राम कपाटे चाश्रमो मम ॥ १८ ॥ अथरामोऽब्रवीत्सिद्धं भोः सिद्धःश्रूयतां वचः॥कपाटं मे दर्शयाद्य त्वंभविष्यति महद्गुणः ॥१९॥ तथेत्युक्त्वा ततः सिद्धो कार्पटीवेषधारकः ॥ अग्रे गच्छंस्ततो रामो विहारं ददृशे परम् ॥ २० ॥ तं प्रोवाच सवनस्कंधो महाप्राज्ञ उदारधीः ॥ भुज्यतां राम चात्रैव पश्चाद्यामोहि हिंगुलाम्॥२१॥ तस्य तद्वचनं श्रुत्वा प्रोवाच राघवस्तदा ॥ अधुना न वयं भोज्यं कुर्महे ब्राह्मणैर्विना ॥ २२ ॥ लक्षमेकं वृताः पूर्वं भोजनार्थे मयानघ ॥ प्रस्थमेकं ददे चाहं द्विजेभ्यो हेम निर्मलम् ॥ २३ ॥ तस्करस्य भयेनैव सर्वे विप्राः पलायिताः॥विना विप्रान्न भोक्ष्येऽहं यावन्नो नियमः कृतः ॥ ॥२४॥रामस्य नियमं श्रुत्वा कार्पटिर्वाक्यमब्रवीत् ॥ उद्वेगं मा कृथा राम दर्शयामोऽधुना द्विजान् ॥२५॥ रामस्य पश्यतस्तत्र प्रादुरासीत्सरस्वती॥रामं प्रोवाच सा देवी वरं वृणु हृदी

कौन हो, वह कहनेलगा मैं कार्पटी सिद्धहूं ॥ १७ ॥ छब्बीस युग पर्यंत मैंने निद्रा कीहै मेरा आश्रम कपाटक्षेत्रमें हिंगुलादेवकिे पास है ॥ १८ ॥ तब रामने कहा कि हे कार्पटि ! हमको उन हिंगुलादेवीका दर्शन करावो तुमकूं बडा पुण्य होवेगा ॥ १९ ॥ तथास्तु कहके वह कार्पटी सिद्ध पुरुष जिनकूं हालके बखतमें उस सिंधके लोग हिंगुलादेवीके रास्तेमें अगुवा ऐसा कहतेहैं वह आगे चलनेलगा पीछे सपारिवार रामचंद्र चलनेलगे तो आगे एक उतरनेका सुंदर स्थल आया ॥ २० ॥ रामचन्द्रको देखके वह सिद्ध कार्पटी कहनेलगा कि हे राम ! यहां भोजन करके बाद अपने सब हिंगुलाकूं जावेंगे ॥ २१ ॥ ऐसा कार्पटीका वचन सुनके रामने कहा कि अभी भोजन नहीं करनेका ॥ २२ ॥ कारण मैंने पहले लक्ष ब्राह्मणोंका भोजनका संकल्प किया है और उनको सेर सेर सुवर्णका दान देनेका है ॥ २३ ॥ सो ब्राह्मण तो चोरके भयसे पलाये हुवे हैं और उनके भोजन किये बिना मेरा भोजन नहीं होनेका ॥ २४ ॥ ऐसा रामका वचन सुनके उस कार्पटी सिद्धने कहा कि तुम चिंता मत करो मैं ब्राह्मणोंकूं दिखाता हूं ॥ २५ ॥ ऐसा कहतेही सरस्वती देवी प्रत्यक्ष प्रकट होके रामकूं

प्सितम् ॥२६॥ तदा रामः स्ववृत्तान्तं चोक्त्वा वव्रे द्विजान्मम देहीति शेषः॥तदा सा शारदादेवी स्वपाणी घृष्य भूतले ॥२७॥ सारस्वतास्तदोत्पन्ना दीप्तपावकसन्निभाः ॥ त्रयोदशशतं तेषां चतुर्न्यूनं तथैव च ॥२८॥ दत्त्वा रामाय विप्रांस्तांस्ततश्चांतर्दधे सती ॥ तेऽपि सारस्वता विप्राः शारदातिलकं यथा ॥ ॥२९॥ रामोऽपि तान्द्विजान् सर्वान् भोजयित्वा वरान्नकैः ॥ प्रत्येकं प्रस्थमात्रं वै सुवर्णं दक्षिणामदात् ॥ ३० ॥ मुखवासं ततो दत्त्वा स्वयं वै बुभुजे ततः ॥ बंधुभिः सहितं पश्चात्क्षेत्रे क्षीराभिधे तदा ॥ ३१ ॥ सारस्वताश्च ते जाता वेदवेदांगपारगाः ॥ विभज्यादाच्च विप्रेभ्यो देशलोकान्पृथक्पृथक् ॥३२॥ केचिच्च प्रेषिताः पूर्वं केचिच्च दिशमुत्तराम् ॥ केचिच्च पश्चिमदिशि दक्षिणायां च केचन ॥ ३३ ॥ एवं सर्वान्द्विजान्रामः स्थानं दत्त्वा जगाम ह ॥ तेऽपि सारस्वता विप्रा विख्याता जगतीतले ॥ ३४ ॥ एवं सारस्वतोत्पत्तिर्व्वेंकटस्य सूनुना ॥ हरिकृष्णेन रचिता हिंगुलाद्रिपुराणजा ॥ ३५ ॥ अतः परं प्रवक्ष्यामि लवणाक्षत्रियस्य च ॥ उत्पत्तिभेदं विपुलं श्रुतो

कहनेलगी कि हे राम ! तुम मनईप्सित वरदान मांगो ॥ २६ ॥ तब रामने अपना वृत्तांत कहके ब्राह्मण मांगे तब सरस्वतीने पृथ्वीमें अपने हाथ घिसे ॥ २७ ॥ वहांसे अग्निसरीखे तेजस्वी बारह सौ छानवे १२९६ ब्राह्मण पैदा भये ॥२८॥ सो रामचंद्रकूं देके सरस्वती गुप्त होगयी वे ब्राह्मण सरस्वतीने पैदा किये इसवास्ते सारस्वत ब्राह्मण ऐसा उनका नाम विख्यात भया ॥ २९ ॥ फिर रामचंद्रने उन ब्राह्मणोंकूं सुंदर पक्वान्नसे भोजन करवायके एकएक सेर सुवर्णका दान किया॥३०॥ तांबूलका दान देके बाद बंधुसहित रामने भोजन किया ॥ ३१ ॥ ऐसे वे सारस्वत ब्राह्मण वे वेदवेदांगपारंगत भये उनकूं एकएक देशका दान दिया ॥ ३२ ॥ कितनेक ब्राह्मणोंकूं पूर्वदिशा, कोईकूं उत्तर, कोईकूं पश्चिमदिशा, कितनेकूं दक्षिणदिशाका स्थान ॥ ३३ ॥ देके रामचंद्र हिंगुलादेवीके दर्शनकूं चलेगये बाद वे ब्राह्मण सारस्वत नामसे पृथ्वीमें विख्यात भये ॥ ३४ ॥ ऐसा सारस्वत ब्राह्मणोंकी उत्पत्तिसार मैंने वर्णन किया ॥ ३५ ॥ अब उनके जो लवाणा नाम करके

द्विजमुखाच्च यः ॥ ३६ ॥ इक्ष्वाकुगोत्रप्रभवो रामनामा महाप्रभुः॥ तस्य पुत्रो लवः प्रोक्तो राठोरास्तत्कुलोद्भवाः ॥ ३७ ॥ सूर्यवंशोद्भवास्तेषां रत्नादेवी कुलांबिका ॥ मरुधन्वाख्ये देशे वै ग्रामे योद्धपुरे पुरा ॥ ३८ ॥ रजपूतकुलोत्पन्नो जयचंद्रो नृपोत्तमः॥ तस्य राज्यप्रणेतारश्चतुराशीतिसंख्यकाः ॥ ३९ ॥ तेन साकं नृपस्यासीद्विरोधः स्तेयसंभवः ॥ तदा राज्ञा प्रतिज्ञा वै कृता चैव सुदुस्तरा ॥ ४० ॥ मारणीया इमे दुष्टा मदाज्ञोल्लंघने रताः ॥ इति तन्निश्चयं ज्ञात्वा सारस्वतकुलोद्भवः ॥ ॥ ४१ ॥ दुर्गादत्ताभिधो विप्रो दसोंदीत्युपनामकः ॥ गत्वा नृपसमीपं वै राज्यमान्यद्विजोत्तमः ॥४२॥ कोपं च शमयामास भूपतेरतिदुस्तरम् ॥ ॥ नृप उवाच ॥ तवाज्ञयाधुना दुष्टान्नाहं हन्मि द्विजोत्तम ॥ ४३ ॥ षण्मासानंतरं नूनं हनिष्यामि न संशयः ॥ इत्युक्त्वा नृपतिस्तेषामधिकारान्जहारह ॥४४॥ तदानृपतिना साकंदुर्गादत्तप्रसंगतः ॥ संधिंकर्तुं प्रयत्नं

क्षत्रिय यजमान हैं उनकी उत्पत्ति ब्राह्मणोंके मुखसे सुनीहुई कहताहूं ॥ ३६ ॥ इक्ष्वाकुगोत्रमें रामचंद्र भगवान् पैदाभये उनका पुत्र लव नाम करके भया उसके वंशमें राठोर जिनकूं राजपूत या ठाकर कहते हैं वो पैदाभये ॥ ३७ ॥ वे सब सूर्यवंशी हैं उनकी गोत्रदेवी रत्नादेवी है मारवाड देशमें एक योद्धपुर करके गांवहै वहां कन्नौजमें जयचंद नाम करके राजा था उसके राज्य चलानेवाले चौरासी ८४ जागीरदार सरदार थे ॥३८॥ उन्होंने कुछ राज्यके काममें धनकी चोरी कियी उसके लिये राजाके साथ बडा विरोध भया और उन्मत्तताकी बातें करने लगे उसके लिये राजाने प्रतिज्ञा कियी कि ॥३९॥४०॥ इन लोकोंकूं मारना ऐसा निश्चय किया सो सुनके सारस्वत ब्राह्मण दसोंदी दुर्गादत्त राजाको बडा पूज्य (दसोंदि कहते धनका दसवां हिस्सा लेनेवाला)उस राजाके पास जायके ॥ ४१॥४२ ॥ राजाके जो मारनेका कोप चढाथा सो शांत करवाया तब राजाने दुर्गादत्तको गौरवसे कहा तुम्हारी आज्ञासे अभी तो नहीं मारता ॥ ४३ ॥ परंतु छः महीने बाद निश्चयकरके इन चौरासी सरदारोंकूं मारूंगा ऐसा कहके उनका अधिकार छीनालिया ॥ ४४ ॥ फिर उन सरदारोंने राजाके साथ मेल करनेके वास्ते दुर्गादत्तजीकी तरफसे प्रयत्न

ते चक्रुः परमदुस्तरम् ॥४५॥ ज्ञात्वा तं ब्राह्मणं राजा परपक्षसमाश्रितम् ॥ गृहान्निर्वासयामास स्वकीयात्कोपसंयुतः ॥४६॥ दुर्गादत्तस्यापमानं ज्ञात्वा ते रजपूतकाः ॥ बहुमानेनचानिन्युः स्वसमूहे ततः परम् ॥ ४७ ॥ ऊचुश्च ब्राह्मणश्रेष्ठ दसोंदी भव नोपिच ॥ सारस्वताश्च गुरवस्तस्मात्त्वमपि भूसुर ॥ ४८ ॥ साहाय्यं च प्रकर्त्तव्यं तव योगान्नृपं जये ॥ दुर्गादत्तप्रसंगेन चान्ये लोकाः सहस्रशः ॥ ४९ ॥ क्षत्रिया ब्राह्मणाश्चैव साहाय्यार्थे समागताः ॥ तदा तानब्रुवंस्ते वै ब्राह्मणान्भो द्विजोत्तमाः ॥ ५० ॥ अद्य प्रभृति युष्माकं दत्तमाचार्यकं किल ॥ अथोचुः क्षत्रियास्ते वै यदि राज्यं लभामहे ॥५१॥ तदा यूयं वयं सर्वे निश्चयं समभागिनः ॥ एवं ते समयं कृत्वा जग्मुर्देशांतरम् प्रति ॥ ५२ ॥ साहाय्यार्थेऽन्यनृपतीन्कर्तु ते केपि नागताः ॥ तदा निराशास्ते सर्वे सिंधुदेशं गता यदा ॥५३॥ दिनान्यष्टावशिष्टानि प्रतिज्ञाया नृपस्य च ॥ आगच्छति

किया ॥ ४५ ॥ तब राजाने उस दुर्गादत्तके वचन सरदारोंके पक्षपात सरीखे सुनके कोपसे उस दुर्गादत्त ब्राह्मणकूं घरमें आनेकी मनाई करदियी ॥ ४६ ॥ ऐसा राजाने उस दुर्गादत्तका अपमान किया यह सुनके वह सरदार रजपूत लोक बडे सन्मानसे अपने जथमें लेगये ॥ ४७ ॥ और कहनेलगे कि हमारे भी तुम दसोंदि दशवें हिस्सेके मालिक हो सारस्वत हमारे आचार्य हैं इसवास्ते आप सारस्वत और योग्य हो ॥ ४८ ॥ राजाको जीतनेके वास्ते सहायता करना। तब दुर्गादत्तकी शीलतासे हजारों लोक ॥ ४९ ॥ रजपूत क्षत्रिय और सारस्वत ब्राह्मण सहायता करनेकूं आये। तब वे सरदार ब्राह्मणोंकूं कहने लगे कि ॥ ५० ॥ आजसे तुमकूं आचार्य पदवी हमने दी है फिर क्षत्रियोंकूं कहा कि जो कभी हमको राज्य मिला तो ॥ ५१ ॥ तुम हम सब राज्यका भाग समान (बराबर) लेंगे। ऐसा सबके साथ ठहराव करके ॥ ५२ ॥ दूसरे राजावोंको सहायतार्थ लेनेके वास्ते देशांतरकूं गये । परंतु जयचंद्र राजाके पराक्रमके लिये किसीभी राजाने सहायता नहीं की तब वे सब सरदार लोक उदास होके सिंधुदेशमें चलेगये ॥ ५३ ॥ अब छः महीने बाद इनकूं मारूंगा ऐसी जो राजा-

नृपोऽस्माकं हननार्थं ससैन्यकः ॥ ५४ ॥ तच्छ्रुत्वा भयभीतास्ते पप्रच्छुर्द्विजसत्तमम् ॥ अस्माकं रक्षिता को वा उपायः क्रियतामिह ॥५५॥ दुर्गादत्तस्तदोवाच यूयं वै रामवंशजाः॥ तस्मात्सागरदेवस्य कर्तव्योपासना शुभा ॥ ५६ ॥ तथेत्यंगीकृते तैस्तु प्रतिज्ञामकरोद्द्विजः॥ यदा सागरदेवस्य दर्शनं नो भविष्यति ॥ ५७ ॥ तदान्नजलपानादि करिष्यामि न चान्यथा ॥ इत्युक्त्वा स्तुतिमारेभे सागरस्य द्विजोत्तमः ॥ ५८ ॥ दिनत्रये व्यतिक्रांते प्रसन्नः सागरः स्वयम् ॥ वरं वरय भद्रं ते ह्युवाच द्विजपुंगवम् ॥ ५९ ॥ यदि देव प्रसन्नोऽसि ह्यभयं देहि मे प्रभो ॥ तदोवाच समुद्रस्तु इतो वै क्रोशमात्रके ॥ ॥ ६० ॥ दुर्गो लोहमयः श्रेष्ठो दृष्टिमार्गे भविष्यति ॥ गत्वा निवासः कर्तव्यो जयस्तत्र भविष्यति ॥ ६१ ॥ सा दुर्गः स्थास्यति भुवि दिनानि चैकविंशति॥ निर्गन्तव्यं बहिस्तस्मात्ततो गुप्तो भविष्यति ॥ ६२ ॥ लोहदुर्गे निवासत्वाल्लोहवासाभिधाश्च वै ॥ अद्य प्रभृति युष्माकमहं वै कुलदेवता ॥६३॥

ने प्रतिज्ञा की थी उसमें आठ दिन बाकी रहगये राजा जयचंद्र सेना लेके मारनेकूं आताहै ॥ ५४ ॥ यह बात सुनते वो सरदारलोक भयभीत होयके दुर्गादत्तकूं पूछने लगे कि हमारा रक्षण करनेका उपाय करो ॥ ५५ ॥ तब दुर्गादत्तने कहा बहुत अच्छा तुम रामवंशी हो सागरदेवकी उपासना करना ऐसा कहके ॥ ५६ ॥ प्रतिज्ञा कियी कि जब सागर देवका मेरेकूं दर्शन होवेगा तब अन्न जल लेऊंगा ऐसा कहके स्तुतिका आरंभ किया ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ दिन तीन गये बाद सागरदेव प्रत्यक्ष होके वरदान मांगो ऐसा कहनेलगा ॥ ५९ ॥ तब दुर्गादत्तने कहा कि जो आप प्रसन्न भये हो तो हमकूं अभय देवो । तब समुद्रने कहा कि यहांसे कोसभरके ऊपर ॥ ६० ॥ लोहेका गढ तुमको दीखेगा वहां जायके निवास करना तुम्हारा जय होवेगा ॥ ६१ ॥ और वह गढ एक्कीस दिन रहेगा । बाद अंतर्धान होवेगा । इसवास्ते एक्कीस दिनके अंदर उस किलेसे बाहर निकलना ॥ ६२ ॥ लोहेके किलेमें वास करनेसे लोहवास ऐसा नाम तुम्हारा होवेगा । लोहवासके ठिकाने लोवाणे ऐसा कहेंगे । और आजसे तुम्हारी

पूजा मदीया कर्त्तव्या ततः श्रेयो भविष्यति ॥ इत्युक्त्वा सागरो देवस्ततश्चांतर्दधे प्रभुः ॥ ६४ ॥ चतुरशीतिकाः सर्वे सर्वलोकसमन्विताः ॥ लोहदुर्गे प्रवेश्याथ शत्रूञ्जिग्युस्ततः परम् ॥ ६५ ॥ अष्टादशदिनस्यांते दुर्गान्निर्गत्य तद्वहिः निर्ममुः सुमहद्ग्रामं सर्वलोकसुखावहम् ॥ ६६ ॥ तत्स्थानं वर्तते चाद्य सिंधुलाहोरमस्तके ॥ ततः कतिपये काले गते तेषां मिथो यदा ॥ ६७ ॥ पुत्रपुत्रीविवाहार्थं संकोचो ह्यभवन्महान् ॥ तदा तत्प्रार्थनायोगाद्दुर्गादत्तो द्विजोत्तमः ॥ ६८ ॥ चतुरशीतिभेदान्वै कृत्वा प्रोवाच तान्प्रति ॥ त्यक्त्वा स्ववर्गं भो शिष्याः पाणिं गृह्णतु निर्भयम् ॥ ६९ ॥ (॥ दोहरो ॥ चौरासी सरदारते, नुख चौरासी नाम ॥ अपनो अपनो वर्ग तजि, करो ब्याहको काम ॥ १ ॥) दुर्गादत्तवचः श्रुत्वा तथा चक्रुर्विवाहकम् ॥ विवाहसमये तेषां सारस्वतद्विजन्मनाम् ॥ ७० ॥ आचार्यदक्षिणार्थं वै विवादः समभून्मिथः ॥

सब जातिका मैं कुलदेवता हूं ॥६३॥ मेरा एक स्थान करके पूजा करना तुम्हारा कल्याण होवेगा ऐसा कहके वह सागरदेव अंतर्धान होगये । सो आजतक दरियास्थानमें जायके सब लोवाणे अपने इष्टकी सेवा करते हैं ॥ ६४ ॥ फिर वे सब सरदार दुर्गादत्तकूं और दूसरे सब लोकोंकूं साथ लेके लोहगढमें रहके शत्रुकूं जीत तेभये ॥ ६५ ॥ फिर उस किल्लेमेंसे अठारह दिनके बाद सब लोक बाहर निकलके बडागाँव बसायके वहां रहतेभये ॥ ६६ ॥ अभी वह स्थान सिंधुदेश और लाहोरके बीचमें विख्यात है । ऐसा वह लोवाणोंका स्थान भया । फिर कुछ काल पीछे कन्या पुत्र बहुत भये ॥ ६७ ॥ उनकूं लेने देनेका संकोच बहुत होने लगा तब दुर्गादत्तकी प्रार्थना कियी कि हमने विवाहसंबंध कैसा करना ? तब ॥ ॥ ६८ ॥ दुर्गादत्तने उन सब क्षात्रियोंके चौरासी भेद करके कहा कि तुमने अपना वर्ग छोडके दूसरे वर्गमें विवाह संबंध निर्भयतासे करना ॥ ६९ ॥ ऐसा दुर्गादत्तका वचन सुनके वैसा करनेलगे । फिर वे सरदार चौरासी जो थे उनके साथ सारस्वत ब्राह्मण आये थे उनकी ९६ नुखाथी नुख कहते छानबे वर्ग थे सो विवाहके बीचमें ॥ ७० ॥ आचार्यदक्षिणाके

द्विजा षण्णवतिस्तत्र वेदाष्टौ क्षत्रियास्तदा ॥ ७१ ॥ न्यूनाधिक्ये विवादोऽभूत्तदासौ द्विजसत्तमः ॥ नियमं कृतावाञ्छ्रेष्ठं यथा न कलहो भवेत् ॥७२॥ यावद्वर्गाः क्षत्रियस्य तावद्वर्गा द्विजन्मनाम् ॥ एकैकस्य च वर्गस्य एकैको ब्राह्मणस्तदा ॥ ॥ ७३ ॥ अवशिष्टब्राह्मणान्वै धनं द्वादशलक्षकम् ॥ दत्त्वा प्रसन्नानकरोत्ते गताश्च दिगंतरम् ॥ ७४ ॥ तत्काले च यथा मान्यो दुर्गादत्तो द्विजोत्तमः ॥ तथैवाद्यादिमान्यश्च तद्वंशीयो न संशयः ॥ ७५ ॥ क्षत्रियाणां विशेषेण मान्यःपूज्यश्च सर्वथा ॥ नामत्रयेण विख्यातद्वंशीयोभवत्तदा ॥ ७६ ॥ सारस्वतस्य विप्रस्य लवणात्क्षत्त्रियस्य,च ॥ उत्पत्तिभेदः कथितो यथा दृष्टो यथा श्रुतः ॥ ७७ ॥

इतिश्रीहरिकृष्णविनिर्मिते बृहज्ज्योतिषार्णवेषष्ठेमिश्रस्कंधेब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडाध्यायेसारस्वतब्राह्मणलवाणाक्षत्रियोत्पत्तिवर्णनंनामप्रकरणम् २४

पंचगौडमध्ये प्रथमा जातिः ॥

वास्ते परस्पर कलह होने लगा । सारस्वत ब्राह्मणकी नुखा ९६ लोवाणे क्षत्रियों की नुख ८४ तब उनमें न्यूनाधिकके योगसे कलह होनेलगा ॥ ७१ ॥ सो देखके दुर्गादत्त दसोंदीने नियम किया जिससे कलह न होवे ॥७२॥ जितनी लोवाणोंकी नुख थीं उतनी नखोंको एक एक सारस्वत ब्राह्मणकी नुख दैके ॥ ७३ ॥ बाकी बारह वर्ग जो ब्राह्मणोंके रहे उनकूं एकएक लक्ष रुपये देके प्रसन्न किया वे बारह वर्ग देशांतरकूं चलेगये ॥ ७४ ॥ जैसा उस वखत दुर्गादत्त दसोंदीका मान्य था वैसा अभीतक उनके वंशस्थ पुरुषोंका ब्राह्मणोंमें मान्य है ॥ ७५ ॥ लोवाणोंमें विशेष करके मान्य है । और पूज्यता है और उस दुर्गादत्तके वंशस्थ पुरुष दशोंदी तथा आजाजी, तथा बागेट ऐसे तीन नामोंसे विख्यात होतेभये ॥ ७६ ॥ ऐसा पश्चिम देशस्थ सारस्वत ब्राह्मणोंकी और लोवाणें क्षत्रियोंकी उत्पत्तिका भेद जैसा हिंगुलाद्रिखंडमें देखा और जैसा शिष्टोंके मुखसे सुना सो मैंने वर्णन किया ॥७७॥

इति पश्चिमदेशीय सारस्वत ब्राह्मण और लौवाणोंका उत्पत्तिभेद पूरा हुआ प्रकरण २४

आदितः पद्यसंख्या ॥ २९५१ ॥

अथ दधीचसारस्वतब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ २५ ॥

अथ दधीचसारस्वतब्राह्मणब्रह्मक्षत्रिययोरुत्पत्तिभेदसारमाह ॥ उक्तं स्कांदोपपुराणे हिंगुलाद्रिखण्डे उत्तरसंहितायाम् ॥ ऋषय ऊचुः ॥ सूतसूत महाप्राज्ञ हिंगुलायाः समुद्भवम् ॥ वद केन च सा जाता कस्मिन्देशे कदानघ ॥ १ ॥ कैस्तु संपूजिता नित्यं पूजिता किं ददाति च ॥ सूत उवाच ॥ अत्र वः कथयिष्यामि हिंगुलायाः समुद्भवम् ॥ २ ॥ स्थिता सा सिंधुदेशांते हिंगुले पर्वतोत्तमे ॥ परा तुरोफके देशे विप्रचित्यसुरोऽभवत् ॥ ३ ॥ तस्य पुत्रौ महादुष्टौ हिंगुलः सिंदुरस्तथा ॥ ताभ्यां प्रतापिता देवाः पार्वतीं शरणं ययुः ॥ ४ ॥ पार्वती तु तदा तेषां ज्ञात्वा दुःखं महत्तरम् ॥ पुत्रमाज्ञापयामास सिन्दुरस्य वधाय वै ॥५॥ गणेशेन यदा दैत्यः सिन्दुरो निहतो युधि ॥ तदा तस्याऽनुजो दैत्यो हिंगुलस्तप उत्तमम् ॥ ६ ॥ दिव्यं वर्षसहस्रं वै चचार मेरुपर्वते ॥ तपसा तस्य संतुष्टो वरं ब्रूहीत्यजोऽब्रवीत् ॥ ७ ॥ ॥ हिंगुल उवाच ॥ ॥ वियत्पृथिव्यां पाताले जले शस्त्रैस्तथास्त्रकैः ॥ त्वद्विष्टैर्भूतमात्रैर्मृत्युर्माभून्मम प्रभो ॥ ८ ॥ तथेत्युक्त्वा गतो ब्रह्मा

अब दधीच सारस्वत ब्राह्मण जिनकूं परोतक कहते हैं ब्रह्म और क्षत्रिय उनकी उत्पत्ति कहता हूं शौनकादिक ऋषी पूछनेलगे हे सूत ! हिंगुलादेवीकी उत्पत्ति कहो वो देवी किनसे पैदा भई ? कौन देशमें ? कौनसी बखत ? ॥ १ ॥ उनकी पूजा नित्य कौन करता है ? पूजा करनेसे क्या देती है ? सो कहो। सूत कहते हैं हे ऋषीश्वरो ! उस की उत्पत्ति कहता हूं ॥ २ ॥ वो देवी सिंधुदेशके पश्चिम अंतमें हिंगुलनामक पहाडमें विराजमान है । हिंगुला नाम कहते हैं पहले तुरोफ देशमें विप्राचिति दैत्यके दो पुत्र थे । एक हिंगुल, दूसरा सिंदुर उन दोनोंसे सब देव दुःखी होके पार्वतीके शरण आये ॥३॥४॥ फिर पार्वतीकी आज्ञासे गणपतिने उस सिंदूर दैत्यकूं मारा तब उसका छोटा भाई हिंगुलने ॥ ५ ॥ ६ ॥ देवताओंके हजार वर्ष पर्यंत मेरुपर्वतके ऊपर तप किया तब ब्रह्माने प्रसन्न होके वरदान मांगो ऐसा कहा ॥ ७ ॥ तब हिंगुल कहनेलगा हे ब्रह्मन् ! आकाशमें पृथ्वीमें पाता-

दैत्योऽसौ मदगर्वितः ॥ सेन्द्रान्संतापयामास तदा ते चातिदुःखिताः ॥ ९ ॥ जननीं शरणं याता हिंगुले पर्वतोत्तमे ॥ देव्याः सूक्तेन तां देवीं तुष्टुवुः कार्यसिद्धये ॥ १० ॥ देवानां परमं दुःखं ज्ञात्वोवाच जगन्मयी ॥ भो भो देवा भवद्दुःखं ज्ञातं हिंगुलदैत्यजम् ॥ ११ ॥ गंतव्यं स्वाधिकारेषु हतोऽद्य च महासुरः ॥ देव्या वचनमाकर्ण्य गताः सर्वे स्वमालयम् ॥ १२ ॥ रूपं धृत्वा परं देवी तुहिनाचलसंस्थिता ॥ एतस्मिन्नंतरे तत्र हिंगुलश्च समागतः ॥ १३ ॥ क्रीडितुं तत्र तां दृष्ट्वा मोहेनोवाच दैत्यराट् ॥ सुंदरि त्वं मया साकं वसंते क्रीडनं कुरु ॥ १४ ॥ तच्छ्रुत्वा चकिता देवी किंचिन्नोवाच चोत्तरम् ॥ उत्थिता सा गुहाभ्याशादागतापृथिवीतले ॥१५॥ मोहेनव्याकुलो दैत्यः पृष्ठतः स तदा ययौ॥परिभ्रमंती सा देवी आगता सिन्धुसागरम् ॥ १६ ॥ सागरे च समासाद्य उवाच दैत्यपुंगवम् ॥ ॥ देव्युवाच ॥ ॥ मत्पृष्ठे च किमर्थं त्वं विचरिष्यसि भूतले ॥१७॥ त्वादृशेनासुरेंद्रेण संभोगो मम दुर्लभः॥तस्मात्त्वं तिष्ठ वा गच्छ मामुखालोकनं कुरु ॥१८॥

लमें जलमें शस्त्रास्त्रसे तुम्हारी उत्पन्न की हुई सृष्टिमात्रसे मेरा मृत्यु नहीं होवे तथास्तु कहके ब्रह्मागये बाद वरदानसे बडा मदोन्मत्त होके इंद्रादिक देवताकूं दुःख देनेलगा तब सब देवता दुःखी होयके हिंगुल पर्वतके ऊपर जायके देवी सूक्तसे स्तुति करनेलगे ॥ ८ ॥ ९ ॥ १० ॥ तब देवीने उनका दुःख जानके कहा कि देवताओ ! तुमकूं हिंगुलदैत्यका बडा दुःख भया है ॥ ११ ॥ उस दैत्यकूं मैंने मारा ऐसा जानो तुम जावो । तब देवता उस वचनको सुनके स्वस्थानको जाते भये ॥ १२ ॥ देवी उत्तम स्वरूप धारण करके हिमालयके ऊपर बैठी उतनेमें वहां हिंगुलदैत्य आयके ॥ १३ ॥ सुंदरी देवीकूं देखके मेरे साथ क्रीडा कर ऐसा कहने लगा ॥ १४ ॥ देवी वह वचन सुनके उत्तर न देते गुहाके बाहर निकलके फिरते २ सिंधुसमुद्रके संगमके ऊपर आयी ॥ १५ ॥ मोहसे व्याकुल होयके पीछे आते हुए हिंगुल दैत्यकूं देखके देवी कहनेलगी हे दैत्य ! मेरे वास्ते क्यों फिरता है तेरे साथ मेरा संभोग दुर्लभ है ॥ मेरा एक बडा व्रत है । सो

मद्व्रतं दुष्करतरं कः कर्तुं च प्रभुर्भवेत्॥ यथागतस्तथा गच्छ स्वकार्यै दितिनंदन ॥ १९ ॥ एवं श्रुत्वा वचनं दैत्यराजो मनोरथेनाभिनिविष्टचेतनः ॥ किं तद्व्रतं ते कथयाशु भद्रे करिष्येऽहं प्राणतश्चाधिकं वै ॥ २० ॥ देव्युवाच ॥ ॥ नग्नो भव महादैत्येत्युक्त्वा चांतर्हिता भवेत् ॥ अंतर्हितां तदा दृष्ट्वा क्वगता क्वगतेति च ॥ २१ ॥ ब्रुवन् परिभ्रमंल्लोके सिंधुदेशमथागमत् ॥ देवी विचारयामास मारणे कृतनिश्चया ॥ २२ ॥ सिन्धुदेशांतरे गत्वा स्थूलं रूपं चकार सा ॥ नीलांजनसमाभासं सर्वायुधविराजितम् ॥ २३ ॥ महा मोहस्य निकरं नग्नं भगशतैर्युतम् ॥ एतस्मिन्नंतरे दैत्यो हिंगुलोऽप्याजगाम ह ॥ २४ ॥ ततो देवी मतिं चक्रे तस्य दैत्यस्य मारणे ॥ नायं देवैर्न यक्षैर्वा न नरैर्नागकिंनरैः ॥ २५ ॥ सूर्यस्य चातपो यत्र न तत्र मरणं भवेत् ॥ एतस्माद्रहितस्थाने मारणं च विधीयते ॥ २६ ॥ एवं विचारयन्ती सा पुनः पूर्वस्वरूपगा ॥ पश्यतस्तस्य सा जाता दृष्ट्वा हर्षमवाप्तवान् ॥ २७ ॥ हिंगुलासुर उवाच ॥ – चिरं त्वं क्व गता देवि मद्बलं त्वं न वेत्सि

कोकूं भी करनेकूं समर्थ नहीं है इसवास्ते जैसा आया वैसा जा ॥ १–१९ ॥ ऐसा सुनते दैत्यने कहा कि प्राणसे ज्यादा होवेगा तो भी तुम्हारा व्रत करूंगा इसवास्ते मेरेकूं कहो ॥ २० ॥ तब देवीने कहा हे दैत्य! तू नग्न होजा ऐसा कहके अंतर्धान होगई फिर हिंगुल दैत्य देवीकूं ढूंढता हुवा ॥ २१ ॥ सिंधुदेशमें आया तब देवीने विचार किया कि इस दैत्यका मृत्यु देव दैत्यादिक ब्राह्माकी सृष्टिसे नहीं है और जहां सूर्यका प्रकाश पडे वहां भी मरण नहीं है इसवास्ते जहां सूर्य प्रकाश न होवे ऐसी जगहमें मारना, यह विचार करके एक पर्वताकार बडे स्वरूपसे करोडों जिसके गुह्यस्थान मोहकारक दीख पडते हैं ऐसा नग्न रूप धारण किया और जो पहिला छोटा सुन्दर रूप था वह धारण किया। तब दैत्य उस स्वरूपकूं देखके हर्षित होके ॥ २२–२७ ॥ कहने लगा इतनी देरतक तू कहां गयी थी ? मेरा सामर्थ्य तू जानती नहीं है ? क्षणभरमें तुझकूं मारूंगा। मेरा

च ॥ अतस्त्वां नाशयिष्यामि क्षणेन पश्य मे बलम् ॥ २८ ॥ इत्युक्त्वा खड्गमादाय ताडितुं कृतनिश्चयः ॥ तावत्सा चंडिकादेवी देव्युपस्थे जगामह ॥ २९ ॥ तत्पृष्ठतः स्वयं दैत्यो गुरुयोनौ जगाम ह ॥ ३० ॥ स्वपृष्ठतश्चागतं दैत्यवर्यं हुंकारशब्देन तताड जज्ञौ ॥ स आहतो देविशब्दोत्थवायुना पपात यौनौ जगदंबिकायाः ॥ ३१ ॥ पतमाने च तद्देहे देहिदेहीत्यवोचत ॥ स्वप्राणाश्च गताः कंठे परां ग्लानिमवाप ह ॥ उन्मील्य नेत्रे शनकैर्देवीं स्तोतुं प्रचक्रमे ॥ ३२ ॥ त्वच्चित्ररूपेण च मोहितोऽहं न जाने त्वामाद्यशक्तिं परेषाम् ॥ ३३ ॥ देव्युवाच ॥ ॥ वरं वरय भो वत्स हिंगुलासुर योनिज ॥ हिंगुलासुर उवाच ॥ यदि मातः प्रसन्नासि वरं दातुं समागता ॥ ३४ ॥ मन्नामाख्यातिरूपेण आकल्पांतं स्थितिं कुरु ॥ वरमन्यं च वाचेहं मन्नाम्ना पूजनं तव ॥ ३५ ॥ शरणे भगरूपे ते प्रवेशं यः करोति च ॥ तस्याशु सकलानिष्टान्कामान् दात्री शुभस्मिते ॥ ३६ ॥ तथेत्योमिति तद्वाक्यमाकर्ण्यासुरराट्ट ततः ॥ जहौ प्राणाञ्छरण्ये च देवीसायुज्यमाप्तवान् ॥ ३७ ॥ तदा ब्रह्मादयो देवाः पुष्पवृष्टिं प्रचक्रमुः ॥

सामर्थ्य देख ॥२८॥ ऐसा कहके तरवार हाथमें लेके मारनेकूं आया इतनेमें चांडिका देवीने उस बडी देवीके भगमें प्रवेश किया ॥ २९ ॥ दैत्यने भी उसके पीछे उस बडी योनिमें प्रवेश किया ॥ ३० ॥ तब पीछे आता हुवा दैत्य उसको हुंकार शब्दसे ताडन करतेही देवीकी योनिके अंदर पडा ॥ ३१ ॥ उसका देह पडते बखत देहि देहि ऐसा बोलते २ ही पडा। कंठप्राण आया। बडी ग्लानि पाया॥३२॥फिर धीरेसे नेत्र खोलके देवीकी स्तुति किया ॥ ३३ ॥ देवीने कहा वर मांग हिंगुलासुर कहने लगा हे माता ! तुम जो प्रसन्न हुई हो और वर देती हो तो ॥३४॥ मेरे नामके रूपसे कल्पपर्यंत निवास करना । और मेरे नामसे तुम्हारी पूजा होवै ॥ ३५ ॥ और भगरूप इस स्थानमें जो प्रवेश करे उसके संपूर्ण मनोरथ सिद्ध होवैं ॥ ३६ ॥ तथास्तु ऐसा देवीका वचन सुनते हिंगुलासुर दैत्यने देहत्याग किया । और देवीकी सायुज्यमुक्तिको पाया ॥ ३७ ॥ उस बखत ब्रह्मादिक देवता पुष्पवृष्टि करके स्तुति

स्तुतिं चक्रुस्तदोवाच हिंगुला जगदंबिका ॥ ३८ ॥ दैत्याय वरदानेन जाताहं हिंगुलांबिका ॥ अतो वै देवताः सर्वास्तिष्ठंतु मम सन्निधौ ॥ ३९ ॥ सतीर्थाश्च सभोगाश्च ऋषिभिः सहितास्सदा ॥ ये केचिदागमिष्यंति शरणे भगरूपके ॥ ४० ॥ तेषां मुक्तिप्रदाश्चाथ भवितव्यं सुरेश्वराः ॥ इत्युक्त्वा सा तदा देवी हिंगुला चंडविक्रमा ॥ ४१ ॥ पश्यतां सर्व देवानां तत्रैवांतरधीयत ॥ तेऽपि देवास्तु तत्रैव स्थितास्ते चंद्रकूपके ॥ ॥ ४२ ॥ तीर्थानि सिंधुमुख्यानि निम्नगा हिंगुलेति च ॥ जातानि सिंधुदेशांते समुद्रे संगमाभिधे ॥ ४३ ॥ गिरजा निम्नगा यत्र वृक्षाः कामदुघास्तथा ॥ बिंदुमतीमहातीर्थं देवर्षिगणसेवितम् ॥ ४४ ॥ गिरिजायास्तटे रम्ये हिंगुलः पर्वतोत्तमः ॥ हिंगुलस्य समीपे च दधीचियो महामुनिः ॥ ४५ ॥ महालक्ष्म्या महाभक्तिं करोति शुद्धमानसः ॥ आवाहितानि तेनादौ कोटितीर्थानि तत्र हि ॥४६॥ कोटितीर्थमिति ख्यातं तत्तीर्थं लोकपावनम् ॥ हिंगुलस्योत्तरे देशे गव्यूतित्रयमानतः ॥ ४७ ॥ या भूमिर्वर्तते सा च कामधेनुसमा स्मृता ॥

करनेलगे । तब देवी कहनेलगी कि ॥ ३८ ॥ दैत्यको वरदान दिया इसलिये हिंगुलांबिका मेरा नाम भयाहै । तुमने भी मेरे पास रहना ॥ ३९ ॥ तीर्थ. और अपने ऐश्वर्य भोग सहित और ऋषियोंसहित नित्य बास करो । और जो कोई इस भगरूपीस्थानमें आवेंगे ॥ ४० ॥ उनकूं तुमने मुक्ति देना ऐसा कहके हिंगुला देवी अंतर्धान भयी ॥ ४१ ॥ फिर उन ब्रह्मादिक देवताओंने चंद्रकूपके नजदीक बास किया ॥ ४२ ॥ जहां सिंधुनदी और समुद्रका संगम है सिंधदेशके अंतमें वहां तीर्थ बहुत भये । उस क्षेत्रका वर्णन करते हैं । जहां हिंगुला नदी गिरिजा नदी है वृक्ष कल्पवृक्षसमान हैं बिंदुमती तीर्थ है ॥ ४३ ॥ ॥ ४४ ॥ और हिंगुल नामका एक पर्वत है । उसके नजदीक दधीच मुनिका आश्रम है ॥ ४५ ॥ उस आश्रमके भीतर दधीच ऋषि महालक्ष्मीजीका ध्यान करते हैं । उनका निर्माणकियाहुवा कोटितीर्थ है॥४६॥और उस हिंगुलपर्वतके उत्तर बाजू छः कोसके ऊपर जो भूमि है सो कामधेनुसरीखी है उस क्षेत्रमें जितने वृक्ष पाषाण हैं वे सब

हिंगुलीया वृक्षखंडपाषाणगिरिकादयः ॥ ४८ ॥ तत्सर्व काञ्चनं ज्ञेयं महालक्ष्मीर्यतः स्थिताः ॥ तस्मिन् गिरौ नवं कोटचश्चामुण्डाश्चैव संस्थिताः ॥ ४९ ॥ हिंगुलाद्रेश्च कटके सरोवरमुदी तम् ॥ विनाशरहितं तत्र सलिलं वर्तते सदा ॥ ॥ ५० ॥ तस्मिन्मीनस्वरूपेण त्रिनेत्रो वर्त्तते सदा ॥ तस्य संसर्गमात्रेणायसं कनकतामियात् ॥ ५१ ॥ हिंगुलाद्रेर्दक्षिणतो वर्तते खादिरस्तरुः ॥ तन्मूले संस्थितो ग्रावा गोपीचंदनसंनिभः ॥ ५२ ॥ तच्चूर्णताम्रसंसर्गात्कनकं जायते ध्रुवम् ॥ हिंगुलाख्यस्य शिखरे कश्चिच्चित्रतरुः स्मृतः ॥ ५३ ॥ तत्पर्णकस्य संसर्गो मृन्मये जायते यदा ॥ पंचप्रहरपर्यंतमग्नियोगे कृते पुनः ॥ ५४ ॥ रौप्यं हि जायते तत्तु नात्र कार्या विचारणा ॥ तस्मिन्वने प्रकाशात्मामृतसञ्जीविनी लता ॥ ॥ ५५ ॥ आस्ते चंडीस्वरूपा सा सर्वौषधिविनिर्मता ॥ श्रावणस्य चतुर्दश्यां कृष्णायां रविवासरे ॥ ५६ ॥ तस्याः प्राप्तिर्निशीथे चेत्सा मृतान्जीवयेत्क्षणात् ॥ तस्मिन् सर्पो महानास्ते मणिना सहितः शुचिः ॥ ५७ ॥ हिंगुलाद्रेरधोभागे सर्वत्र दशयोजनम् ॥ तत्रमूले स्थितं यद्यत्तत्सर्वं सिद्धि-

सुवर्णमय हैं ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ वहां नव कोटि चामुंडा वास करती हैं उस पर्वतके नजदीक अगाधजल भराहुवा एक सरोवरहै॥४९॥५०॥उसमें मच्छके रूपसे शिवजी निवास करतेहैं वहांके जल और मृत्तिकाके योगसे लोहेका सोना होताहै ॥ ५१ ॥ और उस पर्वतके दक्षिणबाजू खैरकावृक्ष है उसके मूलके पास गोपीचंदनसरीखे सुफेद पत्थरहैं॥५२॥उनका चूरा और तांबा इनदोनोंको अग्निमें गलानेसे सुवर्ण होवाहै। उस हिंगुलपर्वतके शिखर ऊपर एक चमत्कारकेझाडहैं ॥ ५३ ॥ उसके पत्तेका और मृत्तिकाका पांच प्रहर अग्निमें गजपुट फूंकके निकाले तो रूपा होताहै॥ ५४ ॥ उस वनमें अमृतसंजीविनी वेलहै उसकी प्राप्ति जो कभी श्रावण कृष्णचतुर्दशी रविवारके दिन अर्धरात्रिको होजावे तो मृतप्राणीकूंतत्काल जीवित करे ऐसीहै ॥५५॥५६॥ उस वनमें मणिधर एक बडा सर्पहै ॥५७॥ और उस हिंगुलपर्वतके चारोंतरफ ४० कोस तक जितने वृक्षके मूलहैं वे सब अनेक तरहके दूर दर्शन दूर गमन अदृश्य करणादि

दायकम् ॥ ५८ ॥ क्षेत्रसंरक्षणार्थाय पञ्च देव्यो गिरेरधः ॥ सप्तदेव्यस्तस्य गिरेः सप्तसानुषु संस्थिताः ॥५९॥ बिन्दुमत्या उत्तरतो गव्यूतिद्वयमानतः ॥ पुत्रदाख्यं महातीर्थं संगमत्रितयेऽस्ति हि ॥ ६० ॥ कस्मिंश्चित्समये देवा भीमदैत्यप्रपीडिताः ॥ हिंगुलाद्रेः पुरोभागे दधीचेराश्रमं प्रति ॥ ॥ ६१ ॥ गत्वा चाराधयामासुर्दुर्गां कोटितटे स्थिताः ॥ तदांबा चाहनदैत्यान्दिवं भेजुर्दिवौकसः ॥ ६२ ॥ कदाचित्समये भूपा निर्दयास्त्यक्तधर्मिणः ॥ असत्यतत्पराः सर्वे नास्तिकाः परघातिनः ॥ ६३ ॥ प्रजापीडासु निपुणाः क्षत्रिया म्लेच्छबुद्धयः ॥ तदाऽवतीर्णो भगवान् क्षत्त्रियांतकरो हरिः ॥ ६४ ॥ वैशाखस्य तृतीयायां शुक्लायां रविवासरे ॥ जमदग्निसुतो जातः साक्षात्सूर्य इवापरः ॥ ६५ ॥ तस्यावतारयोगेन सर्वे वै सुखिनोऽभवन् ॥ कदाचिदर्जुनो वीरो होमधेनुं जहार च ॥ ६६ ॥ जमदग्नेर्बलान्मूढश्चरंतीं नर्मदातटे ॥ रेणुका जमदग्निश्च उभौ दुःखेन पीडितौ ॥ ६७ ॥

सिद्धि देनेवाली हैं ॥५८॥ उस क्षेत्रके रक्षणके वास्ते पर्वतके नीचे पांच देवी निवास करतींहैं । शिखरके ऊपर सात देवी निवास करती हैं ॥ ५९ ॥ विंदुमती तीर्थके उत्तर बाजू चार कोसके ऊपर गिरिजा हिंगुलासमुद्रके सङ्गमके नजदीक पुत्रदा तीर्थ है ॥ ६० ॥ किसी समयमें भीमदैत्यसे पीडित हुवे देवता हिंगुलपर्वतके आगे दधीच ऋषीके आश्रममें आयके दुर्गाकी आराधना करते भये । तब देवीने वह दैत्य मारा देवता स्वर्गमें गये ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ किसी समयमें क्षात्रिय बडे दुष्ट स्वधर्मकूं त्याग करके असत्यवादी निर्दय म्लेच्छ बुद्धि होके प्रजाकूं पीडा करते भये तब उनका नाश करनेके वास्ते भगवान्‌ने वैशाख शुक्ल ३ रविवारके दिन जमदग्नि ऋषिके घर अवतार लिया॥६३--६५॥उनके अवतारसे सब लोक सुखी भये एक समय सहस्रार्जुन क्षत्रियने जमदग्निकी कामधेनु गौको जो नर्मदानदीके तटऊपर चरतीथी वहांसे बलात्कारसे हरण किया॥६६॥तब रेणुका जमदग्नि दोनों बडे दुःखी होयके ॥ ६७ ॥

ऊचतुःस्वसुतं रामं धेनुदर्शनकांक्षिणौ ॥ धेनुर्हृता पुत्र तेन दुष्टे नार्जुनरूपिणा ॥ ६८ ॥ तां देहि त्वं महाभाग हत्वा तं क्षत्रियाधमम् ॥ ॥ राम उवाच ॥ तदानयिष्ये धेनुं वो यद्यहं भवतां सुतः ॥ ६९ ॥ राम इत्थं प्रतिज्ञाय हिंगुलाद्रिं जगाम ह ॥ चतुर्विंशति वर्षाणि तपस्तत्र चकार ह ॥ ७० ॥ विजयप्राप्तये शंभोर्दर्शने कृतनिश्चयः ॥ तदा प्रसन्नः श्रीशंभुरुवाच वचनं शुभम् ॥ ७१ ॥ लिंगं स्थापय मे राम नेत्रतोयातटे शुभे ॥ त्वद्भक्तियोगतस्तस्मिँल्लिंगे स्थास्यामि सर्वदा ॥ ७२ ॥ अद्यप्रभृति लोकेस्मिन्स्थानमेतन्ममाज्ञया ॥ रामक्षेत्रमिति ख्यातं भविष्यति न संशयः ॥ ७३ ॥ इमं गृहाण परशुमजेयस्त्वं भविष्यसि ॥ इत्युक्त्वांतर्दधे रुद्रो रामः परशुमाददे ॥ ॥ ७४ ॥ ततः परशुरामश्च गत्वा हैहयपत्तनम् ॥ हत्वार्जुनं ततः पश्चात्क्षत्त्रांताय मनो दधे ॥ ७५ ॥ सारस्वतऋषीणां च जातं स्थानं महत्तरम् ॥ ॥ ऋषयः ऊचुः ॥ सूतसूत वदास्माकं सारस्वतकुलोद्भवम् ॥ ७६ ॥ सरस्वत्याश्च कः पुत्रो जातस्तं शृणमहे वयम् ॥ सूत उवाच ॥ ॥ कैलासशि-

अपने पुत्र परशुरामको कहने लगे कि मेरी कामधेनुको दुष्ट अर्जुन हरण करके लेगयाहै उसको मारकर गौ लायके मुझे देवो ॥ ६८ ॥ तब परशुरामने कहा कि जो मैं तुम्हारा पुत्र हूं तो उस कामधेनुकूं लाऊंगा ॥ ६९ ॥ ऐसी प्रतिज्ञा करके हिंगुल पर्वतके ऊपर जायके चौबीस वरस तपश्चर्या कियी ॥ ७० ॥ जय होनेके वास्ते और शिवका दर्शन हो ऐसा निश्चय करके बैठे तब शिवजीने प्रसन्न होके कहा कि ॥७१॥ मेरे लिंगकी स्थापना करो ॥ ७२ ॥ और आजसे यह स्थान रामक्षेत्र नामसे विख्यात होवेगा ॥ ७३ ॥ और यह परशु तुम ग्रहण करो इससे तुम अजय होवोगे ऐसा कहके शिव अंतर्धान भये रामने वह शिवका दियाहुवा परशू लिया ॥७४॥ और माहिष्मती नगरीमें जायके सहस्राजुनकूं मारके क्षत्रियोंकूं मारनेका उद्योग करते भये ॥७५॥ उस क्षेत्रमें सारस्वत ऋषिका वडा स्थान भया। शौनक प्रश्न करनेलगे कि हे सूत ! सारस्वत कुलकी उत्पत्ति मुझसे कहो ॥ ७८ ॥ सरस्वतीकूं पुत्र भया

स्वरे प्रोक्तं षण्मुखाय शिवेन यत् ॥ ७७ ॥ तद्वदामि मुनि-श्रेष्ठाः सारस्वतकथानकम् ॥ पद्मकल्पात्पुराकल्पे अनावृष्टिर-जायत ॥ ७८ ॥ निरन्ने भूतले जाते सर्वे लोकाः क्षयं गताः ॥ नष्टभागस्तदा देवा ब्राह्मणं शरणं ययुः ॥ ७९ ॥ अयज्ञे भूतले देव वयं भ्रष्टा दिवौकसः॥ मेघोत्पत्तिं कुरुष्वाद्य यस्मा-द्वृष्टिर्हि जायताम् ॥ ८० ॥ ब्रह्मोवाच ॥ यूयं सर्वे निव-र्तध्वं मर्त्यलोके सुविस्तरे ॥ सूत्रामोत्पत्तिकरणे कृत्वा सौत्रा-मणिं शुभम् ॥ ८१ ॥ करिष्ये लोकरक्षार्थं यज्ञार्थं विप्रसंभ-वम् ॥ विचार्यैवं विभुर्देवैस्साकं भूतलमाययौ ॥ ८२ ॥ तत्र सारस्वतं तीर्थं सरस्वतिनदीतटे ॥ गत्वा देवर्षिभिः साकं वृष्ट्यर्थे चाकरोन्मखम् ॥ ८३ ॥ यदा संभृतसंभारो ब्रह्मा सारस्वते तटे ॥ स्थितोऽसौ प्राप्तसंदेहः कथमिंद्रो भविष्यति ॥ ८४ ॥ एवं विचार्यासौ वेधाः समाधिमगमत्तदा ॥ देवाना गौरवार्थाय जाता वाण्यशरीरिणी ॥ ८५ ॥ ॥ आकाशवा-ण्युवाच ॥ ॥ भोभो देवाः शृणुध्वं भो इंद्रार्थे प्रवदामि

ऐसा कहीं भी हमने सुना नहीं। सूत बोले हे ऋषीश्वरो ! पहिले कैलासपर्वतके ऊपर शिवने जो स्कंद स्वामीको कथा कही है सो कहता हूं ॥ ७७ ॥ पद्मकल्पके पहिले कल्पमें अनावृष्टि बहुत भई ॥ ७८ ॥ पृथ्वीमें अन्नका नाश बहुत भया लोक क्षय पाये देवताओंका भाग नष्ट होगया तब सब देवता ब्रह्माकी शरण आये ॥ ७९ ॥ और कहनेलगे कि भूमिमें यज्ञ होते नहीं हैं हम स्वर्गसे भ्रष्ट होगये हैं इस वास्ते मेघकी उत्पत्ति करो जिससे वृष्टि होवे ॥ ८० ॥ ब्रह्मा कहने लगे तुम सब पीछे फिरो सौत्रामणि यज्ञ करके लोकके रक्षण करनेके वास्ते इंद्रकी उत्पत्ति करेंगे ऐसा विचार करके देवताओंको साथ लेके ॥ ८१ ॥ ८२ ॥ भूतलमें सरस्वती नदीके तट ऊपर सारस्वत तीर्थमें वृष्टिके वास्ते यज्ञ करनेलगा ॥ ८३ ॥ जब ब्रह्मा सरस्वतीके तट ऊपर यज्ञके साहित्य लेके बैठे और मनमें विचार करनेलगे कि इंद्रकी उत्पत्ति कैसी होवेगी ॥ ८४ ॥ ऐसा विचार करके समाधि चढायके बैठे तब आकाशवाणी हुई ॥ ८५ ॥ कि हे देवो ! इंद्रोत्पत्तिके वास्ते उपाय श्रवणकरो। एक कलशमें सूत्रामाणि अमृत भरके रखो फिर अश्विनी-

भोः ॥ भास्करप्रतिमौ देवौ नासत्यौ सूर्यजौ यदा ॥ ८६ ॥ सरस्वत्या संगतौ वै तदेंद्रो वो भविष्यति ॥ कुंभमेकं सुसंस्थाप्य सूत्रामणिसुपूरितम् ॥ ८७ ॥ कुमारयोः सरस्वत्या रेतस्तस्मिन्यदा पतेत् ॥ तदा पुत्रस्य चोत्पत्तिः सृष्ट्यर्थे संभविष्यति ॥ ८८ ॥ एतावदुक्त्वा वचनं वाणी चांतर्हिताभवत् ॥ ततो देवगणाः सर्वे तुष्टुवुस्तां सरस्वतीम् ॥ ८९ ॥ स्तुता देवी तदा साक्षात्तीर्थात्तस्माद्विनिर्गता ॥ कोटिसूर्यप्रतीकाशां दृष्ट्वोवाच पितामहः ॥ ९० ॥ देवी त्वद्दर्शनादेव प्रसन्नं मम मानसम् ॥ जातं कार्यं कुरुष्वाद्य देवांस्त्वंपरिपालय ॥ ॥ ९१ ॥ अयज्ञपीडिता देवा मुनींद्राः पन्नगासुराः ॥ अत इंद्रसमुत्पत्ति तद्गतां जायतां यदा ॥ ९२ ॥ तदा त्वद्गर्भजश्चेन्द्रो वृष्टिं कुर्यादलौकिकीम् ॥ एतदर्थं श्रुता वाणी त्वद्रूपा गगनेचरी ॥ ९३ ॥ भिषजोर्हंसगागर्भात्पुत्रो भवति निश्चितम् ॥ एवंश्रुत्वा लज्जिता सा प्रोवाच वचनं तदा ॥ ९४ ॥ भवद्भिर्यदि कार्यार्थं स्वभागश्च स्वकं बलम् ॥ दीयते अश्विनौ देवौ तर्हि गर्भं विधारये ॥ ९५ ॥ यावन्ममोदरे पुत्रो जायतेऽसौमनो

कुमार दो और सरस्वती नदी इनके समागमसे जो वीर्यपात होवेगा और कुंभमें पडेगा उसमेंसे सृष्टिके वास्ते पुत्रोत्पत्ति होवेगी ऐसा कहके वाणी अंतर्धान भई । तब सब देव सरस्वतीकी स्तुति करनेलगे ॥ ८६–८९ ॥ स्तुति करते उसी बखत उस तीर्थमेंसे प्रत्यक्षरूप धारण करके देवी निकली । उसकूं देखके ब्रह्मा कहनेलगे ॥ ९० ॥ हे देवी ! तुम्हारे दर्शनसे मन प्रसन्न हुवा है एक कार्य करो यज्ञ विना देव ऋषी आदि सब पीडित भये हैं इसवास्ते तुम्हारे गर्भसे जो इंद्रकी उत्पत्ति होवेगी ॥ ९१ ॥ ९२ ॥ तो वह इंद्र अलौकिक वृष्टि करेगा । वैसी तुम्हारी आकाशवाणी मैंने सुनी ॥ ९३ ॥ इसवास्ते अश्विनीकुमार वैद्यके वीर्यसे तुम्हारे गर्भसे पुत्र निश्चय करके होवेगा । ऐसा ब्रह्माका वचन सुनते लाज्जित होयके देवी कहनेलगी ॥ ९४ ॥ अपना भाग और अपना बल जो अश्विनीकुमारोंको देओगे तो मैं गर्भधारण करूंगी ॥ ९५ ॥ यावत्काल पर्यंत मेरे पुत्रका वंश रहे

गतः ॥ तावत्सर्वेषु संभागास्तिष्ठंतु मद्भवे कुले ॥९६॥ सरस्वतीवचः श्रुत्वा देवाः सर्वे महर्षयः ॥ अश्विनौ शरणं याताः स्वं भागं च स्वकं बलम् ॥ ९७ ॥ ददतुस्तौ स्वेष्टसिद्ध्या अश्विनौ हर्षमापतुः ॥ ब्रह्माद्याः सकला देवा कुबेरो भागमादरात् ॥९८॥ सरस्वत्याश्च हस्तौ द्वावश्विभ्यां समुपाहितौ ॥ सर्वेषां लोकपालानां बलं जगृहतुश्च तौ ॥ ९९ ॥ पीतेऽमृते च ताभ्यां वै तया देव्या सहानघ ॥ विरंचिजे जले स्नाताः स्थितास्तेऽमरपुङ्गवाः ॥ १०० ॥ व्यवायकाले संप्राप्ते प्राप्ता सा च सरस्वती ॥ सरस्वत्याश्च योन्यां वै स्वं वीर्यं चिक्षिपुश्च तौ ॥१०१॥ गर्भे जाते तदा देवी हर्षेण महतावृता ॥ शुशुभे देवसंघेषु स्वे जले हंसगामिनी ॥ १०२ ॥ षष्ठमासे गते काले गर्भोऽभूच्चन्द्रपांडुरः ॥ कश्चिद्दैववशादेव पतितश्चाप्यकालतः ॥ ॥ १०३ ॥ गर्भे च पतिते तत्र हाहाकारो महानभूत् ॥ हिरण्यगर्भजा देवी दुःखेन महता वृता ॥ १०४ ॥ ततो देवैश्च सहितो ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ गर्भं गृहीत्वा स्वे पाणौ घटमध्ये न्यपातयत् ॥ १०५ ॥ सौत्रामण्यमृतेनापि औषधीभिः कुशैस्तथा ॥ पूरिते पूर्णतोयेन कन्याहस्ते ददावसौ ॥१०६॥

वहां तक भाग रहै ॥९६॥ ऐसा सरस्वतीका वचन सुनते सब देव ऋषी अश्विनीकुमारोंकी शरण जायके अपने भाग और बल देते भये॥९७॥तब वे दोनों बडे हर्षित भये । सबोंके सामने सरस्वतीके हाथ धरलिये ॥ ९८ ॥ ९९ ॥ अश्विनीकुमारोंसे अमृतपान किया और देवीकूं साथ लेके सरस्वतीके जलमें सब देव भी स्नान करते भये ॥ १०० ॥ फिर रतिक्रीडाके समयमें सरस्वतीकी योनिमें वीर्यस्थापन किया ॥ १०१ ॥ तब देवी बडी हर्षित होके अपने जलमें शोभने लगी ॥ १०२ ॥ इतनेमें छः महीने हुवे । तो दैवयोगसे उस गर्भका पात होगया ॥ १०३ ॥ तब बडा हाहाकार हुवा । सरस्वती बडी दुःखी भई ॥१०४॥ फिर देवोंसहित ब्रह्माने उस गर्भको अपने दो हाथोंमें लेके सौत्रामणि अमृतका भराहवा जो कलश उसमें डालके

हस्ते गृहीत्वा सा कुंभं जलमध्ये स्थिता तदा ॥ ददृशे साच तं कुम्भं गर्भमेकं द्विधाकृतम् ॥ १०७ ॥ तदा विचारयामास देवी गर्भव्यवस्थितिम ॥ एकं देवा ग्रहीष्यंति द्वितीयमहमुत्तमम् ॥१०८॥ विचार्यैवं विभुं प्राह मद्गर्भो वर्धतामिति॥ देवानां तेजसा तत्र गर्भो वृद्धिमगात्तदा ॥ १०९ ॥ हर्षेण युक्ता च तदा सरस्वती कुंभांतरे निश्चलमानसा सा ॥ विलोक्य पुत्रस्य युगं सुकोमलं ततोऽस्य वृत्तिं सुसुखां चकार ह ॥ ११० ॥ एवं वर्षशतं देवी तमालोक्य पुनः पुनः ॥ जाते शतेऽब्दे पूर्णे सा गर्भस्य च षडानन ॥ १११ ॥ शकले कलशस्थे द्वे जाते गर्भोप्यभूत्तथा ॥ तटस्थे नयने कृत्वा विलोक्य स्वसुतं यदा ॥ ११२ ॥ तदेंद्रो लोहितो नाम जातो वेदेषु गीयते ॥ जाते पुत्रयुगं देवाः संशयाविष्टमानसाः ॥ ११३ ॥ इच्छितोऽप्येकपुत्रोऽपि जातं च युगलं कथम् ॥ ॥ सरस्वत्युवाच ॥ ॥ इमौ द्वौ तनयौ जातौ युष्मदर्थकरौ प्रियौ॥ ॥ ११४ ॥ एकं चाहं ग्रहीष्यामि मत्प्रीतिकरणे सदा ॥ यूयं

सरस्वतीके हाथमें दिया ॥ १०५ ॥ १०६ ॥ सरस्वतीने वह कलश लेके जलमें जायके देखा तो एक गर्भके दो भाग भये हैं ॥ १०७ ॥ तब मनमें विचार करने लगी कि एक भाग देवता लेवेंगे और दूसरा भाग मैं रखूंगी ॥ १०८ ॥ ऐसा विचार करके ब्रह्मदेवकूं कहने लगी कि मेरा गर्भ वृद्धिंगत हो तब देवतावोंके तेजसे वह गर्भ वृद्धिकूं पाया ॥ १०९ ॥ तब सरस्वती बडी हर्षित होयके कुम्भमें कोमल दो पुत्रोंकूं देखके उनकी पुष्टताके वास्ते उत्तम योजना करती भई ॥११०॥ ऐसे सौ बरस तक बारंवार उस गर्भकूं देखती भई ॥ १११ ॥ सौ बरस जब पूरे हुवे तब तटस्थ नेत्रसे देवीने पुत्रकूं देखा ॥ ११२ ॥ वह लालरंग होगया सो लोहितेन्द्र ऐसा नाम वेदमें विख्यात है दो पुत्रोंको देखके देव आश्चर्य करने लगे कि हमने एक पुत्रकी इच्छा की थी यहां दो कैसे भये । तब सरस्वती कहने लगी यह दोनों पुत्र मेरे प्रिय करनेवाले हैं ॥ ११३ ॥ ॥ ११४ ॥ मेरी प्रीतिके वास्ते एककूं मैं लेऊंगी और दूसरा जो लोहितेंद्र

सर्वे देवसंघा वृष्ट्यर्थं कार्यसाधनम् ॥ ११५ ॥ लोहितेंद्रेण कर्तव्यं गंतव्यं च त्रिविष्टपे ॥ मन्नाम्नाप्यपरः पुत्रः सारस्वतदधीचकः ॥ ११६ ॥ देवसंघेषु ऋषिषु तापसेषु तथैव च ॥ उपकारेषु सर्वेषु देवेषु परिगीयते ॥११७॥ ऋषिजातिर्दश प्रोक्ता कर्मणा तपसाऽपि वा ॥ दशाधिक्यो हि मत्पुत्रो भविष्यति न संशयः ॥११८॥ अतः परं भवद्भिश्च कर्तव्यं यज्ञकारणम् ॥ लोहितेंद्रेण सहिताः सौत्रामणिर्विधीयताम् ॥ ॥११९॥ मम पुत्रप्रभावेण ह्यन्नवृष्टिर्भविष्यति ॥ देव्या वचनमाकर्ण्य चक्रुः सौत्रामणिं सुराः ॥ १२० ॥ यज्ञं सरस्वतीतीरे सर्वे स्वं भागमाययुः ॥ वृष्ट्यर्थं च कृतो यज्ञः सौत्रामणि रतंद्रिणा ॥१२१॥ तेनेंद्रेत्यभिधा जाता सूत्रामालोकवंदितः ॥ देवा हर्षं परं प्रापुर्वृष्टिर्जाता ह्यलौकिकी ॥ १२२ ॥ जाता सर्वसमृद्धिश्च सरस्वत्याः प्रभावतः ॥ तदा सरस्वतीदेवी दधीचेंद्रप्रहर्षिता ॥१२३॥ जग्राह परमप्रीत्या स्तन्यदानं चकार सः ॥ पीते स्तन्ये तदा पुत्रौ पूर्णतां प्रापितौ क्षणात् ॥१२४॥ एतस्मिन्नंतरे वेधास्त्रिदशांस्तानुवाच ह ॥ अयमिंद्रः क्षत्रवृत्त्या ब्रह्मक्षत्रं च रक्षति ॥ १२५ ॥ अयं पुत्रो दधीचस्तु सारस्वत-

है उसकूं वृष्टिके वास्ते तुम लेके स्वर्गमें जाना और मेरा पुत्र सारस्वत् दधीच नामसे विख्यात होवेगा ॥ ११५ ॥ ११६ ॥ सब देव ऋषिके बीचमें अधिक यशस्वी होवेगा ॥ ११७ ॥ दश जातिके ब्राह्मण जो हैं उनमें यह पुत्र श्रेष्ठ होवेगा ॥ ११८ ॥ अब आगे लोहितेंद्रकूं लेके तुम सौत्रामणि यज्ञ करो ॥ ११९ ॥ इस मेरे पुत्रके प्रतापसे अन्नवृष्टि होवेगी ऐसा देवीका वचन सुनते देवोंने सौत्रामणि यज्ञ किया ॥ १२० ॥ सरस्वतीके तट ऊपर वृष्टिके वास्ते सौत्रामणि यज्ञ लोहितेंद्रने किया ॥ १२१ ॥ उससे सूत्रामा नाम प्रसिद्ध भया देव हर्षित भये अलौकिक वृष्टि भई ॥ १२२ ॥ अन्नकी समृद्धि भई तब सरस्वतीने सारस्वतदधीचकूं और लोहितेंद्रकूं अपने उत्संगमें बिठायके स्तनपान करवाया ॥ १२३ ॥ ॥ १२४ ॥ इतनेमें ब्रह्मदेव देवोंको कहने लगे कि यह इंद्र क्षत्रिय धर्मसे ब्रह्मक्षत्रियका रक्षण करेगा ॥ १२५ ॥ और यह दधीच सारस्वतकुलका

कलाधिपः ॥ भविता मृत्युलोकेषु ऋषीणां कुलपालकः ॥ ॥ १२६ ॥ यस्मिञ्छास्त्राणि सर्वाणि पुराणानि यदृच्छया ॥ तथैव वेदाः सांगास्तु तिष्ठंतु ते न संशयः ॥ १२७ ॥ अतो दौहित्रकार्यार्थे कर्तव्यं व्रतबन्धनम् ॥ तथोद्वाहोऽपि कर्तव्य आर्षश्चार्षिकुलोचितः ॥ १२८ ॥ इत्येवमुक्का वचनं देवी तत्र चकार ह ॥ सारस्वतस्य चंद्रस्य व्रतबंधं च चक्रिरे ॥ १२९ ॥ ब्रह्मचर्यपदार्थांश्च ददुर्देवाश्च तौ प्रति ॥ एवं चोपनये जाते चक्राते ब्रह्मचर्यताम् ॥ १३० ॥ वर्षद्वादशपर्यंतं तावद्देवाश्च तत्रगाः ॥ चरित्वा ब्रह्मचर्यं तौ गार्हस्थ्यव्रतगौ कृतौ ॥१३१॥ जातूकर्णस्य द्वे कन्ये एका वेदमतीति च ॥ द्वितीया तु शची चैव उद्वाहार्थे समानयत् ॥ १३२ ॥ सारस्वतदधीचाय दत्ता वेदमतीति च ॥ लोहितेंद्राय च शची नानारूपगुणान्विता ॥ ॥ १३३ ॥ एवं विवाहे सञ्जाते जातं परममंगलम् ॥ इंद्रं गृहीत्वा ते देवाः शच्या सह विमानगाः ॥ १३४ ॥ त्रिविष्टपं च जग्मुस्ते हर्षेण परिपूरिताः ॥ सभार्यो न्यवसत्तत्र सारस्वत दधीचकः ॥ १३५ ॥ दधीचिना वेदमत्यामुत्पन्ना ये बृह-

आधिपति होवेगा ऋषियोंका पालन करेगा ॥ १२६ ॥ जिनके पास वेद और शास्त्र पुराण सब रहेंगे ॥१२७॥ इसवास्ते इन दोनोंका यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार और आर्ष विवाह करो ॥१२८॥ ऐसा ब्रह्माका वचन सुनके सरस्वतीने दोनोंका व्रतबंध किया ॥ १२९ ॥ देवतावोंने दोनों पुत्रोंको ब्रह्मचर्यके सब पदार्थदिये उन्होंने ब्रह्म-चर्य पालन किया ॥१३०॥ बारह बरस तक सब देवता भी वहां रहे ॥१३१॥पीछे जातूकर्ण्य ऋषिकूं दो कन्याथीं एक वेदमती सो दधीचके वास्ते दूसरी शची सो लोहितेंद्रके वास्ते लाये॥१३२॥यथाविधि दोनोंका विवाह किया ॥ १३३ ॥ बडा आनंद भया पीछे शचीसहित लोहितेंद्रको लेके सब देव स्वर्गमें गये और सारस्वत दधीचने स्त्रीसहित उसीक्षेत्रमें वास किया ॥१३४॥१३५॥फिर उनको पुत्र तो बहुत

त्तया ॥ ऋषयो बहुशो जाताः संख्यां कर्तुं न शक्यते ॥ ॥ १३६ ॥ तेषां मुख्यतरान् वक्ष्ये अष्टाशीतिप्रसंख्यया ॥ पुरुषौ ब्रह्मदालभ्यौ जैमिनिस्तांडवस्तथा ॥ १३७ ॥ दिक्पालदक्षौ प्राची च कण्वो दाक्षायणस्तथा ॥ गोपालशंखपालौ च शाकिनी शांभवस्तथा ॥ १३८ ॥ नंदी आदी समालाशः शक्तिः पातंजलिस्तथा ॥ पालाशी गोमयश्चैव दीपदेवश्च निष्णुकः ॥ १३९ ॥ रुद्रकः क्षेत्रपालश्च सुसिद्धश्चापरः परः ॥ धर्मो नारायणश्चैव तिमिरो धर्मिणस्तथा ॥ १४० ॥ तैत्तिरो दर्दुरश्चैव जमदग्निर्जगत्तथा ॥ कपालिः सभ्यकश्चैव सुदर्शः शिशुमारकः ॥१४१॥ च्यवनः शुककश्चन्द्रः सुचंद्रश्चैव मानदः ॥ आक्रंदकस्तथा नंदो मानकश्चैव मानसाः ॥१४२॥ चंपकश्च तथा व्यासः पिप्पलादोऽप्यघातुकः ॥ देवलो घृतकौश्यश्च सूर्यो मर्कोजभैरवौ ॥ १४३ ॥ कृष्णात्रिर्विश्वपालश्च नरपालश्च तुंबरुः ॥ तुलसी वामदेवश्च वामनाकारकारकः ॥ ॥ १४४ ॥ ब्रह्मचारी ग्रहश्चैव भैरवो नरपालकः ॥ बकश्चैव तु

भये हैं उनकी संख्या करनेकूं कोई समर्थ नहीं है ॥ १३६ ॥ परंतु उनमेंसे जो मुख्य मुख्य हैं सो कहताहूं-पुरुष १ ब्रह्म२दालभ्य ३ जैमिनि ४ तांडव ५ दिक्पाल ६ दक्ष ७ प्राची ८ कण्व ९ दाक्षायण १० गोपाल ११ शंख १२ पाल १३ शाकिनी १४ शांभव १५ नंदी १६ आदी १७ समालाश १८ शक्ति १९ पातंजलि २० पालाशी २१ गोमय २२ दीपदेव २३ निष्णुक २४ रुद्र २५ क्षेत्रपाल २६ सुसिद्ध २७ अपर २८ पर २९ धर्म ३० नारायण ३१ तिमिर ३२ धर्मिण ३३ ॥ १३७--१४० ॥ तैत्तिर ३४ दर्दुर ३५ जमदग्नि ३६ जगत् ३७ कपालि ३८ सभ्यक ३९ सुदर्श ४० शिशुमारक ४१ च्यवन ४२ शुकक ४३ चन्द्र ४४ सुचंद्र ४५ मानद ४६ आक्रंदक ४७नंद ४८ मानक ४९ मानसा ५० चंपक ५१ व्यास ५२ पिप्पलाद ५३ अघातुक ५४ देवल ५५ घृत ५६ कौश्य ५७सूर्य ५८ मर्क ५९ अज ६० भैस ६१ कृष्णात्रि ६२ विश्वपालक ६३ नरपाल ६४ तुंबरु ६५ तुलसि ६६ वामदेव ६७

दालभ्यस्तथैव सुषुवः कपिः ॥ १४५ ॥ अष्टाशीतिः स्मृता ह्येते प्रवरा वै महर्षयः ॥ गांग्याः सांकृतयः प्रोक्ताः क्षेत्रोपेता द्विजातयः ॥ १४६ ॥ संस्मृताप्यंगिरः पक्षं बृहत्क्षत्रस्य संस्थितिः ॥ बृहत्क्षत्रस्य दायादः सुहोता परमधार्मिकः ॥ १४७ ॥ सुहोत्रस्य बृहत्पुत्रः सारस्वतकुले परः ॥ मालिनी केशिनी चैव धूमिनी च वरांगना ॥ १४८ ॥ इत्येताः कन्यका जाता वेदमत्यां भृगूद्वह ॥ इति वंशानुवंशाच्च गोत्राणि वंशजानि च ॥ १४९ ॥ जातानि तानि वक्तुं वै कोऽपि वक्त्रैश्चतुर्मुखः इत्येव कथितो विप्राः सारस्वत कुलोद्भवः ॥ १५० ॥ वंशं च शृण्वतो नित्यमश्वमेधायुतं फलम् ॥ संप्राप्नोति नरः पुण्यं पुत्रपौत्रादिवृद्धिदम् ॥ १५१ ॥ सारस्वतेन ऋषिणा रक्षितं क्षत्रियं कुलम् ॥ निःक्षत्रिकरणे काले रामात्क्षत्रिकुलांतकात्॥ ॥ १५२ ॥ ॥ ऋषय ऊचुः ॥ ॥ ब्राह्मणै रक्षितं क्षात्रं क्षत्रं ब्राह्ममभूत्कथम् ॥ एतत्सर्वमशेषेण ब्रूहि त्वं सूतनंदन ॥ ॥ १५३ ॥ सूत उवाच ॥ हैहये निहते रामः क्षत्रांताय मनो

वामनाकारकारक ६८ ब्रह्मचारी त्रह ६९ भैरव नरकपालक बक दालभ्य सुषुव कपि ॥ १४१ ॥-१४५ ॥ यह आदि लेके अठासी ऋषि कहेहैं सो ऋषि गोत्रोंके प्रवर जानना गांग्य और सांकृति यह ब्रह्मक्षत्रीके गोत्र जानने ॥ १४६ ॥ और अंगिरा-गोत्र भी है ब्रह्मक्षात्रिंका दायाद सुहोता होता भया ॥१४७॥ उनका ज्येष्ठ पुत्र एक सारस्वत कुलमें भयाहै और मालिनी केशिनी धूलिनी यह तीन कन्या सारस्वत दधीचको भई हैं ऐसा यह वंशानुवंश गोत्र जो भया है उसका संपूर्ण वर्णन करनेको कोई समर्थ नहीं है यह सारस्वत कुलका उद्भव कहा ॥ १४८-१५० ॥ यह वंश जो श्रवण करेगा उसको अयुत अश्वमेध यज्ञ करनेका पुण्य होवेगा और पुत्र पौत्रादिककी वृद्धिहोवेगी ॥ १५१ ॥ इसी सारस्वत दधीचने परशुरामके भयसे क्षात्रिय कुलका रक्षण कियाहै ॥१५२॥ शौनक प्रश्न करतेहैं कि ब्राह्मणोंने क्षात्रियोंका रक्षण किया और क्षत्र ब्रह्मकुल कैसा हुवा सो कहो ॥१५३॥ सूत कहनेलगे सहस्रार्जुनकूं मारके

दधे॥गतोऽसौ पूर्वदेशांते निःक्षत्रकरणाय वै ॥ १५४ ॥ एवं दक्षिणदेशांते पश्चिमांते तथोत्तरे ॥ परिभ्रमन् सदा देशे सिंधुदेशमथागमत् ॥ १५५ ॥ सिंधुदेशांतरं राममागतं तु तथाविधम् ॥ ज्ञात्वा जातास्तदा सर्वे भयभीता भृगूद्वह ॥१५६॥ क्षत्रियाणां परं स्थानं नगरस्थानमेव यत् ॥ ज्ञात्वा रामोऽपि स्वस्थानं स्थानं पंचदिनात्मकम् ॥ १५७ ॥ चक्रे क्षत्रियनाशार्थमत्र क्वापि स्थितोधुना ॥ एतस्मिन्नन्तरे काले क्षत्रियणां क्षये तदा ॥ १५८ ॥ सूर्यवंशोद्भवो राजा सौरव्रतपरायणः ॥ रामस्य च भयात्पूर्वं रत्नसेनो महीपतिः ॥ १५९ ॥ स्थितोऽसौ गुप्तरूपेण भार्यापंचकसंयुतः ॥ रामबाणभयोद्विग्नश्चिंतयामास चेतसि ॥ १६० ॥ रामबाणादहो त्राता न भूतो न भविष्यति ॥ अतोऽत्र किमनुष्ठेयं रामात्क्षत्रकुलांतकात् ॥ ॥ १६१ ॥ पलायनं वरं मन्ये सस्त्रीकं गर्भसंयुतम् ॥ ऋषीणामाश्रमे स्थानं कर्तव्यं वनगोचरे ॥ १६२ ॥ ऋषेराश्रमसंयोगे रामबाणभयं न हि ॥ यदा कदाचिज्जायेत मत्प्राणगमनं

परशुरामने निःक्षत्रिय पृथ्वी करनेकी इच्छा करी तब वह ॥१५४॥ पूर्व दाक्षिण उत्तर पश्चिम चारों दिशाओंमेंके क्षत्रियोंको मारतेहुवे सिंधुदेशमें आये ॥१५५॥ सिंधुदेशमें परशुराम आयेहैं यह बात सुनते सब क्षत्रिय भयभीत होगये ॥ १५६ ॥ उस देशमें नगरनाम करके क्षत्रियोंका बडी राजधानीका स्थान है ऐसा जानके परशुरामने वहां पांच दिन निवास किया ॥ १५७ ॥ क्षत्रियोंकूं मारनेके वास्ते तब क्षत्रियोंका नाश भया ॥१५८॥ उस नगरका सूर्यवंशीसूर्यका परम भक्त रत्नसेनकरके राजा था वह परशुराम आनेवाले हैं यह वृत्तांत मालूम करके उनके पहिले ही ॥ १५९ ॥ पांच स्त्रियोंको लेके गुप्तरूपसे रहा और मनमें विचार करनेलगा॥१६०॥ अहो परशुरामके बाणके भयसे रक्षण करनेवाला न है न हुवा न होवेगा इसवास्ते यहांमैंने क्या करना॥१६१॥यह विचार कर गर्भवती पांचों स्त्रियोंको लेके यहांसे भागके ऋषिके आश्रममें जायके वास करना उत्तम है ॥ १६२ ॥ वहां रामबाणका भय होवेगा नहीं कदाचित् मेरा प्राण जावेगा परंतु मेरी गर्भगत संतति रह जावेगी इसमें संशय

च यत् ॥ तदा तत्संततिस्तिष्ठेद्गर्भगा तु न संशयः ॥ १६३॥ एवं विचार्याथ च भूपतिस्तदा निशीथमध्ये नगराद्विनिर्गतः ॥ भार्यां गृहीत्वा निजपादचारिणीं स्वयं जगामाथ वनं वनांतरम् ॥ १६४ ॥ चन्द्रास्या पद्मिनी पद्मा सुकुमारा कुशावती ॥ भार्यापञ्चकसंयुक्ता प्रभाते चाश्रमे शुभे ॥ १६५ ॥ ऋषिश्रेष्ठं ददर्शाथ सारस्वतदधीचिकम् ॥ नमस्कृत्य स्थितस्तत्र सिंधुसौवीरकाधिपः ॥ १६६ ॥ ॥ रत्नसेन उवाच ॥ ॥ भगवन् किं न विदितं रामः क्षत्रियसूदनः ॥ आगतः सिंधुदेशाते नगरस्थानके यदा ॥ १६७ ॥ तदाहं भीतभीतः सन्भार्याभिः सह निर्गतः ॥ रक्ष त्वं मत्प्रसूतिं च शरणागतवत्सल ॥१६८॥ मन्नारीपंचकं विप्र सगर्भं मम भाति यत् ॥ इत्युक्त्वा विरतं खिन्नं राजानमृषिरब्रवीत् ॥ १६९ ॥ ऋषिरुवाच ॥ ॥ राजंस्त्वन्मानसं दुःखं विहाय च सुखं चर ॥ ममाश्रमाद्बहिर्यातो मरिष्यसि न संशयः ॥१७०॥ भक्षयस्व नृपश्रेष्ठ कंदमूलफलादिकम् ॥ इत्युक्त्वा प्रददौ स्थानं स्वाश्रमे मध्यमांतरे ॥ १७१ ॥ दधीचेश्च प्रातापेन सुखेन च महीपतिः ॥

नहीं है ॥ १६३ ॥ ऐसा विचार करके अर्धरात्रिके समय अपनी स्त्रियोंको साथ लेके पांवसे वन वनांतरकूं चलागया ॥१६४॥ चंद्रमुखी पद्मिनी, पद्मा, सुकुमारा, कुशावती ऐसी पांच स्त्रियों सहित प्रातःकाल ॥ १६५ ॥ दधीच ऋषिके आश्रममें आये वहां ऋषिकूं देखके नमस्कार करके सिंधुसौवीरदेशका राजा रत्नसेन कहनेलगा ॥ १६६ ॥ हे भगवन् ! आप सब जानते हो परशुराम क्षत्रियोंको मारनेके वास्तेनगरस्थानमें आयेहैं ॥ १६७ ॥ उनके भयसे स्त्रीसहित मैं आपके शरणागत हुवाहूं रक्षण करो ॥१६८॥मेरी पांचों स्त्रियां गर्भवती दीखती हैं ऐसा कहके उदास होके बैठा तब ऋषि कहनेलगे ॥ १६९ ॥ हे रत्नसेन ! तुम मनका दुःख छोडके सुखसे यहां बास करो मेरे आश्रमके बाहर गयातो तुरन्त मरेगा इसमें संशय नहीं है ॥१७०॥हे राजा! कंद मूल फल भक्षण करो ऐसा कहके अपने आश्रममें अंदर जगा दियी ॥१७१॥ फिर गर्भवती स्त्रियों सहित राजा सारस्वत दधीचके प्रतापसे सुखसे

स्थितस्तदाश्रमे रम्ये सगर्भवनितायुतः ॥ १७२ ॥ एवं पूर्णतरे काले गर्भिण्यः सुषुवुः प्रजाः ॥ चन्द्रास्यायां समुद्भूतस्तन्नाम जयसेनकः ॥ १७३ ॥ पद्मिन्यां यः समुद्भूतो बिंदुमान् भविता नृपः ॥ पद्मायां च समुत्पन्नो विशालो राजसत्तमः ॥ १७४ ॥ सुकुमार्यां समुत्पन्नश्चंद्रशालेति विश्रुतः ॥ कुशावत्याश्च तनयो भरतेत्यभिगीयते ॥१७५॥ इत्येवं नाम करणं कृतवान्स दधीचकः ॥ ततस्तदाश्रमोपस्थाः क्रीडामृषिकुलोचिताम् ॥ १७६ ॥ चक्रुस्ते ऋषिबालेन साकं वै पंचमाब्दजाम्॥एवं जातेऽथ पंचाब्दे कदाचित्स महीपतिः ॥ १७७ ॥ मृगयां कर्तुमगमदेकाकी गहनं वनम् ॥ तदग्रे दैवयोगेन यज्जातं तन्निबोधत ॥ १७८ ॥ श्रांतः स राजा विपिनांतरात्पुनर्विनिर्गतस्तं च विहाय सूकरम् ॥ विचारयन्वै किमिदं मया कृतं विनिर्गतोऽहं च ऋषेः शुभा श्रमात ॥ १७९ ॥ एवं विचार्यमाणोसौ रामश्च परवीरहा ॥ नगरस्थानके चास्मिनदेशे वै सिंधुवीरके ॥ १८० ॥ नास्थितः क्षत्रियः कश्चिदिति ज्ञात्वा विनिर्ययौ ॥ देशाद्देशांतरं गच्छन्पुनस्तद्देशमागतः ॥ १८१ ॥

वास करनेलगा ॥ १७२ ॥ नव मास पूर्णभये तब पांचों स्त्रियोंकूं पुत्र भये चंद्रमुखीकूं जयसेन नामका पुत्र भया ॥ १७३ ॥ पद्मिनीकूं बिंदुमान्, पद्माकूं विशाल, सुकुमारीकूं चंद्रशाल, कुशावतीकूं भरत ऐसे पुत्र भये ॥ १७४ ॥ १७५ ॥ ऋषिने उनके नाम करण किये तब वे पांचों बालक ऋषिके बालकनके साथ ऋषिकुलसरीखी क्रीडा करनेलगे ॥ १७६ ॥ ऐसी क्रीडा करते पांच वर्ष गये । एक दिन रत्नसेन राजा ॥ १७७ ॥ शिकार खेलनेके वास्ते आश्रमकूं छोडके घोर वनमें चलागया वहां प्रारब्ध योगसे क्या हुवा सो सुनो ॥ १७८ ॥ राजा शिकार करनेसे श्रान्त हुवा डूकरकूं छोडके घरकूं आनेलगा । तब मनमें विचार हुआ कि मैंने यह क्या किया । ऋषिके आश्रमकूं छोडके बाहर आया ॥१७९॥ ऐसा विचार करते करते परशुरामके सन्मुख आगया ॥१८०॥अब परशुरामभी पहिले उस नगरस्थानमें कोई भी क्षात्रिय नहीं रहा ऐसा जानके वहांसे निकलगयेथे । [illegible]

राम दृष्ट्वा परं क्रूर कुठारेण समन्वितम् ॥ सन्नद्धं कवचेनाथ राजा त्रासमवाप सः ॥१८२॥ तत्याज स्वधनुर्बाणं रामदृष्टिपथं ययौ ॥ रामोऽथ दृष्ट्वा तं भूपं क्षत्रियोऽयं पलायते ॥ ॥ १८३ ॥ एवं ज्ञात्वा बाणमेकं स संधाय महाप्रभुः ॥ मुमोच हृदये चास्य कंठं भित्त्वा विनिर्गतः ॥ १८४ ॥ स राजा रत्नसेनाख्यो मृतिं प्राप्य दिवं ययौ ॥ क्षत्रियं च मृतंदृष्ट्वा रामोऽप्यन्यवनांतरम् ॥ १८५ ॥ गतः क्षत्रियनाशार्थं गंगातीरे सुविस्तरे ॥ एतस्मिन्नंतरे पत्न्यः पञ्च ताश्चारुलोचनाः ॥ ॥ १८६ ॥ ऊचुः पुत्राः क्व राजासौ गतः किं स्वाश्रमांतरात् ॥ दीर्घकालः परं जातो ह्यद्यापि स्वाश्रमे न हि ॥ १८७ ॥ भवद्भिर्ऋषिपुत्रैश्च सहितैस्तैर्वनांतरात् ॥ आनीयतां च त्वरया भोजनावसरो गतः ॥ १८८ ॥ एतन्मातुर्वचः श्रुत्वा गतास्ते राजनन्दनाः द्रष्टु सरस्वतीतीरे ऋषिपुत्रैश्च संयुताः ॥१८९॥ विलोक्य सकलं तीरं दुःखेन महतावृताः ॥ तदा निर्गमने कालेदृष्टं राज्ञो मृतं वपुः ॥ १९० ॥ हाहा कृत्वा वने तत्र स्वाश्रमे पुनरागताः ॥ तेभ्यो राज्ञी ऋषिश्रेष्ठा ज्ञात्वा

देशमें आये ॥ १८१ ॥ तब महाक्रूर परशुरामकूं देखके राजाको बडा त्रास भया ॥ १८२ ॥ अपने धनुष बाण त्यागकिये और भागने लगा ॥ १८३ ॥ तब परशुरामने एक बाण हृदयमें मारा सो कंठ भेदकरके बाहर निकलगया ॥ १८४ ॥ रत्नसेन राजा मृत्युको पाया । उसकूं देखके राम दूसरे वनमें चलेगये ॥ १८५ ॥ दूसरे क्षत्रियोंकूं मारनेके वास्ते गंगातीरकूं गये फिर राजाकी पांच स्त्रियां जो थीं ॥ ॥ १८६ ॥ सो पुत्रोंकूं कहनेलगीं कि हे पुत्रो ? तुम्हारा पिता कहां गया ? क्या आश्रमके बाहर गया उनको बडी देर भई । अभीतक आश्रममें आये नहीं ॥ १८७ ॥ इसवास्ते ऋषियोंके पुत्रोंकूं लेकेवनांतरमें जायके पिताकूं ले आवो भोजनका बखत टलगया ॥ १८८ ॥ ऐसा माका वचन सुनके वे सब राजपुत्र ऋषिपुत्रोंको साथ लेक सरस्वतीके तट ऊपर देखनेको आये ॥ १८९ ॥ सो सब तट देखे परंतु राजाका शोध लगा नहीं ॥ तब दुःखी होके पीछे फिरनेलगे । इतनेमें राजाका देह मृत पडा देखा ॥ १९० ॥ तब हाहाकार करनेलगे । अपने आश्रममें आयके वृत्तांत कहा सो सबोंने श्रवणकरते

नृपमृतिं यदा ॥ १९१ ॥ तदा सर्वाः प्रजग्मुर्वै यत्र राज्ञो मृतं वपुः ॥ रुरुदुः सुस्वरं तत्र विलेपुस्ताः क्षणंक्षणम् ॥ १९२ ॥ ऋषिणा तस्य बाणस्य शल्यं कंठान्तरात्ततः ॥ निष्कासितं सपुंखं च चित्यां देहमथाकरोत् ॥ १९३ ॥ तदा राज्ञः स्त्रियः सर्वास्त्यक्त्वा मायां सुदुस्त्यजाम् ॥ आरोप्य पुत्रानृषिवर्यस्य चांके चितामथारोपयदद्रिसानुनि ॥ १९४ ॥ स्नात्वा सरस्वतीतोये पंच ताश्चारुलोचनाः ॥ रुरुदुस्ताश्चितायां वै पतिलोकं समाययुः ॥ १९५ ॥ सांपरायं तदा कर्म कृत्वा तेपि वनांतरात् ॥ आगताः स्वाश्रमे सर्वे दुःखेन महतावृताः ॥ १९६ ॥ मातृपितृविहीनाश्च इतराज्या वनांतरे ॥ अतो वै क्षत्रिपुत्राश्च रक्षणीयाः प्रयत्नतः ॥ १९७ ॥ इत्थं विचार्याथ च राजपुत्रानुवाच वाक्यं शरणे कृपापरः ॥ मामेव मातापितरौ विचार्यतां विधाय कामाश्च सुखेन तिष्ठताम् ॥ १९८॥ ततस्ते जयसेनाद्याः पंच पुत्रास्तदाश्रमे ॥ विहरंति सुखेनैव पक्कमूलफलाशिनः ॥ १९९ ॥ एतस्मिन्नंतरे काले भार्गवः क्षत्रियांतकः ॥ आगतोऽथ दधीचिं च द्रष्टुं

पांचों स्त्रियां ऋषिबालक यह सब ॥ १९२ ॥ जहां राजाका देह मृतहोके पडाथा, वहां आये स्त्रियां विलाप करने लगीं ॥ १९२ ॥ ऋषिने राजाके कंठमेसे बाण निकालके चिताके ऊपर देहकूं स्थापन किया ॥ १९३ ॥ तब पांचों स्त्रियोंने कोईसे त्याग न होवे ऐसी संसारमायाकूं त्यागकरके अपने पुत्र सारस्वत दधीचकूं सौंप करके ॥ १९४ ॥ सरस्वतीके जलमें स्नान करके सबोंने पतिकी चितामें प्रवेश किया अंदर जायके बैठीं और पतिलोकमें गईं ॥ १९५ ॥ फिर ऋषि पुत्रोंके हाथसे सबोंकी उत्तरक्रिया करवायके महादुःखी होयके पुनः अपने आश्रममें आयके ॥ १९६ ॥ विचार करने लगे कि इन बालकोंके मातापिता नहीं हैं और राज्यादिक नहीं है इसवास्ते इनोंका रक्षण करना अवश्य है ॥ १९७ ॥ ऐसा विचार करके राजपुत्रोंकूं कहने लगे कि मेरेकूं तुम माता पिता जानके क्रीडा करो सुखसे रहो ॥ १९८ ॥ फिर वो जयसेनादिक पाचों पुत्र कंदमूल फल भक्षण करके आनंदसे ऋषिके आश्रममें निवास करते भये ॥ १९९ ॥ पीछे थोडेक कालमें परशुराम सारस्वत दधीच ऋषिकूं देखनेके वास्ते उनके आश्रममें

तस्याश्रमं पुनः ॥ २०० ॥ दधीचिः पूजयामास रामं स्वाश्रममागतम् ॥ उवाच श्लक्ष्णया वाचा कस्मादत्र तवागमः ॥ ॥ २०१ ॥ ॥ राम उवाच ॥ ॥ भगवन् क्षत्रियांताय विच राम महीतलम् ॥ एवं वदति रामे तु दृष्टास्ते नृपतेः सुताः ॥ ॥ २०२ ॥ कस्येमे पुत्रकास्तात सत्यं ब्रूहि ममाग्रतः ॥ रामस्य वचनात्पूर्वं दधीचिर्वाक्यमब्रवीत् ॥ २०३ ॥ सत्यं वच्मि परं राम ऋषिपुत्राः परंतप ॥ एवं ऋषिवचः श्रुत्वा रामो वचनमब्रवीत् ॥ २०४ ॥ ब्राह्मणस्य इमे पुत्रा न संति तव मंदिरे ॥ ब्राह्मणानां परं रूपं भिन्नं क्षत्रकुलस्य च ॥ २०५ ॥ इमे पुत्राः क्षत्रियाणां संति त्वत्रैव गोपिताः ॥ मारयिष्ये न संदेहः पश्यतस्तव भूसुर ॥ २०६ ॥ इत्थं रामवचः क्रूरं श्रुत्वा स ऋषिसत्तमः ॥ उवाच वचनं राम सत्यंसत्यं तु विप्रजाः ॥ २०७ ॥ परीक्षस्व भृगुश्रेष्ठगायत्र्या वेदरूपया ॥ वेदैः सांगोपनिषदैर्योगैः सांख्यैस्तथैव च ॥ २०८ ॥ इत्थं ऋषिवचः श्रुत्वा स तदा भृगुनन्दनः ॥ परीक्षिष्याम्यहं पश्चात्कृत्वा माध्याह्निकीं क्रियाम् ॥ २०९ ॥ एतावदुक्त्वा विरराम रामः कोदंडपाणिः कृतवल्कलांबरः ॥ जगाम कर्तुं सकलं च कर्म स प्राप तीरं त्वज

आये ॥२००॥ उनकूं देखके दधीचिने रामकी पूजा करके कहा कि आपका आगमन काहेके वास्ते हुआ ॥२०१॥ तब परशुराम कहतेहैं हे ऋषि ! क्षत्रियोंका नाश करनेके वास्ते फिरताहूं इतनेमें वो राजपुत्रोंकूं देखके कहा ॥२०२॥ यह पुत्र किसके हैं सो सत्य मेरे सामने कहो तब ऋषि कहते हैं कि॥२०३॥हे राम ! मैं सत्य कहताहूं ऋषिपुत्र हैं ॥२०४॥ तब परशुरामनें कहा ब्राह्मणके पुत्र तुम्हारे मंदिरमें नहीं हैं । ब्राह्मणका और क्षत्रियका रूप जुदा रहताहै ॥२०५॥ यह क्षत्रियपुत्र हैं तुमने गुप्त राखेहैंइसवास्ते तुम्हारे सामने मारूंगा संदेह नहींहै।ऐसा परशुरामका क्रूरवचन सुनते ऋषिने कहाहे राम!यह ब्राह्मणपुत्र हैं मैं सत्य २ कहताहूं॥२०६॥२०७॥वेदअंग सांख्य उपानिषद गायत्री इनोंसे परीक्षा करो ॥२०८॥ तब रामने कहा अच्छी बात है मध्याह्न संध्या करके आताहूं पीछे परीक्षा करताहूं॥२०९॥ऐसा कहके सरस्वती

जातनद्याः ॥ २१० ॥ कृत्वा माध्याह्निकं रामो यावद्गच्छति चाश्रमे ॥ तावद्दधीचिस्तेषां तु कंठे सूत्रं स्वकं ददौ ॥२११॥ तेषां च मस्तके हस्तौ दत्त्वा वाक्यमथाब्रवीत् ॥ ऋषिरुवाच ॥ ॥ राजेन्द्रपुत्राः शृणुत मद्वाक्यं भावगर्भकम् ॥ ॥२१२॥ निर्भयं भार्गवस्याग्रे वदतां वेदसंततिम् ॥ वेद उच्चारिते पश्चाद्रामान्मृत्युभयं न हि ॥ २१३ ॥ वेदास्श्रुत्वा परं रामः किंकर्ता तन्नवेद्म्यहम् ॥ यावद्दधीचिना प्रोक्तं तावद्रामो प्यगात्पुनः ॥२१४॥ बुभुजे परमान्नं वै तृप्तः प्रोवाच तान्प्रति ॥ ॥ राम उवाच ॥ यूयं यदि क्षत्रियजा वधिष्यामि न संशयः ॥ २१५ ॥ यदि चेद्ब्रह्मजाताश्च वेद उच्चार्यतां खलु ॥ तस्येत्थं वचनंश्रुत्वा जयसेनपुरःसराः ॥ २१६ ॥ सांगं वेदं ततोचुस्ते सांख्ययोगेन संयुतम् ॥ गृहीत्वा तुपरीक्षां तां वेदपरायणे पराम् ॥२१७॥ ऋषिं प्रोवाच रामोसौ इमे वेदपरायणाः ॥ ब्राह्मणाः खलु विप्रर्षे मम संदेहकारकाः ॥ ॥२१८॥ भवता एकपात्रे च एकेन सहितं यदा ॥ भोजनं च

के तट ऊपर संध्या करनेकूं गये ॥ २१० ॥ अब संध्या करके जबतक आते हैं इतनेमें दधीच ऋषिने उन्होंके कंठमें अपना यज्ञोपवीत पहनाया ॥ २११ ॥ और उनोंके मस्तकके ऊपर हाथ रखके कहा हे राजपुत्रो ! मेरा वचन सुनो ॥ २१२ ॥ तुम परशुरामजीके सामने निर्भय होके वेदपाठ करो तो तुमकूं उनसेमृत्यु होनेका नहीं ॥ २१३ ॥ तुम्हारे मुखसे वेद श्रवण करके पीछे क्या करेंगे सो जानता नहीं ऐसा दधीचि बोल रहे हैं इतनेमें परशुराम आये ॥ २१४ ॥ भोजन करे बाद पुत्रोंकूं कहने लगे तुम जो क्षत्रिय पुत्र हो तो तुमकूं मारूंगा संशय नहीं है ॥ २१५ ॥ और जो ब्राह्मण पुत्र हो तो वेदका उच्चारण करो तब जयसेन आदि पांचों पुत्र ॥ २१६ वेद अंग सांख्य सब पठन करगये वेदपारायण बरोबर किया सो सब परीक्षा लेके ॥ २१७ ॥ परशुराम कहते हैं हे दधीच ! यह ब्राह्मण हैं निश्चय करके परन्तु संदेहकारक हैं ॥ २१८ ॥ इसवास्ते एकपात्रमें तुम इनके साथ भोजन करोगे तो मेरा संशय दूर होवेगा ॥ २१९ ॥ तब ऋषिने तथास्तु ब्राह्म-

प्रकर्तव्यं शंका ममगमिष्यति॥२१९॥एतद्रामवचः श्रुत्वा शरणागतवत्सलः ॥ सारस्वतदधीचिश्च तं तथेत्यवदत्पुनः २२०॥ भगवन् ब्राह्मणार्थे च भुनज्मि सहितं च तैः ॥ एतावदुक्त्वा वचनं आनीय कदलीदलम् ॥२२१॥ अंगुष्ठेनांतरे रेखां कृत्वा ह्यवधिकारिणीम् ॥ अंतरान्नं गृहीत्वा च अंतरेण च तैः सह ॥ ॥२२२॥ अंतरांतरतस्तैश्च साकमादन्महाऋषिः ॥ आश्चर्यं परमं दृष्ट्वा रामो वचनमब्रवीत् ॥ २२३॥ राम उवाच ॥ भगवन् ज्ञातसर्वार्थं ब्राह्मणानां कुलं खलु ॥ किं नाम ज्येष्ठपुत्रस्य वद विष्णुजजासुत ॥ २२४ ॥ नाम्नि ज्ञाते मया पश्चात्स्वीकारं छात्रसंभवम् ॥ सरहस्यं धनुर्वेदं कथयिष्ये न संशयः ॥ २२५ ॥ एतद्वचनमाकर्ण्य प्रोवाच ऋषिपुंगवः ॥ ज्येष्ठोयं जयरामाख्यः शिष्योपकरणे शुभः ॥२२६॥ तं गृहीत्वाशुगच्छ त्वं यदिच्छसि तथाकुरु ॥ एवं रामेणतद्वाक्यमाकर्ण्य सहसोत्थितः ॥२२७॥ गृहीत्वा जयशर्माणं गंडक्यां पुनरापतत्॥इत्थं गते वै भृगुराज पुत्रौ राजन्यपुत्रे जयसेनके गते ॥२२८॥ शोकाकुलास्ते चतुरोपि बंधवः स्थितास्तथा वै ऋषिसन्निवासे ॥ उवास कतिवर्षाणि गंडक्यां वै भृगूद्वहः ॥

णके वास्ते भोजन करता हूं ऐसा कहके एक केलीका पत्ता मंगायके ॥ २२० ॥ ॥२२१॥ अंगुष्ठसे पात्रमें ब्राह्मणक्षत्रियकी मर्यादारूपी अंतररेखा करके वो पुत्रोंके साथ भोजन किया ॥ २२२ ॥ वो अत्यंत आश्चर्य देखके परशुराम कहते हैं ॥ २२३ ॥ हे भगवन् ऋषे ! सब सत्य मैंने जाना ये ब्राह्मणकुल हैं इसवास्ते सबसे बडे पुत्रका नाम क्या है सो कहो ॥२२४॥ नाम मालूम पडे बाद शिष्यरूपसे मैं पास रखके रहस्ययुक्त धनुर्वेद पठन करावूंगा ॥ २२५ ॥ ऐसा परशुरामका वचन सुनके दधीच कहतेहैं हे राम!यह बडा जयरामनामक बालक है सो आपके शिष्यत्वके योग्यहै ॥ २२६ ॥ इसकूं लेके जाव और जैसी इच्छा होवे वैसा करो ऐसा ऋषिका वचन सुनके ॥ २२७ ॥ परशुराम वो जयशर्माकूं लेके गंडकी नदी ऊपर जातेभये जय सेनके गये पीछे चारों भाई शोकव्याप्त होयके रहे ॥२२८॥ अब परशुरामने शि-

स्वशिष्यं जयशर्माणं परीक्षन्गुरुशिक्षया ॥ २२९ ॥ एवं द्वादशवर्षाणि शुश्रूषा तु कृता यदा ॥ तदा त्वसौ प्रसन्नात्मा उवाच नृपनंदनम् ॥ २३० ॥ ॥ राम उवाच ॥ जयसेन भवान् सत्यं शिष्याणां परमो वरः ॥ अतस्त्वामुपदेक्ष्यामि अस्त्रविद्यां महामते ॥ २३१ ॥ स्नानं कुरु महाभाग गंडक्यां शुद्धभावनः ॥ एवं रामवचः श्रुत्वा स्नात्वासौ भक्तिकारणात् ॥ २३२ ॥ आगतस्तत्समीपे च गृहीत्वा तु समित्कुशान् ॥ राम उवाच ॥ ॥ त्वत्सेवया प्रसन्नोहं दास्ये विद्यां यथोचिताम् ॥ २३३ ॥ वेदाश्च सर्वे पठितास्त्वया यथा बाल्ये दधीचेः खलु चाश्रमे शुभे ॥ तथा धनुर्वेदमतोऽविषह्यं गृहीष्व सर्वं मम शक्तिगौरवात् ॥ २३४ ॥ ऋषीणामुभयं कृत्यं शापादपिशरादपि अग्रतश्चतुरो वेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः ॥ २३५ ॥ अतस्त्वां कथयिष्यामीत्युक्त्वा तां प्रददौ हरिः ॥ सर्वशस्त्रास्त्रविद्या वै जग्राह स तदाज्ञया ॥ ॥ २३६ ॥ शस्त्राण्यमोघवीर्याणि दत्त्वा रामोप्यनुग्रहात् ॥

ष्यकी परीक्षा करनेके वास्ते वो गंडकी ऊपर कईक बरस निवास किया ॥ २२९ ॥ सो बारह बरसतक जयशर्माकी गुरुशुश्रूषा देखके प्रसन्न होयके परशुराम कहते हैं ॥ ॥२३०॥ हे जयशर्मा ! तू सब शिष्योंमें बडा श्रेष्ठ है इसवास्ते तेरेकूं मैं अस्त्रविद्याका उपदेश करता हूं ॥ २३१ ॥ शुद्ध अंतःकरणसे गंडकी नदीमें स्नानकर । ऐसा रामका वचन सुनके भक्तिसे स्नान करके ॥ २३२ ॥ शमी दर्भ हाथमें लेके रामके पास आयके खडा रहा तब राम कहते हैं हे जयशर्म्मा ! तेरी सेवासे मैं प्रसन्न हुवा हूं ॥२३६॥ और सब वेद तो पहिले दधीचिके आश्रममें बाल अवस्थामें तुझने पाठ कियें हैं अब जो बडा धनुर्वेद है सो मेरी शक्तिसे ग्रहणकर ॥ २३४ ॥ कारण ऋषिके दोनों कृत्य हैं अपराधीकूं शापदेके दंड देवे अगर बाणसे शिक्षा करे आगे चारोंवेद और पीछे जिनके धनुर्बाण ऐसे ब्राह्मण प्रतापी हैं ॥ २३५ ॥ इस वास्ते तेरेकूं धनुर्विद्या कहता हूं ऐसा कहके विद्या दियी जयशर्माने रामकी आज्ञासे सब विद्या ग्रहण करी ॥ २३६ ॥ बडे पराक्रमी बाणभी देके पीछे

गृहीत्वा जयशर्माणं प्रभासं पुनरागमत् ॥ २३७ ॥ स्थितः सरस्वतीतीरे मध्याह्ने घर्मपीडितः ॥ उवाच जयशर्माणं निद्रया पीडितो हरिः ॥ २३८ ॥ राम उवाच ॥ सरस्वत्यास्तटे शीते उत्संगे च तवोत्तमे ॥ स्वपामि घर्मजां पीडां शमयामि मतिर्मम ॥ २३९ ॥ सधनुष्कोथ सशरो मम हस्तो निषेव्यताम् ॥ ममनिद्राविभंगं तु मा कुरुष्व ममाज्ञया ॥ ॥२४०॥ निद्राभंगकरो यस्तु स वध्यो नात्र संशयः ॥ रामोक्तं स तदाकर्ण्य तथेत्योमिति तद्वचः ॥ २४१ ॥ प्रतिगृह्य तटे गत्वा रामो निद्रावशं ययौ ॥ उत्संगे च शिरः कृत्वा दत्त्वा च सशरं धनुः ॥ २४२ ॥ रामोप्यतितरां प्राप्तः सुषुप्तिं कोष्णपीडितः ॥ रामे निद्रावशं प्राप्ते जयसेनश्च स्वात्मनि ॥ २४३॥ विचारयामास तदा विद्यायाश्च परीक्षणम् ॥ भावयित्वा तदा राजा विधिना सुविमोहितः ॥२४४॥ शस्त्रास्त्रं प्रकटीकृत्यबाणं धनुषि संदधे ॥ संधायमाने शस्त्रे च ब्राह्मे शैवे सवैष्णवे २४५॥ इन्द्रादयो भयोद्विग्नाश्चिंतामापुर्दुरत्ययाम् ॥ देवर्षिस्तत्र चागत्य वृत्तान्तं जयशर्मणः ॥ २४६ ॥ इंद्राय कथयामास

जयशर्माकूं लेके प्रभास क्षेत्रमें आये ॥ २३७ ॥ सरस्वती नदीके तट ऊपर बैठें मध्याह्नकालके सूर्य किरणके तापसे पीडित भये तब परशुराम जयशर्माकूं कहने लगे ॥२३८॥ हे शिष्य ! छायाकी जगहमें तेरे उत्संग ऊपर मस्तम रखके निद्रा करता हूं बहुत ताप होरहा है तो शांत होवेगा ॥२३९॥ धनुषमें बाण करके सज्ज होके बैठ मेरी निद्राभंग करो मत ॥२४०॥ जो कोई मेरी निद्राभंग करेगा वो हमारे हाथसे मरण पावेगा ऐसा रामका वचन सुनते तथास्तु कहके ॥ २४१ ॥ वचन स्वीकार किया सरस्वतीके शीतलतट ऊपर जायके अपने धनुर्बाण शिष्यकूं देके उत्संगके ऊपर मस्तक रखके निद्रावश भये ॥ २४२ ॥ परशुरामकूं जब बहुत निद्रा आई तब जयसेन मनमें विचार करने लगा कि धनुर्विद्याकी परीक्षा करना ऐसा मनमें लाया होनहार भविष्य बलवान् है उसके लिये ॥ २४३ ॥ २४४ ॥ शस्त्रास्त्र प्रकट करके ब्रह्मास्त्र शैवास्त्र वैष्णवास्त्र तीनों धनुषके ऊपर चढाये ॥ २४५ ॥ तब इंद्रादिक देवता उस तापसे बडे व्याकुल भये चिंता करने लगे इतनेमें नारदजी वहां आयके जयशर्म्माका वृत्तांत ॥ २४६ ॥ आद्यंत इंद्रकूं कह्या इन्द्र

चोत्पत्त्याद्यन्तपूर्वकम्॥नारदात्तत्प्रभावं वै श्रुत्वा देवान् वचोऽब्रवीत् ॥ २४७॥ इंद्र उवाच ॥ ॥ क्षत्रवंशसमुद्भूतो विप्रवेषेण गोपितः ॥ परशुरामस्य कृपया मन्यते तृणवज्जगत् ॥ २४८ ॥ गुरुभक्तिपरो नित्यं तस्य विघ्नं कथं भवेत् ॥ एवं विचार्य मनसि किं कर्तव्यं क्षणांतरे ॥ २४९ ॥ अस्त्रशस्त्रौघहानिः स्यान्निद्राभङ्गश्च भार्गवे ॥ रामे तु जागृते चैव ज्ञाते क्षत्रियनंदनम् ॥ २५० ॥ वधिष्यति न संदेह इति मद्भावितं भवेत्॥इत्थं विचार्य इंद्रोऽपि गतो रामस्य सन्निधिम् ॥१५१॥ भ्रामरं रूपमास्थाय धरित्र्यां प्रविवेश ह ॥ येन केन प्रकारेण रामो निद्रां परित्यजेत् ॥ २५२ ॥ उत्संगं जयसेनस्य दष्टं चातिविषाग्निना ॥ दष्टोत्संगे तदा धैर्यान्न चचाल तदा नृपः ॥ २५३ ॥ केनचिज्जंतुना चैव उत्संगो दंशितो मम ॥ मयि चेच्चलिते जाते निद्राभंगो भविष्यति ॥ २५४ ॥ एवं कृत्वा महाबाहुर्निश्चलोऽथ जडाकृतिः ॥ स्थितश्चास्त्राणि त्यक्त्वाशु वेदनामभजत्तदा ॥२५५॥ भ्रमरश्च तदोत्संगं भित्त्वा च रुधिराप्लुतम्॥भार्गवस्य च कर्णोपि दष्टः स च तदा लघुः॥२५६॥

जयशर्म्माका प्रताप सुनके देवतावोंकूं कहताहै ॥ २४७ ॥ अहोदेव हो क्षत्रियकुलमें उत्पन्न होके ब्राह्मणके वेशसे गुप्त होके रह्याहै और परशुरामकी कृपासे सब जगतकूं तृणसरीखा गिनता है ॥ २४८ ॥ गुरुकी सेवामें तत्पर रहताहै इसकूं विघ्न कैसा होवेगा अपने क्या उपाय करना ॥ २४९ ॥ जो परशुरामकी निद्रा भंग होवे तो शस्त्रास्त्रका नाश होवेगा और इसकूं क्षात्रियपुत्र जानेंगे ॥ २५० ॥ तो तत्काल मारेंगे तो अपना काम होवेगा ऐसा विचार करके इंद्रभी परशुरामके नजदीक गया ॥ २५१॥ भमरेका रूप लेके पृथ्वीमें प्रवेश करके परशुराम जैसे जागे वैसा॥२५२॥ जयसेनके उत्संगकूं बडे विषसे दंशलिया तब जयसेनने दुःख तो बहुत किया परंतु धैर्य रखके चंचल नहीं भया ॥ २५३ ॥ कोई कीडा मेरेकूं काटताहै मैं चलायमान हुवा तो गुरुकी निद्रा भंग होवेगी ॥ २५४ ॥ ऐसा जानके शस्त्रास्त्रकूं त्याग करके रह्या ॥ २५५ ॥ भ्रमरने जयसेनके उत्संगकूं दंशकरके रुधिरकी धारा चलरही है

तेनोत्थितस्तदा रामोऽप्यसहन्कर्णपीवरम् ॥ राममुत्थितमालोक्य स्वर्पतिः स्वर्गमास्थितः ॥ २५७ ॥ दृष्टं तत्क्षत्रियेंद्रस्य गुरुजागृतिरूपकम् ॥ महत्कर्मेदमुद्भूतं शापदोषो भविष्यति॥२५८॥रामोऽपि जयशर्माणमुवाच ललितं वचः॥ ॥ राम उवाच ॥ ॥ केन मे कर्णपीडा च निद्रात्यागश्च केन च ॥ २५९ ॥ कृतस्तद्वद भो विप्र नो चेच्छापं ददामि ते ॥ इति रामवचः श्रुत्वा जयशर्मा द्विजाकृतिः ॥ २६० ॥ उवाच वचनं सत्यं रामायामिततेजसे ॥ ॥ जयसेन उवाच ॥ ॥ स्वामिनिद्रावसाने तु मया तु विकृतः कृतः ॥ २६१ ॥ अस्त्रविद्या मया त्यक्ता लोकलोकाहले परा ॥ तदाहमुत्संगतल दष्टः केन विषाग्निना ॥ २६२ ॥ तेनैव स्फोटितोत्संगोगतं च रुधिरं बहु ॥ ममोत्संगाग्निना कर्णे पीडा जाता तव प्रभो ॥२६३॥ तेन त्वया त्याजिता च निद्रा मे त्वं क्षमाकुरु॥ इति तस्य वचः श्रुत्वा विलोक्य रुधिरं बहु ॥ २६४ ॥ धैर्यं तस्य च तज्ज्ञात्वा नायं विप्रोहि मन्यते ॥ यथा विप्रस्य रुधिरं न तथा क्षत्रियस्य च ॥२६५॥ विप्रस्य रुधिरं शीत-

पीछे थोडाक रामके कर्णकूं काट खडा रह्या ॥ २५७ ॥ और कहने लगा कि गुरु जागृत हुवेहैं अच्छा हुवा अब शाप होवेगा ॥ २५८ ॥ रामभी जागृत होके जयशर्म्माकूं कहतेहैं हे शिष्य ! मेरे कानकूं पीडा और निद्राभंग किसने किया सो कह ॥ २५९ ॥ नहीं तो शाप देऊंगा ऐसा रामका वचन सुनते जयशर्मा कहताहै हे स्वामिन् आपको निद्रा आई उस बखत एक विचार मैंने किया ॥ २६० ॥ १६१ ॥ अस्त्रविद्या मैंने छोडी तब लोकमें बडी गडबड होनेलगी इतनेमें कोई जंतूने मेरे उत्संगकूं नीचेसे दंश किया ॥ २६२ ॥ उसमें मेरा उत्संग फूटा रुधिर बहुत गया वो उत्संगकी गरमीसे आपके कर्णकूं पीडा हुई होवेगी ॥ २६३ ॥ उससे आपने निद्रा त्याग किये मेरा अपराध क्षमा करो ऐसा जयशर्म्माका वचन सुनके और रुधिरस्राव भी बहुत हुवाहै सो देखके ॥ २६४ ॥ उसका धैर्य देखके मनमें विचारकिया कि यह ब्राह्मण नहीं दीखता जैसा ब्राह्मणका रुधिर रहताहै वैसा क्षत्रियका नहीं है ॥ २६५ ॥ ब्राह्मणका रुधिर शीतल रहताहै

मुष्णं क्षत्रकुलस्य च ॥ रक्तं रक्तात्परं धैर्यं को विप्रो धैर्यवा-न्भवेत् ॥ २६६ ॥ इत्थं विचार्य तज्ज्ञात्वा प्रोवाच जयसेन-कम् ॥ ॥ राम उवाच ॥ ॥ कस्त्वं क्षत्रियदायाद निद्राभं-गस्त्वयाकृतः ॥ २६७ ॥ धैर्येण महता त्वं हि ह्यशत्रौ तान् धुनक्षि च ॥ ममाज्ञामथ चोल्लंघ्य कृतं कर्म महत्तरम् ॥ २६८ ॥ वद सत्यं तु विप्रो वा क्षत्रियो वा कथं वद ॥ एत-द्रामवचः श्रुत्वा सशरो जातवेपथुः ॥ २६९ ॥ उवाच रामं शरणे सर्वं त्वं वेत्सि भार्गव ॥ मारणे तारणे दक्षस्त्वदधीनो-स्म्यहं मुने ॥ २७० ॥ ब्राह्मणत्वं दधीचेश्च क्षत्रियो विषया-त्तव ॥ ब्रह्मक्षत्रोस्म्यहं जातो यथेच्छसि तथा कुरु ॥ २७१ ॥ एवं रामेण तद्वाक्यं श्रुतं तद्धैर्यमादरात् ॥ ज्ञातोऽयं क्षत्रियः शुभ्रो मारयेऽहं सुतं यदि ॥ २७२ ॥ तर्हि येनापि वेदाश्च अधीता ब्राह्मणो भवेत् ॥ हनने ब्रह्महत्यास्याद्रक्षणे चाप्रति-ज्ञता ॥ २७३ ॥ कर्तव्यं चोभयं तत्र भवेल्लोके विपूज्यता ॥

क्षत्रियका उष्ण रहता है इसवास्ते एकतो इसका रुधिर उष्ण दूसरा धैर्य इसवास्ते यह ब्राह्मण न होवे ॥२६६॥ ऐसा जानके राम कहते हैं अरे तू कौन क्षत्रियपुत्र है मेरा निद्राभंग किया ॥ २६७ ॥ धैर्य तेरा बडा है और शत्रुविना शस्त्रविद्या चलाई मेरी आज्ञा उल्लंघन करी बडा महत्कर्म किया ॥२६८॥ इसवास्ते तू ब्राह्मण है सो सत्य बोल । ऐसा रामका वचन सुनते कंपायमान होयके ॥२६९॥ कहने लगा हे राम ! तुम सब जानते हो तुम्हारे शरण आयाहूं तुम मारो या तारो तुम्हारे आधीन हूं ॥ २७० ॥ दधीचिसे ब्राह्मण हूं और तुम्हारे उपदेशकर्मसे क्षत्रिय भया इसवास्ते मैं ब्रह्मक्षत्र भया आगे तुम्हारी इच्छामें आवे वैसा करो ॥ २७१ ॥ ऐसा जयशर्माका वचन सुनके रामने जान लिया कि यह क्षत्रियबालक है ॥ २७२ ॥ जो कभी इसकूं मारताहूं तो वेदशास्त्राध्ययन किया है ब्राह्मण हुवा मारनेसे ब्रह्महत्या होवेगी और जो रक्षण करताहूं तो मेरी प्रतिज्ञा भंग होती है ॥ २७३ ॥ दोनों वात कैसे होवे मेरेसे इसकूं अस्त्रविद्याप्राप्त भई है सो मरेगा क्या मरनेका नहीं ॥२७४॥

मत्तः प्राप्तास्त्रविवरो मृत्युं किं प्राप्नुतेऽधुना ॥२७४॥ शस्त्रास्त्र-विफले शापो दीयतां मा विलंबितम् ॥ राम उवाच ॥ गुप्तो ज्ञातिवधेनैव मृत्युभीतो द्विजोऽभवत् ॥ २७५ ॥ मारये तर्हि दासस्त्वं शृणु त्वं शापकारणम् ॥ मत्तः प्राप्तास्त्रविद्या या निष्फलास्ता भवंति ते ॥ २७६ ॥ ब्रह्मक्षत्रियनाम्ना हि विच-रस्व यथासुखम् ॥ इति रामस्य तच्छापं श्रुत्वा च जयसेनकः ॥ २७७ ॥ ननाम चरणौ तस्य प्रार्थयामास दुःखितः ॥ तव सेवाफलं राम किं मां दुःखतरं भवेत् ॥ २७८ ॥ ममास्त्र-विद्यानाशे च देहनाशं करोम्यहम् ॥ किं जीविते क्षत्रियाणा-मतस्त्वं जहि माद्रुतम् ॥ २७९ ॥ राम उवाच ॥ माभैषीर्भूप सहसा कथंचिन्मच्छापरूपं विफलं न तद्भवेत् ॥ अहं हि यास्यामि महेंद्रपर्वते त्वं पृच्छतामाशु ऋषिं दधीचिम् ॥ ॥ २८० ॥ सारस्वतात्प्राप्तवेदोऽसि च त्वं मत्तः प्राप्तः शस्त्र-विद्यासमूहम् ॥ जातो लोके ब्रह्मक्षत्रस्य मूलं दधीचिस्त्वां वक्ष्यते मूलमंत्रम् ॥ २८१ ॥ इत्युक्त्वा च गते रामे जयसे-

इसवास्ते विद्या निष्फल हो ऐसा जलदी शाप दिया चाहिये।राम कहते हैं जयशर्मा ज्ञातिवधके निमित्तसे गुप्त रहा और प्रत्यक्ष मृत्युके भयके लिये ब्राह्मण भया॥२७५॥ जो अब तेरेकूं मारताहूं तो मेरा दास है इसवास्ते शाप देताहूं कि मेरे पास जितनी शस्त्रविद्या पढी सो निष्फल होवेगी ॥ २७६ ॥ और ब्रह्मक्षत्रिय नामसे जगतमें फिरो ऐसा रामका शाप सुनके जयसेन ॥ २७७ ॥ साष्टांग नमस्कार करके प्रार्थना करने लगा हे राम ! तुम्हारी सेवाका फल क्या दुःखरूप होवेगा ? ॥ २७८ ॥ मेरी अस्त्रविद्या जो नाश पाई तो मैं देहत्याग करूंगा क्षत्रियोंकूं अस्त्र बिना जीना व्यर्थ है इसवास्ते मरकू भो मारो ॥२७९॥तब राम कहते हैं हे राजन् !तू भयभीत होवे मत मेरा शाप तो कुछ मिथ्या होवेगा नहीं इसवास्ते दधीचिके पास जाव॥२८०॥ इनसे तेरेकूं वेदविद्या प्राप्त भईहै और मेरेसे शस्त्रविद्याप्राप्तभई इसवास्ते लोकमें ब्रह्मक्षत्रजाति कर मूल तू भया है और दधीचि तेरेकूं मूलमंत्र कहेंगे ॥२८१॥ ऐसा कहके राम तो

नाथ गंडकीम् ॥ मर्त्तुकामोऽभ्यगात्तत्र गौतमस्तमथाब्रवीत् ॥ २८२ ॥ उत्तिष्ठ नृपशार्दूले गच्छ सारस्वतं प्रति ॥ स ते मनोगतां विद्यामुपदेक्ष्यति निश्चितम् ॥ २८३ ॥ तेन मंत्रप्रभावेण ब्रह्मक्षत्राह्वयं पदम् ॥ प्राप्स्यसि त्वं सदा लोके बंधुना सहितः परः ॥ १८४ ॥ एतावदुक्त्वा वचनं गृहीत्वा तं करेण च ॥ गौतमस्तु दधीचिश्च प्राप्तवान् ऋषिसंसदि ॥ २८५ ॥ स गौतमं नृपं दृष्ट्वा दधीचिर्वाक्यमब्रवीत् ॥ कच्चित्ते नाम सुस्वस्ति चिराद्दृष्टोऽसि पुत्रक ॥ २८६ ॥ मुखकांत्या तवैवात्र दुर्मना इव लक्ष्यसे ॥ २८७ ॥ श्रुत्वा दधीचेर्वचनं स राजा दुःखेन युक्तो वचनं च सादरम् ॥ उवाच शापं भृगुवंशकेतोर्वनांतरे यत्कृतकर्मगर्ह्यम् ॥ २८८ ॥ एतस्मिन्नंतरे काले बंधवः समुपागताः ॥ ऋषीणां पश्यतां तत्र प्रोवाच मधुरं वचः ॥ भ्रातॄणां पश्यतां चापि दधीचिं ऋषिसत्तमम् ॥ २८९ ॥ जयसेन उवाच ॥ किं जीवितं क्षत्रियाणां बंधूनां परिशोचताम् ॥ भार्गवात्प्राप्तविद्योऽहं तस्माच्छापमवाप्तवान् ॥ २९० ॥ अतो ब्रह्मसुतातीरे

महेंद्रपर्वतके ऊपर चलेगये और जयसेन देहत्याग करनेके वास्ते गंडकी नदी ऊपर आया तब गौतम ऋषि कहतेहैं ॥२८१॥ अरे हे नृप! काहेके वास्ते देहत्याग करता है सारस्वतदधीचके पास जावो तेरे मनकी इच्छा पूर्ण करेंगे उनके मंत्रप्रतापसे तेरे बंधु सहवर्तमान जगत्में ब्रह्मक्षात्रिय पदवीकूं पावेगा ॥ ॥२८२–२८४॥ ऐसा कहके जयसेनका हाथ धरके गौतम ऋषि दधीचि ऋषिके पास आये ॥२८५॥ तब गौतम सहित जयसेनकूं देखके दधीच पूछते हैं हे जयसेन! पुत्र तू कुशल तो है बहुत दिन गये बाद आज तेरेकूं देखा ॥ २८६ ॥ तू उदास काहेसे दीखताहै सो मेरेकूं कहो ॥ २८७ ॥ तब जयसेनने परशुरामका जो शाप भया वो सब वृत्तांत वर्णन किया इतनेमें चारों भाई आये ॥ २८८ ॥ चारों भाई अब सब ऋषि देखते हैं उनके सामने सारस्वतदधीचकूं मधुरतासे जयसेन कहताहै ॥२८९॥ हे ऋषि! जिसके भाईबंद शोक करते होवें उसका जीना व्यर्थ है रागसे शस्त्रविद्या मिली फिर उन्होंकाही शाप हुवा ॥२९०॥ इसवास्ते सर-

प्राणांस्त्यक्ष्यामि निश्चितम् ॥ इति तद्वचनं श्रुत्वा दधीचिस्तमुवाच ह ॥२९१॥ शृणु त्वं मम वाक्यं हि माकार्षीः साहसं च तत् ॥ पुरोहितमृषिं कंचित्कुरुष्व नृपनन्दन ॥२९२॥ पुरोहिते कृते पश्चाज्जपसिद्धिर्भविष्यति ॥ विना पुरोहितेनापि मंत्रसिद्धिर्न वै भवेत् ॥ २९३ ॥ पुरोहितः कथं भाव्यो वेत्ता भूतभविष्ययोः ॥ शापानुग्रहकारश्च स पुरोहित उच्यते ॥ २९४ ॥ अतस्त्वं त्वरया राजन् पुरोहितमुपाव्रज ॥ तदुक्तवचनं श्रुत्वा राजोवाच तदा ऋषिम् ॥२९५॥ एतत्तवैव सकलं तस्मात्त्वं मे गुरुर्भव ॥ त्वं पिता त्वं च जननी पालितःपोषितस्त्वया ॥२९६॥ त्वया चाध्यापिता वेदाः पौरोहित्यं कुरुष्व ह ॥ ॥ दधीचिरुवाच ॥ ॥ पौरोहित्यं क्षत्रियस्य तथा कर्तुं न शक्यते ॥२९७॥ यजमानस्य यत्पापं तत्पापं तु पुरोहिते ॥ यदि त्वदिच्छा स्याच्चेद्वै तर्ह्येकं शृणु मद्वचः ॥ ॥२९८॥ मद्वंशजो द्विजः कश्चित्त्वद्वंशः क्षत्रनंदनः ॥ तेन्योन्यं तु गुरुत्वेपि तथैव यजमानके ॥ २९९ ॥ कुर्वंति चेद्विदा

स्वती नदीके किनारे निश्चय करके प्राणत्याग करताहूं ऐसा वचन सुनते दधीच कहते हैं ॥ २९२ ॥ हे जयसेन ! ऐसा साहस कर्म मत करो मेरा वचन श्रवणकर और एक पुरोहित कर ॥ २९२ ॥ पुरोहित करनेसे जपसिद्धि होवेगी गुरुबिना मंत्रसिद्धि होती नहीं है ॥ २९३ ॥ पुरोहित कैसा चाहिये जो भूत भविष्य वर्तमानकालकूं जाने और शाप देनेकूं अनुग्रह करनेकूं जो समर्थ उसकूं पुरोहित करना ॥ २९४ ॥ इसवास्ते हे राजा ! अब जलदी तू पुरोहित कर तब राजा सारस्वतदधीचकूं कहते हैं ॥ २९५ ॥ हे ऋषि ! यह पौरोहित्य आपही करो मेरे गुरु हो माता पिता तुम हो पालन पोषण तुमने हमारा किया है ॥ २९६ ॥ वेद तुमने पढाया है इसवास्ते पौरोहित्य तुम्ही करो तब सारस्वतदधीच ऋषि कहते हैं हे नृप! क्षत्रियका पौरोहित्य करना उत्तम नहीं है ॥२९७॥काहेसे कि यजमानका जो पाप वह पुरोहितकूं होताहै परंतु तेरी जो ऐसी इच्छा है सो मेरा एक वचन सुन॥२९८॥मेरे वंशका कोईभी ब्राह्मण और तेरे वंशका कोई भी क्षत्रिय वो परस्पर गुरु यजमानके भावसे रहना॥२९९॥और जो कभी भेद

भेदं ते वै निरयगामिनः ॥ तद्वंशब्रह्मक्षत्रो वा तथा सारस्वताह्वकः ॥ ३०० ॥ एकीकृत्य चरिष्यंति मद्वाक्यं नान्यथा भवेत्॥सारस्वतस्य वंशस्य पदपूजापरो यदि ॥३०१॥ भविष्यति च राजेन्द्र करिष्यामि गुरुव्रतम् ॥ एतद्वाक्यं तदाकर्ण्य हर्षेणोवाच तं नृपः॥३०२॥ त्वद्वाक्यमन्यथा कर्तुं कश्चिन्मद्वंशजो नृपः ॥ कर्म कुर्याद्विहाय त्वां तस्य वंशक्षयो भवेत् ॥ ॥३०३॥ पातालः स्वर्गतां यातु पृथिवी जलरूपताम्॥शेषोऽपि रज्जुतां यातु मद्वाक्यं नान्यथा भवेत् ॥३०४॥ अतस्त्वं मम वंशे च भार्गवे ब्रह्मक्षत्रजे ॥ पौरोहित्यं सुखेनाशु कुरुष्व सुसमाहितः ॥ ३०५ ॥ ॥ दधीचिरुवाच ॥ ॥ त्वद्वाक्यसत्येन सुपूजितोऽहं मद्वाक्यसत्येन सुपूजितस्त्वम् ॥ अद्यैवमारभ्य दिनानि यावत्पुरोहितोऽहं तव संप्रवृत्तः ॥ ३०६ ॥ त्वं राजन् हिंगुलां दीक्षां गृह्णीष्व नृपनंदन ॥ महामंत्रं विना राजन् हिंगुले दर्शनं न हि ॥३०७॥ भवतीति प्रयत्नेन उपोष्याराधनं कुरु ॥ इत्युक्त्वा तां ददौ विद्यां द्वात्रिंशदक्षरां च तान् ॥ ३०८ ॥ हिंगुलादीक्षामंत्रः ॥ ॐ हिंगुले परमहिंगुले अमृतरूपिणि तनुश-

रखेंगे तो नर्कवासी होवेंगे तेरे वंशके जो ब्रह्मक्षत्रिय और मेरे वंशके जो सारस्वत-दधीच ॥ ३०० ॥ यह दोनों एक मिलकर रहना मेरे वचनकूं उलंघन करना नहीं सारस्वत ब्राह्मणके पादपूजामें जो तत्पर रहेंगे तो मैं पौरोहित्य करताहूं ऐसा ऋषिका वचन सुनते बडे हर्षसे जयसेन राजा कहता है हे ऋषि ! मेरे वंशका कोई भी राजा तुम्हारे वंशस्थ पुरोहितकूं त्याग करके जो कर्म करेंगे तो उन्होंका वंशक्षय होवेगा ॥ ३०१–३०३ ॥ एकवखत न होनेकी बात होवे पातालस्वर्गमें जायके बैठे पृथ्वी जलरूप होजावे शेष सूत्रतंतु सरीखा होजावे परन्तु मेरा वचन कभी मिथ्या होनेका नहीं ॥ ३०४ ॥ इसवास्ते यह ब्रह्मक्षत्र जो भार्गववंश है उसमें आप सुखसे पौरोहित्य करो ॥ ३०५ ॥ सारस्वतदधीच कहते हैं हे राजा ! तेरे सत्यवचनसे मैं पूजित हुवा और मेरे वाक्य सत्यसे तूं पूर्ण हुवा इसवास्ते आजरोजसे कल्पांतपर्यंत तेरा पुरोहितभया ॥ ३०६ ॥ अब तू हिंगुलादेवीकी दीक्षा लेवो महामन्त्र बिना देवीके दर्शन होनेके नहीं ॥ ३०७ ॥ इसवास्ते उपोषण करके मंत्राराधन कर ऐसा कहके बत्तीस अक्षरात्मक ॐ हिंगुले परमाहिंगुले अमृतरूपि-

क्तिमनःशिवे श्रीहिंगुलायै नमः स्वाहा ॥ एवं तान् दीक्षितान् सर्वान् गृहीत्वा ऋषिसत्तमः ॥३०९॥ जगाम हिंगुलाक्षेत्रं देवी-दर्शनकाम्यया ॥ ऋषिभिः सहितास्ते वै तेपुस्तत्रमहत्तपः ॥ ॥ ३१० ॥ एवं समाराधयतां द्वादशाब्दव्यतिक्रमात् ॥ परि-तुष्टा जगन्माता प्रत्यक्षं प्राह हिंगुला ॥३११॥ ॥ श्रीहिंगु-लोवाच ॥ ॥ प्रसन्नाहं शृणुध्वं वो वरान् कामपरायणान् ॥ ॥ जयसेन उवाच ॥ शस्त्रविद्या विनष्टा मे भार्गवस्य च शापतः ॥ ३१२ ॥ तस्मादंब कृपां कृत्वा शस्त्रास्त्राणि प्रदीय-ताम ॥ ॥ देव्युवाच ॥ ॥ भार्गवस्य च शापो हि अन्यथा स कथं भवेत् ॥३१३॥ तथापि कथयिष्यामि हितं तव मही-पते ॥ नग्नो भव महीपाल बंधुभिः सहितः शुचिः ॥३१४॥ मुष्टिं बद्ध्वा पुष्पफलैः शरण्ये भगरूपके॥ प्रविश्य च सुपुण्ये-न मद्भगे पूजनं कुरु ॥३१५॥ इदं भगं मत्स्वरूपं रामेण पूजितं पुरा ॥ मद्योनिगस्तु पुरुषो मातृयोनौ न गच्छति ॥ ३१६ ॥ एतस्माद्वर्षसाहस्रं बंधुभिः परिवारितः ॥ राज्यं कुरु महाराज नगरस्थानजं शुभम् ॥ ३१७ ॥ इमान् सारस्वतान् विप्रान्

णि तनुशक्तिमनःशिवे श्रीहिंगुलायै नमः स्वाहा यह मंत्रविद्याका उपदेश पांचों पुत्रोंकूं किया पीछे उन सबोंकूं लेके ऋषि ॥ ३०८ ॥ ३०९ ॥ हिंगुलाक्षेत्रमें आये सब तपश्चर्या करने लगे ॥ ३१० ॥ जब बारहबरस हुवे तब देवी प्रत्यक्ष होके कहने लगी ॥ ३११ ॥ हे क्षत्रिय ! मनेप्सित वरदान मांगो जयसेन कहता है हे देवी ! परशुरामके शापसे मेरी शस्त्रविद्या नष्ट होगई है ॥ ३१२ ॥ सो तुम कृपा-करके शस्त्रास्त्र देवो हिंगुला कहती है हे नृप ! परशुरामका शाप तो मिथ्या होनेका नहीं ॥ ३१३ ॥ तथापि तेरा हित कहती हूं सुन हे राजा ! तेरे बंधुसहव-र्तमान नग्न होयके पवित्रतासे ॥ ३१४ ॥ हाथमें फलपुष्पकी मुठी बांधके भगरूपी मेरे स्थानमें प्रवेश करके पूजा कर ॥ ३१५ ॥ यह भगस्थान मेरा स्वरूप है जो मेरी योनिमें आया उसकूं पुनर्जन्म होता नहीं ॥ ३१६ ॥ इस पूजाके प्रतापसे बंधुसहवर्तमान हजार वर्षपर्यंत नगरस्थानका राज्य कर ॥ ३१७ ॥ सारस्वत

पूजयस्व ममाज्ञया ॥ ब्राह्मणस्य यथा कर्म यथा वै क्षत्रियस्य च ॥३१८॥ ब्रह्मक्षत्रस्य यत्कर्म चाथर्वणविधिं चर ॥ त्वद्वंशे कुशमाताहं जाता वृद्धिफलप्रदा ॥३१९॥ मत्पूजा शारदी चैव होमविप्राग्नितर्पणैः॥कर्तव्या नियते काले मम संतोषकारिका ॥ ३२० ॥ मांसेन सुरया वापि पायसेन घृतेन वा ॥ पुत्रपौत्रधनादीनां लाभदा च भवाम्यहम् ॥ ३२१ ॥ मन्त्रस्य मम वै राजन्नृषिराथर्वणो महान् ॥ चतुर्भुजं त्रिनयनं स्मर त्वं नृपनंदन ॥ ३२२ ॥ तथैव तव वंशेषु मज्जन्मदिवसे क्वचित् ॥ विहर्षो नैव संतिष्ठेद्यदीच्छेच्छुभमात्मनः ॥ ३२३ ॥ अत ऊर्ध्वं च राजेंद्र राजानो दश भाविनः ॥ ते निरस्त्राः शस्त्रहीना विचरंतो महीतले ॥ ३२४ ॥ तदाहं विश्वकर्माणं प्रेरयाम्युपजीवने ॥ एतेषां मंत्रशस्त्राणि उपजीवनिकानि च ॥ ३२५ ॥ वदिष्यति तदा लोके तेन सौख्यं भविष्यति ॥ उत्तिष्ठ त्वं महाराज भ्रातृभिः परिवारितः ॥ ३२६ ॥ गच्छस्व नगरस्थाने राज्यं कुरु स्ववंशजम्॥एतावदुक्त्वा वचनं देवी चांतर्हिता तदा ॥ ३२७ ॥

ब्राह्मणोंकी पूजा कर और ब्राह्मणका जो कर्म और क्षत्रियका जो कर्म ॥ ३१८ ॥ वैसा ब्रह्मक्षत्रियका कर्म आर्थवणविधि आचरण करो तुम्हारे वंशमें कुलदेवी कुशमाता नामकी मैं फल देनेवाली हूं ॥ ३१९ ॥ शारदीनवरात्रमें दरबरसकूं मेरी पूजा करना होम करना ब्राह्मण भोजन करवाना ॥ ३२० ॥ मांस मदिरा दूधघृतसे मेरा संतोष किया तो उन्होंकूं पुत्रपौत्र धनका लाभ देनेवाली होऊंगी ॥३२१॥ हे राजा ! मेरे मंत्रकी देवता आथर्वण ऋषिहै त्रिनेत्र चतुर्भुजका तू ध्यान कर ॥३२२॥ और मेरे जन्मके दिन तेरे वंशमें जो पुरुष है उसने अपने कल्याणकी इच्छा होवे तो शोकातुर रहना नहीं ॥३२३॥तेरे उपरांत दशराजा होवेंगे वे वेदशास्त्रहीन भूमिमें फिरेंगे ॥ ३२४ ॥ तब तुम्हारे उपजीविकार्थ विश्वकर्माकूं भेजूंगी वो दशोंके उपजीविकार्थ शस्त्र होवेंगे ॥३२५॥ उनसे तुमको सुख होवेगा हे राजा ! उठ सबोंकूं लेके॥३२६॥ नगरस्थानमें जायके राज्य कर । इतना कहके देवी अंतर्धान भई॥३२७॥फिरऋषि-

तेपि सर्वे सऋषयो यात्रां कृत्वा यथाविधि ॥ नगरस्थानमागत्य राज्यं चक्रुः प्रहर्षिताः ॥ ३२८ ॥ अतः परं विवाहं वै चक्रुस्ते पंचभ्रातरः ॥ तद्वंशीयाः परां वृद्धिं प्राप्ताः कालेन भूयसा ॥ ३२९ ॥ षट्पंचाशद्देशजाताः कन्याः संजगृहुश्च ते॥ ततो बहुतिथे काले म्लेच्छैर्बर्बरजैर्यथा ॥ ३३० ॥ राज्यं हृतं बलेनैव तदा तद्वंशजा नृपाः॥बिदूरथादयः सर्वे सपुत्रपशुबांधवाः ॥ ३३१ ॥ ताडिता म्लेच्छवर्गैश्च आशापूर्णांबिकां ययुः ॥ तत्र द्वौ च महामुख्यौ श्रुतसेनविदूरथौ ॥ ३३२ ॥ देवीमाराधयंतौ द्वौ द्वादशाब्दमहर्निशम् ॥ परितुष्टा जगद्धात्री वचनं तौ प्रति द्विज ॥ ३३३ ॥ देव्युवाच ॥ ॥ भो भोः क्षत्रियदायादाः श्रूयतां पूर्वकारणम् ॥ जयसेनाय कथितं तद्वदाचरतां ध्रुवम् ॥३३४॥ ब्रह्मक्षत्रा भवंतो वै पूर्वं जाता ममाज्ञया ॥ न शस्त्राणि न चास्त्राणि प्रभवंति कदाचन ॥ ३३५ ॥ रामशापात्परे काले किं बाहू स्वस्य कारणम् ॥ इतितौ देविवाक्यं च श्रुत्वा दुःखेन चेष्टितम् ॥ ३३६ ॥ ऊचतुस्तौ पुनर्देवीम-

सहवर्तमान जयसेनादिक सब यथाविधि यात्रा करके नगरस्थानमें आयके राज्यकरनेलगे ॥ ३२८ ॥ पींछे पांचों भाइयोंने विवाह किया वंश वृद्धिंगत हुवा, छप्पन देशकी कन्या जिनोंने ग्रहण करी ऐसे बहुतकाल गये बाद बलूचिस्थानमें मुसलमानोंने बलात्कारसे ॥३२९॥३३०॥ नगरस्थानका राज्य छीन लिया तब जयसेनके वंशस्थ विदूरथादिक जो थे वोह अपने स्त्रीपुत्रादिकोंकूं लेके॥३३१॥आशापूर्णा देवीके नजदीक गये उन सबोंमें श्रुतसेन विदूरथ यह दोनों मुख्य थे ॥३३२॥ उन्होंने बारा वरस देवीका आराधन किया तब देवी प्रसन्न होयके कहती है॥३३३॥हे क्षत्रियपुत्र पूर्वका कारण सुनो जयसेनकूं मैंने जैसा कहाहै वैसा तुम आचरण करो ॥३३४॥ तुम ब्रह्मक्षत्रिय भयेहो अस्त्रशस्त्र तुमकूं प्रताप देनेके नहीं ॥ ३३५ ॥ रामके शापसे तुम्हारा पराक्रम तुम्हारा हाथ है तौ दुःखी होनेका क्या कारणहै तब वो दोनों बडे दुःखी होयके कहने लगे॥३३६॥ हे माता ! फिर हमारी जीविका कैसे चलेगी हम

स्मद्वृत्तिः कथं भवेत् ॥ न वयं क्षत्रधर्मं वै त्यजामः प्राणसं-कटे ॥ ३३७ ॥ कथं ब्रह्मपरं धर्मं योजनाध्यापनादिकम् ॥ न कुर्व इति तद्वाक्यं श्रुत्वा सा जगदंबिका ॥ ३३८ ॥ आहू-य विश्वकर्माणं वचनं चेदमब्रवीत् ॥ देव्युवाच॥ इमौ क्षत्रि-यदायादौ निरस्त्रौ शस्त्रसंयुतौ ॥ ३४९ ॥ अतोऽनयोर्जी-विकोपायं त्वं चिंतयमाचिरम् ॥ इति श्रुत्वा वचो देव्या विश्वकर्मा महीभृतौ ॥३४०॥ उवाचाऽऽनीयतां वत्सौ धनुर्बा-णादिकानि च ॥ तदा तद्वचनं श्रुत्वा पूजयित्वा प्रजापतिम् ॥३४१॥ धनुर्बाणं तथा खड्गं परशुं शक्तिमेव च ॥ मुशलं च तथा कुंतं लांगलं च न्यवेदयत् ॥ ३४२ ॥ पुरतः स्थापयामास विश्वकर्मा समंत्रकम् ॥ पूजयित्वा तु शस्त्राणि उपजीव्यं पराणि च ॥ ३४३ ॥ अकरोद्विश्वकर्मा वै देवी-वाक्य प्रसादतः ॥ उपजीव्यपराण्येव अष्टशस्त्राणि चादरात् ॥ ३४४ ॥ अकरोत्त्वाष्ट्रशिल्पाय जीवनं जीविकां च सः धनुषा धनुषीकृत्वा बाणस्य शिल्पिनं तथा ॥ ३४५ ॥ ख-ड्गस्यारां च परशोर्नैतन्यां च तथाकरोत् ॥ मंथलो लांगल-स्यैव मुशलस्य वराख्यया ॥ ३४६ ॥ शक्त्या ऋक्षस्तथा

क्षात्रियधर्म छोडनेके नहीं ॥ ३३७ ॥ और दान प्रतिग्रह यज्ञ करवाना वेद पढवाना यह ब्रह्मवृत्तिभी करनेके नहीं। तब देवीने ॥ ३३८ ॥ विश्वकर्माकूं बुलायके कह्यो कि यह क्षात्रिय पुत्र हैं इनोंकूं शस्त्रविद्या नहीं है इसवास्ते उपजीविका दिखाव तब विश्वकर्मा देवीका वचन सुनके राजपुत्रकूं कहने लगे ॥ ३३९ ॥ ३४० ॥ हे पुत्र ! तुम धनुष्य बाण आदि करके सब शस्त्र लाव तब विश्वकर्माका वचन सुनके उनकी पूजा करके ॥ ३४१ ॥ धनुर्बाण तरवार फरसा शक्ति मूसल लोहांगी लांगल यह शस्त्र विश्वकर्माके सामने रख दिये ॥ ३४२ ॥ फिर विश्वकर्माने समंत्रक उन शस्त्रोंका स्थापन करके पूजा किये और जो ब्रह्म-क्षात्रियोंकी उपजीविका थी ॥ ३४३ ॥ वह आठ शस्त्रोंसे चलाई नाना प्रकारकी कारीगरीके काम करना शस्त्रोंका व्यापार करना पाषाणके ऊपर रत्न बनायके बेचना यह आदि लेके अनेक जो मेरे शास्त्रमें शिल्पविद्या है वह

चक्रे द्विधा कृत्कुंतलस्यच ॥ लक्षं वसु गां च तथा पत्रं केत-किसंभवम् ॥ ३४७ ॥ पाषाणस्तीक्ष्णशस्त्रेषु अग्निसंचरणे ददौ ॥ एतानि संघशस्तेन दत्तानि विश्वकर्मणा ॥ ३४८ ॥ ऋषीणां च पुरोभागे दत्त्वा चोवाच चांबिकाम् ॥ विश्वकर्मो-वाच ॥ क्षत्रियश्चार्षिसंसर्गाज्जातो मूर्द्धावसिक्तकः ॥ ३४९ ॥ ब्रह्मक्षत्रस्य धर्मे वै अधिकः स प्रकीर्तितः ॥ ३५० ॥ अश्वं रथं हस्तिनं च वाहनं तस्य तद्भवेत् ॥ अथवा काष्ठ-शिल्पं च शस्त्रैरेतैः प्रकल्प्यताम् ॥ ३५१ ॥ जीवनार्थं सदा कार्यो धान्यसंग्रह एव च ॥ जीवनार्थं सुसंगृह्य कर्तव्यं चोप-जीवनम् ॥३५२॥ अश्वं रथं गजं धेनुं तथा कन्यां च दासि काम् ॥ लाक्षारागोद्भवं कर्म परं मुद्रापकारकम् ॥३५३॥ घृतं क्षौद्रं तथा सर्वांस्तैलेन रहितान् रसान् ॥ धनुर्बाणं च शस्त्रं च तथा धातुमयं न च ॥३५४॥ स्वीकुर्याज्जीवनार्थां ब्रह्मक्ष त्रकुले परे ॥ इत्युक्त्वा विश्वकर्मा वै स्वर्गलोकमथागमत् ॥३५५॥ देव्युवाच ॥ ॥ वचनं श्रूयतां वत्स यदुक्तं विश्व-कर्मणा ॥ तदन्यथा च यः कुर्याद्भ्रश्यते च निजात्कुलात् ॥

उपजीविकार्थ होवेगी ऐसा कहके देवीकूं विश्वकर्मा कहते हैं यह क्षात्रिय ऋषिसंस-र्गसे उत्पन्न भया है सो मूर्द्धावसिक्त जाति भया ॥ ३४४-३४९ ॥ परन्तु ब्रह्मक्षत्र धर्ममें अधिक है अथर्वणका जो उपवेद विश्वकर्मा शास्त्र उससे जीविका और वो वेदसे नित्यनैमित्तिक सब वेदोक्त कर्म करना ॥३५०॥ घोडा हाथी रथ यह वाहन करना पूर्वोक्त शस्त्रोंसे लकडेका काम करना ॥ ३५१ ॥ अथ उपजीविका वास्ते धान्यका व्यापार करना ॥ ३५२ ॥ घोडा हाथी रथ गौ कन्या दासी इनका जीवि-कार्थ संग्रह करना लाखका रंग निकालके रंगना कपडेपर छापे डालना ॥ ३५३ ॥ घी शहत आदि लेके तेलबिना सब रस जीविकार्थ बेचना और सुन्न चांदीके छुरी तरवार, बंदूक, धनुर्बाण, यह शस्त्र पास रखके नौकरी करना निर्वाहवास्ते ऐसा कहके विश्वकर्मा स्वर्गमें गये ॥ ३५४ ॥ ३५५ ॥ देवी कहती हैं हे बालको ! विश्वकर्माने जो उपाय कहे हैं उनकूं जो छोडदेगा तो अपने कुलसे भ्रष्ट होवेगा ॥

॥ ३५६ ॥ इमे सारस्वता विप्रा ब्रह्मलभ्यादयान्वये ॥ एतेषां पूजनं चैव कर्तव्यं शुभमिच्छता ॥३५७॥ यथा विदूरथो वंशः श्रुतसेनस्तथा तव ॥ उभौ सत्यं ब्रह्मपराः क्षत्रधर्मं विदुः क्रमात् ॥३५८॥ युष्मत्पुत्रा महिष्यां वै जायंत इत उत्तरम् ॥ ते ते मद्भक्तियुक्ताश्च वसंतु स्वस्थलेषु च ॥ ३५९ ॥ एतावदुक्त्वा वचनं तत्रैवांतरधीयत ॥ ऋषिभिः सहितौ तौ च श्रुतसेन विदूरथौ ॥ ३६० ॥ जग्मतुः सहितौ ताभिर्योषिद्भिर्नगरं प्रति ॥ सुखेन तस्मिन्नगरराज्यं तौ वै शताब्दकम् ॥ ३६१ ॥ हृष्ट्वा पुत्रान्प्रवयसान्राज्ये स्थाप्य सुविस्तरे ॥ जग्मतुस्तावुभौ तस्मान्ननगराद्योषिदाज्ञया ॥ ३६२ ॥ हिंगुलां तौ ततो गत्वा कार्पटीयं व्रतं तथा ॥ चक्राते आत्मसंसिद्ध्यै काले लोकमवापतुः ॥ ३६३ ॥ निर्गते तु वने ताते सर्वे ते सुकुमारकाः ॥ किंचित्कालमथावासं चक्रुस्ते नगरांतरे ॥ ३६४ ॥ एतस्मिन्नेव काले तु बर्बरस्य बलं महत्॥ आगतं नगरं रोद्धुमितिज्ञात्वा विनिर्गताः ॥ ३६५ ॥ राजपुत्राः सपुत्राश्चसभार्याश्च समातृकाः ॥ यत्र यत्र सुखं जातं तं तं देशं च ते गताः ॥३६६॥ तद्देशाचारतः सर्वे जातास्ते सुकुमारकाः ॥ अंगवं-

॥३५६॥ अपने कल्याणके वास्ते यह सारस्वत ब्राह्मणोंकी पूजा करना ॥ ३५७ ॥ जैसा विदूरथका वंश वैसा श्रुतसेनका वंश ब्रह्मक्षत्री जानो ॥ ३५८ ॥ तुम्हारे आगे जो पुत्रादिक होवेंगे वे मेरे भक्त होवेंगे और जो हाल हैं सब मेरे ऊपर भावरखके अपने स्थलमें रहो ॥ ३५९ ॥ ऐसा कहके देवी अंतर्धान भई पीछे वो दोनोंजने ऋषि और स्त्रीबालक आदि सर्वोंकूं लेके अपने नगरमें गये सौ बरस सुखवास किया ॥ ३६० ॥ ३६१ ॥ पीछे प्रौढपुत्रोंकूं राज्य सौंप करके स्त्रियोंकी आज्ञा लेके ॥ ३६२ ॥ हिंगुलाक्षेत्रमें जायके कार्पटीका वेष लेके आत्मप्राप्ति होनेके वास्ते तप करते करते विदूरथ श्रुतसेन दोनों सालोक्य मुक्तिकूं पाये॥३६३॥ दोनोंके गये बाद सब पुत्र थोडेक वर्ष नगरस्थानमें रहे ॥ ३६४ ॥ इतनेमें बलूचिस्थानके म्लेच्छनकी सेना आई और नगरकूं रोक लिया सो देखके ॥ ३६५ ॥ अपने अपने स्त्रीपुत्र मातानकूं लेके जहां जहां सुख भया वो वो देशमें चले गये ॥ ३६६ ॥ और वो देशके आचार युक्त भये कितनेक अंगदेशमें कितनेक बंगा-

गादिके देशे स्थितास्ते तु पुरा परे ॥३६७॥ केचिच्छस्त्रपराः केचिच्छिल्पकारास्तथापरे ॥ धान्यविक्रयकाराश्च रसविक्रयकारकाः ॥ ३६८ ॥ सुखिनः संतु ते पुत्राः सुखिनः संतु ते शिवाः ॥ ब्रह्मक्षत्रान्वये जाता महाहर्षपरायणाः ॥ ३६९ ॥ एतद्वः समुपाख्यातं ब्रह्मक्षत्रकथानकम् ॥ तथा सारस्वतो वंशः श्रुत्वा कुलकरः परः ॥ ३७० ॥ अपुत्रो लभते पुत्रं निर्धनो धनवान्परः ॥ सर्वान्कामानवाप्नोनि ब्रह्मलोके महीयते ॥ ॥३७१॥ अथान्यं ब्रह्मक्षत्रियज्ञातिभेदमाह-हरिकृष्णः--तथान्यब्रह्मक्षत्रस्य ज्ञातिर्या दृश्यतेऽधुना ॥ सापि चोत्पत्तिभेदेन विज्ञेया द्विजसत्तमैः ॥ ३७२ ॥ तदुत्पत्तिप्रमाणे तु वाक्यानि संलिखाम्यहम् ॥ श्रीमद्भागवतोक्तानि सारभूतानि चादरात् ॥३७३॥ वैवस्वतमनोः पुत्रः पंचमो धृष्ट इत्यपि ॥ धृष्टाद्धार्ष्टमभूत्क्षत्रं ब्रह्मभूयं गतं क्षितौ ॥३७४॥ अन्यच्च ॥ मनोर्वैव-

लेमें आदिशब्द करके काशीप्रयागनिजाम हैद्राबाद, पंजाब गुजरात भरोच यह स्थानोंमें रहे ॥ ३६७ ॥ वहां जायके कितनेक शस्त्र हाथमें रखके राजाकी नौकरी करने लगे कितनेक तरह तरहकी धातु काष्ठोंकी जिन्नसा बनायके बेचनेका व्यवहार करने लगे कितनेक अनाजका व्यापार रसका व्यापार किनारी गोटेका व्यापार कपडेका व्यापार करनेलगे ॥ ३६८ ॥ सब सुखी भये हर्षसे निवास करते भये ॥ ३६९ ॥ हे शौनक ! तुमकूं ब्रह्मक्षात्रियका और दधीच सारस्वतका वंश कहा ॥३७०॥ जो कोई इस वृत्तांतकूं श्रवण करेगा तो अपुत्रकूं पुत्र निर्धनकूं धन और सब कामना प्राप्त होवेगी ब्रह्मगति होवेगी ॥ ३७१ ॥ अब और ब्रह्मक्षात्रियकी ज्ञातिभेद कहतेहैं पहिले जो जयसेन राजाके निमित्तसे ब्रह्मक्षात्रियोंकी उत्पत्ति कही वे क्षात्रियजाति गुर्जरसंप्रदायसे प्रसिद्धहैं तथा कहते उसी रीतिसे अन्या कहतेदूसरी भी ब्रह्मक्षत्रियज्ञाति इस कालमें जो नासिकपूना आदि नगरोंमें महाराष्ट्रादि संप्रदायसे दीख पडती हैं वो ज्ञाति उत्पत्तिके भेदसे ब्राह्मणोंने जानना ॥ ३७२ ॥ उस ज्ञातियोंके प्रमाणभूत श्रीमद्भागवतोक्त सारभूत वाक्य लिखता हूं ॥ २७३ ॥ वैवस्वतमनुका पांचवां पुत्र धृष्टनाम करके भया उससे धार्ष्टनाम करके क्षात्रियकुल ब्राह्मणत्वकूं पाया ॥ ३७४ ॥ प्रकरांतर वैवस्वतमनुका पुत्र नभग उसका पुत्र

स्वतः पौत्रो नाभाग इति विश्रुतः ॥ नाभागादंबरीषोऽभूद्वि-
रूपस्य रथीतरः ॥ ३७५ ॥ रथीतरस्याप्रजस्य भार्यायां तंतवे
र्थितः ॥ अंगिरा जनयामास ब्रह्मवर्चस्विनः सुतान् ॥३७६॥
एते क्षेत्रे प्रसूता वै पुनस्त्वांगिरसा स्मृताः ॥ रथीतराणां
वराः क्षेत्रोपेता द्विजातयः ॥ ३७७ ॥ अन्यच्च ॥ ययातेः पंच
पुत्राणां योंतिमः पुरुसंज्ञकः ॥ तमारभ्य क्षेमकांतं पुरुवंशः
प्रकीर्तितः ॥३७८॥ ब्रह्मक्षत्रस्य वै प्रोक्तो वंशो देवर्षिसत्कृतः ॥
क्षेमक प्राप्य राजानं संस्थां प्राप्स्यति वै कलौ ॥ ३७९ ॥
एवं पूर्वोक्तवंश्यानां स्थानतादात्म्ययोगतः ॥ अद्यापि व्यव-
ह्रीयंते ब्रह्मक्षत्रियभेदतः ॥ ३८० ॥

इति ब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्याये ब्रह्मक्षत्रियभेदवर्णनसहितं दधीचसार-
स्वतब्राह्मणज्ञातिवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ २५ ॥ पद्यसं० ३३३१

नाभाग, नाभागका अंबरीष पुत्र उसका पुत्र विरूप विरूपका रथीतर ॥ ३७५ ॥
रथीतरकूं जब पुत्र नहीं भया तब गुरुकी प्रार्थना किये तब अंगिराने रथीतरकी
भार्याके विषे पुत्र उत्पन्न किये ॥ ३७६ ॥ वे रथीतरोंके क्षेत्रमें पैदा भये सो क्षात्रिय
युक्त आंगिरसंब्राह्मण ज्ञाति भयी ॥ ३७७ ॥ तीसरा भेद ॥ ययातिराजाके पांच-
पुत्रोंमें जो कनिष्ठपुत्र पुरुराजा वहांसे आरंभ करके क्षेमकराजा पर्यंत पुरुवंश श्रीम-
द्भागवतमें कहाहै ॥ ३७८ ॥ वो ब्रह्मक्षत्रियका वंश देवऋषि जिनोंका सत्कार करे
वो वंश कलियुगमें क्षेमक राजातक चलेगा पीछे समाप्ति पावेगा ॥ ३७९ ॥ ऐसे
पूर्वोक्त जो तीन भेद कहे हैं उन्होंके स्थानादिकोंके तादात्म्यभावसे ब्रह्मक्षत्रिय
नामसे अद्यापि व्यवहार कररहे हैं सो जानना जहां जहां जिनोंका अंश मिलता
होवे वहां अपना भेद जानलेना ॥ ३८० ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडग्रन्थभाषामें ब्रह्मक्षत्रियोंकी उत्पत्तिसहित दधीचसारस्वत
ब्राह्मणोत्पत्ति वर्णन प्रकरण २५ संपूर्ण ॥

अथनर्मदोत्तरवासिसारस्वतब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् २६.

अथ नर्मदोत्तरवासिसारस्वतब्राह्मणोत्पत्तिप्रसंगमाह—उक्तं च महाभारते गदापर्वणि ॥ वैशंपायन उवाच ॥ यत्रेजिवानुडु-पती राजसूयेन भारत ॥ तस्मिंस्तीर्थे महानासीत्संग्रामस्तारकामयः ॥ १ ॥ तत्राप्युपस्पृश्य बलो दत्त्वा दानानि चात्मवान् ॥ सारस्वतस्य धर्मात्मा मुनेस्तीर्थं जगाम ह ॥ २ ॥ तत्र द्वादशवार्षिक्यामनावृष्ट्यां द्विजोत्तमान् ॥ वेदानध्यापयामास पुरा सारस्वतो मुनिः ॥ ३ ॥ ॥ जनमेजय उवाच ॥ कथं द्वादशवार्षिक्यामनावृष्ट्यां द्विजोत्तमान् ॥ वेदानध्यापयामास पुरा सारस्वतो मुनिः ॥ ४ ॥ ॥ वैशंपायन उवाच ॥ ॥ आसीत्पूर्वं महाराज मुनिर्धीमान्महातपाः ॥ दधीच इति विख्यातो ब्रह्मचारी जितेंद्रियः ॥ ५ ॥ तस्यातितपसः शक्रो बिभेति सततं विभो ॥ न स लोभयितुं शक्यः फलैर्बहुविधैरपि ॥ ६ ॥ प्रलोभनार्थं तस्याथ प्राहिणोत्पाकशासनः ॥ दिव्यामप्सरसं पुण्यां दर्शनीयामलंबुषाम् ॥ ७ ॥ तस्य तर्पयतो देवान् सरस्वत्यां महात्मनः ॥ समीपतां महा-

अब नर्मदाकी उत्तरबाजू जो सारस्वतब्राह्मण हैं उनकी उत्पत्ति कहते हैं वैशंपायन ऋषि जनमेजय राजाकूं कहतेहैं कि एकसमयमें बलदेवजी तीर्थयात्रा करनेकूं निकले सो जहां तारकासुर दैत्यके वास्ते बडासंग्राम हुवा और चंद्रमाने जहां राजसूर्य यज्ञ किया ॥ १ ॥ वहां आयके स्नान करके दानपुण्य करके सारस्वत मुनिके तीर्थ ऊपर गये ॥ २ ॥ वहां पूर्वमें बाराबरस अनावृष्टि भई उसबखत सारस्वत मुनिने सब ब्राह्मणोंकूं वेद पढाये और पालन किये ॥ ३ ॥ जनमेजय राजा पूछतेहैं कि बाराबरस अनावृष्टि कालके विषे सारस्वत मुनिने वेद कैसे पढाये सो कहो ॥ ४ ॥ वैशंपायन कहते हैं हे राजा! पूर्वमें महातपस्वी बडा बुद्धिमान् जितेंद्रिय ब्रह्मचारी दधीच नाम करके ऋषि विख्यात होता था ॥ ५ ॥ उसकी तपश्चर्यासे इंद्र भयभीत होयके वरदान लोभायमान करनेकूं प्रयत्न किया परन्तु ऋषि लोभित नहीं भया ॥ ॥ ६ ॥ फिर इंद्रने दधीचऋषीकूं मोहित करनेके वास्ते अलंबुषा अप्सराकूं भेजी ॥ ७ ॥ सो अप्सरा ऋषि तर्पण करते थे सरस्वतीके तट ऊपर

राज सोपातिष्ठत भामिनी ॥८॥ तां दिव्यवपुषं दृष्ट्वा तस्यर्षेर्भावितात्मनः ॥ रेतः स्कन्नं सरस्वत्यां तत्सा जग्राह निम्नगा ॥९॥ कुक्षौ चाप्यदधद्धृष्टा तद्रेतः पुरुषर्षभ ॥ सा दधार च तं गर्भं पुत्रहेतोर्महानदी ॥ १० ॥ सुषुवे चापि समये पुत्रं सा सरितां वरा ॥ जगाम पुत्रमादाय तमृषिं प्रति च प्रभो ॥११॥ ऋषिसंसदि तं दृष्ट्वा सा नदी मुनिसत्तमम् ॥ ततः प्रोवाच राजेन्द्र ददती पुत्रमस्य तम्॥१२॥ ब्रह्मर्षे तव पुत्रोऽयं त्वद्भक्त्या धारितो मया ॥ दृष्ट्वा तेप्सरसं रेतो यत्स्कंन्नं प्रागलंबुषाम् ॥ ॥ १३ ॥ तत्कुक्षिणा वै ब्रह्मर्षे त्वद्भक्त्या धृतवत्यहम् ॥ न विनाशमिदं गच्छेत्त्वत्तेज इति निश्चयात् ॥१४॥ प्रतिगृह्णीष्व पुत्रंस्त्वंमयादत्तमनिंदितम् ॥ इत्युक्तःप्रतिजग्राह प्रीतिंचावाप पुष्कलाम् ॥१५॥स्वसुतं चाप्य जिघ्रत्तं मूर्ध्नि प्रेम्णा द्विजोत्तमः॥परिष्वज्यचिरं कालं तदा भरतसत्तम ॥१६॥ सरस्वत्यै वरं प्रादात्प्रीयमाणो महामुनिः ॥ विश्वेदेवाः सपितरो गन्धर्वाप्सरसां गणाः॥१७॥ तृप्तिं यास्यंति सुभगे तर्प्यमाणास्तवांभसा॥इत्युक्त्वा स तु तुष्टाव वचोभिर्वै महानदीम् ॥१८॥

वहां आयके खडी रही ॥ ८ ॥ तब सुंदरी अप्सराकूं देखके वह तपस्वी ऋषि थे तथापि सरस्वतीके जलमें उनका वीर्यस्खालित होगया सो सरस्वती नदीने पुत्र इच्छाकर ऋषि का वीर्य गर्भमें स्थापन किया ॥ ९ ॥ १० ॥ फिर नव महीने बाद पुत्र प्रसव भया उनकूं लेके वो सरस्वती नदी दधीचके पास जायके ॥ ११ ॥ सभामें बैठे हुये ऋषिकूं देखके पुत्र उनकूं दके कहती है ॥ १२ ॥ हे ऋषि अलंबुष अप्सराकूं देखके जलमें जो तुम्हारा वीर्य स्खालित हुवा ॥१३॥सो मैंने अपने गर्भमें तुम्हारी भक्तिसे धारण किया सो तुम्हारे तेजसे नाश नहीं पाया ॥ १४ ॥ इसवास्ते हे ऋषि ! यह शुद्धपुत्रकूं ग्रहण करो ऐसा सरस्वतीका वचन सुनके बडे प्रसन्न भये पुत्रकूं ग्रहण करके ॥ १५ ॥ प्रेमसे उसका मस्तक सूंघके चिरकाल आलिंगन करके ॥ १६ ॥ सरस्वतीको वरदान देते हैं हे देवी ! तेरे जलसे तर्पण करनेसे विश्वेदेव पितृ गधर्व अप्सरा आदि सब तृप्ति पावेंगे ऐसा कहके वे नदीकी

प्रीतःपरमहृष्टात्मा यथातच्छृणुपार्थिव ॥ प्रसूतासि महाभागे सरसो ब्रह्मणःपुरा ॥ १९ ॥ जानंति त्वां सरिच्छ्रेष्ठां मुनयः शंसितव्रताः॥मम प्रियकरी चापि सततं प्रियदर्शने ॥ २० ॥ तस्मात्सारस्वतः पुत्रोमहांस्ते वरवर्णिनि॥तवैव नाम्ना प्रथितः पुत्रस्ते लोकभावनः ॥ २१ ॥ सारस्वत इति ख्यातो भविष्यति महातपाः ॥ एष द्वादशवार्षिक्यामनावृष्ट्यांद्विजर्षभान् ॥२२॥ सारस्वतो महाभागो वेदानध्यापयिष्यति ॥ पुण्याभ्यश्च सरिद्भ्यस्त्वं सदापुण्यातमाशुभे ॥ २३ ॥ भविष्यसि महाभागे मत्प्रसादात्सरस्वति ॥ एवं सा संस्तुता तेन वरं लब्ध्वा महानदी ॥२४॥ पुत्रमादाय मुदिता जगाम भरतर्षभ ॥ एतस्मिन्नेव काले तु विरोधो देवदानवैः ॥ २५ ॥ शक्रः प्रहरणान्वेषी लोकांस्त्रीन्विचचार ह ॥ नचोपलेभेभगवाञ्छक्रः प्रहरणं तदा ॥ २६ ॥ यद्वै तेषां भवेद्योग्यं वधाय विबुधद्विषाम् ॥ ततोऽब्रवीत्सुराञ्छक्रो न मे शक्या महासुराः ॥ २७ ॥ ऋतेस्थिभिर्दधीचस्य निहंतु त्रिदशद्विषः ॥ तस्माद्गत्वा ऋषिश्रेष्ठो याच्यतां सुरसत्तमाः ॥ २८ ॥

स्तुति करते हैं ॥ १७ ॥ १८ ॥ हे महाभागे ! ब्रह्मसरोवरमेंसे तेरा प्रवाह निकला है ॥ १९ ॥ बडे ऋषि तेरेकूं नदीमें श्रेष्ठ जानते हैं और मेरे को भी बडी प्रिय है ॥ २० ॥ इसवास्ते यह तेरा पुत्र तेरे नामसे जगत्में सारस्वतमुनि ऐसा विख्यात होवेगा ॥ २१ ॥ और बडा तपस्वी जिस बखत बारा बरसकी अनावृष्टि होवेगी ॥२२॥ उस बखत सब ब्राह्मणोंको वेदपठन करावेगा और तूभी सबनदियोंमें पुण्यतम होवेगी ॥ २३ ॥ ऐसी वह दधीच ऋषिने स्तुति की और वरदान दिया तब सरस्वती पुत्रको लेके चलीगई ॥२४॥ इतनेक कालमें देवदैत्योंका विरोध होने लगा ॥ २५ ॥ इंद्र आयुध ढूढनेके वास्ते तीनलोकमें फिरने लगा परंतु दैत्योंको मारनेके वास्ते शस्त्र नहीं मिला ॥ २६ ॥ देवोंको इंद्र कहता है उन्होंको मारनेके मैं समर्थ नहीं हूं ॥२७॥ दधीच ऋषिका आस्थि मिले तो काम होवे इसवास्ते हे देव

दधीचास्थीनि देहीति तैर्वधिष्यामहे रिपून् ॥ स च तैर्याचितोऽस्थीनि यत्नादृषिवरस्तथा ॥ २९ ॥ प्राणत्यागं कुरुश्रेष्ठ चकारैवाविचारयन् ॥ स लोकानक्षयान्प्राप्तो देवर्षिप्रवरस्तदा ॥ ३० ॥ तस्यास्थिभिरथो शक्रः संप्रहृष्टमनास्तदा ॥ कारयामास दिव्यानि नानाप्रहरणानिच ॥ ३१ ॥ वज्राणि चक्राणि गदा गुरूर्न्दंडांश्च पुष्कलान् ॥ स हि तीव्रेण तपसा संवृतः परमर्षिणा ॥ ३२ ॥ प्रजापतिसुतेनाथ भृगुणा लोकभाविना ॥ अतिकायः स तेजस्वी लोकसारो विनिर्मितः ॥ ३३ ॥ जज्ञे शैलगुरुः प्रांशुर्महिम्ना प्रथितः प्रभुः ॥ नित्यमुद्विजते चास्य तेजसः पाकशासनः ॥ ३४ ॥ तेन वज्रेण भगवान्मंत्रयुक्तेन भारत ॥ विचुक्रोश विसृष्टेन ब्रह्मतेजोद्भवेन च ॥ ३५ ॥ दैत्यदानववीराणां जघान नवतीर्नव ॥ अथ काले व्यतिक्रांते महत्यतिभयंकरे ॥ ३६ ॥ अनावृष्टिरनुप्राप्ता राजन्द्वादशवार्षिकी ॥ तस्यां द्वादशवार्षिक्यामनावृष्ट्यां महर्षयः ॥ ३७ ॥ वृत्त्यर्थं प्राद्रवन्राजन्क्षुधार्ता प्राद्रवन्दिशः ॥ दिग्भ्यस्तान्प्रद्रुतान्दृष्ट्वा मुनिः सारस्वतस्तदा ॥ ३८ ॥ गमनाय मतिं

तुम ऋषीके पास जायके अस्थि मांगो ॥ २८ ॥ वह अस्थिके शस्त्रसे शत्रुको मारेंगे तब सब देवता ऋषीके पास जाके अस्थि मांगने लगे ॥ २९ ॥ दधीचने उनका वचन सुनते कुछ विचार न करते प्राणत्याग करके सालोक्य मुक्तिको पाया ॥ ३० ॥ फिर इन्द्रने बडा प्रसन्न होके उन अस्थीके नानाप्रकारके शस्त्र बनवाये ॥ ३१ ॥ वज्र चक्र गदा और बडे दण्ड ऐसे शस्त्र करवाये और दधीच ऋषीके तेजसे इन्द्र वेष्टित भया ॥ ३२ ॥ उन शस्त्रोंमें जो वज्र है सो ब्रह्माके पुत्र भृगुऋषी उन्होंने बडा तेजस्वी मजबूत बनाया ॥ ३३ ॥ इतनेमें सब पर्वतोंका राजा बडा प्रतापी पैदा भया उसके तेजसे इन्द्र नित्य उद्विग्निचित्त रह्या करे ॥ ॥ ३४ ॥ फिर इन्द्रने वह नारायणास्त्र मन्त्र सहित वज्रसे बडे दैत्योंको मारा फिर कितनेक दिन गये बाद ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ बारह बरसकी अनावृष्टिका काल पडा उसके लिये अनेक ऋषि क्षुधाकी पीडासे भयभीत होके दशदिशाओंमें भागने लगे उन्होंको देखके सारस्वतमुनी भी ॥ ३७ ॥ ३८ ॥ जानेकी इच्छा करने लगे उस

चक्रे तं प्रोवाच सरस्वती ॥ न गंतव्यमितः पुत्र तवाहारमहं सदा ॥ ३९ ॥ दास्यामि मत्स्यप्रवरानुष्यतामिह भारत ॥ इत्युक्तस्तर्पयामास स पितॄन्देवतास्तथा ॥ ४० ॥ आहारमकरोन्नित्यं प्राणान्वेदांश्च धारयन् ॥ अथ तस्यामनावृष्ट्यामतीतायां महर्षयः ॥ ४१ ॥ अन्योयं परिप्रच्छुः पुनः स्वाध्याय कारणात् ॥ तेषांक्षुधापरीतानां नष्टा वेदास्तु धावताम् ॥ ४२ ॥ सर्वेषामेव राजेंद्र न कश्चित्प्रतिभानवान् ॥ अथ कश्चिदृषिस्तेषां सारस्वतमुपेयिवान् ॥ ४३ ॥ कुर्वाणं संशितात्मानं स्वाध्यायमृषिसत्तमम् ॥ सगत्वाचष्टतेभ्यश्च सारस्वतमतिप्रभम् ॥ ४४ ॥ स्वाध्यायममरप्रख्यं कुर्वाणं विजनेवने ॥ ततः सर्वे समाजग्मुस्तत्र राजन्महर्षयः ॥ ४५ ॥ सारस्वतं मुनि श्रेष्ठमिदमूचुः समागताः ॥ अस्मानध्यापयस्वेति तानुवाच ततो मुनिः ॥ ४६ ॥ शिष्यत्वमुपगच्छध्वं विधिवद्धि ममेत्युत ॥ तत्राऽब्रुवन्मुनिगणा बालस्त्वमसि पुत्रक ॥ ४७ ॥ स

बखत सरस्वती प्रगट होके कहने लगी हे पुत्र ! तू जा मत सब ऋषि सहवर्तमान तेरेको आहारके वास्ते श्रेष्ठ मत्स्य देऊंगी यहां रहो ऐसा सरस्वतीका वचन सुनके वहां रहे और देवऋषि पितृगणोंका तर्पण करते भये ॥ ३९ ॥ ४० ॥ फिर नित्य मत्स्यका आहार करके प्राण धारण किया वेदभी धारण किया फिर वह अनावृष्टिका समय गया ॥ ४१ ॥ वे सब ऋषि परस्पर पूछने लगे कि क्षुधाकी पीडासे और दशदिशा परिभ्रमणक योगसे अपने वेद नष्ट होगये हैं सो अब कौन पठन करावेगा ॥ ४२ ॥ वैशंपायन कहते हैं हे जन्मेजयराज ! उन ऋषियोंमें किसीको भी वेदका भान न रहा तब उनमेंसे एक ऋषी सारस्वत ऋषीके पास आया ॥ ॥ ४३ ॥ वह सारस्वत मुनी वेद पठन कर रहा है बडा व्रती देखके सब ऋषियोंके पास आयके कहा कि ॥ ४४ ॥ वह सारस्वत मुनि बडा तेजस्वी कांतिमान देव सरीखा निर्जन वनमें वेद पठन कर रहा है तब वे सब ऋषी ॥ ४५ ॥ सारस्वत मुनिके पास आयके कहने लगे कि हे मुनिश्रेष्ठ ! हमको वेद पठन कराओ ॥ ४६ ॥ तब सारस्वत मुनीने कहा कि तुम विधिसे शिष्य हो आगे तो वेद तुमको पठन कराऊंगा तब मुनिमणोंने कहा तुम बालक हो ॥ ४७ ॥ यह सुनके

तानाह न मे धर्मो नश्येदिति पुनर्मुनीन् ॥ यो ह्यधर्मेण वै ब्रूयादगृह्णीयाद्योप्यधर्मतः ॥ ४८ ॥ हीयेतां तावुभौ क्षिप्रं स्यातां वा वैरिणावुभौ ॥ न हायनैर्न पलितैर्न वित्तेन न बंधुभिः ॥ ४९ ॥ ऋषयश्चक्रिरे धर्मं योऽनूचानः स नो महान् ॥ एतच्छ्रुत्वा वचस्तस्य मुनयस्ते विधानतः ॥५०॥ तस्माद्वेदाननुः प्राप्य पुनर्धर्मं प्रचक्रिरे ॥ षष्टिर्मुनिसहस्राणि शिष्यत्वं प्रतिपेदिरे ॥ ५१ ॥ सारस्वतस्य विप्रर्षेर्दस्वाध्यायकारणात् ॥ मुष्टिं मुष्टिं ततः सर्वे दर्भाणां ते ह्युपाहरन् ॥ ५२ ॥ तस्यासनार्थं विप्रर्षेर्बालस्यापि वशे स्थिताः ॥५३॥ तत्रापि दत्त्वा वसु रौहिणेयो महाबलः केशवपूर्वजोऽथ ॥ जगाम तीर्थं मुदितः क्रमेण ख्यातं महद्वृद्धकन्या स्म यत्र ॥ ५४ ॥

इति नर्मदोत्तरवासिसारस्वतभेदवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ २६ ॥

सारस्वतने कहा मेरा धर्मका नाश न होवे जो अधर्मसे बोलेगा और अधर्मसे ग्रहण करेगा तो ॥ ४८ ॥ वे दोनों गुरु शिष्य नाश पावेंगे अथवा परस्पर शत्रु होने वास्ते बडे पना बरसके लिये वा सफेद बाल होनेसे वा धनके लिये वा बहुत भाईबंदके लिये नहीं होता जो सांग वेद पढे वह बडा कहा जाता है ऐसा धर्म सुनके वे मुनिगण सब साठ हजार विधानसे शिष्य होके वेद पढे और धर्म आचारण करनेलगे ॥ ४९ ॥ ५० ॥ ५१ ॥ फिर वे सब ऋषी सारस्वतमुनीके बैठनेकूं आसन करनेके वास्ते एक एक मुष्टि दर्भ लातेभये ऐसे वे साठ हजार ऋषी सारस्वत मुनी बालक हैं तथापि उनके अधीन होके रहे वें सब सारस्वत ब्राह्मण नामसे विख्यात भये ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ वे तीर्थमें बलदेवजी धनदान देके वृद्धकन्याके तीर्थऊपर जातेभये ॥ ५४ ॥

इति नर्मदाके उत्तरभागमें रहनेवाले सारस्वत ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति प्रकरण संपूर्ण ॥ २६ ॥

आदितः पद्यसंख्या ३३८५.

अथ कान्यकुब्जसरयूपारीणब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ २७ ॥

अथ कान्यकुब्जसरयूतीरवासिब्राह्मणोत्पत्तिभेदमाह हरिकृष्णः ॥ अथातःसंप्रवक्ष्यामि कान्यकुब्जविनिर्णयम् श्रुत्वा द्विजमुखादेतद् वृत्तांतं पूर्वकालिकम् ॥१॥ पुरा त्रेतायुगे रामो हत्वा रावाणमाहवे ॥ अयोध्यामगमच्छ्रीमान्सीतालक्ष्मणसंयुतः ॥ २ ॥ ततः पट्टाभिषेकोऽभूद्रामस्य परमात्मनः ॥ राज्यं चकार धर्मात्मा सर्वलोकसुखावहम् ॥३॥ ततः कतिपये काले गते रामःप्रतापवान्॥यज्ञं चकार विधिना वसिष्ठादिमहर्षिभिः ॥४॥ तत्र यज्ञे समायातौ द्वौ द्विजौ कान्यकुब्जकौ ॥ कान्यकुब्जाख्यदेशस्थौ रामयज्ञदिदृक्षया ॥ ५ ॥ भ्रातरौ सहितौ चान्यैर्ब्राह्मणैर्ब्राह्मणोत्तमौ ॥ तत्रैकः कुब्जसंज्ञो वै विचारमकरोद्धृदि ॥ ६ ॥ कृत्वा ब्रह्मवधं घोरं चागतो रघुनंदनः ॥ यज्ञं करोति तस्माद्वै न गृह्णीमो धनादिकम् ॥ ७ ॥ इत्युक्त्वा भ्रातरं त्यक्त्वा कान्यसंज्ञं द्विजोत्तमम् ॥ स्वयं जगाम मति-

अब कन्नौज और शरवरिया ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं सारस्वत ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहेबाद ब्राह्मणके मुखसे पूर्वकालीन वृत्तांत सुनके कान्यकुब्जका निर्णय कहताहूं ॥ १ ॥ त्रेतायुगमें रामचंद्र रावणको मारके सीता लक्ष्मण सहित अयोध्यामें आये ॥ २ ॥ बाद राज्यके ऊपर पट्टाभिषेक हुवा । फिर रामचंद्रजी सर्व वर्णाश्रमी लोकोंको जैसा सुख होवे वैसा राज्य करनेलगे ॥ ॥ ३ ॥ पीछे बहुत दिनगये बाद वसिष्ठ विश्वामित्र वाल्मीकादिक मुनीश्वरोंको बुलायके उन्हींके हाथसे सविधि यज्ञ करते भये ॥ ४ ॥ उस यज्ञमें कन्नौज देशमें रहनेवाले दो भाई एक कान्य और दूसरा कुब्ज ऐसे दो बडे प्रतापी अन्य दूसरे ब्राह्मणोंको साथ लेके रामचंद्रके यज्ञ देखनेके वास्ते आये ॥ ॥५॥उसमें जो कुब्जनामका ब्राह्मण था सो मनमें विचार करनेलगा कि॥६॥ रामचंद्रजी बडीघोर ब्रह्महत्या करके यहां यज्ञकरतेहैं इसवास्ते उस यज्ञमें हमदान दक्षिणा कुछ लेनेके नहीं ॥ ७ ॥ ऐसा कहके अपना बडा भाई-कान्य उसको छोडके सरयू

मान्सरय्वाश्चोत्तरे तटे ॥ ८ ॥ तदान्ये ब्राह्मणास्तेन साकं जग्मुर्द्विजोत्तमाः ॥ राजप्रतिग्रहभिया तदा वै कन्यसंज्ञकः ॥ ९ ॥ तत्रैव स्थित्वा जग्राह रामदत्तं धनादिकम् ॥ दक्षिणाश्च तथा ग्रामाञ्जगृहुश्चापरे द्विजा ॥ १० ॥ सरय्वाश्चोत्तरे देशे ये गताश्च द्विजोत्तमा ॥ सरयूब्राह्मणास्ते वै संजाता नामभिः किल ॥ ११ ॥ यस्माद्ग्रामात्स्वपुत्रार्थे कन्यां गृह्णंति ते द्विजाः ॥ तस्मिन्ग्रामे स्वकन्यां वै न ददंति कदाचन ॥ १२ ॥ अधुनैषां समूहो वै वर्तते बहुधा भुवि ॥ गोरखादिनवपुरे तथान्यत्रापि वर्तते ॥ १३ ॥ एषां भोजनरीतिश्च सापि श्रेष्ठतरा किल ॥ यस्मिन्स्थले चान्नपाकः कृतस्तत्रैव भोजनम् ॥ १४ ॥ कुर्वंति नीत्वा नान्यत्र घृतपक्कादिकं तथा ॥ एकपंक्त्युपविष्टानां सर्वेषां भोजनं किल ॥ १५ ॥ गृह्णंति सर्वदानानि विशेषेणाधुना भुवि ॥ एवं संक्षेपतः प्रोक्तो

नदीके उत्तरतट चलागया ॥ ८ ॥ उसके अनुसारी दूसरे भी ब्राह्मण राजप्रतिग्रहके भयके लिये कुब्ज ब्राह्मणके साथ चलेगये ॥९॥ तब कान्यनामका जो ब्राह्मण वह यज्ञमें रहके रामचन्द्रने दान दक्षिणा ग्राम दिया सो सब ग्रहणकिया और कान्यके अनुसारसे रहनेवाले जो ब्राह्मण थे वे भी रामका दियाहुआ ग्राम दक्षिणादिक ग्रहण करते भये ॥ १० ॥ और सरयूनदीके उत्तरदेशमें जो ब्राह्मण गये उनको सरवरिये ब्राह्मण कहते हैं ॥११॥ उनका विवाहव्यवहार ऐसा है कि जिस गांवकी बेटी लेवेंगे उसगांवमें अपनी बेटी देनेके नहीं और कोई गांवमें तो ऐसी रीति है कि अपनी गांवकी बेटी जिस गांवमें दिये हैं उस गांवमेंपानी तकभी लोकपीते नहीं हैं ॥१२॥ हालमें सरवरिये ब्राह्मणका यथा गोरखपुर जौनपुर गाजीपुर मिरजापुर काशी प्रयाग अयोध्या बस्ती आजमगढ इन गांवोंमें हैं और और भी गांवोंमें थोडे थोडे हैं॥१३॥इनकी भोजनकी रीति ऐसी हैं कि जिस ठिकाने रसोई कच्ची या पक्की करेंगे वहांही जीमेंगे अन्य ठिकाने ले जायके जीमनेके नहीं ॥ १४ ॥ यह संप्रदाय अच्छा है और रसोई एक आदमी करते जीनेकूं पहिचाननेवाले तो भी बिन पहिचाननेवाले भी एक पंक्तिमें बैठते हैं ॥ १५ ॥ हालमें यह ब्राह्मण सब दान लेते हैं ऐसा संक्षेपमें सरवरिये ब्राह्मणोंका निर्णय कहा ॥ १६ ॥ अब सरयू-

सरयूद्विजनिर्णयः ॥ १६ ॥ अथ ये दक्षिणे भागे सरय्वा वै च संस्थिताः॥कान्यसंबंधिका विप्राः कान्यकुब्जाश्च ते स्मृताः ॥ १७ ॥ तेषां भेदमहं वक्ष्ये ग्रामगोत्रादिसंयुतम् ॥ स्थुलिग्रामं च प्रथमं सखरेजं द्वितीयकम् ॥ १८ ॥ गोरीसंज्ञं तृतीयं तु सिउराजपुरं ततः॥उमरि पंचमं प्रोक्तं मनोहंगुदराह्वयम् ॥ ॥ ॥ १९ ॥ बरुआहरिवंशाख्यं पचोरिदशमं स्मृतम् ॥ एवं प्रोक्ता दशग्रामाश्चार्द्धं चिंगीसकं पुरम् ॥ २० ॥ अथ गोत्राणि वक्ष्यामि षोडशैव द्विजन्मनाम् ॥ कश्यपः काश्यपश्चैव वत्सो गर्गोथ गौतमः ॥ २१ ॥ शांडिल्यश्च वसिष्ठश्च धनंजयपराशरौ ॥ भारद्वाजभरद्वाजकृष्णात्रेयौपमन्यवः ॥ ॥ २२ ॥ कुशिकः कौशिकश्चैव ब्रह्मगोत्रेति षोडश ॥ एषां मध्ये तु षट्गोत्रोत्पन्ना विप्राऽतिचोत्तमाः ॥ २३ ॥ अथ षट्कुलाः ॥ भारद्वाजौपमन्यवः शांडिल्यः कश्यपोत्तमः ॥ कात्यायनः सांकृतश्च षडेते गोत्रजोत्तमाः ॥ ॥ २४ ॥ एते षट्गोत्रजा विप्राः षड्गोत्रे एव केवलम् ॥ कुर्वंति कन्यादानं वै नान्येषु दिग्भवेषु च ॥ २५ ॥ वत्सादि दशगोत्रोत्थकन्यां गृह्णंति कुत्रचित् ॥ विशेषतोन्यदानानि न

नदीके दक्षिण भागमें जो कान्य नामक ब्राह्मणके सम्बन्धसे रहनेवाले कान्यकुब्ज ब्राह्मण भये ॥ १७ ॥ इनोका ग्राम और गोत्रप्रवरादिकका भेद कहताहूं उसमें पहिले साडेदशगांवके नाम कहते हैं स्थूली १ सखरेज २ गोरि ३ सिवराजपुर ४ उमरि ५ मनोह ६ गुदरपुर ७ बरिआ ८ हरिवंशपुर ९ पचोरी १० चिंगीसपुर ऐसे यह साडे दशगाम कन्नौजब्राह्मणके हैं ॥ १८--२० ॥ अब कन्नौजके ब्राह्मणोंके सोला गोत्र कहते हैं कश्यप १ काश्यप २ वत्स ३ गर्ग ४ गौतम ५ शांडिल्य ६ वसिष्ठ ७ धनंजय ८ पराशर ९ भरद्वाज १० भारद्वाज ११ कृष्णात्रेय १२ औपमन्यव १३ कुशिक १४ कौशिक १५ ब्रह्म १६ यह सोलह गोत्रोंमें छः गोत्र उत्तम हैं ॥ २१--२३ ॥ भारद्वाज उपमन्यव शांडिल्य कश्यप कात्यायन सांकृत यह छः गोत्रके ब्राह्मण उत्तम जानने ॥ २४ ॥ यह छः गोत्रके ब्राह्मण अपने छः गोत्रके अन्दर कन्या संबंध करते हैं बाकीके दशगोत्रके ब्राह्मणोंमें नहीं करते ॥ २५ ॥ वत्सादि दशगोत्रके ब्राह्मणोंकी कन्या कोई बखत

गृह्णंति कदाचन ॥ २६ ॥ कश्यपः काश्यपश्चैव गर्गः शांडि-
ल्य एव च ॥ चत्वारः सामगा ह्येते शेषा वाजसनेयिनः ॥
॥ २७ ॥ पंचमश्च धनंजय इति पाठश्च ॥ स्वसंबन्धं विना
ह्येते चैकपंक्तौ द्विजोत्तमाः ॥ कुर्वंति भोजनं नैव घृतपक्वादिकं
विना ॥ २८ ॥ षड्गोत्राणामथो वक्ष्ये ग्रामवंशादिनिर्णयम् ॥
आस्पदादिप्रभेदं च सांप्रतव्यवहारजम् ॥ २९ ॥ आद्ये
कात्यायने गोत्रे द्विवेदीमिश्रसंज्ञकाः ॥ लोकनाथादयः सप्त-
दशवंशकरा नराः ॥ ३० ॥ कश्यपे च त्रिवेदज्ञाः पूर्वोक्ता

अडचनसे लेवेंगे परंतु देनेके नहीं और बहुत करके यह कनोज ब्राह्मण दूसरा दान प्रतिग्रह करते नहीं हैं ॥ २६ ॥ अब यह कनोज ब्राह्मणोंका वेदशाखा सूत्रका निर्णय कहतेहैं कश्यप काश्यप गर्ग शांडिल्य यह चार गोत्र और पांचवां धनंजय यह गोत्रके ब्राह्मणोंके सामवेद कौथुमी शाखा गोभिल गृह्यसूत्र है और बाकीके गोत्रके ब्राह्मणोंका माध्यंदिनी शाखा पारस्कर गृह्यसूत्रहै ॥ २७ ॥ और यह कनोज ब्राह्मणोंमें एकपंक्तीमें अपने संबंध विना दूसरेके साथ भोजन नहीं करते पूरी कचौरी आदि पक्की रसोईका भेद जुदा नहीं रखते जहां चाहे वहां लेजाके पातेहैं ॥ २८ ॥ अब पूर्व छः गोत्रका कहे हैं उनोंका ग्रामभेद और वंशस्थ मूलपुरुष और आस्पदका नाम यह सब हाल जो चल रहा है सो कहताहूँ ॥ २९ ॥ पहिला कात्यायन गोत्र उसमें मिश्र आस्पदवाले तिनके घरवार दुबे पत्यौंजाके नौतिनीके पत्यौनाग्रामभेद ऐंडे १ गैंडे २ खट्टे ३ मिठे ४ ऐंडेके बदरकावाले २० बरुआ १ सिरकिडा २ जगदीशपुर ३ बांकी ४ गैंडेके पीडानीवाले १ खट्टेके वैजगाउवाले ३० लोकनाथके मीठे लवानी १ बोधी २ सतीदास ३ मिठेकी उत्पात्ति वशिष्ठ १ औबनवारी २ वासिष्ठकेलवानी बनवारीके पुत्र अनिरुद्ध १ केशी २रामनाथ ३ अनिरुद्धके कनउजवाले २० केशीके सोटियावाले २० रामनाथके पुत्र ४ मनोहर १ कुवल २ प्रजापति ३ कन्ते ४ तिनमां आकिनी मंझगाउ २० ममझ गैया कुच-लयके २० मित्रानंदके बोधि १ सतीदास २ भावनाथके नौगाएवाले० बदरकाके अग्निहोत्री० बैजेगांवके मिश्र भये १ पालीवाले २ अमोलीवाले १८ पासीखेरके बद-रका पुरनावलन १८ इति कात्यायन पूरा हुवा ॥ ३० ॥ अब कश्यपगोत्र दूसरा तेवारी मनोह१सखरेज २बरुआ ३ गुदरपुर ४ हरिवंशपुर ५ असामीहरी १ धनी २ लक्ष्मीना ३ खेचर ४ खेचरके अवस्थि भये ५ हरीके बबुआ अवस्थीदीक्षित बदरके बोदलवाले ८ लक्ष्मीनके कल्यानावाले५ खगेश्वरके ५ कारिंग तिनके लरिका नहीं हैं

दीक्षितास्तथा ॥ हर्यादिसंज्ञकाः षष्टिपुरुषा वंशसूचकाः ॥ ॥ ३१ ॥ शांडिल्याख्ये तृतीयेस्मिन् गोत्रे वंशकरा नराः ॥ त्रिपाठिमिश्रकास्ते वै दिक्संख्याकाः प्रकीर्तिताः ॥ ३२ ॥ भारद्वाजं चतुर्थं वै गोत्रं शुक्लत्रिपाठिकाः ॥ पंचाशत्पुरुषा-

वोदलके पुत्र दो २ केशोराम १ कृष्णदत्त राशिबैठाका भाईके लरिका तेहीके पुत्र ४ ऊर्वौ १ खेम २ प्रयाग ३ गोपाल ४ उर्वोंके पुत्र ३ हेमनाथके तिवारि ६ अटेरीके करेलुवावाले अग्निहोत्री५ग्रामभेद हडहा ९ कल्याण।पुरी मिश्र भये ७ प्रयागके पुत्र आशादत्त१शिवदत्त २ मेदु ३ आशादत्तके खेडरावाले खेरेश्वरवाले अवस्थिके शिरोमणिवाले ८ दुबे सदनिहा १ अवस्थिशिरोमणि१सिंह २ वाल ३ मेद ४ शिवदत्त २ के त्रिपाठी खेमके पुत्र मैकू १ गंगा २ कन्नू ३ जन्नू ४ गंगाके गौतमाचार्य्य मिश्र मैकूके तेवारी कन्नूके पुत्र २ हरिहर १ मैदन २ हरिहरकेशीकांत दीक्षित उग्रके २० मैदन १४ महतु २ मनोहरविषे यहिमा वर बहुत हैं सेंहुडाके साहवाले कृतिसखरेज मारा जामते पुत्र ६ राधी १ जानी २ चतुर ३ कान्ही ४ राई ५ विभाकर ६ राधी और जानीके एकडलावाले ११ चतुर और कान्हीके बेहरवाले १० राई और निहावाले ८ विभाकरके जूदवाले ५ बचुवाधरवासवाले १५ वरगदहा औउम्बपुरके द्नौसामान्य सपरीपुरवाले गल्हूके मध्यम माधवगणपतिके अचितके बागीशावाले १० वरवाइवाले मीठे ६ दयालपुरवाले मीठे कुहमरावैवाले घर दो सुखी १ वाकेमी २ दुखीवाके ५ तेवारी गुदरपुरी हरिनाथके पुत्र ६ राते १ पाते २ दर २ खुमान ४ चंदु ५ बछने ६ चंदूके पुत्र २ कन्हई १ भवदास २ कन्हईके पुत्र २ रामनाथ १ जगन्नाथ २ भवदासके पुत्र दो २ रमई १ माघ २ रमईके पुत्र ५ दमा १ गोपाल २ गोवर्द्धन ३ चत्तू ४ आशादत्त ५ वीरबलीमीठे रमईके जंगीराबादीजमाके सपईवाले १८ गोपालके पडुरी वाले १६ गोवर्धनके कटेरुवावाले १९ चत्तूके जंगीरावादवाले २७ कन्हईके कठारवाले १४ वाघके ५ वाकी गुदरपुरवाले १० हरिवंशपुरवाले १० छीतवाले ११ रतनपुरीहा १२ शिवराजपुर असामीकसके नवबस्तावाले १२ चक्रके पंचभय्या १० आनंदवन्नूके मीठे ८ वगउमरकाके ५ वीरबलहारिकमपुरीमीठे उमरी असामी बचई परमानंद दूनौ ५ गौरीके वंशशून्य ० पचोरशून्य ० चिंगीसपुर अर्धधर ॥ इति काश्यपगोत्र पूरा हुवा॥३१॥ अब शांडिल्यगोत्र तीसरा आदिधतूराके तेवारी सरवरिया तिनका भेद बंशीधर तेवारी हर्मतपुरमाहे तिनके पुत्र ४ हरिहर १ शारंगधर २ त्रिपुरा ३ गंगादास ४ हरिहरशारंगधरके हमीरपुरीमिश्र भये त्रिपुरावाले कपिलाके मिश्रपुत्र ४ हिमकर परशु २० गोपनाथ १५ धोविहा १८ ललकर १० असामीमीठे ३ जंशारामखरेके अग्निहोत्री ४ इति शांडिल्यगोत्र पूराहुवा ॥ ३२ ॥ अब भरद्वाज गोत्र चवथा ॥

स्तत्र वंशवृद्धिकराः स्मृताः ॥ ३३ ॥ उपमन्यवकं गोत्रं पंचमं

असेपुरीया वामदेवके ग्रामभेद बिगहापुर १ तरी २ नवाये ३ गृहरौली ४ खरौली ५ पुरवा ६ चंदनपुर ७ गुदरपुर ८ भैसई ९ उच्चेगाउ १० पतिहा बिगहापुर पाटन एकै जानो सर्वसुखके पानेवाले १० मधुकरके बिगहापुरवाले तेहिमा भेद बिगहपुरमा मधु करके पुत्र ५ होल १ हरदास २ कश्यप ३ नगई ४ भान ५ होलके विवाहदो ज्येष्ठाके न्यायवागी १ वाला २ तत्रपुत्र ४ विसई १८ नारायण १९ चंदाकर २० दिवाकर १९ हरिदासके पुत्र ४ उमा १३ धन्वींके शुक्ल १४ हरिके १६ पैकुके १९ मनीएकडला १२ कश्यपके खोदहा ९ नगई १४ भानके राशिबैठावन पारासरी दुबे भैसेहहादुर्गादासके उच्च ॥ १ ॥ पुत्र ३ छांगेके गलहतेवाले २० इपसैईके १ महोलीवाले १० रामनाथके सीकटियावाले १० तरीके १ रुद्रपुरके २ शांतिके ३ तीनिउ सामान्य नौगउपटपुर एक ही जानो उपग्राम नवा एकही जानो असईके शुक्ल डौंडिया खेरेके दीक्षित १० सर्वसुख शुक्ल तिनके पुत्र ३ अजई १ घनश्याम २ नाल ३ घनश्यामके कान्हके त्रिवेदीभये १० नालके साठके त्रिवेदी भये १० कान्हके सिकटियावाले ज्येष्ठीके ८ कालिदासके लहुरीवाले तौघकपुरी दमनेवाले ११ वेतियावाले १६ असनीवाले १६ अग्निहोत्री अभयपुरके ९ गहरौलिके ४ दशरथवाले ९ खरौलीके जेठवरमीठे ३ तरीमीठे इति सैपुरिया इति भारद्वाजगोत्र पूराहुवा ॥ ३३ ॥ अब उपमन्यवगोत्रका भेद पांचवाँ उपमन्यवजुहजु तिनके जमनापारी २ झपादीक्षितके पुत्र ९ देवराम १ चंदन २ गोंपी ३ मनज्ज ४ गोसल ५ देवरामके जैराज मऊवाले दुबे चंदनकेपुत्र ३ घरवास १अभई २ वासुदेव ३ घरवासके इटायवाले १९ अभईके पुत्र ३ जगल १ जनार्दन २ मकरंद ३ जंगलके अभईके कहावतिहै ५ जनार्दनके रेवारीवाले अग्निहोत्री १० मकरंदके दुबे गङ्गापार भोजपुर माहे८इति जैराजमऊ॥वासदेवके केसरी मऊवाले१२ चंदककैवा गोपीके पुत्र १ वाल्मीक १ तिनके दीक्षित दरियाबादी ११ मनउके नरोत्तमपुरी घरवासके १९ वालूके १९ किशनके पताउवता पश्यामावाले असनिहा १३ और १० नरोत्तमपुरते भैसइके दुबे ४ गोसके पुत्र २ जाना १ हरदत्त ८ जानाके जानीरी ९बैजुवा मौतेन सुरा ५ जानापुरमौरावै ८जानाके पुत्र४शिवदत्त १ यज्ञदत्त २देवदत्त ३ ब्रह्मदत्त ४ शिवदत्तके पाठक देवदत्तके अग्निहोत्री एक डलावाले १० ब्रह्मदत्तके अवस्थि तथा त्रिवेदी १० यज्ञदत्तके वाजपेई ब्रह्मदत्तके रामनिधीके त्रिवेदी और पुरंदरके एक उत्तमावाले पुरंदर अवस्थी रामनिधिके त्रिवेदी और अवस्थी १०पुरंदरके पुत्र २ माधव १ दामोदर २ माधवके अवस्थितेवराशिके २० बडेदीना १७ गोपाल १८ प्रभाकर २० कन्हई १० यह पांचो तेवराशिके परसरामवाले सत्र-

परिकीर्तितम् ॥ द्विवेदी दीक्षितास्तत्र पाठकश्च त्रिपाठकः ॥ ॥३४॥ अवस्थीशौक्लकाश्चैव बाजपेयकरास्तथा ॥ सप्तदश च ग्रामाणि पुरुषाः षष्टिसंख्यकाः ॥ ३५ ॥ षष्ठं सांकृत्यगोत्रं ते ह्यर्द्धेन सहितं पुनः ॥ तत्र शुक्लाः पंडिताश्च द्वादशग्रामस-

नके अवस्थि ८ भैया वाजपेई हैं १० दामोदरके पुत्र ३ रघुनाथ १ मंडन २ प्रयाग ३कहरी १८ रघुनाथके १४ मंडनके १२ यज्ञदत्तके वाजपेई तिनके पुत्र २ विष्णु १ महाशर्म्मा २ महशर्म्माके पुत्र २ शिवशर्म्म १ गदाधरके त्रिमलवाले खटोलहा शिवशर्म्म १ देवशर्म्म २ तिनके कुलमणिके पुत्र ४ काशीराम १ मणीराम२गोपी ३ मथुरा ४ काशीरामके१७मनीरामके १८ मथुराके १९ गोपीके सामान्य० मनी रामके पुत्र ९ज्येष्ठीके मनोरथ वाले १ लहुरीके मित्रानंद १ महामुनि २ वटेश्वरवाले काशीरामके पुत्र ६ प्राणमणी १ चूड़ामणि २ गङ्गाराम ३ जयदेवराम ४ रघुनाथ ५ लक्ष ६ इति महाशर्म्मा ॥ अथ विष्णुः तिनके पुत्र २ भास्कर १ छङ्गे २ छंगेके रामभद्र उच्चेके प्रीतिकरवाले लखनौहा २० और भास्करके लक्ष्मीपाति पुरवाले लक्ष्मीपातिके कृष्णा कृष्णाके विवाह ३ज्येष्ठाके वंश नहीं माझिलीके पीथा लहुरीके पुत्र ४ हीरा १ धन्वी २ बीशा ३ तारा ४ हीराके पुत्र ४ चते १ मतेर २ वीर ३ भगोले४चतेके मुरलीधर १ परशुराम २मुरलीधरके चोखे २० परशुरामके सामा० मतेके०भगोलेके बैहारिवाले १९ कालूबदलके हीरावाले २० बिशाके पुत्र ३ उर्वीधर १ केशवरा २ कमलनयन ३सामान्य० वंशीके सामान्य० गयादत्तभक्तिके१८असनी हाखेरेवाले केशवके २०कमलनयनके मोहारवाले २० परमेश्वरके उच्चे २० धन्वीके पुत्र २ भावनाथ १ उदेनाथ २ मौजमाबादी १७ भावनाथके सामान्य १९ नारेपार के १८ रघुनीके विष्णुखेरेवाले १६ ताराके पुत्र १ हाजीपुरवाले १८ चिलौलीवाले दुबेते चंदनपुरापिपरासरीके वाजपेई भये ९ छोटिहामनोरथके भौजीवाले वाजपेईभये १० आगे ग्रामभेद जानपुर १ जैरामऊ २ केसरमऊ ३ बैजुवामऊ ४ नसूरा ५ एकडला ६ लखनऊ ७ गोपालपुर ८ नरोत्तमपुर ९ पश्याम १०भैसई११ चिलोंली १२दरियाबाद१३ तेउरासी १४ श्रवन १५ इटावा १६ मवैया १७ और ग्रामभेद जानो क्रमते इति उममन्यव गोत्र पूराहुवा २४--३५ अब सांकृत्यगोत्र छट्टा शुक्ल पांडे बनरथी १ कंपिला २ भीखमपूर ३ जहानापूर ४ वररी ५ गौरा ६ बेल ७ अमौरा ८वागर ९ मनोहर १० कनौज ११ लखनऊ १२ विद्यापातिके शुल्कवनास्थि भूतेहिते सत्याधरके सप्त सप्त शुक्ल भये अरगलाके अध्वर्य्युकंपिलातेखोर २० गेगासौ २० परशूके बडे गेगासौवाले २० लखनऊके भट्टाचार्य

युताः ॥३६॥ नभेलादिग्रामभेदात्ते स्मृताश्चार्धसंज्ञकाः ॥ इत्येवं कथितः सम्यक् कान्यकुब्जसमुद्भवः ॥ ३७ ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्याये कान्यकुब्जसरयूतीरवासि-
ब्राह्मणभेदकथनं नाम प्रकरणम् २७ संपूर्णम् ॥
आदितः पद्यसंख्या ॥ ३४२२ ॥

१७ अबरा लखनौ जानो ॥३६॥ अथ नभेल सांकृतगोत्री अर्धघरफतुहाबादी २० अशनीहा २० नभेलबीरमिश्र १९ पुरानियावाले २० और नभेल ९ रुपन १९ डोमनपुर १६ कौशिकी मिश्र ९ इति सार्धषट्गोत्र पूरा हुआ ऐसा कान्यकुब्ज ब्राह्मणोंका उत्पत्तिभेद मैंने कहा ॥ ३७ ॥

इति कान्यकुब्ज सरयूपारी ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति पूरी भई ॥

अथ कान्यकुब्जब्राह्मणोंका कुल गोत्र आस्पदग्रामका स्पष्ट कोष्ठक.

०	कौनआस्प.	कु.प. कहाके	किनकीअसामी	कौनगोत्र	प्रवर	कौनवेद	शाखा	क्या सूत्र०	
सं.	१ आस्पदनाम	२ ग्रामकानाम	३ मूलपुरुष	४ गोत्र	५ प्रवर	६ वेद	७ शाखा	८सूत्र	९विश्वा
१	मिश्र			कात्याय.	३	यजु०	माध्य०	पारस्क०	
२	घहरवारदुबे	पत्यौजाके		का.	३	य.	मा.	पा.	
३	घहरवारदुबे	नौतनिके		का.	३	य.	मा.	पा.	
४	ऐडेमिश्रभेद ४ हैं	वदरकावाले		का.	३	य.	मा.	पा.	२०
५	गैंडेमिश्र २	पिहानिवाले		का.	३	य.	मा.	पा.	
६	खट्टेमिश्र ३	बैडगांववाले		का.	३	य.	मा.	पा.	२०
७	मिट्ठेमिश्र		लोकनाथके	का.	३	य.	मा.	पा.	
८	मिश्र १		लवानीके	का.	३	य.	मा.	पा.	
९	मिश्र २		बोधीके	का.	३	य.	मा.	पा.	
१०	मिश्र ३		सतीदासके	का.	३	य.	मा.	पा.	
११	मिश्र		वनवारीके	का.	३	य.	मा.	पा.	
१२	मिश्र	कन्नोजवाले	अनिरुद्धके	का.	३	य.	मा.	पा.	२०
१३	मिश्र	सुठियावाले	केशीके	का.	३	य.	मा.	पा.	२०
१४	मिश्र	आकिनीवाले		का.	३	य.	मा.	पा.	२०
१५	मिश्र	मझगयावाले		का.	३	य.	मा.	पा.	२०
१६	मिश्र	मझगैयावाले	कुवलयके	का.	३	य.	मा.	पा.	२०
१७	मिश्र		वाधिकेमित्रानंद	का.	३	य.	मा.	पा.	
१८	मिश्र		सतीदासकेमित्र	का.	३	य.	मा.	पा.	

०कौनआस्प कु.प. कहांके किनकीआसामी कौनगोत्र प्रवर कौनवेद शाखा क्यासूत्र०

सं.	१ आस्पदनाम	२ ग्रामनाम	३ मूलपुरुष	४.गोत्र	५प्रवर	६ वेद	७शाखा	८सूत्र	९ विश्वा
१९	मिश्र	लौंगाउवाले	भावनाथके	का.	३	य.	मा.	पा.	
२०	अग्निहोत्री	वदरकाके		का.	३	य.	मा.	पा.	
२१	मिश्र	बंजेगांवके		का.	३	य.	मा.	पा.	
२२	मिश्र	पालिवाले		का.	३	य.	मा.	पा.	
२३	मिश्र	अमोलिवाले		का.	३	य.	मा.	पा.	१८
२४	मिश्र	दाशिबेरके		का.	३	य.	मा.	पा.	
२५	मिश्र	बदरकाके	पुरनिया	कात्यायन	३	य.	मा.	पा.	१८
२६	तेवारी	मनोहरके		कश्यप	३	साम.	कौथ.	गोभि.	
२७	तेवारी	सखरेजके		कश्यप		सा.	कौ.	गो.	१इ.
२८	तेवारी	बरुवाके		क.	कश्यपवत्सनैध्रुव इति	सा.	कौ.	गो.	
२९	तेवारी	गुदरपुरके		क.		सा.	कौ.	गो.	
३०	तेवारी	हरिवसपुरके		क.		सा.	कौ.	गो.	
३१	अवस्थी		खेचरके	क.		सा.	कौ.	गो.	
३२	दीक्षित	बदरकाके	वबुवाके	क.		सा.	कौ.	गो.	
३३	दीक्षित		बोदलवाले	क.		सा.	कौ.	गो.	
३४	दीक्षित	कल्यानावाले	लक्ष्मणके	क.		सा.	कौ.	गो.	
३५	दीक्षित		खगेश्वरके	क.		सा.	कौ.	गो.	
३६	तेवारी		हेमनाथके	क.		सा.	कौ.	गो.	
३७	दीक्षित	अटैरके करलुवावा		क.		सा.	कौ.	गो.	
३८	अग्निहोत्री	हडहाके		क.		सा.	कौ.	गो.	
३९	मिश्र	कस्याणापुरीके		क.		सा.	कौ.	गो.	
४०	अवस्थी	खेडरावाले	आसादत्तके	क.		सा.	कौ.	गो.	
४१	अवस्थी	शिरोमणिवाले		क.		सा.	कौ,	गो.	
४२	दुबे	सदनिया		क.		सा.	कौ.	गो.	
४३	मिश्र	गंगाके		क.		सा.	कौ.	गो.	
४४	तेवारी		मैकुके	क.		सा.	कौ.	गो.	उग्र २०
४५	दीक्षित	शिकांतके	हरिहरके	क.		सा.	कौ.	गो.	१४
४६	दीक्षित	भैदनके		क.		सा.	कौ.	गो.	
४७	दीक्षित	महतूके		क.	३	सा.	कौ.	गो.	
४८	दीक्षित	मनोहरके		क.	३	सा.	कौ.	गो.	
४९	तेवारी	सेहुडाके	सहिवाले	क.	३	सा.	कौ.	गो.	
५०	तेवारी	सखरेजके		क.	३	सा.	कौ.	गो.	
५१	तेवारी	एकडालावाले	राघिऔजानिके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	११
५२	तेवारी	वेहरंवाले	चतुरकेऔरुन्हि	क.	३	सा.	कौ.	गो.	१०
५३	तेवारी	राइऔनिद्दावाले		क.	३	सा.	कौ.	गो.	८
५४	तेवारी	जूदवाले	विभाकरके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	५
५५	तेवारी	वचुआधरवासवा		क.	३	सा.	कौ.	गो.	१५
५६	तेवारी	वरगदहा	सामान्यहे	क.	३	सा.	कौ.	गो.	

० कौन	आस्प.	कु. प. कहांके	किनकी आसामी	कौनगोत्र	प्रवर	कौनवेद	शाखा	कयासूत्र	०
सं.	१ आस्पदनाम	२ ग्रामनाम	३ मूलपुरुष	४ गोत्र	५ प्रवर	६ वेद	७ शाखा	८सूत्र	९विश्वा
५७	तेवारी	उञ्जपुरके	सामान्य हैं.	क.	३	सा.	कौ.	गो.	
५८	तेवारी	सपरिपुरवाले		क.	३	सा.	कौ.	गो.	
५९	तेवारी	गल्हूके	प्रध्यमहैं	क.	३	सा.	कौ.	गो.	
६०	तेवारी	माधवगणपति		क.	३	सा.	कौ.	गो.	
६१	तेवारी	अर्चितके	वागीशवाले	क.	३	सा	कौ.	गो.	१०
६२	तेवारी	बरवाइवाले	मीठे	क.	३	सा.	कौ.	गो.	६
६३	तेवारी	दयालपुरवाले	मीठे	क.	३	सा.	कौ.	गो.	
६४	तेवारी	कुहमरावेवाले	सुखीवाके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	१
६५	तेवारी	कुहमरावेवाले	दुखीवाके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	५
६६	तेवारी	गुदरपुरी	हरिनाथकेपुत्र	क.	३	सा.	कौ.	गो.	
६७	तेवारी	बीखलीमीठे	धाधवाले	क.	३	सा.	कौ.	गो.	
६८	तेवारी	जगीरावांदी	रमइके	का.	३	सा.	कौ.	गो.	
६९	तेवारी	सपइवाले	दमाके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	१८
७०	तेवारी	पहरीवाले	गोपालके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	१६
७१	तेवारी	कठेरुबावाले	गोवर्धनके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	१९
७२	तेवारी	गौंराबादवा	चतूके	क,	३	सा.	कौ.	गो.	२०
७३	तेवारी	कठोरे	कन्हईके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	१४
७४	तेवारी		घाघके	क.	३	सा,	कौ,	गो.	५
७५	तेवारी	गुदरपुरवाले	वांकी	क.	३	सा.	कौ.	गो.	१०
७६	तेवारी	हरिवंसपुर वा.		क.	३	सा.	कौ.	गो.	१०
७७	तेवारी	छीतवाले		क.	३	सा.	कौ.	गो.	११
७८	तेवारी	रतनपुरीबा०		क.	३	सा.	कौ.	गो.	१२
७९	तेवारी	शिवराजपुरी	कसकेनववस्ताबा	क.	३	सा.	कौ.	गो.	१२
८०	तेवारी		चक्रकेपंचभैया	क.	३	सा.	कौ.	गो.	८
८१	तेवारी		आनंदवन्नूकेमीठे	क.	३	सा.	कौ.	गो.	५
८२	तेवारी	वगउमरकाके		क.	३	सा.	कौ.	गो.	५
८३	तेवारी	कमपुरीके	बीरबमीठे	क.	३	सा.	कौ.	गो.	५
८४	तेवारी	उमरीके		क.	३	सा.	कौ,	गो.	५
८५	तेवारी		बचाई	क.	३	सा.	कौ.	गो.	५
८६	तेबारी		परमानंदके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	५
८७	तेबारी		गौरीके	क.	३	सा.	कौ.	गो.	७
८८	तेवारी	पचोरके		क.	३	सा.	कौ.	गो.	
८९	तेवारी	चिंगीसपुरी	अर्धधर	क.	३	सा.	कौ.	गो.	
९०	तेवारी	आदिधतुराके		शांडि.	३	सा.	कौ.	गो.	
९१	तेवारी	हमंतपुरवाले	वंशीधर	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	
९२	मिश्र	हमीरपुरवाले	हरिहरशार्ङ्गधर	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	
९३	मिश्र	कपिलाके	त्रिपुरावाले	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	१९
९४	मिश्र		हिमकरके	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	१९

० कौनआस्प.	कु. प. कहांके	किनकीआसामी	कौनगोत्र	प्रवर	कौन वेद	शाखा	क्यासूत्र	०
सं. १ आस्पदनाम	२ ग्रामनाम	३ मूलपुरुष.	४ गोत्र	५ प्रवर	६ वेद	६ वेद ७शाखा	८सूत्र	९विश्वा
९५ मिश्र		परशुके	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	२७
९६ मिश्र		गोपनाथके	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	१२
९७ मिश्र		धोविहा	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	१८
९८ अग्निहोत्र		ललकरकेमीठे	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	१०
९९ शुक्ल	विगहपुरके	जशारामखेरके	शां.	३	सा.	कौ.	गो.	
१०० शुक्ल	तरीके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
१ शुक्ल	नवाईके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
२ शुक्ल	गहरौलीके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
३ शुक्ल	खरौलीके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
४ शुक्ल	पुरवाके		भा,	३	य.	मा.	पा.	
५ शुक्ल	चन्दनपुरके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
६ शुक्ल	गुदरपुरके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
७ शुक्ल	भैसईके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
८ शुक्ल	उचेगांवके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
९ शुक्ल	पतिहाके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
११० शुक्ल	बिगहरके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
११ शुक्ल	पाटनके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
१२ शुक्ल	सर्वसुखकेधान		भा.	३	य.	मा.	पा.	
१३ शुक्ल	विहगुपुरवाले	मधुकरके	भा.	३	य.	मा.	पा.	
१४ शुक्ल	न्यायवागी	हीलके	भा.	३	य.	मा.	पा.	
१५ शुक्ल		वालाके	भा.	३	य.	मा.	पा.	
१६ शुक्ल		विसईके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१८
१७ शुक्ल		नारायणके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१५
१८ शुक्ल		चंदाकरके	भा.	३	य.	मा.	पा.	२०
१९ शुक्ल		दिवाकरके	भा	३	य.	मा.	पा.	२०
१२० शुक्ल		हरिदासके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१५
२१ शुक्ल		उमाके	भा.	३	य.	मा.	पा.	
२२ शुक्ल			भा.	३	य.	मा.	पा.	१३
२३ शुक्ल		धनीके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१४
२४ शुक्ल		हरीके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१६
२५ शुक्ल		पैकूके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१६
२६ शुक्ल	एकडाला	सुनीके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१९
२७ शुक्ल		कश्यपखुदहा	भा.	३	य.	मा.	पा.	१
२८ शुक्ल		नगईके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१४
२९ शुक्ल		भानके	भा.	३	य.	मा.	पा.	
१३० शुक्ल		दुर्गादासवेरुचे	भा.	३	य.	मा.	पा.	११
३१ शुक्ल	गलदभ्यवाक	छंगेके	भा.	३	य.	मा.	पा.	२०
३२ शुक्ल	महोलीवाले	इपसइके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१०

०कौनआस्प.	कु. प. कहांके	किनकीआसामी	कौनगोत्र	प्रवर	कौनवेद	शाखा	क्यासूत्र०	
सं. १ आस्पदनाम	२ ग्रामनाम	३ मूलपुरुष	४ गोत्र	५ प्रवर	६ वेद	७ शाखा	८ सूत्र	९ विश्वा
३३ शुक्ल	आसीकटियावाले	रामनाथके	भा.	३	य.	मा.	पा।	१०
३४ शुक्ल	तरीके		भा.	३	य.	मा.	पा.	५
३५ शुक्ल	रुद्रपुरके		भा.	३	य.	मा.	पा.	५
३६ शुक्ल	शांतिके		भा.	३	य.	मा.	पा.	५
३७ शुक्ल	चौगांवकेपटपुरके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
३८ शुक्ल	नवायके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
३९ शुक्ल	असईके		भा.	३	य.	मा.	पा.	
१४० शुक्लदीक्षित	डींडियारोरेके		भा.	३	य.	मा.	पा.	१०
४१ त्रिवेदी		कान्हके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१०
४२ त्रिवेदी	साढवाले	नालके	भा.	३	य.	मा.	पा.	१०
४३ त्रिवेदी	सिकटीयावाले	कान्हकेजेष्ठीके	भा.	३	य.	मा.	पा.	८
४४ त्रिवेदी	तौधकपुरीदमने	कासिदासहु	भा.	३	य.	मा.	पा.	११
४५ शुक्ल	वेतीवाले		भा.	३	य.	मा.	पा.	१६
४६ शुक्ल	असनीवाले		भा.	३	य.	मा.	पा.	१६
४७ अग्निहोत्री	अभयपुरके							५
४८ दीक्षित		झपाक	उपम	३	य.	मा.	पा.	१५
४९ वाजपेयी	असनीगोपालपुर	लच्छाके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
१५० दुबे	जैराजमऊवाले	देवरामके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
५१ दुबे	इटायेवाले	घरवासके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
५२ दुबे	इटायेवाले	अभईके	उ.	३	य.	मा.	पा.	५
५३ अग्निहोत्री	रेवारीवाले	जनार्दनके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
५४ दुबे	भोजपुरवाले	मकरंदके	उ.	३	य.	मा.	पा.	८
५५ दुबे	क्यासरमडवा.	वासुदेवके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१२
५६ दीक्षित	दरियावादवा.	गोपीके	उ.	३	य.	मा.	पा.	११
५७ दुबे		वरवासके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१९
५८ दुबे		बालुके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१५
५९ दुबे	पश्यामवाले	किसनके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१३
१६० दुबे	नरोत्तमपुरवाले	भैसईके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
६१ दुबे	जानापुरके	हरदत्तके	उ.	३	य.	मा.	पा.	८
६२ दुबे		जानाके	उ.	३	य.	मा.	पा.	८
६३ दुबे			उ.	३	य.	मा.	पा.	५
६४ दुबे	मौरावके	शिवदत्तके	उ.	३	य.	मा.	पा	८
६५ पाठक	जानापुरके	देवदत्तके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
६६ अग्निहोत्री	एकडळावाले	ब्रह्मदत्तके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
६७ अवस्थी	केशरमऊके	ब्रह्मदत्तके	उ,	३	य.	मा.	पा.	१०
६८ त्रिवेदी		यज्ञदत्तके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
६९ वाजपेयी		रामनिधीके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
१७० त्रिवेदी			उ.	३	य.	मा.	पा.	

० कौनआस्पद,	कु. प. कहांके	किनकीआसामी	कौनगोत्र	प्रवर	कौन वेद	शाखा	क्यासूत्र०
सं. १ आस्पदनाम	२ ग्रामनाम	३ मूलपुरुष	४ गोत्र	५प्रवर	६ वेद	७ शाखा	८ सूत्र	९विश्वा
१७१ त्रिवेदी	एकउतमवाले	पुरंदरके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
७२ अवस्थि	पुरंदर		उ.	३	य.	मा.	पा.	
७३ त्रिवेदी		पुरंदरके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
७४ अवस्थि		पुरंदरके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
७५ अवस्थि	तेवराशीवाले	माधवके	उ.	३	य.	मा.	पा.	२०
७६ अवस्थि	तेवराशीवाले	बडेदिनके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१७
७७ अवस्थि	तेवराशीवाले	गोपालके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१८
७८ अवस्थि	तेवराशीवाले	प्रभाकरके	उ.	३	य.	मा.	पा	२०
७९ अवस्थि	तेवराशीवाले	कन्हईके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
१८० अवस्थिवाजे	सरवनके	अठभैया	उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
८१ शुक्ल		हरिके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१८
८२ शुक्ल		रघुनाथके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१४
८३ शुक्ल		मंडनके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१२
८४ वाजपेयी		यज्ञदत्तके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
८५ वाजपेयी	त्रिमलावाले	गदाधरके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
८६ वाजपेयी		काशीरामके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१७
८७ वाजपेयी		मनीरामके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१८
८८ वाजपेयी		मथुराके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१५
८९ वाजपेयी		नोपीकेसामान्य	उ.	३	य.	मा.	पा.	
१९० वाजपेयी	मनोरथवाले	जेष्ठीके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
९१ वाजपेयी	वटेश्वरवाले	लहूरीके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
९२ वाजपेयी	लखनऊवाले	छंगके	उ.	३	य.	मा.	पा.	२०
९३ वाजपेयी	लक्ष्मीपतिपुरवा.	भास्करके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
९४ वाजपेयी		पीयाके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
९५ वाजपेयी		हारीके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
९६ वाजपेयी		मुरलीधरके	उ.	३	य.	मा.	पा.	२०
९७ वाजपेयी		परसरामके	उ.	३	य.	मा.	पा.	
९८ वाजपेयी	बैहारीवाले	भगोलेके	उ.	३	य.	मा.	पा.	१९
९९ वाजपेयी	हारीवाले	कालुवदलेके	उ.	३	य.	मा.	पा.	२०
२०० वाजपेयी		वीशाके	उ.	३	य.	मा.	पा.	२०
२०१ वाजपेयी		यथादत्तभक्ति	उ.	३	य.	मा.	पा.	१८
२०२ वाजपेयी	असनिहारखेर	केशनके	उ.	३	य.	मा.	पा.	२०
२०३ वाजपेयी	मोहारवाले	कमलनयनके	उ.	३	य.	मा.	पा.	२०
२०४ वाजपेयी	मौजमावा.		उ.	३	य.	मा.	पा.	१७
२०५ वाजपेयी	चिलौलिवाले		उ.	३	य.	मा.	पा.	१५
२०६ वाजपेयी	भौजिवाले		उ.	३	य.	मा.	पा.	१०
२०७ अग्निहोत्री	दरियाबादवा.		उ.	३	य.	मा.	पा.	
२०८ शुक्ल	वनरथीके		सांकृ.	३	य.	मा.	पा.	

० कौनआस्प. कु. प. सं. १ आस्पदनाम	कहांके किनकीआसामी २ ग्रामनाम	३ मूलपुरुष	कौनगोत्र ४ गोत्र	प्रवर ५ प्रवर	कौनवेद ६ वेद	शाखा ७ शाखा	क्यासूत्र ८ मूल	० ९ विश्वा
२०९ पांडे	कपिले		सा.	३	य.	मा.	पा.	
२१० पांडे	गौराके		सा.	३	य.	मा.	पा.	
२११ पांडे	कनौजके		सा.	३	य.	मा.	पा.	
२१२ पांडे	लखनऊके भट्टाचार्यवाले		सा.	३	य.	मा.	पा.	१७
२१३ पांडे	खोरके	गेरगसो	सा.	३	य.	मा.	पा.	२०
२१४ शुक्ल	लखनौके		सा.	३	य.	मा.	पा.	१७
२१५ शुक्ल	नभेल	अर्धधर	सा.	३	य.	मा.	पा.	१०
२१६ शुक्ल	फतुहाबादी		सा.	३	य.	मा.	पा.	२०
२१७ शुक्ल	अशनीहा		सा.	३	य.	मा.	पा.	२०
२१८ शुक्ल	पुरनीयावाले		सा.	३	य.	मा.	पा.	२०
२१९ शुक्ल	नभेल		सा.	३	य.	मा.	पा.	५
२२० शुक्ल	रूपनके		सा.	३	य.	मा.	पा.	१५
२२१ शुक्ल	डोमनपुरके		सा.	३	य.	मा.	पा.	१६
२२२ शुक्लमिश्र	कौशिकीमिश्र		सा.	३	य.	मा.	पा.	५

कान्यकुब्ज शर्वरियोंके गोत्र प्रवर वेद शाखा सूत्रका कोष्ठक.

० गोत्र.	प्रवर	वेद	शाखा	सूत्र.
१ भारद्वाजः	आंगिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजाः ३	य.	मा.	पा.
२ भारद्वाजः	आंगिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजेतित्रयः	य.	मा.	पा.
३ कृष्णात्रेयः	आत्रेयऔर्ववान्शावाश्वाः ३	य.	मा.	पा.
४ औपमन्यवः	वासिष्ठभरद्वाजेंद्रप्रमदेति ३	य.	मा.	पा.
५ कुशिकः	विश्वामित्रदेवरातउद्दालकाः ३	य.	मा.	पा.
६ कौशिकः	विश्वामित्रदेवरातउद्दालकाः ३	य.	मा.	पा.
७ कश्यपः	कश्यपवत्सनैध्रुवाः ३	सा.	कौ.	गो.
८ सांकृत्यः	आंगिरसगौरिवीतसांकृत्येतिशाक्यगौरिवीतसांकृतिवा.	य.	मा.	पा.
९ वत्सः	भार्गवच्यवनाप्नुवान्और्वजामदग्न्येतिभार्गवौर्वजम. ३	य.	मा.	पा.
१० गर्गः	आंगिरससैन्यगार्ग्येति ३ वा. ५	सा.	कौ.	गो.
११ गौतमः	गौतमः वार्हस्पत्याः ३	य.	मा.	पा.
१२ शांडिल्यः	असितदेवशांडिल्येति.	सा.	कौ.	गो.
१३ वसिष्ठः	वसिष्ठशक्तिपराशराः ३	य.	मा,	पा.
१४ धनंजयः	आत्रेयअर्चनानसधनंजयेति३वैश्वामित्रमा,छंदसधानज३	सा.	कौ.	गो.
१५ पराशरः	वसिष्ठशक्तिपराशराः ३	य.	मा.	पा.
१६ [illegible]		य.	मा.	पा.
१७ कात्यायनः	आंगिरससैन्यगार्ग्येति			

अथ आदिगौडब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ २८ ॥

अथ आदिगौडब्राह्मणोत्पत्तिप्रसंगमाह हरिकृष्णः ॥ जनमेजयनामा वै राजा धर्मपरायणः ॥ नीतिमान्सत्यसंधश्च वेदशास्त्रविचक्षणः ॥ १ ॥ आर्यावर्ते च निवसन्पालयन्धर्म्मतः प्रजाः ॥ वटेश्वरं मुनिवरं शिष्यवृंदैः समन्वितम् ॥ २ ॥ यज्ञं कर्तुं समाहूय वेदाब्ध्यब्धींदुः १४४४ संमितैः ॥ ततः परमसंतुष्टो राजा यज्ञं चकार ह ॥ ३ ॥ देवर्षींस्तोषयामास पूजास्तुत्यभिवंदनैः ॥ चक्रे दानान्यनेकानि तोषयामास भूसुरान् ॥ ४ ॥ चकारावभृथस्नानं गुरुं नत्वातिभक्तितः ॥ महापूजां चकारादौ दक्षिणां दातुमुद्यतः ॥ ५ ॥ तदा स ऋषिराण्णैव प्रतिग्रहमथाकरोत् ॥ आज्ञां गृहीत्वा नृपतेः स्वदेशगमनं प्रति ॥ ६ ॥ निर्गताश्च तदा राजा चैकैकं ग्राममुत्तमम् ॥ लिखित्वा वीटिकामध्ये स्थापयित्वा च पत्रकम् ॥ ७ ॥ एकैकं प्रददौ भक्त्या मुनिशिष्येभ्य एव च ॥ ते तु तांबूलकं मत्वा गृहीत्वा प्रेमपूर्वकम् ॥ ८ ॥ नदीतटं समायाता गंभीरजलपूरितम् ॥

अब आदिगौडब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं पूर्वमें एक जनमेजयनाम करके एक राजा धर्मशील नीतियुक्त सत्य भाषण करनेवाला वेदशास्त्रमें कुशल ऐसा था ॥ १ ॥ आर्यावर्तक्षेत्रमें रहके सकलपृथ्वीका धर्मसे पालन करता था एक दिन यज्ञ करनेके वास्ते ॥ २ ॥ एक हजार चारसौ चौवालीस शिष्यसहवर्तमान वटेश्वर मुनिको बुलायके परम संतोष पायके राजाने यज्ञ किया ॥ ३ ॥ उस यज्ञमें देव ऋषि ब्राह्मणोंको पूजा स्तुति नमस्कारादिकसे संतोषिताकिये और ब्राह्मणोंको अनेकदान देके संतोषित किया ॥ ४ ॥ पीछे अवभृथ स्नान करके अतिभक्तिसे गुरुको नमस्कार करके गुरुकी महापूजा किये पीछे दक्षिणा देनेको तयार भया ॥ ५ ॥ वटेश्वरमुनिने राजाप्रतिग्रह न करते अपने देश जानेके वास्ते राजाकी आज्ञा लेके निकले ॥ ६ ॥ इतनेमें राजाने क्या किया कि एकएक गाँवके नामकी चिट्ठी लिखके तांबूलके विडेमें रखके ॥ ७ ॥ परम भक्तिसे निकलती बखत एकएक मुनिके शिष्योंको एकएक पानका बीडा ग्रामदानकी चिट्ठीसहित दिये वे शिष्योंने केवल तांबूलकी बीडी जानके प्रेमपूर्वक ग्रहण करके अतिगम्भीर जल जिसमें भरा है ऐसी नदीके तटऊपर आये. पीछे जलके ऊपर पांव

जलमध्ये यदा पादौ संस्थाप्य गमनं प्रति ॥ ९ ॥ मतिं चक्रुस्तदा पादौ मग्नौ तस्या जले ततः ॥ पूर्वं जलप्रतरणं कृत्वा पादेन चागताः ॥ १० ॥ कथं तद्विपरीतं वै जातमात्राधुना मिथः ॥ कृत्वा विचारं चोद्घाट्य पश्चात्तांबूलवीटिकाम् ॥ ११ ग्रामदानपत्रिकां वै दृष्ट्वातिविस्मयान्विताः ॥ दानप्रतिग्रहान्नष्टा गतिरस्माकमेव च ॥ १२ ॥ एवं निश्चित्य नृपतिं गत्वा प्रोचुर्द्विजातयः ॥ कथं वै गुप्तमार्गेण दानं दत्तं त्वयाधुना ॥ १३ ॥ तदा प्रोवाच नृपतिः साष्टांगं प्रणिपत्य च ॥ विना वै दक्षिणादानं यज्ञः सांगः कथं भवेत् ॥ १४ ॥ क्षमध्वं चापराधं मे कृपां कृत्वा ममोपरि॥एवमुक्त्वा स्वदेशे वै वासयामास तान्द्विजान् ॥ १५ ॥ ते गौडब्राह्मणाः सर्वे गौडदेशनिवासिनः ॥ वेदशास्त्रपुराणज्ञाः श्रौतस्मार्तपरायणाः ॥ १६ ॥ आचारेण विहीनाश्च स्पर्शदोषविवर्जिताः ॥ शाखा माध्यंदिनी तेषां वेदः शुक्लयजुः स्मृतः ॥ १७ ॥ गोत्राणि गौतमादीनि सूत्रं कात्याय-

रखके जिस बखत चलने लगे ॥ ९ ॥ तब पाँव जलमें डूब गये उस बखत मनमें बिचार करते हैं कि पहले तो जलके ऊपर पाँवसे चले आये ॥ १० ॥ और इस बखत जल ऊपरका गमन नष्ट कैसा भया ऐसा आपसमें विचार करके पीछे तांबूलकी बीडीको खोलके देखते हैं ॥ ११ ॥ तो उसमें ग्रामदानकी चिट्ठी देखे तब बहुत आश्चर्य पायके कहते हैं कि यह ग्रामदानका प्रतिग्रह किया उससे जल ऊपरकी गति नष्ट भई ॥ १२ ॥ ऐसा निश्चय करके राजाके पास जायके कहते हैं हे राजा ! तुमने अभी हमको गुप्तरीतिसे दान कैसा दिया ॥ १३ ॥ तब राजा सभीको साष्टांग नमस्कार करके हात जोडके नम्रतासे कहता है हे महाराज ! दक्षिणा दिये बिना मेरा यज्ञ सांग कैसा होगा ॥ १४ ॥ इसवास्ते मैंने जो अपराध किया उसे क्षमा करो । और मेरे ऊपर कृपा करो । ऐसा कहके उन सभी मुनि शिष्यकूं अपने देशमें निवास करवाया ॥ १५ ॥ वे सब गौड देशमें रहे और पहिले इनहीं ब्राह्मणोंकी प्रतिष्ठा भई इसवास्ते आदि गौड ब्राह्मण भये वेद शास्त्र पुराणमें निपुण श्रौत स्मार्त कर्ममें तत्पर रहते भये ॥ १६ ॥ परन्तु इन ब्राह्मणोंमें बहुत करके आचार थोडा पालन करते हैं । और स्पर्श दोष मानते नहीं हैं । इन

नीयकम् ॥ श्रुत्वा द्विजमुखादेतं वृत्तांतं पूर्वकालिकम् ॥ १८ ॥ निबंधनं च कृतवान् हरिकृष्णो द्विजः सुधीः ॥ तेन श्रीभगवान्विष्णुर्मोक्षदो नः प्रसीदतु ॥ १९ ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडाध्याये आदिगौडब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ २८ ॥ इति पंचगौडमध्ये मुख्यगौडसंप्रदायः ॥ आदितः पद्यसंख्याः ॥ ३४४१ ॥

सब ब्राह्मणोंका शुक्ल यजुर्वेद, माध्यंदिनी शाखा है ॥ १७ ॥ गौतमादिक गोत्र हैं। सूत्र कात्यायनका है । यह आदिगौड ब्राह्मणोंका पूर्वकालीनवृत्तांत ब्राह्मणोंके मुखसे श्रवण करके ॥ १८ ॥ हरिकृष्णने श्लोक निबद्ध किया उसकरके मोक्षदाता विष्णु हमारे ऊपर प्रसन्न हों ॥ १९ ॥

इति आदिगौडब्राह्मणोंकी उत्पत्ति संपूर्णभई । प्रकरण ॥ २८ ॥

अथ संक्षेपतः आदिगौडानां किंचिद्गोत्रावटंकनूखनामचक्रम् ।

संख्या	अवटंक	नूख	गोत्र	प्रवर	वेद	शाखा	सूत्र	देवी
१	किरीट				य.	मा.	पा.	
२	हरितवाल	मिश्र			य.	मा.	पा.	
३	इंदोरिया	जोशी			य.	मा.	पा.	
४	बवरेवाला	जोशी			य.	मा.	पा.	
५	सेयल				य.	मा.	पा.	
६	डाचोल्या	जोशी			य.	मा.	पा.	
७	सुरोल्या	जोशी			य.	मा.	पा.	
८	पादोपेता	जोशी			य.	मा.	पा.	
९	मारद्या	परोत			य.	मा.	पा.	
१०	पंचरग्या	जोशी			य.	मा.	पा.	
११	इच्छावत				य.	मा.	पा.	
१२	तासोन्या				य.	मा.	पा.	
१३	आष्टान				य.	मा.	पा.	
१४	कुंडालक				य.	मा.	पा.	
१५	गिडा				य.	मा.	पा.	
१६	मोरोलिया	जोशी			य.	मा.	पा.	
१७	तृन्द्या	जोशी			य.	मा.	पा.	
१८	टिलावव	जोशी			य.	मा.	पा.	
१९	विवाल				य.	मा.	पा.	
२०	विवाल				य.	मा.	पा.	

अथ श्रीमालिब्राह्मणानांगोत्रादिनवभेदज्ञानचक्रम् । अस्यचक्रस्यसंबंधः पूर्वैकादशाधिकैकशततमेपत्रे १११ अस्ति ।

	गोत्र.	प्रवर.	शर्म	देवी	गणपति	यक्ष	शिव	भैरव	अवटंक	उपनाम	
१	सनकस	सहोत्र १ गोचर्मद २ गृत्समद ३	नंद	वरुणार्चि	अननीन	वत्स	बानकेश्वर	आनंद	त्रवाडी	टोकर	१०
२	भारद्वाज	आंगिरस १ बार्हस्पत्य २ भारद्वाज ३	शिव	बंधुयक्षिणी	उधियादुधीय	रामेश्वर	नवलक्षेश्वर	ईशान	ओझा	त्रोंपप	१३
३	पाराशर	वसिष्ठ १ शक्ति २ पाराशर ३	त्रति	वटयक्षिणी	नर्क	चित्रेश्वर	२पारेश्वर	सिद्धिदास	व्यास	माधे	५
४	कौशिक	आंगिरस १ देवराज २ औद्दालय ३	भव	कमला	स्वर्ग	कामेश्वर	त्र्यम्बकेश्वर	काल	ओझा	शाल्या	८
५	वत्सस्	भृगु१च्यवन२आप्रवा३और्व४जम५	मित्र	बालगौरी	गोवत्सल	गनगजी	धारेश्वर	मंगलमूर्ति	त्रवाडी	दशोत्तर	६
६	उपमन्यव	ऊपमन्व १ और्व २ भृगु ३	भूत	नगिनी	सिद्धिविनाय,	उमया	भुरभुरेश्वर	बटुक	त्रवाडी	मेहेरे	१
७	काश्यप	काश्यप १ वत्स २ नैध्रुव ३	भूत	योगेश्वरी	मृत्यु	लक्ष्मणेश्वर	काश्यपेश्वर	जटिल	त्रवाडी	जाजरोळा	१२
८	गौतमस्	गौतम १ आंगिरस २ औतथ्य. ३	दास	अरिष्टा	साध्य	दमयंतीश्वर	चंडेश्वर	ग्रामपाल	दवे	नंपाटया	६
९	चांद्रस्	आत्रेय १ औतथ्य २ गौतम ३	नाग	महालक्ष्मी	ढुंढीराज	देव	प्रभूतेश्वर	रुद्रचंद्र	दवे		४
१०	शांडिल्य	आशैल १ देवल २ शांडिल्य ३	सोम	क्षेमकरी	उदय	त्रिशूल	जडेश्वर	आंसितांग	दवे	काकडिया	४
११	लौडवान	आंगिरस १ औतथ्य २ लौडूवान् ३	गुप्त	चामुंडा	करि	धनेश्वर	भूतेश्वर	प्राणदास	दवे	कोमर	३
१२	मौद्गलस्	आंगिरस १ भारम्य २ मौद्गलस् ३	धीश	वरानना	आय	हयेस	गंगेश्वर	देववत्सल	दवे	कलवडिया	४
१३	कपिंजलस्	वसिष्ठ १ भारद्वाज २ इंद्रप्रमद ३	दत्त	सरभीबगस्थ्य	अभय	दुर्धर	नागेश्वर	रक्तांग	दवे	पंतोनिया	१०
१४	हरितस्	हरितस् १	देवी	दत्तचण्डी	अजन	सूर्य	जोगेश्वर	वटपाल	ओझे		१

अथ श्रीगौडादिब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ २९ ॥

अथ गुर्जरसंप्रदायश्रीगौडादिब्राह्मणोत्पत्तिमाह कश्चित्कविः ॥ खे नंदे रुद्रवर्षे सहसितशुभगे बाणतिथ्यां च वारे देवेज्ये राजराजो विजयमनुमहासिंहनामा सुराज्यः ॥ श्रीगौडज्ञातिशुद्धिं कुलगुणगणनाचारशुद्धिं च तद्वद्देशे स्वे गुर्जरे यः प्रकटितमकरोत्स्थापयित्वा सुवृत्तिम् ॥ १ ॥ ग्रामे स्वे दुष्कराणां शतयुगलमहावृत्तियोगस्तथैषां पूज्यादेवी च लक्ष्मीः सकलसुखकरी सा च लक्षेश्वरीति ॥ पूर्वं गौडोद्भवास्ते विधिपरवशगा मालवे कालयोगत्स्थित्वैते सद्यशौघं प्रतिहतमनसो गुर्जराः संप्रदायान् ॥२॥ तेषां विवेको विविधो नूतनो जीर्णसंज्ञया ॥ कुलीना नूतना जीर्णाः कनीयांसस्तथापरे ॥ ३ ॥ यस्मिन्ग्रामे च यस्यास्ति सा वृत्तिस्तस्य दीक्षया ॥ नामसंज्ञां चकारासौ राजा विजयसिंहराट् ॥ ४ ॥ पूर्वं ग्रामस्ततो गोत्रं प्रवराश्च ततः परम् ॥ अवटंकादिकं सर्वं लिख्यतेऽनुक्रमेण हि ॥ ५ ॥ गृहैकादशकं श्रेष्ठमेकादश ततः परम् ॥ नूतनानां

अब गुजराती श्रीगौड ब्राह्मण और मेडतवाल ब्राह्मण और खरसोदे आदिब्राह्मणोंका उत्पत्तीभेद कहतेहैं ॥ पहले विक्रम संवत् ११९० सालमें मार्गशिर्षशुक्ल ५ गुरुवारके दिन बडा प्रतापी विजयसिंह राजा आपने गुजरात देशमें दोसौ ब्राह्मणोंको अच्छे गांव जागीर देके उनकी उत्तम जीविका स्थापन करके श्रीगौड ब्राह्मणोंकी और उनका कुल गोत्र शुद्ध आचार गुजराती संप्रदायसे स्थापन करता भया ॥ १ ॥ ज्ञाति यह ब्राह्मण पहले गौडज्ञाती थे काश्मीरमें श्रीहट्टनगरमें रहते थे। वहां बडा दुष्काल पडनेसे प्रारब्धयोगसे मालवदेशमें आयके रहेवहां यशप्राप्ति अच्छी हुई और भाग्योदय हुवा। तब विजयसिंह राजाने उन्हें गुर्जर संप्रदायमें स्थापन किया इन सबब्राह्मणोंकी कुलदेवी लक्षेश्वरीनामक लक्ष्मीजी हैं॥२॥उन श्रीगौडब्राह्मणोंके भेद बहुत हैं। उनमें कुलवान् नवे जूने और अन्यभेद हैं वे कनिष्ठ जानने ॥ ३ ॥ जिस गाँवमें जिसकी वृत्ति है वही जिसकी दीक्षाका नाम राजाने स्थापन किया ॥४॥ अब उसमें उन श्रीगौडब्राह्मणोंका पहिले गांवका नाम पीछे गौत्र,प्रवर,अवटंक आदिशब्दकरके उत्तम मध्यम कुल यह सब आगे क्रमसे कहते हैं ॥ ५ ॥ अब नवे श्रीगौडके बाईस हैं

गृहाणीह द्वाविंशत्परिसंख्यया ॥ ६ ॥ वडेलिया भाद्रवणी छले च काश्मीरिकाश्चार्धयुताश्च जाताः ॥ एतत्त्रयं चार्द्धयुतं विशेषमतः परं सप्तगृहं च तुल्यम् ॥ ७ ॥ कृष्णचंद्रात्तघुषा च कात्यायन्युपमन्यवः ॥ बूटिया मोटिया चैव श्रेष्ठैकादश एव यत् ॥ ८ ॥ वडेलिया कुशकशी त्रिप्रवरी पीठका मताः॥ भाद्राणिवत्ससी पञ्च ज्योतिषी च ततः परम् ॥ ९ ॥ छालेचा कौशिकीत्रिश्च द्विवेदी चोत्तमा मता ॥ काश्मीरी गर्गगोत्रीया त्रिश्च ज्योतिषिसंज्ञया ॥ १० ॥ मोढाशी च ततः कृष्णात्रेयी त्रिश्च द्विवेदिका ॥ मोटाशी चंद्र आत्रेयी त्रिर्द्विवेदी तथापरे ॥ ॥११॥ नाहापला भरद्वाजाः प्रवरैश्च त्रिपाठकाः ॥ कात्यायनास्त्रिप्रवराः पाठका मोठसीयकाः ॥१२॥ कपटाख्या बूटिया च कलिंगाश्च विपाठकाः ॥ कपटाश्च तथाल्लीहास्त्रिद्विवेदी तथापरे ॥ १३ ॥ मोठियाक्षस्तथात्रिश्च पाठकैकादशे गृहे ॥ अतोन्ये तदधोगत्या लिख्यंते नूतनेष्विह ॥ १४ ॥ कपटा अर्थगृह्लीयाऽत्रिद्विवेदी ततस्त्रिकम् ॥ मुंडा लोढामौद्गलीयात्रिः पंडचेत्यवटंकिकाः ॥ १५ ॥ ततः पंडोलिया यास्का त्रिद्विवेदी ततः परम् ॥ धोलकीया शाडिलीया त्रिद्विवेदी च ते मताः ॥१६ ॥ कपटा बोटलीया च मुजंगा च विपालकाः ॥ प्रवरैस्त्रिश्च ते व्यासा विधिश्चात्र समो मतः ॥१७॥ शिहोलिया वशिष्ठाश्च त्रिद्विवेदी ततः परम् ॥ मसूडियाः पाराशर्याः प्रवरैस्त्रिः सुज्योतिषः ॥ १८ ॥ पेटलाद्राश्च ह्यात्रेयास्त्रिः पंडचेति च विश्रुताः ॥ सुंदरीया वामकक्षा त्र्यिंसेति

उनमें ग्यारह उत्तम हैं ग्यारह मध्यम हैं ॥ ६ ॥ अब पहिल जो नवेके बाईस घर कहे उनके गाँव गोत्र अवटंक प्रवर और जूनेके गांव गोत्र प्रवर अवटंक जो हैं वे सब चक्रमें स्पष्ट दिखाये हैं इसवास्ते यहां अर्थ नहीं लिखा ॥७॥८॥ ९ ॥ १० ॥ ॥ ११ ॥ १२ ॥ १३ ॥ १४ ॥ १५ ॥ १६ ॥ १७ ॥ १८ ॥

प्रकीर्तिताः ॥ १९ ॥ कपटा टीपरीयाश्च वत्ससा पंच ज्योतिषाः ॥ दर्भावत्या भरद्वाजा त्रिज्योतिष उदाहृताः ॥ २० ॥ नूतनानां क्रमो ह्येष जीर्णानां च ततः परम् ॥ इति नूतनानुक्रमः ॥ वन्नोथियिया वत्सपी च पंच ते वै द्विवेदिकाः ॥ २१ ॥ धोलकीया वत्सपी च पंचोपाध्यायसंज्ञया ॥ उपलीटा वत्सपाः पंच पाढकेत्यवटंकिकाः ॥२२॥ टिंटाणी पंच वत्सस्य ज्योतिषा मेरुलीयकाः ॥ धाराशिणभरद्वाजास्त्रिःपंडचेति ह्युदाहृताः ॥ २३ ॥ चिकणबारा भारद्वाजास्त्रिर्व्यासेति च ते मताः ॥ चंचोलिया भरद्वाजास्त्रिर्दीक्षित उदाहृताः ॥ २४ ॥ भडकोदरा भरद्वाजास्त्रिर्महानवटंककाः ॥ कर्पंडीकश्यपास्तद्वत्त्रिर्व्यासाख्या उदाहृताः ॥ २५ ॥ सांगमीचंद्र आत्रेयास्त्रिज्योतिष्यवटंकिकाः ॥ दुंडावा कृष्णआत्रेयास्त्रिज्योंतिष उदाहृताः ॥२६॥ चांगडियाः शांडिलाश्चैव त्रिज्योंतिष्यवटंकिकाः ॥ भाथलीयाश्चहारीतास्त्रिः पंडचेत्यवटंकिकाः ॥ २७ ॥ भालजा बासवीयाश्च दीक्षिताः प्रवरास्त्रयः ॥ खेडाला विंदुलसियाद्विवेदीसंज्ञकास्त्रयः ॥ २८ ॥ गंभीरिया च कौशिक्यास्त्रिज्योंतिष उदाहृताः॥ संघाणियाश्चमौनस्यास्त्रिज्योंतिष्यवटंकिकाः ॥२९॥ लांछला गौतमीयाश्च त्रयो यजुष संज्ञया॥जंबुसराः कौशिकाश्च दीक्षिताः प्रवरास्त्रयः॥३०॥॥धाराशिणीयाः शांडिल्यास्त्रिज्योंतिष उदाहृताः ॥ धनसूराः कश्यपाश्चत्रिः पंडचेत्यवटंकिकाः ॥ ३१ ॥ केचिन्महांतः संजातास्ते जीर्णानुक्रमेण हि ॥ एवं भेदद्वयं चोक्त्वा ह्यन्यभेदान्वदाम्यहम् ॥ ॥ ३२ ॥ अथमेडतवालब्राह्मणभेदक्रमः ॥ ॥ श्रीगौडांतर्गता ये च मेहत्वालस्यवंशजाः ॥ तेषां स्थानानिगोत्राणिकथ्यंतेह्यव-

॥ १९ ॥ २० ॥ २१ ॥ २२ ॥ २३ ॥ २४ ॥ २५ ॥ २६ ॥ २७ ॥ २८ ॥२९॥ ३० ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ अब श्री गौडकी ज्ञातिमें मेडतवासी ब्राह्मणके वंशमें जो

टंककम् ॥३३॥ जरगालाश्च ह्यात्रेयाः पंडिताः प्रवरास्त्रयः ॥ खलासपुरवासीया सांकृतास्त्रिस्त्रिवाटिकाः ॥ ३४ ॥ वलायतास्त्रिप्रवराः पंडिताश्चैव मेडताः ॥ आमुजोशीलबाभाख्यस्तस्य वंशोऽत्र लिख्यते ॥ ३५ ॥ श्रीगौडे मिलितो यस्माल्लेखनीयोविधेर्वशात् ॥ शिहोरियावेणथला हरेसराश्च बेठलाः ॥ ३६ ॥ धामणोदरियाश्चैव मेहलाणपुरास्तथा ॥ नवमोसानलतडाकठागोलास्तथैव च ॥ ३७ ॥ हरिकृष्णः ॥ श्रीगौड ज्ञातिभेदे तु विशेषं प्रवदाम्यहम् ॥ श्रीगौडानां प्रथमतस्त्रयो भेदाः पुराऽभवन् ॥३८॥ मालवीया मेडताश्च प्रवालीया इति त्रिधा ॥ मालवीया द्विधा प्रोक्ता जीर्णनूतनभेदतः ॥ ३९ ॥ चतुर्विधा नूतनाश्च तेषां नामानि वच्म्यहम् ॥ खारोला नूतनाश्चैव खर्सोदग्रामवासिनः ॥ ४० ॥ शूद्रकन्यापरिणयाड्डेरोला इति स्मृताः ॥ पुरा गौडब्राह्मणाश्च काश्मीरदेशवासिनः ॥ ४१ ॥ अप्रतिग्राहिणः सर्वे लक्ष्मीशापेन भिक्षुकाः ॥

उत्पन्न भये वे मेडतवालब्राह्मण भये मेडतवालका अर्थ ऐसा है कि विजयसिंहराजाने दो सौ ब्राह्मण बुलाये उनमें कितनेक मालवेसे आये। कितनेक मेडत (उर्फ) मेरटसे इसवास्ते मेडतमें वास करनेसे वास शब्दका वाल होगया सो मेडतवाल ब्राह्मण भये उन्होंका गोत्र अवटंक स्पष्ट है ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ३५ ॥ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ अब श्रीगौड ब्राह्मणोंमें जो विशेष भेद है सो कहताहूं ॥३८॥ मालवी श्रीगौड मालवदेशसे आये वे उत्तम वर्णाश्रमधर्मको पालन करते हैं॥१॥ मेडतवाल श्रीगौड यह मेरटसे आये इसवास्ते मेडतवाल ब्राह्मण भी धर्मशील हैं ॥ १ ॥ प्रवालिये श्रीगौड यह ब्राह्मण वागडदेशसे आये प्रवालिये कहते प्रवासी यह ब्राह्मण बहुधा स्वधर्मसे विमुख रहते हैं ॥ १ ॥ अब जो मालवी श्रीगौड हैं उनमें दो भेद हैं । जूने और नवे ॥ ३९ ॥ नवे श्रीगौड चार प्रकारके हैं । खारोला गांवमें रहे इसवास्ते खारोला श्रीगौड। नवे प्रसिद्ध हैं खरसोद गांवमें रहे इससे खरसोदिये श्रीगौड भये ॥४०॥ और चौथा भेद ऐसाहै कि जिन्होंने शूद्र कन्याके साथ विवाह किया वे डेरोला श्रीगौड भये। वे सबसे जुदेहैं। यह सब गौडब्राह्मण पहिले काश्मीरदेशमें रहतेथे ॥४१॥ प्रतिग्रह नहीं करतेथे परंतु

जाताः श्रीहट्टनगरान्निर्गताश्च दिशो दश ॥ ४२ ॥ मालवे च गताः केचिन्मरुधन्वे तथाऽपरे ॥ श्रीगौडाइति यन्नामग्रामश्री कारयोगतः ॥ ४३ ॥ एषां भोजनसंबंधः कन्यासंबध एव च ॥ कार्यः सर्वैर्द्विजैर्नित्यं त्यक्त्वा भेदद्वयं बुधैः ॥ ४४ ॥ अद्याप्येषां विवाहे तु गौरवाख्यदिने द्विजैः ॥ उत्सवः क्रियते लक्ष्म्या घृतपानं तथैव च ॥ ४५ ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्याये श्रीगौडभेदतवालखरसोदियादि भेदवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ २९ ॥

पंचद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥ आदितः पद्यसंख्याः॥ ३५८६ ॥

किसी बखत लक्ष्मीके शापसे भिक्षुक भये पीछे श्रीहट्टनगरमेंसे बाहर निकसे तो जहां जिनको अच्छा लगा वहां गये ॥४२॥ कोई मालवेंमें आये । कोई मारवाडमें आये । कोई बागडदेशमें गये । अब गौड ब्राह्मणोंका श्रीगौड श्रीकार श्रीहट्टगांवके निमित्तसे भया है ॥ ४३ ॥ यह सब श्रीगौड ब्राह्मणोंका भोजन व्यवहार कन्या विवाह संबंध डेरोले प्रवालिसे इन दो भेदोंकूं छोडके सबोंने परस्पर करना युक्त है ॥ ॥ ४४ ॥ अद्यापि इनके विवाहमें गौरव भोजनके दिन लक्ष्मी कुलदेवीकी बडी पूजा करते हैं और ब्राह्मण घी पीते हैं ॥ ४५ ॥

इति श्रीगौडभेद सम्पूर्ण भया ॥ २९ ॥

अथ श्रीगौडब्राह्मणोंके गोत्र प्रवर अवटंकका स्पष्ट चक्र ।

अथ नूतनक्रमः

१	बड़ेलिया	कुशकस	२	पाठक	
२	भाद्राणिया	वत्सस	५	जोशी	
३	छालेचा	कौशिक	३	दवे	उ.
४	काश्मीरा	गर्ग	३	जोशी	उ.
५	मोठाशिया	कृष्णात्रेय	३	दवे	उ.
६	मोठाशिया	चंद्रात्रेय	३	दवे	उ.
७	नाहापला	भरद्वाज	३	पाठक	उ.
८	माढासिया	कात्यायन	३	पाठक	उ.
९	कपटाबुठिया		३	दवे	उ.
१०	कपटालिहा		३	दवे	उ.
११	मोढिया		३	पाठक	उ.
१२	कपटा	अत्रि	३	दवे	उ.
१३	मुंडालोढा	मौद्गल	३	पंड्या	उ.
१४	पंडोलिया	याज्ञक	३	दवे	उ.
१५	घोलकिया	शांडिल्य	३	दवे	उ.
१६	कपटाबोटलिया	अत्रि	३	व्यास	उ.
१७	शिहोलिया	वसिष्ठ	३	दवे	उ.
१८	मसूडिया	पाराशर	३	जोशी	उ.
१९	पेटलाद	अत्रि	३	पंड्या	उ.
२०	सुंदरिया	बामकक्ष	३	व्यास	उ.
२१	कपटाटिपरिया	वत्सस	३	जोशी	उ.
२२	दर्भावत्या	भरद्वाज	३	जोशी	उ.

अथ जीर्णक्रमः ।

१ वड्रोलिया	वत्सपी	५	दवे
२ घोलकिया	वत्सपी	५	उपाध्याय
३ उपलोटा	वत्सपी	५	पाठक
४ ढिंढाणी	वत्स	५	जोशी
५ धाराशिणा	भरद्वाज	३	पंडया
६ चिंकणबारा	भरद्वाज	३	व्यास
७ चंचोलिया	भरद्वाज	३	दीक्षित
८ भडकोदरा	भरद्वाज	३	मेहेता
९ कर्षडी	कश्यप	३	व्यास
१० सांगमी	चन्द्रात्रेय	३	जोशी
११ दुडवा	कृष्णात्रेय	३	जोशी
१२ चांगडिया	शांडिल्य	३	जोशी
१३ भाघलिया	हारीत	३	पंडया
१४ भालजा	व्यास	३	दीक्षित
१५ खेडाला	विंदुलस		देता
१६ गंभीरिया	कौशिक		जोशी
१७ संधाणिया	गौनस		जोशी
१८ लांछला	गौतम	३	
१९ जम्बूसरा	कौशिक	२	दीक्षित
२० धाराशिणिया	शांडिल्य	३	जोशी
२१ धनसूरा	कश्यप		

अथमेडतवालक्रमः ।

१ जरगाला	अत्रि	३	पंडया
२ खलालिया	सांकृत	३	त्रवाडी
३ वलायता		३	पंडया
४ शिहोरिया			
५ वेणयला			
६ हरेसदा			
७ वेठला			
८ धामणोदरिया			
९ मेहलाणा			
१० नवमोसा			
११ नलतडाकठागोला			

अथ शुकब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ३०.

अथ श्रीशुक ब्राह्मणोत्पत्तिप्रसंगमाह पाद्मे वेंकटेशमाहात्म्ये चतुस्त्रिंशेऽध्याये ॥ छायाशुकः समागत्य व्यासं क्रोशंतमात्मजम् ॥ नमस्कृत्य पितुः पादौ श्रुत्वा भागवतं सुधीः ॥१॥ कृत्वावैवाहिकं कर्म पुत्रानुत्पाद्य यत्नतः॥श्रीवेंकटाद्रिमाहात्म्य श्रुत्वा पद्मसरोवरम् ॥ २ ॥ प्राप्य कृत्वा तपस्तीव्रं सरोंबुज-

अब शुकसभ्य ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं जिस वखत पिताके आश्रममेंसे सब छोडके शुकदेवजी जाने लगे उस वखत प्रेमरसनासे व्यासजी हे पुत्र!हे पुत्र! ऐसी पीछेसे हांकमारनेलगे तब छायाशुकजीने पिताका स्नेह देखके नमस्कार करके भागवत श्रवण करके ॥ १ ॥ पिताके साथ आयके विवाह किया । पुत्रसंतान भये । पीछे श्रीद्रविड-देशमें प्रसिद्ध श्रीवेंकटेश्वरका माहात्म्य सुनके पद्मसरोवर ॥ २ ॥ आयके बडी तपश्चर्या किये । बाद श्रीवेंकटेश्वरके उपयोगमें आवें इसवास्ते सभामंडपमें योग्य ऐसें

दलः सृजत् ॥ सभेयान् मानसान् पुत्रानष्टोत्तरशतंद्विजान् ॥३॥ तानध्याप्य ब्रह्मविद्या तैः सहाद्रिं गतो मुनिः ॥ मासि भाद्रपदे पुण्ये ब्रह्मणा निर्मितोत्सवे ॥ ४ ॥ वर्तमाने श्रीनिवाससेवार्थं व्यासपुत्रकः ॥ उत्सवे वाहनान्कृत्वा शतमष्टोत्तरं द्विजान् ॥ ५ ॥ उत्सवांते चावभृथे श्रवणर्क्षे प्रसन्नधीः ॥ स्नात्वा च स्वामिसरसि तैर्द्विजैः कमलोद्भवैः ॥ ६ ॥ सभायां वेंकटेशस्य वाहकार्थं व्यजिज्ञपत् ॥ स्वनाम्ना यत्पुरं देव मया क्लृप्तं सुरेश्वर ॥ ७ ॥ तत्क्षेत्रसंभवं सस्यं जीवितं श्रीपते कुरु ॥ सेवां कुर्वंत्वाप्रलयं वाहका उत्सवेषु ते ॥ ८ ॥ श्रुत्वा मुनिवचो देवः श्रीनिवासस्तथास्त्विवति ॥ छायाशुकस्यात्मजानां सभ्यानां जीवमब्रवीत् ॥ ९ ॥ ब्रह्मलोकं जिगमिषुः पुनश्छायाशुको मुनिः ॥ कृष्णं च बलभद्रं च भानुपद्मसरोवरम् ॥ १० ॥ प्रदक्षिणीकृत्यशुकः स्थीयतामिति चात्मजान् ॥ भारद्वाजादिषड्गोत्रान् शतमष्टोत्तरं सुधीः ॥ ११ ॥

कमलपत्रोंसे मानसपुत्र एकसौ साठ उत्पन्न किये ॥ ३ ॥ उनको ब्रह्मविद्या पढायके सबोंको साथ लेके वेंकटेश पर्वतके ऊपर आये तो वहां भाद्रपद शुक्लपक्षमें ब्रह्माने निर्माण कियाहुवा श्रीवेंकटेशका उत्सव देखके श्रीवेंकटेशकी सेवानिमित्त शुकदेवजीने उत्सवमें देवके वाहकके ठिकाने एकसौ आठ अपने मानसपुत्रोंकूं दिया ॥ ४ ॥ ५ ॥ उत्सवहुवे बाद श्रवणनक्षत्रके दिन अवभृथ स्नानहुवे पीछे शुकदेवजी प्रसन्नचित्त होके अपने मानसपुत्रोंसहित स्वामिपुष्करिणीमें स्नान करके ॥ ६ ॥ सभामंडपमें आयके कहनेलगे कि ए जो मेरे एकसौ आठ मानस पुत्र हैं वे श्रीवेंकटेशके वाहकार्थ स्थापन किये और हे देव ! मैने मेरे नामसे जो पुर निर्माण किया है ॥७॥ उस गांवका जो धान्य है वह आपकी सेवामें अर्पण हो और ये मेरे पुत्र प्रलयपर्यंत उत्सवोंके दिन वाहकपना करके सेवा करैं ॥ ८ ॥ ऐसा शुकका वचन सुनके वेंकटेश प्रभुने अस्तु कहके शुकमानसपुत्रोंको चिरंजीव हो ऐसा आशिर्वाद दिया ॥९॥ पीछे शुकदेवजी ब्रह्मलोक जांते वखत कृष्ण बलभद्र सूर्य पद्मसरोवर इनकी प्रदक्षिणा करके ॥ १० ॥ भारद्वाज आदि छः गोत्रोंके अपने मानसपुत्रोंको श्रीवेंकटेशजीकी सेवामें रहो ऐसा

सभ्यान् सभासदः पान्नानुक्त्वाऽऽकाशं जगाम ह ॥ देवदर्शन उवाच ॥ उक्तं पद्मसरोजन्म छायाशुक मुनेरपि ॥ १२ ॥ सभार्हाणां द्विजातीनां शुकमानसजन्मनाम् ॥ १३ ॥

इति शुक्रब्राह्मणोत्पत्ति प्रकरणम् ॥ ३० ॥ इति पंचद्राविडमध्ये द्रविड-संप्रदायः आदितः पद्यसंख्याः ३४९९

कहके॥११॥सभ्य जो अपने पुत्र और सभासदोंको कहके आकाशमार्गसे चले गये ऐसा पद्मसरोवरका माहात्म्य और सभ्य शुकब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कही ॥१२॥१३॥

इति शुकब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ ३० ॥

अथ दधीचकुलोत्पन्नब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥३१॥

अथ दधीचब्राह्मणोत्पत्तिसारमाह नीलकंठविरचितदधीचसंहितायाम् ॥ हिमवानुवाच ॥ दध्यङ्ङाथर्वणः साक्षाद्धरभक्तिरतः कथम् ॥ तत्प्रभावंसमाचक्ष्व का विद्या किं च पौरुषम् ॥ ॥ १ ॥ ॥ वसिष्ठ उवाच ॥ ॥ श्रूयतां राजशार्दूल दध्यङ्ङाथर्वणस्य च ॥ महानुभावं वक्ष्यामि पवित्रं मङ्गलं परम् ॥२॥ विष्णोर्नाभिसमुद्भूतः स्वयंभूर्विश्वकारणम् ॥ मरीच्यादीनृषीन्सृष्ट्वा दारैः संयोजयत्प्रभुः ॥३॥ तदन्तेऽथर्वणं सृष्ट्वा शांत्या संयोजयत्तथा ॥ अथर्वणस्य शांत्या च कन्यापुत्रौ बभूवतुः ॥ ॥ ४ ॥ कन्या नारायणी देवी पुत्रो दध्यङ् ऋषीश्वरः ॥

अब दायमा ब्राह्मण आदि लेके छःन्याति ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहता हूं, हिमवान् पूछे कि हे वसिष्ठ!दधीच ऋषिका प्रताप विद्या और पुरुषार्थ क्या है सो कहो ॥ १ ॥ वसिष्ठ कहने लगे हे राजा!दधीच ऋषिका परम मंगलरूपमाहात्म्य कहताहूं श्रवण करो ॥२॥ विष्णुके नाभिकमलसे ब्रह्मा भये । पीछे ब्रह्माने मरीच्यादिक ऋषिनकूं उत्पन्न करके उनका विवाह किया ॥ ३ ॥ फिर सबके अंतमें अथर्वण ऋषिकूं उत्पन्न करके कर्दमकी कन्या शांतिके साथ विवाह करवादिया । पीछे अथर्वणकूं एक कन्या एक पुत्र भया ॥ ४ ॥ कन्या नारायणी पुत्र दधीच नाम करके भये । परंतु सन्तान

तदा नारायणेनैव प्रेषितो मुनिपुंगवः ॥ ५ ॥ वस्तुसारोद्धारणाय तुष्टाव जगदीश्वरीम् ॥ श्रुत्वाप्रकृत्युपस्थानं प्रत्यक्षाष्टभुजाऽभवत् ॥६॥ श्रूयतामृषिशार्दूल जनिष्यामि गृहे तव ॥ सुता तेऽहं भविष्यामि सर्वकार्यं करोम्यहम् ॥ ७ ॥ दध्योदे विकटास्यश्च सारग्राही वसत्यसौ ॥ नाशयिष्यामि तं दैत्यं दारयित्वोदरं तथा ॥ ८ ॥ वस्तुसारसमग्रं च तव हस्ते ददाम्यहम् ॥ प्रसन्नो भव गच्छस्व पत्नीसंरक्षणं कुरु ॥९॥ तथेति स प्रतिज्ञाय शांतिं दृष्ट्वा निरीक्षयेत् ॥ महर्षेर्वीक्षणाच्छांत्या गर्भे देवी विवेश ह ॥ १० ॥ कालेन सा जगद्धात्री प्रादुर्भूता तडित्प्रभा ॥ दध्योदे सा समागम्य यत्र देवर्षयः स्थिताः ॥ ११ ॥ तत्र सा विनिमज्याथ ददार विकटाननम् ॥ तस्योदरं त्रिशूलेन भित्त्वांत्राणि समग्रहीत् ॥ १२ ॥ वस्तुसारा तदंत्रेषु निविष्टा प्रलयं पुरा ॥ संगृह्य तस्य चांत्राणि ब्रह्मादिभ्यो न्यवेदयत् ॥ १३ ॥ विश्वकर्मा ततोऽभ्येत्य चांत्र-

होनेके पहिले श्रीविष्णुकी आज्ञासे ॥ ५ ॥ सर्ववस्तुओंके सारोद्धार करनेके वास्ते अथर्वण ऋषिने जगदीश्वरीकी स्तुतिकियी।तब वह देवी अष्टभुजा धारण करकेप्रत्यक्ष दर्शन देके कहनेलगी ॥६॥ हे अथर्वणऋषि ! मैं तेरे घरमें जन्म लेके तेरा सब काम करूंगी ॥७॥ दधिमंथनीमें विकटमुख नाम करके राक्षस रहताहै वह सब जगत्का सार पदार्थ भक्षण करजाता है इसवास्ते उसका उदरभेदन करके नाश करूंगी ॥८॥ और जितनी वस्तु सार है वह तेरे हांथमें देऊंगी । इसवास्ते तुम प्रसन्न रहो । और अपनी स्त्रीका रक्षण करो ॥ ९ ॥ तब तथास्तु कहके स्त्रीको प्रेमदृष्टिसे देखते भये । ऋषिके देखते देवीने शांतिके गर्भमें प्रवेश किया ॥ १० ॥ नव मास जब पूरे भये तब देवी प्रगट होके उसी बखत बिजली सरीखा तेज पुंज धारण करके दधिमंथनीके नजदीक आयके ॥ ११ ॥ उस पात्रमें बैठके विकटमुख दैत्यका त्रिशूलसे उदरभेदन करके अंदरसे सब आंतडे निकालके ॥१२॥ उस दैत्यके आंतडेमें सब जगतका वस्तुसार भराहै इसवास्ते उस सब आंतडेकी जाल लेके देवीने ब्रह्मादिक देवोंको दे दिया ॥ १३ ॥ इतनेमें विश्वकर्मा वहां आयके आंतडेका बारीक चूर्ण करके

खंडान्यपेषयत् ॥ अमिणा वस्तुसारांश्च सर्ववस्तुष्वयोजयत् ॥१४॥ विश्वे पूर्णे ततो ब्रह्मा तुष्टाव जगदीश्वरीम् ॥ दधीनिर्मथनाद्देवी त्वं सा दधिमथी भव ॥ १५ ॥ शिपिविष्टश्च ते भर्त्ता पिता तेऽथर्वणो ऋषिः ॥ दध्यङ् ऋषिस्तव भ्राता शिवभक्तो निरंतरः ॥ १६ ॥ तस्य संरक्षणं देवि कर्तव्यं शाश्वतं त्वया ॥ दध्यङ्ङथर्वणस्यापि कुलदेवी भवाधुना ॥ १७ ॥ तथेति सा प्रतिज्ञाय दधीचेः सन्निधौ गता ॥ शांत्यामथर्वणाज्जातो दध्यङ् सुतपसा पुरा ॥ १८ ॥ भाद्रशुक्लाष्टमीरात्रौ निशीथे सुमहोदये ॥ ब्रह्माद्यादेवताःसर्वाःसमेत्याथर्वणं मुनिम् ॥ १९ ॥ हर्षात्प्रोवाच धर्मात्मा ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ शृणु पुत्र प्रवक्ष्यामि जातोऽयं तव बालकः ॥ २० ॥ ईश्वरांशः कृपालुश्च देवद्विजहिताय वै ॥ अस्य स्थूलशरीरेऽस्मिन्सारं च निहितं मया ॥ २१ ॥ सर्वदैत्यासुराणां च निहंताऽयं भविष्यति ॥ दधि योऽञ्चति तस्माद्वै दधङ् नाम्ना भविष्यति ॥ २२ ॥ इमं यज्ञोपवीतं च दिव्यं दास्यामि बालक ॥ अद्यैव तरुणत्वं च वेदार्थज्ञत्वमेव च

चक्रके ऊपर रखके सब वस्तुओंमें योजना करते भये ॥१४॥ जब वस्तुसारजगतमें पूर्ण भया तब ब्रह्मा देवीकी स्तुति करने लगे कि हे देवी ! तुमने दधिका बहुत मथन किया इसवास्ते तुम्हारा नाम दधिमथी हो ॥१५॥ शिपिविष्ट तुम्हारा भर्ता होवेगा। अथर्वण ऋषि तुम्हारा पिताहै। दध्यङ् ऋषि तुम्हारा भाई है ॥ १६ ॥ उस भाईका रक्षण तुम बहुत काल पर्यंत करना। और दधीचकुलकी तुम कुलदेवता हो ॥१७॥ तब देवी ब्रह्माकूं तथास्तु कहके दधीचभाईके पास गई।वे दध्यङ् ऋषिका अथर्वणके शांतिस्त्रीके विषे ॥१८॥ भाद्रपद शुक्ल अष्टमीकी अर्धरात्रिके समयमें प्रगटभये। तब ब्रह्मादिक देवता वहां आयके॥१९॥ बडे हर्षसे कहनेलगे हे पुत्र !यह पुत्र जो तेरा भया है ॥२०॥ वह ईश्वरांश है देवब्राह्मणके उपकारार्थ जन्म लिया ह । इसके स्थूल शरीरमें सब वस्तुसार मैंने स्थापन किया है ॥ २१ ॥ सब दैत्य असुरोंका नाश करनेवाला होवेगा। जो दहीका अंचाति कहते पूजन किया इसवास्ते दध्यङ् इसका नाम होवेगा ॥ २२ ॥ यह दिव्य यज्ञोपवीत मैं देता हूं और इसी वखत तुम तरुण होजावो और वेदार्थ ज्ञान ॥२३॥

॥ २३ ॥ त्रिसंध्योपासनं वेदाध्ययनंब्रह्मभावनाम् ॥ यावद्विश्वस्थितिस्तावद्भूयात्ते चान्वयः स्थिरः ॥ २४ ॥ एवमुक्त्वा जगामाजः सह देवर्षिसत्तमैः॥ततो दध्यङ् तपः कृत्वा शिवमाराध्य भक्तितः ॥ २५ ॥ तद्वाक्येन स जग्राह कन्यां वेदवतीं शुभाम्॥ तृणबिंदोः सुतां साक्षाद्विवाहविधिना स्वयम् ॥ ॥ २६ ॥ ततश्चकार सुमहत्तपः परमदारुणम् ॥ एवं तपसि संतप्ते इंद्रो भयसमन्वितः ॥ २७ ॥ मोहितुं प्रेषयामास कामं चाप्सरसां गणान् ॥ दधीचं मोहितं दृष्ट्वा ब्रह्मा प्रोवाच भारतीम् ॥ २८ ॥ गच्छ भद्रे मुनेर्वीर्यं तवांगे संप्रधारय ॥ अस्य वीर्यस्य पातेन भूमिर्भस्मी भविष्यति ॥ २९ ॥ इत्याकर्ण्य वचो देवी गता सा ऋषिसन्निधौ ॥ कंठे कर्णे स्वनाभौ सा हृदि वीर्यं दधार ह ॥ ३० ॥ दृष्ट्वा सरस्वतीं देवीं वीर्यधारणतत्पराम् ॥ स्तुत्वा तां ऋषिवर्योऽसौ ततः प्रोवाच तां प्रति ॥ ॥ ३१ ॥ तवांगे ब्राह्मणा जाता मम वीर्यसमुद्भवाः ॥ चत्वारो

त्रिकालसंध्या वेदाभ्यास ब्रह्मज्ञान इसी वखत तुमकूं प्राप्त हो और जहांतक जगत रहै वहां तक तुम्हारा वंश स्थिर रहो ॥ २४ ॥ ऐसा कहके ब्रह्मा देवर्षिसहित चले गये पीछे दध्यङ् ऋषिने शिवकी बडी आराधना कियी ॥ २५ ॥ तब शिवने कहा कि तृणबिंदुराजाकी कन्या वेदवती नाम करके है उसके साथ विवाह करो। ऐसा शिवका वचन सुनके वेदवतीके साथ सविधि विवाह करके ॥ २६ ॥ ऐसा अपने घर स्त्रीसहित आयके पुनः बडी तपश्चर्याका आरंभ किया तब दध्यङ् ऋषिके तपमे इंद्र भयभीत होयके ॥ २७ ॥ ऋषिको मोहित करनेके वास्ते कामदेव और अप्सरागणोंकूं भेजता भया अप्सरागणोंसे दधीच मोहित हुये देखके ब्रह्मलोकमेंब्रह्मा सरस्वतीकूं कहनेलगे॥२८॥ हे सरस्वती! तू जल्दी पृथिवीमें जायके दधीचके वीर्यकूं तेरे अंगके उपर धारणकर जो कभी ऋषिका वीर्य भूमिऊपर गिरेगातो भूमि तत्काल भस्म होवेगी ॥ २९ ॥ ऐसा ब्रह्माका वचन सुनके सरस्वती दधीच ऋषिके पास आयके उनके वीर्यकूं योगबलसे कंठ कान नाभि हृदय इन चार अंगोंके ऊपर धारण करती भई ॥३०॥ वीर्य धारण कियी हुई सरस्वतीकूं देखके उनकी स्तुति करके ऋषि कहनेलगे ॥ ३१ ॥ हे सरस्वती ! तुम्हारे अंगसे मेरे वीर्यसे यह चार ब्राह्मण

भुवि विख्याता भविष्यंति कुलाग्रजाः ॥ ३२ ॥ कंठे जाताश्च श्रीकंठाः कर्णे कर्णाटकाः स्वयम् ॥ तव नाभौ च यो जातः सारस्वतकुलाधिपः ॥ ३३ ॥ हृदिजो हरिदेवोऽस्ति सर्वे सारस्वताः स्मृताः ॥ सरस्वत्युवाच ॥एषां वंशो न नश्येच्च याव-च्चंद्रदिवाकरौ ॥ ३४ ॥ इत्यनुज्ञाप्य सा वाणी ब्रह्मलोकं गता सती ॥ एकदा मुनिराड् दध्यङ् मनसाऽचिंतयन्मुनिः ॥३५॥ साध्वीयं राजकन्या च मम शुश्रूषणे रता ॥ दुर्बला-तिकृशांगी च मम भार्या च निष्फला ॥ ३६ ॥ पुत्रं विना फलं स्त्रीणां नैव तुल्यं कथंचन ॥ विचिंतयत्यधोवस्त्रे वीर्यं च स्खलितं मुनेः ॥ ३७ ॥ वीर्ययुक्तं च वस्त्रं तु क्षालनाय स्त्रियै ददौ ॥ वस्त्रं च कलशं गृह्य स्नातुं गंगां गता सती ॥ ३८ ॥ पूर्वं स्नातुं गता तोये जंघाले ऋतुवर्तिनी ॥ तावत्तीरे महादेवः पार्वत्या सह चागतः ॥ ३९ ॥ दृष्ट्वेष्टदेवं पंचास्यं सपत्नीकं हरं विभुम् ॥ क्षालनीयमृषेर्वस्त्रं तूर्णं संवेष्ट्य सा ह्रिया ॥

उत्पन्नभये हैं वे पृथ्वीमें विख्यात होवेंगे ॥ ३२ ॥ कंठसे जो उत्पन्न भया उसके वंशमें श्रीकंठ सारस्वत ब्राह्मण भये, कानसे जो पैदाभया उसके वंशमें कर्नाटक सारस्वत ब्राह्मण भये, नाभीसे जो उत्पन्न भया वह सारस्वत कुलका अधिपति भया ॥ ३३ ॥ हृदयसे जो उत्पन्नभया वह हरिदेव ब्राह्मण भया इन चारों भेदोंसे सारस्वत ब्राह्मण उत्पन्न भये, सरस्वती कहनेलगी हे ऋषि ! इनका वंश जहांतक चंद्र सूर्य हैं वहां तक नाश न होवेगा ॥ ३४ ॥ ऐसा कहके सरस्वती ब्रह्मलोकमें चलीगई एकदिन दधीच ऋषि मनमें विचार करनेलगे कि ॥ ३५ ॥ यह तृणबिं-दुराजा की कन्या बडी पतिव्रता रात्र दिन जिसने मेरी शुश्रूषा किये मेरी सेवा करनेसे जिसका अंग दुर्बल शुष्क होगया मेरी भार्या है यह बात केवल मिथ्या-रूप भई ॥ ३६ ॥ कारण पुत्र बिना स्त्रीका फल दूसरा नहीं है ऐसा विचार करके अपना पहिनाहुवा जो वस्त्र था उसमें वीर्य स्थापन करके ॥ ३७ ॥ वह वस्त्र धोनेके वास्ते स्त्रीकूं दिया तब वेदवती स्त्री वह वस्त्र और पानी भरनेका कलश लेके गंगाजीके तट ऊपर आयी ॥ ३८ ॥ फिर प्रथम स्नान करनेकूं जलमें गई तो जंघांतरमें ऋतु दीखपडा इतनेमें तो शिव पार्वती वहां आयके खडे रहे ॥ ३९ ॥ वेदवतीने शिवकूं देखते ही बडी जल्दीसे पतिका जो धोनेका वस्त्र था वह

॥ ४० ॥ यावच्चराचरगुरुं गौरीनाथं नमस्यति ॥ शिवो ददौ वरं ह्येवं भव पुत्रवती शुभे ॥ ४१ ॥ इत्युक्त्वांतर्दधे शंभुः पुनः स्नातुं समुद्यता ॥ सवस्त्रा स्नानमात्रेण ऋतुगा गर्भमादधत् ॥ ॥ ४२ ॥ ऋषेरमोघवीर्येण रजोयोगेन भामिनी ॥ दोहदं दधती बाला जलान्निष्क्रम्य तर्पणम् ॥ ४३ ॥ देवर्षीणां जलैः कृत्वा घटं पूर्णं कटौ दधौ ॥ यावदागत्य सा बाला मुनिं तत्र न पश्यति ॥ ४४ ॥ पप्रच्छ शिष्यान् सा साध्वी क्व गतो भवतां गुरुः ॥ शिष्या ऊचुः॥मातर्गुरुं याचयित्वा इंद्रोऽस्थनां वज्रवद्बभौ ॥ ४५ ॥ वज्रं गृहीत्वा देवेंद्रो गतः स्वर्गेऽधुना वयम् ॥ गुरुणा रहिता जाता अनाथा निर्घृणैः कृताः ॥४६॥ गुरुर्नो दानशीलश्च गोलोके शिवसंयुतः ॥ दिव्य विमानमारुह्य शिवसंलालितो गतः ॥ ४७॥ वज्रतुल्यं वचः श्रुत्वा सा चातिदुःखिताभवत् ॥ देहत्यागं चिकीर्षुः सा त्वकरोत्काष्ठसंचयम् ॥ ४८ ॥ तस्यास्तद्वचनं श्रुत्वा शिष्याः काष्ठचयो-

पहनालिया ॥ ४० ॥ ऋषिके धोतर वेष्टनकरके शिवको नमस्कार किया तब शिव कहनेलगे हे वेदवती ! तू पुत्रवती होवेगी ॥ ४१ ॥ ऐसा कहके शिव अंतर्धानभये बाद वेदवतीने पुनःसवस्त्र स्नान किया उससे गर्भ रहा ॥ ४२ ॥ ऋषिके अमोघवीर्यसे और ऋतुके संयोगसे गर्भधारण करतीभई जलमेंसे बाहर निकलके ॥ ४३ ॥ देव ऋषियोंका तपर्ण करके पानीका घडा भरके अपनी कमरमें लेके अपने घर जबतक आती है तो घरमें अपने पतिकूं नहीं देखा ॥ ४४ ॥ तब शिष्योंकूं पूछने लगी हे शिष्यो ! तुम्हारे गुरु कहां गये शिष्य कहनेलगे हे माता ! इंद्र यहां आयके गुरुके अस्थिसे वज्र बनायके ॥४५॥ वज्र हाथमें लेके अभी स्वर्गमें गया उन निर्दय इंद्रादिकोंने हमको गुरुहीन करदिया ॥४६॥ हमारे गुरु दानशील दिव्यविमानमें बैठके शिव जिनका लालन कर रहे हैं ऐसे गोलोकमें गये ॥४७॥ तब वज्रसरीखा शिष्योंका वचन सुनके वेदवती अति दुःखी होके कहनेलगी हे शिष्यो ! मैं देहत्याग करतीहूं तुम काष्ठाचिता तैयार करो ॥ ४८ ॥ ऐसा वचन सुनके शिष्योंने काष्ठसंचय

ध्याताः ॥ तनुत्यागेच्छुकां ज्ञात्वा स्वयंभूस्तत्र चागतः ॥ ॥ ४९ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ तव गर्भे सुतो देवि चिरजीवी तपोधनः ॥ दधीचौरसपुत्रश्च वंशरक्षणतत्परः ॥ ५० ॥ तस्माद्गर्भस्य रक्षार्थं देहं रक्ष पतिव्रते ॥ निशम्य ब्रह्मणो वाक्यं जगाद कुलकौशला ॥ ५१ ॥ देहत्यागं करिष्यामि न जीवामि ऋषिं विना ॥ गर्भं तु त्याजयिष्यामि त्वं मे गर्भं च पालय ॥ ॥५२॥ इत्युक्त्वा गुर्विणी गर्भ त्यक्त्वाग्नौ तनुमत्यजत् ॥ सा देवी पतिसालोक्यं गताऽजस्य प्रपश्यतः ॥ ५३ ॥ ब्रह्मा वेदवतीगर्भाज्जातस्य बालकस्य च ॥ दाधीचस्य करांगुष्ठे सुधां चाधारयत्ततः ॥ ५४ ॥ पिप्पलीनां च वृक्षाणां पालनाय समादिशत् ॥ पिप्पलीभ्यो समर्प्याजः स्वं लोकमगमत्प्रभुः ॥ ॥ ५५ बालस्य पंचवर्षान्ते पुनर्ब्रह्मागतो भुवि ॥ मरीच्यादिसुतैः सार्धं नामकर्माद्यकारयत् ॥ ५६ ॥ पिप्पलीभक्षणाद्बालः पिप्पलादप्रथां गतः ॥ यज्ञोपवीतं दास्यामि अद्यैव तरुणो भव ॥ ५७ ॥ चतुर्वेदेषु यज्ञेषु शस्त्रास्त्रेषु च पारगः ॥

किया देवी देहत्याग करनेकूं तैयार भई इतनेमें ब्रह्मा वहाँ आयके ॥४९॥ कहेतहे वेदवती ! तेरे गर्भमें बडा तपस्वी चिरंजीव वंश रक्षण करनेवाला दधीचिका औरस पुत्र है॥५०॥इस वास्ते गर्भसंरक्षण करनेके वास्ते हे पतिव्रते ! अपने देहका रक्षण कर।ऐसा ब्रह्माका वचन सुनके वेदवती कहनेलगी॥५१॥ हे ब्रह्मन् ! मैं यहदेह त्याग करतींहूं ऋषी विना जीनेकी नहीं। गर्भकूं त्याग करतींहूं तुम मेरे गर्भका पालन करो ॥ ५२ ॥ ऐसा कहके वेदवती गर्भत्याग करके अग्निमें देहकूं भस्म करके दिव्यदेह धारणकरके ब्रह्माके देखते पतिलोकमें चलीगयी ॥ ५३ ॥ पीछे ब्रह्माने वेदवतीके गर्भसे जो उत्पन्न भया बालक उसके दोनों अंगूठोंमें अमृत रखके ॥ ५४ ॥ पीपल वृक्षके नीचे बालककूं रखके वृक्षकूं कहा कि तुमकूं यह बालक समर्पण किया है तुमने रक्षणकरना ऐसा कहके अपने लोकमें चलेगये ॥ ५५ ॥ जब बालक पांच वर्षका भया तब ब्रह्मा वहां आयके उस बालकका नामकरण करतेभये ॥ ५६ ॥ पिंपलीका भक्षण किया इसवास्ते पिप्पलाद नाम तुम्हारा विख्यात हो। यज्ञोपवीत तुमको देताहूं और

तपसस्त्वं प्रभावेण कल्पजीवी भविष्यसि ॥५८॥ मेरोर्गुहायां रहसि तपः कुरु ममाज्ञया ॥ इत्युद्दिश्य ततो बालं ब्रह्मान्तर्द्धानमागतः ॥ ५९ ॥ पिप्पलादो मुनिश्रेष्ठो मेरौ तपसि संस्थितः ॥ तत्रागत्याब्रवीत्कृष्णो विवाहं कुरु माचिरम् ॥ ६० ॥॥ श्रुत्वा कृष्णवचः पश्चादनरण्यं नृपं प्रति ॥ गत्वा ययाचे तत्कन्यां विवाहश्च ततोऽभवत् ॥ ६१ ॥ पद्मां गृहीत्वा स मुनिर्मुदितः स्वालयं ययौ ॥ स रेमे पतिना सार्धं वर्षाणि सुबहूनि च ॥ ६२ ॥ विहारहाससौंदर्यकलाभिस्तां मुनीश्वरः ॥ अष्टाशीतिः समास्तिस्रो विभज्य द्वादशात्मकम् ॥ ६३ ॥ वीर्यं गर्भे संविभज्य विरतो मुनिपुंगवः ॥ कालेन द्वादश सुता अभवन्पावकोपमाः ॥ ६४ ॥ वेदवेदांगनिपुणा गायत्रीजपतत्पराः ॥ अष्टसिद्धिप्रदातारो मुनिवृत्तिपरायणाः ॥ ६५ ॥ आद्यो वत्सो बृहद्वत्सो द्वितीयो गौतमः स्मृतः ॥ तृतीयोऽयं भार्गवश्च भारद्वाजश्चतुर्थकः ॥ ६६ ॥ कौत्ससः पंचमो

इसी बखत तुम तरुण होजाओ ॥ ५७ ॥ चार वेद सकल शास्त्रोंमें पारंगत होवोगे और तुम्हारा तपप्रतापसे कल्पपयत आयुष्य होवेगा ॥ ५८ ॥ अब मेरी आज्ञासे मेरुकी गुफामें जायके तप करो ऐसा बालककूं कहके ब्रह्मा अंतर्धानभये ॥ ५९ ॥ पिप्पलाद ऋषिने मेरुपर्वतकी गुफामें जायके बडी तपश्चर्या कियी तब श्रीकृष्ण प्रसन्न होयके कहनेलगे कि हे पिप्पलाद ! तुम जल्दी जायके विवाह करो ॥६०॥ ऐसा श्रीकृष्णका वचन सुनके पिप्पलाद ऋषि अनरण्य राजेके पास गये उनकी कन्याकी याचना करके उसके साथ विवाह किया ॥ ६१ ॥ पीछे उस पद्मास्त्रीकूं साथ लेके हर्षसे अपने घरको आये पीछे वह स्त्री बहुत वर्षपर्यंत अपने पतिके साथ क्रीडा करतीभई ॥ ६२ ॥ क्रीडा करते करते अठासी वर्ष हुवे बाद ॥ ६३ ॥ आपने वीर्यके बारह विभाग करके गर्भस्थापन करके मुनि विरक्ति पाये । पीछे गर्भके मास पूर्ण भये कालांतरसे अग्निसरीखे तेजस्वी बारह पुत्र भये ॥ ६४ ॥ वेदशास्त्रमें निपुण भये । नित्य गायत्रीकी उपासनामें तत्पर रहनेवाले अष्टसिद्धीके देनेवाले ऋषिव्रत धारण करनेवाले भये ॥ ६५ ॥ उन बारह पुत्रोंके नाम -बृहद्वत्स १ गौतम २ भार्गव ३ भारद्वाज ४ ॥ ६६ ॥ कौत्स वा कौशिक

ज्ञेयः षष्ठोऽयं कश्यपः स्मृतः ॥ शांडिल्यः सप्तमोऽत्रिश्च नवमोऽयं पराशरः ॥ ६७ ॥ दशमः कपिलो ज्ञेयो गर्गश्चैकादशः स्मृतः ॥ कनिष्ठवत्सो द्वादशश्च बहुपुत्रा बहुश्रुताः ॥ ६८ ॥ अथान्यत्र विशेषो विराट्पुराणे ॥ दध्यङ्ङाथर्वणः पुत्रास्तस्माद्वै पिप्पलायनः ॥ तस्यासन्द्वादशादित्याः कश्यपस्येव नंदनाः ॥६९॥ द्वादशद्वादश सुता एकैकस्याऽभवन् पृथक् ॥ दधीचास्ते कुलशतं चत्वारिंशच्चतुर्युगम् ॥ ७० ॥ अंबामुद्दिश्य ये तेपुस्तपः परमदारुणम् ॥ सूर्यवंशसमुत्पन्नो मांधाता नाम भूपतिः ॥ ७१ ॥ वसिष्ठवचनात्सोऽपि तेषामाश्रममाययौ ॥ प्रणम्य मुनिवर्यांस्ताञ्ज्वलत्पावकसन्निमान् ॥ ७२ ॥ आह च स्वेप्सितं राजा तेऽमुं प्रोचुर्मुनीश्वराः ॥ अप्रत्याख्यानव्रतिनो घोरारण्ये वयं स्थिताः ॥ ७३ ॥ कथं तेन करिष्यामः कार्यं भूपालसत्तम ॥ आनीयतां सुसंभाराः सात्त्विका पशुवर्जिताः ॥ ७४ ॥ व्रियतां च द्विजश्रेष्ठाः क्रियतां यज्ञमंडपः ॥ इत्युक्तः स तदा राजा प्रसन्नमनसा प्रभुः ॥७५॥

५ कश्यप ६ शांडिल्य ७ अत्रि ८ पराशर ९ ॥ ६७ ॥ कपिल १० गर्ग ११ कनिष्ठ वत्स वा मम्भ १२ ऐसे यह बारह पुत्र भये ॥ ६८ ॥ अब यहां विशेष पुराणांतरकी बात कहते हैं अथर्वणका पुत्र दध्यङ् ऋषि उसका पुत्र पिप्पलायन भया । पिप्पलायनके बारह पुत्र भये ॥ ६९ ॥ बारह पुत्रोंमेंसे एकएककूं बारह बारह पुत्र भये । ऐसा एकसौ चौवालीस सन्तानोंसे दधीचकुल विस्तार पाया ॥ ७० ॥ वे दधीचकुलोत्पन्न सब ऋषि कपालेश्वरी दाधिमथी अम्बाके प्रीत्यर्थ बहुत तप करते भये । एक समयमें सूर्यवंशी मांधाता नाम करके राजा ॥ ७१ ॥ वसिष्ठगुरुके कहनेसे दधीच ऋषिके आश्रममें आयके उन अग्निसरीखे ऋषियोंको नमस्कार करके ॥ ७२ ॥ राजा कहने लगा हे मुनीश्वर! मुझको यज्ञ करनाहै सो आप सविधि विश्वजित यज्ञ करावो तब मुनि कहने लगे हे राजा! इस घोर अरण्यमें हम रहते हैं प्रत्याख्यान करते नहीं हैं॥७३॥तब तुम्हारा काम तो अवश्य करेंगे यज्ञके साहित्य सब तैयार करो पशु बिना सब सात्त्विक पदार्थ लाओ ॥ ७४ ॥ और ब्राह्मणोंका वरण करो यज्ञमंडप तैयार करो ऐसा जब कहा तब राजाने प्रसन्न होयके ॥ ७५ ॥

प्रवर्तयामास यज्ञं यथोक्तं बहुदक्षिणम् ॥ कपालपीठे देवेशी मीजे विप्रानुमोदितः ॥ ७६ ॥ ततस्तुष्टा महादेवी यज्ञेशी यज्ञसंभवा ॥ प्राह गंभीरया वाचा मुनीन्राजानमप्यथ ॥ ॥ ७७ ॥ भोभो मुनिवरा यूयं मदेकशरणास्ततः ॥ युष्माकं कार्यकर्त्री वै भवामि कुलदेवता ॥ ७८ ॥ बुद्धिमंतो यशस्वंतः कुलवंतो बहुश्रुताः ॥ युष्मदीया महाभागा भवंतु मदनुग्रहात् ॥ ७९ ॥ अथाह देवी राजानं भवान् सम्राड् बृहच्छ्रवाः ॥ त्रैलोक्याधिपतिः शास्ता दुष्टानां संभविष्यति ॥ ८० ॥ त्वद्वंश्या भूपते सर्वे भविष्यंत्यत्र भूभुजः ॥ मदंशभूतशक्तीनांभक्तियुक्ताः कुलोन्नताः ॥ ८१ ॥ अस्मिन्कपालपीठे मे सात्त्विके मुनिसेविते ॥ पशुहिंसात्मिकी पूजा न कार्या क्वापि केनचित् ॥८२॥ माघस्य शुक्लसप्तम्यां कुण्डे केदारसन्निभे ॥ स्नात्वात्र तर्पणं कृत्वा षोडषार्णं महामनुम् ॥ ८३ ॥ ये जपिष्यंति मनुजास्ते सिद्धाः स्युर्न संशयः ॥ ये केचिन्मामनादृत्य करिष्यंत्यन्यदैवतम् ॥८४॥ ते भविष्यंति मोघाशा नानादुःखप्रपी-

यज्ञ आरंभ किया । दक्षिणा बहुत दिया । और कपालपीठके पास ब्राह्मणके अनुमोदनसे कपालेश्वरीका यजन करत भया ॥ ७६ ॥ तब देवी प्रसन्न होके यज्ञकुंड मेंसे प्रत्यक्ष प्रगट होके गंभीर वचनसे मुनियों और राजाको कहने लगी॥७७॥हे मुनीश्वरो ! तुम सब कुछ छोडके केवल मेरे शरण रहे हो इसवास्ते मैं तुम्हारा कार्य करनेवाली हूं । और तुम्हारी कुलदेवता मैं होतीहूं ॥ ७८ ॥ और मेरे अनुग्रहसे तुम सब बुद्धिमंत यशस्वी कुलवंत भाग्यशील होवोगे ॥ ७९ ॥ फिर राजाकूं कहने लगी हे राजा ! तू सकल पृथ्वीका राजा बडा यशस्वी दुष्टको शिक्षा करनेवाला तीन लोकोंका स्वामी होवेगा॥८०॥हे राजा ! तेरे वंशके सब राजा मेरी अंशभूत शक्तिकी भक्ति करेंगे और बडे कुलवंत होवेंगे ॥ ८१ ॥ मेरे कपालपीठमें सबोंने सात्विकी पूजा करना । पशुहिंसात्मिकी पूजा कदापि किसीने नहीं करना ॥ ८२ ॥ माघशुक्लासप्तमीके दिन इस कुंडमें स्नान व तर्पण करके षोडशाक्षरी महामन्त्रका ॥८३॥ जो जप करेंगे वे सिद्ध होवेंगे । इसमें संशय नहीं है जो कोई मुझे कुलदेवीका याग करके अन्य देवताकूं मानेंगे ॥ ८४ ॥ वे नाना प्रकारके दुःखोंसे पीडित

डिताः ॥ इत्येवमुक्त्वा देवेशी यज्ञकुंडं विवेश सा ॥ ८५ ॥ प्रणम्य च ततस्तेऽमुं शेषं कर्म समापयन् ॥ दक्षिणां नेच्छतां तेषां वदान्यो भूपतिस्तदा ॥ ८६ ॥ श्रीवृक्षपर्णैः सहितं ग्रामं कन्याचयं ददौ ॥ वेदवेदेंदुप्रमिताः १४४ कन्या ग्रामाणि भूपतिः ॥ ८७ ॥ दाधीचान् स ददौ राजा ततः स्वगृहमागमत् ॥ अथ कपालोत्पत्तिमाह द्वादशपीठोत्पत्तिग्रन्थे ॥ ब्रह्मोवाच ॥ अथातः श्रूयतां वत्स पीठं कापालसंज्ञितम् ॥ ८८ ॥ यस्य दर्शनमात्रेण सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ यत्र देव्याः कपालं वै पपात वृषभध्वजात् ॥ ८९ ॥ ब्रह्मात्मकं महादिव्यं पीठानां चोत्तमोत्तमम् ॥ पुष्कराडुत्तरे भागे योजनाष्टकमानतः ॥९०॥ महामायामहाक्षेत्रे परा शक्तिर्व्यवस्थिता ॥ कल्पांतरभेदमाह विराट्पुराणे ॥ विदार्य स्वोदरं दध्यङ्पत्नी सत्यप्रभा पुरा ॥ ॥ ९१ ॥ गर्भं पिप्पलमूले संस्थाप्याऽगात्पतिमेव या ॥ सैव स्वगोत्रवृद्ध्यर्थं करुणाकुलमानसा ॥ ९२ ॥ आमगर्भपरि-

होवेंगे और उनको आशा निरर्थक होगी ऐसा कहके देवी यज्ञ कुंडमें प्रवेश करती भई ॥ ८५ ॥ फिर वे सब ब्राह्मण देवीकूं प्रणाम करके यज्ञकर्म शेष जो रहा था सो समाप्त करते थे। परंतु राजाके पाससे दाक्षिणा लिये नहीं तब राजाने ॥ ८६ ॥ श्री वृक्षके पत्तेमें एक गाँव एक कन्या ऐसा लिखके उन एकसौ चौवालीस ब्राह्मणोंको दान दिया ॥ ८७ ॥ पीछे राजा अपने घरको आया। अब कपालपीठकी उत्पत्तिकी कथा कहते हैं। ब्रह्मा कहनेलगे हे वत्स ! अब कापालनामक पीठ जो है उसकी उत्पात्ति श्रवण कर ॥ ८८ ॥ जिसके दर्शनमात्रसे सब पापोंसें मुक्त होजाता है जिस ठिकाणे शिवके हाथमेंसे ब्रह्मकपाल गिर पडा है ॥ ८९ ॥ वह कपालपीठ स्थान सब पीठोंमें उत्तम है। पुष्करजीसे उत्तर भागमें बत्तीस कोसके ऊपर है ॥ ९० ॥ उस महाक्षेत्रमें परमशक्ति निवास करती है। और कल्पभेदसे कथांतर कहते हैं पाहिले दधीच ऋषिकी स्त्री सत्यप्रभा नाम करके ॥९१॥ अपना पति परलोक गया देखके गर्भ जो था उसकूं पिप्पलवृक्षके मूलमें छोडके अग्निमें देह दग्ध करके दूसरा दिव्य देह धारण कर पतिलोकमें चली गई परंतु वहां जायके अपनी गोत्रवृद्धि होनेके वास्ते अंतःकरणमें दया आई और

त्यागान्मूलशक्तिमुपस्थिता ॥ देवि त्वं जगदंबासि मूलप्रकृतिरीश्वरी ॥ ९३ ॥ मुग्धं बालं परित्यज्य पत्युर्विरहकातरा ॥ आगता ब्रह्मलोकेऽहं बालं कः पालयिष्यति ॥ ९४ ॥ इति चिंताकुला नित्यं वर्त्तेऽत्रापि महेश्वरि ॥ इति तस्या वचः श्रुत्वा महामायाऽब्रवीदिदम् ॥९५॥ चिंतां मा कुरु पुत्रि त्वं पालयिष्याम्यहं तव ॥ पुत्रान् पौत्रांस्तथा नप्तॄन्दाधीचं सकलं कुलम् ॥ ९६ ॥ कं शिरः कं सुखं यच्च तत्पालयति रक्षति ॥ कपाल तेन संप्रोक्तं कपालात्मा भवाम्यहम् ॥ ९७ ॥ सर्वस्य सुखदानार्थं भुवि प्रादुर्भवाम्यहम् ॥ दाधीचानां विशेषेण सकलार्थकरी शुभे ॥ ९८ ॥ यो मंदो जीविकासक्तो नायास्यति कपालकम् ॥ तस्यैव दुःखदारिद्र्यं न नश्येच्च कदाचन ॥ ९९ ॥ दाधीचद्विजमात्रस्तु नेक्षेद्यः स च पापभाक् ॥ इत्युक्त्वा वरदा देवी साक्षाद्दधिमथी सुतान् ॥ १०० ॥ अनुगृह्य तथा सा च कपालेंतरधीयत ॥ (अंतरधीयत इत्यनेन वाक्येन पूर्वं ब्रह्मा पंचवर्षानंतरं पिप्पलायनसमीप-

व्याकुलचित्त भई ॥ ९२ ॥ कच्चे गर्भकूं त्याग करनेसे मूलशक्तिके पास जायके प्रार्थना करनेलगी हे देवि ! तू जगत्की माता है मूल प्रकृति और स्वामिनी है ॥ ९३ ॥ अति बालककूं छोडके पतिवियोगसे ब्रह्मलोकमें आई हूं परंतु उस बालकका पालन कौन करेगा ॥ ९४ ॥ ऐसी नित्य मैं चिंता करती हूं । ऐसा सत्यप्रभाका वचन सुनते महामाया कहने लगी ॥ ९५ ॥ हे पुत्रिके ! तू चिंता मत कर तेरे पुत्र पौत्र उसके पुत्रादिक सब दधीच कुलका पालन मैं करदूंगी ॥ ९६ ॥ कं मस्तकका नाम है और कं सुखका भी नाम है उसका जो पालन करे उसे कपाल कहते हैं इसवास्ते मैं कपालात्मा होती हूं ॥ ९७ ॥ सबकूं सुख देनेके वास्ते पृथ्वीमें प्रगट होती हूं और दधीच ब्राह्मणोंकूं बहुत करके सुख देनेवाली हूं ॥ ९८ ॥ जो कोई जन्म पर्यंत संसारकी जीविकामें आसक्त रहेगा और कपालक्षेत्रमें नहीं आवेगा तो उसका दुःख दरिद्र नहीं जावेगा ॥ ९९ ॥ और दायमा ब्राह्मणमात्रका जो कोई कपालक्षेत्रमें दर्शन नहीं करेगा वह पापका भागी होवेगा ऐसा कहके दधिमथी देवी ॥ १०० ॥ पुत्रोंके ऊपर अनुग्रह करके

मागत्य एकस्मिन्समय एव तारुण्यादिकमदात्तर्हि कपाले-श्वर्या रक्षणं कदाकृतमिति चेत्पंचवर्षपर्यंतमिति जानीहि पंच-वर्षात्मके बाले जाते ब्रह्मणः आगमनसमये सा अंतरधीयत इत्यर्थः) तत्पीठदर्शनादेव शतयज्ञफलं भवेत् ॥ १ ॥ अथ सांप्रतकालीनं व्यवहारमाह हरिकृष्णः अथातः संप्रवक्ष्यामि नत्वा स्वाभीष्टदेवताम् ॥ षड्ज्ञातिब्राह्मणोत्पत्तिं समासेन यथाश्रुताम्॥२॥ आदौ कमलनाभस्य पुत्रो ब्रह्मा जगत्पतिः ब्रह्मर्षिस्तस्य पुत्रोऽभूत्तद्वंशे पारब्रह्मकः ॥ ३ ॥ तस्य पुत्रः कृपाचार्यस्तस्य पुत्रौ च द्वौ स्मृतौ ॥ कनिष्ठः शक्तिसंज्ञो वै शक्तेः पंचाऽभवन्सुताः ॥ ४ ॥ पराशरः प्रथमकस्तस्मात्पारीखब्राह्मणाः ॥ सारस्वतो द्वितीयस्तु तस्यात्सारस्वता द्विजाः ॥ ५ ॥ ग्वालाऋषिस्तृतीयोऽभूत्तस्माद्गौडा द्विजेंद्रकाः ॥ चतुर्थो गौतमः पुत्रस्तस्माद्गुर्जरगौडकाः ॥ ६ ॥ शृंगिपुत्रः पंचमोऽस्माच्छिखवाला द्विजातयः ॥ दध्यङ्कुलसमुद्भूता ये द्विजाःपूर्वमीरिताः ॥ ७ ॥ शाखाभेदांश्च वक्ष्यामि यद्यद्गोत्रे

कपालपीठमें अंतर्धान भई उस पीठके दर्शन करनेसे सौ यज्ञ करनेका फल होता है ॥ १ ॥ अब वर्तमानकालमें जो छः ज्ञाति ब्राह्मण कहे जाते हैं उनकी उत्पत्ति जैसी सुनी हैं वैसी कहता हूं ॥ २ ॥ पहिले विष्णुके नाभिकमलसे ब्रह्मा भये ब्रह्माका ब्रह्मर्षि नाम करके पुत्र भया उसके वंशमें पारब्रह्म नामक पुत्र भया ॥ ३ ॥ उसका कृपाचार्य पुत्र भया कृपाचार्यके दो पुत्र भये उनमें छोटा पुत्र शक्तिनामक भया शक्तिके पांच पुत्र भये ॥ ४ ॥ पराशरनामक प्रथम पुत्र भय उसके वंशमें पारीख ब्राह्मण भये दूसरा सारस्वत पुत्र भया उसके वंशमें सारस्वत ब्राह्मण भये ॥ ५ ॥ तीसरा पुत्र ग्वाला ऋषि नाम करके भया उसके वंशमें गौडब्राह्मण भये चौथा पुत्र गौतम नाम करके भया उसके वंशमें गुर्जर गौड-ब्राह्मण भये ॥ ६ ॥ पांचवां शृंगीपुत्र भया उसके वंशमें सिखवाल ब्राह्मण भये दधीच कुलमें जो ब्राह्मण उत्पन्न भये वे दायमा ब्राह्मण भये उनकी उत्पत्ति पहिले कही है ॥ ७ ॥ अब जिस गोत्रमें जितनी शाखा हैं उनका भेद कहता हूं गौतम-

यथा यथा ॥ शाखाभिः पंचदशभिः गौतमः परिकीर्तितः ॥ ८ ॥ शाखाभिः सप्तदशभिर्वत्ससः पुत्र एव च ॥ भरद्वाजस्तृतीयोऽभूच्छाखास्तस्य च द्वादश ॥ ९ ॥ चतुर्थो भार्गवः पुत्रः शाखास्तस्य च तावतीः ॥ एकादशभिः शाखाभिः कौत्ससः पञ्चमो मुनिः ॥ ११० ॥ अष्टशाखासमायुक्तः काश्यपो मुनिसत्तमः ॥ शांडिल्यः पंचशाखी च ह्यात्रेयो वेदशाखिकः ॥ ११ ॥ पराशरे च द्वे शाखे कापिले चैकशाखिका ॥ सकृच्छाखासमायुक्तो गार्ग्यो नाम महामुनिः ॥ १२ ॥ अथ द्वादशकः पुत्रो मम्माख्यो नाम नामतः ॥ तस्य शाखाः समभवन् यवनाद्याः पठानकाः ॥ १३ ॥ तेऽभवन्म्लेच्छधर्माणो गोवधस्य च कारणात् ॥ मरुदेशे सुविस्तीर्णे गोठमांग्रोलसंज्ञके ॥ १४ ॥ ग्रामे दधीचतीर्थे वै पीठं कापालसंज्ञकम् ॥ तत्रैव वासं संचकुर्वंशवृद्धिः पराऽभवत् ॥ १५ ॥ ततः कतिपये काले जाते वै वर्णसंकरे ॥ शाखा-

गोत्रकी शाखा पंद्रह हैं ॥ ८ ॥ वत्सगोत्रकी सत्रह शाखा हैं तीसरा भारद्वाज गोत्र उसकी शाखा बारह हैं ॥ ९ ॥ चौथा भार्गव गोत्र उसकी शाखा बारह हैं कौत्सस गोत्रकी शाखा ग्यारह हैं ॥ ११० ॥ काश्यपगोत्रकी शाखा आठ हैं शांडिल्यगोत्रकी पांच शाखा हैं आत्रिगोत्रकी चार शाखा हैं ॥ ११ ॥ पाराशरगोत्रकी दो शाखा हैं कपिलगोत्रकी एक शाखा है गर्गगोत्रकी एक शाखा है ॥ १२ ॥ और बारहवां पुत्र मम्म नाम करके था उसके वंशमें यवन पठान मुगल भये ॥ १३ ॥ वे सब म्लेच्छधर्मी भये मम्म ऋषिने किसी निमित्तसे बुद्धिपुरस्कर गायका वध किया इसवास्ते ग्यारह भाइयोंने उसका म्लेच्छकर्म देखके अपने वर्गमेंसे दूर कर दिया इससे वे म्लेच्छ भये विश्वामित्रके पचास पुत्र सरिखा वास्ते कितनेक लोकोंमें अभीतक कहावत चलीआती है कि किसी प्रसंगमें मुसलमानोंकी बात चले तो यह हिंदु क्या कहतेहैं कि अरे भाई जानेदो ये मम्माभाई हैं अब यह दधीचतीर्थ कपाल पीठ मारवाडदेशमें गोठमांग्रोल करके गांवमें विराजमान हैं ॥ १४ ॥ उस ठिकाने सब ब्राह्मणोंने निवास किया वंशवृद्धि, बहुत भई ॥ १५ ॥ पीछे कितनेही

भेदं द्विजाश्चक्रुर्ग्रामनामादिभेदतः ॥ ११६ ॥ दध्यङ्ज्ञातिसमूहे तु गोत्राण्येकादशैव हि ॥ शाखा माध्यंदिनी तेषां वेदः शुक्लयजुः स्मृतः ॥ ११७ ॥ केषांचित्सामवेदोऽपि वर्तते बहुविस्तरः ॥ एषां भोजनसंबंधः षट्ज्ञातिषु मिथः स्मृतः ॥ ॥ ११८ ॥ विवाहः स्वस्ववर्गेषु भवतीह न संशयः ॥ एवं षड्ज्ञातिविप्राणामुत्पत्तिः सम्यगीरिता ॥ ११९ ॥ मागधानां मुखाच्छ्रुत्वा हरिकृष्णेन धीमता ॥ १२० ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडाध्याये षड्ज्ञात्युत्पत्तिवर्णनं

नाम प्रकरणम् ॥ ३१ ॥

इति पंचगौडमध्ये बहुधागौडसंप्रदायः ॥ आदितः पद्यसंख्याः३६१९.

वर्ष गये बाद जब वर्णसंकर होनेलगे तब ब्राह्मणोंने गांवकी निशानीसे अपने अपने गोत्रोंमें शाखाभेद किया सो भेद चक्रमें स्पष्ट है ॥ १६ ॥ दायमा ब्राह्मणोंके गोत्र ग्यारह हैं सबोंकी माध्यंदिनी शाखा शुक्ल यजुर्वेद है ॥ १७ ॥ कोई ब्राह्मणोंका सामवेद भी है इनका छज्ञाति ब्राह्मणोंका भोजनव्यवहार छज्ञातिमें परस्पर होताहै ॥ १८ ॥ इन छज्ञाति ब्राह्मणोंका विवाहसंबंध अपने अपने ज्ञातिवर्गमें होताहै ऐसी यह छज्ञाति ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति मैंने उत्तम वर्णन किसी मागध जो इस ज्ञातिके भाट हैं उनके मुखसे श्रवण करके यहां वर्णन कियी। बाकीका सब वृत्तांत मूलग्रंथोक्त है ॥ १९ ॥ १२० ॥

इति श्रीछज्ञातिब्राह्मणकी उत्पत्ति सम्पूर्ण भई प्रकरण ॥ ३१ ॥

अथ दायमाब्राह्मणानां गोत्रशाखावटंकज्ञानचक्रम्.

१ गौतमगोत्रशाखा १५

सं.		अवटंक	सं.
१	पाठोद्या	जोशी	१
२	पालोड		२
३	नाहावाल		३
४	कुभ्या	जोशी	४
५	कंठ		५
६	बुडाढरा		६
७	खटोल	व्यास	७
८	कुडसुणा		८
९	बगडया		९
१०	वेडवंत		१०
११	वानणसीदरा		११
१२	लेलेघा		१२
१३	काकडा	व्यास	१३
१४	गगवाणी		१४
१५	भुबाल		१५

२ वत्ससशाखा १७

१६	रवावा		१
१७	कोलीवाल		२
१८	बलदवा		३
१९	दोलाण्या		४
२०	चोलखा		५
२१	जोपट	व्यास	६
२२	इटोद्या		७
२३	पोलमला		८
२४	नोसरा		९
२५	नामावाल		१०
२६	अजमेरा		११
२७	कुकडा		१२
२८	तरणावा		१३
२९	अवडिग		१४
३०	डिडियेल		१५
३१	मुस्या		१६
३२	मंग		१७

३ भारद्वाज गोत्र शाखा १२

३३	पेडवाल		१
३४		गुरु	२
३५	करेशा		३
३६	मालोधा		४
३७	आशोपा		५
३८	ल्याळी		६
३९	वरमोथ		७
४०	इन्दोरवाल		८
४१	हलबुरा	जोशी	९
४२	भटाल्या		१०
४३	गदिया	व्यास	११
४४	सोल्याणी		१२

४ भार्गव गोत्रशाखा १२

४५	इनाण्या		१
४६	पथाण्या		२
४७	कासल्या		३
४८	शिलणोधा		४
४९	कुराडवा		५
५०	जाजोधा		६
५१	खेवर		७
५२	विसाव		८
५३	लाडणवा		९
५४	बडागणा		१०
५५	कडलवा		११
५६	कापडोद्या १२		१२

५ कौसंसगोत्रशाखा ११

५७	डिडवाण्या		१
५८	मालोद्या		२
५९	धावडोदा		३
६०	जाटल्या		४
६१	डोभा	आचार्य	५
६२	मुडेल	आचार्य	६
६३	माणजलवाल		७
६४	सोसी		८
६५	गोटेचा		९
६६	कुदाल		१०
६७	भ्रेजावाल		११

६ काश्यपगोत्रशाखा ८		८ आत्रेयगोत्रशाखा ४	
६८ चौराईडा	१	८१ सुटबाल	१
६९ दिरोल्या	२	८२ जुजणोधा	२
७० जामावाल	३	८३ डुवाण्या	३
७१ शिरगोडा	४	८४ सुकल्या	४
७२ रायथला	५	९ पाराशरगोत्रशाखा २	
७३ बडवा	६	८५ भेडा	१
७४ बलाया	७	८६ पासशन्या	२
७५ चोलक्या	८	१० कपिलगोत्रशाखा १	
७ शांडिल्यगोत्रशाखा ५		८७ चीपडा	१
७६ रवणा	१	११ गार्ग्यगोत्रशाखा १	
७७ बेडिया	२	८८ तुलस्या	१
७८ बेड	३	१२ मम्मशाखा १	
७९ गोठडावाल	४	यवनाः	
८० पहेवाल	५	मुगलाः	
		पाठानाः	

अथ दिसावालब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ ३२ ॥

अथ दर्शनपुरनिवासिविप्रवणिजामुत्पत्तिमाह हरिकृष्णः ॥ एकदा सत्यलोके तु ब्रह्मा चैतद्व्यचिंतयत ॥ यदि कन्या वसेद्भूमौ सृष्टिकार्यं भवेत्तदा ॥ १ ॥ इत्यालोच्य तदा ब्रह्मा देशे गुर्जरसंज्ञके ॥ वन्नासाख्यनदीतीरे ब्रह्मक्षेत्रे सुशोभने ॥ ॥२॥ आगत्य विश्वकर्माणमाहूय च ततः परम् ॥ तेन वै कारयामास नगरं स्वर्गसन्निभम् ॥ ३ ॥ दर्शनेनैव सर्वेषा-मानंदस्तत्क्षणाद्भवेत् ॥ अतस्तस्य कृतं नाम पुरं दर्शन संज्ञ-

अब दिसावाल ब्राह्मण और बानियोंकी उत्पत्ति कहते हैं। एक दिन सत्यलोकमे ब्रह्मदेव मनमें विचार करनेलगे कि पृथ्वीमें जो अपनी कन्या निवास करे तो सृष्टिकी वृद्धि होवे ॥१॥ ऐसा विचार करके गुजरातदेशमें बन्नास नदीके किनारे ब्रह्मक्षेत्रमें ॥ २ ॥ आयके विश्वकर्माको बुलायके स्वर्गनगरसरीखा एक नगर बनवाया ॥ ३ ॥ जिस नगरको देखनेसे सबोंको आनंद होवे इसवास्ते ब्रह्माने उसका नाम दर्शनपुर

कम् ॥४॥ तन्मध्ये सिद्धमातुर्वै मंदिरं चातिशोभनम् ॥ मणिस्तंभशतोपेतं वज्रभित्तिकपाटकम् ॥ ५ ॥ स्वर्णसौधशतोपेतं रत्नप्राकारसंयुतम् ॥ निर्मायैवं ततो ब्रह्मा द्विजान्दर्भमयांस्तदा ॥ ६ ॥ अष्टादशसहस्राणि स्थापयामास योगतः ॥ तानुवाच ततो वेधाः शृण्वंतु मद्वचोन्विताः ॥७॥ सर्वैश्चास्मिन्पुरे वासः कर्तव्यो नियमेन हि ॥ वेदमार्गरताः सर्वे श्रौतस्मार्तपरायणाः ॥ ८ ॥ सिद्धमातृध्यानपराः प्रतिग्रहपराङ्मुखाः ॥ सप्तर्षिवाक्यनिरता यूयं सर्वे भवंतु वै ॥ ९ ॥ इत्युक्त्वा तत्र सिद्धांबां स्थापयित्वा ययौ विधिः ॥ अथ ते ब्राह्मणाः सर्वे पश्यंतः पुरसंपदम् ॥ १० ॥ आजग्मुः सिद्धमातुर्वै मंदिरं प्रति हर्षिताः ॥ तत्र सिंहासने रम्ये दृष्ट्वा देवीं चतुर्भुजाम् ॥ ॥ ११ ॥ पीतवस्त्रोपवस्त्राढ्यां नूपुरादिविभूषिताम् ॥ नासिकाभूषणोपेतां सर्वशृंगारसंयुताम् ॥ १२ ॥ अभयं पुस्तकं वीणां तथा कमलमालिकाम् ॥ बिभ्राणां शांतवदनां शारदां

रखा (हालमें जिसको डीसा कहते हैं) ॥ ४ ॥ उस नगरमें सिद्धमाताका मंदिर बहुत शोभायमान है माणिमय जिसमें सौ स्तंभ हैं हीरेकी जडीहुई भित्तिमें हीरेके किवाड दरवाजे हैं ॥५॥ सुवर्णके सैकडों घर जहां दूसरे हैं । रत्न जडित गांवकी भीत हैं । ऐसा गांव और सिद्धमाताका मंदिर बनवायके अपने योगसामर्थ्यसे दर्भके अठारहजार ब्राह्मण ॥ ६ ॥ निर्माण करके उस नगरमें स्थापित किये पीछे उनकूं कहते हैं हे ब्राह्मणो ! मेरा वचन सुनो ॥ ७ ॥ तुम सबोंने इस नगरमें नियमसे वास करना, वेदोक्त धर्मसे चलना, श्रौत स्मार्त कर्म करना ॥ ८ ॥ तुम सब निश्चय करके सिद्धमाताके ध्यानमें नित्य तत्पर रहना, प्रतिग्रह करना नहीं सप्तऋषि जैसा कहैं वैसा करना ॥ ९ ॥ ऐसा ब्राह्मणोंकूं कहके सिद्धांबाका स्थापन करके ब्रह्मा अंतर्धान भये ब्रह्माके गये बाद वे सब ब्राह्मण पुरकी संपत्ति देखते देखते ॥ १० ॥ सिद्धमाताके मंदिरमें आये, वहां बडे हर्ष पाये, पीछे सत्तम सिंहासनके ऊपर चतुर्भुजा देवीकूं देखे ॥ ११ ॥ और देवी कैसी है पीतांबर जिसने पहिनाहै, पांवमें झेर वगैरे अलंकार दूसरे भी अंग ऊपर धारण किये हैं नासिका भूषण पहिने हैं दूसरे जो स्त्री जातिके षोडश शृंगार हैं ये भी धारण किये हैं ॥ १२ ॥ एक हस्तमें अभय एकमें पुस्तक एक हस्तमें वीणा, एक हस्तमें

तां सरस्वतीम् ॥ १३ ॥ मुमुचुः पुष्पवर्षाणि तुष्टुवुश्च पुनः पुनः ॥ सप्त प्रदक्षिणाश्चक्रुः पूजां मानसिकीं तथा ॥ १४ ॥ चैत्रशुक्लनवम्यां सा सिद्धांबा दर्शनं ददौ ॥ द्विजानां निर्मलमतिं दृष्ट्वा देवो सरस्वती ॥१५॥ उवाचात्रैव भोविप्राः नित्यं सेवयतापि माम्॥युष्मानहं पालयामि धनधान्यादिकपुष्कलैः ॥ १६ ॥ अथ ब्रह्मा पुनस्तत्र गृहीत्वा स्वर्गकन्यकाः ॥ आगत्य तेभ्यः प्रददौ विवाहविधिना च ताः ॥ १७ ॥ भरद्वाजो वसिष्ठश्च शांडिल्यः कौशिकस्तथा ॥ श्वेतमुखश्च पौलस्त्यः सप्तपश्च पराशरः १८ ॥ कश्यपश्चेति ते चाष्टौ स्थितास्तत्र मुनीश्वराः ॥ तानुवाच ततो ब्रह्मा भोभो वै ऋषि सत्तमाः ॥ १९ ॥ मदीया बालका ह्येते वैवाह्याः करुणापरैः॥ भवन्नाम्नैव तेषां वै गोत्रोच्चारो विधीयताम् ॥२०॥ मातृकास्थापनं कृत्वा चौरिकाबंधनं तथा चरु भक्षणकं चक्रुर्गोधूमाज्यगुडान्वितम् ॥ २१ ॥ कुलदेवीं नमश्चक्रुस्ततस्ते सर्ववाडवाः ॥

कमलमाला ऐसे धारण किये हैं और शांत जिसका मुखारविंद है ऐसी शारदा सरस्वतीकूं देखकर ॥ १३ ॥ पुष्पवृष्टि करनेलगे और बारंबार स्तुति करने लगे सात प्रदक्षिणा किये और मानसिक पूजा किये ॥ १४ ॥ चैत्रशुक्ल नवमीके दिन दिसावाल ब्राह्मणोंकूं सिद्धमाताने दर्शन दिया और ब्राह्मणोंकी शुद्ध बुद्धि देखकर सिद्धमातादेवी ॥ १५ ॥ कहती हुई हे ब्राह्मणो! तुम नित्य मेरी पूजा करना मैं तुम सबोंको धन धान्य अन्न वस्त्र पात्र रत्न धातु आदि अनेक अपोक्षित जो चाहिये वह सब पदार्थोंसे पालन करूंगी॥ ॥ १६ ॥ इतनेमें फिर ब्रह्मा स्वर्गमें सब देवकन्यावोंकू लेके दर्शनपुरमें आयके अठारहहजार ब्राह्मणोंकूं विवाहविधिसे अठारहहजार कन्या देते भये ॥ १७ ॥ और वहां भरद्वाज १ वसिष्ठ २ शांडिल्य ३ कौशिक ४ श्वेतमुख ५ पौलस्त्य ६ और सातवां पराशर ॥ ८ ॥ १८ ॥ और कश्यप ये आठों ऋषि बैठे रहे उनकूं ब्रह्मा कहते हुए; हे ऋषीश्वरो ! ॥१९॥ ये दिसावाल ब्राह्मण मेरे बालक हैं इसवास्ते दया रखकर आप सब इनका विवाह करावें और अपनेही नामसे विवाहमें इनका गोत्रोच्चार करो ॥ २० ॥ मातृकाका स्थापन करके चोरी बांधके उसमें बैठके गेहूंका परिपक्व उसमें घी गुड मिश्रित चरुशेष कसार भक्षण करते भये ॥ २१ ॥ तदनंतर वे सब

देवांगनास्तदा सर्वाः प्रतिज्ञां चक्रुरादरात् ॥ २२ ॥ याचनां यदि कुर्वीरन्न स्थास्यामो गृहं तदा ॥ तथास्त्विति द्विजाःप्रोक्ता लोभतृष्णाविवर्जिताः ॥ २३ ॥ नित्यं देवीध्यानरताः पुत्रपौत्रादिसंकुलाः ॥ सिद्धमाता करोत्यत्र योगक्षेमं सदैव हि ॥ ॥ २४ ॥ वाडवानां महावृद्धिरासीत्तत्र दिनेदिने ॥ ब्राह्मणानां च सेवार्थं नंदा देयाश्च निश्चितम् ॥ २५ ॥ एवं विचार्य मनसि षट्त्रिंशच्च सहस्रकम् ॥ द्वौद्वौ प्रत्येकविप्राणां ददौ दासौ सभार्यकौ ॥ २६ ॥ अष्टादशसहस्राणां सच्छूद्रौ च पितामहः ॥ षट्त्रिंशच्च सहस्राणां सर्वेषां ब्रह्मगोत्रकम् ॥२७॥ ब्रह्मणा स्थापितं तस्माद्यथाज्ञा पारमेश्वरी ॥ ततो बहुगते काले विवाहे नंदवेश्मनि ॥ २८ ॥ चतुर्थीहोमसमये नाम्ना भंडासुरो बली ॥ कन्यां जहार च यदा हाहाकारो महानभूत् ॥ २९ ॥ नंदाश्च प्रार्थमायासुस्तदा सर्वे द्विजोत्तमाः ॥ सिद्धमातुःप्रसा-

ब्राह्मण कुलदेवीकूं नमस्कार करते भये पीछे सब देवांगना जिस बखत दिसावाल ब्राह्मणोंकी भार्या भई उस बखत प्रतिज्ञा करती हुई कि हे पतिहो ॥ ॥ २२ ॥ तुम सबने जो दूसरेका दान प्रतिग्रह किया तो हम सब तुम सबके घरमें रहनेकी नहीं तब ब्राह्मणोंने वैसे रहेंगे ऐसा कहके लोभ तृष्णा छोडके ॥ २३ ॥ नित्यदेवी सिद्धमाता की सेवा और ध्यानमें तत्पर रहते भये तब उनके घरमें पुत्र पौत्र गायघोडे रथ आदि जो पदार्थ चाहिये वे सब पूर्ण होते भये और सिद्धमाता नित्य पोषण करती है ॥२४॥ और वहां दिन २ ब्राह्मणोंकी महावृद्धि होने लगी तब ब्राह्मणोंकी सेवाके निमित्त बनियां सेवक देना चाहिये ॥२५॥ ऐसा मनमें विचार करके ब्रह्माने छत्तीस हजार बनिये सच्छूद्रजाति लायके अठारहहजार ब्राह्मणोंमें एक २ ब्राह्मणकूं दो २ सेवक इस रीतिसे दिये और बनियोंकूं स्त्रियां भी दिंयी अब छत्तीस हजार दिसावाल बनियेहैं उन सर्वोका ब्रह्मनाम गोत्र है ॥ २६ ॥ २७ ॥ ब्रह्माने स्थापन कियाहै यद्यपि शास्त्रमें गोत्रविवाह दूषित हैं तथापि ब्रह्माकी आज्ञासे निर्दोष है अब इस बातकूं बहुतकाल गये बाद दिसावाल बनियोंके घरमें ॥ २८ ॥ छोकरियोंके चौथे मंगल फेरे फिरती बखत बलवान् भंडासुरनामक दैत्य कन्यावोंको हरण करके लेगया तब हाहाकार भया ॥२९॥ ऐसा बहुत होनेलगा तब दिसावालबनिये घबरायके ब्राह्मणोंकी प्रार्थना

देन हत्वा तं दैत्यपुंगवम् ॥ ३० ॥ कन्यां ददुस्ततः सर्वे ह्यानंदामृतपूरिताः ॥ जाता द्विधाश्च नंदाश्च युगान्येवं गतानि च ॥३१॥ कलिर्यदा संप्रवृत्तः कपटी द्विजवेषधृक् ॥ प्रतिग्रहप्रतीज्ञायाः खंडनार्थे द्विजन्मनाम् ॥ ३२ ॥ सिद्धमातुः पुरे गत्वा कन्यादानदिने तदा ॥ प्रतिग्रहनिमित्तं वै विवादे समुपस्थिते ॥ ३३ ॥ दानां प्रार्थनायोगान्मोहयित्वा द्विजोत्तमान् ॥ बलात्प्रतिग्रहं तेषां कारयित्वा कलिस्तदा ॥ ३४ ॥ गुप्तोऽभूच्च ततो विप्रा गृहं प्रति ययुर्यदा ॥ तदा देवांगनाः सर्वा ययुः स्वर्गं प्रतिग्रहात् ॥ ३५ ॥ स्वस्वभार्यामपश्यंतो दुःखव्याकुलमानसाः ॥ ब्राह्मणानां क्रोधवशाद्वणिजश्च भयाकुलाः ॥ ३६ ॥ दशाडाख्ये पुरे नंदा गतास्ते तु दसाः

करते भये तब सब ब्राह्मणोंने सेवकोंका दुःख देखकर सिद्धमाताके अनुग्रहसे भंडासुर दैत्यकूं मारकर ॥ ३० ॥ बानियोंकी कन्या बानियोंकूं देते भये तब ब्राह्मण, बानिया सब आनंदरूपी अमृत सरीखे सुखमें पूर्ण रहते भये ऐसे होते तीन युग बीत गये ॥ ३१ ॥ आगे कलियुग आयके प्राप्त भया उस बखत दिसावाल ब्राह्मण दान प्रतिग्रह करते न थे इस कारण उन ब्राह्मणोंकी वह प्रतिज्ञा खण्डन करनेके वास्ते कलियुगने कपटसे ब्राह्मणका वेष लेके ॥ ३२ ॥ दिसानगरमें आयके एक दिन एकके घरमें कन्यादान होरहा था वहां प्रतिग्रहके निमित्तसे वाद विवाद चला तब सेवक कहने लगे कि इस गांवमें कोई याचक नहीं है तब कलिब्राह्मण कहता है हम तो प्रतिग्रह करते नहीं और प्रतिग्रह करने विना विवाह होता नहीं है इसवास्ते यह ब्राह्मण जो प्रतिग्रह करेंगे तो मैं भी प्रतिग्रह करूंगा ॥ ३३ ॥ तब ऐसा बडा कोलाहल होने लगा उस बखत दिसावाल बानियोंने अतिदीनतासे प्रार्थना किये कि तुमने प्रतिग्रह न किया तो हम सबोंका नाश होता है तब वे दयालु ब्राह्मण सेवकोंका वचन सुनके कलियुगकी छायासे मोहित भये, पूर्वस्मरण न रहते बलात्कारसे प्रतिग्रह किया कलियुग प्रतिग्रह करवायकर ॥ ॥ ३४ ॥ गुप्त होगया पीछे दिसावाल ब्राह्मण जिस बखत घरमें जाते हैं उसके पहले ही देवांगना सब प्रतिग्रह दोषसे स्वर्गमें चली गईं ॥ ३५ ॥ अब ब्राह्मण अपने अपने घरमें अपनी अपनी स्त्रियोंकूं न देखते दुःखसे बडे व्याकुल भये और प्रतिग्रह बलात्कारसे करवाया उसके लिये सेवकोंकूं क्रोधसे मारने लगे उस बखत सब दिसावाल बानिके घबराके ॥ ३६ ॥ जो दशाड नामक गावमें जायके रहे, वे दसा दिसावाल भये जो दिसामें रहे वे विसा

स्मृताः ॥ तत्रैव संस्थितास्ते तु वीसास्ते परिकीर्तिता ॥ ॥ ३७ ॥ स्थलद्वयं परित्यज्य गताश्चान्यत्र नंदकाः ॥ ते पाचानामतः प्रोक्ताः सच्छूद्रास्त्रय एव हि ॥ ३८ ॥ नदानां ब्राह्मणानां च कलहश्च महानभूत् ॥ ततो निवृत्ते कलहे नंदाः सेवनतत्पराः ॥ ३९ ॥ नवोपवासा ह्यभवन् ब्राह्मणानां यदा तदा ॥ कश्चिन्मुनिवरस्तत्र चागतो वायडे पुरे ॥ ४० ॥ कन्यां ययाचे चैकां वै तस्मै कोपि द्विजोत्तमः ॥ न प्रादात्कन्यकां तत्रतदा कोपपरो मुनिः ॥ ४१ ॥ शशाप वायडान् विप्रान् कन्यका गृहसंस्थिताः ॥ ता ग्रहीष्यंति ये विप्रास्ते मरिष्यंत्यसंशयम् ॥ ४२ ॥ एवं शप्त्वा गते तस्मिन् कन्यकापितरस्तदा ॥ कन्याषोडशसाहस्रसमूहं संप्रगृह्य च ॥ ४३ ॥ भ्रमंतो देशदेशांतं सिद्धमातुस्थलं ययुः ॥ सिद्धाम्बां तां प्रणम्योचुः कृपां कुरु दयानिधे ॥४४॥ सर्वक-न्यापरिणयश्चाद्यैव क्रियतां खलु॥ तदास्मत्कार्यसिद्धिर्वै धर्मश्च

दिसावाल भये ॥ ३७ ॥ और जो दोनों गांवकूं छोडके तीसरी जगह रहे वे पांचा दिसावाल बानिये भये यह तीनों सत् शूद्र हुए ॥३८॥ ब्राह्मणोंका और बनियोंका बडा कलह हुआ पीछे ब्राह्मणोंका और बनियोंका कलह शांत भया तब बानिये सेवामें तत्पर हुए ॥३९॥ ब्राह्मणोंकूं देवीकी उपासनामें जिस बखत नवदिन उपोषण भये इतनेमें एक ऋषिने बायडापुरमें आयके ॥४०॥ एक कन्या मांगी परन्तु कोई भी ब्राह्मणने उन उत्तम ऋषिको कन्या नहीं दिया तब ऋषिकूं बडा क्रोध आया ॥४१॥ तब बायडे ब्राह्मणोंकूं शाप देते भये कि आज दिनसे जितनी ब्राह्मणोंके घरमें कुमारिका हैं उनको पाणिग्रहण जो बायड ब्राह्मण करेंगे तो तत्काल उनकी मृत्यु होवेगा ॥ ४२ ॥ ऐसा शाप देकर ऋषितो चले गये बाद वह सोलह हजार कुमारी कन्यावोंकूं साथ लेके ॥ ४३ ॥ उनके पिता देशदेश फिरते फिरते दीसागांवमें आयके सिद्धमाताकूं नमस्कार करके कहते भए हे ईश्वरी ! दयानिधि कृपा करो ॥ ४४ ॥ सब कन्यावोंका आजही विवाह करो निश्चय करके उसमें सबका कार्य

रक्षितो भवेत् ॥ ४५ ॥ सिद्धमाता तदोवाच वायडान् प्रति हृष्टधीः ॥ युष्मत्कार्यं करिष्यामि परंत्वत्र विपर्ययः ॥ ४६ ॥ संख्यामध्येऽस्ति तस्माद्वै तद्विचारं कुरुष्व च ॥ तदैवोचुर्द्विजाः सर्वे संख्यासंपूर्तिहेतवे ॥ ४७ ॥ झाल्योदराणां विप्राणां कन्यके द्वे सहस्रके ॥ दानवा हरणं कृत्वा गता इत्यनुशुश्रुम ॥ ४८ ॥ तान्हत्वा ताः समानीय पुरमध्ये ततः परम् ॥ ॥ सर्वेषां कार्यसिद्धिः स्यादिति सर्वं निवेदितम् ॥ ॥ ४९ ॥ वायडानां वचः श्रुत्वा सिद्धांबा वाक्यमब्रवीत् ॥ मत्प्रसादेन भो विप्रा हत्वा तान् दुष्टदानवान् ॥ ५० ॥ कन्या चानीयतां शीघ्रमिति मात्रा प्रचोदिते ॥ तथैव कृत्वा ते विप्राः सिद्धांबापुरवासिनः ॥ ५१ ॥ कन्या गृहीत्वा ताः विप्राः मातुः सन्निधिमाययुः ॥ वायडा ब्राह्मणास्तत्र झारोला ब्राह्मणास्तथा ॥ ५२ ॥ आगता दर्शनपुरं कन्यादानार्थमेव हि अष्टादशसहस्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो विधानतः ॥ ५३ ॥

होवेगा और धर्म सुरक्षित रहेगा॥ ४५॥ उस बखत सिद्धमाता प्रसन्न चित्तसे वायडे ब्राह्मणोंकूं कहती भई तुम सबोंका काम मैं करूंगी परंतु उसमें थोडा कर्म जास्ती है ॥ ४६ ॥ संख्यामें इसवास्ते जैसे संख्या पूर्ण होवे वैसा विचार करो तब वायडे ब्राह्मण कहते भये हे माता ! अठारह हजार संख्याकी पूर्णता करने वास्ते ॥ ४७ ॥ झारोले ब्राह्मणोंकी दो हजार कन्याकूं दैत्य हरण करके लेगया ऐसा हम सबोंने सुना है॥४८॥ इसवास्ते दैत्यकूं मारकर वह कन्या दिशानगरमें लावो तब सबोंकी कार्यसिद्धि होगी यह वृत्तांत कहा ॥ ४९ ॥ तब वायडे ब्राह्मणोंका वचन सुनकर सिद्धमाता दिसावाल ब्राह्मणोंकूं कहती भई हे ब्राह्मणो ! मेरे अनुग्रहसे उन दुष्ट दैत्योंकूं मारकर ॥ ५० ॥ कन्यावोंकूं जल्दी लावो ऐसी सिद्धमाताके आज्ञा करनेपर वे दिसवाल अठारह हजार सब ब्राह्मण देवीकी शेष हाथमें लेके दैत्योंकूं मारकर ॥ ५१ ॥ कन्या लेके देवींके सन्मुख आतेभये पीछे वायडे ब्राह्मण झारोले ब्राह्मण ॥५२॥ कन्यादान करनेके वास्ते दिसागांवमें आये

---

१ जात्यपेक्षयैकवचनम्।

स्वस्वकन्याप्रदानं वै प्रत्येकं चक्रुरादरात् ॥ ततः प्रभृति ते सर्वे ब्राह्मणा हर्षनिर्भराः ॥ ९४ ॥ वासं चक्रुः सुखेनैव यजमानपुरः सराः ॥ ककलाख्यो द्विजः कश्चिज्ज्योतिः शास्त्रविशारदः ॥ ९५ ॥ सिद्धमातुः पुरं गत्वा होमं चक्रे विधानतः ॥ ग्रामिणां भोजनं दत्त्वा तथा दानान्यनेकशः ॥ ॥ ९६ ॥ प्रत्यक्षं दर्शनं प्राप सिद्धांबायाः कलौ युगे ॥ घोरिचोधरिब्यासाद्या ह्यवटंकाश्च संति हि ॥ ९७ ॥ चरितं कथितं चैतत् सर्वदर्शनवासिनाम् ॥ वणिजां ब्राह्मणानां च ज्ञातिज्ञानप्रदायकम् ॥ ९८ ॥

इति श्रीब्राह्मणो० दर्शनपुरवासिविप्रवाणिजोत्पत्तिवर्णनं नामप्रकरणम् ३२
इति पंचद्रविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥ आदितः श्लोकसंख्याः ॥ ३६७७ ॥

और अठारह हजार दिसावाल ब्राह्मणोंकूं वेदविधिसे ॥ ९३ ॥ प्रत्येक ब्राह्मणकूं अपनी अपनी कन्याका दान आदर पूर्वक करते भये विवाह भये पीछे सब ब्राह्मण हर्षित होकर ॥ ९४ ॥ यजमानसहित दिसामें सुखपूर्वक रहते भये, एक ककलनाम करके ब्राह्मण ज्योतिष शास्त्रमें प्रवीण था ॥ ९५ ॥ वह अपना समूह लेके दिशानगरमें आकर देवीके सामने अति उत्तम होम किया गांवके सब लोगोंकूं भोजन दिया और ब्राह्मणोंकूं अनेक दान दिया ॥ ९६ ॥ सब उसकी भक्तिसे और पुण्यसे कलियुगमें भी प्रत्यक्ष दर्शन दिया ऐसा सिद्धमाताका चमत्कार हैं यह दिसावल ब्राह्मणोंमें धोरु जी चोधरी व्यास जोशी रावल पंड्या अध्यारु मेहता आदि और अवटंक हैं गोत्र आठ हैं और इस जातिमें कौकिलमतकूं मानतेहैं ॥ ९७ ॥ ऐसा दिसावाल ब्राह्मणोंका और बानियोंका चरित्र ज्ञातिका परिज्ञान होनेके वास्ते वर्णन किया ॥ ९८ ॥

इति ब्राह्मणोत्पत्तिग्रंथमें दिशावाल ब्राह्मण बनियोंकी उत्पत्तिप्रकरण ॥ ३२ ॥ संपूर्ण ॥

अथ खेडावालब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ ३३ ॥

अथ द्विविधखेटकब्राह्मणोत्पत्तिमाह-हरिकृष्णः-गुर्जरे विषये रम्यं ब्रह्मखेटकसंज्ञकम् ॥ पुरमस्ति महद्दिव्यं दक्षिणे चार्बुदाचलात् ॥ १ ॥ कृते ब्रह्मपुरं नाम त्रेतायां त्र्यंबकं तथा ॥ तदेव द्वापरे ख्यातं कलौ वै ब्रह्मखेटकम् ॥ २ ॥ अस्ति तत्र मही पुण्या हिरण्याख्या नदी शुभा ॥ तत्रैव संगमः पुण्यो नदीद्वितयसंभवः ॥ ३ ॥ नागह्रदोपि तत्रैव कार्त्तिके बहुपुण्यदः ॥ यत्र स्नानेन दानेन नरो न निरयं व्रजेत् ॥ ४ ॥ ग्राममध्ये निवसति देवो वै पद्मसंभवः ॥ भार्याद्वयेन संयुक्तः तत्प्रासादस्य पूर्वतः ॥ ५ ॥ वापिकास्ति महारम्या तन्मध्ये कुलदेवताः ॥ यासां पूजनमात्रेण चेप्सितं लभते नरः ॥ ॥ ६ ॥ अंबिकाख्या शिवा यत्र सर्वप्राणिहिते रता ॥ मानसाख्यं सरस्तत्र निर्मलोदकपूरितम् ॥ ७ ॥ तस्मिन्देशे नरपतिः क्षत्रियो वेणुवत्सकः ॥ इल्वदुर्गे राजधानी तस्य भूपस्य चाऽभवत् ॥ ८ पालयामास धर्मेण स्वां प्रजां पुत्रवत्सुधीः ॥

अब बाज भीतरे खडावाल ब्राह्मण और लाड बनिये उनकी उत्पत्ति कहते हैं गुजरात देशमें आबू पहाडसे दक्षिण दिशामें ब्रह्मखेट नाम करके बडा उत्तम एक पुर है ॥ १ ॥ उसका सत्ययुगमें ब्रह्मपुर नाम, त्रेतायुगमें और द्वापरयुगमें त्र्यंबकपुर नाम कलियुगमें ब्रह्मखेट नाम है ॥ २ ॥ वहां हिरण्या महानदी है उसके नजीक भीमरथी साभ्रमतीका संगम बडा पुण्यकारक है ॥ ३ ॥ और वहां नागह्रदतीर्थहै कार्त्तिक मासमें वहां स्नान बडा पुण्यकारक कहाहै उस तीर्थमें स्नान और दान करनेसे मनुष्य नरकमें नहीं जाताहै ॥ ४ ॥ उस ब्रह्मखेट नगरमें ब्रह्मा, सावित्री, गायत्री, ये तीनों देवता विराजमान हैं और उनके मंदिरसे पूर्व दिशामें ॥ ५ ॥ बडी रमणीय एक बावडी है, वहां कुल देवता रहते हैं, जिनके पूजन करनेसे मनुष्यको इच्छित फल प्राप्त होताहै ॥ ६ ॥ और सब प्राणियोंका हित करनेवाली अंबिका देवी वहां बिराजतीहै । और वहां निर्मल जलसे भरा हुवा ऐसा मानस सरोवर है ॥ ७ ॥ उस देशका राजा वेणुवत्सनामक क्षत्रिय इल्वदुर्ग (उर्फ ईडर) में रहकर राज्य करता था ॥ ८ ॥ सत्यवादी, धर्मात्मा, गौ और ब्राह्मणोंके ऊपर दया रखनेवाला वह राजा धर्मपूर्वक पुत्र सरीखे प्रजाओंका

सत्यसंधो धर्मरतो गोब्राह्मणहिते रतः ॥ ९ ॥ स सर्वैश्वर्ययुक्तोऽपि चिंता वंध्यापतेरभूत् ॥ एवं चिंतयतः कालो महाँस्तस्य गतः किल ॥ १० ॥ तत्रैकदा द्विजः सर्वे द्राविडाश्च समागताः ॥ ताम्रपर्णीनदीतीरवासिनो नैष्ठिकाः शुभाः ॥ ११ ॥ कावेरीं तुंगभद्रां च कृष्णां मित्रात्मजां तथा ॥ रेवां महीं च दृष्ट्वैव स्नात्वा साभ्रमतीं ततः ॥ १२ ॥ सिद्धक्षेत्राद्यनेकानि सेवयंतो मुनीश्वराः हिरण्याख्यां नदीं स्नातुं द्रष्टुं वै पद्मसंभवम् ॥ १३ ॥ जलपूर्णां नदीं दृष्ट्वा प्रोचुर्नाविकमग्रतः ॥ हिरण्यायाः परं पारं नय चास्मान् हि नाविक ॥ १४ ॥ नवयं द्रव्यदातारस्तदा सोवाच नाविकः ॥ क्रयं विना परं पारं न नयामि मुनीश्वराः ॥१५॥ तच्छ्रुत्वा कुपिताः सर्वे ध्यात्वा देवं च पद्मजम् ॥ आस्तीर्य स्वोत्तरीयाणि तेन याताः परं तटम् ॥ १६ ॥ दृष्ट्वा चैवांबिकां देवीं पूजयित्वा च पद्मजम् ॥ पुनस्तस्याः परं पारं जग्मुः पूर्वं यथागताः ॥ १७ ॥

पालन करताथा ॥ ९ ॥ उस राजाकूं सब ऐश्वर्य था परंतु पुत्र बिना बडी चिंता करते करते उसको बहुत कालबीत गया ॥ १० ॥ उस ईडरमें एक बखत द्राविड ब्राह्मण ताम्रपर्णी नदीके तटऊपर रहनेवाले बडे नैष्ठिक ॥ ११ ॥ यात्रा करनेकूं निकले वे कावेरी, तुंगभद्रा, कृष्णा, तापी, रेवा, मही साभ्रमती इन नदियोंका दर्शन और स्नान करके ॥ १२ ॥ सिद्धक्षेत्र आदि अनेक तीर्थोंमें और बिंदुसरोवरमें स्नान करके वहां श्राद्धादिक करके हिरण्या नदीमें स्नान करनेके वास्ते और ब्रह्माके दर्शन करनेके वास्ते ॥ १३ ॥ ईडरके नजीक आये, वहां हिरण्या नदी जलपूर्ण है ईडरमें जासकते नहीं हैं इसवास्ते नाववालेकूं कहनेलगे कि हे नाववाले ! हम सबोंकूं नदीके उस पार लेजा ॥ १४ ॥ हम पैसे नहीं देनेके, तब नाविक कहता भया कि हे मुनीश्वरो ! द्रव्य दिये विना उस पार तुम सबकूं लेजानेको नहीं ॥ १५ ॥ ऐसा उसका वचन सुनते सब ऋषियोंको क्रोध आया और ब्रह्माका ध्यान करके अपना अपना उत्तरीयवस्त्र पानीके ऊपर बिछायकर उसके ऊपर बैठकर नदीके उस पार गये ॥ १६ ॥ गांवमें जायकर ब्रह्मा, सावित्री, गायत्री, अंबिका इनका दर्शन और पूजन करके फिर

१ अत्र पादपूरणाय सोऽब्रवीति सोर्लोपः ।

नेतारौ सर्वसंघस्य तन्मध्ये भ्रातराबुभौ ॥ नाविकेन च तत्सर्वं वृत्तांतं विनिवेदितम् ॥ १८ ॥ तच्छ्रुत्वा चकितो राजा तानानाय्य प्रयत्नतः ॥ अर्घ्यादिभिश्च संपूज्य सेवयामास भक्तितः ॥ १९ ॥ एकदा स सभामध्ये वेणुवत्सो महीपतिः ॥ पप्रच्छ ब्राह्मणश्रेष्ठावपुत्रोऽहं कथं प्रभो ॥२०॥ तदा द्वौ भ्रातरौ तस्य चिंतयंतौ पुरातनम् ॥ प्रोचतुर्नृपतिं तत्र गोबालकवधः कृतः ॥ २१ ॥ पूर्वजन्मनि तेन त्वमिह जन्मन्यपुत्रकः ॥ ब्रह्मक्षेत्रे पुण्यतमे पुत्रेष्टिं कुरु सत्वरम् ॥ २२ ॥ तदा ते भविता पुत्रो नान्यथा दानकोटिभिः ॥ स्वर्णमयी सवत्सा गौस्तस्या दानं समाचार ॥ २३ ॥ यज्ञं कृत्वा ततो राजा दानं कर्तुं समुद्यतः ॥ श्रीमद्भिः कथितं यद्यत्तत्सर्वं कृतवानहम् ॥ २४ ॥ ग्रहीतव्यं भवद्भिर्वै दानं संकल्पपूर्वकम् ॥ श्रुत्वा नृपवचस्तथ्यं विचारं चक्रतुर्मिथः ॥ २५ ॥ ज्येष्ठबंधोर्मतिश्चासीद्दानस्य च प्रतिग्रहे ॥ तस्यानुयायिनो विप्राश्चतुर्दशशतं त्वभूत् ॥ २६ ॥

नदीके ऊपर उपवस्त्र डालकर उसके ऊपर बैठकर इस पार चलेआये ॥ १७ ॥ उस सब मुनिसंघमें दो भाई मुख्य थे नौकावालेने राजाके पास जाकर वस्त्रके ऊपर बैठ कर नदीके पार आये यह वृत्तांत मुनियोंका कहा ॥१८॥ राजाने वह वचन सुनकर बडा आश्चर्य पाकर उन सबोंकूं बुलायकर अर्घादिसे पूजा करके अपने पास रखे ॥१९॥ एक दिन वह वेणुवत्स राजा सभामें श्रेष्ठ ब्राह्मणोकूं प्रश्न करताभया कि हे प्रभो ! मैं पुत्रहीन क्यों भया ? ॥२०॥ तब सब ऋषियोंमें जो मुख्य दो भाई हैं वे राजाके पूर्वजन्मकूं चिंतन करतेहुए कि तुमने जन्मांतरमें गायके बालकका वध किया है ॥२१॥ इसवास्ते इस जन्ममें तुम अपुत्र भयेहो, इस कारण पुण्यरूप इस ब्रह्मक्षेत्रमें शीघ्र पुत्रेष्टि यज्ञ करो ॥२२॥ तो तेरे पुत्र होवेगा यज्ञके विना केवलदान करनेसे पुत्र होनेको नहीं और सोनेकी सवत्सा गौ बनाकर उसका दान करो ॥ २३ ॥ राजा यज्ञ करके गोदान करनेकूं तैयार भया और ऋषियोंकूं कहताभया कि आपने जो आज्ञाकी सो सब मैंने किया ॥२५॥ और आप सब संकल्पपूर्वक यह गोदान ग्रहण करो ऐसा राजाका सत्य वचन सुनकर दोनों भाई विचार करनेलगे ॥ २५ ॥ उनमें बडे भाईका दान लेनेकूं दिल भया और उसके मतवाले

अनुजो नेति तत्राह दानस्य च प्रतिग्रहे ॥ तस्यानुयायिनश्चा-
सन् विप्राः सार्धशतद्वयम् ॥ २७ ॥ एवं कोलाहले जाते
भ्रात्रोश्चैव तदा मिथः ॥ कपाटबंधनं चक्रे वेणुवत्सो महीपतिः
॥ २८ ॥ तदा सर्वे विनिश्चिन्त्य विप्राःसार्धशतद्वयम् ॥ ग्राम-
भित्तिं समुल्लंघ्य निर्धनास्ते त्वरान्विताः ॥ २९ ॥ इल्वदुर्गा-
द्बहिर्यातास्तेन बाह्याश्च खेटकाः ॥ स्वकर्मणि रताः सर्वे प्रति-
ग्रहपराङ्मुखाः ॥ ३० ॥ वेणुवत्सस्तदा राजा परोपकरणे
रतः ॥ दृष्ट्वा बाह्यान् द्विजान् सर्वान्वेदशास्त्रार्थपारगान् ॥
॥ ३१ ॥ नामगोत्रादिकं सर्वं ज्ञात्वा तेषां द्विजन्मनाम् ॥
लिखित्वा गुप्तरीत्या वै नागवल्लीदले शुभे ॥ ३२ ॥ चतुर्विं-
शति ग्रामाँश्च लांतवर्णांश्च तानथ ॥ प्रददौ द्विजवर्येभ्यो ताबू-
लांतर्गतांस्तथा ॥ ३३ ॥ अथ ये संस्थितास्तत्र वेणुवत्सस-
मीपतः ॥ ते तु संजगृहुः सर्वे स्वर्णगोदानमुत्तमम् ॥ ३४ ॥
तदा प्रसन्नो नृपतिर्निवासाय स्थलं ददौ ॥ चतुर्दशशतेभ्यश्च

चौदह सौ ब्राह्मण भये ॥ २६ ॥ और छोटे भाईने कहा कि हम तो दान लेनेके
नहीं तब उसके मतसे चलनेवाले ब्राह्मण अढाई सौ भये ॥२७॥ ऐसा दोनों भाइ-
योंका गडबडाहट भया तब राजाने गांवके दरवाजे बंद करवाये ॥ २८ ॥ तब वे
छोटे भाईके अनुयायी २५० निर्धन ब्राह्मण गांवकी भीत ऊपरसे उलंघन करके
जलदीसे गांवके बाहर होगये ॥२९॥ ईडरसे बाहर होगये वे बाजे खडेवाल ब्राह्मण
भये, बडे धर्म कर्ममें निष्ठा रखनेवाले प्रतिग्रह करते नहीं हैं हालमें बडेबडे गृहस्थ
गुजरातमें ओट उमरेट प्रांतमें तैलंग द्रविड देशमें चीनापट्टन मधरा पंचनद तंजापुर
तिणवल्ली आदि गावोंमें प्रसिद्ध हैं ॥ ३० ॥ अब वेणुवत्स राजा परोपकार करनेकूं
बडा तत्पर वेद शास्त्रमें पारंगत उन बाज खेडावालोंकूं देखकर ॥ ३१ ॥ उनका
नाम गोत्र सब जानकर ब्राह्मणोंकूं मालूम न होवे उस रीतिसे गोत्र और ग्रामके
नामकी चिठ्ठी तांबूलकी बीडीमें रखकर ॥३२॥ चौबीस गोत्रोंके ब्राह्मणोंकूं लकार
अक्षर जिसके अंतमें है ऐसे चौबीस गांव दिये ॥३३॥ अब वेणुवत्सके समीप जो
ब्राह्मण थे उन्होंने सुवर्ण गोदानका प्रतिग्रह किया ॥ ३४ ॥ तब राजा प्रसन्न

स्वकीये खेटके पुरे ॥ ३५ ॥ नृपमंत्रिवणिग्जातिर्लाड इत्यभिविश्रुतः ॥ प्रतिज्ञामकरोत्तत्र सभामध्ये विशेषतः ॥ ३६ ॥ मदीयाः संति ये सर्वदेशे ग्रामे पुरे तथा ॥ ते युष्मान् पालयिष्यंति नात्र कार्या विचारणा ॥ ३७ ॥ वयं सर्वे क्षत्रियाश्च लाटदेशसमुद्भवाः ॥ कालयोगाद्धर्मभ्रष्टा जाताः सर्वे मुनीश्वराः ॥ ३८ ॥ ते सर्वे लाडवणिजः सच्छूद्रा वर्णधर्मतः ॥ नमस्कारेण मंत्रेण पंचयज्ञाः सदैव हि ॥ ३९ ॥ आधानादिविवाहांताः संस्कारा ये प्रकीर्तिताः ॥ ते सर्वे च प्रकर्तव्या वेदमन्त्रैर्विना द्विजाः ॥४०॥ पौरोहित्यं च तेषां वै कर्तव्यमविशंकितम् ॥ येऽवमानं करिष्यंति ते हि दंड्या न संशयः ४१॥ एवं य खेटके ग्रामे स्थापिता वेणुना द्विजाः ॥ ते खेटकेवासिनो

होकर उन चौदह सौ ब्राह्मणोंकूं अपने ब्रह्मखेटक पुरमें रहनेकूं स्थल दिया॥३५॥ वहां राजाका प्रधान मंत्री लाड बनियां था उसने सभाके बीचमें विशेष करके प्रतिज्ञाकी कि ॥ ३६ ॥ मेरे ज्ञातिके जितने देशगांव नगर पुरोंमे रहनेवालेहैं वे सब तुम्हारा पालन करेंगे इसमें संशय नहीं है ॥ ३७ ॥ हम सब क्षत्रिय हैं पूर्वी लाटदेशमें रहनेवाले हैं इसवास्ते हमारे ज्ञातीसमूहका नाम लाड भया है परंतु हे मुनिश्वरो ! कालयोगसे क्षात्रिय धर्मसे भ्रष्ट हो गये हैं ॥ ३८ ॥ वे सब लाड बनिये सच्छूद्रके धर्मसे चलते हैं उनने नमस्कार मंत्रसे पंचमहायज्ञ करना ॥ ३९ ॥ गर्भाधानसे विवाहांत षोडशकर्म सब करना सो वेदमंत्र रहित पौराणिक मंत्रसे करना कितनेक देशमें वे लोक अपनेकूं सच्छूद्र वर्ण मानतेहैं कितनेक क्षत्रियत्व कितनेक वैश्यत्व मानते हैं और धनलोभी ब्राह्मण उनकूं वैश्य कहतेहैं कर्म वैश्यसरीखा मुखसे कहते हैं परंतु शूद्रके योग्य भी कर्म करवाते नहीं हैं परंतु वे लाड बनिये धनगर्वित ऐसे अश्वतर हैं कि जिनकूं कर्ममें ज्ञान नहींहै मुखके वचनमात्रसे वैश्यत्व मानकर आनंद पाते हैं ऐसा देखो प्राचीन यह लोक क्षत्रियवर्ण हैं और हालके वखतमें सच्छूद्रवर्णके धर्मसे चलतेहैं और मुखसे वैश्यत्व कहतेहैं यही फिर्याद हमने किसकूं कहना हे कलिराजा ! तुमकूं धन्य है ऐसी गडबड दूसरे बनियोंमें भीहै॥४०॥ अब राजाका प्रधान कहताहै हेब्राह्मणो ! तुम सब यह लाडबनियोंको पौरोहित्य शंका छोडकर करना जो तुम सबका अपमान करेगा वह दंड पात्र होवेगा ॥ ४१ ॥ ऐसा ब्रह्मखेटमें वेणुवत्सने जो ब्राह्मण स्थापन किये वे ग्रामके भीतर रहनेवाले खेडावाल

विप्रा ग्रामाभ्यंतरवासिनः ॥ ४२ ॥ एवं खेटकविप्राणां भेदोऽयं समुदाहृतः ॥ अथ तेषां च गोत्रादिनिर्णयं प्रवदाम्यहम् ॥ ४३ ॥ शांडिल्यासितदेवलेतिप्रवरत्रयोपेतं शांडिल्य गोत्रं ऋग्वेदः उमा देवी सुरेली ग्रामः प्रथमः ॥४४॥ आंगिरसबार्हस्पत्यच्यवनोपमन्यवसमानेति पंचप्रवरोपेतम् ॥ कपिलगोत्रमृग्वेदो मलायीदेवीराहोलीग्रामोद्वितीयः ॥ ४५ ॥ उपमन्यववत्साश्रितभारद्वाजेतिप्रवरत्रयोपेतमुपमन्यवसगोत्रमृग्वेदो विश्वावसुदेवी विष्णोली ग्रामस्तृतीयः ॥ ४६ ॥ चित्रानस विश्वामित्रदेवराजेति प्रवरत्रयोपेतं चित्रासनसगोत्रमृग्वेदः कुलेश्वरीदेवी त्रिणोलीग्रामश्चतुर्थः । अत्र केषां चिन्मधुमच्छंददेवराजऔद्दालेति त्रिप्रवरांतरमपि वर्तते ॥४७॥ जातूकर्ण्य विश्वामित्रवत्सेति त्रिप्रवरोपेतं जातूकर्ण्यगोत्रंयजुर्वेदोदिवाकरवायी देवी आंत्रोलीग्रामः पञ्चमः ॥ ४८ ॥ भारद्वाजांगिरसबार्हस्पत्येतिप्रवरत्रयोपेतं भारद्वाजगोत्रमृग्वेद आशापुरी देवी पंचोलीग्रामष्षष्ठः ॥ ४९ ॥ विश्वामित्रदेवराजऔद्दलेति प्रवरत्रयोपेतम् ॥ अथवा देवराजउपनस्विविश्वामित्रेति प्रवरत्रयोपेतमुपनसगोत्रमृग्वेदः मोराही देवी सिंगालीग्रामः सप्तमः ॥ ॥ ५० ॥ उरपराप्रवरभारद्वाजजमदग्निच्यवनेति पंचप्रवरोपेतं वत्ससगोत्रमृग्वेदः महालक्ष्मीर्देवी मोधोलीग्रामोऽष्टमः ॥ तस्मिन्नेव गोत्रे प्रवरांतरमाह ॥ भार्गवच्यवनाप्नवऔर्वजामदग्न्येति पंचप्रवराणि ॥ ५१ ॥ गौतमांगिरसौथ्येति प्रवरत्रयोपेतं गौतमगोत्रमृग्वेदश्चामुंडेश्वरीदेवी वडेली ग्रामो नवमः ॥ ५२ ॥ शामानसभार्गवच्यवनौर्वजामदग्न्येति पंच प्रवरोपेतं

ब्राह्मण भये ॥४२॥ ऐसा खेडागलोंका भेद मैंने कहा और इनका गोत्रादि निर्णय चक्रमें स्पष्टहै॥ ४३ ॥ ४४ ॥ ४५ ॥ ४६ ॥ ४७ ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ ५० ॥ ५१ ॥ ५२ ॥

शामानसगोत्रमृग्वेदो महालक्ष्मीर्देवी कंकालीग्रामो दशमः ॥ ॥ ५३ ॥ लम्बकर्णासितदेवराजेतिप्रवरत्रयोपेतं लम्बकर्णसगोत्रमृग्वेदो वडेयी देवी वडेलीग्राम एकादशः ॥५४॥ काश्यपावच्छन्दनैध्रुवेति प्रवरत्रयोपेतं काश्यपगोत्रं सामवेदः श्रीयादेवी शीहोली ग्रामोद्वादशः ॥ ५५ ॥ कौंडिन्यवसिष्ठमित्रावरुणेति प्रवरत्रयोपेतं कौंडिन्यगोत्रमृग्वेदो महालक्ष्मीर्देवी शियोलीग्रामस्त्रयोदशः ॥ ५६ ॥ अगस्त्यसामानसइंद्रवाहेति प्रवरत्रयोपेतं लातपसगोत्रं यजुर्वेदो मूलेश्वरी देवी रेनालीग्रामश्चतुर्दशः ॥ ५७ ॥ आंगिरसगौतमभारद्वाजेति प्रवरत्रयोपेतं शजानसगोत्रं यजुर्वेदो रविदेवी लिहाली ग्रामः पंचदशः ॥ ५८ ॥ आगस्त्यवैनाधजानायतेति प्रवरत्रयोपेतं बिल्वसगोत्रमथर्वणवेदो नित्या देवी नालोलीग्रामष्षोडशः ॥ ॥ ५९ ॥ आंगिरसबार्हस्पत्यास्तिके प्रवरत्रयोपेतंपौनसगोत्रं सामवेदः पिठायी देवी आदरोलीग्रामः सप्तदशः ॥६०॥ उशिकविश्वामित्रदेवलेतिप्रवरत्रयोपेतंकृष्णात्रिगोत्रं यजुर्वेदः कृष्णायी देवी काछेलीग्रामोऽष्टादशः ॥ ६१ ॥ आंगिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजेति प्रवरत्रयोपेतं गार्ग्यसगोत्रमृग्वेदो बिल्वयीदेवी मारेलीग्रामः एकोनविंशः ॥ ६२ ॥ मुद्गलांगिरसभारद्वाजेति प्रवरत्रयोपेतं मुद्गलगोत्रमृग्वेदो वेहेमायी देवी भूयेलीः ग्रामो विंशः ॥ ६३ ॥ विश्वामित्रदेवराजौद्दलेति प्रवरत्रयोपेतं लौकानसगोत्रं यजुर्वेदो मलायी देवी खुटालिग्राम एकविंशः ॥ ६४ ॥ प्रवरत्रयोपेतं बार्हसं गोत्रमथर्ववेदः पिट्ठायी देवी कालोलीग्रामो द्वाविंशः ॥ ६५ ॥ अत्र्यर्चनशि-

॥ ५३ ॥ ५४ ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ ५७ ॥ ५८ ॥ ५९ ॥ ६० ॥ ६१ ॥ ६२ ॥
॥ ६३ ॥ ६४ ॥ ६५ ॥

षशिवेति प्रवरत्रयोपेतमांगिरसगोत्रं यजुर्वेदः चंगेली देवी चंगेलीग्रामस्त्रयोविंशः ॥ ६६ ॥ आंगिरसनैध्रुवशौनकेतिप्रवरत्रयोपेतमांगिरसगोत्रंयजुर्वेदः हिरायी देवी हिरोलीग्रामश्चतुर्विंशः ॥ ६७ ॥ एवं गोत्रादिरचनाः संक्षेपेण प्रकीर्तिताः ॥ बाह्यानां खेटविप्राणां तथाऽन्येषां द्विजन्मनाम् ॥ ६८ ॥ श्रुत्वा विप्रमुखादेतं वृत्तांतं पूर्वकालिकम् ॥ निबंधनं च कृतवान् हरिकृष्णो द्विजः सुधीः ॥६९॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्याये खेटकब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ३३ संपूर्णम् ॥ आदितः पद्यसंख्या ॥ ३७४६ ॥

॥ ६६ ॥ ६७ ॥ ऐसी गोत्रादिकी रचना संक्षेपमें मैंने कही बाह्य भीतर खेडावाल ब्राह्मणोंमेंसे एक खेडुवा ब्राह्मण भेद भया है वे ब्राह्मण औदुंबर ब्राह्मणं वृत्ति करते हैं ॥ ६८ ॥ यह सब कथा पूर्वकालकी भईहुई उत्तम बहुश्रुत ब्राह्मणके मुखसे सुनकर हरिकृष्णने निबंधन किया ॥ ६९ ॥

इति खेडवाल ब्राह्मण लाड बनियोंकी उत्पत्ति संपूर्ण भई प्रकरणम् ॥ ३३ ॥

अथ खेडावालब्राह्मणानां ग्रामगोत्रप्रवरकुलदेवीज्ञानचक्रम्.

सं.	ग्रामनाम	कुलदे.	गोत्र	प्रवराः	वेद	शाखा
१	मुरेली	समादेवी	शांडिल्य	शांडिल्यअसितदेवल	ऋ	आ
२	राहोली	मलावा	कपिल	आंगिरसबार्हस्पत्यच्यवनउपमन्यवसभान	ऋ	आ
३	विष्णेला	विश्वावसु	उपमन्यव	उपमन्यववरसाश्रितभारद्वाज	ऋ	आ
४	त्रिणोली	कुलेश्वरी	चित्रानन	चित्रानसविश्वामित्रदेवराज	ऋ	आ
५	आत्रोली	दिवाकरबाई	जातूकर्ण	जातूकर्ण्यविश्वामित्रवच्छम	य	आ
६	पंचोली	आशापुरी	भारद्वाज	भरद्वाजआंगिरसबार्हस्पत्य	ऋ	आ
७	सिगासी	मोराही	उपनस	विश्वामित्रदेवराजऔदुल	ऋ	आ
८	मोधोली	महालक्ष्मी	वत्सस	उरप्रताप्रवभारद्वाजजमदग्निच्यवन	ऋ	आ
९	वडेली	चामुण्डेश्वरी	गौतम	गौतमआंगिरसऔतथ्य	ऋ	आ
१०	कंगाली	महालक्ष्मी	शामानस	शामानसभार्गवच्यवनऔवजमदग्नि	ऋ	आ
११	वहेला	वडेयी	लंबुकर्णस	लंबुकरणअसितदेवराज	ऋ	आ
१२	शीधोली	धियी	काश्यप	काश्यपअवछंदेनैध्रुव	सा	कौ
१३	शियोली	महालक्ष्मी	कौडिन्य	कौडिन्यवसिष्ठमित्रावरुण	ऋ	आ

१४ रेनाली	मृलेश्वरी	लातपस	अगस्त्यसामानइंद्रवाह	य	मा
१५ लिहाली	रविदेवी	शजानस	आंगिरसगौतमभारद्वाज	य	मा
१६ नालोली	नित्यादेवी	विल्वस	आगस्त्यवैनाधत्रानायत	अ	सा
१७ आदरोली	पिठायी	पौनस	आंगिरसवार्हस्पत्यआस्तिक	सा	कौ
१८ काछेली	कृष्णाई	कृष्णात्री	उशिकविश्वामित्रदेवल	य	मा
१९ मारेली	विल्वयी	गार्ग्यस	आंगिरसबार्हस्पत्यभारद्वाज	ऋ	आ
२० भूपेली	वेहेमायी	मुद्गल	मद्गलआंगिरसभारद्वाज	ऋ	आ
२१ खुटाली	मालायी	लौकानस	विश्वामित्रदेवराजऔदल	य	मा
२२ काकोली	मिठाई	वार्हस	३	अ	सा
२३ चंगेली	चंगेली	आंगिरस	अत्रिअर्चनशिवशिव	य	मा
२४ हिरोली	हिरायी	आंगिरस	आंगिरसनेध्रुवशौनक	य	मा

अथ रायकवालब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ ३४ ॥

अथ रायकवाल ब्राह्मणोत्पत्तिसारमाह हरिकृष्णः ॥ सत्यपुंगवनामा वै ऋषिरासीत्पुरा महान् ॥ द्विनंद द्वादशशतै १२९२-मुनिशिष्यैः समन्वितः ॥ १॥ नंद्यावर्ते वसन् पूर्वं स्वकर्मपरिनिष्ठितः ॥ वेदवेदांगशास्त्रज्ञो यज्ञकर्मविशारदः ॥ २ ॥ गुर्जरे विषये ग्रामं कठोदरमिति स्मृतम् ॥ तत्र स्थितो महीपालः यज्ञार्थं चाकरोन्मतिम् ॥ ३ ॥ यज्ञं कारयिता को वा ब्राह्मणो मे मिलिष्यति ॥ इति चिंतातुरे राज्ञि सेवको वाक्यमब्रवीत् ॥ ४ ॥ नंद्यावर्ते महायोगी सर्वविद्याविशारदः ॥ सत्य पुंगवनामा वै ऋषिरस्ति तमाह्वय ॥ ५ ॥ मुनेरानयने चाराः प्रेषिताश्च महीभृता ॥ अष्टादश गोत्रयुतैर्मुनिशिष्यैः सम-

अब रायकवाल ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं पूर्वमें सत्यपुंगवनाम करके बडे ऋषी होतेभये वह मुनि बारहसौ ब्यानवे १२९२ शिष्योंके साथ वर्तमान ॥ १ ॥ नंद्यावर्त्तमें वास करते हुए वे ऋषि बडे स्वकर्मनिष्ठ वेदवेदांग शास्त्रोंको जाननेवाले और यज्ञकर्ममें विशारद थे ॥ २ ॥ एक समयमें गुजरातदेशमें वह मुनि कठोदर-नामकगांव है वहांके राजाने यज्ञ करनेकी इच्छा कियी ॥ ३ ॥ परंतु उत्तम यज्ञ करानेवाला ब्राह्मण कहां मिलेगा ऐसी चिंता करनेलगे इतनेमें सेवक कहनेलगे ॥ ४ ॥ नंद्यावर्तमें सब विद्याओंमें निपुण महायोगी एक सत्यपुंगव नाम करके ऋषि रहते हैं उनको बुलाओ ॥ ५ ॥ तब राजाने मुनिको बुलानेके वास्ते दासोंको भेजा तब सत्यपुंगव ऋषिने राजदूतोंका वचन सुनके अठारह गोत्रोंके

न्वितः ॥ ६ ॥ आगतो मुनिराट्ट तत्र नृपचारैः समावृतः ॥ यज्ञं च कारयामास विधिना बहुदक्षिणम् ॥ ७ ॥ यज्ञांतेऽवभृथं स्नात्वा प्रसन्नोऽभूदूनृपोत्तमः ॥ गुरवे च स शिष्याय मुदाऽदाद्ग्रामपंचकम् ॥ ८ ॥ कठोदरं च प्रथमं कौबेरस्थलमुत्तमम् ॥ तृतीयं कणभाराढ्यं कुजाडाख्यं चतुर्थकम् ॥ ९ ॥ कल्लोलं पंचमं दत्त्वा वासयामास तान्द्विजान् ॥ तत्र स्थित्वा स मुनिराट्ट लक्ष्म्याराधनतत्परः ॥ १० ॥ एवं बहु गते काले विश्रांतः श्रमकर्षितः ॥ कस्मिंश्चिद्दिवसे योगी निद्रावशमुपागतः ॥ ११ ॥ तदागत्य महालक्ष्मीर्वरं ब्रूहीति चाब्रवीत् ॥ न श्रुतं मुनिना तत्र सापि चांतर्हिता क्षणात् ॥ १२ ॥ देव्यामंतर्हितायां तु मुनिर्जागृतिमाप्तवान् ॥ क्व रायश्च क्व रायश्चेत्येवं शिष्यान् पप्रच्छ ह ॥ १३ ॥ शिष्या ऊचुर्न जानीमो रायः कुत्र गतो गुरो ॥ मुनिस्तु क्रोधसंयुक्तस्ताञ्शशाप द्विजोत्तमान् ॥ १४ ॥ रायश्चात्रगतः सर्वैर्युष्माभिः काममोहितैः ॥

बारहसौ बानवे १२९२ शिष्योंकूं साथ लेके राजाके दूतसहित कठोदर गांवमें आयके राजाको विधिसे यज्ञ करवाया जिसमें बहुत दाक्षिणा दिये ॥ ६ ॥ ७ ॥ यज्ञसमाप्तिमें अवभृथस्नान करके प्रसन्न भया । पीछे राजाने अपने गुरुकूं ९ गांव दान दिये ॥ ७ ॥ कठोर १ कुबेरथली २ कणभार ३ कुजाड ४ ॥ ९ ॥ ककोली ५ ऐसे पांच गांवोंका दान करके सब शिष्योंकूं गुरुके वहां निवासकरता भया।पीछे सत्यंपुगव ऋषि कठोदरगांवमें रहके श्रीमहालक्ष्मीका आराधना करनेलगे ॥ १० ॥ लक्ष्मीका अनुष्ठान करते २ बहुत दिन भये एकादिन श्रमसे थकेहुए सत्यपुंगव ऋषि आसनके ऊपर बैठे जपकरते थे और श्रमसे निद्रावश भये ॥११॥ इतनेमें महालक्ष्मी वहां आयके वरं ब्रूहि वरं ब्रूहि ऐसा कहनेलगी परंतु निद्रामें मुनिने सुना नहीं और लक्ष्मी तो उसी बखत अंतर्धान भई तब ऋषि जाग्रत होयके रायः क्व रायः क्व रायः कहते धनका नाम है इसवास्ते शिष्योंको पूछनेलगे कि धन कहां गया ॥ १३ ॥ शिष्य कहनेलगे हे गुरो! राय लक्ष्मी कहां गई सो हम जानते नहीं हैं । तब ऋषिकूं क्रोध आया सो शिष्यकूं शाप देतेभये ॥ १४ ॥ हे शिष्यो ! लक्ष्मी यहां आई

न दृष्टो न श्रुतश्चापि न चित्ते चावधारितः ॥ १५ ॥ अद्य प्रभृति तस्माद्वै यूयं सर्वे द्विजोत्तमाः ॥ रैक्यवासाश्च नाम्ना वै भुवि विख्यातकीर्तयः ॥ १६ ॥ रायः क्वेति स्थलस्यैवं नामैतत्परिकीर्तितम् ॥ तत्र वासकृतस्तस्माद्रैक्यवासेति नामकम् ॥ १७ ॥ एषां गोत्रादिकं सर्वं प्रवक्ष्यामि विशेषतः॥ श्रुत्वा द्विजमुखादेतद्धरिकृष्णेन निर्मितम् ॥ १८ ॥ कस्यचित्पद्यानि ॥ कुत्सोवत्सवसिष्ठगालवभरद्वाजोपमन्य्वादयः कृष्णः काश्यपशांडिलोऽत्रिकुशिकाः पाराशरो गौतमः ॥ गर्गोद्दालककौशिकांगिरसकाः कात्यायनोऽष्टादश गोत्रेशाऋषयोत्ररैक्यजकुले कुर्वंतु वो मङ्गलम् ॥ १९ ॥ आराध्या ललितांबिकाकुलपतिः श्रीमूलनाथोहरःस्थानं चैव पुरा कठोदरपुरं चैषां यजुर्वेदनाम् ॥ भक्तिज्ञानविरक्तिशास्त्रनिपुणा माध्यंदिनीशाखिनोरैक्यास्ते भुवि पुण्यकर्मकुशलाः कुर्वंतु वो मंगलम् ॥ २० ॥ एषामेकसहस्रवर्षसमये नैमित्तिके कर्मणि क्लेशेनैव विभागकोत्र पतितो ज्येष्ठः कनिष्ठाभिधः ॥ तुष्टा श्री ललिता तथा च भगवान् ज्वालाकपाली शिवे राजा राम-

और तुमने काम मोहित होके न देखा न शब्द सुना न उनोंका लक्षण चित्तमें लाये ॥ १५ ॥ इसवास्ते आजसे तुम सब ब्राह्मण मेरे शिष्यमात्र रैक्यवासनामसे पृथ्वीमें विख्यात हो ॥ १६ ॥ रायः कहते लक्ष्मी क्व कहते कौनसे स्थलमें है ऐसा स्थलका नाम है वहां तुमने निवास किया है इसवास्ते रैक्यवासनाम है ॥ ॥ १७ ॥ यह रायकवाल ब्राह्मणोंके गोत्रादिक कहता हूं और यह पूर्वोक्त वृत्तांत ब्राह्मणके मुखसे श्रवण करके हरिकृष्णने वर्णन किया ॥ १८ ॥ अब रायकवाल ब्राह्मणोंके गोत्र कहते हैं कुत्स १ वत्स २ वसिष्ठ ३ गालव ४ भरद्वाज ५ उपमन्यव ६ कृष्णात्रेय ७ कश्यप ८ शांडिल्य ९ अग्नि १० कुशिक ११ पाराशर १२ गौतम १३ गर्ग १४ उद्दालक १५ कौशिक १६ आंगिरस १७ कात्यायन १८ यह अठारह गोत्र रायकवालमें हैं ॥ १९ ॥ इनोंकी कुलदेवी ललितांबिका है और मूलनाथ शिव हैं स्थान कठोदर पुर है सबोंकी यजुर्वेद माध्यंदिनी शाखा है कोकिलमतकूं मानते हैं ॥ २० ॥ यह रायकवाल ब्राह्मणोंके

मते निवासमकरोज्ज्येष्ठः कनिष्ठस्तथा ॥ २१ ॥ श्रीसंवद्गत-विक्रमार्कसमये चैकोनविंशच्छते वर्षे त्रिंशतिकाधिके १९३० तृतयके मेषे रवौ माधवे ॥ कृष्णे युग्मतिथौ द्वयोः सुमिलनं देवीप्रसादेन ॥ वै राजारामप्रयत्नतो मयपुरे जातं शतं संमतात ॥ २२ ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तण्डाध्याये रायकवालब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ ३४ ॥

पञ्चद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥ आदितः श्लोकसंख्याः ॥ ३७६८ ॥

हजार वर्षके शुमारमें कुछ कर्मनिमित्तसे ज्ञातिमें २ भाग भये सो एक तड बडा एक तड छोटा ॥ २१ ॥ फिर संवत् १९३० के मेषका सूर्यवैशाख शुक्लपक्षमें द्वितीयाके दिन ललितांबिकाके अनुग्रहसे राजारामने दोनों तडवाले इकठे किये ॥ २२ ॥

इति रायकवालब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरण ॥ ३४ ॥

अथ रोयडवालादिब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ ३५ ॥

अथरोयडादिब्राह्मणोत्पत्तिमाह ॥ हरिकृष्णः॥ रोयडाख्यब्राह्मणानां भेदं वक्ष्यामि सांप्रतम् ॥ पुरोदीच्यसहस्राणां स्थितिः सिद्धपुरे ह्यभूत् ॥ १ ॥ तेभ्यः केचन विप्राश्च मरुदेशे गताः किल ॥ तत्र ग्रामाद्वयं मुख्यं रोयडावजवाणयम् ॥ २ ॥ चिरकालं तत्र वासः कृतस्तैश्चद्विजोत्तमैः ॥ रोयडग्राममध्ये वै निवासश्च कृतः पुरा ॥ ३ ॥ रोडवासब्राह्मणास्ते जाताग्रामस्य नामतः ॥ कृषिकर्मरताः केचिच्छास्त्रमार्गरताः परे ॥ ४ ॥

अब रोयडा ब्राह्मण नापल ब्राह्मण बोरसदा ब्राह्मण हरसोरा ब्राह्मण गोरवाल वावीसा ब्राह्मण गारुड ब्राह्मण ऐसे ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहतेहैं उसमें पहिले रोडवाल ब्राह्मणोंका भेद कहताहूं पूर्वी औदीच्य ब्राह्मणोंकी प्रतिष्ठा सिद्धपुर क्षेत्रमें भई ॥ १ ॥ उसमेंसे कितनेक ब्राह्मण मारवाड देशमें चलेगये पीछे मारवाड देशमें जायके रोयडा करके एकगांव दूसरा वजवाणु करके गांव ॥२॥ ऐसे दोगांवमें जायके वो ब्राह्मणोंने बहुतकालपर्यंत निवास किया ॥३॥ तब वे रोयडा गांवमें रहे उस करके रोडवाल

कुलदेवी स्मृता तेषां राजराजेश्वरीति च ॥ भोजनं बहुधा सर्वैः कन्यादानं स्ववर्गके ॥ ५ ॥ एषां ज्ञातिर्गुर्जरेपि वर्तते ग्रामपंचके ॥ अथ नापलब्राह्मणबोरसदाब्राह्मणोत्पत्तिमाह ॥ नापलब्राह्मणा ये च द्विजा बोरसदाभिधाः ॥६॥ तेषामुत्पत्तिभेदं वै प्रवक्ष्यामि शृणुष्व ह ॥ औदीच्यज्ञातिमध्यस्थौ पुरा द्विजकुमारकौ ॥ ७ ॥ सर्वविद्यासु कुशलौ पंडितौ तौ बभूवतुः ॥ गुर्जरे विषये कश्चिद्राजा परमधार्मिकः ॥८॥ तस्यैव नियमश्चासीत्तच्छृणुष्व वदाम्यहम् ॥ ब्राह्मणः पंडितः कश्चिद्भार्यया सह चागतः ॥ ९ ॥ तस्मै ग्रामः प्रदातव्यो निश्चयस्तस्य भूपतेः॥श्रुत्वा तन्निश्चयं राज्ञस्तौ द्वौ ब्राह्मणबालकौ ॥ १० ॥ भार्यां विना ग्रामदानं न करिष्यति भूपतिः ॥ अन्यजात्युद्भवे कन्ये द्वे गृहीत्वा सभार्यकौ ॥ ११ ॥ भूत्वा राजसभां गत्वा परीक्षां ददतुश्चिरम्॥ तयोर्विद्यां समालोऽक्य प्रसन्नाभून्नृपस्तदा ॥१२॥ ददौ बोरसदग्राममन्यस्मै नापलं तथा ॥ नवखेटक

ब्राह्मण नाम भया वे ब्राह्मण बहुत करके खेती करतेहैं कितनेक वेदशास्त्रका अभ्यास करतेहैं ॥ ४ ॥ उनोंकी कुल देवता राजराजेश्वरी जानना उन्होंका भोजन व्यवहार गुजरातमें बडोदरा छोड इनोंके साथ होताहै कन्याविवाहसंबंध अपने रोडवालमें होताहै अन्यत्र नहीं होता ॥ ५ ॥ यह ज्ञातिहाल गुजरातमें पांचगांव-कठलाद १ सरोडा २ वाकानेर ३ मेहेमदाबाद ४ धोडासर ५ वगेरेगावोंमें है ॥ अब नापल ब्राह्मण और बोरसदे ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहतेहैं ॥ ६ ॥ पूर्वी औदीच्य सहस्त्रब्राह्मणज्ञातिमेंके दो ब्राह्मणके छोकरे ॥ ७ ॥ सकलविद्यामें कुशल भये और बडे पंडित भये तब गुजरात देशमें एकराजा बडा धर्मात्मा था ॥ ८ ॥ उसका ऐसा नियम रहा सो मैं कहताहूं श्रवण करो जो कोई ब्राह्मण उत्तम विद्याभ्यास करके अपनी स्त्रीकूं साथ लेके राजाके पास आवे तो ॥ ९ ॥ उसकूं ग्रामका दान देना ऐसा वो राजाका निश्चय सुनके वे दोनों ब्राह्मणके छोकरे ॥ १० ॥ मनमें विचार करने लगे कि अपने विद्याकी तो परीक्षा देवेंगे परंतु स्त्रीविना राजा ग्रामदान करनेका नहीं तब दूसरे कोई अन्यज्ञातिकी दो कन्याकूं साथ लेके सभार्यसरीखे होयके ॥११॥ राजसभामें जायके विद्याकी परीक्षा देते भये तब राजाने दोनोंकी विद्याका बल देखके ॥१२॥ एक ब्राह्मणकूं बोरसद ग्रामका दान दिया दूसरेकूं नापल नामका

संयुक्तं ततस्तौ द्वौ कुमारकौ ॥ १३ ॥ कृतकार्यौ प्रसन्नौ च स्वगृहं ययतुस्ततः ॥ कन्यां प्रत्यूचतुः स्वंस्वं गृहं गच्छ च मा चिरम् ॥१४॥ तदा द्वे कन्यके ताभ्यां प्रोचतुः कोपसंयुते॥ अस्मत्प्रतिग्रहं नो चेत्करिष्यथ तदा नृपम् ॥१५॥ गत्वाविज्ञापयामोद्य तदा दंडो महान्भवेत् ॥ न करिष्यथ त्यागं नो तदा सौख्य चिरं भवेत् ॥ १६ ॥ तयोर्वाक्यं समाकर्ण्य सुविचार्य परस्परम् ॥ पूर्ववर्गात्पृथग्जातौ स्वस्ववर्गस्य पोषकौ ॥ १७ ॥ भोजनव्यवहारश्च कन्यासंबंध एव च ॥ स्वस्ववर्गे च भवति नान्यवर्गे कदाचन ॥ १८ ॥ एवमुत्पत्तिभेदश्च मया प्रोक्तः पुरातनः ॥ हरिश्चंद्रपुरस्थानामथ वक्ष्ये कथानकम् ॥ १९ ॥ गुर्जर विषये चास्ति हरिश्चंद्रपुरं महत् ॥ तत्रस्थेन नृपेणैव

ग्राम दिया नापल ग्रामके तावेमें दूसरे नवग्राम हैं नापु १ बोरियु २ गाना ३ मोगीर ४ नावली ५ बेमी ६ नोमेण ७ शिंगराय ८ पुरी ९ यह नवग्राम जानना दानप्रतिग्रह करे बाद दोनों ब्राह्मणके छोकरे ॥ १३ ॥ अपना कार्य सिद्ध भया प्रसन्न भये अपने घरकूं आये पीछे वे दोनों कन्याकूं कहने लगे कि तुम दोनों अपने अपने घरकूं चली जाव देर करो मत ॥१४॥ तब दोनों कन्या क्रोधायमान होयके कहती हैं हे ब्राह्मण। जो तुमने हमारा प्रतिग्रह न किया तो राजाके पास॥१५॥ जायके अभी जो तुम्हारा कपट वृत्तांत कहदें तो तुमकूं बडा दंड होवेगा और जो हमकूं न छोडोगे तो तुमकूं सुख बहुत कालपर्यंत होवेगा ॥ ॥ १६ ॥ ऐसा दो कन्याका वचन सुनते दोनों ब्राह्मणोंने आपसमें दूर विचार उत्तम करके वे अन्यजातिकी कन्याका प्रतिग्रह किया उस करके पूर्व जो अपनी जातिथी उस वर्गसे बहिष्कृत होगये पीछे कितनेक इष्ट मित्र संबंधीको बोरसद वाले ब्राह्मणोंने पोषण किया वे बारसदे ब्राह्मण भये और नापलगाँवके अधिपतिने अपने इष्टमित्र संबंधीका पोषण किया इस वास्ते वे नापल ब्राह्मण भये यह सब दोनों यजुर्वेदी माध्यंदिनी शाखाके हैं ॥ १७ ॥ इनोंका भोजन व्यवहार कन्या व्यवहार अपने अपने जथेमें होता है अन्यत्र नहीं होताहै ॥ १८ ॥ ऐसा यह प्राचीन भेद मैंने कहा अब हरसोले ब्राह्मणोंकी कथा कहताहूं ॥ १९ ॥ गुजरात देशमें हरिश्चंद्रपुरी करके एक गाँव है उसको हालमें हरसोला करके कहते हैं हरसोलग्राम अमदावादसे ईशान दिशामें २२ बावीस कोसके ऊपर है कोई ऐसा कहते हैं कि सामलाजी जहां विराजतेहैं वो हरिश्चंद्रपुरी है

कृतो यज्ञः सदक्षिणः ॥ २० ॥ ऋत्विजस्तत्र ये जातास्तेभ्यो ग्रामं ददौ नृपः ॥ सेवार्थं वणिजो वैश्यान्स्थापयामास प्रेमतः ॥ २१ ॥ ग्रामनाम्ना च विख्याता ह्यभवन् वणिजस्तथा ॥ ब्राह्मणा ग्रामनाम्ना च वेदशास्त्रविशारदाः ॥ २२ ॥ षड्गोत्राणि ब्राह्मणानां मुद्गलः कौशिकस्तथा ॥ भारद्वाजश्च शांडिल्यः पाराशरस्तथाऽपरः ॥ २३ ॥ कुलदेवी स्मृता चैषां नाम्ना वै सर्वमंगला ॥ अष्टादशभुजा दवी तत्राद्यापि हि दृश्यते ॥२४॥ मालियाणादिगोत्राणि वणिजां द्वादशैव हि ॥ गांधिमेहेताशाहाद्याश्च प्रत्येकमवटंककम् ॥ २५ ॥ एषां ज्ञातिसमूहस्तु सांप्रतं वर्तते बहुः ॥ सूर्यादिषु पुरेष्वेव भुवि प्रख्यातकीर्तयः ॥ २६ ॥ गोरवालब्राह्मणानामुत्पत्तिं प्रवदाम्यहम् ॥ उदेपुरनृपेंद्रस्तु कस्मिंश्चित्समये पुरा ॥२७॥ विप्रानोदीचसाहस्रान्समानीय स्वके पुरे ॥ यज्ञं कृत्वा विशेषेण ग्रामदानं

इसका मुख्य प्रमाण स्कंदपुराणोक्त रुद्रगया माहात्म्यमेंदेखना अस्तु वो हरिश्चंद्र नगरीमें रहनेवाले राजाने यज्ञ किया ॥२०॥ तब यज्ञमें जो ऋत्विज भये उनोंकूं राजाने वो पुर दान किया और ब्राह्मणोंकी सेवा करनेके वास्ते वैश्य बनियेस्थापन किये बडे हर्ष प्रेमसे ॥२१॥ तब वे बनिये गांवकेनामसे हरसोले बानिये विख्यात भये और ब्राह्मण भी हरसोले नामसे विख्यात भये ॥ २२ ॥ ब्राह्मणके छगोत्रहैं मुद्गल १ कौशिक २ भारद्वाज३ शांडिल्य ४ पाराशर ५ आदि एक और है ॥ २३ ॥ इनोंको कुलदेवी सर्वमंगलानाम करके अठारह जिनके हाथहैं ऐसी प्रत्यक्षअभी सामलाजीमें विराजमान हैं दर्शन दीख पडता है ॥२४॥ और बनियोंके मालियाणु १ मोरियाणु २ शशियाणु ३ शियाणु ४ गंदियाणु ५ गजेंद्र ६ यक्षाणु ७पीपलाणु ८ कश्याणु ९ आदिलेके बारह गोत्रहैं गांधि १ मेंहेता २ शाहा ३आदिलेके प्रत्येक गोत्रके अवटंक जानना ॥२५॥ यह हरसोले ब्राह्मण और बनिये हालके समयमें १ सुरतह्माडबंदर १ खानदेश २ निमाड जिल्हा ३ काशी ४ हरसोल गांव १इन गावोंमें इनका समुदाय रहताहै प्रख्यातहै॥२६॥अब गोरवाल बावीसै ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहतेहैं पूर्व उदयपुरके राजाने॥२७॥औदीच्य सहस्त्रब्राह्मणोंकूंअपने गांवमें बुलायके अति उत्तम

चकार ह ॥२८॥ द्वाविंशतिलघुग्रामैः सहितं गोलसंज्ञकम् ॥ ग्रामं ददौ द्विजेंद्रेभ्यो गोहिण्यादिकं तथा ॥ २९ ॥ ततस्ते ब्राह्मणाः सर्वे गोलादिग्रामवासिनः ॥ बभूवुस्तेन ते जाता गोरवाला द्विजातयः ॥ ३० ॥ द्वाविंशतिग्रामवासा द्वाविंशास्ते प्रकीर्तिताः ॥ अथ गरुडगलियाब्राह्मणोत्पत्तिमाह ॥ गुर्जरे च प्रसिद्धा ये मारुडा ब्राह्मणाधमाः ॥ ३१ ॥ नाममात्रब्राह्मणाश्चह्यत्यजानां पुरोहिताः ॥ कंठे सूत्रं करे मालामुष्णीषे तिथिपत्रकम् ॥ ३२ ॥ धारयंति विशेषेण धर्मबाह्या न संशयः ॥ अस्पृश्यास्ते च विज्ञेयाः किमन्यत्कथयामि वः ॥ ३३ ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडाध्याये षड्विधब्राह्मणोत्पत्ति वर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ ३९ ॥

इति पूर्वपंचब्राह्मणानां पंचद्रविडमध्येगुर्जरसंप्रदायः शूद्रसंप्रदायः ॥ आदितःपद्यसंख्याः ॥ ३८०१ ॥

यज्ञ किया पीछे विशेष करके ग्रामदान करताभया ॥ २८ ॥ वे ब्राह्मणोंकूं बावीस गांव सहवर्तमान गोल ग्रामका दान दिया और गौदान सुवर्णदानदिया ॥ २९ ॥ तब वे सब ब्राह्मण गोलगांव आदि लेके बावीस गांवमें रहे इस वास्ते उनोंकूं बावीस ब्राह्मण भी कहतेहैं अब गरुडगलिये ब्राह्मणकी उत्पत्ति कहते हैं गुजरातप्रांतमें प्रसिद्ध गारुड उर्फ (गरुड गालिये) ब्राह्मण जो हैं वे अधम हैं॥३०॥३१॥ नाममात्र ब्राह्मण हैं चांडाल टेडे जो हैं उनोंके घरका पुरोहितपणा सराधविवाहादिक कर्म कराते हैं कंठमें यज्ञोपवीत हाथमें माला पगडीमें तिथिग्रहदेखनेका पंचाग रखतेहैं ॥३२॥ परंतु यह ब्राह्मण ब्राह्मण धर्मसे बारहहैं स्पर्श करनेकूं योग्य नहीं हैं ज्यादा तुमकूं क्या कहूं ॥ ३३ ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तिमार्तंडभाषामें रोयडाब्राह्मण १ नापलब्राह्मण २ बोरसदाब्राह्मण ३ हरसोलाब्राह्मण ४ गोरवालबावीसब्राह्मण ५ गरुडगलिया ब्राह्मण ६ वर्णन प्रकरण ॥ ३९ ॥

अथ भार्गवब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् २६७.

अथ भार्गवब्राह्मणोत्पत्तिमाह । उक्तं च वायुप्रोक्तरेवाखंड-शिव उवाच । अतः परं प्रवक्ष्यामि भृगुतीर्थमनुत्तमम् ॥ दशाश्वमेधतीर्थाद्वै तदशीतिक्रमांतरे ॥ १ ॥ भृगुर्नाम महान्देवि ब्राह्मणो मानसः सुतः ॥ रेवयाश्चोत्तरे तीरे चचार विपुलं तपः ॥ २ ॥ नंदिनच्छलयोगेन यदा क्रोधोऽभवदृषेः ॥ तदोवाच शिवः साक्षादृषिं प्रति सदाशिवः ॥ ३ ॥ भोभो भृगो द्विज-श्रेष्ठ क्रोधस्ते न समंगतः ॥ यस्मात्तस्मादिदं वत्स क्रोधस्थानं भविष्यति ॥ ४ ॥ वरं वृणीष्वाभिमतं यत्ते मनसि वर्तते ॥ भृगुरुवाच ॥ प्रसन्नो यदि देवेश यदि देयो वरो मम ॥ ५ ॥ सिद्धक्षेत्रमिदं स्थानं मम नाम्ना भवत्विति ॥ शिव उवाच ॥ श्रियायुतमिदं पूर्वं किं न ज्ञातं त्वया द्विज ॥ ६ ॥ अनुमान्य श्रियं देवीं यथा तन्मन्यते भवान् ॥ करोतु तदभिप्रेतं त्वत्कृतं न तदन्यथा ॥ ७ ॥ मार्कण्डेय उवाच ॥ एवमुक्त्वा गते देवे स्नात्वाऽऽगच्छद्भृगुः श्रियम् ॥ उवाच परमं वाक्यं कन्ये ते रोचते यदि ॥ ८ ॥ त्वयावृते महाक्षेत्रे स्वस्थानं च करोम्य-

अब भार्गव ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं शिव कहते हैं हे पार्वती ! इस उपरांत भृगुतीर्थका माहात्म्य कहता हूं दशाश्वमेध तीर्थसे ऐसी क्रमके आगे ॥ १ ॥ ब्रह्मपुत्र भृगुने रेवाजीके उत्तर बाजू बडा तप किया ॥ २ ॥ नंदीके छल करनेसे जब भृगुकूं क्रोध भया तब शिव कहते हैं ॥ ३ ॥ हे भृगुऋषि ! तुम्हारा क्रोध अभी शांत नहीं भया इसवास्ते इस जग्गेमें क्रोधस्थान होवेगा ॥ ४ ॥ जो इच्छित होवे वो वरदान मांगो भृगु कहते हैं हे शिव ! तुम जो प्रसन्न भये हो और वरदान देते हो तो ॥ ५ ॥ जहां मैंने तप किया है वो स्थान सिद्धरूप मेरे नामसे विख्यात हो । शिव कहतेहैं हेभृगु ! यह स्थान पूर्वमें लक्ष्मीका है यह तुमकूं मालूम नहीं है क्या ?॥ ६ ॥ इसवास्ते अनुमत लेके जैसा ध्यानमें आवे वैसा करो लक्ष्मीका मत लिये विना करो मत ॥ ७ ॥ मार्कंडेय कहते हैं ऐसा कहके शिवके गये बाद भृगुऋषि स्नान करके लक्ष्मीके पास आयके कहते हैं हे कन्ये ! तेरी इच्छा होवे तो ॥ ८ ॥ तेरा जो यह क्षेत्र है यहां मैं अपना स्थान

हम् ॥ इत्युक्त्वा च श्रिया साकं कूर्मं संप्रार्थ्य यत्नतः ॥९॥ नंदने वत्सरे माघे पंचम्यां शुक्लपक्षके ॥ शस्ते तथोत्तरायोगे कुंभस्थे च नृपोत्तम ॥ १० ॥ रेवाया उत्तरे कूले कूर्मपृष्ठे महत्स्थलम् ॥ विचिंत्य विश्वकर्माणं चकार मुदितो भृगुः ॥ ॥ ११ ॥ कूर्मपृष्ठे स्थितं यस्माद् भृगुकच्छमिति स्मृतम् ॥ततः कालेन महता कस्मिंश्चित्कारणांतरे ॥ १२ ॥ देवलोकं जगामाशु लक्ष्मीर्ऋषिसमागमे ॥ समर्प्य कुंचिकां तालं भृगवे ब्रह्मवादिने ॥ १३ ॥ स्थानं मे पालयस्वेति तातमुक्त्वा जगाम सा ॥ देवकार्याण्यनेकानि कृत्वा श्रीः पुनरागता ॥ १४ ॥ भृगुकच्छं महापुण्यं कोटितीर्थसमन्वितम् ॥ ययाचे कुंचिका तालं स्वगृहं स परिच्छदम् ॥ १५ ॥ यदा तदा भृगुः पार्थ तां मिथ्यैवावदन्मुनिः ॥ एवं विवादः संजातो गरीयांस्तु गरीयसोः ॥ १६ ॥ ममैव वै ममैवेति न ते स्थानं न ते इति ॥ एवं कालेन महता भृगुः परममन्युमान् ॥ १७ ॥ चातुर्विद्यान् प्रमाणार्थं चकार महतीं गिराम् भृगुरुवाच ॥

करताहूँ ऐसा कहके लक्ष्मीकूं साथलेके कूर्मकी प्रार्थना करके ॥ ९ ॥ नंदन संवत्सर माघ शुक्ल पंचमीके दिन उत्तराभाद्रपदा नक्षत्रका चंद्र कुंभका सूर्य उसदिन ॥ १० ॥ रेवाजीके उत्तर तटके ऊपर कूर्मकी पीठ ऊपर विश्वकर्माकूं बुलायके बडा स्थल बनाया ॥ ११ ॥ कूर्मके पीठ ऊपर भृगुने स्थान निर्माण किया इसवास्ते भृगुकच्छ नाम विख्यात भया पीछे बहुत कालगये बाद कोई समयमें ॥ १२ ॥ लक्ष्मी अपने पिता भृगुकूं स्थानकी कुंजी ताला सुपुर्द करके देवलोकमें जाते बखत ॥ १३ ॥ कहती हैं हे पिता ! यह स्थान मेरा संभालो ऐसा कहके देवलोकमें जायके अनेक कार्य करके पुनः अपने स्थानपर आयके पितासे स्थानकी कुंजी ताला मांगने लगी ॥ १४ ॥ १५ ॥ तब हे युधिष्ठिर ! भृगुकन्याका वचन सुनके मिथ्याभाषण करने लगे दोनोंका बडा विवाद चला भृगुकहतेहैं स्थान मेराहै तेरा नहींहै लक्ष्मी कहती है स्थान मेराहै तेरा नहींहै ऐसा कहते कहते बहुतकाल गया पीछे भृगु परम क्रोधी उन्होंने ॥१६॥१७॥ चातुर्वेदी ब्राह्मणोंकू सत्य कौनहै सो प्रमाण करनेके वास्ते बुलायके कहाकि हेकन्यके!

उनसबोंके प्राणदाता आस्तीक मुनि है ॥६॥ जो कोई मनुष्य आस्तीकमुनिका नाम ग्रहण करेगा तो काटाहुवा सर्पविष निर्विषताको पावेगे और आस्तीक नाम श्रवण करके जो सर्प उस जगहसे नहीं जावेगा तो सर्पसत्रमें जितने सर्प मृत्यु पाये हैं उनका पाप उसके सिरपर पडेगा ॥ ७ ॥ इसवास्ते आस्तिक मुनिका नाम श्रवण-करते सर्पने तुरंत वह स्थानछोडके निर्विष होजाना और किसीको दंश करना नहीं ॥ ८ ॥ चौबीस गोत्रके जो भटमेवाडे ब्राह्मण उन्होंने प्रथमसें भावी उपद्रवके नाशकरनेके वास्ते जो वासुकी प्रभृतिकूं आशीर्वाद दिये वे सब सफल भये ॥९॥ पीछे वासुकीने वहां नागदहपुर निर्माण करके कितनेक ब्राह्मणोंकूं वहां स्थापन किया ॥ ११० ॥ और उन ब्राह्मणोंकी सेवा करनेके वास्ते द्विगुणित बनिये स्थापन किये । पीछे उन ब्राह्मण और वानियोंका नाम नागदाह ऐसा स्थापनकिया ॥ ११ ॥ वे ब्राह्मण बनिये भी भटमेवाडे ब्रह्माणके आधीन रहतेभये इतना सब कृत्य करके वासुकी निर्भय भया ॥ १२ ॥ ऐसा यह भट्टहरस्थान निर्माणका प्रयोजन कहा जो कोई यह चरित्र श्रवण करताहै उसकूं सब कार्य प्राप्त होतेहैं ॥१३॥ फिर भटमेवाडोंमें आस्तिकका बंश अच्छी तरहसे रक्षितकिया ॥ अब यहां अर्वा-चीन कथा किसीके मुखसे सुनी है सो कहताहूं ॥ १४ ॥ एकादिन नागकन्याका

यिष्यामि विवाहव्यवहारिकीम् ॥ मेदपाठद्विजानां च चतुर्भेदा भवंति हि ॥ १५ ॥ एकदा नागकन्याया विवाहे समुपस्थिते ॥ आगता भट्टविप्रस्य कुमारास्त्रय एव हि ॥ १६ ॥ नागकन्या विषेणैव ज्येष्ठस्तत्र पलायितः ॥ गतो गोपुरपर्यंतं तद्वंशे भट्ट-सञ्ज्ञकाः ॥ १७ ॥ चतुष्पथांते द्वितीयो तदीयाश्चतुराशिकाः ॥ तृतीयो भट्टपुत्रस्तु कन्याया विषयोगतः ॥ १८ ॥ मृतवत्प-तितो भूमौ सखी वाक्यमथाब्रवीत् ॥ हे कन्ये विषयोगेन यद्येवं च भविष्यति ॥१९॥ कथं तर्हि विवाहस्य सिद्धिरग्रे भवेत्तव॥ नागकन्या सखीवाक्यं निशम्य मनसि स्थिरम् ॥ १२० ॥ विचार्य गुडखण्डस्य नागं कृत्वा विषापहम् ॥ मूर्च्छितस्योपरि क्षिप्तस्तदा तूर्णं स उत्थितः ॥ २१ ॥ तेन साकं विवाहो-भूत्ततस्तद्वंशजा द्विजाः ॥ त्रिपाणिनाम्ना विख्याता बभूवुर्भुवि निश्चितम् ॥ २२ ॥ त्रिपाणिविप्रसंघस्थः कश्चिद्ब्राह्मण-सत्तमः ॥ मोहरेब्राह्मणज्ञातिकन्यया सह मेलनम् ॥ २३ ॥

विवाह उत्सव प्रारंभ भया । उस बखत भटमेवाडे ब्राह्मणके वास्ते आये ॥१६॥ तब बडा छोकरा नागकन्याके पास जाते ही उसके विषैले वायुसे घबरायके गांवके दरवज्जेकूं भागोल कहतेहैं वहांतक भाग गया इस वास्ते उसके वंशमें और अनु-यायी सब भटमेवाडे भये ॥ १७ ॥ दूसरा भाई नागकन्याके विषैले वायुसे घबरा-यके चोहट्टे तक भागगया इस वास्ते उसके अनुयायी सब चौरासी मेवाडे । अब तिसरा भाई नागकन्याकी विष लहरसे उसी बखत ॥१८॥ मृतसरीखा मूर्छित होके पृथ्वीमें पडा तब सखी कहनेलगी कि हे नागकन्या ! तेरे जहरसे सबोंको जो ऐसा होवेगा तो ॥ १९ ॥ आगे तेरे साथ विवाह कौन करेगा ! तेरी मनोरथसिद्धी कैसी होवेगी ? ऐसा सखीका वचन सुनके नागकन्याने मनमें बहुत देर तक विचार करके ॥ १२० ॥ गुडका नाग बनायके विषउतारनेके वास्ते मूर्छित जो ब्राह्मण पडाथा उसके ऊपर डाला तब तत्काल वह तीसरा भाई उठके खडा हुआ ॥ २१ ॥ पीछे उसके साथ विवाह भया । उस दिनसे इस तीसरे भाईके अनुयायी और वंश-स्थ सब त्रिपाणी (उर्फ त्रिवाडी) मेवाड नामसे विख्यात भये ॥ २२ ॥ त्रिवाडी मेवाडे ब्राह्मणोंमेंके एक ब्राह्मणने मोहोड ब्राह्मणकी कन्याके साथ विवाह किया

विवाहमकरोत्सर्वैर्वारितोऽपि रजोगुणात् ॥ तत्पक्षीयास्ततो जाता राजसा मेदपाठकाः ॥२४॥ विवाहसमयात्पूर्वं नागपूजा विधीयते ॥ इत्येवं कथितो मेदपाठविप्रसमुद्भवः ॥ १२५ ॥

इति श्रीब्राह्मणो० मेदपाठब्राह्मणभेदवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ ३८ ॥
पंचद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥ आदितः श्लोकसंख्या ॥ ३९७४ ॥

उस बखत सब त्रिवाडि मेवाडोंने बहुत मना किया। परन्तु रजोगुण अहंकारके कारण किसीका सुना नहीं इसवास्ते पूर्वज्ञातिमेंसे जुदे पडे। तब उसके सब पक्षपाती मिलके राजस मेवाडे नामसे विख्यात भये ॥ २४ ॥ और इस ज्ञातिमें विवाह होनेके पहिले नागपूजा करते हैं ॥ भटमेवाडे ब्राह्मणोंमें दूसरे गांवका वर होवे तो गांवके बाहर गुडके नागकी पूजा तथा दीपप्रज्वलिन करके पीछे गांवमें प्रवेश करना और एकही गांवमें होवे तो अपने घरमें गुडमय नागकी पूजा करके दीप प्रगट करके पीछे विवाहके वास्ते वरने निकलना ॥ चौरासी मेवाडे ब्राह्मणमें वर गांवका होवे या परगांवका होवे परन्तु विवाह करनेकूं जाती बखत चार रास्तेके बीचमें वरने गुड नागकी पूजा षोडशोपचार करके दीप लगायके नागस्तुति करके पीछे विवाहकूं जाना ॥ त्रिवाडी मेवाडि ब्राह्मणोंमें और राजसी मेवाडे ब्राह्मणोंमें वरने वधूके घरको जाना वहां द्वारपूजा हुईके उसी बखत पलंग (उर्फ खांटला) बिछाया होवे उसके ऊपर वरने मूर्छा आने सरीखा होके सो जाना पीछे इसके पास आयके गुडका पानी छांटे तब वर उठके खडा होवे। पीछे वरने गुडमय नागकी पूजा करना दीप प्रकट करना स्तुति करके पीछे विहाहकर्म चलाना ऐसी रीति है। ऐसा यह मेवाडे ब्राह्मणोंका उत्पत्ति भेद मैंने वर्णन किया ॥ १२५ ॥

इति ब्राह्मणोत्पत्तिग्रन्थमें मेवाडोंकी उत्पत्तिप्रकरण ॥ ३८ ॥

अथ भट्टमेवाडाब्राह्मणानां गोत्रप्रवरावटंकज्ञानकोष्ठकम्.

सं.	गोत्राणि	प्रवराः	अवटंक
१	कृष्णात्रेय	कृष्णात्रेयः अर्चिः अजावत्सश्चेति त्रय॰	
२	पराशर	वसिष्ठःसित्थः पाराशरश्चेति ३	
३	कात्यायन	कपिलः कात्यायनः विश्वामित्रश्चेति ३	
४	गर्गः	गर्गः च्यवनः आंगिरसश्चेति ३	
५	शांडिल्यः	शांडिल्यः असितदेवलश्चेति ३	
६	कुशक	कुशक अघमर्षणः विश्वामित्रश्चेति	
७	कौशिक	कोशिकः देवराजः विश्वामित्रश्चेति	

८	वत्स	वत्सः च्यवनः और्वः आप्नवान्जमदग्निश्चेति ५	
९	वात्स्यं	वात्स्सःच्यवनः मौद्गलः जमदग्निः ईषवश्चेति ५	
१०	भारद्वाज	भारद्वाजः आंगिरसः बार्हस्पत्यश्चेति ३	पंडया उपाध्या
११	गार्ग्य	गार्ग्य च्यवनःआंगिरसःईषःबार्हस्पत्यश्चेति ५	
१२	उपमन्यु	उपमन्युःउतत्थ्यःआंगिरसःभारद्वाजाबार्हस्पत्यश्चेति ५	
१३	कौंडिन्य	कौंडिन्यांगिरसबार्हस्पत्याः	
१४	गौतम	गौतमांगिरसौतथ्येति ३	
१५	काश्यप	काश्यपःकृच्छ्रतप्तःमानातिःलोहितःभार्गवश्चेति ५	अध्याय पं.पा.भ.
१६	मांडव्य	मांडव्यः मंडकेयः विश्वामित्रश्चेनि ३	
१७	चंद्रात्रेः	चंद्रात्रेयः वत्सः कृत्स्नश्चेति	
१८	भार्गब	भार्गवः च्यवनः आप्नुवान्और्वः जमदग्निश्चेति ३	
१९	गालव	गालवः तपयक्षाः हारीतः उपकल्पितः जयंतश्चेति ५	
२०	बिष्णुवृद्ध	पौतुम्युः उत्पुत्रः सदस्यः	
२१	मुद्गल	मौद्गल्यागिरसबार्हस्पत्यश्चेति ३	
२२	मौनस	मौनसभार्गववैतष्वसश्चेति	
२३	वार्द्धि	दालभ्यबार्हस्पत्याः	
२४	अत्रि	अत्रिगविच्छ पूर्वातिथ्यश्चेति ३	

अथ मोतालापालब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ ३९ ॥

अथ मुक्तिक्षेत्रवासिब्राह्मणोत्पत्तिमाह स्कांदे तापीमाहात्म्ये रुद्र उवाच ॥ यत्र रामसरो वत्स बाणघातेन चाभवत् ॥ तत्र स्नात्वा नरो याति ब्रह्मलोकमसंशयम् ॥१॥ पंचक्रोशांतरे वत्स राघवोऽत्र पुरागमत् ॥ दुष्टभावविनिर्मुक्तो दशाननवधातुरः ॥२॥ रामः शांतं मनो दृष्ट्वा विस्मयेन समन्वितः ॥ सुमंतं च द्विजश्रेष्ठं पप्रच्छाश्रमवासिनम् ॥ ३ ॥ राम उवाच ॥ द्विजेश महदाश्चर्यं दृष्टं चात्र मयाधुना ॥ दुष्टभावं मनो मेऽद्य मुक्तं मोक्षाय

अब मोताला और पालब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं शिवजी बोले हे स्कंद! गुजरात देश सूरत जिल्हेमें तापीनदीके पास बाण मारके रामने जहां रामसरोवर बनायाहै वहां स्नान करनेसे ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है ॥१॥ पहिले पांच कोसके अंदर राम जिस बखत आये उस बखत रावणके वधसे आतुरथे परन्तु रामसरोवरकी भूमिम आतेही दुष्ट स्वभावसे मुक्त हुवे ॥ २ ॥ राम अपना मन शांत देखके आश्रममें बैठे हुए सुमंत ऋषिकूं पूछने लगे ॥ ३ ॥ हे सुमंत ऋषि ! यहां बडा आश्चर्य देखा मेरा मन

गच्छति ॥ ४ ॥ सुमंत उवाच ॥ ॥ पंचक्रोशांतरे वत्स विद्यते भानुजा सरित् ॥ अत्र तस्याः प्रभावोऽयं यत्ते मोक्ष स्थितं मनः ॥ ५ ॥ ॥ राम उवाच ॥ ॥ यद्येवं मुक्तिदा विप्र विद्यतेऽत्र सरिद्वरा ॥ दानं किमत्र मे देयं तन्ममाचक्ष्व विस्तरात् ॥ ६ ॥ वराश्वगजरत्नानि हेमरूप्यादिना मुने ॥ द्विजमन्यं न पश्यामि एतस्मिन्काननेऽधुना ॥ ७ ॥ सुमंत उवाच ॥ ॥ न भोगेच्छास्ति चास्माकं शुष्कपत्रजलाशिनाम् ॥ किं दानविभवैः कार्यं यतचित्तेंद्रियात्मनाम् ॥ ८ ॥ विमुक्तविषयासक्तिः परब्रह्मकृतास्पदः ॥ मुमुक्षुः समवृत्तिश्च को हि दानमभीप्सति ॥ ९ ॥ ॥ श्रीराम उवाच ॥ ॥ अथ नाथ न पश्यामि द्विजान्दानक्षमान्भुवि ॥ इति मे मानसं नूनं सशोकं वर्ततेऽधुना ॥ १० ॥ ॥ सुमन्त उवाच ॥ ॥ ज्ञानेन संवीक्ष्य द्विजान्समागतान् हिमालयाद्यत्तपतीजले च ॥ आत्रेयगर्गेन्दुवरात्रिकश्यपानादिष्टवानिष्टफलप्रदांश्च ॥ ११ ॥ ततः स हनुमान् वीर तापीतीरमगाद्द्रुतम् ॥ प्रेरणाद्रामभद्रस्य प्रहीतुं द्विजपुंगवान् ॥ १२ ॥ दृष्ट्वा प्रणम्य तान् विप्राञ्जगाद हनु-

दुष्टभावको छोडके मोक्षमार्गमें लगता है ॥ ४ ॥ सुमंत कहनेलगे हे राम ! पांच कोसकी तापी नदी है यहां उसका प्रताप है, जो तुम्हारा मन मोक्षमें जाता है ॥ ५ ॥ राम कहने लगे हे ऋषि ! जो मुक्ति देनेवाली तापी है तो मैंने यहां दान क्या करना सो कहो ॥ ६ ॥ घोडे हाथी रत्न सुवर्ण रौप्य क्या देना सो कहो इस वनमें तुम्हारे विना दूसरेको देखता नहीं हूं ॥ ७ ॥ सुमंत कहनेलगे, हे राम ! हमको भोगेच्छा नहीं है, सूखे पत्ते और जलपान करते हैं । हमको दान वैभवसे क्या प्रयोजन है ॥ ८ ॥ जिसने विषयत्याग किया परब्रह्ममें चित्त लगाया सो दान क्यों लेना ? ॥ ९ ॥ राम कहनेलगे हे ऋषि ! पृथ्वीमें दान लेनेवाले ब्राह्मण मैं देखता नहीं हूं इसवास्ते मेरा मन शोकमें बहुत है ॥ १० ॥ तब सुमंत कहनेलगे हे राम ! मैंने ज्ञानदृष्टिसे देखा है हिमालयकी तरफसे ब्राह्मण तापीके स्नानकरनेकूं अभी आये हैं आत्रि गर्ग चंद्रात्रेय कश्यप आदि गोत्रके हैं । इष्ट फलके देनेवाले हैं । सो तुमकूं मैंने बतलाये ॥ ११ ॥ तब हनुमान् जलदीसे तापी किनारे आयके रामकी प्रेरणासे ॥ १२ ॥ उन ब्राह्मणोंकूं देखके

मान् वचः ॥ प्रहृष्टः प्रांजलिर्भूत्वा प्रश्रयावनतो भृशम् ॥ ॥ १३ ॥ ॥ हनुमानुवाच ॥ ॥ आगच्छंतु द्विजश्रेष्ठा राघवो वोऽर्चयिष्यति ॥ तपत्याः पंचक्रोशांते सुमंतस्याश्रमे शुभे ॥ १४ ॥ ॥ विप्रा ऊचुः ॥ ॥ किं प्रयोजनमस्माकं राघवेण महात्मना ॥ निवृत्तविषयासक्तिर्मनो मोक्षे प्रवर्तते ॥ ॥ १५ ॥ किं दानैः किं च भोगैश्च स्थानैर्बहुविधैश्च किम् ॥ वन्यपत्रांबुवृत्तीनां मुक्तिमार्गमुपेयुषाम् ॥ १६ ॥ ॥ हनुमानुवाच ॥ ॥ भवतां मानसं विप्रा मोक्षेऽपि यदि संस्थितम् ॥ तथापि रामभद्रस्य वचोऽप्यत्रावधार्यताम् ॥ १७ ॥ नैवं चेद्भवतां पार्श्वे तपत्या उत्तरे तटे ॥ तीव्रानलं निवेक्ष्यामि ह्यकृतार्थो न याम्यहम् ॥ १८ ॥ तस्य सत्त्वाधिकं दृष्ट्वा मानसं वानरस्य च ॥ सर्वे दयान्वितास्तस्थुः स्वामि सेवापरस्य च ॥ १९ ॥ तत्तथेति च जल्पंतः सर्वे विप्रा मुदान्विताः ॥ तापीजलार्द्रगात्रस्य तस्थुः पार्श्वे हनूमतः ॥ २० ॥ ततः स हनुमान् वीरश्चंडवेगपराक्रमः ॥ विचिंत्य रामवाक्यं च झटित्यागमतत्परः ॥ २१ ॥ कांश्चिद्विधृत्य हस्तेन स्कन्धे कांश्चिन्निवेश्य सः ॥ कांश्चित्पुच्छे विधृत्याथो चोत्पपात च खे

साष्टांग नमस्कार करके हाथ जोडके नम्रतासे कहनेलगे ॥ १३ ॥ हे ब्राह्मणो ! रामचंद्रजी यहांसे पांचकोसके ऊपर सुमंतऋषिके आश्रममें हैं और वहां आपकी पूजा करेंगे ॥ १४ ॥ ब्राह्मण कहनेलगे हे वानर ! हमकूं रामचंद्रसे क्या प्रयोजन है ? ॥ १५ ॥ और दान भोग ऐश्वर्यसे हमको क्या प्रयोजन है ? हम वनपत्र जलके आहार करनेवाले मुक्तिमार्गकी इच्छा करते हैं ॥ १६ ॥ हनुमान् कहनेलगे हे ब्राह्मणो ! यद्यपि आपकी मोक्षमें इच्छा है तथापि रामचंद्रका वचन मान्य करना अवश्य है ॥ १७ ॥ और जो आप न चलेंगे तो मैं तापीके उत्तर तट ऊपर चिता तैयार करके आपके सामने देह भस्म करूंगा नहीं तो आपको लिये विना जानेका नहीं ॥ १८ ॥ तब ऋषियोंने हनुमानका अति आग्रह दृढता देखके सबोंको दया आयी ॥ १९ ॥ तथास्तु ऐसा कहके सब ब्राह्मण हर्षित होयके स्नान करनेसे भीगाहुवा शरीर जिनका ऐसे हनुमानके पास आयके खडे रहे ॥२०॥ तब हनुमानूजीने रामका वचन मनमें रखके तुरंत ॥ २१ ॥ २२ ॥

हरिः ॥ २२ ॥ मुमोच रामपार्श्वे तु वह्नितुल्यान्द्विजोत्तमान् ॥ ततो रामोऽपि वै तेषां लुठन् पादांबुजानि च ॥ २३ ॥ जगाद प्रश्रयोपेतं वाक्यं वाक्यविशारदः ॥ ॥ श्रीराम उवाच ॥ ॥ अत्र तापीप्रभावेण विमुक्तं दुष्टभावतः ॥ २४ ॥ मानसं विद्यते विप्रा दानं मे गृह्यतामतः ॥ रामवाक्यं तदा विप्रा उल्लंघयितुमक्षमाः ॥ २५ ॥ तथेति प्राब्रुवन् सर्वे मुक्तिमार्गोपदेशिनः ॥ ततो रामोऽपि बाणेन कृत्वा रंध्रान्वितां महीम् ॥ ॥ २६ ॥ सरश्चकार रामाख्यं भुक्तिमुक्तिफलप्रदम् ॥ प्रक्षाल्य पादयुग्मानि ददौ दानान्यनेकशः ॥ २७ ॥ त्रेतायां रामभद्रेण स्थापिताश्च द्विजोत्तमाः ॥ अष्टादशसहस्राणि मुक्तिस्थानेच वै गुह ॥ २८ ॥ तेषां पादोदकी वत्स संजातामुक्तिदा सरित् ॥ तत्र रामोऽपि सवनं चकारानुजसंयुतः ॥२९॥ अर्चयामास मुक्तीशं लिंगं मोक्षप्रदं परम् ॥ रामेश्वरं च संस्थाप्य संतुष्टोऽभून्महाप्रभुः ॥ ३० ॥ चकार पिंडदानं स रामकुंडे च पुत्रक ॥ ततोंऽबरेऽभवद्वाणी राज्ञो दशरथस्य च ॥३१॥

जलदी रामचंद्रके पास आयके अग्निसरीखे तेजस्वी ब्राह्मणोंकूं बिठाय दिये ॥ तब राम भी ब्राह्मणोंके चरणके ऊपर लोटने लगे ॥२३॥ और नम्रतासे कहने लगे कि हे ब्राह्मणो ! इस जगहमें मेरा मन दुष्टभावसे मुक्त होगया है ॥२४॥ इसवास्ते तुम दान ग्रहण करो । तब रामका वचन सुनके ॥२५॥ यद्यपि वे ब्राह्मण मुक्ति मार्गी थे तथापि रामके प्रतापसे तथास्तु कहने लगे पीछे रामने पृथ्वीमें बाण मारके॥२६॥ भोग ऐश्वर्य और मुक्तिको देनेवाला रामसरोवर बनायके उस जलसे ब्राह्मणोंके पादप्रक्षालन करके अनेक दान दिये॥२७॥त्रेतायुगमें रामचंद्रने तापीके किनारे मुक्तिस्थानमें[हालमें जिसको मोतागांव कहतेहैं] अठरा हजार ब्राह्मणोंको स्थापन किया वे सब मोताले ब्राह्मण भये ॥ २८ ॥ जिनके चरणारविंद धोनेका जल बहने लगा वह मुक्तिदा नामकी नदी भई वहां नदीमें रामचंद्रने सकुटुंब स्नानकिया॥२९॥और मुक्तीश्वर महादेवकी पूजा कियी और रामेश्वर नामक शिवकी स्थापना करके बडे संतोष पाये ॥३०॥ पीछे रामकुंडमें पिंडप्रदान किया । उस वखत आकाशमें दशरथ

प्राप्तोऽहं तव पुत्रात्र परात्परतरं पदम् ॥ विदार्य पर्वतं चात्र चक्रे रामः सरः सुत ॥ ३२ ॥ अत्र नूनं नरः स्नात्वा न भूयस्तनयो भवेत् ॥ निश्चयान्मुक्तिमाप्नोति कार्तिके विष्णुवासरे ॥ ३३ ॥ अथ ओरपालभेदमाह ॥ रुद्र उवाच ॥ वह्नितीर्थं येन दृष्ट्वा मकरस्थे दिवाकरे ॥ तपत्या उत्तरे कूले पितॄणामनृणो भवेत् ॥ ३४ ॥ सेवनाद्वह्नितीर्थस्य रामेश्वरनिभालनात् ॥ जन्मांतरशताज्जातं तस्य नश्यति पातकम् ॥ ॥३५॥ नरः कृतार्थतां याति नागतीर्थं चतुर्थकम् ॥ तदोरुपत्तनं क्षेत्रं तदेव शिरसंयुतम् ॥ ३६ ॥ बभूव यत्र रामेण पश्चात्संस्थापिता द्विजाः ॥ सैनिकासंगमे स्नानं कृत्वा रामः षडाननः ॥ ३७ ॥ सस्मार नारदं वत्स लक्ष्मणेन समन्वितः ॥ स्मरणात्तस्य रामस्य संप्राप्तो नारदो मुनिः ॥ ३८ ॥ श्रुत्वा च रामवाक्यं स जगाम ब्रह्मसंसदि ॥ नारद उवाच ॥ ॥ ब्रह्मन् संप्रेषितश्चाहं रामेणाशु महात्मनः ॥ ३९ ॥ सावित्रीसहितस्त्वं च तव सर्वे सभासदः ॥ रामेण मंत्रिताः सर्वे प्रयांतु-

आयके ॥ ३१ ॥ कहने लगे हे पुत्र ! तुम्हारे प्रतापसे यहां परमपदकूं पाया ऐसा कहके गुप्त भये बाद रामने पर्वतकूं विदीर्ण करके सरोवर बनाया ॥ ३२ ॥ इस सरोवरमें कार्तिककी एकादशीके दिन जो स्नान करेगा तो निश्चय करके पुनर्जन्म होनेका नहीं मुक्ति पावेगा ॥ ३३ ॥ अब मोताले ब्राह्मणोंमें जो ओरपाल ब्राह्मण भी नाम कहा जाता है उसका कारण कहते हैं शिव बोले हे स्कंद ! मकरके सूर्यमें तापीके उत्तर अग्नितीर्थका जो दर्शन करेगा तो पितृगणके ऋणसे मुक्त होवेगा ॥ ३४ ॥ और जो उसमें स्नानादिक करेगा और रामेश्वरका दर्शन करेगा सो जन्मके पातकसे मुक्त होवेगा ॥ ३५ ॥ और जो मनुष्य चौथे नागतीर्थमें स्नानादिक करेगा तो कृतार्थ करेगा । जो जो नागतीर्थ है उसकूं उरुपत्तन क्षेत्र (ऊर्फ ओरपाल) कहते हैं वह ओरपाल शिरस गांवसे मिला हुवा है उसकी कथा आगे कहेंगे । जिस बखत रामचंद्र सैनिका नदी और समुद्रके संगममें स्नान करके बैठे ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ उस बखत नारदका स्मरण करके सामने जायके नारद खडे रहे तब रामने मनकी बात कही ॥ ३८ ॥ सो सुनके ब्रह्म सभामें जायके कहने लगे हे ब्रह्मदेव ! रामने मुझको भेजा है ॥ ३९ ॥ इसवास्ते सावित्रीकूं साथ

रगपत्तने ॥ ४० ॥ तस्य श्रुत्वा मुनेर्वाक्यं समियाय द्विजै-र्वृतः ॥ ॥ राम उवाच ॥ ॥ स्वागतं वः प्रजानाथ स्थेयमत्र द्विजैः सह ॥४१॥ सहस्राष्टादश माने च स्थापयामास राघवः॥ रामक्षेत्रं ततो जातं स्वयं रामप्रतिष्ठितम् ॥४२॥ सर्वे काण्वा द्विजास्ते वै गोत्राणि सप्त संख्यया ॥ भारद्वाजश्च हारीतः गर्गः कौंडिन्यकाश्यपौ ॥ ४३ ॥ कृष्णात्रेयो माठरश्च य इदं श्रद्धया पठेत् ॥ ब्रह्मलोके वसेद्वत्स पूर्वजैः सह पुण्यकृत् ॥ ॥ ४४ ॥ अथ शिरःपतनमोतालानाभेदमाह ॥ तत्रैव ॥ रुद्र उवाच ॥ ॥ प्रत्याजगाम रामस्य गच्छतः सागरः पुरा ॥ रामकुंडात्तपत्यां च तीर्थमालां प्रकुर्वतः ॥ ४५ ॥ द्विजवेष-धरो वत्स कृतस्नातोऽर्कजाजले ॥ राघवं प्रार्थयामास तदा रामोऽब्रवीद्वचः ॥ ४६ ॥ किं प्रार्थयसि विप्रर्षे तदा प्रोवाच सागरः ॥ न गंतव्यं त्वया राम तपत्याः प्रियसंगमे ॥ ४७ ॥

लेके और यह सभासद सब लोकोंकूं लेके उरगपत्तन (उर्फ ओरपाल) में चलो ॥४०॥ऐसा नारदका वचन सुनते ब्रह्मा सबको लेके रामकेपास आये रामने ब्रह्माक आदर सन्मान करके कहा कि ब्राह्मणोंसहित यहां तुमने रहना ॥ ४१ ॥ ऐसे कहके ओरपाल गांवमें अठारह हजार ब्राह्मण स्थापन किये वे ब्राह्मण ओरपाल मोताले नामसे विख्यात भये। पीछे उस क्षेत्रका रामक्षेत्र नाम स्थापन किया ॥ ॥ ४२ ॥ अब जो मोताले ब्राह्मण ओरपाल ब्राह्मण और आगे कहेजावेंगे जो शिरसगांवमें रहनेवाले ब्राह्मण इन सबोंकी कण्व शाखाहै और सात गोत्र हैं–भरद्वाज १ हरीत २ गर्ग ३ कौंडिन्य ४ कश्यप ५ ॥ ४३ ॥ कृष्णात्रेय ६ माठर ७ ऐसे हैं जो कोई श्रद्धासे इस आख्यानका पाठ करेगा उसका ब्रह्मलोकमें वास होवेगा ॥ ४४ ॥ अब शिरसगांवमें जो मोताले ब्राह्मणका भेद है सो कहतेहैं। शिव स्कंदकूं कहते हैं जिस बखत रामचन्द्र रामकुंडसे तापी तक तीर्थयात्रा करनेलगे तब वहाँ समुद्र ॥ ४५ ॥ ब्राह्मणका वेषलेके तापीमें स्नान करके रामकी प्रार्थना करनेलगा तब राम कहनेलगे ॥४६॥ हे ब्राह्मण! तुम क्या मांगतेहो। तब समुद्र कहनेलगा हे राम! जहां तापी और समुद्रका संगम है

तथेति चाब्रवीद्रामो वत्स वाचा नियंत्रितः ॥ माहतां न प्रया त्येव सुधावाङ्ग निष्फला नहि॥४८॥ सागरोऽन्तर्दधे पश्चाद्रा-मस्तत्रैव संस्थितः ॥ रामक्षेत्रात्ततो रामः कृत्वा पिंडादिस-त्क्रियाम् ॥४९॥ गत्वा रामेश्वरं वत्स प्रतस्थे च निजं पुरम् ॥ पंचक्रोशांतरं यावत्संप्राप्तो रघुनंदनः ॥ ५० ॥ तत्र ऋष्युप-देशेन रामः सिद्धेश्वरं तदा ॥ सानुजः पूजयामास वनपुष्प-फलादिभिः ॥ ५१ ॥ नत्वा सिद्धेश्वरं वत्स रामः प्राह पुनर्मु-निम् ॥ किंचिद्दानं प्रदास्यामि इति श्रद्धास्ति मे मुने ॥५२॥ मुनिरुवाच ॥ नाहं प्रतिग्रहीष्यामि संत्यक्तविषयेंद्रियः ॥ संति गंगातटे विप्रा मध्यदेशे च राघव ॥ ५३ ॥ महालक्ष्म्याः समानीताः सन्निधाय तपो महत् ॥ तया संस्था-पिता विप्राः केचिद्गंगां त्यजंति न ॥ ५४ ॥ ते समर्थाः समुद्धर्तुं ब्राह्मणा ब्रह्मवादिनः ॥ ततो विलोक्य रामोऽपि लील-या हनुमन्मुखम् ॥ ५५ ॥ उवाचानय तान् विप्रान् सोऽप्याका शाद्ययौ द्रुतम् ॥ निमेषात्प्राप्तवान् गंगा यत्र तिष्ठन्ति ते द्विजाः ॥ ५६ ॥ ततो निरीक्ष्य हनुमानुवाच विनयान्वितः ॥

वहः तुमने जाना नहीं ॥ ४७ ॥ रामने तथास्तु कहके बडेके वचन मिथ्या नहीं है ऐसा मानके ॥ ४८ ॥ रामने वहांही निवास किया समुद्र अतर्धान होगया । पीछे राम पिंड प्रदानादि क्रिया करके रामक्षेत्रसे निकले ॥ ४९ ॥ रामेश्वरमें जायके अपनी अयोध्याको जानेका विचार किया । तो प्रायः पांचकोस भूमि आये होवेंगे कि इतनेमें ॥ ५० ॥ ऋषिके कहनेसे सिद्धेश्वर महादेवकी उत्तम पूजा करके ॥ ५१ ॥ नमस्कार करकेपुनः ऋषिकूं कहते हें हे मुने ! थोडा और दान देना, ऐसी मेरी श्रद्धाहै ॥ ५२ ॥ मुनि कहते हैं हे राम ! हमने तो सब विषय त्याग कियेहैं हम दान लेते नहीं हैं परंतु मध्यदेशमें गंगातट के ऊपर ॥५३॥ महालक्ष्मीने अपने बडे तपसे लायेहैं और वहां स्थापित कियेहैं वे ब्राह्मण कोईभी गंगाकूं छोडते नहीं हैं ॥ ५४ ॥ वे ब्रह्मवादी ब्राह्मण उद्धार करनेकूं समर्थ हैं तब रामने प्रसन्नतासे हनुमान्जीका मुख देखकर ॥५५॥ कहा कि उनब्राह्मणोंकूं लावो, तब हनुमान्जी आकाशमार्गसे जलदी वहां आकर जहां ब्राह्मण बैठेहैं उस गंगातट ऊपर प्राप्त भये ॥ ५६ ॥ पीछे ब्राह्मणोंका दर्शन करके नम्रतासे हनु-

अवदानयनार्थाय प्रेरितो राघवेण च ॥ ५७ ॥ तपंत्याः कानने तत्र स च वः पूजयिष्यति ॥ ॥ ब्राह्मणा ऊचुः ॥ ॥ नागच्छामो वयं तत्र हित्वा गंगां सरिद्वराम् ॥ ५८ ॥ हनूमानुवाच ॥ तत्रैव मम सत्येन रामदिव्यप्रभावतः ॥ प्रसादाद्भवतां विप्राः संभविष्यति जाह्नवी ॥ ५९ ॥ इत्युक्का च महद्रूपं कृत्वा विप्रान्प्रगृह्य च क्षणेनाकाशमार्गेण ययौ रामस्य सन्निधिम् ॥६०॥ वृतं विप्रैश्च तं रामो दृष्ट्वा मुदमगात्परम्॥ प्रणम्य च तदा रामं हनुमानुरुविक्रमः ॥ ६१ ॥ कथयामास वृत्तांतं गंगानयनपूर्वकम् ॥ ततो रामो द्विजेंद्राणां नमस्कृत्यांघ्रिपंकजम् ॥ ६२ ॥ संस्मार जान्हवीं साक्षात् सा च तत्र समागता ॥ अष्टादशसहस्राणि गोत्राणि द्वादशैव हि ॥६३॥ स्थापयामास रामोऽपि भुक्तिमुक्तिप्रदान् द्विजान् ॥ प्रक्षाल्यांघ्रि द्विजेंद्राणां जलं शिरसि वंदितम् ॥ ६४ ॥ यथा यज्ञावसाने

मान्‌जी कहते भए कि हे ब्राह्मणों ! आपकूं बुलानेके वास्ते रामने हमको भेजे हैं ॥ ५७ ॥ और वे तापीके वनमें आप सबकी पूजा करनेवाले हैं तब ब्राह्मण कहते भये कि हे वानर ! यह सरिताओंमें श्रेष्ठ गंगाको छोडकर हम सब वहां आते नहीं हैं ॥ ५८ ॥ तब हनुमान्‌जी कहते भए कि हे ब्राह्मणो ! वहां भी मेरी सत्यतासे रामचंद्रके प्रतापसे और आप सबके अनुग्रहसे जांह्नवी गंगा होवेगी ॥ ५९ ॥ ऐसा कहकर बडा स्वरूप धारणकर उन ब्राह्मणोंकूं अपने शरीर ऊपर बिठायकर क्षणभरके बीचमें आकाश मार्गसे रामचंद्रके समीप आये ॥ ६० ॥ रामचंद्र ब्राह्मणसह वर्तमान हनुमान्‌कूं देखकर परम आनंद पाया हनुमान् रामकूं नमस्कार करके ॥ ६१ ॥ सब वृत्तान्त कहते भए हे राम ! ये सब ब्राह्मण गंगाकूं छोडकर आते नहीं थे इसवास्ते गंगाको लानेकी मैंने प्रतिज्ञा की है तब राम ब्राह्मणोंके चरणकमलकूं नमस्कार करके ॥६२॥ जाह्नवीका स्मरण करते भये और उसी क्षण वह जाह्नवी गंगा वहां प्रगट भई पीछे रामचंद्र ब्राह्मणोंकी अर्घ्य पाद्य आदिकी पूजा करके भुक्तिमुक्तिदेनेवाले अठारहहजारब्राह्मणोंका स्थान करते भये और उन ब्राह्मणोंका चरण धोकर जलमस्तकपर चढाये उनके गोत्र बारह हैं ये बारह गोत्र स्थापनके बखत रहे परंतु हालमें जो पीछे सात गोत्र लिखे हैं वे प्रसिद्ध हैं परंतु कलियुगमें उनमेंसे भी कम होवेंगे ॥ ६३ ॥ ६४ ॥ जैसे यज्ञ-

च देवैश्च परमामृतम् ॥ सिद्धेश्वरं नमस्कृत्य प्रतिगृह्य द्विजाशिषः ॥ ६५ ॥ यातः कृतार्थतां रामो गोकर्णस्य प्रसादतः ॥ सिद्धेश्वरं समासाद्य को न याति कृतार्थताम् ॥ ६६ ॥ मौक्तिकादिद्विजाः सर्वे कोकिलस्य मुनेर्मतम् ॥ मन्यंते ब्राह्मणाश्चान्ये तथा दिक्पालवासिनः ॥ ६७ ॥

इति श्रीब्राह्मणो० मौक्तिकोरगणपत्तनशिरःपत्तनवासिब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ ३९ ॥ पंचद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः आदितः श्लोकसंख्याः ॥ ४०४१ ॥

की समाप्तिमें देवतावोंको परम अमृत मिलता है वैसे सिद्धेश्वरकूं नमस्कार करके ब्राह्मणोंके आशीर्वाद लेकर ॥ ६५ ॥ गोकर्णके प्रसादसे रामचन्द्र कृतार्थ भये सिद्धेश्वरकी सेवासे कृतार्थ कौन नहीं होता ॥ ६६ ॥ मोता ओरपाल सिरस यह तीन गांवके ब्राह्मण सब मोताले कहे जातेहैं वे कोकिल मुनिके मतकूं मानतेहैं, स्त्रीका गोत्र विवाहके पूर्व पिताका लेतेहैं विवाहके अनंतर भर्त्ताका गोत्रोच्चार कहतेहैं मरण हुवे वाद पुनः पिताके गोत्रमें मिलती हैं वैसा श्रीमालिब्राह्मणोंमें दिसावाल ब्राह्मणोंमें रायकवाल ब्राह्मणोंमें कंडोल ब्राह्मणोंमें भी कोकिलमतकूं मानतेहैं॥६७॥

इति ब्राह्मणोत्पत्तिग्रंथमें मोताले ओरपाल ब्राह्मणभेदवर्णन प्रकरण ॥ ३९ ॥

अथ तापीतीरस्थकाष्ठपुरवासिब्राह्मणोत्पत्ति-प्रकरणम् ॥ ४० ॥

अथ स्कान्दे तापीमाहात्म्ये ॥ रुद्र उवाच ॥ पुरात्रेतायुगे वत्स संप्राप्तो रघुनंदनः ॥ वैदेह्या सहितो वीरो लक्ष्मणेन हनूमता ॥१॥ ततः पश्यति सर्वत्र सर्वां लिंगमयीं महीम् ॥ विमानैः शक्यते गंतुं चरणैर्न कदाचन ॥ २ ॥ पितृपिंडप्रदानाय

अब तापी नदीके तट ऊपर काष्ठपुर है,वहांके ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं शिवजी कहतेहैं हे स्कंद ! पूर्वकालमें त्रेतायुगमें वीर रामचंद्र, सीता, लक्ष्मण और हनुमान् सहित काष्ठपुरके पास आये ॥ १ ॥ तब वहां जहां देखते हैं उस ठिकाने शिवलिंग बिना पृथ्वीखाली नहीं है,पांवसे जिस ठिकाने चलना नहीं होसकता है विमानमेंबैठ कर चलना होसकताहै ॥ २ ॥ तब पितृनिमित्त श्राद्ध और ब्राह्मणोंका पादप्रक्षा-

द्विजांधिक्षालनाय वै ॥ अदृष्ट्वा स्थानकं वत्स वीक्षितं हनुमन्मुखम् ॥ ३ ॥ ज्ञात्वा राघवचित्तस्थमभिप्रायं महाकपिः ॥ विंध्याचलस्य तां शीघ्रमाजहार महाशिलाम् ॥ ४ ॥ ॥ अत्रोदके तु विन्यस्य राघवेण महात्मना ॥ चक्रे पिंडप्रदानं च तथा संपूजिता द्विजाः ॥ ५ ॥ वने काष्ठपुरं चोक्ता स्थापिता द्विजसत्तमाः ॥ सैषा धर्मशिला वत्स महापातकनाशिनी ॥६॥ अत्र वत्स निधानानि औषधं गुटिकांजनम् ॥ रसादिकं मनोज्ञं च दृश्यते नाल्पभाग्यकैः ॥ ७ ॥ अत्र धर्मशिला वत्स यत्र गोपीपतिःस्वयम् ॥ तत्र तापीजले स्नानात्कस्य मोक्षो न जायते ॥ ८ ॥ दंडपाणिं हृषीकेशं रुद्रं च भुवनेश्वरम् ॥ स्नात्वा योऽत्र तपंत्यां च त्रिकालं पूजयन् हरम् ॥ ९ ॥ असंशयं मनुष्योऽसौ रुद्रस्य गणतां व्रजेत् ॥ भाग्यहीनो नरो यस्तु षडास्य नानु पश्यति ॥ १० ॥

इति श्रीब्राह्मणोत्पत्तौकाष्ठपुरवासिब्राह्मणोत्पत्तिवर्णनं नाम प्रकरणम् ४०
पंचद्रविडमध्ये महाराष्ट्रसंप्रदाय आदितः श्लोकसंख्याः ॥ ४०५१ ॥

पालन करनेकूं स्थान देखे उस बखत हनुमान्का मुख देखे ॥ २ ॥ हनुमान् रामचन्द्रके मनकी बात जानकर जलदी विंध्याचलकी बडी एक शिला लाये ॥ ४ ॥ रामने वह शिला जलमें रखकर उसके ऊपर श्राद्ध पिंडदान किया और ब्राह्मणोंकी पूजा किये ॥ ५ ॥ उस वनका काष्ठपुर नाम रखकर वहां ब्राह्मणोंका स्थापन किये और उस शिलाका नाम धर्मशिला यह बडे पातकोंकूं नाश करनेवाली है ॥ ६ ॥ हे स्कंद ! इस वनमें पृथ्वीमें बडे बडे निधि हैं दिव्य औषध; गुटिका; अदृश्यांजन, रसायन आदि हैं परंतु भाग्यहीन मनुष्योंकूं दिखाते नहीं ॥ ७ ॥ हे स्कन्द ! जहां यह धर्म शिला और जहां श्रीकृष्ण और श्रीतापी वहां स्नान दर्शन करनेसे किसका मोक्ष नहीं होनेका सबका होगा ॥८॥ जो कोई इस तापीमें त्रिकाल स्नान करेगा और दंडपाणी शिव विष्णु इनकी त्रिकाल पूजा करेगा तो ॥९॥ निःसंशय वह मनुष्य शिवके गणोंमें मिलेगा हे षडानन ! जो भाग्यहीन है वह मनुष्य बहुधा वहां देखता नहीं ॥ १० ॥

इति श्री ब्रा० काष्ठपुरबासी ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति वर्णन प्रकरण ॥ ४० ॥

अथौदुंबरकापित्थवाटमूलशृगालवाटीय-ब्राह्मणोत्पत्तिप्रकरणम् ॥ ४१ ॥

हरिवंशे विष्णुपर्वणि । वैशंपायन उवाच ॥ त्रिपुरे निहते वीरे रुद्रेणाक्लिष्टकर्मणा ॥ तत्र प्रधाना बहवो बभूवुरसुरोत्तमाः ॥१॥ शराग्निना न दग्धास्ते षष्टिः शतसहस्रिणः ॥ ते ज्ञातिवधसंतप्ताश्चक्रुर्वीराः पुराः तपः ॥ २ ॥ जंबुमार्गे सतामिष्टे महर्षिगण-सेविते ॥ आदित्याभिमुखं वीराः सहस्राणां शतं समाः ॥३॥ वायुभक्षा नृपश्रेष्ठ स्तुवंतः पद्मसंभवम् ॥ तेषामुदुंबरं राजन् गण एकः समाश्रितः ॥ ४ ॥ वृक्षे तत्रावसन्वीरास्ते कुर्वंतो महत्तपः ॥ कपित्थवृक्षमाश्रित्य केचित्तत्रोषिताः पुरा ॥ ५ ॥ शृगालवाटीस्त्वपरे वटमूले तथा परे ॥ अधीयानाः परं ब्रह्म वटं गत्वाऽसुरात्मजाः ॥ ६ ॥ तेषां तुष्टो वरं दातुं प्राप्तो राजन्पितामहः ॥ वरं वरयतेत्युक्तास्ते राजन्पद्मयोनिना ॥ ७ ॥ नेषुस्तद्वरदानं तु द्विषंतस्त्र्यंबकं विभुम् ॥ इच्छन्तोपंचितिं गंतुं

अब औदुंबर ब्राह्मण; कापित्थ ब्राह्मण; वाटमूल ब्राह्मण; शृगालवाटीय ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कहते हैं वैशम्पायन बोले जिसबखत शिवने त्रिपुराधिपतिकूं मारा उस बखत उसमें जो बडे बडे असुर रहगये ॥१॥ शिवके बाणसे दग्ध नहीं भये साठलाख वे सब दैत्य ज्ञातिवधके संतापसे पूर्वकालमें बडा तप करते भये ॥२॥ जहां बडे बडे महर्षि रहते हैं और सज्जनोंको प्रिय ऐसे जंबुमार्गमें जाकर वहां सूर्यके सन्मुख खडेरहकर सौ हजार वर्षतक ॥३॥ हे नृपश्रेष्ठ ! वायु भक्षण करके ब्रह्माकी उपासना करतेहुवे जा साठ लाख दैत्य थे उनमेंसे कितनेक उदुंबर कहे गुलरके झाडका आश्रय करके तप किये इसवास्ते औदुंबरगण भये ॥४॥ कितनेक कपित्थ जो कवठेके झाडका आश्रय करके तप किये वे कापित्थगण भये ॥ ५ ॥ और कितनेक शृगालवटीमें तप किये वे शृगालवाटी भगे और जो बडके झाडका आश्रय करके तप किये वे वाट मूलगण भये ॥ ३ ॥ हे राजन् ! पीछे उन सबोंके ऊपर प्रसन्न होकर ब्रह्मा आकर कहते हैं कि तुम सब वर मांगो ॥ ७ ॥ हे कुरुनन्दन ! तब वे दैत्योंने शिवके द्वेषसे दूसरे

---

१ अत्र संधिरार्षः ।

ज्ञातीनां कुरुनंदन ॥८॥ तानुवाच ततो ब्रह्मा विश्वेशस्यशिव-स्य च ॥ कः शक्तोपचितिं गंतुं मास्तु वोऽत्र वृथा श्रमः ॥९॥ इत्युक्ता ब्रह्मणा ते वै षटपुरं जग्मुरादरात् ॥ ये भजन्तो महादेवमसुरा धर्मचारिणः ॥ १० ॥ स्वयं हि दर्शनं तेषां ददौ त्रिपुरनाशनः ॥ उवाचेदं च भगवानसुरान्स सतांगतिः ॥ ॥ ११ ॥ वैरमुत्सृज्य दंभं च हिंसां चासुरसत्तमाः ॥ मामेव चाश्रितास्तस्माद्वरं साधु ददामि वः ॥ १२ ॥ ये दीक्षिताः स्थ मुनिभिः सक्रियापरमैर्द्विजैः ॥ सह तैर्गम्यतां स्वर्गः प्रीतोऽहं वः सुकर्मणा ॥ १३ ॥ इह ये चैव वत्स्यंति तापसा ब्रह्मवादिनः ॥ अपि कापित्थके वृक्षे तेषां लोको यथा मम ॥ ॥ १४ ॥ श्वेतवाहननामान यश्च मां पूजयिष्यति ॥ व्रतं कृत्वा त्रिरात्रे वै गतिं स मम यास्यति ॥ १५ ॥ औदुंबरा-न्वाटमूलान्द्विजान्कापित्थकानपि ॥ तथा शृगालवाटीया-

वरकी इच्छा नहीं किये केवल शिवने जो पहले ज्ञातिका संहार किया है उसीका बदला लेने की इच्छा करतेभये॥८॥ तब ब्रह्मा उनकूं कहते भये कि हे दैत्यो! शिवकी बराबरी करनेकूं कौन समर्थ है तुम सबोंका श्रम व्यर्थ है ॥ ९ ॥ ऐसा ब्रह्माका वचन सुनकर वे दैत्य षट्पुरमें चलेगये और उनमेंसे जो कितनेक शिवके भक्त थे धर्मसे चलनेवाले ॥ १० ॥ उनकूं त्रिपुरका नाशकरनेवाले शिवने प्रत्यक्ष दर्शन दिया और सब रहेहुवे दैत्योंकूं भगवान् सज्जनोंकी रक्षा करनेवाले शिव ऐसा कहतेभए ॥ ११ ॥ हे दैत्यो ! तुम सबोंने वैर दंभ हिंसा छोडकर मेरा आश्रय किया इसवास्ते तुम लोकोंकूं उत्तम वर देताहूं ॥ १२ ॥ जो दैत्य यहां उत्तम ऋषि करके दीक्षित भयेहैं वे सब अपने कर्मसे शुद्ध उन ऋषियोंके साथ स्वर्गमें जावो हम तुमसबोंके कर्मसे प्रसन्न हैं ॥ १३ ॥ और जो कोई यहां तपस्वी ब्रह्म-वादी कपित्थ वृक्षका आश्रय करके रहेंगे उनकूं मेरे लोकको प्राप्ति होवेगी ॥१४॥ और यहां श्वेतवाहननामक मेरी जो पूजा करेगा त्रिरात्र व्रत करेगा वह मेरी गतिकूं पावेगा ॥ १५ ॥ जो यहां रहे हैं उनमेंसे जो उदुंबर वृक्षके आश्रयसे रहे वे औदुंबर ब्राह्मण वैसे वाटमूल ब्राह्मण, कापित्थ ब्राह्मण, शृगालवाटीय ब्राह्मण

न्धर्मयुक्तान्दृढव्रतान् ॥ १६ ॥ पूजयिष्यंति सततं ते यास्यंतीप्सितां गतिम् ॥ इत्युक्त्वाथ महादेवः स्वलोकं च जगाम वै ॥ १७ ॥

इति श्रीब्रा० ध्याये औदुंबरादिचतुर्विधब्राह्मणोत्पत्ति-
वर्णनं नाम प्रकरणम् ॥ ४१ ॥

इति पंचद्राविडमध्ये गुर्जरसंप्रदायः ॥ आदितः श्लोकसंख्याः ॥ ४०६८ ॥

भये वे धर्मात्मा दृढव्रतहैं इनका ॥ १६ ॥ जो निरंतर पूजन करेंगे उनकूं इच्छित गति प्राप्त होवेगी ऐसा कहकर शिवजी कैलासको चलेगये इस तरफ वे चार प्रकारके ब्राह्मण भये ॥ १७ ॥

इति श्रीब्रा० औदुंबर आदि चार ब्राह्मणोंकी उत्पत्ति कही प्रकरण ॥ ४१ ॥ संपूर्ण.

अथद्वादशगौडब्राह्मणचतुर्विधकायस्थानामुत्पत्ति-प्रकरणम् ॥ ४२ ॥

अथ द्वादशविधगौडब्राह्मणानां चतुर्विधकायस्थानामुत्पत्ति-माह पाद्मे पातालखण्डे ॥ सूत उवाच-एकदा ब्रह्मलोके तु यमः प्रोवाच कं प्रति ॥ चतुरशीतिलक्षाणां शासनेऽहं नियोजितः ॥ १ ॥ असहायः कथं स्थातुं शक्नोमि पुरुषर्षभ ॥ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ प्राप्स्यते पुरुषः शीघ्रमित्युक्त्वा विससर्ज तम् ॥ २ ॥ धर्मराजे गते ब्रह्मा समाधिस्थो बभूवह ॥ तच्छरीरान्महाबाहुः श्यामः कमललोचनः ॥ ३ ॥ लेखनीपट्टिकाहस्तो

अब बारह प्रकारके गौड ब्राह्मण और पंद्रह प्रकारके कायस्थज्ञातिकी उत्पत्ति कहतेहैं पद्मपुराणान्तर्गत पातालखण्डविषे सूतजी कहतेभये कि एक दिन यमराज ब्रह्माके पास जायकर बोले कि चौरासी लाख योनिकी शिक्षाके ऊपर मेरेकूं स्थापन किये हैं ॥१॥परंतु दूसरेकी सहायता बिना कैसे काम करसकूं तब ब्रह्मा कहतेभये हे यम! जलदीसे तेरेकूं दूसरा पुरुष मिलेगा ऐसा कहकर यमकूं विदा किया॥२॥यमके गये बाद ब्रह्मा समाधि चढाकर बैठे,तब उनके शरीरमेंसे आजानुबाहु,श्यामकर्ण,कमल सरिखे हैं नेत्र जिसके ॥३॥ और हाथमें दवात कलम पट्टी लिये हैं ऐसा एक पुरुष निकल-

मषीभाजनसंयुतः ॥ स निर्गतोऽग्रतस्तस्थौ नाम देहीति चाब्रवीत् ॥ ४ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ ॥ गच्छ पुरुष भद्रं ते तप आचरतामिति ॥ इत्याज्ञप्तः स पुरुषो ययौ धौरेयदेशकान् ॥ ५ ॥ उज्जयिन्याः समीपे तु क्षिप्रायाश्च तटे शुभे ॥ पंचक्रोशात्मके क्षेत्रे तपस्तप्तुं महत्तरम् ॥ ६ ॥ ततः कतियये काले ब्रह्मा लोकपितामहः ॥ उज्जयिन्यां ततः श्रीमानाजगाम मुदान्वितः ॥ ७ ॥ यजनार्थाय यज्ञैश्च नाना-संभारसंयुतः ॥ चित्रगुप्तोऽपि धर्मात्मा कन्याः प्राप सुल-क्षणाः ॥ ८ ॥ वैवस्वतमनोः कन्याश्चतस्रः शुभलक्षणाः ॥ अष्टौ सुरूपा नागीया पितृभक्तिपरायणाः ॥ ९ ॥ तासां समभवन्पुत्रा द्वादशैव जगत्प्रियाः ॥ ब्रह्मा वर्षसहस्रं तु यज्ञै-रिष्ट्वा सुदक्षिणैः ॥ १० ॥ चित्रगुप्तमुवाचेदं वाक्यं धर्मार्थमेव च ॥ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ चित्रगुप्तमहाबाहोमत्प्रियोऽस्मत्समु-द्भवः ॥ ११ ॥ चित्रगुप्त सुगुप्तांग तस्मान्नाम्ना सुविश्रुतः ॥ मम कायात्समुद्भूतःसर्वांगंप्राप्य सत्वरम् ॥१२॥ तस्मात् कायस्थ-विख्यातो लोके त्वं तु भविष्यसि॥ एते वै तव पुत्राश्च काक-

कर आगे खडा हुवा और कहताभया कि मेरेकूं नाम देवो ॥ ४ ॥ तब ब्रह्मा कहतेभए हे पुरुष ! तू जा तप कर तेरा अच्छा होगा तब उस पुरुषने अस्तु कहकर बडे देशोंमें जाता भया ॥ ५ ॥ उज्जयन नगरीके समीप क्षिप्रा नदीके तट ऊपर पांच कोशका जो क्षेत्र है वहां बडा तप किया ॥ ६ ॥ उसकूं बहुत दिन गये बाद लोकोंके पितामह ब्रह्मा हर्षित होकर उज्जयन नगरीमें आये ॥ ७ ॥ और बडे पदार्थोंसे हजार वर्षका यज्ञारंभ करतेभये अब वह चित्रगुप्तकूं सुलक्षणोंसे युक्त कन्या मिलीं ॥ ८ ॥ शुभलक्षणवाली चार तो वैवस्वत मनुकी सुन्दररूपवती पिताकी सेवामें तत्पर और आठ कन्या नागोंकी ॥ ९ ॥ ऐसी वह बारह स्त्रियोंसे जगत्प्रिय ऐसे बारह पुत्र भये और ब्रह्माने हजारवर्षका सुन्दर दक्षिणावाले यज्ञको पूरा करके ॥ १० ॥ चित्रगुप्तकूं कहतेभए हे चित्रगुप्त ! तू मेरेकूं प्रिय है क्योंकि मेरी कायासे उत्पन्न भया है ॥ ११ ॥ तेरा अंगगुप्त है इसवास्ते चित्रगुप्त तेरा नाम होवेगा और मेरी कायासे पैदा भया इसवास्ते ॥ १२ ॥ लोकमें कायस्थ नामसे विख्यात होवेगा और ये काकपक्ष धारण करनेवाले जो तुम्हारे बारहपुत्र

पक्षधराः शुभाः ॥ १३ ॥ सर्वे षोडशवर्षीयाःशुभाचाराःशुभाननाः ॥ परिप्राप्तसदाचारः कायस्थः पंचमो मतः ॥ १४ ॥ धर्मराजगृहं गच्छ कार्यं मे कुरु सुव्रत ॥ सदसत्सर्वजंतूनां लेखकः सर्वदैव हि ॥ १५ ॥ एतान्दास्यामि सर्वान्वै ऋषिभक्तिपरांस्तव ॥ एवमुक्त्वा तु विप्रेभ्यो ददौ लोकपितामहः ॥ १६ ॥ मांडव्याय ददौ पुत्रं सुरूपमृषिवल्लभम् ॥ मंडपाचलसान्निध्ये मंडपेश्वरसन्निधौ ॥ १७ ॥ मंडपेश्वरीयादेवी वर्तते जगदंबिका ॥ गृहीत्वा गतवान् सोऽपि ऋषिर्मांडव्यसंज्ञकः ॥१८॥ नाम्नाश्रीनैगमः सोऽपि कायस्थो देवनिर्मितः ॥ मांडव्यास्तत्रश्रीगौडागुरवःशंसितव्रताः ॥ १९ ॥ नैगमास्तेऽपि बहवःऋषिभक्तिपरायणाः ॥ जाता वै नैगमास्तत्रशतशोऽथसहस्रशः ॥२०॥ गौडास्तेऽपि च मांडव्य शिष्यास्ते गुरवः स्मृताः शिष्याणां चैव लक्षैकं प्रसंगात्समुदीरितम् ॥ २१ ॥ तस्मादर्धं गतास्ते वै लंभितं वासयन्पुरम् ॥ द्वितीयं तु सुतं तस्य गौतमाय ददौ ततः ॥२२॥ गौडेश्वरी तु या देवी वर्तते

हैं ॥ १३ ॥ वे सब सोलह बरसके, उत्तम आचार पालन करनेवाले हैं इसवास्ते कायस्थ वर्ण पांचवां मान्य है ॥ १४ ॥ और तुम धर्मराजके नजीक जावो मेरा काम करो सब जीवमात्रका पुण्यपाप कर्म सर्व काल तुमने लिखना ॥ १५ ॥ और ये बारह पुत्र तुमकूं देता हूं ऐसा कहकर ब्रह्मा एक एक पुत्र देतेभए ॥१६॥ उसमें प्रथम मांडव्यनामक ऋषिकूं दिये उनका स्थान मंडप पर्वतके पास जहां मंडपेश्वर शिव ॥ १७ ॥ और मंडपेश्वरी देवी हैं वहां चित्रगुप्तके पुत्रकूं लेकर मांडव्य ऋषि जाते भये ॥ १८ ॥ तब चित्रगुप्तके पुत्रका जो वंश भया सो नैगम कायस्थ ज्ञाति भयी और मांडव्यके वंशमें जो भये वे मांडव्य श्रीगौड ब्राह्मण भये कोई माल्व्यश्रीगौड कहते हैं वे उनके उपाध्याय भये ॥ १९ ॥ और उनके सेवक सौ हजार नैगम कायस्थभए वे ऋषिकी भक्तिमें तत्पर रहते भये ॥ २० ॥ वे श्रीगौड मांडव्यके शिष्य एक लाख थे यह प्रसङ्गसे वर्णन किया ॥ २१ ॥ उसमेंसे आधे लंभित नगर बसाकर रहे पीछे ब्रह्माने दूसरा पुत्र गौतमकूं दिया ॥ २२ ॥ उनका स्थल जहां गौडेश्वरी देवी

जगदंबिका ॥ श्रीगौडः सोऽपि कायस्थो बहुधा विश्रुतः शुचिः ॥ २३ ॥ गौतमो दत्तवांस्तेषां गुर्वर्थं तानृषीन् विभुः ॥ श्रीगौडास्तत्र शिष्यावे गुरुवस्ते तपस्विनः ॥ २४ ॥ तृतीयं तु सुतं तस्य श्रीहर्षं दत्तवांस्ततः ॥ श्रीहर्षेश्वरसान्निध्ये गतवानृषिसत्तमः ॥ २५ ॥ सरोरुहे शुभे देशे शुभे च सरयूतटे ॥ सरोरुहेश्वरी यत्र वर्तते जगदंबिका ॥ २६ ॥ श्रीगौडास्तस्य वै शिष्या गुर्वर्थं संप्रकल्पिताः ॥ श्रीवास्तव्याश्च कायस्था नानारूपा ह्यनेकशः ॥२७॥ श्रीगौडानां च लक्षैकं शिष्याणां संप्रकीर्तितम् ॥ तस्मादर्धं गतास्तेऽपि ह्यवसन् जाह्नवीतटे ॥ ॥ २८ ॥ चतुर्थं तु सुतं तस्य हारीताय ददौ ततः गृहीत्वा गतवान् सोऽपि देशे हर्याणके शुभे ॥ २९ ॥ हारीतेश्वरसान्निध्ये हारितस्याश्रमे शुभे ॥ हर्याणेशी यत्र देवी वर्तते जगदंबिका ॥ ३० ॥ कायस्थाः श्रेणिपतयः विवृताश्च सहस्रशः ॥ हर्याणाश्चैव श्रीगौडा गुरुत्वे संप्रणोदिताः ॥ ३१ ॥ पचमं तु सुतं तस्य वाल्मीकाय ददौ ततः ॥ गृहीत्वा गतवान् सोऽ ह्यर्बुदारण्यके शुभे ॥ ३२ ॥ देशेऽर्बुदे महारण्ये वल्मीकाश्रम-

वहां है और श्रीगौडकायस्थ यजमान श्रीगौड ब्राह्मण उपाध्याय भये वे बडे तपस्वी हैं ॥ २३ ॥ २४ ॥ ब्रह्माने तीसरा पुत्र श्रीहर्षनामकूं दिया सो श्रीहर्ष चित्रगुप्तके पुत्रकूं लेकर सरोरुह देहमें सरयू नदीके तट ऊपर जहां श्रीहर्षेश्वर महादेव सरोरुहेश्वरी देवी हैं वहां गया ॥ २५ ॥ २६ ॥ पीछे श्रीहर्षके शिष्य श्रीहर्ष गौडगुरु भये और श्रीवास्तव्य कायस्थ भये ॥ २७ ॥ श्रीगौड जो लक्ष ब्राह्मण थे उनमेंसे अर्ध जाह्नवीगंगाके तट ऊपर जाकर निवास किया वे गंगापुत्र भये ॥ २८ ॥ ब्रह्माने चौथा पुत्र हारीत ऋषिकूं दिया तब हारीत ऋषीश्वर चित्रगुप्तके पुत्रकूं ग्रहण करके हर्याणा देशमें ॥२९॥ जहां हरीतेश्वर महादेव, हर्याणेशी देवी है और जहां हारीत ऋषिका आश्रम है वहां गया ॥ ३० ॥ तिस पीछे उन दोनोंके वंशमें जो उत्पन्न भये वे श्रेणिपति कायस्थ यजमान और हर्याणा गौड ब्राह्मण उपाध्याय भये ॥ ३१ ॥ ब्रह्माने पाचवां पुत्र वाल्मीक नामकूं दिया सो वाल्मीक चित्रगुप्तके पुत्रकूं लेकर ॥ ३२ ॥ आबूगढके पास वाल्मीक

संज्ञके ॥ वाल्मीकेश्वरसान्निध्ये कायस्थो देवनिर्मितः ॥ ३३ ॥ वाल्मीकेश्वरिका यत्र वर्तते जगदंबिका ॥ वाल्मीकाश्चैव कायस्था वर्द्धितास्तदनंतरम् ॥ ३४ ॥ वाल्मीकाश्चैव गुरवो मुनिना संप्रकल्पिताः ॥ रक्तशृङ्गाश्च इत्येते पार्श्वे पश्चिमतः शुभे ॥ ३५ ॥ योजनद्वयमाने तु दूरे तिष्ठति चाश्रमे ॥ कियत्काले च संप्राप्ते यज्ञकर्म समाचरन् ॥ ३६ ॥ षष्ठं तस्य सुतं ब्रह्मा वसिष्ठाय ददौ पुनः ॥ गृहीत्वा गतवान् सोऽपि वसिष्ठो मुनिसत्तमः ॥३७॥ अयोध्यामंडले देशे वसिष्ठेश्वरसन्निधौ ॥ सरयूतटमासाद्य वर्तते जगदंबिका ॥ ३८ ॥ वासिष्ठाश्चैव कायस्था गुरवोऽपि शुचिस्मिताः ॥ वासिष्ठा ऋषिशिष्याश्च वसिष्ठस्य महात्मनः ॥ ३९ ॥ सप्तमं तु सुतं तस्य ददौ सौभर्ये ततः ॥ गृहीत्वा गतवान् सोऽपि ब्रह्मर्षिः स्वाश्रमं शुभम् ॥ ४० ॥ सौरभेय शुभे देशे सौरभेश्वरसान्निधौ ॥ सौरभी देवता तत्र वर्तते जगदंबिका ॥४१॥ सौरभाश्चैव कायस्थाः सौरभा गुरवः स्मृताः ॥अष्टमं तु सुतं तस्य दालभ्याय ददौ ततः॥४२॥

ऋषिका आश्रम है जहां वाल्मीकेश्वर महादेव, और ॥ ३३ ॥वाल्मीकेश्वरी देवी हैं वहां रहा पीछे वहां वाल्मीक कायस्थ यजमान और वाल्मीकि ब्राह्मण गौडगुरु वृद्धिंगत भये ॥ ३४ ॥ कितनेक ऋषिसे रक्तश्रृंगनामक भये ॥ ३५ ॥ आठ कोसके ऊपर जिनका आश्रम है कितनेक काल बीतनेपर जहां यज्ञ किया है ॥ ॥ ३६ ॥ ब्रह्माने छटा पुत्र वसिष्ठनामकूं दिया तब वसिष्ठमुनि चित्रगुप्तके पुत्रकूं लेकर ॥ ३७ ॥ अयोध्याके नजीक सरयू नदीके तट ऊपर जहां वसिष्ठेश्वर महादेव और वासिष्ठादेवी है वहां गये ॥३८॥ पीछे उन दोनोंके वंशमें वासिष्ठ गौड ब्राह्मण उपाध्याय भये और वासिष्ठकायस्थ यजमान ॥ ३९ ॥ ब्रह्माने सातवां पुत्र सौभरि ऋषिकूं दिया पीछे सौभरि चितगुप्तके पुत्रकूं लेकर अपने आश्रममें आये ॥ ४० ॥ सौरभ देशमें जहां सौरभेश्वर महादेव हैं और सौरभी देवी है वहां आये ॥ ४१ ॥ पीछे दोनों गुरु और शिष्यके वंशमें सौरभ कायस्थ यजमान भये सौरभ गौड ब्राह्मण उपाध्याय भये पीछे ब्रह्माने आठवां पुत्र दालभ्य नामकूं दिया ॥ ४२ ॥

गृहीत्वा गतवान् सोऽपि स्वाश्रमं मुनिसंयुतम् ॥ देशो दुर्लंलको यत्र दालभ्या च सरिद्वरा ॥ ४३ ॥ दालभ्ये श्वरसान्निध्ये दालभ्यश्चित्रगुप्तजः ॥ दालभ्या इति या देवी वर्तते जगदंबिका ॥ ४४ ॥ तच्छिष्याश्चैव दालभ्या गुरुत्वे ते प्रकीर्तिताः ॥ तदुत्पन्ना द्विजाः सूत शतशोऽथ सहस्रशः ॥ ४५ ॥ एकदाहिस्थलीं प्राप्ताः केचित्कुंडलिनीं गताः ॥ याजयंति स्म दालभ्यान् कायस्थांश्चित्रगुप्तजान् ॥ ४६ ॥ नवम तु सुतं तस्य हंसं तमृषिसत्तमम् ॥ गृहीत्वा प्रययौ हंसं हंसदुर्गस्य सन्निधौ ॥ ४७ ॥ सुखसेनो महादेशो विद्यते गुणवत्तरः ॥ हंसेश्वरस्यसान्निध्य ऋषीणां प्रवरः सुधीः ॥ ४८ ॥ हंसेश्वरी यत्र देवी वर्तते जगदंबिका ॥ तदुत्पन्नाश्च कायस्थाः सुखसेना ह्यनेकशः ॥ ४९ ॥ ततस्तेभ्यो ददौ हंसान् शिष्यांश्च याजनानि वा ॥ विप्रास्तु सुखदाश्चैव सुखसेना महौजसः ॥ ५० ॥ याजयंति सदा-चाराः सुदेशेषु व्यवस्थिताः ॥ दशमं तस्य पुत्रं तु भट्टाख्य-मुनये ददौ ॥ ५१ ॥ गृहीत्वा गतवान् सोऽपि भट्टकेश्वर-

दालभ्य ऋषि चित्रगुप्तके पुत्रकूं लेकर दुर्ल्लक देशमें दालभ्या नदीके तट ऊपर ॥ ॥४३॥ जहां दालभ्येश्वर महादेव और दालभ्या देवी हैं दालभ्य मुनिका आश्रमहै वहां आये ॥४४॥ दालभ्य ऋषिके शिष्य थे वे दालभ्य गौडब्राह्मणगुरु भये और दालभ्यनामक कायस्थ उनके यजमान भये दालभ्यगौडके वंशमें जो सहस्रावधि उत्पन्न भये ॥४५॥ उसमें कितनेक अहिस्थलीमें गये कितनेक कुंडलिनीमें गये और चित्रगुप्त दालभ्यकायस्थोंकूं यज्ञ करवाये ॥४६॥ ब्रह्माने नववां पुत्र हंसनामक ऋषिकूं दिया वह हंस ऋषि चित्रगुप्तके हंसनामककूं लेकरहंस पर्वतके नजदीक॥४७॥ सुखसेन देशमें जहां हंसेश्वर महादेव और हंसेश्वरी देवी है वहां गये॥ ४८ ॥ पीछे हंस चित्रगुप्तके वंशमें उत्पन्न भये वे सुखसेनकायस्थ यजमान भये और ॥ ४९ ॥ हंस ऋषिके जो शिष्य थे वे सुखसेन गौड ब्राह्मण उपाध्याय भये ॥५०॥ उत्तम देशमें यज्ञकराते भये ब्रह्माने दशवां पुत्र भट्टनामक ऋषिकूं दिया ॥ ५१ ॥ वह भट ऋषि

सन्निधौ ॥ भट्टेश्वरी यत्र देवी वर्तते जगदंबिका ॥ ५२ ॥ भट्टेश्वरो महादेवो यत्र शूली महेश्वरः ॥ भट्टकेशाश्च कायस्थास्तदुत्पन्ना ह्यनेशकः ॥ ५३ ॥ तान् गुरुत्वेन संपाद्य भट्टनागरसंज्ञकाः ॥ एकादशं तु पुत्रं तु सौरभाय ददौ ततः ॥ ॥ ५४ ॥ सूर्यमंडलदेशे तु सौरभेश्वरसन्निधौ ॥ यत्र सौरेश्वरी देवी वर्तते जगदंबिका ॥ ५५ ॥ सूर्यध्वजाश्च बहवो जातास्तेऽपि सहस्रशः ॥ कायस्थास्तत्र विख्याता स्वधर्मनिरताः सदा ॥ ५६ ॥ सूर्यध्वजाश्च तच्छिष्या गुरुत्वे ते प्रकल्पिताः ॥ द्वादश तु सुतं तस्य माथुराय ददौ ततः ॥ ५७ ॥ माथुरेश्वरसान्निध्ये माथुरा विस्तृताः पुनः॥ माथुरेशी महादेवी वर्तते जगदंबिका ॥ ५८ ॥ माथुरीयाश्च गुरवो वर्तते बहवः स्मृताः ॥ एवं दत्त्वा तु तान् पुत्रान् ब्रह्मा लोक पितामहः ॥ ॥ ५९ ॥ उवाच वचनं श्लक्ष्णं ब्रह्मा मधुरया गिरा ॥ पुत्रत्वे पालनीयाश्च लेखकाः सर्वदैव हि ॥ ६० ॥ शिखासूत्रधरा ह्येते पटवः साधु संमता ॥ ॥ सूत उवाच ॥ ॥ एवमुक्त्वा

चित्रगुप्तके पुत्र भट्टनामककूं लेकर जहां भट्टकेश्वर महादेव और भटेश्वरी देवी वहां गये ॥ ५२ ॥ चित्रगुप्तके वंशमें जो पैदा भये वे भट्टनगर कायस्थ यजमान भये और भट्टऋषिके जो शिष्य थे वे भट्ट गौडब्राह्मण उपाध्याय भये ॥ ५३ ॥ ब्रह्माने ग्यारहवां पुत्र सौरभनामक ऋषिकूं दिया ॥ ५४ ॥ सौरभ ऋषिने चित्रगुप्तके पुत्रकूं लेकर सूर्यमंडल देशमें जहां सौरभेश्वर शिव सौरभेश्वरी देवी हैं वहां गये ॥ ५५ ॥ वे सूर्यमंडल देशमें गये इसवास्ते सूर्यध्वज कायस्थ और सूर्यध्वज गौडब्राह्मणनामसे विख्यात भये ॥ ५६ ॥ ब्रह्माने बारहवां पुत्र माथुरनामक ऋषिकूं दिया ॥ ५७ ॥ माथुर ऋषि चित्रगुप्तके पुत्रकूं लेकर माथुरदेशमें जहां माथुरेश्वर महादेव मथुरा नगरी माथुरेश्वरी देवी है वहां गये ॥ ५८ ॥ पीछे माथुर ऋषिके जो शिष्य थे माथुर चौबे गौड ब्राह्मण उपाध्याय भये और माथुरकायस्थ यजमान भये ब्रह्माने ऐसे बारह पुत्र देकर ॥ ५९ ॥ कहा कि यह चित्रगुप्तके वंशकूं पुत्रसरीखा पालन करना ॥ ६० ॥ ये सब कायस्थ शिर ऊपर शिखा और यज्ञोपवीत धारण करना, सूत कहते भये कि ब्रह्माजी !

विधायादौ यज्ञं ब्रह्मा ययौ स्वकम् ॥ ६१ ॥ सावित्र्या सहितः श्रीमानथ ये चित्रगुप्तकाः ॥ तेषां मध्ये तु ये चंकाः शृण्वंतु तस्य कारणम् ॥ ६२ ॥ गौडदेशे महारण्ये गंगायाश्चोत्तरे तटे ॥ महालक्ष्म्या कृतो यज्ञस्तत्र ये वै वृताः शुभाः ॥ ६३ ॥ चत्वारः परमार्थज्ञा मुख्याः कर्मणि साधवः ॥ तेषां शुश्रूषकास्तत्र लेखकाः कायजाः पुनः ॥ ६४ ॥ ते तु लक्ष्म्याः प्रसादेन चंकाः श्रीवत्सलाः परे ॥ कर्माणीह तु यान्येषां या गतिस्त्रिषु वर्णतः ॥ ६५ ॥ द्विजातीनां यथादानं यजनाध्ययने तथा ॥ कर्तव्यानीति कायस्थैः सदा तु निगमान् लिखेत् ॥ ६६ ॥ पुराणपाठकाः सर्वे सर्वे तत्स्मृतिशंसकाः ॥ आतिथ्यं श्राद्धकर्तृत्वं सर्वेषां धर्मसाधनम् ॥ ६७ ॥ इच्छया पुनरुद्वाहमितरः परिवर्जयेत् ॥ शूलारोहनिमित्तेन कायस्थानृषिसत्तमान् ॥६८॥ मांडव्यस्तान् शशापेदं कोपसंरक्तलोचनः ॥ अल्पोऽपराधो मे जातस्त्वया बहुतरीकृतः ॥६९॥

ऐसा कहकर यज्ञ समाप्त करके सावित्रीके सहित अपने लोकमें गये अब जो चित्रगुप्तके वंशमें चंकनामक भये हैं उनका कारण सुनो ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ बडे रमणीक गौड देशमें गंगाके उत्तर तट ऊपर महालक्ष्मीने यज्ञ किया वहां जो विस्तारकूं प्राप्त भये ॥ ६३ ॥ उसमें चार मुख्य भये और उनकी सेवाकेवास्ते कायस्थ तत्पर होतेभये ॥ ६४ ॥ पीछे वे कायस्थ लक्ष्मीके अनुग्रहसे श्रीवत्सल चंक कायस्थ नामसे विख्यात भये इनका कर्म ब्राह्मणादि तीनवर्णोंमें जो हैं वह करना ॥ ६५ ॥ कायस्थोंने दान देना यज्ञ करना अध्ययन करना और वेदका पुस्तक लिखना ॥ ६६ ॥ पुराण और स्मृतिका पाठ करना आतिथ्यसेवा और श्राद्धादि धर्मसाधन कर्म करना ॥ ६७ ॥ इतर जो यह पंचम चित्रगुप्त कायस्थ हैं इन्होंने पुनर्विवाह वार्जित करना अब गौडोंकूं और कायस्थोंकूं कालिमें जो शाप भया है सो कहते हैं एकदिन चोरोंके सह वर्तमान मांडव्य ऋषिकूं कोई राजाने शूलीके ऊपर चढायकर उनका प्रताप देखकर ऋषिकूं तो नीचे उतार दिया ॥ ६८ ॥ तब मांडव्य ऋषि चित्रगुप्तके पास जायकर कहा कि बाल्य अवस्थामें जो थोडा मैने अपराध किया उसका दंड तूने बहुत दिया इसवास्ते ॥ ६९ ॥

वध्यस्त्वं धर्मतः शीघ्रं पापीयान् भव लेखक ॥ श्रुत्वा शापं चित्रगुप्त ऋषिसेवां चकार ह ॥ ७० ॥ ऋषिरुवाच ॥ ॥ मम शापस्तु विफलो न कदाचिद्भविष्यति ॥ तथाप्यनुग्रहो मे वै त्वज्जातीनां भविष्यति ॥ ७१ ॥ एवमुक्तोऽपि सेवां वै चित्रगुप्तश्चकारह ॥ कलौ शापो मया दत्तः सर्वेषां स भविष्यति ॥ ७२ ॥ तेषु सूर्यध्वजा ये वै तेषां धर्मः प्रणश्यपि ॥ वैश्यादुच्चतरा वृत्तिर्ब्राह्मणक्षत्रियादधः ॥ ७३ ॥ ब्रह्मशापाभि भूतानां पातित्यं च कलौ ध्रुवम् ॥ वाल्मीकानां कियान् धर्मः स्थास्यत्येवं सुनिश्चयम् ॥ ७४ ॥ इति चित्रगुप्तकायस्थभेदः प्रथमः । अथ कल्पभेदेन द्वितीयचित्रगुप्तकायस्थः तदुत्पत्तिमाह पाद्मे सृष्टिखंडे ॥ सृष्ट्यादौ सदसत्कर्मज्ञप्तये प्राणिनां विधिः ॥ क्षणं ध्यायन् स्थितस्तस्य शरीरान्निर्गतो बहिः ॥ ७५ ॥ दिव्यरूपः पुमान् हस्ते मषीपात्रं च लेखनीम् ॥ दधानश्चित्ररूपेण रक्षिता देवतेन हि ॥ ७६ ॥

हे लेखक ! तू पापी होजा और तू धर्मसे वध योग्य है चित्रगुप्त ऋषिका शाप सुनते त्रास पाकर ऋषिकी सेवा करनेलगे ॥ ७० ॥ तब मांडव्य कहते भए हे चित्रगुप्त ! तू सेवा करता है परंतु मेरा शाप विफल कदापि नहीं होनेका तथापि मेरे अनुग्रहसे तेरे ज्ञाति लोकोंकूं शाप फलेगा तेरेकूं नहीं ॥ ७१ ॥ ऐसा कहा तथापि चित्रगुप्त ऋषिकी सेवा करनेलगा तब ऋषिने कहा कि तीन युगमें पुण्यात्मा रहेंगे और कलियुगमें सब पापी होवेंगे ॥ ७२ ॥ तथापि चित्रगुप्तने सेवा करी तब ऋषि कहते भए कि तेरे बारह वंश हैं उसमेंसे जो सूर्यध्वजवंश हैं उनका धर्मनाश पावेगा बाकी सबोंकी वृत्ति वैश्यवर्णसे ऊंची ब्राह्मण क्षत्रियसे नीची पालन करना ॥ ७३ ॥ ब्राह्मणके शापसे कलिमें पतितपना प्राप्त भया है वाल्मीक ब्राह्मण और कायस्थ उनका कुछ धर्म रहेगा निश्चय करके ॥ ७४ ॥ इति चित्रगुप्त कायस्थका भेद पहला समाप्त भया ॥ अब दूसरा चित्रगुप्तकायस्थकी उत्पत्तिभेदसे कहते हैं सृष्टिके आरंभमें ब्रह्मा प्राणियोंका पुण्य पाप कर्मका ज्ञान होनेके वास्ते क्षणभर ध्यानकरकेबैठे इतनेमें ब्रह्माके शरीरमेंसे बाहर एक पुरुष निकला ॥ ७५ ॥ दिव्यस्वरूप दवात कलम हाथमें धरे है विचित्र

चित्रगुप्त इति ख्यातो धर्मराजसमीपतः ॥ ब्रह्मणा सह देवैश्च क्षणं ध्यात्वा नियोजितः ॥ ७७ ॥ प्राणिनां सदसत्कर्मलेखनाय सुबुद्धिमान् ॥ भोजनादौ बलिस्तस्य भागोऽपि परिकीर्तितः ॥ ७८ ॥ ब्रह्मकायोद्भवो यस्मात्कायस्थ इति गीयते ॥ दक्षप्रजापतेः कन्यां दाक्षायण्यभिधां ततः ॥ ७९ ॥ उपयेमे ततः पुत्रो जातस्तस्य महात्मनः ॥ विचित्रगुप्तनामासौ बुद्धिचातुर्यवीर्यवान् ॥ ८० ॥ ततस्तेन मनोः कन्या यथाविधि विवाहिता ॥ स्वक्षाभिधानतस्तस्यां धर्मगुप्तो बभूव ह ॥ ८१ ॥ धर्मगुप्ताच्च गांधार्यां रुद्रगुप्तोऽभवत्सुतः ॥ तस्मादप्सरसो जातं पुत्राणां तु चतुष्टयम् ॥ ८२ ॥ माथुरो गौडसंज्ञश्च नागरो नैगमस्तथा ॥ तेषां नामानि चत्वारि चतुर्णां च यथाक्रमम् ॥ ८३ ॥ कायस्थश्चैकशाकश्च कौलिकश्च महेश्वरः ॥ एतेषां काश्यपं गोत्रं तेषां धर्ममथ शृणु ॥ ८४ ॥ स्नानं द्विकालमेतेषां त्रिकालं संधिवंदनम् ॥ अष्टम्यां च चतुर्दश्यां चंडीव्रतपरायणाः ॥ ८५ ॥ भौमवारव्रताश्चैव

स्वरूप है उसकूं देखकर देवतावोंने चित्रगुप्त नाम रक्खा ॥ ७६ ॥ उस चित्रगुप्तकूं ब्रह्माने क्षणभर ध्यान करके देवसहवर्तमान धर्मराजके पास स्थापन किया ॥ ७७ ॥ प्राणीके शुभाशुभकर्म लिखनेके वास्ते बुद्धिमान् चित्रगुप्तकूं स्थापन किया और भोजनकी बखत उनका बलि देनेका स्थापन किया ॥ ७८ ॥ ब्रह्माकी कायासे पैदा भया इस वास्ते कायस्थ जिसकूं कहतेहैं पीछे चित्रगुप्तने दक्षप्रजापातिकी दाक्षायणी नाम कन्याके साथ ॥ ७९ ॥ विवाह किया उसमें विचित्रगुप्तनामक पुत्र भया वह बडा पराक्रमी भया ॥ ८० ॥ उसने मनुष्यकी कन्याके साथ विवाह किया उससे धर्मगुप्तनामक पुत्र भया॥८१॥धर्मगुप्तका पुत्र रुद्रगुप्त भया उसकी अप्सरास्त्रिसे चार पुत्रभये ॥ ८२ ॥ माथुर १ गौड २ सागर ३ नैगम ४ ऐसे चार नामसे चार पुत्र भये॥८३॥उनके अपर नाम क्रमसेकायस्थ १ शाक २ कौलिक ३ महेश्वर ४ ऐसे जानो इन सबोंका काश्यप गोत्र है अब धर्म सुनो ॥ ८४ ॥ नित्य दो बखत स्नान करना त्रिकाल संध्यावंदन करना और अष्टमी चौदसकूं दुर्गाव्रतकरना

नवरात्रव्रतास्तथा ॥ तर्पणं पंचयज्ञानां विधानं च यथाक्रमम् ॥८६॥ इ०चि०का०भे० द्वितीयः ॥ अथ चांद्रसेनीयकायस्थोत्पत्तिमाह स्कांदे रेणुकामाहात्म्ये—एवं हत्वार्जुनं रामः संधाय निशिताञ्छरान् ॥ अन्वधावत्स तान्हंतुं सर्वानेवासुरान्नृपान् ॥ ८७ ॥ तदा रामभयात्सर्वे नानावेषधरानृपाः ॥ स्वस्वस्थानं परित्यज्य यत्र कुत्र गताः किल ॥ ८८ ॥ सगर्भा चंद्रसेनस्य भार्या दाल्भ्याश्रमं गता ॥ ततो रामः समायातो दाल्भ्याश्रममनुत्तमम् ॥ ८९ ॥ पूजितो मुनिना रामो भोजनार्थं समुद्यतः ॥ भोजनावसरे तत्र गृहीत्वापोशन करे ॥ ९० ॥ रामस्तु याचयामास हृदिस्थं स्वमनोरथम् ॥ तस्मै प्रादादृषिः कामं भार्गवाय महात्मने ॥ ९१ ॥ याचयामास रामाद्वै कामं दाल्भ्यो महामुनिः ॥ ततो द्वौ परमप्रीतौ भोजनं चक्रतुर्मुदा ॥ ९२ ॥ भोजनांते महाभागावासने चोपविश्य च ॥ तांबूलानंतरं दाल्भ्यः पप्रच्छ भार्गवं प्रति ॥ ॥ ९३ ॥ यत्त्वया प्रार्थितं देवं तत्त्वं शंसितुमर्हसि ॥ राम

॥ ८५ ॥ मंगलवारका व्रत नवरात्रका व्रत करना तर्पण पंचयज्ञ करना ॥ ८६ ॥ इति चित्रगुप्त कायस्थोंका दूसरा भेद पूरा भया । अब चंद्रसेन राजाके वंशस्थ-कायस्थोंका भेदकहतेहैं—परशुराम सहस्रार्जुनकूं मारकर पीछे पृथ्वीमेंके सब क्षत्रियोंकूं मारनेके वास्ते तीक्ष्ण बाणलेके दौडने लगे ॥ ८७ ॥ तब परशुरामके भयसे सब क्षत्रिय राजा अनेक तरहके वेष धारण करके अपना अपना स्थान छोडकर जहां तहां चलेगये ॥ ८८ ॥ और चंद्रसेन राजाकी स्त्री सगर्भा थी सो दालभ्य ऋषिके आश्रममें गई दालभ्य ऋषिने उसका संरक्षण किया पीछे परशुराम दालभ्य ऋषिके आश्रममें आये ॥ ८९ ॥ तब मुनिने पूजा किये और भोजनकूं बैठाये तब आपोशन हाथमें लेकर ॥ ९० ॥ परशुराम अपने दिलकी बात मांगने लगे तब दालभ्य मुनिने रामकूं कहा कि आप जो मांगोगे सो दूंगा ॥ ९१ ॥ ऐसा कहकर रामके पास भी अपने एक इच्छित मांग लिया सो राम तथास्तु कहा पीछे दोनों जने परमप्रीतिसे भोजन करके ॥ ९२ ॥ पीछे उत्तम आसन ऊपर बैठकर तांबूल भक्षण करके प्रथम दालभ्य परशुरामकूं पूछते भए ॥ ९३ ॥ हे राम ! तुम क्या मांगते हो सो कहो तब राम कहते भए तुम्हारे

उवाच ॥ ॥ तवाश्रमे महाभाग सगर्भा स्त्री समागता ॥९४॥ चंद्रसेनस्य राजर्षेस्तां देहि त्वं महामुने ॥ ततो दाल्भ्यः प्रत्युवाच ददामि तव वांछितम् ॥ ९५ ॥ यन्मया प्रार्थितं देव तन्मे दातुं त्वमर्हसि ॥ ततः स्त्रियं समाहूय चंद्रसेनस्य वै मुनिः ॥ ९६ ॥ भीता सा चपलापांगी कंपमाना समागता ॥ रामाय प्रददौ तत्र ततः प्रीतमना अभूत् ॥ ९७ ॥ ॥ राम उवाच ॥ यत्त्वया प्रार्थितं विप्र भोजनावसरे पुरा ॥ तन्मे शंस महाभाग ददामि तव वांछितम् ॥ ९८ ॥ ॥ दाल्भ्य उवाच ॥ ॥ प्रार्थितं यन्मया पूर्वं राम देव जगद्गुरो ॥ स्त्रीगर्भस्थममुं बालं तन्मे दातुं त्वमर्हसि ॥ ९९ ॥ ततो रामोऽब्रवीद्दाल्भ्यं यदर्थमिह चागतः ॥ क्षत्रियांतकरश्चाहं तत्त्वं याचितवानसि ॥ १०० ॥ प्रार्थितं च त्वया विप्र कायस्थं गर्भमुत्तमम् ॥ तस्मात्कायस्थ इत्याख्या भविष्यति शिशोः शुभा ॥ ॥१०१॥ जायमानस्तदा बालः क्षात्रधर्मा भविष्यति ॥ दुष्टाद्वै क्षात्रधर्मात्तु त्वं वारयितुमर्हसि ॥ १०२ ॥ ततो दाल्भ्यः प्रत्युवाच भार्गवं प्रति हर्षितः ॥ मा कुरुष्वात्र संदेहं

